माला का परिचय

जोधपुर के स्व० मुंशी देवीप्रसादजी मुंसिफ इतिहास और विशेषत: मुसलिम काल के भारतीय इतिहास के बहुत बड़े ज्ञाता और प्रेमी थे तथा राजकीय सेवा के कामों से वे जितना समय बचाते थे, वह सब वे इतिहास का अध्ययन और खोज करने अथवा ऐतिहासिक ग्रंथ लिखने में ही लगाते थे। हिंदी में उन्होंने अनेक उपयोगी ऐतिहासिक ग्रंथ लिखे हैं जिनका हिंदी-संसार ने अच्छा आदर किया है।

श्रीयुक्त मुंशी देवीप्रसादजी की बहुत दिनों से यह इच्छा थी कि हिंदी में ऐतिहासिक पुस्तकों के प्रकाशन की विशेष रूप से व्यवस्था की जाय; इस कार्य के लिए उन्होंने ता० २१ जून १६१८ को ३५०० रु० अंकित मूल्य और १०५०० रु० मूल्य के बंबई बं० लि० के सात हिस्से सभा को प्रदान किये थे और आदेश किया था कि इनकी आय से उनके नाम से सभा एक ऐतिहासिक पुस्तकमाला प्रकाशित करे। उसी के अनुसार सभा यह 'देवीप्रसाद ऐतिहासिक पुस्तकमाला' प्रकाशित कर रही है। पीछे से जब बंबई बंक अन्यान्य दोनों प्रेसिडेंसी बंकों के साथ सम्मिलित होकर इंपीरियल बंक के रूप में परिणत हो गया तब सभा ने बंबई बंक के ७ हिस्सों के लाभ के बदले में इंपीरियल बंक के चौदह हिस्से, जिनके मूल्य का एक निश्चित अंश चुका दिया गया है, और खरीद लिये और अब यह पुस्तकमाला उन्हीं हिस्सों से होनेवाली तथा स्वयं अपनी पुस्तकों की बिक्री से होनेवाली आय से चल रही है। मुंशी देवीप्रसादजी का वह दानपत्र काशी-नागरीप्रचारिणी सभा के २६वें वार्षिक विवरण में प्रकाशित हुआ है।

भूमिका

राजपूताने का पिछला इतिहास लिखने के लिए मुँहणोत नैणसी की ख्यात एक महत्त्वपूर्ण वस्तु है। इसमें राजपूताना, काठियावाड़, कच्छ, मालवा, बघेलखंड आदि के राजवंशों का वृत्तांत मिलता है। इस ऐतिहासिक ग्रंथ का निर्माण मारवाड़ी भाषा में आज से लगभग २७५ वर्ष पूर्व हुआ था। आज जितने साधन प्राप्त हैं उतने उस समय न होने पर भी नैणसी ने जनश्रुति या भाटों आदि की पुस्तकों से जितना भी वृत्तांत मिल सका, संग्रह किया जो उपयोगी है। इसमें इतिहास के अतिरिक्त भौगोलिक वृत्तांत भी दिया है, जिससे तत्कालीन परिस्थिति का अच्छा ज्ञान हो जाता है।

मुग़ल बादशाह अकबर के समय उसके मंत्री अबुलफ़ज़ल द्वारा "आईन-अकबरी" का निर्माण हुआ। उसके पश्चात् देशी राज्यों में भी ख्यातों का लिखा जाना आरंभ हुआ। उसी समय नैणसी ने भी अपनी ख्यात को लिखना आरंभ किया। उसने इतिहास-प्रेम के कारण दूर दूर से इतिहास के जानकारों द्वारा अपने संग्रह को बढ़ाना आरंभ कर दिया। उसने इस अमूल्य संग्रह में सभी आवश्यक बातों का उल्लेख कर राजपूताने के पिछले इतिहास-लेखकों के लिए बहुत कुछ सामग्री तैयार कर दी और जिन बातों में उसको मतभेद जान पड़ा उन्हें ज्यों का त्यों दे दिया। राजा-महाराजाओं के इतिहास तो कई प्रकार से मिलते हैं पर उनकी छोटी-छोटी शाखाओं, सरदारों आदि के युद्ध में काम आने का वृत्तांत मिलने के साधन कम हैं तो भी किसी अंश में उसकी पूर्ति नैणसी के संग्रह से होती है। मेवाड़ राज्य का वृहत् इतिहास 'वीर-

विनोद' लिखते समय महामहोपाध्याय कविराजा श्यामलदास ने कितने ही वृत्त नैणसी की ख्यात के आधार पर दिये हैं और स्वर्गीय मुंशी देवीप्रसाद तो नैणसी की ख्यात पर इतने अधिक मुग्ध थे कि उन्होंने उसको राजपूताने का 'अबुलफ़ज़ल' मान लिया। तात्पर्य यह है जिस प्रकार मुग़ल-कालीन इतिहास के लिए "आईन-अकबरी" उपयोगी वस्तु है, उसी तरह राजपूत जाति का पिछला इतिहास लिखने के लिए नैणसी का संग्रह उपयोगी है। यद्यपि पहले का जितना वृत्तांत है, वह अधिकांश में जनश्रुतियों की भित्ति पर खड़ा किया गया है, तथापि सोलहवीं शताब्दी से अठारहवीं शताब्दी तक के वृत्तांत में शंकाओं की अधिक गुंजाइश नहीं है।

ऐसे उपयोगी संग्रह का हिंदी अनुवाद प्रकाशित न होना इतिहास-प्रेमियों को अखरता था। काशी की नागरी-प्रचारिणी सभा ने उक्त ग्रंथ को प्रकाशित करने का संकल्प किया, परंतु उसकी भाषा मारवाड़ी होने से सर्व-साधारण को उसके समझने में कठिनाइयाँ होती थीं। अतएव सभा ने उसका सरल हिंदी अनुवाद करने का कार्य उदयपुर-निवासी बाबू रामनारायण दूगड़ को सौंपा। उन्होंने परिश्रमपूर्वक हिंदी भाषा में अनुवाद कर उसे दो भागों में विभक्त किया। प्रथम भाग—जिसमें उदयपुर, डूँगरपुर, बाँसवाड़ा, प्रतापगढ़, रामपुरा एवं चौहान, सोलंकी, परमार, पड़िहार (प्रतिहार) आदि राजवंशों की प्रसिद्ध-प्रसिद्ध शाखाओं का वर्णन है—उक्त सभा द्वारा वि० सं० १९८२ में प्रकाशित हो चुका है।

दूसरा भाग—जिसमें कछवाहा, राठोड़, भाटी, खेड़ के गोहिल[1], झाला, चावड़ा आदि राजवंशों का वर्णन है—प्रथम भाग

(१) खेड़ के गोहिलों का वृत्तांत मेवाड़ के गुहिल-वंशियों के साथ रहना चाहिए था, परंतु भूल से वैसा न हो सका। अतएव उसे दूसरे भाग में रखना पड़ा।

की भाँति इतिहास के लिए बड़ा उपयोगी है। इसमें उपर्युक्त राजवंश की विस्तृत वंशावलियाँ भी दी गई हैं तथा और भी कितनी ही प्रसिद्ध-प्रसिद्ध घटनाओं का उल्लेख हुआ है। दूगड़जी ने अनुवाद के समय मूल पुस्तक के कुछ अंशों का क्रम पलटा है, जिसका कारण यह है कि उसमें एक ही वंश से संबंध रखनेवाला सारा वर्णन एक ही स्थल पर नहीं आया और भिन्न-भिन्न स्थानों में लिखा गया है, जिससे उसको एक ही सूत्र में गूँथना पड़ा। तेरहवीं शताब्दी के पूर्व का वृत्तांत अपूर्ण और कुछ अशुद्ध भी है, इसलिए टिप्पणियाँ लगाकर उसको शुद्ध करने का प्रयत्न किया है जिससे ग्रंथ की उपयोगिता बढ़ गई है। मूल पुस्तक में वंशावलियाँ वंश-वृक्षों के रूप में नहीं, किन्तु अंक-संकेत के साथ चलती पंक्तियों में दी हैं और कहीं-कहीं नामों के साथ उनका विशेष परिचय भी दिया है। यह क्रम पाठकवर्ग को रुचिकर न होने से वंशावलियाँ वंश-वृक्षों के रूप में कर दी गई हैं और उनमें से किसी नाम के संबंध में कुछ अधिक लिखा है तो वह अंक लगाकर नीचे टिप्पणियों में दिया गया है। टिप्पणियाँ दो प्रकार के टाइपों में हैं। मूल ग्रंथ की त्रुटियाँ बतलाने या अधिक परिचय देने के लिए जो टिप्पणियाँ दी गई हैं वे पुस्तक की अपेक्षा छोटे टाइप में हैं और बड़े टाइप में केवल वे ही टिप्पणियाँ हैं, जो वंशावलियों के कतिपय नामों का अधिक परिचय करानेवाले मूल ग्रंथ का ही अंश होने पर भी वंश-वृक्षों के नामों के साथ नहीं आ सकती थीं। वंशावलियाँ भी, जो मूल ग्रंथ का अंश हैं, नाम अधिक होने से छोटे टाइप में दी गई हैं। टिप्पणियों के इन दो प्रकार के टाइपों से विदित हो जायगा कि वंशावलियों के अतिरिक्त जो टिप्पण छोटे टाइप में हैं वे अनुवादक के हैं। शेष सब मूल के हैं।

यद्यपि इस ग्रंथ का अनुवाद दूगड़जी ने अपने जीते ही कर लिया था, परंतु संपादन का काम मुझे करना पड़ा। मूल ग्रंथ की मारवाड़ी भाषा का अनुवाद मैंने मूल ग्रंथ से मिलाकर ठीक कर दिया है। जहाँ कहीं दूगड़जी को भ्रम हुआ और कोई बात छोड़ दी गई उसे भी यथासाध्य मैंने ठीक कर दिया है। इसके अतिरिक्त वंशवृक्ष क्रमपूर्वक कर दिये गये हैं, जिससे पाठकों को सुबीता होगा।

अजमेर से काशी प्रूफ़ भेजने और वापस आने में समय की आवश्यकता होती है। फिर मेरी वृद्धावस्था, अस्वस्थता एवं समयाभाव से इस दूसरे भाग को प्रकाशित करने में आवश्यकता से अधिक विलंब हुआ है, जिसका मुझको खेद है। नैणसी का ब्लाक जोधपुर-निवासी श्रीयुत जगदीशसिंह गहलोत से प्राप्त हुआ है और नैणसी का पिछला वंश-विवरण उसके एक वंशधर, जोधपुर-निवासी, मुँहणोत विरधराज वकील से प्राप्त हुआ है, जिसमें से आवश्यक अंश उद्धृत किया है। प्रूफ़-संशोधन एवं मूल ग्रंथ से मिलान करने में मेरे इतिहास विभाग के कर्मचारी पंडित किशनलाल दुवे, पं० चिरंजीलाल व्यास तथा पं० नाथूलाल व्यास ने योग दिया है, जिसका उल्लेख करना उचित है।

गौरीशंकर हीराचंद ओझा

———

मुँहणोत नैणसी का वंश-परिचय

नैणसी और उसके वंश का परिचय, जो कुछ पहले ज्ञात हो सका वह, प्रथम भाग के प्रारंभ में दिया गया है, तदनंतर जो कुछ और मालूम हुआ वह नीचे लिखे अनुसार है—

मुँहणोत गोत्र के महता अपनी वंश-परंपरा राठोड़ राव सीहा से मिलाते हैं। सीहा का पुत्र आसथान और उसका पुत्र धूहड़ था, जिसके रायपाल हुआ। रायपाल का दूसरा पुत्र मोहन था, जिसके ज्येष्ठ पुत्र भीम के वंशजों से राठोड़ों की एक शाखा 'मोहनिया राठोड़' प्रसिद्ध हुई। मोहन ने अपनी वृद्धावस्था में जैन धर्म ग्रहण कर लिया था, इसलिए उसके वंशज जैन रहे और ओसवालों में मिल गये।

मोहन का छोटा पुत्र सुभटसेन था, जिसका १९वाँ वंशधर जयमल हुआ, जो जोधपुर के राजा सूरसिंह और गजसिंह के समय राज्य के प्रतिष्ठित पदों पर रहा तथा वि० सं० १६८६ में मारवाड़ राज्य का मंत्री बना। उसके नैणसी, सुंदरदास, आसकरण, नरसिंहदास और जगमाल नामक पाँच पुत्र हुए। नैणसी का जन्म वि० सं० १६६७ में हुआ। बाईस वर्ष की वय होने पर उसने राज्य-सेवा में प्रवेश किया और वि० सं० १६८९ में वह मेरों का दमन करने को भेजा गया। वि० सं० १६९४ में नैणसी फलोधी का हाकिम हुआ जहाँ उसको बिलोचों से लड़ना पड़ा।

वि० सं० १७०६ में पोकरण का परगना बादशाह शाहजहाँ ने महाराजा जसवंतसिंह को प्रदान किया; परंतु उक्त परगने पर जैसलमेर के भाटियों का अधिकार था, इसलिए महाराजा के कर्मचारियों

के पहुँचने पर रावल रामचंद्र ने अपना कब्ज़ा उठाना स्वीकार न किया। इस पर महाराजा ने उसको दबाने के लिए सेना भेजी, जिसमें नैणसी भी था। अनन्तर भाटियों से लड़ाई कर राठोड़ों ने पोकरण पर अधिकार कर लिया। जैसलमेर के रावल मनोहरदास के पश्चात् सबलसिंह वहाँ का स्वामी होना चाहता था। अस्तु, उसने जैसलमेर पर अधिकार करने का यह उपयुक्त अवसर समझा। तब महाराजा जसवंतसिंह ने उसके सहायतार्थ नैणसी को भेजा। इस सेना के पहुँचने पर रावल रामचंद्र वहाँ से भाग गया और सबलसिंह जैसलमेर का स्वामी बना।

वि० सं० १७१४ में महाराजा जसवंतसिंह ने मियाँ फरासत की जगह नैणसी को अपना दीवान बनाया, तदनुसार वह वि० सं० १७२३ तक उस पद का कार्य करता रहा। फिर महाराजा ने उसको तथा उसके छोटे भाई सुंदरदास को कैद कर दिया और वि० सं० १७२५ में उससे एक लाख रुपये दंड लेने की तजवीज कर छोड़ा, परंतु नैणसी ने ताँबे का पैसा भी दंड में देना स्वीकार न किया। निदान जब उन दोनों भाइयों से दंड के रुपये प्राप्त होने की आशा न देखी तो वि० सं० १७२६ में महाराजा ने उन दोनों को फिर बंदी करवा लिया। इस कैद की अवस्था में उन पर दंड के रुपये लेने के लिए कठोरता होती थी, परंतु इस कठोरता का कुछ भी फल नहीं निकला। उन दिनों महाराजा जसवंतसिंह, प्रसिद्ध वीर छत्रपति महाराजा शिवाजी को दबाने के लिए, बादशाह औरंगज़ेब के आज्ञानुसार दक्षिण में औरंगाबाद के थाने पर नियत थे। कठोरता का व्यवहार करने पर भी नैणसी और उसके भाई से दंड की वसूली का कोई उपाय न सूझ पड़ा तो महाराजा ने विवश हो उन दोनों को जोधपुर के लिए रवाना किया। मार्ग में उनके साथ-

वालों ने उनके साथ और भी अधिक कठोर व्यवहार किया तब उनको जीवन से ग्लानि हो गई और फूलमरो नामक ग्राम में वि० सं० १७२७ भाद्रपद वदि १३ को इन दोनों ने अपने-अपने पेट में कटार मार अपनी जीवन-लीला समाप्त की।

नैणसी और उसका भाई सुन्दरदास दोनों कवि थे। वंदी अवस्था के कष्टों से दुखी होकर उन्होंने परस्पर एक-एक दोहा कहकर अपनी वेदना प्रकट की जो नीचे लिखे अनुसार है—

नैणसी—दहाड़ो जितरे देव, दहाड़े विन नहीं देव है।
सुर नर करता सेव, नेड़ा न आवे नैणसी॥

इस पर सुंदरदास ने नीचे लिखा उत्तर दिया—

नर पै नर आवत नहीं आवत है धन पास।
सो दिन केम पिछाणिये कहते सुंदरदास॥

उपरोक्त दोहों से उनकी तत्कालीन स्थिति एवं उनके विचारों का पता चलता है।

नैणसी के तीन पुत्र करमसी, वैरसी और समरसी हुए। करमसी ने अपने पिता की जीवित अवस्था में मारवाड़ राज्य की कई सेवाएँ कीं और जब उसके पिता नैणसी की आत्मघात से मृत्यु होने का समाचार सुना तो महाराजा जसवंतसिंह ने इन तीनों भाइयों तथा सुदरदास के पुत्रों को भी छोड़ दिया। इन लोगों ने भी मारवाड़ में रहना अच्छा न समझा जिससे कि नागोर के राव रामसिंह (जो महाराजा गजसिंह के पुत्र अमरसिंह का बेटा था) के पास चले गये, परंतु थोड़े ही दिनों में वि० सं० १७३२ के आसपास शोलापुर में रामसिंह की अकस्मात् ही मृत्यु हो गई। उनके सेवकों आदि को करमसी द्वारा विष देने का झूठा संदेह होने पर उन्होंने करमसी को जीवित ही दीवार में चुनवा दिया और उसके

पुत्र आदि को रामसिंह के पुत्र इन्द्रसिंह ने मरवा डाला। उस समय करमसी के पुत्र सामंतसिंह और संग्रामसिंह भागकर कृष्णगढ़ और वहाँ से बीकानेर जा रहे।

महाराजा जसवंतसिंह के पुत्र अजीतसिंह ने जब मारवाड़ राज्य पर अपना अधिकार स्थिर कर लिया तो उसने सामन्तसिंह व संग्रामसिंह को पुनः मारवाड़ में बुलाकर धैर्य दिया और राज्य-सेवा में दाखिल किया। फिर महाराजा अभयसिंह ने जागीर आदि जीविका, जो जब्त हो गई थी, लौटा दी। संग्रामसिंह का पुत्र भगवंतसिंह और पौत्र सूरतराम हुआ।

महाराजा विजयसिंह के राज्य-काल में सूरतराम ने मारवाड़ राज्य की अच्छी सेवा की, जिसपर महाराजा ने वि० स० १८२० में उसे अपना मुख्य मंत्री (दीवान) बनाकर उसकी प्रतिष्ठा बढ़ाने के अतिरिक्त यथेष्ट आय की जागीर प्रदान की। वि० स० १८३० में वह उक्त महाराजा का मुसाहब नियत हुआ और जागीर तथा प्रतिष्ठा-वृद्धि होकर उसको राव की उपाधि मिली। उसके पाँच पुत्र—सवाईराम, ज्ञानमल, सवाईकरण, शुभकरण और फतह-करण—थे।

ज्ञानमल ने महाराजा विजयसिंह, भीमसिंह और मानसिंह के समय राज्य के उच्च पदों पर काम किया। वह महाराजा मान-सिंह का बड़ा विश्वासपात्र सेवक था। जब महाराजा मानसिंह वि० स० १८६० में मारवाड़ की गद्दी पर बैठा तो उसने गद्दी पाते ही ज्ञानमल को अपना दीवान बनाया और जागीर देकर सम्मानित किया। यद्यपि मानसिंह अस्थिर-चित्त था और उसके समय में मारवाड़ में मंत्री-वर्ग की बड़ी दुर्दशा हुई, परंतु ज्ञानमल की प्रतिष्ठा में कोई अंतर नहीं आया। इसका कारण यही है कि वह अपने

कार्य के अतिरिक्त राजकीय प्रपंचों से सदा दूर रहता था। ज्ञानमल की वि० सं० १८७७ में मृत्यु हुई। उसका पुत्र नवलमल पिता की जीवित अवस्था मे ही वि० सं० १८७६ में गुजर गया था, इसलिए रामदास (नवलमल का पुत्र) ज्ञानमल का उत्तराधिकारी हुआ। वि० सं० १८६१ मे महाराजा मानसिंह ने सिरोही के राव वैरिशाल पर सेना भेजी इसके साथ नवलमल भी था।

जोधपुर, कृष्णगढ़ एवं मालवे के सुलथाना मे अब भी नैणसी के वंशजों का निवास बतलाया जाता है और जोधपुर मे तो उन लोगों के जागीरें भी हैं। उनमे से कतिपय राज्य-सेवा भी करते हैं।

गौरीशंकर हीराचंद ओझा

सूचीपत्र

पहला प्रकरण

दूसरा प्रकरण

तीसरा प्रकरण

चौथा प्रकरण

पंद्रहवाँ प्रकरण

सोलहवाँ प्रकरण

सत्रहवाँ प्रकरण

अठारहवाँ प्रकरण

विषय पृष्ठ

उन्नीसवाँ प्रकरण

बीसवाँ प्रकरण

इक्कीसवाँ प्रकरण

विषय पृष्ठ

बाईसवाँ प्रकरण

तेईसवाँ प्रकरण

चौबीसवाँ प्रकरण

विषय पृष्ठ

पच्चीसवाँ प्रकरण

विषय	पृष्ठ

छब्बीसवाँ प्रकरण

मुँहणोत नैणसी

मुँहणोत नैणसी की ख्यात

द्वितीय खंड

पहला प्रकरण

आँबेर का कछवाहा वंश

चवदह चाळ ह ढाड कही जाती है जिसमें १४४० गाँवों की सख्या है अर्थात् ३६० आँबेर, ३६० अमृतसर (साँभर), ३६० चाटसु, १५० घौसा, ५० मोजाबाद नींवाई लवाइण, आदि।

कछवाहो की पीढियाँ उदैहो के भाट राजपाण की लिखाई हुई—

आदिनारायण	अनैना	कुम्भ
कमल	पृथु	सासतुव
ब्रह्मा	वैशराजा	अकुतासु
मरीच	चद्र	प्रसेनजित
कश्यप	जोवनार्थ	जोवनार्थ (दू०)
सूर्य	सुवासु	माधाता
मनु	वृहद्रथ	परुपत
इक्ष्वाकु	धुधमार	त्रहसत
सस्याद (शशाद)	ड्रढ़रावा	सुधानैव
काकुत्स्थ	हरजस	नृधानव

त्रियारोन
त्रिसाख
हरिचंद
रोहितास
हरित
चाच
विजयराय
रूणकराय
विक्रसाज
सुवाहु
सगर
असमंज
अंशुमान
दिलीप
भागीरथ
नाभाग
अम्वरीप
संघदीप
अमितासु
पाणराज
सुदर्धराज
अंगराज
अस्मक
पहयक
द सरथ

इवार
वीवर
विश्वसेन
खट्वांग
दीर्घवाहु
रघु
प्रथुश्रवा
अज
दशरथ
रामचंद्र
कुश
अतरथ
निपगराय
वाल
वलनाभ
पाण्डवरिप
प्रसेनधन्वा
देवानीक
अहिनाग
सुधन्वा
सलराज
धर्मांद
आनंदराय
पारियात्रराय
वालरथ

वज्रधाम
सुँगराय
वद्रोध
हिरण्यनाभ
ध्रुवसंध
सुदर्शन
अग्निवर्ण
सिद्धगराय
सुरतराज
अमर्षण
सहसमान
विश्व
वृहद्रथ
उरुक्रिय
वछवधराय
प्रतिविम्व
भान
सहदेव
व्रहदा
भूमान
प्रतोक
प्रतकप्रवेश
मानदेव
छत्रराज
अतिरिप

भूपभीच	पद्मपाल	सोढसिंह
आमंत्र	सूरपाल	दूलहदेव
वैहंद्रभाज	मह्नीपाल	(भाणेजतँवरनूँ
वरहीं	अमीपाल	ग्वालेरदियो)
कृतांगराज	नीतपाल	हणुमान
राणकराय	श्रीपाल	काकलदेव (आँबेर वसाया)
सुजसराय	अनंतपाल	नरदेव
चतुरंग	धनकपाल	जान्हडदेव
सम्पु	क्रमपाल	पज्जून (सामंत)
सुषेन	शिशुपाल	मलयसी
लालरंग	बलिपाल	बीजल
प्रसेनजित	सूरपाल	राजदेव
क्षुद्रकराय	नरपाल	कल्याण
सोमेश	गधपाल	राजकुल
नल (नरवर गढ कराया)	हरपाल	जवणसी
ढोला	राजपाल	उदयकर्ण
लक्ष्मण	भीमपाल	नरसिंह
वज्रदामा	सूर्यपाल	वणवीर
(ग्वालियर गढ कराया)	इन्द्रपाल	नुद्धरण
	वस्तुपाल	चन्द्रसेन
मगलराय	मुरूपाल	प्रथोराज
कितराय	रेवकाहीन	(वालवाई
मूलदेव	ईससिंह	वीकानेरी का वेटा)

(दूसरी वंशावली)—कछवाहा सूर्यवंशी आदि, अनादि, चद्र, कमल, ब्रह्मा, मरीच, करयप, काश्यप, सूर्य। रघु से रघुवंशी कहलाये।

रघोप, धर्मोप, त्रसिंघ, हरिचंद; रोहितास, राजा शिवराज, संतोप, सर्टत, कल्मप, धुंधमार चक्वै (चक्रवर्ती), सगर, असमंज, भगीरथ, कउकुस्त (ककुत्स्थ) दिलीप दिल्ली वसाई, शिवधन, कैवांध, अज अजोध्या वसाई, अजयपाल चक्वै, दशरथ, रामचंद्र, कुश से कछवाहा हुए, बुधसेन, चंद्रसेन चाटसू वसाई, श्रोटठ, खर, वीरचरित, अजयवांध, उग्रसेन, सूरसेन, हरनाभ, हरजस, दढ़हाम, प्रसेनजित, सुसिद्ध, अमरतेज, दीर्घवाहु, विवस्वान, विवस्वत, रुरुक, रजमाई, गौतम, नलराजा नरवर वसाई, ढोला, लक्ष्मण, वज्रदीप (वज्रदामा) मांगल मांगलोद वसाया, सुमित्र, सुधिब्रह्म, राजा कुहनी, देवानी, राजाउसै, सोढ़, दूलराज, काकिल राजा हणु आंबेर, जोजड़, राव पज्जून।

(तीसरी वंशावली)—राजा हरिचंद त्रिशंकु का, राणी तारादे कुँवर रोहितास, रोहितास गढ़ वसाया। श्रीरामचंद्र राजा दशरथ के, उनके लव और कुश हुए। लव ने लाहोर वसाया और कुश के (वंशज) कछवाहे हुए। राजा ढोला नल राजा का जिसने ग्वालियर वसाया* और गढ़ पर गोलोराव तालाव बनाया। ढोला की एक स्त्री मारवणी वैण राजा की बेटी, और दूसरी स्त्री पंवार भोज (धारा नगरी का) की कन्या थी। राजा सुमित्रमंगल का जिसने ग्वालियर पर राज किया ग्वालियर का गढ़ बनवाया और गढ़ पर गालोराव तालाव कराया†। राजा सोढ़ उसै (ईस) राजा का, नरवर छोड़कर ढुंढाड़ में आया। राजा काकिल व उसका पुत्र हणूंत (हनुमंत) आंबेर आया; अलघरो जिसकी संतान में कछवाहा हैं। राजण के राजणोत; देलण जिसके लाहरका। राजामलयसी, राणी मेल्हणदेवी

* ग्वालियर यागोपगिरि ढोलाराय या दुलेराय के पहले बसा था, यह प्राचीन लेखों से सिद्ध है।

† यह ऊपर के लेख से विरुद्ध है।

रीचण आनलखीची की बेटी जो अपने पीहर से खांथड़िये पुरोहित गुरु को लाई। पहले पुरोहित गांगावत थे सो उनको अलग किये। मलयसी के ४ पुत्र—१ बीजलदे आँबेरपाटवी, २ बालोजी जिसने चेत्रपाल (भैरव) को जीतकर सात तवे फोड़े, ३ जैतल जिसने अपने शरीर से मांस काट अपने स्वामी के शरीर पर बैठी हुई गिद्धन को फेंककर उड़ाई; ४ भीम और लाड़खानी का पिता पज्जवन जिसके (वंशज)-प्रधान के कछवाह कहलाते हैं। पज्जून राजा पृथ्वीराजा चौहाण का सामन्त था। राजदेव बीजलदेव का आँबेर का राजा, इसके पुत्र-राजा कल्याण आँबेर ठाकुर; भोजराज और दल्ला जिनके वंशज लवाणागढ़ को कछवाहा (इसकी सन्तान में से) केशोदास राजा जयसिंह के पास है। सोमेश्वर के वंशज राणावत और सोहा के सोहाणी कछवाहा हैं।

राजा कील्हण या कल्याणदेव। पुत्र—कुंतल आंबेरपाट, रावत अरैराज जिसकी संतान धीरा के वंशज धीरावत कछवाहा। धीरा का पुत्र नापा, नापा का खान, खान का चांदा, चांदा का ऊदा, ऊदा का रामदास दर्बारी। यह रामदास पहले सलहदी के नौकर था फिर बादशाह अकबर की उस पर बहुत कृपा हुई और अर्ज पहुँचाने-वाले के पद पर नियत किया गया। वह बड़ा दातार था। बादशाह की मृत्यु के पीछे जहाँगीर ने उसको बंगस के थाने पर भेज दिया और वहीं मरा। जहाँगीर उससे प्रसन्न न रहा। जब अकबर ने गुजरात फतह की उस वक्त रामदास सांगानेर का कोतवाल था, वहाँ से त्वरा के साथ बादशाह के पास पहुँचा और अच्छी चाकरी बजाई, वहीं उसका मुजरा हुआ। रामदास के पुत्र—दिनमणिदास, सुंदर-दास, दलपत, और नारायण।

राव कील्हण के एक पुत्र रावल जरसी (जसराज ?) के वंशज जसके कछवाहे जो पूर्व में हैं। राजदेव के दूसरे पुत्र भोजराज के

वंश मे लवाण गढ़ के कछवाहे हैं—केशोदास, राजा जयसिंह का चाकर। (वंशावली नं० ३ मे लवाणगढ़ के कछवाहों को भोजराज व उसके भाई दासा के वंशज कहे हैं)।

राव काकल के पुत्र—राजा हणूं आंबेर पाट, अलोधरो (नाम शुद्ध नहीं है) के वंशज मेड के व कुंडल के कछवाहे कहलाते जिनका चौधड़ मनोहरपुर मे जागीर है। मेड व कुंडल की जागीर मे अमृतसर में १२ गाँव बारह लाख दाम की आय के थे। अब वे गाँव वैराट के ताल्लुक लगाए गए हैं। काकल के एक पुत्र रालण के वंशज रालणोत कछवाहा मनोहरपुर चौधड़ में चाकर हैं। एक पुत्र देलण की संतान लहरका कछवाहा जो गंगा जमुना के बीच अंतर्वेद मे है। सालेर मालेर के बीस गाँवों मे कछवाहे भूमियों के ४०० सवार हैं जो बहुत समय बीता वहाँ जा बसे।

राव मलैसी (इसको पहली वंशावली मे राव हणु का; और दूसरी जगह राव पज्जून का उत्तराधिकारी कहा है) के पुत्र बाला ने बादशाह अलाउद्दीन (खिलजी ?) के सामने सात तवे (तीर से) वेधे थे। उसका विवाह मोहिल राजपूतों में हुआ था जिनमे यह रीति चली आती थी कि नववधू प्रथम रात्रि को चेत्रपाल (भैरव देवता) के पास जावे। बाला ने चेत्रपाल से युद्ध किया और उसे मारकर भगा दिया। मलैसी के एक दूसरे पुत्र जैतल ने युद्ध मे घायल पड़े हुए देखा कि गिद्ध उसके स्वामी के शरीर पर बैठा है, तब उसने अपना मांस काट काटकर बोटियाँ फेंकी और गिद्ध को स्वामी के शरीर पर से उड़ाया। मलैसी के ३२ पुत्र हुए थे।

राव पज्जून के पुत्र भीमड व लाखण जिनके वंशज प्रधान के कछवाहे कहलाते हैं।

राजा कुंतल के पुत्र भड़सी के भारारोत व कीतावत कछवाहे। भड़सीपोते बेणीदास का पुत्र साहबखान अच्छा राजपूत हुआ। पहले तो आसिफखाँ के पास था, फिर बादशाही चाकरी की। साहिब का बेटा किशनसिंह राजा अनिरुद्ध गौड़ के पास नौकर था। कुंतल के एक पुत्र आल्हणसी के वंशज जोगी कछवाहे जो पहले जोबनेर के ठाकुर थे, अब तो आंबेर वनराणे चाकरी करते हैं। रामदास वणवीर का राजा जयसिंह के पास और थानसिंह खाडेराव का भी वहीं नौकर है। कुंतल के एक पुत्र हमीर के हमीरपोते कहलाते हैं (दूनी के गागावत) इनके बहुत डील हैं जो आँबेर वनराणे चाकरी करते हैं। पत्ता, इसका एक पुत्र श्यामसिंह और दूसरा रामसिंह राजा जयसिंह के पास थे।

राजा जूणसी के पुत्र—राजा उदयकर्ण आँबेर, कुम्भा के कुम्भाणी, (वाँसखोह में),[1] इनकी बड़ी पीठ (भरोसा), आँबेर चाकरी करते हैं। महेशदास पीथा का, किशनसिंह, राजा जयसिंह के पुत्र कीरतसिंह के पास रहता था, वह सं० १७०८ में काबुल में पिचकर मर गया।

वाला या बालू के शेखावत, वरसिंह के नरूका, शिव ब्रह्म के निदड़का कछवाहा[2] हैं इनको यहाँ नहीं लिखे हैं। ये आँबेर चाकरी करते हैं।

राजा उदयकर्ण का पुत्र नरसिंह, राजा वणवीर राजा नरसिंह का—आँबेर राजा, उसके वंशज राजावत और वणवीर पोते कहलाते हैं[3]।

---

(१) राव जूणसी का देहांत सं० १४२४ वि० में हुआ।

(२) राव उदयकर्ण का देहांत सं० १४४५ वि० में हुआ।

(३) राजा नरसिंह का देहांत सं० १४७० वि० में हुआ। कर्नल टाड ने राजा नरसिंह के एक और पुत्र पातल या प्रतापसिंह भी लिखा है जिसके वंशज पातल पुत्र। राव वणवीर का देहांत सं० १४८१ में हुआ।

राजा उद्धरण (उदयकर्ण दूसरा) के पुत्र—राजा चन्द्रसेन, राजा चन्द्रसेन का पुत्र राजा पृथ्वीराज व कुम्भा[1]।

राजा पृथ्वीराज—बडा हरिभक्त था, द्वारिका की यात्रा के लिये प्रस्थान किया। एक दो मञ्जिल गया होगा कि श्री ठाकुरजी ने दर्शन देकर आज्ञा की कि "हमने तेरी यात्रा स्वीकारी, अब पीछा लौट जा तू तो यहाँ हमारी बहुत सेवा करता है, जो मैं यात्रा से भी अधिक समझता हूँ।" राजा ने कहा कि मैं तो आपके आज्ञानुसार पीछा फिर जाऊँगा परन्तु लोक इसका विश्वास न करेंगे। ठाकुरजी बोले—"तेरी इच्छा हो सो माँग।" राजा ने निवेदन किया कि मेरे कधों पर चक्र (के चिह्न) हो जावें, और जहाँ महादेव का मन्दिर है वहाँ गोमती (नदी) का समुद्र से सगम हो जावे, और सब यात्रा यहा नित्य स्नान करें। तदनुसार राजा के कधों पर चक्र पड गये, मदिर के पास सगम भी हो गया। यह बात सारे भारतवर्ष में प्रसिद्ध हुई और राणा साँगा ने भी सुनी तो उसे इच्छा हुई कि ऐसे हरिभक्त राजा के दर्शन किसी प्रकार होवें तो बहुत ठीक हो। विचार किया कि जो अपनी कन्या राजा को व्याह दूँ तो राजा का आना यहाँ होवे। राणा ने नारियल भेजे, और पृथ्वीराज व्याहने को आया। राजा ठाकुरजी की मानसी सेवा किया करता था, एक दिन सेवा में बैठा था कि राणा का पुत्र बुलाने को आया। उस वक्त राजा मन ही मन में सोने के कटोर से ठाकुर जी को शिखण्ड पिला रहा था, राणा के पुत्र ने पीछे से पुकारा तो राजा ने पीछे फिरकर देखा कि तुरत सुवर्ण पात्र उसके हाथ से गिर पडा और शिखण्ड बिखर गया। यह

(१) राव उद्धरण या उदयकर्ण दूसरा, देहात स० १४१० वि०। राव चन्द्रसेन, देहात स० १४४५ वि०।

चमत्कार देख लोक आश्चर्यान्वित हुए, और जब राणा ने सुना तो वह भी आकर राजा के पाँवों लगा।

राजा पृथ्वीराज की रानी बालबाई, और पुत्र—राजा भारमल टीकैत, राजा पूर्णमल, बलभद्र, पँचायण, चतुर्भुज, जगमाल के खंगारोत और रायसोवाले, रामसिंह, कल्याणसिंह, प्रतापसिंह, रूपसिंह, भीखमसी, सांईदास, भीमसिंह, गोपालदास, नाथावत कहलाए सांगा, सुरताण[१]।

---

(१) राजा पृथ्वीराज सं० १५४५ वि० में पाट बैठा, देहांत सं० १५८४ वि०। इसके १२ पुत्रों के नाम से राज जयपुर में बारह कोठरियां हैं। पृथ्वीराज का पाटवीपुत्र राजा भीमराज या भीमसिंह था, उसे अपना उत्तराधिकारी न बनाकर पृथ्वीराज ने अपने दूसरे पुत्र पूरणमल को गद्दी दी। इसलिये पृथ्वीराज की मृत्यु के पीछे उसके पुत्रों में परस्पर झगड़ा चला। पूरणमल ६ वर्ष ही राज करने पाया था कि भीमसिंह ने उसे मारकर राज लिया। एक ख्यात में ऐसा भी लिखा है कि पूरणमल किसी गनीम के साथ लड़ाई में सीकर में मारा गया। उसका पुत्र सूजा राज लेने की नीयत से अजमेर के शाही सूबेदार शर्फुद्दीनहुसैन मिर्जा से मिला और उसे आंबेर पर चढ़ा लाया। भीमसिंह केवल २॥ मास ही राज करने पाया था कि मारा गया, और उसका बेटा रत्नसिंह पाट बैठा। इसने ग्यारह वर्ष राज किया। राजा पृथ्वीराज की एक रानी बीकानेरी के पेट से सांगा नामी पुत्र हुआ था। उसने राव लूणकर्ण के पुत्र राव जैतसी बीकानेरी की सहायता से आंबेर लिया परंतु अंत में चान्दा नामी एक चारण के हाथ से मारा गया और भीमसिंह का दूसरा पुत्र आसकर्ण गद्दी पर बैठ गया। थोड़े ही समय पीछे राजा भारमल ने आसकर्ण से आंबेर ले ली और नरवर का राज दिया। एक ख्यात में ऐसा भी लेख है कि आसकर्ण ने सरे दर्बार अपने साले के पुत्र को गोद में बिठा

राजा पृथ्वीराज का भाई, कुंभा चंद्रसेनोत का वंश, निवास गांव मोहारी में

- उदयसिंह
  - रायसल
    - वेणीदास
    - जसवंत
    - डूंगरसिंह
    - गोपालदास
  - रामसिंह
- नरा
  - छीतर
    - थानसिंह
      - खंगार

राजा पृथ्वीराज* चंद्रसेनोत के पुत्र—पूरणमल, भारमल, बलभद्र बांकुड़ा, गोपालदास, सुरताण, पंचाइण, जगमाल, सांगा, चतुर्भुज, कल्याणदास, रूपसी वैरागी, भीमसिंह, सांईदास†।

राजा पूरणमल का वंश‡

- छीतर
  - उदयसिंह
- सूजा

राजा भीमसिंह[1] पृथ्वीराजोत का वंश§

- रतसिंह[2]
- राजा आसकर्ण[2]

(१) बीकानेर के राव लूणकर्ण का दोहिता।

* सं० १५४६ में गद्दी बैठा, सं० १५९६ कार्तिक सुदी १२ को काल किया। इससे पहले आंबेर के राजा शैव थे। कृष्णदास पयाहारी रामावत गलते की पहाड़ी में आया, रानी बालबाई बीकानेरी उसकी शिष्या हुई और पीछे राजा ने भी कंठी बंधाई तब से रामानुजी मत राज में चला।

† ख्यात में रामसिंह, प्रतापसिंह, भीखा, तेजसी, सहसमल, और रामसहाय के नाम भी राजा पृथ्वीराज के पुत्रों में लिखे हैं।

‡ राजा पूरणमल राजा पृथ्वीराज के पीछे आंबेर की गद्दी पर बैठा था। एक वर्ष राज किया फिर उसके भाई भीम ने उसको मारकर राज्य लिया। एक ख्यात में लिखा मिलता है कि सीकर में किसी गनीम के साथ लड़ाई में मारा गया।

§ थोड़े ही अर्से राजा रहा, उसके भाई आसकर्ण ने मारा।

सूजा का वंश

- कृष्णदास
- वेणीदास
  - उदयकर्ण
- माधोदास

रायसिंह का वंश

- विक्रमादित्य
- कर्ण

राजा आसकर्ण का वंश[1]

- राजा राजसिंह[2]
  - राजा रामदास[5]
  - अमरसिंह[6]
  - कल्याणदास[7]
  - किशनसिंह[8]
- जैतसिंह[9]
  - सुकुंददास[10]
- गोवर्द्धन[4]
  - हृदयनारायण[11]
- शक्तिसिंह
  - गोविंददास
  - भावसिंह

---

(२) आँवेर का राजा हुआ।

(३) ग्वालियर राजधानी, नरवर पट्टे, वैष्णव, श्रीठाकुर का परम भक्त। राव मालदेव की वेटी इंद्रावती ब्याहा। राजा आसकर्ण की वेटी का विवाह (मारवाड के) मोटे राजा (उदयसिंह) के साथ हुआ था, जिसके उदर से राजा सूरसिंह ने जन्म लिया।

(४) नरवर का राजा हुआ, मोटे राजा की वेटी राजकुमारी को ब्याहा सं० १६७१ वि० मे दक्षिण मे मरा।

(५) नरवर पट्टे मोटे राजा ने अजमेर में बादशाह जहाँगीर को हाथी नज़र करके इसको नरवर का टीका दिलवाया। सं० १६७६ में मरा।

(६) नरवर की गद्दी पर बैठा था, मोटे राजा का दोहिता शक्तिसिंह बालकपन में मरा तब नरवर उतरा।

(७) दक्षिण में जाकर मुसलमान हो गया।

(८) रायकुमारी का पुत्र था।

राजा भारमल* पृथ्वीराजोत का वंश

राजा भारमल के पुत्र—भगवंतदास, राजा भगवानदास, भोपत, सलहदी, सादूल, सुंदर, पृथ्वीद्वीप, रूपचंद, परशुराम और राजा जगन्नाथ।

[1]राजा भगवानदास भारमलोत

राजा मानसिंह[2], माधोसिंह, सूरसिंह, प्रतापसिंह, का—, चन्द्रसेन, हरदास, बनमालीदास, भीम

राजा मानसिंह — जगतसिंह[1], शक्तिसिंह, सबलसिंह, दुर्जनसिंह, अतसिंह, हिम्मतसिंह, कल्याणसिंह, श्यामसिंह

(९) मारवाड के महाराज के पास नौकर, गाँव कुडकी जागीर में था।

(१०) इसका विवाह (मारवाड़ के) राव चंद्रसेन की पुत्री कमलावती के साथ हुआ था।

(११) मारवाड के महाराज ने १४ गाँवों सहित मेंडते का गाँव गाँगरडा जागीर में दिया था।

(१) बड़ा ठाकुर हुआ अकबर बादशाह की बड़ी कृपा थी। (जोधपुर के) राव मालदेव की कन्या दुर्गावती के साथ विवाह हुआ था। (कितनीक ख्यातों में भगवतदास को आमेर का राजा और मानसिंह को इसका पुत्र बतलाया है परंतु प्रायः भगवानदास ही का राज्य पर होने का

* सं० १६०४ में आसकर्ण से गद्दी ली, आसकर्ण दिल्ली जाकर हाजी खाँ पठान को अपनी मदद पर लाया, परंतु भारमल ने उसको मिला लिया और आसकर्ण को नरवर का राज्य दिया गया। भारमल पहला ही राजा था जिसने मुगलों की अधीनता स्वीकार साँभर के मुकाम अपनी बेटी को अकबर के साथ ब्याह दिया। सं० १६३० माघ सुदी २ को मरा।

जगतसिंह[3]

महासिंह[4] — तातारसिंह — जूझारसिंह

महासिंह → जयसिंह → रामसिंह, कीर्तिसिंह

जूझारसिंह → श्यामसिंह, अनूपसिंह[5], पृथ्वीराज, कृष्णसिंह

लेख मिलता है। राजा की कन्या शाहजादे सलीम के साथ हिंदुओं की रीति के अनुसार सं० १६४१ मे ब्याही गई।)

(२) महाराजा हुआ, अकबर बादशाह ने पूर्व का सूबा दिया था। राव चंद्रसेन की बेटी आसकुमारी के साथ विवाह हुआ। जन्म सं० १६०७ पौष वदि १३; सं० १६७१ (आषाढ़ सुदी १०) को दक्षिण में मृत्यु हुई। (वृंदावन मे वल्लभी मत स्वीकारा और श्रीगोविन्द की सेवा ली)।

(३) अकबर बादशाह ने नागोर दिया था। इसका विवाह कनकावती बाई के साथ हुआ। रत्नसिंह कनकावती की बेटी का बेटा था। जगतसिंह कुँवरपदे ही मे मर गया। (इसके पुत्र जूझारसिंह के वंश में कछवाहे हैं)

(४) दीमा पट्टे मे था, मोटे राजा की बेटी रुक्मावती ब्याही। सं० १६७३ वि० में दक्षिण मे बालापुर के थाने में मृत्यु हुई तब रुक्मावती साथ जली। (राजा मानसिंह के पीछे महासिंह को गद्दी मिलनी चाहिए थी, परंतु बादशाह जहाँगीर ने मानसिंह के दूसरे पुत्र भावसिंह को टीका दिया)।

(५) पूर्व में एक बुलाकी शाहजादा उठ खड़ा हुआ, अनूपसिंह उसके पास था, अब राजा जयसिंह के पास है।

राजा भारमल का वंश

(मिर्ज़ा राजा) जयसिंह महासिंहोत भावसिंह के पीछे सं० १६७८ में आंबेर पाया। सिसोदिया राणा उदयसिंह का दोहिता था, जन्म सं० १६६८ आषाढ़ वदी १; सं० १६७९ में जोधपुर के राजा सूरसिंह की पुत्री मृगावती को व्याहा (शिवाजी को जेरकर दिल्ली पहुँचाया। बादशाह औरंगजेब ने शिवाजी को राजा जयसिंह के कुँवर रामसिंह की निगरानी में रक्खा था, रामसिंह ने उसको टोकरे में बिठाकर निकाल दिया। इससे बादशाह रामसिंह से नाराज हो गया। एक दिन शिकार में उसे बिना शस्त्र सिंह को मारने को भेजा। रामसिंह ने उसे मार लिया और यह वृत्तांत अपने पिता को लिखा। तब राजा जयसिंह ने बादशाह को अर्जी में कुछ कठोर शब्द लिखे। बादशाह ने अप्रसन्न होकर राजा के दूसरे पुत्र कीर्तिसिंह को राज्य का लोभ दे जयसिंह को मरवाया। दखन से लौटते बुरहानपुर के मुकाम कीर्तिसिंह ने तेजा नाई के द्वारा राजा को भोजन में विष खिलाया जिससे सं० १७२४ आश्विन बदी ५ को वहीं राजा का शरीर छूटा। राज्य रामसिंह ही को मिला, कीर्तिसिंह ने केवल कामा का परगना पाया)।

सबलसिंह मानसिंहोत, पूर्व में भट्टों की लड़ाई में काम आया। राव चंद्रसेन की पुत्री रायकुमारी के साथ विवाह हुआ था, वह सती हुई।

दुर्जनसिंह मानसिंहोत, पुत्र पुरुषोत्तमसिंह राजा भावसिंह के पास रहता था और वहीं मरा। पुरुषोत्तमसिंह के बेटे—भारतसिंह, शिवसिंह, जयकृष्णसिंह और रामचंद्र जो बहादुरशाह के साथ काम आया।

राजा भावसिंह महासिंहोत (राजा मान का पौत्र) मानसिंह के के पीछे आँबेर की गद्दी पर बैठा। बड़ा महाराजा हुआ। रानी गौड़ का पुत्र था। जहाँगीर बादशाह का बड़ा कृपापात्र हुआ। जन्म सं० १६३३ आश्विन वदि ३, सं० १६७८ पौष वदि ६ को बुरहानपुर में काल किया। राजा सूरसिंह की बेटी आसकुमारी ब्याहा था जो साथ सती हुई। पुत्र नहीं, एक पुत्री सूरज देवी का विवाह (मारवाड़ के) राजा गजसिंह के साथ सं० १६७६ में हुआ था, वह पति के साथ सती हुई।

हिम्मतसिंह मानसिंहोत, पुत्र--शामसिंह, कल्याणसिंह। कल्याणसिंह का बेटा उग्रसिंह।

माधोसिंह[1] भगवानदासोत
- सुजानसिंह
  - हिंदूसिंह
- छत्रसिंह[2]
  - प्रेमसिंह[3]
    - सूरजसिंह
    - मोहकमसिंह
  - आनंदसिंह[4]
  - उग्रसेन
  - अजयसिंह
- तेजसिंह

---

(१) अकबर बादशाह ने अजमेर मालपुरा पट्टे में दिया था। आंबेर के महलों की पोल पर के झरोखे से गिरकर मर गया।

(२) भागगढ़ जागीर में था, सं० १६८६ के आषाढ़ में खाने-जहाँ पठान से लड़कर घायल हुआ, वहाँ से किसी ने उठाया, तदुपरांत बादशाही चाकरी में मरा।

(३) खानजहाँ की लड़ाई में काम आया।

सूरजसिंह भगवानदासोत बड़ा वीर राजपूत था। बादशाह अकबर ने जब सीकरी का कोट बनवाया तब सूरजसिंह का डेरा कोट की नींव पर था। उसने डेरा नहीं उठाया। बादशाह ने उसे कुछ न कहा और कोट को टेढा करवा दिया। वह सदा बादशाह का सच्चा सेवक बना रहा। मोटे राजा की बेटी, जैत्रसिंह की बहन जसोदाबाई का विवाह उसके साथ हुआ था जो पति के शव के साथ सती हुई। स्यालकोट में, जो दरया अटक और कॉंगड़े के बीच में है, शादमाँ सुलतान से लड़ाई हुई। वहाँ से (पजाब की) गुजरात भी पास ही है। शादमाँ हुमायूँ बादशाह का पोता, असकरी कामराँ का बेटा और हिंदाल का भतीजा था। सूरजसिंह उसको मारकर सही सलामत चला आया। पुत्र चाँदसिंह। चाँदसिंह के बेटे अचलसिंह, ज्ञानसिंह, अगरसिंह। अचलसिंह के पुत्र मनरूप और गजसिंह।

राजा जगन्नाथ भारमलात बड़ा महाराजा हुआ, रणथंभोर टोडा और दूसरे भी कई परगने जागीर में थे। राजस्थान टोडा। जन्म सं० १६०९ पौष वदि ९, स० १६६५ में मांडल (मेवाड में) के थाने पर था, वहीं मरा। वहाँ तालाब पर उसकी छतरी बनी हुई है। पुत्र—करमचन्द[1] टीकेत, जगरूप[2], अभयकर्ण, जसा, बीजल[3],

(४) छत्रसिंह के साथ मारा गया।

(१) बड़ा दातार था, राजा जगन्नाथ के पाछे ४ वर्ष अपनी जागीर में रहा फिर मलिकपुर के थाने पर भेज दिया गया और वहाँ मरा।

(२) कुँवर पदे ही में अकबर बादशाह की सेवा में दक्षिण में मारा गया। बेटा नहीं, एक बेटा कन्याणदेवी राजा गजसिंह (मारवाड) को व्याहा।

(३) बादशाही चाकर था, जब महावतखाँ का बेटा बाँकीबेग रणथंभोर का सूबेदार था तब शाहजादा खुर्रम अपने पिता से बागी

मनरूप[1], वाला और बलकर्ण[2]। मनरूप के बेटे सुजानसिंह, केसरीसिंह, हरीसिंह।

भोपत भारमलोत—बादशाह अकबर जब गुजरात को गया और सुलतान मुजफ्फरशाह गुजराती के साथ उसका युद्ध हुआ तब भोपत बादशाही फौज के साथ अकबर के रूबरू शत्रु से लडकर मारा गया।

सलहदी भारमलोत—बडा राजपूत, पहले रामदास ऊदावत के पास था फिर बादशाही चाकर हुआ।

भगवतदास भारमलोत के पुत्र मोहनदास और अखैराज। अखैराज के बेटे अभयराम[3] शामराम[4], हिरदैराम और विजयराम। हिरदैराम के बेटे जगराम[5] और रामसिंह[6]।

हुआ। शाहजादे के हुक्म से गोपालदास गौड ने रणथंभोर गढ की तलहटी तक दखल कर लिया और बाँकीबेग गढ में जा बैठा। शाहजादे और गोपालदास के लौट जाने पर बाँकीबेग ने उनका पीछा किया। गोपालदास ने शत्रखून मारा उसमें बाँकीबेग और बीजल दोनों मारे गए।

(१) भीम (सासोदिया) का टोडा जागीर म था।

(२) जोधपुर नौकर मेडता का रेयाँ गाव पट्टे मे था।

(३) अपनी जागीर में एक मुगल को मारा, इसलिए बादशाह जहाँगीर ने भर दर्बार राककर बेडा पहनाना चाहा, तब अभयराम ने तलवार चलाई और मारा गया।

(४) भाई के माथ काम आया।

(५) बादशाही चाकर, लवाणा की जागीर और पैमर के थान पर रहता था।

(६) उदेहा के गाँव नाथार में रहता था।

राजा पृथ्वीराज के पुत्र बलभद्र का वंश

बलभद्र के पुत्र—अचलदास, दुर्जनसाल, गोविंददास, दयालदास, शामदास और बेणीदास। अचलदास के बेटे मोहनदास और गिरधर। दुर्जनसाल के बेटे केसरीसिंह और शामदास। (इनका मुख्य ठिकाना अचरोल है)।

गोपालदास पृथ्वीराजोत का वंश (इसके वंशज चोमू सामोत आदि के नाथावत हैं)

(१) नाथा की संतान नाथावत कछवाहा।

(२) प्रतिष्ठित और बहुत धनाढ्य पुरुष था। राजा भावसिंह को छोड़के महावतखाँ के पास जा रहा, फिर बादशाही चाकर हुआ।

(३) गौड़ों ने मारा।

(४) मोहब्बतखाँ के पास जाते हुए दखनियों ने मारा।

- मनोहरदास
  - अभयराम
    - अनूपसिंह
  - मथुरादास ११
    - मुकुन्दसिंह
  - इन्द्रभाण
    - मोहनराम
  - जगदीश
    - मधुसूदन
  - नरसिंह ९
    - राघोदास
  - भारतसिंह १०
    - जगतसिंह

सुरताण पृथ्वीराजोत का वंश (चांदसेण सुरोठ आदि में व *टोंक राज्य में है*)

- तिलोकदास
  - केशोदास
    - शामसिंह
    - सिंह
- सुंदरदास
  - नरसिंहदास
- बाघ
  - उग्रसेन
- मोहनदास
- शक्तिसिंह
  - सहदेव
  - दवसिंह
  - सबलसिंह
    - सुजानसिंह

---

(५) पहले राजा भावसिंह के और पीछे राजा जयसिंह के पास नौकर हुआ।

(६) जोधपुर के महाराजा का चाकर रहा।

(७) काबुल में मरा।

(८) राजा जयसिंह का चाकर।

(९) राजा जयसिंह का चाकर।

(१०) राजा जयसिंह का चाकर।

(११) राजा जयसिंह का चाकर था फिर बादशाही सेवा में गया, कंदहार में मरा।

(१२) पूर्व में लड़ाई में मारा गया।

पंचायण पृथ्वीराजोत (साभेर, श्रमरगढ, पिपलाई आदि में हैं)
किशनदास
नरहरदास
सावत्दास
विट्ठलदास
नारायणदास
मुरारिदास
कल्याणदास
सु दरदास
चतुरसि ह
कान्ह
जयराम
भारत०
राम०
राघ
राघोदास
उदयसि ह
हरीदास
शामदास
सादूल
छीतरदास
बलकर्ण
मुकुंददास
बंशीदास
गोवि ददास
मोहनदास
जसकर्ण
उदयराम
वृ दावन-दास
नरसि ह-दास
माधो-दास
चतुर्भु ज
वेणीदास
रामसि ह
रामचन्द्र
अनूपराम
हरनाथ
गिरधर
किशोरदास
परशुराम
समर्थसि ह
सु दरदास
शक्तिसि ह
मोहकमसि ह
अजयसि ह
फतहसि ह
आनंदसि ह
किशनसि ह
रामचंद्र
अजयसि ह
अभयराम
जूझारसिंह
शिवराम
किशनसिंह
सूरसि ह

विट्ठलदास पंचायणोत के पुत्र वाघ के वेटे हरराम, बुधसिंह[1], रामचंद्र।

रायोदास विट्ठलदासोत का वेटा हृदयराम। हृदयराम के पुत्र शामसिंह[2] और जयकृष्ण[3]। उदयसिंह विट्ठलदासोत के वेटे—जगन्नाथ,[4] सुजानसिंह, शिवराम, विजयराम।

सुजानसिंह उदयसिंहोत के पुत्र—वल्लू, सूरतसिंह, गजसिंह, परशुराम, वुधरथ प्रेमसिंह, अजवसिंह।

हरीदास विट्ठलदासोत के पुत्र—गोयंददास, भोजराज। गोयंददास के—मथुरादास,[5] गोकुलदास[6] कनकसिंह। भोजराज[7] के—भारमल, फतहसिंह, केसरीसिंह, देवीसिंह, सबलसिंह, सूरसिंह। शामदास[8] विट्ठलदासोत का वेटा लाडखां[9]। लाडखाँ के वेटे—कुशलसिंह, किशनसिंह, अजबसिंह, अनोपसिंह।

सादूल[10] विट्ठलदासोत के वेटे—सुंदरदास, दयालदास, कान्हदास। सुंदरदास के जैतसिंह अनोपसिंह। दयालदास के जोधसिंह, फतहसिंह। कान्हदास के राजसिंह, गुमानसिंह। नारायण-

---

(१) लडाई में मारा गया।

(२) राजा (जयसिंह) का चाकर।

(३) राजा का चाकर।

(४) राजा का चाकर।

(५) राजा का चाकर।

(६) राजा का चाकर।

(७) उदेही की नादोती में रहता था।

(८) कटहड़ में मारा गया।

(९) उदेही में वसा था, जोधपुर चाकरी करता था।

(१०) बड़ा दातार हुआ।

दास पंचायणोत का पुत्र सुंदरदास। सुंदरदास के किशनसिंह, रामचंद्र, कुशलसिंह।

राजा पृथ्वीराज के पुत्र जगमाल का वंश (यह खगारोत कहलाते हैं इनका मुख्य ठिकाना डिग्गी है)

जगमाल के पुत्र खंगार[1] और जैसा। खंगार के पुत्र—नारायणदास, मनोहरदास, भोजराज, हमीर, राघोदास, वाघ, वैरसल, सुजानसिंह, उदयसिंह, अमरा, किशनसिंह, रत्नसिंह, भारमल, आसकर्ण, केशोदास, कल्याणसिंह और साँवलदास।

- नारायणदास खंगारोत[2]
  - दुर्जनसाल
    - चंद्रभाण[3]
      - प्रतापसिंह
  - शत्रुसाल
    - कुशलसिंह
  - गिरधर
    - कर्ण
    - रत्नसिंह
    - बिहारीदास

- मनोहरदास खंगारोत
  - जैतसिंह
    - कल्याणसिंह
  - प्रतापसिंह
    - बिहारीदास
    - सबलसिंह
    - अजबसिंह
  - रत्नसिंह

भोजराज[4] खंगारोत के बेटे गोपीनाथ, हरीसिंह। गोपीनाथ का सूरसिंह।

- हमीर खंगारोत
  - सूरसिंह[5]
    - गजसिंह
    - इंद्रसिंह
  - रत्नसिंह
    - केसरीसिंह
  - राजसिंह
    - मोहकमसिंह
  - शक्तिसिंह
    - आसकर्ण
  - किशनसिंह

---

(१) खंगार के वंशज खंगारोत कहलाए नराणे के स्वामी।

(२) अकबर बादशाह ने नराणा का पट्टा देकर वतन कर दिया था।

राघोदास खंगारोत, पुत्र—नरसिंहदास। बाघ[४] खंगारोत। वैरसल[५] खंगारोत पुत्र केसरीसिंह।

सुजानसिंह खंगारोत, पुत्र—दलपत, विजयराम,[६] निजयराम का हरीराम[७]।

अमरा खंगारोत, पुत्र—उग्रसेन,[११] जगनाथ[१२]।

किशनसिंह खंगारोत, पुत्र—सबलसिंह, हरराम। सबलसिंह का शामसिंह।

राजसिंह खंगारोत, पुत्र—नलराम[१३]।

भाखरसी[१४] खंगारोत।

---

(३) लडाई में मारा गया।

(४) नराणा पट्टै, बाघ की लडाई मे काम आया, बुद्धिमान सरदार था।

(५) किशनसिंह के साथ काम आया।

(६) बादशाही चाकर, भोजराज को गोद रखा, स० १६८६ में दक्षिण में छत्रसिंह के साथ खानेजहाँ की लडाई मे मारा गया।

(७) मोहम्मद मुराद नराणे पर चढ आया तब लडाई मे काम आया।

(८) नाथावतों की लडाई मे मारा गया।

(९) सांभर के किरोडी (बादशाह की तरफ से कर उगाहने वाले) से लडाई हुई जिसमे मारा गया।

(१०) केसरीसिंह के साथ काम आया।

(११) शामसिंह कर्मसेनोत की सेवा मे मारा गया।

(१२) राजा रायसिंह की सेवा मे मारा गया।

(१३) मालपुरे मे काम आया।

केशोदास खंगारोत। कल्याणसिंह[5] खंगारोत।

जैसा जगमालोत (खंगार का भाई) पुत्र—केशोदास, बल्लू। केशोदास का मनरूप।

सांगा पृथ्वीराजोत*।

चतुर्भुज पृथ्वीराजोत (मुख्य ठिकाना बगरू) पुत्र- कीर्तिसिंह[6] और जूझारसिंह। कीर्तिसिंह के बेटे—किशनसिंह,[7] गजसिंह

---

(१४) अच्छा राजपूत, जोधपुर की तरफ से मेड़ते का गाँव ओवाल पट्टे में था।

(१) राजा जयसिंह का चाकर।

(२) जोधपुर नौकर था।

(३) जोधपुर नौकर।

(४) जोधपुर नौकर राव हरीसिंह के साथ काम आया।

(५) राजा विट्ठलदास गौड के पास रहा था।

(६) पठानों ने मारा।

---

* बीकानेर के राव लूणकर्ण का दोहिता था। भीम पृथ्वीराजोत के पुत्र रायसी से राज छीनने को बीकानेर से फौज लाया। रायसिंह के अल्पायु होने से राजकाज तेजसी करता था, वह सांगा से मिल गया और उसके विरोधी कर्मचंद नरूका को मारा। कर्मचंद के भाई ने तेजसी को मार डाला और सांगा ने भी भागकर प्राण बचाए। सांगानेर का कसबा बसाया।

और प्रतापसिंह[९]। प्रतापसिंह का सूरसिंह। जूझारसिंह का हिम्मतसिंह[१०], हिम्मतसिंह के फतहसिंह और शक्तिसिंह।

कल्याणदास पृथ्वीराजोत (काल्वाड रामगढ़ आदि में) पुत्र— करमसी, मोहनदास, रायसिंह और कान्ह। करमसी के खड्गसेन[११] और सुदरदास[१२]। रायसिंह के जोधसिंह और जगन्नाथ।

रूपसी[१३] वैरागी पृथ्वीराजोत (ठिकाना मारूँचा)

- जयमल[१४]
  - उदयसिंह[१५]
    - राघोदास
    - कचरा[१६]
- चतुरसिंह
- रामचंद्र
  - हरराम
  - गाकुलदास
  - द्वारकादास
  - बुल्लू[१७]
- माधो[२०]
- तिलोकसी[१८]
- भोजराज[२१]
- वैरसल[१९]

---

(७) राजा जयसिंह का चाकर, कीर्तिसिंह के वैर में साँगानेर में पठानों के घोडे छीन लिए, वे बादशाह को जाकर पुकारे। बादशाही हुक्म से राजा जयसिंह ने स० १६७९ मे किशनसिंह को मारा।

(८) स० १६८९ मे जोधपुर रहा, रु० १७०००) की जागीर पाई, स० १६९५ मे पीछा राजा की चाकरी में चला गया।

(९) राजा जयसिंह का चाकर।

(१०) मोहबतखाँ ने लदाणा पट्टे मे दिया था, पीछा राजा जयसिंह के पास गया और १५०००) का पट्टा पाया यहाँ उसने झगडा किया। स० १७०० मे उदेही गाँव में रखा।

(११) राजा का चाकर।

(१२) निहारी पठानों ने मारा।

(१३) अकबर का सेवक, पर्वत सर जागीर मे था।

नरूकों की वंशावली

- बरसिंह (आंबेर के राजा उदयकर्ण का पुत्र)
  - मेहराज (मेघराज)
    - नरू (के वंशज नरूका कहलाए)
      - दासा
        - चंदनदास
          - सहसा
          - अलखा
            - दलपत[१३]
              - कीरतसी
        - जयमल
        - रतनसी
          - सांगा
          - शेरा
        - पूर्णमल
        - रायसल
        - कपूरचंद
        - करमचंद[६]
          - सिंह
            - वेणीदास
            - नाथा
            - जैतसी
          - पृथ्वीराज
            - भीम
      - रावलाल

---

(१४) सं० १६४० में अकबर ने फतहपुर जागीर में दिया। परम भक्त था, बीमार होने पर मथुरा में जाकर मरा। मोटे राजा की बेटी दमयंती को ब्याहा था।

(१५) सांखलों का भांजा था।

(१६) राठोड़ बाघ पृथ्वीराजोत ने मारा।

(१७) शेखावतों ने मारा।

(१८) मोटे राजा की बेटी कृष्णकुमारी को ब्याहा था, वह सती हुई।

(१९) बड़गूजरों का भांजा।

(२०) मैंणा जाति की स्त्री के पेट का था।

(२१) करमा खवास का बेटा।

सहसा[1] — जैतसी

सहसा के पुत्र: कान्हा, राम[4], गोपालदास, वेणीदास, देवीदास, वीरम, दुर्गादास, इन्द्र

राम के पुत्र: रायेदास[6], विट्ठलदास, किशनसिंह, प्रतापमल्ल

किशनसिंह — राजसिंह

रायेदास के पुत्र: राजसिंह[7], रूपसिंह[8]

जैतसी के पुत्र: चंद्रभाण[10], इन्द्रभाण[11], हरीराम[12], उदयभाण

(१) नीवाईं का ठाकुर।

(२) प्रतिष्ठित पुरुष था, मोहबतखाँ ने लाल सोट पट्टे में दी थी।

(३) बडा राजपूत, मोहबतखाँ के पास रहता था, फिर जोधपुर महाराज का नौकर हुआ रीवाँ और रायपुर की जागीर पाई थी।

(४) नीवाई पट्टे में थी।

(५) नगहटा गाँव बसाया राजा जगन्नाथ का सेवक था।

(६) मोहबतखाँ के नौकरों से दरया अटक पर झगडा हुआ वहाँ मारा गया

(७) मोहबतखाँ का नौकर।

(८) टीकायत, मोहबतखाँ ने नगहटा दिया था।

(९) मौजाबाद का स्वामी, राजा पृथ्वीराज के पुत्र सांगा ने मारा।

(१०) पनवाड पट्टे, सं० १६६८ में जोधपुर रहा और राड़ग गाँव पाया, फिर बादशाही चाकरी में गया। इसकी पुत्री केसर

रायसल दासावत का पुत्र रामचंद्र। रामचंद्र का बलभद्र। बलभद्र का गोविंददास। गोविंददास[३] का बेटा जोगीदास।

देवी का विवाह (जोधपुर के) राजा गजसिंह के साथ हुआ था, वह सती हुई।

(११) रावर का ठाकुर।

(१२) राव केशवदास ने मारा।

(१३) राजा जयसिंह का चाकर।

(१) बड़ा राजपूत था, मृत्यु के दिन बड़ा उत्सव मनाया।

(२) मारोठ में काम आया।

(३) ईसरदास कूंपावत का दोहिता जोधपुर महाराज के नौकर, जागीर में रेवाड़ी के गांव थे।

कपूरचंद दासावत के पुत्र रूपसिंह और वैरिसिंह ।

रत्नसिंह दासावत के पुत्र साँगा का परिवार—साँगा का पुत्र कचरा । कचरा के बेटे—परशुराम, मालदेव, रुद्र और भोपत ।

परशुराम कचरावत

- राघोदास
  - पीथा
  - गिरधर
  - शामसिंह
  - कान्ह
- रामदास
- बाघ
  - जगन्नाथ
  - मोहनदास[5]
  - किशनसिंह[6]
- भगवान
- नरसिंहदास
  - दूदा
- जसवंत
  - हरजस
  - रामसिंह
  - किशनसिंह
- बालराम
  - नाथा
- उदयकर्ण
  - गोविंददास
  - गोवर्धनदास
  - लूणा
- हरीदास
  - जैतसिंह
  - विट्ठलदास
- रामचन्द्र[7]
  - हरराम
  - द्वारकादास
- श्यामदास[8]
  - गोपीनाथ
  - पूरा
- उदयभाण

मालदेव कचरावत के बेटे—सुर्जन, सादूल, प्रतापसिंह, रायसिंह, चतुर्भुज, माधोसिंह, केशोदास[4], सुरजन के बेटे—रायकुँवर, रामकुँवर चतरसाल, दूदा। सादूल के कान्हा, जैतसिंह, हरीसिंह। प्रतापसिंह के जगरूप ।

---

(४) पूरब में भाटियों की लड़ाई में काम आया ।

(५) जोधपुर महाराजा का नौकर ।

(६) पँवारों ने मारा ।

(७) पवारों की लड़ाई में मारा गया ।

(८) पँवारों की लड़ाई में मारा गया ।

रुद्र[८] कचरावत के बेटे—सूरसिंह, कुंभकर्ण, मनोहरदास। मनोहरदास के राजसिंह और हरकर्ण।

भोपत[९] कचरावत के बेटे—देवीदास[११], मुकुंददास। देवीदास के सूजा और उग्रसेन। मुकुंददास के राजसिंह और किशनसिंह।

रतना दासावत के पुत्र शेरा का परिवार

- मदनसिंह
  - लूणकर्ण[१]
    - अचलदास
      - राजसिंह[१]
  - केसरीसिंह[२]
  - जसवंतसिंह[३]
    - हरराम[४]
      - हिम्मतसिंह
      - कुशलसिंह
- आसिंह[५]

राव लाला* नरूका—पुत्र ऊदा। ऊदा का लाडखाँ। लाडखाँ

---

(८) किशनसिंह राठोड का साला, उन्हीं के साथ मारा गया।

(१०) किशनसिंह राठोड के पास था, उन्हीं के साथ मारा गया।

(११) जगमाल भारमलोत के साथ काम आया।

(१) राजा जयसिंह का सेवक, कुंवर रामसिंह के पास रहता था।

(२) राजा जयसिंह की सेवा में बडगूजरों की लडाई में मारा गया।

(३) राजा जयसिंह की छोड सं० १६८६ में जोधपुर महाराज के पास आ रहा।

(४) जोधपुर महाराजा का नौकर।

(५) जगन्नाथ गोविंददासोत ने मारा।

---

* राज्य अलवर के महाराजा राव लाला के वंशज हैं। राव लाला से चौथी पीढ़ी में राव कल्याणसिंह हुआ। [illegible] ने कल्याणसिंह के पुत्र व

का फतहसिंह। फतहसिंह[1] का कल्याणमल[2]। कल्याणमल के बेटे—रणसिंह, अणँदसिंह और अजबसिंह।

शेखावत कछवाहे, वतन अमरसर

आंबेर के राजा उदयकर्ण के पुत्र बाला के वंशज हैं। बाला के पुत्र मोकल पर शेख बुरहान चिश्ती ने कृपा की (उसकी दुआ से) मोकल के पुत्र हुआ, नाम शेखा दिया गया। शेखा की संतान शेखावत कहलाते हैं।

शेखा[1]

रायमल | दुर्गा | रतनसी | अभा | कुंभा | भारमल | अचला

(रायमल के पुत्र) सूजा | जगमाल | तेजसी | सीहा | सुरताण | सहसमल

(६) इसको राजा जयसिंह ने बेटा कहकर गोद लिया था।

(७) राजा जयसिंह इसे अपने पुत्र तुल्य रखता था, काबुल पहाड़ों का सूबेदार था।

(१) अमरसर शेखा ने बसाया, पहले वहाँ अमरा अहीर की ढाणी (छोटा गाँव) था। शिखरगढ भी शेखा ने बसाया।

नाम रणसिंह अणँदसिंह और अजबसिंह लिखे हैं और अलवर के इतिहास में कल्याणसिंह के ५ पुत्र—अमरसिंह पाटवी, अमरसिंह, श्यामसिंह, ईसरीसिंह और जोधसिंह होना लिखा है, जिनकी संतान की जागीरें अलवर राज की बड़ी कोटड़िया कहलातीं अर्थात् खाड़ा, पारा, पल्वा और पेहं।

राव खाटा से ११वीं पीढ़ी में होनेवाले रावराजा प्रतापसिंह ने सं० १८३० वि० में अलवर का स्वतंत्र राज स्थापन किया। सं० १८४७ में राव राजा का देहांत होने उपरांत, १२७ वर्ष के अर्से में, पाँच राजा अलवर की गद्दी पर बैठे।

(२) राव मालदेव की बेटी हंसबाई ब्याहा था।

(३) हंसबाई का पुत्र, मनोहरपुर बसाया।

(४) बंगश के थाने में काम आया।

(५) राजा विक्रमादित्य के साथ काँगड़े की लड़ाई में मारा गया।

(६) सबलसिंह का सुसरा था सं० १६७२ में बुरहानपुर में मरा।

(७) खवास का बेटा।

रूपसेन नरसिंहदासोत

- महासिंह
  - मानसिंह
  - रत्नसिंह
  - आनंदसिंह
  - दीपसिंह
- रामसिंह ८
  - चंद्रभाण
  - अनतसिंह
- रघुनाथ
  - महकर्ण ९
  - मोहन
  - कुशलसिंह
  - किशनसिंह
  - सबलसिंह
- नैणसी
  - हरीसिंह
  - नारायणदास
- गिरधरदास
  - केसरीसिंह
  - शक्तिसिंह
- गोविंददास
  - सूरसिंह
  - मुकुंददास
- कल्याणदास १०
- किशनसिंह ११
- कान्हदास

---

(८) राजा जयसिंह के पास नौकर था। फिर महाराजा जसवंतसिंह के पास रहा, रेवाड़ी के रु० २५०००) के गाँव पट्टे में थे।

(९) महाराजा जसवंतसिंह के नौकर उदेही का गाँव पाप-लाई रु० १२०००) की रेख का पट्टे।

(१०) निरवाणों की लड़ाई में मारा गया।

(११) कल्याणदास के साथ काम आया।

(१२) महाराजा जसवंतसिंह के नौकर।

रायसल[१] सूजावत का परिवार

रायसल के पुत्र—राजा गिरधरदास, लाडखाँ, भोजराज परशुराम, तिरमण, ताजखाँ, हरराम, विहारीदास, बाबूराम, दयालदास, वीरभाण, कुशलसिंह।

गिरधरदास[२] रायसलोत

द्वारकादास[१] हरीसिंह सल्हदी[३] विजयसिंह किशनसिंह गोपालदास गोवर्द्धन सूरसिंह

अनूपसिंह

हरदेव सांवलदास

हरभाण ऊधरसिंह अर्जुन जयसिंह[७] अभयसिंह[८] महासिंह

राना बरसिंहदेव[१]

पुरुषबहादुर मोहकमसिंह ग्यानसिंह दौलतसिंह अमरसिंह[६] जगदेव अभयसिंह मोपत

(१) बाघा सूजावत का दोहिता, अकबर बादशाह के दरबार में रायसल दरबारी कहलाता। खंडेला और रेवासा जागीर में था। रायसल ने खंडेला निरवाणों से लिया था, दर असल यह नगर खंडगल तवर का वसाया हुआ है।

(२) खंडेले टीकायत, राठोड विट्ठलदास जयमलोत का दोहिता। सं० १६८० में बुरहानपुर में सैयदों से खानेजंगी हुई तब सैयदों ने मारा, परंतु शाहजादे पर्वेज और महाबतखां ने सैयदों के सरदार की गर्दन मार शांति की।

(३) खंडेले का स्वामी, खानेजहाँ की पहली लड़ाई में घायल हुआ और खानेजहाँ मारा गया तब काम आया।

(४) राठोड कान्ह रायमलोत का दोहिता।

(५) भारमलोतों का भानजा और कुँवर पृथ्वीसिंह का नाना था।

(६) महाराजा जसवंतसिंह का नौकर ३०००) का पट्टा।

(७) बादशाही चाकर।

(८) बादशाही चाकर

(९) सल्हा राजावत ने मारोठ में मारा।

(१०) राव इंद्रभाण ने मारा।

(११) भोजराज रायसलोत ने मारा सं० १६५३ में, बेटा नहीं।

(१२) एक नाई की स्त्री से आशनाई थी, इसलिये नाई ने उसे मार डाला।

(१) बड़ा कापालिक, म्हेंहले के पास उदयपुर में रहता, बादशाही चाकरी छुट गई, नाक बैठा हुआ था।

(२) जोधपुर नौकर रेवाड़ी के गाँव खोह में बसी थी।

(३) जोधपुर का नौकर।

(४) घटगूजरों का दोहिता।

(५) द्वारकादास के साथ काम आया।

(६) सं० १६६८ में राजा सूरसिंह (जोधपुर) गंदेले में तिरमण के यहाँ ब्याहा था, शेखावत रानी राजा के साथ सती हुई।

ताजखाँ[७] रायसलोत—पुत्र—प्रयागदास[८] कीर्तिसिंह, मुक्तमणि[९]। कीर्तिसिंह के किशनसिंह। किशनसिंह के विजयसिंह।

हरराम[१०] रायसलोत

- हृदयराम
  - चंद्रभाण
  - जयभाण
  - हरभाण
  - उदयभाण[११]
  - इन्द्रभाण
  - अमरभाण
- चतुरसिंह
- फतहसिंह
  - दुर्जनसिंह
  - भगवतसिंह
  - जसवन्त
  - अनोपसिंह
  - भावसिंह
  - अमरसिंह
  - नरसिंहदास
  - पृथ्वीराज
- राजसिंह
  - कल्याणसिंह
  - महासिंह
- संग्रामसिंह
  - रामसिंह
- श्यामसिंह
  - मोहकमसिंह

बिहारीदास रायसलोत, निरवाणों का दोहिता मारोठ में काम आया।

बाबूराय रायसलोत, जाटणी के पेट का जो सवालख देश की जाटनी थी। रायसल ने शाहपुरा जागीर में दिया था। डोडवाणे की मदद की, वहां बलभद्र नारायणदासोत ने आकर मारा। वीरभाण रायसलोत, राठौड़ों का दोहिता।

कुशलसिंह रायसलोत सोनगिरों का भानजा। उसके तीन पुत्र करमसेन, नरसिंहदास और उग्रसेन थे।

---

(७) बड़गूजरों का दोहिता।

(८) जोधपुर का नौकर, मेड़ते का गाँव ढाढा पट्टे।

(९) गाँव ढाढा पट्टे।

(१०) निरवाणों का दोहिता।

(११) जोधपुर का नौकर, रेवाड़ी के गाँव पट्टे।

चाँदा सूजावत का पुत्र तातारखाँ[3]। तातारखाँ के मुकुंददास और फतहसिंह।

रायमल शेखावत के पुत्र जगमाल का बेटा भीम, भीम का दूदा।

तेजसी रायमलोत के बेटे—शक्तिसिंह, रामसिंह[4], मानसिंह। मानसिंह के बेटे नारायणदास और नरसिंह। नारायणदास के

---

(१) मोहब्बत खाँ की लड़ाई में मारा गया।

(२) मोहब्बत खाँ के पास नौकर था।

(३) राजा गिरधर के साथ काम आया।

(४) मोटे राजा का श्वसुर, जैतसिंह का नाना था।

बलभद्र[५] और दीपचंद। बलभद्र के बेटे—करणीदास, गोपीनाथ, रत्नसिंह, सूरसिंह और केसरीसिंह।

सहसमल रायमलोत का पुत्र करमसी। करमसी के बेटे दुर्जनसाल[१] और रामचंद्र[२]। रामचंद्र का धर्मचंद्र।

दुर्गा शेखावत का परिवार
|
मानसिंह
|
सूरसिंह
|
नारायणदास
|

---

(५) खानेजहाँ की लड़ाई में छत्रसाल के साथ दक्षिण में बादशाही चाकरी में काम आया।

(१) राजा गजसिंह का नाना, सं० १६६४ में राणी सौभाग्यदेवी का विवाह अकबर बादशाह ने अपनी बेटी कहकर किया था।

(२) अकबर बादशाह ने दक्षिण में भेजा, वहाँ खानेखाना ने लड़ाई नहीं की, तब नवाब को कह दखनियों को युद्ध के वास्ते चढ़ा लाया और नवाब को मुकाबले पर ले गया। सहज सी लड़ाई हुई जिसमें सबसे पहले रामचंद्र ने अपना घोड़ा मैदान जंग में पटका और वीरता के साथ लड़कर मारा गया। साचों का गीत—

'असमर भुजधुण बधंलग अंबर, खत्रियां गुर जूझार खरै।
रूठै दिखण तणैसिर रामै, हमल हलाया सिखर है।''
''आठबाट कर ठाट एकठा, भुजपतसाही भारभलै।
अहमदनगर वीदधर ऊपर, कछवाहे चाजवी कलै।''

---

(३) द्वारकादास के समय खटेले में मुख्य मुसाहब था।

(४) जोधपुर दर्बार का नौकर।

(५) राजा गिरधर के साथ काम आया।

(६) मारोठ में काम आया।

(७) बादशाही चाकर।

अभा शेखावत, पुत्र साईंदास। साईंदास का लूणा। लूणा के नाथा और फीरोज।

(८) बादशाही चाकर।

(१) जोधपुर दरबार का नौकर गाँव जगडवास पट्टै।

(२) बादशाही चाकर।

(३) सुर्जन के साथ मारा गया।

(४) लडाई में मारा गया।

(५) कटार के तीन हाथ चलाकर एक शेर को मार लिया।

(६) अपने चाकर के हाथ से मारा गया।

(७) राजा गिरधर के साथ काम आया।

कँवल्ला — दुर्जनसाल, वल्लू
वल्लू — रामसिंह
रामसिंह — राजसिंह, जूझारसिंह

गोविंददास — गोपाल, महासिंह

अखैराज खरहथवाला की संतान करणावत कछवाहे मनोहरपुर के प्रधान थे यहाँ तो थोड़े ही लिखे हैं परंतु कर्णावतों के २०० मनुष्य हैं।

कछवाहों का प्राचीन इतिहास अब तक अंधकार में है। नरवर में आने से पहले यह कहाँ थे इसका ठीक पता नहीं चलता और न नरवर में इनका राज्य स्थापन होने का निश्चित समय बतलाया जा सकता है। ग्वालियर तथा नरवर में कछवाहों के जो लेख मिले (इन लेखों के वास्ते देखो इंडियन ऐंटिक्वेरी जिल्द १५ पृ० ३३ व २०१ और अमेरिकन ओरिऐंटल सोसाइटी का जर्नल भाग ६ पृ० ५४२) उनसे पूर्व गुर्जर प्रतिहार महाराजाधिराज परमेश्वर मथनदेव के वि० सं० १०१६ माघ शुदि १३ के राजोरगढ़ के लेख से (एपिग्राफिया इंडिका जिल्द ३ पृ० २६६) इतना तो स्पष्ट है कि ग्वालियर और ढुंढाड़ प्रांत पहले कन्नौज के प्रतिहारवंशी राजाओं के अधीन थे और संभव है कि कछवाहे उनके सामंतों में से हों। कन्नौज के महाराज्य में निर्बलता आने पर कच्छपघात वंशी राजा लक्ष्मण के पुत्र वज्रदामा ने सं० १०३४ के लगभग गाधिपुर के राजा से ग्वालियर लिया (वज्रदामा का लेख बंगाल एशियाटिक सोसाइटी का जर्नल जिल्द ३१ पृ० ३१२ में)। वज्रदामा के पीछे उसका छोटा पुत्र सुमित्र नरवर का अधिकारी रहा हो। सं० १२३२ ई० (वि० सं० १२८९) तक कछवाहों का राज ग्वालियर में होना पाया जाता है। वज्रदामा, मंगलराय, कीर्तिराय, मूलदेव, देवपाल, पद्मपाल और महिपाल, (यह देवपाल के दूसरे पुत्र सूर्यपाल का बेटा) महिपाल सं० ११६१

में ग्वालियर में राजा था। पीछे एक लेख में विजयपाल, सूरपाल, और अर्णगपाल (सँ० १२१२) नाम मिलते हैं। ई० स० ११९६ (वि० स० १२३२) में जब सुलतान कुतबुद्दीन ऐबक ने ग्वालियर फतह किया तब वहाँ वासिल के बेटे सोलंकपाल का राज होना, और ई० स० १२३२ (वि० सं० १२८९) में सुलतान शमसुद्दीन अलतिमश की चढाई के समय देवपाल के राज करने का पता फिरिश्ता आदि फारसी तवारीखों से लगता है। नरवर का राज्य कछवाहों से शायद चौहानों ने लिया हो, क्योंकि तेरहवीं शताब्दी के अंत में नरवर में राजा चाहडदेव के सिक्के और लेख मिलने से यह अनुमान हो सकता है। (क्रानिकल्स आफ दी पठान किंगस आफ देहली और इंडियन ऐंटीक्वेरी जिल्द २२ पृ० ८१) लेख में चाहडदेव का वंश नहीं दिया, परंतु उसके सिक्के पर एक तरफ "असावरी श्री साम‍ंतदेव" की छाप और दूसरी तरफ घोड़े-सवार है। यह अजमेर के चौहान राजाओं के सिक्कों की शैली है। चाहडदेव के वंश का राज्य नरवर में वि० सं० १३४४ तक रहा।

आंबेर के कछवाहों का मूल पुरुष सोढसिंह वज्रदामा के छोटे पुत्र सुमित्र के प्रपौत्र ईश्वरीसिंह (ख्यातों का ईशसिंह) का पुत्र था अतः बारहवीं शताब्दी के अंत में उसका राज्य ढुंढाड़ में स्थापित होना संभव है। यह प्रदेश पहले मीणों के अधिकार में था।

नं०	नैणसी की ख्यात	दूसरी ख्यात	टाड राजस्थान	दूसरी ख्यात नं० २ में दिए हुए मृत्यु संवत्। इसमें और टाड राजस्थान में दिए हुए संवतों में कुछ अंतर है।
१	ईससिंह	०	०	
२	सोढदेव	०	०	
३	दूल्हदेव	०	दोला	
४	हणुमान	०	कांकल	
५	काकिलदेव	०	मेंढलराव	
६	नरदेव	०	हणुदेव	
७	जानड़देव	०	कुंतल	
८	पज्जून सामंत	०	पजून	
९	मलयसी	०	मलैसी	
१०	बीजल	बीजलदेव	बीजल	
११	राजदेव	राजदेव	राजदेव	
१२	कल्याण	कील्हण	कील्हण	
१३	राजा कुंतल	कुंतल	कुंतल	वि० सं० १३७४
१४	,, जवणसी	जूणसी	जूणसी	,, १४२३
१५	,, उदयकर्ण	उदयकर्ण	उदयकर्ण	,, १४४५
१६	,, नरसिंह	नरसिंह	नरसिंह	,, १४८५
१७	,, वणबीर	वणबीर	वणबीर	,, १४९६
१८	,, उद्धरण	उद्धरण	उद्धरण	,, १५२४
१९	,, चंद्रसेन	चंद्रसेन	चंद्रसेन	,, १५४६
२०	,, पृथ्वीराज	पृथ्वीराज	पृथ्वीराज	,, १५५६

दूसरा प्रकरण

राठोड़ वंश

शाखा—राजा धुंधमार के १३ पुत्र हुए जिनसे अलग अलग तेरह शाखाएं चलीं—

(१) पाटवी अभयराज ने अभयपुर बसाया उसके वंशज अभैपुरा कहलाए। (२) जयवंत जिसके जयवंता (३) बागल ने बगलाना बसाया, उसके वंशज बगलाना प्रसिद्ध हुए। (४) अहिराव ने अहोर-गढ़ कराया, उसकी संतान अहिराव कहलाई। (५) कुरहा ने करहेड़ा गढ़ कराया इससे करहा हुए। (६) जसचंद ने जलखेड़ पाटण बसाया उससे जलखेडिया हुए। (७) कमधज, तेरह शाखाओं का राव कहलाया। (८) चंदेल ने चदेरी बसाई, इसके चंदेल कहलाए (९) अजवारा, पूर्व में अजैपुर बसाया, इससे अजबेरिया प्रसिद्ध हुए। (१०) सूर-देव ने सूरपुर बसाया, उसकी संतान सूरा। (११) धोर ने धोराचद बसाया, इसकी संतान धोरा। (१२) कपालदेव ने कमलपुर बसाया, इसके कपलिया कहलाए। (१३) खेमपाल, खैराबाद बसाया, इससे खैरूंदा हुए।

सूर्यवंश प्रसूत राठोड़ वंशावतंस महाराजाधिराज महाराजा श्री अनोपसिंहजी (बीकानेर) की वंशावली महाराजाधिराज महा-राजा श्री सूरतसिंहजी प्रति लिखाई:—

वंशावली—

श्री आदि नारायण	मरीचि	सूर्य
ब्रह्मा	कश्यप	श्राधदेव

इक्ष्वाकु	पंच	दीर्घबाहु
विकुक्षि	सुदेव	रघु
अनेना	विजय	अज
विश्वगंध	भरुक (रुरुक)	दशरथ
इंदु	वृक	रामचंद्र
युवनाश्व	बाहुक	कुश
बृहदाश्व	सगर	अतिथि
कुवलयाश्व	महायश	निषध
धुधमी दृढाश्व	असमंजस	नल
हरियाश्व	अंशुमान	पुंडरीक
निकुंभ	दिलीप	क्षेमधुनी
वरहणाश्व	भागीरथ	देवानीक
कृपाश्व	श्रुत	अहीन
सेनजित	नाभ	पारजात्र
युवनाश्व	सिंधुद्वीप	वृहस्थल
मांधाता (चक्रवर्ती)	अयुताय	अर्क
पुरुकुत्स	ऋतुपर्ण	वज्रनाभ
त्रिदस (त्रिदस्यु)	सर्वकाम	सगण
अंनरण्य	सुदास	व्रहत
हर्यश्व	अश्मक	हिरण्यनाभ
प्रणन	मूलक	पुष्य
त्रिवधन	दशरथ	ध्रुवसिंधु
सत्यव्रत-हरिचंद	एलवल	भव
रोहितास	विश्वसह	सुदर्शन
हरित	खट्वांग	अग्निवर्ण

सीघ्र [शीघ्र]
मरु
प्रसपत्र [प्रसुश्रुत]
सिंधु
अमर्पण
सहस्वान [महस्वान]
विश्वस्तक [विश्वसाह्व]
प्रसेनजित
तष्यक [तक्षक]
वृहद्बल
वृहद्रण
गुरुक्रिय [उरुक्रिय]
वत्सवृद्ध
प्रतिव्योम
भानु
दिवाक
वाहनीपत
सहदेव
वीर
वृहदश्व
भानुमान
प्रतीक
सुप्रतिकाश
मरुदेव
चन

पुष्य
अतरिष
वृहद्भानु
वह [बर्हि]
कृतुंजय
रणंजय
सजय
श्रीय [शाक्य]
सुदोर [शुद्धोदन]
वागल [लांगल]
प्रसेनजित
क्षुद्रक
रुणक
सुरथ
सुमित्र
महिमंडलपालक
पदारथ
ज्ञानपति
तुंगनाथ
भरत
पुंजराज
धम
अजैचंद
अभैचंद
विजैचंद

जैचंद
बर्दाईसेन
सेतराम
सीहा
आसथान
धूहड़
रायपाल
कन्ह
जालणसी
छाडा
तीडा
सलखा
वीरमदेव
चूडा
रिड़मल
जोधा
सातल
सूजा
गांगा
मालदेव
चंद्रसेण
उदयसिंह
सूरसिंह
गजसिंह
जसवंतसिंह

अजीतसिंह विजयसिंह

दरतसिंह भीमसिंह

(मारवाड के राठोडों का मूल पुरुष) राव सीहा वा सिंहसेन कन्नौज से यात्रा के वास्ते द्वारिका चला। इसने गोत्रहत्या बहुत की थी, पीछे मन विरक्त हुआ तो अपने पुत्र को राजपाट सौंप कापडा (जोगियों का एक फिर्का) का भेष धारण कर साथ में १०१ राजपूत ठाकुर आदि ले पैदल ही पयान किया। एक एक कोस पर सौ सौ गऊ दान करता और मार्ग में कूप वापियों के समीप ठहरता गुजरात में पहुँचा, जहाँ चावडे व सोलकी राज करते थे और उनकी राजधानी पाटण (अणहिलवाडा) थी। उस वक्त सिंध में मारू लाखाजाम राजा था, जिसके और चावडों के बीच पृथ्वी के वास्ते झगडा चल रहा था। इसके अतिरिक्त लाखा ने अपने बहनोई राखाइत (सोलकी राज का पुत्र मूलराज सोलकी का छोटा भाई) के पिता को जो उसके पास रहता था एक आम का वृक्ष काट डालने के लिए मार डाला था, अतएव सोलकियों के साथ भी उसका वैर बँधा। चावडों और लाखा के दर्मियान जब युद्ध होवे तब ही लाखा की जय और चावडों की पराजय हो जावे। राव सीहाजी का डेरा पाटण हुआ। लाखा को इष्ट देवी का और चावडों को खेत्रपाल (भैरव) का, सो प्रबल देवी के समुख निर्बल खेत्रपाल का बल काम न देवे, और इसी से लाखा जीत जावे। एक रात चावडे राजा व मूलराज को खेत्रपाल ने स्वप्न में आकर कहा कि कनवज्ज का धणी राव सीहा यहाँ आया हुआ है, उसको सदाशिव का वरदान है। तुम उससे जाकर मिलो, जिससे अपने वैर का बदला ले सको। लाखा उसी के हाथ से मरेगा। तब चावडे एकत्र हो राव सीहाजी के पास आये। गोठ जीमने की विनती की। रावजी ने भी उसको

स्वीकार किया। चावड़ों ने बड़ी बड़ी तैयारियाँ कीं, रावजी जीमने पधारे। मूलराज की माता ने अपने कुटुंब की १५, १६, १७ वर्ष की बालविधवा वधुओं को समझाकर कहा कि रावजी यहाँ जीमने आवें तब तुम परोसने के वास्ते वर्कारियाँ ला लाकर मेरे आगे धरती जाना। रावजी इसकी हकीकत पूछेंगे तब मैं सारी कथा उनको सुना दूँगी। जब रावजी आये तो मूलराज की माता ने कहलाया कि साथ के और सर्दार तो बाहर रसोड़े में जीमेंगे, परंतु रावजी को मैं अपने हाथों से जिमाऊँगी। तब राव सीहाजी अंतःपुर में पधारे, आसन दिया गया, और आप जीमने विराजे। संकेतानुसार वही बालविधवाएँ ला लाकर सब सामग्री रखने लगीं। रावजी ने मूल-राज की माता से पूछा कि इतनी बालवधुओं के विधवा हो जाने का कारण क्या है? उसने कहा महाराज। लाखा फूलाणी के और हमारे परस्पर शत्रुता है और इनके पतियों को लाखा ने मारे हैं इसी लिए ये विधवा हो गई हैं। जब जब लाखा के और हमारे युद्ध होता तब तब जीत उसी की होती है। लड़ाइयाँ एक वर्ष में दो चार हो जाती हैं। अब आपका पधारना हुआ है तो आप हमारी सहायता कीजिये। रावजी ने उत्तर दिया, तुम फौज इकट्ठी करो और लाखा को कहला दो कि तैयार हो जा, हम आते हैं। ऐसा कहकर रावजी द्वारिका को सिधारे। रणछोड़जी के दर्शन कर गोमती में स्नान किया बहुत सा दान दिया, एक मास वहाँ ठहरे और फिर लौटकर पाटण पहुँचे। सोलंकियों और चावड़ों ने अगवानी कर नारियल भिलाये और बड़े हर्ष उत्साह से उन्हें नगर में लिवा लाये। रावजी के आज्ञानुसार सेना इकट्ठी कर दो रक्सो घी, तुरत लाखा के पास दूत भेज युद्ध की घोषणा पहुँचाई। सुनते ही वह भी सज-सजाकर लड़ने को तैयार हो गया, परन्तु उसको आश्चर्य इस बात

का हुआ कि पहले जब जब युद्ध हुआ तो चावडे सदा भागते ही रहे और अबकी बार इतने जोर से बढ़े चले आते हैं। इसका कारण पूछने पर उसके गुप्तचरों ने निवेदन किया कि इस बार राव सींहाजी कनवजिया कटक के साथ हैं। तब तो लाखा को भी विचार पडा, धीरे धीरे कूच मुकाम करने लगा।

एक दिन लाखा का भानजा राखायत रजपूत सरदारों के साथ बैठा हुआ था तब किसी ने उससे पूछा कि भाणेजजी प्रभात को जब तुम्हारे मामा लाखाजी उठते हैं तब उनका मुख उतरा हुआ रहता है इसका क्या कारण है? आज तो इन पर परमेश्वर की कृपा है, राज बरकरार, बहुत सी धरती के सरदार और युद्ध के जीतन-हार हैं, फिर उदास क्यों रहें? राखायत बोला, इसकी खबर मुझको नहीं। तब सबके सब बोल उठे कि तुम इस बात का भेद लाखाजी से पूछो। राखायत ने कहा कि यदि मैं इस रहस्य को पूछूँ और मामाजी क्रोध में आकर मुझको मरवा दें तो फिर छुडावे कौन? सरदारों ने उत्तर दिया कि हम सब तुम्हारे साथ हैं। यदि तुमको निकाल दें तो हम भी साथ ही निकल चलेंगे और जो कदापि मरवाने की आज्ञा दें तो तुम्हारे साथ मरेंगे, परंतु तुम इसका भेद लो। तब अवसर पाकर एक दिन राखायत ने लाखा से पूछा। (आगे सारी वही बात है जो पहले सोलंकी मूलराज के वर्णन में कह आये हैं कि लाखा ने राखायत को समुद्र में भेजा, वहाँ उसने महल देखे और अप्सरा आदि मिलीं। वापस आकर वह लाखा के घोडे पर चढ अपने भाई मूलराज को लाखा का सब भेद दे आया और मूलराज ने लाखा पर चढाई की)।

मूलराज के कटक के आने की खबर सुनकर राखायत ने लाखा से कहा मामाजी फौज आ पहुँची है तुम भी सवार होओ!

लाखा चढ़कर संमुख गया श्रौर कुल देवी का स्मरण किया। देवी ने प्रकट होकर कहा अब मेरे वस की बात नहीं, क्योंकि राजा सिंहसेन को श्रीमहादेवजी का वरदान है। इसके आगे मेरा जोर नहीं चलता है। तब लाखा ने कहा कि माता मृत्यु तो भली देना! कहा, "वह सुधार दूँगी, परंतु जय की आशा नहीं।" दोनों दल परस्पर भिड़े तब राखायत बोला कि मामाजी! मैंने आपका अन्न खाया है सो आज आपके सामने आपके शत्रु से लड़ूँगा, यह कहकर वह युद्ध करने लगा श्रौर ऐसी तलवार बजाई कि प्रत्येक शत्रु के संमुख राखायत लड़ता हुआ दीख पड़ता था। अंत में लाखा श्रौर राखायत दोनों काम आये। -युद्ध समाप्त होने पर राव सीहाजी ने तो पाटण की श्रोर प्रस्थान किया श्रौर लाखा के अंतःपुर की स्त्रियाँ खेत में आकर क्या देखती हैं कि लाखा निपट घायल हुआ खेत में पड़ा है श्रौर पास ही राखायत भी पड़ा सिसकता है। राखायत को देखकर लाखा की माता को क्रोध आया श्रौर कहने लगी कि यह हरामखोर यहाँ काहे को पड़ा है, इसको दूर करो। उस वक्त लाखा ने कहा कि माता! राखायत हरामखोर नहीं, स्वामिधर्मी है। देखो यह गिद्ध जो पड़ा है, मेरे मुख पर आन बैठा था श्रौर मेरी आँख निकालने ही को था कि राखायत ने उसको देखा, उसने अपना पल काटकर गिद्ध को दिया, नहीं तो वह मेरी आँख निकाल ही लेता श्रौर मैं तुम्हारा मुख देखने न पाता। अब राखायत को मेरे पास लाश्रो! मैं इसके सिर पर हाथ फेरूँगा तब इसका जीव मुक्त होवेगा। उस समय तक राखायत के प्राण भी निकले न थे। उसको उठाकर लाखा के पास ले गये। ज्योंही लाखा ने उसके मस्तक पर हाथ फेरा कि तत्काल उसके प्राणपखेरू उड़ गए श्रौर फिर लाखा की आत्मा भी मुक्त हुई। रानियाँ अपने पति के साथ सती हुईं। लाखा

स्वर्गलोक पहुँचा और राखायत ने भी वहाँ जा डेरा किया। ऊँचे रत्नमय कगूरोंवाले सुवर्ण के महलों में तो लाखा का निवास और नीचे सुवर्ण के कगूरेवाले चाँदी के महल में राखायत का अवास था। एक दिन लाखा ऊँचे महल झरोखे में बैठा था कि राखायत ने उधर दृष्टि दी और मन में कुछ उदासी लाया। लाखा पूछने लगा कि भानजे उदास क्यों हुआ? उत्तर दिया कि मामाजी! मैंने यह महल पाने के लिए परिश्रम तो बहुत ही किया, परन्तु हाथ न आया। लाखाजी कहने लगे भानेज! कहीं दौड़ने से भी यह स्थल मिलता है। सोरठा—

परसिर पद महि जोय जे विह विहवै अप्पियो।
लिखियो लाभै लोय पर लिखियो लाभै नहीं॥

(जैसा विधाता ने रचा वैसा ही होता है अर्थात् सिर ऊपर और पाँव नीचे रहते हैं अपने कर्म का लिखा मिलता है, पराये के कर्म का [फल] नहीं मिलता)।

पाटण में आकर चावड़ों न राव सीहाजी को (अपनी बहन या बेटी) ब्याह दी। रावजी उनको संतोष देकर कन्नौज गये, राणी चावडी का सुखपाल भी साथ ही था। वहाँ सुखपूर्वक राज्य करने लगे। एक रात राणी चावडा को ऐसा स्वप्न आया कि तीन नाहर राणी के पास आये और उसका पेट चोर आँतें निकाल पृथक् पृथक् लेकर पहाड पर चढ गये। यह देखते ही राणी जागी और रावजी को जाकर अपना स्वप्न सुनाया। सुनते ही रावजी ने राणी की पीठ पर ताजियाना (चाबुक) चलाया। राणी उदास होकर बैठ गई, नींद न आई, इतने में दिन निकल आया, तब रावजी बोले कि चावडी! रीस मत कर! मैंने यह चाबुक तुझे इसी वास्ते मारा था कि तुझको फिर नींद न आवे क्योंकि स्वप्न देखकर फिर सो जाने से स्वप्न का

फल नष्ट हो जाता है। तेरे तीन पुत्र सिंह समान बलवान् होवेंगे, बहुत सी धरती जीतेंगे और उनके वंश की बहुत वृद्धि होवेगी। यह सुनकर चावडी बहुत प्रसन्न हुई। समय समय के अंतर से उसने महातेजस्वी और पराक्रमी तीन पुत्र प्रसव किये। जब कुँवर कुछ सयाने हुए तो राव सीहाजी देवगति से देवलोक पहुँचे, राज्य टीकेत कुँवर को मिला, तब चावड़ी अपने तीनों पुत्रों को लेकर अपने पीहर जा रही। काल पाकर वे जवान हुए और चौगान खेलने को जाने लगे। एक दिन खेलते खेलते उनकी गेंद किसी बुढ़िया के पाँवों में जा गिरी जो वहाँ कंडे चुन रही थी। एक कुँवर गेंद लेने आया और बुढ़िया से कहा कि इसे उठा दे। बुढ़िया बोली, मेरे सिर पर भार है तुम ही उतरकर ले लो, तब कुँवर ने बुढ़िया को धक्का मारा, जिससे उसके सब कंडे बिखर गये। क्रोध कर बुढ़िया कहने लगी कि "हमारे ही घर मे पले पुसे और हम ही को धक्के मारते हो, मामा का माल खाकर मोटे हुए और उसी की प्रजा को सताते हो, तुम्हारे तो कोई ठौर है नहीं"। ऐसे ताने सुनकर कुँवर घर आये। माता से पूछा कि हमारा पिता कौन है ? हमारा देश कहाँ और हम किसके यहाँ पलते हैं ? लोग कहते हैं कि हमारे कोई ठौर है ही नहीं। माता बोली कि बेटा ! लोग झक मारते हैं। कुँवरों ने न माना, और आग्रहपूर्वक फिर वही प्रश्न पूछे, तब माता ने कहा कि तुम अपने नाना के घर पलते हो। कुँवर सीधे मामा के पास गये और विदा माँगी। मामा ने बहुत कुछ समझाया, परंतु भास्थान न रहा। विदा होकर ईडर आया और वहाँ से चलकर पाली गाँव में आन डेरा किया। वहाँ कन्ह नाम का मेर राजा था, यह प्रजा से कर भी लेता और अनीति भी करता था अर्थात् जितनी कुमारी कन्या उसके राज्य में ब्याही जातीं उनको पहले तीन दिन

तक अपने पास रख लेता था। आस्थान एक ब्राह्मण के घर में ठहरा हुआ था, उस ब्राह्मण की कन्या जवान हो गई, परंतु उसका विवाह न हुआ। उसे देखकर आस्थान ने ब्राह्मण से पूछा कि क्या यह विधवा है। ब्राह्मण ने कहा—महाराज! नहीं, यह तो कुमारी है। कहा, इसका क्या कारण! उत्तर दिया कि यहाँ ऐसी अन्ध अनीति चल रही है। कुँवर ने प्रश्न किया कि मेर के पास कटक कितना है? कहा महाराज! बीस एक हजार पैदल होंगे। कुँवर ने कहा कि अपनी बेटी का विवाह कर। मेर से मैं समझ लूँगा। ब्राह्मण ने कन्या परणाई, फेरे हो चुकते ही कान्हा के मनुष्य उसको गाड़े में बिठाकर ले चले। आस्थान अपनी कोठरी में गया तब वह ब्राह्मण कन्या भी चुपके से भागकर वहाँ चली आई। कान्हा के मनुष्यों ने बलपूर्वक उसको पकड़ना चाहा परंतु राठोड़ों ने उन्हें मार भगाये। जब यह समाचार कान्हा ने सुने तो वह चढ़कर पाली आया। आस्थान बाहर निकल गया, कान्हा ने पाली लूटी और उसके साथवाले लूट का माल लेकर चलते हुए, उसके पास थोड़े से मनुष्य रह गये, तब आस्थान ५०० साथियों समेत उसपर आन पड़ा। लड़ाई हुई जिसमें कान्हा मारा गया। फिर लुटेरों का पीछा किया। जितने मेर मिले उनको मारते गये, माल सब छुड़ा लिया और ८४ गाँव के साथ पाली फतह की। साथ ही भाद्राजण की चौरासी भी जा दबाई।

उस वक्त खेड़ में गोहिल राज करते थे। उनका प्रधान एक डाभी राजपूत था। किसी कारण से प्रधान और उसके भाई बन्धु गोहिलों से अप्रसन्न होकर खेड़ से चल दिये और आस्थान का राज्य बढ़ता हुआ देखकर मन में विचारा कि इनसे गोहिलों को मरवावें। यह ठान डाभिया ने आस्थान के ढिग आय सारी कथा

सुनाकर कहा, हम तुम्हे खेड़ का राज्य दिलाते हैं। पूछा किस तरह? कहा हम जब तुमको सूचना करावे तब तुरन्त आकर चूक करना। इधर गोहिलों ने भी मिलकर विचार किया कि इन राठोड़ों का पड़ोस में आकर राजथान बाँधना दुखदायी है, इसलिए किसी प्रकार इनको यहाँ से अलग करना चाहिए। यह मंतव्य ठहरा कि भला आदमी भेज उनसे मैत्री बढ़ाना और फिर दावत के बहाने उनको यहाँ बुलाना चाहिए। ऐसा मत ठान डाभी को भेजा और समझा दिया कि हमारी ओर से खेड़ आने की गाढ़ी मनुहार करना और गोठ जीमने का निमन्त्रण भी देना, जो स्वीकारें तो पीछे सूचना भेजने की तैयारी करावे। डाभी जाकर आस्थान से मिला, सब बात निश्चित कर ली, और गोहिलों को कहला दिया कि गोठ की तैयारी करो, रावजी आवेंगे। डाभा खेड़ को गया और गोहिलों से कहा कि हजार हो तो भी हम तुम्हारे चाकर हैं, तुम्हारी बराबरी नहीं कर सकते, रावजी आते हैं सो दाहिनी तर्फ आप लोग रहना, और बाईं ओर हम खड़े रहेंगे, ताकि वे आते ही पहले तुमसे मिलें। गोहिलों को भी यह बात भली लगी। आस्थानजी आये। डाभी लेने को आगे गया, और कहा कि "डाभी डावें गोहिल जीमणे"। यह सुनकर राठोड़ गोहिलों पर जा पड़े, और सबको मार गिराया और खेड़ का राज्य लेकर वहाँ राजधानी स्थापित की। इसी से खेड़ेचा प्रसिद्ध हुए*।

* इस कहानी में सत्यता कहाँ तक है इसकी जाँच ऐतिहासिक प्रमाणों से की जाय तो मूलराज सोलंकी का समय, वि० सं० १०१७ से १०५२ तक उसके दानपत्रों से निश्चित है, और राठोड़ों की ख्यातों के अनुसार भी सीहाजी ने वि० सं० १२३० के लगभग राज लिया—इधर कि एक लेख स्वयं सीहा का अभी मारवाड़ के गाँव में मिला जिसमें वि० सं० १३३० में उसका देहांत होना पाया जाता है। अब विचारने की बात है कि प्रथम तो वि० सं० १२५२ में राजा जयचंद राठोड़ ही को सुल्तान शहाबुद्दीन गोरी

राव सीहा की एक रानी सोलंकनी प्रसिद्ध राव जयसिंह की पुत्री थी, जिसके पेट से आस्थान ने जन्म लिया। दूसरी रानी चावड़ा सोभाग दे मूलराज वाघनायोत की बेटी, जिसके दो पुत्र ऊदड़ और सोनिग थे*।

बात सेवराम वर्दाईसेनोत की—

राजा वर्दाईसेन कन्नौज में राज्य करता था। उसका पुत्र सेतराम बड़ा सर्दार था, परंतु वह तीन पैसे भर अमल रोज दिन में तीन बार खाता था। किसी ने यह बात राजा के कान तक पहुँचाई और राजा ने कुँवर को बुलाकर पूछा कि कितनी अफीम रोज खाते हो? पहले तो उसने कहा कि मैं नहीं खाता, परतु जब राजा ने अपनी आण दिलाकर सत्य बात कह देने का आग्रह किया तो कहा कि तीन पैसे भर रोज खाता हूँ। राजा ने अपने सन्मुख अमल मँगवाई

न युद्ध में मार कन्नौज लिया जिसके पीछे भी जयचंद के पुत्र हरिश्चंद्र का राज्य आस पास के प्रदेश में रहने का पता हमको उसके मछली शहर के दानपत्र से लगता है। इस अवस्था में कन्नौज छूटने पर जयचंद के पुत्र का मारवाड़ में आना तो बन नहीं सकता। रही मूलराज और लाखा की बात यह तो निरी ऊटपटाँग ही दीखती है। भला करीब डेढ़ सौ वर्ष पूर्व सीहाजी मूलराज की सहायता कर लाखा फूलाणी को कैसे मार सकते थे। मूलराज ने अपने मामा चावड़े सामतराज को मारकर गुजरात का राज लिया और फिर सोरठ के राजा ग्रहरिपु पर चढ़ाई की थी, जिसकी मदद पर लाखा फूलाणी आया था। जब चावड़ों का राज ही न रहा तो चावड़े लाखा से लड़े कहाँ से? गोहिलों की ख्यात से भी यही पाया जाता है कि जयचंद राठोड़ के मरने पर उसके पोते सीहाजी ने उन्हें खेड़धर से निकाला था।

इस ख्यात में एक जगह तो राव सीहा को मूलराज सोलंकी का समकालीन कहा है और यहाँ उसकी रानी को सिद्धराज जयसिंह की पुत्री बतलाया है जिसका शासनकाल सं० ११५० से सं० ११९९ तक निश्चित है। लाखा फूलाणी को मारना और सिद्धराज की बेटी ब्याहना सही नहीं।

और सत्यासत्य की जाँच के लिए कुँवर को खिलाई। जब देखा कि वह सचमुच ऐसा अमलदार है तो राजा कहने लगा कि जो मनुष्य इतनी अमल खावे वह क्या पुरुषार्थ कर सकता है। कुँवर बोला, कोई कार्य्य बतलाकर परीक्षा कर लीजिये। यदि इतने पर भी आप मुझे अयोग्य समझते हों तो मैं कैसा गले ही बँधता हूँ, मैं भी कहीं कमा ही खाऊँगा। राजा को कुँवर के वचन सुन कुछ क्रोध आया, कहा—अब तक तो कुछ कमाया है नहीं, अब कमाओगे तो देखेंगे। कुँवर अपने स्थान पर आया और रात्रि को शस्त्र बाँध, घोड़े पर चढ़ चल निकला।

एक राजा के नगर में जाकर वह उसकी सेवा में नियुक्त हुआ। एक दिन वह राजा शिकार को गया, और जब आखेट कर श्रम निवारण के वास्ते वृक्ष की ठंडी छाया में बैठा था तब एक राक्षस मृग का रूप धर राजा के पास से निकला। राजा ने उसे मार लेने की आज्ञा दी। वहाँ उसके दूसरे सर्दार तो बैठे ही रहे, परंतु सेतराम तुरंत सवार होकर मृग के पीछे पड़ा। बहुत दूर निकल गया तब राक्षस ने भैंसे का रूप धर लिया और कुँवर के सम्मुख दौड़ा। सेतराम भी सँभलकर वार करने को तयार हो रहा, कि राक्षस तत्काल अपने रूप में प्रकट हुआ और कहने लगा कि हे बलवंड राजपूत तू बर्दाईसेन का पुत्र होकर इस राजा के पास क्यों रहा? यह तो किसी काम का नहीं है, अब तू मुझे १०० बकरे, १०० भैंसे और सौ मन मद की मनुहार दे दे! सेतराम बोला—कल दूँगा। इतना कह पीछा फिरा राजा ने पूछा तो कह दिया कि हरिण हाथ न आया। दूसरे दिन अर्ध रात्रि को बलि का सामान साथ ले सेतराम उस राक्षस के स्थान पर पहुँचा और उसको तृप्त किया। संतुष्ट होकर राक्षस कहने लगा कि सेतराम!

मैं तुझको असख्य द्रव्य दिखाये देता हूँ। कुँवर ने उत्तर दिया कि मुझे द्रव्य की आवश्यकता नहीं वह तो मेरे पास भी बहुत है, परतु ऐसी वस्तु दे जिससे मेरा यश बढे! राक्षस ने कहा—"तेरे में पाँच हाथियों का बल होवेगा।"

कुछ दिनों पीछे कुँवर उस राजा की सेवा छोड किसी दूसरे नरेश के पास जा रहा। वहाँ चार रुपये रोज के मिलें, परतु राजा उसका आदर बहुत करे। सेतराम जब दर्बार मे जाता तो अपनी बर्छी साथ लिये जाता। जब राजा कहे बैठो तो बर्छी भूमि मे गाड देवे, वह फर्श चीरकर आँगन में हाथ भर घुस जावे। यह देख राजा व रानी हैरान हुए। वह रोज भिन्न भिन्न स्थान मे बर्छी गाडता, जिससे आँगन में जगह जगह खड्डे पड गये। एक बार रानी ने लोहे के सात तवे बनवाये। एक एक तवा सवा सवा मन का था, और जहाँ सेतराम आकर बैठता वहाँ गच में गडवा दिये व ऊपर फर्श बिछाया। प्रभात को सेतराम आया, बर्छी गाडी तो भूमि कुछ कडी सी लगी, तब थोडा जोर किया, सो दो हाथ भूमि में धँस गई। उसने सोचा कि आज तो बर्छी ने बल कराया। रानी ने विचार किया गाड तो दी है, परतु अब निकालेगा कैसे। चलने के समय कुँवर ने बर्छी खींचा तो सातों तवे भी बींधे हुए साथ ही निकल आये और आँगन भी खुद गया। उसका यह बल देख राजा बहुत प्रसन्न हुआ। एक दिन सेतराम को साथ ले नरपति मृगया को गया, सेतराम ने एक शूकर के पीछे घोडा लगा दिया, दूर तक साथ लगा चला गया, और हाथियों के वन में जा पडा, दिन छिप गया, अधकार छाने लगा, तब सेतराम एक वृक्ष पर चढकर बैठ गया, घोडे को तले बाँध दिया। एक सिंह ने आकर उसे भक्षण किया। प्रभात हुआ, दिवाकर की किरणों ने चारों ओर

प्रकाश फैलाया। वह वृक्ष से नीचे उतरा, देखे तो घोड़े के अस्थि पड़े हुए हैं। आप था शरीर का भारी, पैदल चलने में कष्ट होता था, तब एक नारियल के झाड पर चढ बैठा, थोडी ही देर पीछे एक बडा हाथी उस झाड़ के नीचे आया, सेतराम उछलकर उस पर आ डटा। हाथी ने उसे नीचे गिराने का बहुत प्रयत्न किया और बडा जोर लगाया, परंतु उसने दो एक कटार इस बल से मारे कि हाथी बिल्ली बन गया।

उस हाथी को लिये वह राजा के दर्बार में पहुँचा और अपना सारा वृत्तांत कह सुनाया, राजा बहुत ही प्रसन्न हुआ। उस राजा का एक भाई दूसरे नगर में राज्य करता था, उसका पुत्र विवाह कर अपनी नव बधू को लिये आ रहा था कि मार्ग में उस रानी की प्रकृति बिगड गई। पास ही एक नगर था। वहाँ आकर ठहरे और वैद्य को बुलाया। वहाँ के राजा का नाई वैद्य था, यह आया। कुँवर ने उसे ले जाकर अपनी स्त्री की नाडी दिखलाई। उसका हाथ देखते ही नापित को विस्मय हुआ और मन में कहने लगा कि "ओहो ऐसे हस्तकमलवाली रमणी तो रूप की राशि होवेगी" दवा बतलाकर घर आया। इस प्रकार एक मास उनको वहाँ बीत गया। रानी को आराम हुआ तब वैद्य को घोडा सिरोपाव बिदा में दे आप कूच की तैयारी में लगा। नाई ने अपने स्वामी को जाकर सब कथा कह सुनाई, और उस रानी के रूप की इतनी प्रशंसा की कि राजा का दिल हाथ से जाता रहा। वह सवार होकर कुँवर के डेरे पर आया और बहुत मनुहार के साथ कहा कि आप हमारी मेहमानी जीमकर जाना। कुँवर ने भी उसको स्वीकार किया। तैयारी हुई, राजा ने ऐसा तेज मद्य मँगवाया कि जिसकी घूँट भरते ही अचेत हो जावे। फिर अपने नौकर चाकरों को

समझाकर कहा कि जब कुँवर यहाँ आवे और मद की मनुहार चले तब मैं कहूँगा कि "कुँवरजी एक प्याला और लो" बस यही संकेत है। सुनते ही तुरंत टूट पड़ना, और मार लेना। अब कुँवर अपने साथियों समेत गढ़ में गोठ जीमने आया। इन्होंने उसको मद्य पिलाकर छकाया, और साथवालों की भी वही दशा हुई, तब राजा ने सांकेतिक शब्द कहे कि "एक एक प्याला और फिरे"। यह सुनते ही राजा के मनुष्यों ने सपासप तलवारें चलाकर कुँवर व उसके साथवालों को मार लिये, राजा कुँवर के डेरे पर पहुँचा और उसकी स्त्री को ले जाकर अपने महल में बिठा दिया। कुँवर के रहे सहे साथी प्राण लेकर भागे, और अपने राजा को आकर सारा हाल सुनाया, तब उसने साथ इकट्ठा किया, और अपने भाई से भी सहायता के लिये एक हजार सवार माँगे। भाई ने कहलाया कि चाहो तो हजार सवार भेज दूँ, और चाहो तो अकेले सेतराम को दूँ।

उसने सेतराम को बुलाया और साथ लेकर अपने पुत्र का वैर लेने को शत्रु के देश पर चढ़ाई कर उसका गढ़ जा घेरा। उसने भी गढ़ कोट सज खूब मुकाबला किया। एक वर्ष लड़ते बीत गया परंतु गढ़ टूटे नहीं, तब तो राजा ने निराश होकर सेतराम से पूछा कि अब क्या करना चाहिए। उसने उत्तर दिया कि मेरी सहायता पर बने रहो तो गढ़ के किवाड़ तो मैं तोड़े देता हूँ, तुम भीतर घुस जाना। यह सलाह कर वे सब दर्वाजे जा लगे। सेतराम ने कपाटों को जोर से धक्का मारा और वे टूट पड़े। राजा भीतर घुस पड़ा, शत्रु मारा गया और सेतराम भी घायल हुआ, गढ़ हाथ आया, तब राजा ने सेतराम की पीठ ठोककर कहा—"बड़े राठोर, जैसी वीरता तूने की वैसी कौन कर

सकता है ! अब मैं तुझे और ते। क्या रीझ दूँ, अपनी बेटी तुझे व्याह देता हूँ।" देश आय, पुत्री का विवाह सेतराम के साथ कर, अपना आधा राज दहेज में दे दिया। एक मास तक ते। सेतराम वहाँ रहा, फिर अपनी स्त्री को साथ लिये अपने स्वामी राजा के पास चला आया। उसने आदरपूर्वक उसको रख लिया। यहाँ एक वार एक भोमिया नाम के डोडिये ने आकर गौएँ घेरीं। ग्वालों ने आकर पुकार की कि १४० सवार साथ लिये भोमिया वित्त लिये जाता है। सुनते ही सेतराम अकेला घोडे पर चढ दौडा और भोमिये को जा लिया। भोमिये ने कहा—"अरे रजपूत ! हथियार डाल दे और वापस चला जा।" सेतराम ने उत्तर दिया—यदि तुमको अपना प्राण प्यारा है ते। वित्त और शस्त्र छोड दे और जीता जा, नहीं ते। मार कर भोमिये और उसके साथियों ने सात वास तीर एक साथ चलाये सो सेतराम के लगे, युद्ध मचा। अंत में सेतराम ने भोमिये को मार लिया और उसके साथ के सवार भागे, सो कितनेक को ते। तीरों से मार गिराया और दूसरे शस्त्र छोड शरण में आये उनकी मुश्कें बाध, हथियार सिर पर धर, गौवों समेत आगे कर ले चला। राजा भी पीछे से चढकर चला था जब उसने इनको आते देखे ते। जाना कि भोमिया ने सेतराम को मारा और वही चला आता है, परंतु जब लोगों ने आगे बढकर देखा ते। जान पडा कि सेतराम शत्रु को बांधे धन लिये आ रहा है। राजा ने बडी रीझ की, कई हाथी घोडे दिये। कुछ समय पीछे सेतराम बडे ठाट से अपनी रानी को लिये कन्नौज आया, पिता के चरणों पर गिरा, राजा वर्दाईसेन पुत्र को देख बहुत प्रसन्न हुआ और पिता पुत्र आनंद के साथ रहने लगे। कई वर्ष पीछे राजा वर्दाईसेन

का शरीर छूट गया और सेतराम पाट बैठकर कन्नौज का राज्य करने लगा और बड़ा प्रतापी राजा हुआ*।

* यह कहानी भाटों की कपोलकल्पना ही है। भला, कन्नौज के महाराजा का पाटवी पुत्र, और अकेला निकलकर ४ रु० रोज पर कहीं जाकर नौकर होवे। तदतिरिक्त जयचंद के पीछे तो कन्नौज पर राठोड़ों का अधिकार रहना सिद्ध ही नहीं होता, और यदि रहे भी हों तो जयचंद का पुत्र हरिश्चन्द्र वहाँ का राजा होना चाहिए। क्या वरदाईसेन उसी का विरद था, या कोई और दूसरा था, और फिर सेतराम ने भी कन्नौज ही पर राज किया, तो सीहा से कन्नौज छुड़ाया किसने ?, इसी ख्यात में दूसरी जगह जहाँ वंशावली दी है वहाँ वरदाईसेन, और सेतराम का नाम नहीं है। वहाँ राव सीहा के पीछे आसथान का नाम है जिसके ठकुर गादेनी इन्दी (पड़िहार) ऊदम मेहराजोत की पुत्री से धूहड़, धांधल और चाचग नाम के पुत्र हुए थे।

तीसरा प्रकरण

राव छाड़ा—राणी वीराँ हुलणी का पुत्र टीडा

राव टीडा—इसकी एक राणी तारादे बाण राणा वरजांगोत की बेटी थी, जिसके पेट से सलखा उत्पन्न हुआ था। राव टीडा और राव सामन्तसिंह सोनगिरा में भीनमाल के मुकाम पर युद्ध हुआ। सोनगिरे हार खाकर भागे और टीडा ने उनका पीछा किया। सोनगिरे राव की राणी सीसोदणी सुवली भी युद्ध में साथ थी। उसके रथ को राठोड़ों ने जा घेरा। टीडा भी आगे मार्ग रोक खड़ा हो गया और कहा कि रथ फेर दो। सीसोदणी बोली किस वास्ते? राव टीडा ने उत्तर दिया कि तुझको ले जाकर अपनी राणी बनाऊँगा। सीसोदणी ने कहा यह बात तो तब हो जब तुम मेरे पुत्र को पाटवी करो। राव ने इसको मंजूर किया और सीसोदणी को घर लाया, सुख हुआ और उसने पुत्र कान्हड़देव जाया। पाटवी वह हुआ। टीडा का बड़ा बेटा सलखा राज्य से वंचित होकर इधर उधर भटकता फिरा। राज्य की स्वामिनी सीसोदणी हुई जो वह करे सो प्रमाण। इसका एक पद कहते हैं—"सुवड़ीतीडै मिल गई, सो संबल सो सत्य।" पीछे गुजरात के बादशाह की फौज मेहवे पर आई, झगड़ा हुआ। राव टीडा मारा गया और सलखा को कैद कर मुसलमान साथ ले गए। राव कान्हड़देव पाट बैठा। राठोड़ों ने सलखा को छुड़ाने के कई प्रयत्न किए परन्तु कुछ न चली। तब पुरोहित बाहड़ व बीजड़ नाम के दो भाई, जोगी का भेष धारण कर, कानों में मुद्रा पहन गुजरात गए। ये दोनों रूप, रंग और शरीर में भी अच्छे थे और वीणा बजाने में

भी प्रवीण थे। नगर में धूम पड़ गई कि दो सुंदर जोगी बहुत ही उत्तम वीनकार आये हैं। बादशाह ने भी सुना और उनको बुलाया। इन्होंने भी अपना गुण प्रकट कर शाह को रिझाया, तब बादशाह ने प्रसन्न होकर फर्माया कि जो चाहो सो मांगो! इन्होंने हाथ जोड़कर अर्ज की कि हमारा भोमिया यहाँ कैद में है उसे छोड़ने का हुक्म दिया जावे। बादशाह ने पूछा कौन सा भोमिया, कहा मेहवे का राव सलखा। बादशाह ने उसे छोड़ दिया। ये उसे लेकर मेहवे आये और कान्हड़देव ने उसे जागीर निकाल दी। कान्हड़देव का पुत्र त्रिभुवनसी हुआ जिससे ऊदावत राठोड़ों की शाखा चली*।

राव धूहड़—राणी द्रोपदा, चहुवाण लखनसेन प्रेमसेनोत की बेटी जिसके पेट से रायपाल, पीथड, बाघमार, कीरतपाल और लग हथ नामी पुत्र हुए।

राव रायपाल—राणी रत्नादे भटियाणी रावल जेसल उसाकोत की बेटी, जिसके कान्ह, समरांग, लखमणसिंह और सहनपाल उत्पन्न हुए। (कर्नल टाड न रावल जेसल का समय सं० १२०९ से १२२५ तक दिया है।)

राव कान्ह—राणी कल्याणदे देवडी सलखा लूँभावत की बेटी जिसके पुत्र जालणसी, विजयपाल।

राव जालणसी—राणी सरूपदे गोहिलाणी गोदा गजसिंहोत की बेटी, जिसका पुत्र छाडा।

---

* जालोर के राव सामतसिंह का राव टीडा का समकालीन होना संभव है, परंतु मारवाड की ख्यात में तो राव टीडा का सिवाने के परमार राजा शीतळ देव की सहायता में सुल्तान अलाउद्दीन खिल्जी देहली के पादशाह के मुकाबले में मारा जाना लिखा है। राव टीडा के समय में गुजरात में जुदी बादशाहत स्थापित नहीं हुई थी। हां सुलतान अलाउद्दीन खिल्जी ने गुजरात बाघेलों से ले अवश्य लिया था।

राव सलखा—राव मलखा के पुत्र नहीं था। एक दिन वह वन में शिकार के वास्ते गया और दूर जा निकला। साथ के लोग सब पीछे रह गये। जब तृषा लगी तो जल की खोज में इधर उधर फिरने लगा। एक स्थान पर उसने धूआँ निकलते देखा। जब वहाँ पहुँचा तो देखता क्या है कि एक तपस्वी बैठा तप कर रहा है। इसने उसके चरण छूकर अपना नाम ठाम बतलाया और कहा कि प्यासा हूँ, कृपा कर थोड़ा जल पिलाइए। तपस्वी ने कमण्डल की तरफ इशारा करके कहा कि इसमें जल है, तू भी पी ले और अपने घोड़े को भी पिला। सलखा ने जलपान किया, घोड़े को भी पिलाया और देखा तो कमण्डल ज्यों का त्यों भरा हुआ है, तब तो उसने जाना कि यह कोई सिद्ध है। हाथ जोड़ विनती करने लगा कि महाराज! आपकी कृपा से और तो सब आनंद है परंतु एक पुत्र नहीं है जोगी ने अपनी झोली में से भस्म का एक गोला निकाला और ४ सुपारी। कहा यह भस्म और सुपारी राणी को खिलाना, उसके ४ पुत्र होंगे। पहले पुत्र का नाम मल्लिनाथ रखना। सलखा गोला और सुपारी ले घर आया, राणियों को खिलाया, गर्भ रहे और ४ बेटे हुए, तब जोगी के आज्ञानुसार ज्येष्ठ पुत्र का नाम मल्लिनाथ रक्खा, और उसे जोगी का भेष धारण कराके युवराज बनाया। राव सलखा के तीन राणियाँ थीं—एक जाणीदे, चहुवाण भुजपाल हेमराजोत की बेटी जिसके पुत्र मल्लिनाथ, जैतमाल, दूसरी राणी जोइया धीरदेव की बेटी जोइयाणी, वीरमदेव की माता, तीसरी गोरज (गवरी) गोहिलाणी, जयमल गजसिंहोत की बेटी जिसका पुत्र सोभीत था।

कान्हड़देव मेहवे में राज्य करता था। सलखा (अपने भाई) को उसने सलखावासी एक गाँव जागीर में दिया, वह वहाँ रहता था। एक दिन वह अपनी राणी के वास्ते कुछ सामान खरीदने को मेहवे

आया और सौदा ले, एक राठी वेगारी के सिर पर मोट धर, घोडे पर सवार हो लौटा। मार्ग में जाते क्या देखा कि ४ नाहर एक नाले के पास बैठे हुए अपना भक्ष्य खा रहे हैं। इनको देख सलखा घोडे से नीचे उतर भूमि पर बैठ गया और राठी ने कहा कि मैं इस शकुन का फल पूछ आऊँ। वह भागा हुआ राव कान्हडदेव के पास आया और कहने लगा—सलखाजी आये थे। सौदा खरीद मेरे सिर पर गठडी धर अपने गुढे (गाँव) को जाते थे, तब यह शकुन हुए। जो राणी वह चीजें खावेगी उसका पुत्र राजा होगा। यह बात मैं तुमको चिताने के वास्ते आया हूँ। उन चीजों को सलखाजी सहित मँगवा लीजिए। कान्हडदेव ने अपने आदमी भेजे कि जाकर सलखाजी को ले आओ। इधर सलखा ने दो एक घटी तक तो राठी की राह देखी और उसे आता न देखकर गाँठ को अपने आगे घोडे पर धर लिया और चलकर गाँव में पहुँच गया। कान्हडदेव के मनुष्य आये तो सलखा को वहा न पा पाछे लौट गये। पीछे से राठा भी सलखा के पास गया और कहने लगा "रावलै चार बेटे होंग, वे इस धरती पर राज करेंगे और ठकुराई तुम्हारे घर में रहेगी"। "तुम्हारा कर दसों दिशा में फैलेगा और पुत्र तुम्हारे महापराक्रमी होंगे"। राठी से शकुन का ऐसा फल सुनकर मलखा अति हर्षित हुआ और उस पगडी बँधवाई। दूसर शकुनिया से भी पूछा तो उन्होंने भी वही बात कही। फिर मालाजी, वीरम, जैतमाल और सोमत चार पुत्र सलखा के हुए, माला और जैतमाल एक स्त्री से और वीरम तथा सोमत दूसरी राणियों से।

राव मालाजी वा मल्लिनाथ—जब माला बारह वर्ष का हुआ तब मेहने राव कान्हडदेव के मुजरे को गया। राव ने भी उस पर बड़ी कृपा

दर्शाई और कुछ रोजीना नियत कर दिया। साथ बिठाकर भोजन कराने लगा। माला भी राव की सेवा भली भाँति करता था। एक दिन राव कान्हड़दे शिकार को चढ़ा। उसके भाई बेटे और राजपूत भी सब साथ थे। माला भी चाकरी में था। जब राव मृगया कर पीछे फिरा तब माला ने राव का पल्ला पकड़ा और कहने लगा कि धरती का भाग माँगूँ, छोड़ूँ नहीं। राव ने बहुत समझाया, परंतु उसने एक न मानी। राजपूत सब दूर खड़े देखते रहे। कहने लगे कि काका भतीजे की लड़ाई में हम क्यों बीच में बोलें, अपने आप निपट लेंगे। राव कान्हड़दे बोला कि माला! मैं तुझे तीसरा भाग दूँगा। तब माला ने कहा कि इस बात को अभी लिखत कर दो और राजपूतों की जमानत दिलवाओ तो छोड़ूँगा। राव ने वहां इकरार लिख अपने राजपूतों की साखो करा दी और फिर राठौड़ियों ने आकर माला के भाग की भूमि पर उसका अधिकार जमा दिया।

अब माला तन मन से राव कान्हड़देव की सेवा करता था। उसको बुद्धिमान् जानकर राव ने उसको अपना प्रधान बना दिया। तब राव के सर्दार कहने लगे कि जिस ठाकुर ने अपने भाई को प्रधान पद दिया उसका राज गया समझना। माला ने अपना अमल अच्छी तरह जमा लिया और राजकाज भी उत्तमता के साथ चलाने लगा, परंतु राव के राजपूत इस बात को पसंद न करें। एक बार दिल्ली के बादशाह ने देश में दंड डाला और मेहवे में भी उसके किरोड़ी दंड उगाहने को आये। राव कान्हड़देव ने अपने सब सर्दार भाई बेटों को एकत्र कर सलाह की कि अब क्या करना चाहिए। माला ने कहा कि दंड नहीं देंगे, करोड़ी को मारेंगे। यह मत सब ठाकुरों के मन भाया। कहने लगे कि कैसे मारोगे? कहा इनको जुदा जुदा कर भिन्न भिन्न स्थानों में ले जाकर मारना चाहिए। यह

सलाह सबने मंजूर की। किरोड़ी को बुलाकर कहा कि तुम अपने आदमियों को गाँव गाँव में भेजो सो पैसे वसूल कर लावें; और निश्चय यह किया कि आज के पाँचवें दिन दोपहर को सबका काम बना दिया जावे। बादशाही नौकरों मे जो सर्दार था उसको तो माला अपने साथ ले गया और दूसरे आदमी पृथक् पृथक् स्थानों में गये। दूसरे तो सभी सर्दारों ने बादशाही नौकरों को नियत दिन पर मरवा दिया, परंतु माला ने किरोड़ी की बड़ी खातिर की और पाँच दिन पीछे उसको चुपके से कहा कि राव कान्हड़देव ने तेरे सब आदमियों को मरवा डाला है परंतु मैं तो तुझे नहीं मारूँगा। किरोड़ी कहने लगा कि जो एक बार जीता जागता दिल्ली पहुँच जाऊँ तो मेहवे का मालिक तुझे करा दूँ। माला ने उससे बोल वचन ले अपने आदमी साथ दे दिल्ली पहुँचा दिया। उसने जाकर बादशाह की हुजूर मे पुकार की कि मेहवे के राव कान्हड़देव ने बादशाही सब नौकरों को, जो मेहवे गये थे, मरवा डाला और मैं माला की मदद से बचकर यहाँ तक पहुँचा हूँ। माला हजरत का खास बेटा, बड़ा योग्य और हजूर का खैरख्वाह है। बादशाह ने माला को हजूर मे बुलाया। वह भी बड़े ठाट से दिल्ली गया और दर्बार मे हाजिर होकर कदमबोसी की। बादशाह ने नवाजिश कर वहाँ रावलाई का टीका उसके सिर पर लगाया। कुछ दिन वह दिल्ली में रहा, पीछे से राव कान्हड़देव का शरीर छूट गया और उसका पुत्र त्रिभुवन पाट बैठा, तब माला अपने घर लौट आया। त्रिभुवनसी ने अपने राजपूतों को इकट्ठा कर माला से युद्ध किया और घायल हुआ। उसकी सेना भाग गई। उसका विवाह ईंदे पड़िहारों के यहाँ हुआ था, इसलिए ससुरालवाले उसे ले गये और मरहम पट्टी कराने लगे। माला ने सोचा कि बादशाह ने टीका दिया तो क्या, जब

तक त्रिभुवनसी जीता है; राज मेरे हाथ लगने का नहीं। तब उसने त्रिभुवनसी के भाई पद्मसिंह को मिलाकर उसे यह दम दिया कि जो तू त्रिभुवनसी को मार डाले तो तुझे मेहवे की गद्दी पर बिठा दूँ। पद्मसिंह राज के लोभ से उसके झाँसे में आ गया। जाकर जो नीम के पट्टे उसके भाई के घावों पर बाँधे जाते थे उनमें संखिया मिलाया। घावों द्वारा विष शरीर में व्याप गया और त्रिभुवनसी काल प्राप्त हुआ। यह हत्या कर पद्मसिंह माला के पास आया और कहने लगा कि मुझे टीका दे। माला ने उत्तर दिया कि इस तरह टीका नहीं मिलता है, दो गाँव ले ले और बैठा हुआ खा। दो गाँव दे दिये। पद्मसिंह अपना सा मुँह लेकर चला आया। राव माला शुभ मुहूर्त दिखा मेहवे में आकर पाट बैठा और अपनी आण दुहाई फेरी। सब राजपूत भी उससे आकर मिल गये और उसकी ठकुराई दिन दिन बढ़ने लगी। राव वीदा ने मेहवा बसाया, पहले ये भिड़ में रहते थे।

राव माला ने अपने भाई जैतमाल को सिवाड़ा जागीर में दिया और द्विमात भाई वीरम और सौमत भी मेहवे के पास गुढा बाँधकर रहने लगे। माला के पुत्र भी बड़े पराक्रमी हुए। वे वीरम को वहाँ रहने नहीं देते थे, तब वह जोइयों के पास जा रहा। (जोइये या यौद्धेय एक प्राचीन क्षत्रिय वंश है।)

रावल घड़सी भी माला की चाकरी में आन रहा और उसे अपनी कन्या विमलादे व्याह दी। जगमाल मालावत, रावल घड़सी और हेमा सीमालोत तीनों में बड़ा मेल था। राव माला ने दिल्ली और मांडू के बादशाहों की फौजों से युद्ध कर उन्हें पराजित किया। यह बड़ा सिद्ध हुआ और उसने अपने पाटवी पुत्र जगमाल के सिर पर हाथ धरकर उसे युवराज बनाया।

एक बार बर्सात के मौसम में जगमाल ने हेमा सीमालोत से कहा कि मेह बरसता है, पृथ्वी चारों ओर रमणीक बन रही है, देश सुहावना लगता है, यदि रावलजी आज्ञा दें तो हम कुछ काल के लिए थल में चलकर रहें। हेमा ने रावलजी से आज्ञा ली। कहा १५–२० दिन रहकर लौट आवेंगे। रावल घड़सी, हेमा और जगमाल आखेट के वास्ते निकले। ऐसी सघन वनी में जाकर ठहरे कि जहाँ जाल और खेजड़ों की झगी को लिये सूर्य का प्रकाश भी न पहुँचता था। बस्ती आसपास न थी। वहीं शिकार खेलने लगे। एक दिन प्रभात के समय ये घोड़ों पर सवार हो वन-विहार को चले। कुछ दूर पर गये थे कि एक साठा (३० पुरुष गहरा) कूँवा नज़र आया। पुरुष तो उसको जोत जल निकाल गाँव में चले गये थे, केवल एक स्त्री रह गई थी। उसने लाव को समेट कधे पर लटकाई। चरम भूण को बाँह में डाले और सिर पर पानी का भरा हुआ घड़ा धर वह जा रही थी। इन्होंने उससे पूछा कि मेहवे का मार्ग किधर है तो उसने अपना हाथ लंबा कर मार्ग बतला दिया। यह देख-कर सबको बड़ा आश्चर्य हुआ। आपस में कहने लगे कि ठाकुरो! इस बाला का बल देखा, कितना भार उठाये हुए है। उनमें से एक राजपूत ने घोड़े से उतरकर उस स्त्री का सारा बोझ अपनी ढाल में धर लिया और उसे उठाने लगा, परंतु ढाल न उठ सकी। हेमा ने अपने एक साथी को भेज उससे पुछवाया कि वह कुमारी है या विवाहिता। जब जाना कि कुमारी है, तब तो सब घोड़ों को दौड़ छोड़कर उसके साथ हो लिये, आगे बस्ती आई। एक राजपूत खेत सँभाले खड़ा था। इन्होंने उससे पूछा कि बस्ती किसकी है! राजपूत—आ सोलंकियों की। प्रश्न किया कि यह किसकी बेटी है। राजपूत—यह भी राजपूत ही की लड़की है। पूछा—

ठाकुर, तुम्हारी क्या जाति है! राजपूत—मैं भी सोलकी हूँ। ये सब उसके घर उतर पडे। गाँव के दूसरे लोग भी आये, सब मिलकर इनका अतिथि सत्कार करने लगे। फिर हेमा ने लडकी के पिता को बुलाकर कहा कि तुम अपनी बेटी का विवाह कुँवर जगमाल के साथ कर दो। राजपूत बोले—जी "हम मालाजा के राजपूत, किसान लोग, जगल के रहनेवाले हैं, हमारा बडे आदमियो से कैसा सबध!" "हमारे बालक राजरीतियाँ क्या समझें! ये तो राजा हैं और हमारे छोरू तो गँवार लोग हैं।" तब हेमा ने कहा—ठाकुर! कुछ भी हो, राजपूत की बेटी है। सध्या समय बाँस खडे कर, चमरी बाँध, जगमाल का विवाह कर दिया। तीन चार दिन वे वहाँ रहे। सोलंकणी सगर्भा हुई। जगमाल मेहवे आया और अपनी स्त्री को पीहर ही मे छोडो। दिवस पूरे होने पर उसके पुत्र जन्मा। नाम कुभा रक्खा और वह ननिहाल ही मे पलने लगा।

मालाजो के राजसमय में बादशाही फौज मेहवे पर आई। माला ने अपने उमरा को बुलाकर पूछा कि अब क्या करना चाहिए। वे लोग कहने लगे कि तुर्कों से युद्ध कर उन्हें जीत लेने की तो हमारे में सामर्थ्य नहीं। हेमा ने कहा—तो रात को छापा मारें। सबकी यही सलाह ठहरी। मालाजो के हुक्म से सर्दारों के नाम लिखे गये और उनको आज्ञा हुई कि शबखून मारो! तुर्क जहाँ रात रहते वहाँ काठ के खभो से कनातें लपेटकर घर से बना लेते थे और उनके अफसर ऐसी रचा के घरो मे ठहरते थे। जब सेना मेहवे के निकट आ पहुँची तो उन्होंने रतिवाह देने की तैयारी की। जगमाल मालावत, कूपा मालावत, हेमा सामालोत, * इन सर्दारों ने अफसरों को मारने का जिम्मा लिया और यह ठहराव किया कि मुगल सर्दार घरो मे रहते हैं सो थानों को तोडकर घोडों

को घर में ले जाना और सर्दार पर घाव करना चाहिए। हर एक अपने किये हुए मार्ग में अपना घोड़ा ले जावे, दूसर के बनाये मार्ग से न ले जाने पावे। ऐसा ठहराव कर पहर भर रात्रि गये दूसरे सवारों को तो शाही सेना पर पठाया और ये चारों सर्दार अफसरों के मकान पर चले। हेमा सीमालोत ने पहले थंभा तोड़ कनात में गली फोड़ सेनानायक पर जा घाव किया और उसको मारकर उसके सिर का टोप उतार लिया। जगमाल ने घोड़ा दबाया परन्तु खंभा टूटा नहीं, तब हेमा के किये हुए मार्ग में अपने घोड़े को ले आया और घाव किया। हेमा ने यह देख लिया। सर्दार मारा गया, मुगल सेना भागी और राठोड़ों ने उसको लूटा। प्रभात होते रावलजी के मुजरे को आये। रावल भी दर्बार जोड़ बैठा और सबका मुजरा लिया। उस वक्त कुँवर जगमाल बोला कि सेनापति को मैंने मारा है। तब हेमा से न रहा गया। वह कहने लगा कि कुछ निशानी बताओ। रावल ने भी यही कहा कि जिसने मारा होगा उसके पास कोई निशानी अवश्य होगी। हेमा ने तुरत टोप निकालकर सामने रख दिया और कहने लगा जगमालजी। मैंने मारा सो तुम ही ने मारा है, हम तो तुम्हारे राजपूत हैं, तुम हमारी इज्जत जितनी बढ़ाओ उतना ही अच्छा है, न कि ऐसा कहने से। मेरे किये हुए मार्ग में तुम अपना घोड़ा लाये और मुर्दे के ऊपर घाव किया, यह तुम्हारी भूल है। हमारा आपस में पहले ही यह ठहराव हो गया था कि एक के किये हुए मार्ग में दूसरा अपना घोड़ा न लावे, अपनी अपनी गली आप कर ले। इस बात पर जगमाल हेमा से खीझ गया।

कुछ समय बीतने पर जगमाल ने हेमा से कहा कि "हेमाजी, तुम अपना घोड़ा हमको दो और इसके बदले तुम दूसरा घोड़ा ले

लो।" हेमा ने उत्तर दिया—कुँवरजी ! मेरे पास जो घोड़े राजपूत हैं वह तुम्हारे ही हैं और तुम्हारे काम के वास्ते ही हैं। कुँवर बोला—नहीं, यह घोड़ा तो मुझको देना ही पड़ेगा। तब तो हेमा को भी जोश आ गया। कह दिया कि राज ! घोड़ा तो मैं न दूँगा। कुँवर ने कहा—तो तुम मेरे चाकर नहीं। हेमा—नहीं तो न सही। इतना कह मेहवा छोड़ आप घुघरोट के पहाड़ों में जा रहा और मेवासी बन गया। वह मेहवे के इलाके को उजाड़ने लगा। यहाँ के १४० गाँवों में उसकी धाक से धूँआँ तक न निकलने पाता था लोग भाग भागकर जेसलमेर जा बसे। हेमा के डर के मारे वहाँ कोई रहा नहीं। कई साल तक तो यह उपद्रव लगा रहा परंतु जब राव माला रोगग्रस्त हुआ और शरीर बहुत निर्बल हो गया, अंतकाल आँखों के आगे फिरने लगा, तब उसने अपने बेटे पोते कुटुंब परिवार और राजपूत सर्दारों को अपने पास बुलाया और कहने लगा कि इतने दिन तो मैं देश में बैठा था, अब मेरा काल निकट आ गया है। ज्योंही मैंने कूच किया कि हेमा मेहवे के दर्वाजों पर आकर घाव करेगा और गढ़ की प्रोल पर छापा मारेगा। है कोई ऐसा राजपूत जो हेमा को मारे ? रावल ने ये शब्द दो तीन बार कहे परंतु किसी ने जबान तक न खोली। (जिस सोलंकनी को जगमाल ब्याह॰ कर उसके पीहर छोड़ आया था, उसके पेट से कुंभा ने जन्म लिया. यह ऊपर लिख आये हैं। जब कुंभा सयाना हुआ तो वह अपने दादा के पास आ गया था। वह बड़ा तेजस्वी और बलवान् था)। जब किसी ने मालाजी के प्रश्न का उत्तर न दिया तो कुंभा कहने लगा—"ठाकुरो ! बोलते क्यों नहीं हो; खेड़ में रहनेवाले घोड़े राजपूत और रावलजी की आज्ञा।" राजपूत बोले—"जी ! हेमा पर बीड़ा उठाना है और घुघरोट के पहाड़ हैं। तुम भी तो पाटवी कुँवर के पुत्र

दो, क्यों नहीं बीड़ा भेलते।" कुंभा ने झट यही कहा कि "बहुत अच्छा।" उठकर मालाजी से मुजरा किया और कहा "बाबाजी! इतने दिन तो हेमा ने उजाड़ किया परंतु अब वह किसी प्रकार का बिगाड़ करे तो कुंभा उसका ग्यारह गुना भर देगा।" रावलजी ने पौत्र की पीठ थापकर कहा—"शाबाश कुंभा! मैं भी यही जानता था कि हेमा पर बीड़ा तू ही उठावेगा।" फिर रावल ने अपनी तलवार और कटार कुंभा को दी, बहुत प्रसन्न हुआ और अपनी सवारी का घोड़ा दिया। कुंभा जब वहाँ से चला गया तो सर्दार लोग हँसकर आपस में कहने लगे कि "हम जानते हैं, कुंभा ननिहाल मे जाकर मेंढ़ों पर कटार चलावेगा।" यह बात कुंभा के कान तक पहुँच गई कि राजपूत उसकी हँसी करते हैं।

बहुत समय न बीता था कि राव मालाजी परमधाम पहुँचे और जगमाल पाट बैठा। यह समाचार हेमा को भी पहुँच गये कि रावल मालाजी मर गये हैं और कुंभा ने मेरा उपद्रव दूर करने का बीड़ा उठाया है। तब वह भी मन में संकोच लाकर बैठ रहा और यह अवसर ढूँढ़ने लगा कि कुंभा कहीं जावे तो मैं धावा मारूँ, परंतु कुंभा निरंतर सावधान रहता, शस्त्र सजे रखता, दो घोड़े सदा कसे कसाये तैयार रहते थे। काल पाकर हेमा पर कुंभा का आतंक जम गया और उसने देश में दौड़ना छोड़ दिया। यह चर्चा सारे देश में फैल गई और ऊमरकोट के धणी सोढाराव मांडण ने भी सुनी कि कुंभा ऐसा राजपूत है जिसकी धाक ने हेमा को ठिकाने बिठा दिया और मेहवे की भूमि बसने लगी है। ऐसे पुरुष को कन्या देनी चाहिए। उसके सब राजपूत भी इससे सहमत होकर कहने लगे कि यह तो आपने अच्छा विचारा। मांडण ने ब्राह्मण को बुलाकर नारियल उसके हाथ दिया और उसको समझाकर

कहा कि यह नारियल कुंभा जगमालोत को मेहवे जाकर बँधाओ और कहो कि राव मांडण अपनी कन्या का संबंध आपके साथ करता है। ब्राह्मण मेहवे आया और जो नारियल लाया था, शुभ-मुहूर्त दिखाय कुंभा को झिलाया। कुंभा ने भी उठ जुहारकर नारियल लिया और कहा राणा ने मुझको राजपूत बनाया, मेरी प्रतिष्ठा बढ़ाई। फिर ब्राह्मण को बहुत सा धन दे विदा किया और कहा कि राणाजी से मेरी ओर से इतनी विनती कर देना कि मैं अभी विवाह करने को न आ सकूँगा, क्योंकि मैंने मेहवा छोड़ा नहीं कि हेमा उस पर चढ़ आवेगा। ब्राह्मण ने ऊमरकोट आकर राणा मांडण को सब वृत्तांत सुनाया। राणा बोला कि बात ठीक है, और कुंभा ऐसा राजपूत है कि उसको मैं अपनी कन्या वहाँ ले जाकर ब्याह दूँ तो भी बुरा नहीं। तदुपरांत मांडण ने उत्तर भेजा कि मेहवा से ऊमरकोट एक सौ कोस के अंतर पर है, पचास कोस हम साम्हने आते हैं और पचास कोस तुम आओ। कुंभा ने अपने विश्वासपात्र आदमी के साथ कहलाया कि आप बहुत चुपके आना, विशेष धूमधाम न करना। राणा घोड़े, आदमी, रथ लेकर नियत स्थान पर पहुँचा। कुंभा भी आ गया। अपने जामाता को देख राणा बहुत प्रसन्न हुआ। विवाह कर दिया, हथलेवा (पाणिग्रहण) छोड़ते ही कुंभा ने विदा माँगी। साले ने कहा कि राजलोक (ठकुराणी आदि) चाहती हैं कि दो पहर रात तो यहाँ रहें। ऐसी बातें कर ही रहे थे कि एक कासिद ने आकर खबर दी कि "हेमा मेहवे आया और दर्वाजे पर पहुँच धावा किया है।" हेमा के गुप्तचर फिरते ही रहते थे। वह इसी ताक में था कि कुंभा थोड़ा सा भी कहीं जावे कि मैं मेहवे में प्रवेश करूँ। सुनते ही कुंभा तुरंत घोड़े पर चढ़ बैठा और बाग उठाई।

राणा मोकल के पाटवी पुत्र ने कहा—नहनोईजी, दुलहन का मुख तो देख लो। कुंभा ने घोड़े चढ़े ही रथ पर से एक ओर की खोली उठाकर अपनी प्रिया का मुखचंद्र देखा और कहा—"वाह वाह, सुख होगा।" रायसिंह भी साथ हो लिया। वह बड़ा तीरंदाज था। उसका तीर कभी खाली जाता ही न था। उसने कहा—कुंभाजी! मेहवे जाकर क्या करेंगे। आड़े मार्ग पड़ो और घुँघरोट के घाटे की राह लो जिससे हेमा को जा लेवें। कुंभा—तुम धाडायत सब रास्तों के जाननेवाले हो। मुझे मार्ग की सुधि नहीं, जैसा उचित हो वही मार्ग लो। वे सीधे घुघरोट को चल पड़े। दो पहर रात और दो पहर दिन बराबर घोड़े दबाये चले गये। मेवाल के कूवे पर पहुँचे, उसको बहता पाया। एक पनिहारिन वहाँ जल का घड़ा भर-कर उस मेवाल को कहने लगी कि भाई! थोड़ा मेरा घड़ा उठा दे। पनिहारिन ने कई बार कहा परंतु मेवाल ने कुछ ध्यान न दिया। यह दशा देख कुंभा से न रहा गया। वह मेवाल को कहने लगा कि "अरे! तू मर्द है, मुख पर मूँछ रखता है, इस बेचारी का घड़ा क्यों नहीं उठवा देता!" मेवाल तमककर बोला कि "ऐसे उतावले हो तो आप ही उठा दीजिए" तब तो कुंभा ने निकट पहुँचकर एक हाथ से घड़ा उठाया और पनिहारिन के सिर पर रखने को था कि घोड़ा चमका। कच्छी तुरंग था। एक, दो, तीन, चार टप्पे भरकर छलाँगें मारने लगा। इतने पर भी कुंभा ने हाथ से घड़ा न छोड़ा और घोड़े को ठण्डा कर पनिहारिन से कहा—बाई निकट आ! जब पास आई तो कुंभ उसके सिर पर धर दिया। पनिहारिन उसकी ओर ध्यान से देखकर कहने लगी—"वीर! तू कुंभा जगमालोत तो नहीं है?" कुंभा ने उत्तर दिया "हाँ, मैं वही हूँ।" पनिहारिन—तू हेमा के पीछे जाता है? कुंभा—"हाँ।" पनिहारिन—हेमा तो घर

गया होगा, तू पुरुषों में रत्न समान होकर उसका पीछा क्या करता है। वह ते। यम की दाढ मे पड़ चुका। भागे हुए को क्या मारना। तू लौट जा। वह कभी न कभी आया ही रहेगा। कुंभा—"मैंने रावलजी को वचन दिया है।" अब वहाँ घोड़े छोड़ दो कोस तक पैदल चढ़ गये। आगे देखते क्या हैं कि हेमा और उसके साथी राजपूत उतरे हैं, कलेवा मँगाया गया है और सब बैठे खा रहे हैं। हेमा डोरड़ा गा रहा है—"लाडा थारे डोरड़ै बीस गाँठ हो" (हे वर! तेरे डोरे में बीस गाँठें हैं) इतने में कुंभा जा पहुँचा। हेमा के साथियों ने शोर मचाया कि "साथ! साथ!" सँभलने ही न पाये थे कि कुंभा सिर पर जा खड़ा हुआ। उसे देख हेमा ने कहा—"शाबाश कुंभा शाबाश! मेरा पीछा तूने किया।" इतने में ते। रायसिंह भी आ पहुँचा। हेमा कहने लगा—'कुंभा! दूसरों को क्यों बीच मे डालता है, हम दोनों ही लड़ें।" तब कुंभा अपने घोड़े से उतर पड़ा। रायसिंह ने उसे रोका, कहा क्यों उतरता है? मेरे हाथ देख कि अभी सबको कबूतरों की भाँति बाँधकर चुन लूँगा। कुंभा ने कहा "रावल मल्लिनाथजी की आण है जो मुझे रोका ते।" उतरकर हेमा के पास गया। हेमा ने जुहार किया और कहा कुंभा! पहले घाव तू कर! कुंभा कहता है—हेमाजी! यह नहीं होने का, पहले तुम्हीं वार करो! हेमा—भाई, तू बालक है। मैंने ते। अब अवस्था कर ली है, तेरे शरीर मे अब तक लोहू नहीं लगा है इसलिए पहला हाथ तू ही कर ले। मैं ते। बड़ा हूँ, बालक पर पहले हाथ चलाना मुझे शोभा नहीं देता।" तब कुंभा ने उत्तर दिया—"हेमाजी! उमर में तुम अवश्य बड़े हो, परन्तु पद में मैं तुमसे बड़ा हूँ। तुमने हमारा अन्न खाया है, हमारे चाकर हो, इसलिए वृद्ध मैं हूँ। तुम चोट करो!" हेमा ने कहा—जो ऐसा ही है ते। सँभाल! और हाथ मारा जो कुंभा का टोप चोर,

खोपरी काट, भौंह के पास से कान पर आती खटकी; फिर कुंभा ने वार किया और हेमा के दो टुकड़े कर दिये। जब वह गिरा तो कुंभा ने अपना कटार खींच उसके हृदय में इस ज़ोर से मारा कि कटार की ताड़ियाँ टूट गईं। उस वक्त कुंभा कहता है कि "भालाथ! अब तो यह कहोगे कि कटार हेमा की छाती में टूटा है। मैंढ़ों पर नहीं टूटा। यह शब्द मुख से निकलते ही कुंभा का प्राण निकल गया। हेमा में अब तक प्राण शेष थे। इतने में तो मेहवे से राव जगमाल ५ वहाँ आ पहुँचा। हेमा को सूचना हुई कि साथ आया है। पूछा कौन है? कहा राव जगमाल। 'उसे कह दो कि एक घड़ी तक मेरे पास न आवे।' जब हेमा के शब्द जगमाल को सुनाये गये तो उसने पुछवाया कि इसका कारण क्या? हेमा उत्तर देता है कि हे जगमाल! तैंने दो बड़े अपराध किये हैं इसलिए मेरा जी निकल जावे तब आना। पुछवाया कि मेरे वे अपराध क्या हैं? हेमा—प्रथम तो यह कि तूने मेरे जैसे रजपूत को घोड़े के वास्ते निकाला और सात वर्ष तक मेहवे की धरती को उजाड़ रक्खा। यदि ऐसा न करता तो आज बहुत सी और भूमि भी मेहवे के १४० गाँवों के साथ जुड़ जाती और वह राज्य प्रबल पड़ जाता। दूसरा—तूने कुंभा की माता को दुहागन बनाया। यदि उसके साथ सहवास किया होता तो कुंभा जैसे और भी दो चार पुरुषरत्न पैदा हो जाने से तेरे घर की शोभा बहुत बढ़ जाती। यदि ये दो मोटे अवगुण तेरे में न होते तो आज कौन ऐसा था जो तेरे राज्य की तरफ आँख उठाकर भी देख सकता। यह कहते ही हेमा का दम भी उड़ गया। जगमाल उतरकर आया और सबने मिलकर दोनों का अग्निसंस्कार किया। मेहवे में आकर जगमाल ने हेमा के पुत्र को बुलाया और उसे अपने पास रक्खा। कुंभा की ठकुराणी सोढी का रथ भी इस

अर्से में महेवे आ पहुँचा था। वह अपने पति के पीछे सती हुई और राव जगमाल सुख से राज करने लगा।

दोहा

हेमो होठ डसेह खंखड़गं ज्यूँ आछंट्याँ।
सत्री मुंहि भाँजेह कुंभै कायाँ ठँगई॥ १॥
घणो वखाणूँ घाव कुंभा तूँ भागै कमल।
हेमो जिण हाथां मुंह पडियो मख छै जही॥ २॥
डसे अहर जमदूत मछर छिलैते मेलियो।
कुंभावाली कूँत हेमै बखसां सर हुवो॥ ३॥

रावल मल्लिनाथ के मरने पर उसका पुत्र जगमाल महेवे की गद्दी पर बैठा। उसकी चहुवाण वंश की राणी के तोन पुत्र थे—मंडलीक, भारमल और रणमल। जब राव जगमाल ने दूसरा विवाह किया तो चहुवाण राणी रूठकर अपने पुत्रों सहित महेवा के निकट तलवाड़े चली गई। राव जगमाल उसे मनाने को भी गया, परंतु वह न मनी, और अपने पीहर बाहड़मेर आ रही। जगमाल के साथ आदमी बहुत थे। वे चहुवाणों का उजाड़ करने लगे; तब बाहड़मेर के स्वामी चौहाण सूजा ने जाना कि ये बुरे हैं, अपने भानजों से कह दिया कि "तुम और जगह जा रहो", परंतु उन्होंने माना नहीं, तब चहुवाणों ने मंडलीक की घोड़ियों की पूँछें काट डालीं और उसकी भैंसों की पीठ पर खौलता हुआ तेल डाल उन्हें जलाया। मंडलीक को मामा की यह हरकत बहुत बुरी लगी और अवसर पा उसने भोजन करते समय साथियों समेत उसे मार डाला, बाहड़मेर व कोटड़ा ले लिया और राव जगमाल को इसकी सूचना दी। राव बहुत प्रसन्न हुआ और मंडलीक को महेवा, भारमल को बाहड़मेर और रायमल को कोटड़ा दिया।

चौथा प्रकरण

वीरमदेव सलखावत

वीरम महेवे के पास गुढा बाँधकर रहता था। महेवे में खून कर कोई अपराधी वीरमदेव के गुढे में आ शरण ले लेता तो वह उसे रख लेता और कोई उसको पकड़ने न पाता। एक समय जोइया दल्ला भाइयों से लड़कर गुजरात में चाकरी करने चला गया, बहुत दिनों तक वहां रहा और विवाह भी कर लिया। अब उसकी इच्छा हुई कि स्वदेश में जाना चाहिए, अपनी स्त्री को लेकर चला, मार्ग में महेवे पहुँचकर एक कुम्हारी के घर डेरा किया। कुम्हारी से कहा कि बाल बनाने के वास्ते किसी नाई को बुला दे। वह नाई को ले आई, बाल बनवाये। नाई की जात चकोर होती है, चारों ओर निगाह फैलाई, अच्छा घोडी, सुन्दर स्त्री देखी और यह भी भाप लिया कि द्रव्य भी बहुत है, तुरन्त जाकर राव जगमाल से कहा कि आज कोई एक घाडेती यहाँ आकर अमुक कुम्हार के घर उतरा है, उसके पास एक अच्छा घोडी है और स्त्री भी उसकी निपट सुन्दर मानो पद्मिनी ही है। जगमाल ने अपने आदमी भेजे कि जाकर खबर लाओ कि वह कौन है। गुप्तचर कुम्हार के घर आकर सब देखभाल कर गये। तब कुम्हारी ने दल्ला को कहा कि ठाकुर! तुम्हारे पर चूक होगा। दल्ला उसका अभिप्राय न समझा, पूछा क्या होगा? बोली, बाबा तुम्हें मारकर तुम्हारी घोड़ा और गृहिणी को छीन लेंगे।

दल्ला—कौन।

कुम्हारी—इस गाँव का ठाकुर।

दल्ला—किसी तरह बचाव भी हो सकता है ?

कुम्हारी—यदि वीरमजी के पास चले जाओ, तो बच जाओ।

उसने चट घोड़ी पर पलाण रक्खा और स्त्री को लेकर चल दिया, वीरम के गुढ़े में जा पहुँचा। जगमाल के आदमी आये, परंतु उसको वहाँ न पाकर लौट गये और कह दिया कि वह तो गुढ़े को चला गया। पाँच सात दिन तक वीरम ने दल्ले को रक्खा, उसकी भले प्रकार पहुनई की, विदा होते वक्त उसने कहा कि वीरम ! आज का शुभ दिवस मुझे आपके प्रताप से मिला है, जो तुम भी कभी मेरे यहाँ आओगे तो चाकरी पहुँचूँगा, मैं तुम्हारा रजपूत हूँ। वीरम ने कुशलतापूर्वक उसे अपने घर पहुँचवा दिया।

मालाजी के पौत्रों और वीरमदेव से सदा खटपट होती रहती थी, इसलिए महेवे का वास छोड़कर वीरम जैसलमेर गया; वहाँ भी ठहर न सका और पीछा नागोर आया, जहाँ वह लगा गाँवों को लूटने और धरती में बिगाड़ करने, परंतु जब देखा कि अब यहाँ रहना कठिन है तो जाँगलू में ऊदा मूलावत के पास पहुँचा। ऊदा ने कहा कि वीरमजी ! मुझमें इतनी सामर्थ्य नहीं कि मैं तुमको रख सकूँ, तुम आगे जाओ, तुमने नागोर में उजाड़ किया है सो यदि वहाँ का खान बाहर लेकर आवेगा तो उसको मैं रोक दूँगा। तब वीरम जोइयावाटी में चला गया। पीछे से नागोर का खान चढ़कर आया, जाँगलू के घेरा लगाया, ऊदा गढ़ के कपाट मूँद भीतर बैठ रहा। खान ने उसे कहलाया कि माल ला और वीरम को हाजिर कर। तब ऊदा खान से मिलने के वास्ते गया और वहाँ कैद में पड़ा। उससे वीरम को माँगा तो कहा कि "वीरम मेरे पेट में है, निकाल लो।" खान ने ऊदा की मा को बुलवाया और उससे कहा कि या तो वीरम को बता नहीं तो ऊदा की खाल खिचवाकर उसमें भुस

भरवाऊँगा। ऊदा की माता ने भी वही उत्तर दिया कि "वीरम ऊदा की खाल में नहीं है, उसके पेट में है सो पेट चीरकर निकाल लो।" उसके ऐसे उत्तर से खान खुश हो गया, अपने साथवालों से कहने लगा—"यारो! देखा राजपूतानियों का बल, कैसी निधड़क होती हैं। ऊदा को कैद से छोड़ा और वीरम का अपराध भी क्षमा कर दिया। वीरम जोइयों के पास जा रहा। जोइयों ने उसका बहुत आदर सत्कार किया, जाना कि यह आफ़त का मारा यहाँ आया है। पास खर्च न होगा सो दाण में उसका विरवा (भाग) कर दिया और बड़ा स्नेह दरसाया। वीरम के कामदार दाण उगाहें तब कभी कभी तो सारा का सारा ले आवें और जोइयों को कह दें कि कल सब तुम ले लेना। यदि कोई नाहर वीरम की बकरी मार डाले तो एक के बदले ११ बकरियाँ ले लेवें और कहें कि नाहर जोइयों का है। एक बार ऐसा हुआ कि आभोरिया भाटी बुक्कण को, जो जोइयों का मामा व बादशाह का साला था और अपने भाई सहित दिल्ली सेवा में रहता था, बादशाह ने मुसलमान बनाना चाहा, वह भागकर जोइयों के पास आ रहा। उसके पास बादशाह के घर का बहुत माल, तरह तरह के गदेले, गालीचे और बढ़िया बढ़िया वस्त्राभूषण थे। वे वीरम ने देखे और उनको लेने का विचार किया। अपने आदमियों को कहा कि बुक्कण को गोठ जीमने के बहाने उसके घर जाकर मार डालें और माल ले लेवें। राजपूत भी सहमत हो गये। तब वीरम ने बुक्कण को कहा कि कभी हमें गोठ तो जिमाओ! बुक्कण ने स्वीकारा, तैयारी की और वीरम को बुलाया। वहाँ पहुँचते ही वह बुक्कण को मार उसका माल असबाब और घोड़े अपने डेरे पर ले आया। तब तो जोइयों के मन में विचार उत्पन्न हुआ कि यह जोरावर आदमी

वर में आ घुसा सो अच्छा नहीं है। पाँच सात दिन पीछे वीरम ने ढोल बनाने के लिए एक फरास का पेड़ कटवा डाला। उसकी पुकार भी जोइयों के पास पहुँची, परंतु वे चुप्पी साध गये। कहा हम वीरम से झगड़ा करना नहीं चाहते हैं। एक दिन वीरम ने दल्ला जोइये ही को मारने का विचार कर उसे बुलाया। दल्ला खरसल (एक छोटी हलकी गाडी) पर बैठकर आया, जिसके एक तरफ घोड़ा और दूसरी तरफ बैल जुता हुआ था। वीरम की स्त्री मांगलियाणी ने दल्ला को अपना भाई बनाया था। उसने जान लिया कि चूक है, सो जल के लोटे में दातन डालकर वह लोटा दल्ला के पास भेजा। वह समझ गया कि दगा है। चाकर से कहा कि मेरा पेट कसकता है सो जंगल जाऊँगा, फिर खरसल पर बैठ घर की तरफ चला। थोड़ी दूर पहुँच बैल व खरसल को तो वहां छोड़ा और आप घोड़े सवार हो घर पहुँच गया। घोड़े के स्थान पर एक राठी जुतकर खरसल खींचने लगा, वीरम अपने रजपूतों को इकट्ठे कर रहा था। जब वे सलाह कर आये और दल्ला को वहाँ न देखा तब पूछा वह कहाँ गया है ? चाकर ने कहा जी! उसका पेट कसकता था सो जंगल गया है। तब तो दलिया गहलोत बोल उठा कि दल्ला गया। वीरम ने कहा कि खरसल चढ़ा कितनी दूर गया होगा, चलो अभी पकड़ लेते हैं। राजपूत ने कहा खरसल छोड़ घोड़े चढ़ गया। इन्होंने एक सवार खबर के लिए भेजा। उसने पहुँचकर देखा तो सचमुच एक तरफ बैल और दूसरी तरफ आदमी जुता खरसल खींचे लिये जाते हैं। उसने लौटकर खबर दी कि दल्ला तो गया। सब कहने लगे कि भेद खुल गया, अब जोइये जरूर चढ़कर आवेंगे। दूसरे ही दिन जोइयों ने इकट्ठे होकर वीरम की गौओं को घेरा। ग्वाल आकर पुकारा, वीरम चढ़ धाया। परस्पर युद्ध

ठना, वीरम और दयाल जोइया भिड़े, वीरम ने उसे मार तो लिया परंतु जीता वह भी न बचा और वहीं खेत रहा।*

वीरम के साथी राजपूत गाँव वड़ेरण से वीरम की ठकुराणी को लेकर निकले। मार्ग में जहाँ ठहरे वहाँ धाय ने एक आक के झाड के नीचे वीरम के एक वर्ष के बालक पुत्र चूंडा को सुलाया, परंतु चलते वक्त उसको उठाना भूल गई। जब एक कोस निकल गये, तब बालक याद आया, तुरंत एक सवार हरीदास दल्लावत पीछा दौड़ा। उस स्थान पर पहुँचकर क्या देखता है कि एक सर्प चूंडा पर छत्र की भाँति फण फैलाये पास बैठा है। यह देख पहले तो हरीदास को भय हुआ कि कहीं बालक पर आपत्ति तो नहीं आ गई है। जब थोड़ा निकट पहुँचा तो सर्प वहाँ से हटकर बाँबी में घुस गया और सवार चूंडा को उठाकर ले आया, माता की गोद मे दिया और सारी रचना कह सुनाई। आगे जाते हुए मार्ग में एक राठी मिला। उसको सब हकीकत कह इसका फल पूछा। राठी ने कहा-यह बालक छत्रधारी राजा होगा। ये लोग पडोलियाँ मे आये। वहाँ राजो लोग इकट्ठे हुए। चूंडा की माता ने कहा कि मेरे पति से दूरी पड़ती है, मुझे तो इसी से काम है, इसलिए मैं सती होऊँगी। फिर चूंडा को धाय के सुपुर्द कर कहा कि "पृथ्वी माता और सूर्यदेव इसकी रक्षा करें। तू इसे लेकर आल्हा चारण के पास चली जाना।" फिर चूंडा की माता और मांगलियाणी दोनों सती हुईं और साथ सब बिखर गया। चूंडाजी के

---

* किसी ख्यात मे ऐसा भी लिखा मिलता है कि जोइये वीरम से खारे थे, परंतु दल्ला जोइया वीरम के उपकार का स्मरण रख उसको सहायता देता था इसलिए दूसरे जोइयों ने दल्ला को मारना चाहा और वीरम उसकी रक्षा करने मे मारा गया।

दूसरे तीन भाई गोगादेव, देवराज और जैसिंह को उनके मामा उनकी ननिहाल को ले गये और चूंडा को आल्हा चारण के पास भेज दिया। यहाँ धाय चूंडा को सदा गुप्त रखती और भली भाँति उसका पालन पोषण करती थी।

राव वीरमदेव के चार राणियाँ थीं—१ भटियाणी जसहड़ राणा दे, जिसका पुत्र राव चूंडा; २ लाली मांगलियाणी कान्ह फेलणोत की बेटी, जिसका पुत्र सत्ता; ३ चंदन आसराव रिणमलोत की बेटी, जिसका पुत्र गोगादेव; ४ इंदी लाछां, ऊगमसी सिखरावत की बेटी, जिसके पुत्र देवराज और विजयराज।

राव चूंडा—जब धाय चूंडा को लेकर कालाऊ गाँव में आल्हा चारण के पास पहुँची, तो उससे कहा कि बाई जसहड़ ने सती होने के समय तुमको आशीष के साथ यह कहलाया है कि इस बालक को अच्छी तरह रखना, इसका भेद किसी पर प्रकट मत करना, मैंने इसको तुम्हारी गोद में दिया है। चूंडा वहाँ धाय के पास रहने लगा। कोई पूछता तो चारण कहता कि यह इस रजपुतानी का बालक है। इस प्रकार चूंडा आठ नव वर्ष का हो गया। एक दिन बर्सात के दिनों में ग्वाल गाँव के बछड़ों को लेकर जल्दी ही जंगल में चराने को चला गया था और चारण के बछड़े घर पर रह गये, तब आल्हा की माता ने कहा "बेटा चूंडा! जा इन बछड़ों को जंगल में दूसरे बछड़ों के शामिल तो कर आ।" चूंडा उनको लेकर वन में गया, परंतु दूसरे बछड़े उसको कहीं नजर न आये, तब तो रोने लगा। पीछे से चारण घर में आया। चूंडा को न देखकर माता को पूछा कि चूंडा कहाँ है? कहा, बछड़े छोड़ने वन में गया है। चारण कहने लगा, माता तूने अच्छा नहीं किया, चूंडा को नहीं भेजना चाहिए था। जब दूसरे बछड़े न मिले तो अपने बछड़ों को वहीं खड़े कर चूंडा एक वृक्ष की

छाया में सो गया। पीछे से आल्हा भी ढूँढ़ता ढूँढ़ता वहाँ पहुँचा तो देखा कि बछड़े खड़े हैं, चूंडा सोता है और एक सर्प उस पर छत्र किये बैठा है। मनुष्य के पाँव की आहट पा नाग बिल में भाग गया, चारण ने जा चूंडा को जगाया, कहा बाबा, तू जंगल में क्यों आया, घर पर चल। घर आकर मा को कहा कि अब कभी इसको बाहर मत भेजना। फिर चारण ने एक अच्छा घोड़ा लिया, कपड़े का उत्तम जोड़ा बनवाया, शस्त्र लाया और चूंडा को सजा सजू कर महेवे रावल मल्लिनाथ के पास ले गया। मालाजी का प्रधान और कृपापात्र एक नाई था। आल्हा उससे जाकर मिला, बहुत कुछ कहा सुनी की, तो नाई बोला, रावलजी के पाँवों लगाओ। शुभ दिवस देख चारण चूंडा को राव मालाजी के पास ले गया और उसने बहुत कुछ धैर्य बँधाकर अपने पास रक्खा। चूंडा भी खूब चाकरी करता था। एक दिन रावल के पलँग के नीचे सो रहा और नींद आ गई। जब मालाजी सोने को आये तो पलँग तले एक आदमी को सोता पाया, जगाया, चूंडा को देख रावलजी राजी हुए। अवसर पाकर नाई ने भी विनती की कि चूंडा अच्छा रजपूत है इसको कुछ सेवा सौंपिये। माला ने चूंडा को गुजरात की तरफ अपनी सीमा की चौकसी के वास्ते नियत किया और अपने भले भले राजपूतों को साथ में दिया। तब सिरदारा ने कहा कि रावलजी, मुझको समझकर साथ देना। रावल ने कहा कि जाओ, हमारी आज्ञा है। घोड़ा सिरोपाव देकर चूंडा को ईंदे राजपूतों के साथ विदा किया। वह काले के थाने पर जा बैठा और अच्छा प्रबंध किया। एक बार सौदागर घोड़े लेकर उधर से निकले। चूंडा ने उनके सब घोड़े छीन लिये और अपने राजपूतों को बाँट दिये, एक घोड़ा अपनी सवारी को रक्खा। सौदागरों ने दिल्ली जाकर पुकार मचाई, तब

वहाँ से बादशाह ने अपने अहदी को भेजा कि घोड़े वापस दिलवा दो। उसने ताक़ीद की, माला पर दबाव डाला, तब उसने चूंडा के पास दूत भेज घोड़े मँगवाये। चूंडा बोला कि घोड़े तो मैंने बाँट दिये, केवल यह एक घोड़ा अपनी सवारी के लिए रक्खा है सो ले जाओ। लाचार माला को उन घोड़ों का मोल देना पड़ा और साथ ही चूंडा को भी अपने राज में से निकाल दिया। वह ईंदावाटी में ईंदों के पास आकर ठहरा और वहाँ साथी इकट्ठे करने लगा। कुछ दिनों पीछे डीडवा गाँव लूट लाया। तुर्कों ने पड़िहारों से मंडोवर छीन ली थी और वहाँ के सरदार ने सब गाँवों से घास की दो दो गाड़ियाँ मँगवाने का हुक्म दिया था। ईंदों को भी घास भिजवाने की ताक़ीद आई तब उन्होंने चूंडा से मंडोवर लेने की सलाह की। घास की गाड़ियाँ भरवाईं और हरेक गाड़ा में चार चार हथियारबंद राजपूतों को छिपाया। एक हांकनेवाला और एक पीछे पीछे चलने-वाला रक्खा। पिछले पहर को इनकी गाड़ियाँ मंडोवर के गढ़ के बाहर पहुँचीं। गढ़ के दरवाज़े पर एक मुसलमान द्वारपाल भाला पकड़े खड़ा था। जब ये गाड़ियाँ भीतर घुसने लगीं तो द्वारपाल ने एक गाड़ी में बर्छा यह देखने को डाला कि घास के नीचे कुछ और कपट तो नहीं है। बर्छे की नोक एक राजपूत के जा लगी, परंतु उसने तुरंत कपड़े से उसे पोंछ डाला, क्योंकि यदि उस पर लोहू का चिह्न रह जावे तो सारा भेद खुल पड़े। दर्बान ने पूछा—क्यों ठाकुरो! सब में ऐसा ही घास है? कहा हाँजी, और गाड़ियाँ डगडगाती हुई भीतर चली गईं। इतने में सध्या हो गई, अँधेरा पड़ा। जो रजपूत छिपे बैठे थे, बाहर निकले, दरवाज़ा बंद कर दिया और तुर्कों पर टूट पड़े। सबको काटकर चूंडा की दोहाई फेर दी, मंडोवर लिया और इलाक़े से भी तुर्कों को खदेड़ खदेड़कर निकाल दिया।

जब रावल माला ने सुना कि चूंडा ने मडोवर पर अधिकार कर लिया है तब वह भी वहाँ आया। चूंडा से मिलकर कहा—शाबाश राजपुत्र! चूंडा ने गोठ दी, काका भतीजे शामिल जीमे। उसी दिन ज्योतिषियों ने चूंडा का पट्टाभिषेक कर दिया और वह मडोवर का राव कहाने लगा। चूंडा ने दस विवाह किये थे, जिनसे उसके १४ पुत्र उत्पन्न हुए—रणमल, सत्ता, अरडकमल, रणधीर, सहसमल, अजमल, भीम, पूँना, कान्हा, राम, लूँभा, लाला, सुरताण और वाघा। (कहीं लाला और सुरताण के स्थान में बीजा और शिवराज नाम दिये हैं) *

एक पुत्री हंसबाई हुई, जिसका विवाह चित्तौड के राणा लाखा के साथ हुआ जिससे मोकल उत्पन्न हुआ था। पाँच राणियों और उनके पुत्रों के नाम नीचे दिये हैं—

राणी सांखली सूरमदे, जोसल की बेटी, पुत्र रणमल।

तारादे गहलोताणी, सोहड साक सूदावत की बेटी, पुत्र सत्ता।

भटियाणी लाडां कुतल कलणोतरी बेटी, पुत्र अरडकमल।

सोना, मोहिल ईसरदास की बेटी, पुत्र कान्हा।

ईंदी केसर गोगादे, उगाणोतरी बेटी, पुत्र—भीम, सहसमल, बरजांग, रुदा, चादा, अज्जा।

---

* राव चूंडा के मडोवर लेने के विषय में मारवाड की ख्यात में यह बात लिखी है कि मडोवर पर मुसल्मानों का अधिकार हो गया था, फिर राणा उगमसी के पुत्र ने मुसल्मानों को मारकर मडोवर ली। चूंडा उस वक्त सालेडी के थान पर था। ईंदों ने विचारा कि हम इतने शक्तिशाली नहीं हैं कि मुसलमानों के मुकाबले में मडोवर पर अधिकार रख सकें इसलिए उन्होंने चूंडा को बुलाकर अपनी बेटी ब्याह दी और मडोवर उसको दहेज में दी। इस विषय का एक दोहा भी प्रसिद्ध है—

"पह ईंदारोपाड कमधज कदे न पातरै।
चूंडो चँवरी चाढ़ दी मडोवर डायजै॥"

मंडोवर हाथ आने पर राव चूंडा ने और भी बहुत सी धरती ली और उसका प्रताप दिन ब दिन बढ़ता गया। उस वक्त नागोर में खोखर* राज करता था और उसके घर में राव चूंडा की साली थी। उसने राव को गोठ देने के लिए नागोर के गढ में बुलाया। वह चार पाँच दिन तक वहाँ रहा और वहाँ की सब व्यवस्था देखकर अपने राजपूतों से कहा कि चलो नागोर लेवें; राजपूत भी इससे सहमत हो गये। एक दिन वह राजपूतों को साथ ले नागोर में जा घुसा, खोखर को मारा, दूसरे सब लोग भाग गये और नागोर मे राव की दुहाई फिरी। वह वहाँ रहने लगा और अपने पुत्र सत्ता को मंडोवर रक्खा। नागोर नगर स० १५१२ (स० १२१५ होंगे) कैमास दाहिमे ने बसाया था।

एक दिन राव चूडा दरबार में बैठा था कि एक किसान ने आकर कहा कि महाराज मैं चने बोने को खेत मे हल चला रहा था कि कूवे के पास एक खड्डा दीख पडा। सम्भव है, उसमें कुछ द्रव्य हो। यह विचार कर कि वह धन धरती के धनियों का है मैं आपको इत्तिला करने आया हूँ। राव ने अपने आदमी उसके साथ द्रव्य निकालने को भेजे। उन्होंने जाकर वह भूमि खोदी, परन्तु माल बहुत गहराई पर था, सो हाथ न आया। उन्होंने आकर राव चूडा से कहा तो राव स्वय वहा गया और बहुत से बेलदार लगवाकर पृथ्वी को बहुत गहरी खुदवाई, तो उसमे से रसोई के बर्तन निकले अर्थात्—चरवे, देगें, कूंडियाँ, थालियाँ आदि। राव ने उनको देखा, ऊपर गढ़ावडे का

---

* न मालूम यह खोखर कौन था। नागोर तो उस वक्त गुजरात के मुसल्मान बादशाहों के हाथ मे था, जिनकी तरफ से फीरोजखाँ दंदानी शम्स खाँ का बाप वहाँ का हाकिम हो। ऐसा भी कहते हैं कि गुजरात के पहले सुल्तान जफरखाँ ने भी राव चूडा पर चढ़ाई की थी, परंतु हार खाकर लौटा।

नाम था और ऐसा लेख भो था कि जो इस भाँति रसोई कर सके वह इन वर्तनों को निकाले। राव ने कहा कि इनको यहाँ डाल दो। तब सरदारों ने कहा कि इनमें से एक आध चाज तो लेनी चाहिए, तब एक पली (तेल या घी निकालने की) ली। नागोर आकर उसको तुलवाई तो २५ पैसे भर की उतरी। राव चूडा ने आज्ञा दी कि आगे को मेरे रसोवडे में इस पली से घी परोसा जावे, सबको एक एक पूरी पली मिले, यदि आधी देवे तो रसोडदार को दंड दिया जावेगा।

एक दिन अरडकमल चूडावत ने भैंसे पर लोह किया। एक ही हाथ में भैंसे के दो टूक हो गये, तब सब सरदारों ने प्रशंसा कर कहा कि वाह वाह! अच्छा लोह हुआ। राव चूडा बोला कि क्या अच्छा हुआ, अच्छा तो जब कहा जावे कि ऐसा घाव राव राणगदे अथवा कुँवर सादा (सादूल) पर करे। मुझको भाटी (राणगदे) खटकता है। उसने गोगादेव को जो विटाकारी (वेइज्जती) दी वह निरन्तर मेरे हृदय का साल हो रही है। अरडकमल ने पिता के इस कथन को मन में धर लिया, उस वक्त तो कुछ न बोला, परन्तु कुछ काल बीतने पर सादेकुँवर को अवसर पाकर मारा। इसके बदले राव राणगदेव ने सांखला महराज को मार डाला। महराज के भांजे राठसिया सोमा ने राव चूडा के पास आकर पुकार की और कहा जो आप भाटी से मेरे मामा का वैर लेवें तो आपको कन्या ब्याह-कर एक सौ घोडे दहेज में दूँगा। राव चूडा चढ चला और पूगल के पास जाकर राणगदे को मारा और उसका माल लूटकर नागोर लाया। राव चूडा के प्रधान सावडू भाटी और ऊना राठोड थे।*

---

* सादू, अरडकमल की लड़ाई का वर्णन सांखले पँवारों के हाल में लिख दिया गया है। टॉड साहब ने इसको ऐसे लिखा है कि—राणगदेव

राव चूंडा की एक राणी मोहिल के पुत्र जन्मा, नाम कान्हा रक्खा। मोहिलाणी ने बालक को घूँटी न दी, यह खबर राव को हुई। उसने जाकर राणी से पूछा कि कुँवर को घूँटी न देने का क्या कारण है। वह बोली कि जो रणमल को राज से निकालो तो घूँटी दूँ। राव ने रणमल को बुलाकर कहा बेटा तू तो सपूत है, पिता की आज्ञा मानना पुत्र का धर्म है। रणमल बोला—पिताजी, यह राज कान्हा को दीजिए। मुझे इससे कुछ काम नहीं। ऐसा कह पिता के चरण छूकर वहाँ से चल निकला और सोजत जा रहा। (रणमल को निकालने का दूसरा कारण वहीं पर ऐसा लिखा है) भाटी राव राणगदे को जब राव चूंडा ने मारा तो राणगदे के पुत्र ने भाटियों को इकट्ठा किया और फिर मुलतान के बादशाही सूबेदार के पास गया, अपने बाप का वैर लेने के वास्ते वह मुसलमान हो गया और अपनी सहायता पर मुलतान से तुर्क सेना ले नागोर आया। उस वक्त राव चूंडा ने अपने बेटे रणमल को कहा कि तू बाहर कहीं चला जा, क्योंकि तू तेजस्वी है सो मेरा वैर लेने में समर्थ होगा। जो राजपूत तेरे साथ जाते हैं उनको सदा प्रसन्न रखना, उनका दिल कभी मत दुखाना। जेठी घोड़ा सिखरा

भाटी का बेटा सादू गाँव ओराठ में मोहिलों के सरदार माणक के यहाँ ठहरा था, तब माणक की बेटी सादू के प्रेम में पड़ी, जिसकी मँगनी पहले अरड़कमल राठोड़ के साथ हुई थी। माणक ने भी सादू को अपनी बेटी ब्याह दी। जब वह अपनी दुलहन को लिये लौटता था, अरडकमल ने उसे मार्ग में जा रोका, लड़ाई हुई और सादू मारा गया। उसकी स्त्री कूरमदेवी ने अपना एक हाथ आभूषण सहित काटकर मोहिलों के चारण को दिया और आप पति के साथ सती हो गई। माणक ने अपनी पुत्री के हाथ को दाग देकर उसकी यादगार में वहाँ कूरमदेसर नाम का तालाव बनवाया। मरते हुए सादू ने अरड़कमल को भी घायल किया था, जिससे वह भी छः महीने पीछे मर गया।

उगमणोत को देना। मैंने कान्हा को टीका देना कहा है सो इसको काहूजीरे (काहूगाँव) खेजड़े ले जाकर तिलक दिया जावेगा।

राव की राणी मोहिलाणी ने एक दिन घृत की भरी हुई एक गाड़ी आती देखी, अपनी दासी भेज खबर मँगवाई कि क्या रावजी के कोई विवाह है जो रोज इतना घृत आता है। दासी ने आकर कहा बाईजी, विवाह तो कोई नहीं यह घृत तो रावजी के रसोड़े के खर्च के लिए है जहाँ बारह मण रोज खर्च होता है। मोहिलाणी बोली यह घृत लुटता है। रावजी से कहा कि रसोड़े का प्रबन्ध मुझको सौंपिए। राव ने स्वीकारा, राणी पाँच सेर घृत में रोज काम चलाने लगी और रावजी को कहा कि मैंने आपका बहुत फायदा किया है, परन्तु इस कार्यवाही से सब राजपूत अप्रसन्न हो गये थे इसी लिए बहुत से रणमल के साथ चल दिये।

जब नागोर पर भाटी व तुर्क चढ़ आये तो राव चूंडा भी सजकर मुक़ाबले के वास्ते गढ़ के बाहर निकला, युद्ध हुआ और सात आदमियों सहित राव चूंडा खेत रहा। भाटियों ने राव का सिर काटकर बर्छे की नोक पर धरा और उस बर्छे को भूमि में गाड़कर राव के मस्तक को ऊपर रक्खा और मसखरी के तौर पर भाटी आ आकर उसके सामने यह कहते हुए सिर झुकाने लगे कि "राव चूंडाजी जुहार"। तब राव केलण वहाँ आया। वह बड़ा शकुनी था, कहने लगा—ठाकुरो सुनो। आगे को भाटी राठोड़ों के चाकर होंगे और उन्हें तसलीम करेंगे।*

* राव चूंडा की मृत्यु के विषय में टॉड साहब लिखते हैं कि सं० १४६९ वि० में भाटी मुलतान के नवाब खिजरखां को राव चूंडा पर चढ़ा लाये। जैसलमेर के रावल देवीदास का बेटा केलण भी राणगदे के पुत्र सत्तू महाराजा से मिल गया और उन्होंने छल से राव चूंडा को लिखा कि परस्पर का वैर मिटाने

राव चूंडा के सरदार रणमल को ढूँढाड़ की तरफ ले गये। रणमल ने पिता के आज्ञानुसार साथ के सब राजपूतों को राजी कर लिया। केलण भाटी रणमल के पीछे लगा। रणमल एक गाँव में पहुँचा, एक पनघट के कूवे के पास ठहरा। वहाँ पनिहारियाँ जल भरने आईं। उनमें से एक बोली—"बाई! आज कोई ऐसा यहाँ आया है कि जिसने अपने बाप को मरवाया, धरती खोई, उसके पीछे कटक आता है, सो ऐसा न हो कि अपने को भी मरवावे।" पनिहारी के ये वचन रणमल के कान पर पड़े। वह बोला अब आगे नहीं जाऊँगा, पीछा करनेवाली सेना से लड़ूँगा। सब पीछे फिरे, शस्त्र सँभाले, युद्ध हुआ, लिखरा ने बादशाही निशान छीन लिया। मुगल और भाटी भागे और रणमल नागोर में आकर पाट बैठा।*

को हम अपनी बेटी तुम्हारे यहाँ ब्याहने को भेजते हैं और ४० रथों में हथियारबंद राजपूत छिपाये। ७०० ऊँटों पर दूसरे आदमी साथ थे। माल असबाब भी भेजा। जब वे नागोर के निकट आये तो राव चूंडा अपनी दुलहन को लेने गया, भाटियों ने अचानक हमला कर दिया और नागोर में घुसते हुए चूंडा को मार डाला।

* राव रणमल का नागोर लेना और वहाँ पाट बेठना समझ में नहीं आता। रणमल, इसी ख्यात के अनुसार, राणा लाखा के पास आ रहा था। राणा मोकल ने उसे मंडोवर दिलवाई और नर्बद व उसके पिता सत्ता को अपने पास रक्खा था। कान्हा से उसके भाई सत्ता ने राज छीन लिया था, जब रणमल ने मंडोवर लिया तो सत्ता और उसका पुत्र नर्बद दोनों चित्तोड़ में राणा के पास जा रहे।

पाँचवाँ प्रकरण

गोगादेव वीरमदेवोत

गोगादेव थलवट में रहता था। वहाँ जब दुष्काल पड़ा तो मऊ (लोग या प्रजा) चली, केवल थोड़े मनुष्य वहाँ रह गये। आषाढ़ आया तब लोग गाँवों में आकर बसे। उनमें वानर तेजा नाम का एक राजपूत गोगादेव का चाकर था, वह भी मऊ के साथ गया था। पीछे लौटता हुआ वह अपने पुत्र पुत्री और एक बैल सहित गाँव मीतासर में रात्रि को ठहरा। प्रभात के समय जब वह स्नान को गया और पानी में बैठकर नहाने लगा तब उस गाँव के स्वामी मोहिल ने उसको बेटी की गाली दी और कहा "अरे पापी, लोग तो यहाँ जल पीते हैं और तू उसमें बैठकर नहाता है।" इतना कहकर उसके परायी (वह लकड़ी जिसके एक सिरे पर लोहे की तीक्ष्ण कील लगी रहती है) मारी, जिससे उसकी पीठ चिर गई। लोगों ने कहा कि यह गोगादेव का राजपूत है तो मोहिल बोला कि "गोगादेव जो करेगा सो मैं देख लूँगा।" तेजा वहाँ से अपने गाँव आया। उसके घर में प्रकाश देखकर गोगादेव ने अपने आदमी को खबर के लिए भेजा और फिर उसको बुलाया। दूसरे दिन जब गोगादेव तालाब पर स्नान करने गया तो तेजा भी उसके साथ था। जब नहाने लगे तो गोगादेव ने तेजा की पीठ में घाव देखकर पूछा कि यह कैसे हुआ? उसने उत्तर दिया कि मीतासर के राणा माणकराव मोहिल ने मेरी पीठ में मार लगाई और ऐसा ऐसा कहा है। इस पर गोगादेव साथ इकट्ठा करके

मोहिलों पर चढ़ा। उस दिन वहाँ बहुत सी बरातें आई थीं। लोगों ने समझा कि यह भी कोई बरात है। द्वादशी के दिन प्रातःकाल ही गोगादेव चढ़ दौड़ा, लड़ाई हुई, राणा भाग गया, दूसरे कई मोहिल मारे गये, गाँव लूटा, और २७ बरातों को भी लूटकर अपने राजपूत का वैर लिया।

गोगादेव जब जवान हुआ तब अपने पिता का वैर लेने के लिए उसने साथ इकट्ठा किया और जोइयों पर चढ़ चला। इस बात की सूचना जोइयों को होते ही वे भी युद्ध के लिए उपस्थित हो गये। (शत्रु को धोखा देने के लिए) गोगादेव उस वक्त पीछा मुड़ गया और २० कोस पर आकर ठहरा। अपने गुप्तचर को वैरी की ख़बर देने के लिए छोड़ आप उनकी घात मे बैठा अवसर देखने लगा। जोइयों ने जाना कि गोगादेव चला गया है तो वे फिर अपने स्थान को लौट आये। गुप्तचर ने आकर ख़बर दी कि मैंने दला जोइया और उसके पुत्र धीरदेव का पता लगा लिया है और जहाँ वे सोते हैं वह ठौर भी देख आया हूँ। गोगादेव अपनी घात की जगह से निकला। धीरदेव इस अर्से मे पूंगल के राव राणगदे भाटी के यहाँ विवाह करने गया था और उसके बिछौने पर उसकी बेटी सोती थी। गोगादेव ने पहुँचते ही दला पर हाथ साफ किया और उसे काट डाला। ऊदा ने दूसरे पलँग पर, जहाँ वह अबला सोती थी, धीरदेव के भरोसे तलवार झाड़ी। उसकी कृपाण उस बाला को काट, बिछौने को चीर, पलँग को चाटती हुई पट्टों से जा खटकी। इसी से वह तलवार 'रलतली' प्रसिद्ध हुई। जब दला मारा गया तो उसका भतोजा हालू पड़ाइये नाम के घोड़े पर चढ़ धीरदेव को यह समाचार पहुँचाने के लिए पूंगल को दौड़ा। धीरदेव विवाहोत्तर अपनी पत्नी के पास सोया हुआ था, कंकन डोरड़े

अब तक खुले न थे। पहर भर रात्रि शेष रही होगी कि घोड़ा पड़ाइया हिनहिनाया'। धीरदेव की आंख खुल गई, कहने लगा कि पड़ाइया हिनहिनाया। साथ के नौकर चाकर बोले,'जी! इस वक्त यहाँ पड़ाइया कहाँ? इतना कहते तो देर लगी कि हांसू सम्मुख आ खड़ा हुआ। धीरदेव ने पूछा कि कुशल तो है? उत्तर दिया कि कुशल कैसी, गोगादेव वीरमोत ने आकर तुम्हारे पिता दल्ला को मारा, अब वह वापस जाता है। धीरदेव तत्काल उठा, वस्त्र पहने, हथियार बाँधे, घोड़े जीन कराया, सवार होने ही को था कि राव-राणगदे भी वहाँ आ गया, कहने लगा कि कंकनडोरे खोलकर सवार होओ। धीरदेव ने उत्तर दिया कि अब पीछे आकर खोलेंगे। तब तो राव राणगदे भी साथ होलिया और दोनों चढ़ धाये। आगे गोगादेव पदरोला के पास ठहरा हुआ था, घोड़ों को चरने के लिए छोड़ दिया था, साथ सब जल के किनारे टिका हुआ था। भाटी और जोइये निकट पहुँचे। घोड़े चरते हुए देखे तो जान लिया कि यह घोड़े गोगादेव के हैं, तब उनको लेकर पीछे फिरे और पदरोला आये। कटक प्यासा हुआ तब कहने लगे कि जल पीकर चलें। जलपान किया, घोड़ों को भी पिलाकर ताजा कर लिया और फिर दो टुकड़े हो दोनों तरफ से चढ़े। इन्हें देखकर गोगादेव ने पुकारा—अरे घोड़े लावो! तब टीटो (कोई नाम) बोला—"अरे! गोगादेव के घोड़े नहीं मिलते हैं, जोइये ले गये, छुड़ाओ।" युद्ध शुरू हुआ। भाटी जोइया राठोड़ों से भिड़े, गोगादेव घावों से पूर होकर पड़ा, उसकी दोनों जंघा कट गईं, उसका पुत्र ऊदा भी पास ही गिरा। घायल गोगादेव अपनी माथ की तलवार को टेके बैठा घूम रहा था कि राव राणगदे घोड़े चढ़ा हुआ उसके पास से निकला तो गोगादेव कहने लगा "राव राणगदे का पड़ा सागा (माघ) है। हमारा पार-

वाड़ा (जुहार ?) ले लेवे।" राणगदे ने उत्तर दिया कि "तेरे जैसी विष्टा का पारवाडा हम लेते फिरें" इतना कहकर वह तो चला गया और धीरदेव आया। तब फिर गोगादेव ने कहा "धीरदेव तू वीर जोइया है, तेरा काका मेरे पेट में तड़प रहा है, तू मेरा पारवाड़ा ले।" यह सुन धीरदेव फिरा, गोगा के निकट आ घोड़े से उतरा। तब गोगा ने तलवार चलाई और वह पास आ पड़ा। गोगा ताली देकर हँसा, तब धीरदेव ने कहा—"अपना वैर टूटा, हमने तुझे मारा और तूने धीरदेव को, इससे महेवे की हानि मिट गई।" धीरदेव के प्राण मुक्त हुए तब गोगादेव बोला "कोई हो तो सुन लेना। गोगादेव कहता है कि राठोड़ों और जोइयों का वैर तो बराबर हो गया, परंतु जो कोई जीता जागता हो तो महेवे जाकर कहे कि राव राणगदे ने गोगादेव को 'विष्टागाली' दी है सो वैर भाटियों से है।" यह बात भोंपा ने सुनी और महेवे जाकर सारा हाल कहा। इधर रणखेत मे जोगी गोरखनाथजी आ निकले। गोगादेव को इस तरह बैठा देखा, उन्होंने उसकी जंघा जोड़ दी और अपना शिष्य बनाकर ले गये, सो गोगादेव अब तक चिरंजीव है।

अडकमल या अरडकमल चूंडावत (राठोड राव चूंडा का पुत्र)— जैसा कि ऊपर लिख आये हैं कि अड़कमल को भैंसे का लोह करने पर उसके पिता ने बोल मारा (कि भैंसे का लोह किया तो क्या, मैं तेरी प्रशंसा जब करूँ कि ऐसा ही लोह राव राणगदे या उसके बेटे सादा पर किया जावे।) पिता का वह बोल पुत्र के दिल मे खटकता था। उसने स्थल स्थल पर अपने भेदिये यह जानने को बिठा रक्खे थे कि कहीं राणगदे या सादूल कुँवर हाथ आवे तो उनको मारूँ। तभी मेरा जीवन सफल हो और पिता के बोल को सत्य कर बताऊँ। छापर द्रोणपुर में मोहिल (चौहान) राज करते थे। वहाँ के राव ने

अपनी कन्या के सम्बन्ध के नारियल पूंगल में कुँवर सादूल राणगदेवोत के पास भेजे। ब्राह्मण पूंगल आया और भाटी राव से कहा कि मोहिलों ने कुँवर सादूल के लिए यह नारियल भेजे हैं। राव राणगदेव ने उत्तर दिया कि हमारा राठोड़ों से वैर है, अतएव कुँवर व्याह करने को नहीं आ सकता और ब्राह्मण को रुखसत कर दिया। यह समाचार सादूल को मिले कि रावजी ने मोहिलों के नारियल लौटा दिये हैं तो अपना आदमी भेजकर ब्राह्मण को वापस बुलाया, नारियल लिये और उसे द्रव्य देकर विदा किया। प्रतिष्ठित सरदारों के हाथ पिता को कहलाया कि नारियल फेर देने में हम अपयश और लोकनिंदा के भागी होते हैं, राठोड़ों से डरकर कब तक घर में घुसे बैठे रहेंगे, मैं तो मोहिलाणी को व्याह कर लाऊँगा। वह टीकायत पुत्र और जवान था। राव ने भी विशेष कहना उचित न समझा। इसने अपने राजपूत इकट्ठे कर चलने की तैयारी कर ली और पिता के पास मोर नामी अश्व सवारी के लिए माँगा। राव ने कहा कि तू इस घोड़े को रखना नहीं जानता; या तो हाथ से खो देगा या किसी को दे आवेगा। बेटा कहता है पिताजी! मैं इस घोड़े को अपने प्राण के समान रक्खूँगा। अब पिता क्या कहे, घोड़ा दिया, कुँवर केसरिये कर व्याहने चढ़ा, छापर पहुँचा और माणकदेवी के साथ विवाह किया। राव फेलण की पुत्री माणक भटियाणी जनर्दस्त थी। उसने गढ़ द्रोणपुर में विवाह न करने दिया, तब राव माणक सेवा ने अपनी कन्या और राणा खेता की दोहिती को ओरींठ गाँव में ले जाकर सादूल के साथ व्याही थी। मोहिलों ने सादूल को सलाह दी कि तुम अपने किसी बड़े भरोसेवाले सरदार को छोड़ जाओ। वह दुलहन का रथ लेकर पूगल पहुँच जावेगा, तुम तुरन्त चढ़ चलो, क्योंकि दुश्मन कहीं पास

ही घात में लगा हुआ है। सादूल ने कहा कि मैं त्याग बाँटकर पीछे चढ़ूँगा। राठोड़ों की भेदिये ने आकर अरड़कमल को खबर दी कि सादूल मोहिलों के यहाँ व्याहने को आया है, वह तुरंत नागोर से चढ़ा। उस वक्त एक अशुभ शकुन हुआ। महाराज सांखला साथ था, उसको शकुन का फल पूछा तो उसने कहा कि अपन कालू गोहिल के यहाँ चलेंगे, जब वह आपकी जीमने की मनुहार करे तो उसको अपने शामिल भोजन के लिए बैठा लेना। पहला ग्रास आप मत लेना, गोहिल को लेने देना। जब वह ग्रास भरे तब उससे पूछना कि हमने ऐसा शकुन देखा है उसका फल कहो। वह विचारकर कह देगा। ये गोहिल के घर जाकर उतरे, उसने गोठ तैयार कराई, जीमने बैठे, पहला ग्रास कालू ने लिया तब अरडकमल कहने लगा—कालूजी हम सादूल भाटी पर चढे हैं, हमको ऐसा शकुन हुआ उसका फल कहो। कालू कुछ विचारकर बोला "तुम जिस काम को जाते हो वह सिद्ध होगा, तुम्हारी जय होगी और कल प्रभात को शत्रु मारा जावेगा।" जीम चूठकर चढ़े, महाराज सांखला के बेटे आल्हणसी को राव राणगदे ने मारा था इसलिए अपने बेटे का वैर लेने को महाराज आगे होकर राठोड़ों के कटक को सादूल पर ले चला। सादूल भाटी त्याग बांट, ढोल बजवाकर अपनी ठकुराणी का रथ साथ ले रवाना हुआ था कि लायाँ के मगरे (पहाड़ों) के पास अरड़कमल ने उसे जा लिया और ललकार के कहा—"वड़े सरदार जाव मत। मैं बडी दूर से तेरे वास्ते आया हूँ" तब ढाढो बोला—"उडै मोर करै पलाई मोरै जाई पर सादो न जाई", मोर (घोड़ा) उड़कर भाग जावे परंतु सादा नहीं जावेगा। रजपूतों ने अपने अपने शस्त्र सँभाले, युद्ध हुआ, कई आदमी मारे गये; अरडकमल ने घोड़े से उतरकर मोर पर एक हाथ ऐसा मारा कि उसके चारों पाँव कट गये

और साथ ही सादूल का काम भी तमाम किया। उसके साथ राजपूत मर मिटे तब मोहिलाणी ने अपना एक हाथ काटकर सादूल के साथ जलाया और आप पूंगल पहुँची, सासू ससुर के पग पकड़े और कहा "मैं आपही के दर्शन के लिए यहाँ आई थी, अब पति के साथ जाती हूँ।" ऐसा कहकर वह सती हो गई। अरड़कमल ने भी नागोर आकर पिता के चरणों में सिर नवाया, राव चूंडा प्रसन्न हुआ और डीडवाणा उसे पट्टे में दिया।

राव रणमल्ल—(ऊपर कह आये हैं कि राव चूंडा ने अपनी राणी मोहिल के कहने से अपने पुत्र रणमल्ल को अपना उत्तराधिकारी न बनाकर उसे निर्वासित किया और मोहिल के पुत्र कान्हा को मंडोवर का राज दिया था।) जब राव रणमल्ल विदा हुआ तो अच्छे अच्छे राजपूत अर्थात् सिखरा उगमणोत, ईंदा, ऊदा त्रिभुवनसिहोत, राठोड़ कालोटिवाणो उसके साथ हो लिये। आगे जाकर एक रहट चलता देखा, वहाँ घोड़ों को पानी पिलाया। उनके मुँह छाँटे, हाथ मुँह धोकर अमल पानी किया। वहाँ सिखरे ने एक दोहा कहा—
"कालो काले हिरण जिम, गयो टिवाणो कूद। आयो परवत साथियो त्रिभुवन घालै ऊद॥" तब ऊदा और काला ने कहा कि हम सिखरा के साथ नहीं जावेंगे, यह निंदा करता है अतः पीछे लौट जायेंगे। इतने में दला गोहिलोत का पुत्र पूना उठकर आया, जिसको सिखरे ने कहा कि पीछे फिरो। वह बोला "मैं नहीं लौटूँगा, ऐसा अवसर फिर मुझे कब मिले।" तब कल्ला और ऊदा ने कहा कि हम पूना के साथ पीछे जावेंगे। सिखरा ने कहा तुम जाओ, मैं नहीं आऊँगा। एक दोहा मुझे भी कहा—

छुकड़लेह सिरावणी, कहियो उगह विहाय।
ऊगमणावत कूदियो, घट घंगे फेकाय॥

फिर पूना राव (चूंडा) के पास चला गया। ५०० सवारों सहित नाडोल के गाँव घणले में आकर ठहरा। नाडोल में उस वक्त सोनगिरे (चहुवाण) राज करते थे। राव रणमल्ल के यहाँ तीन बार रसोई चढ़ती और वह अपने दिन सैर शिकार में बिताता था। जब सोनगिरों ने उसका वहाँ आ उतरना सुना और उसके ठाट ठस्से के समाचार उनके कानों में पहुँचे तब उन्होंने अपने एक चारण को भेजा कि जाकर खबर लावे कि रणमल्ल के साथ कितनेक आदमी हैं। चारण ने राव के पास आकर आशीष पढ़ी, राव ने उसको पास बिठाकर सोनगिरों का हाल पूछा। इतने में नौकर ने आकर अर्ज की कि जीमण तैयार है। चारण को साथ लिये नाना प्रकार की तैयारी का स्वाद लिया, फिर चारण को कहा कि तुझे कल विदा मिलेगी। दूसरे दिन प्रभात ही शिकारियों ने आकर खबर दी कि अमुक पर्वत में ५ वराहों को रोके हैं। रणमल्ल तुरंत सवार हुआ और उन पाँचों शूकरों का शिकार कर लाया। रसोई तैयार थी, जीमने बैठे, भोजन परोसा गया, साथ के लोग जीमने लगे कि एक शिकारी ने आकर कहा कि पनेते के वाहले (बहनेवाली बर्साती जलधारा या छोटी नदी) पर एक बड़ा वराह आया है। सुनते ही रणमल्ल उठ खड़ा हुआ और घोड़ा कसवाकर सवार हो चला। चारण भी साथ हो लिया। सवार होते समय जोइयों को आज्ञा दी कि पनेते के वाहले पर जीमण तैयार रहे। जब वराह को मारकर पीछे फिरे तो रसोई तैयार थी। जीमने बैठे, आधाक भोजन किया होगा कि खबर आई कि कोलर के तालाब पर एक नाहर और नाहरी आये हैं। उसी तरह भोजन छोड़कर वह उठ खड़ा हुआ और वहाँ पहुँचा जहाँ वाघ था। जाते वक्त हुक्म दिया कि जीमण तालाब पर तैयार रहे। चारण भी साथ ही गया। जब सिंहों का शिकार कर

लौटे तो रसोई तैयार थी, सब ने सीरा पूरी आदि भोजन किया। उस चारण को मार्ग में से ही विदा कर दिया और कहा कि नाडोल यहाँ से पास है। चारण ने घोड़ा हटाया, नाडोल वहाँ से एक कोस ही रह गया था। चारण ने पुकार मचाई "दौड़ो दौड़ो" "वाहर आई है" गाँव में से राजपूत सवार हो हो कर आये। ' चारण को पूछा कि तुझे किसने खोसा ? कहा—मुझे तो किसी ने नहीं खोसा है, परंतु तुम्हारी धरती लुट गई। पूछा कैसे ? बोला यह रणमल्ल पास आ रहा है और इतना खर्च करता है, बाप ने तो निकाल दिया, फिर इसके पास इतना द्रव्य आवे कहाँ से ? यह कहीं न कहीं छापा मारेगा या तो सोनगरों से नाडोल लेगा, या हूलों से सोजत लेगा। इस कान से सुनो या उस कान से, मैंने तो पुकारकर कह दिया है।

कितनेक दिन वहाँ ठहरकर रणमल्ल चित्तोड के राणा लाखा के पास गया जहाँ छत्तीस ही राजकुल चाकरी करते थे। बड़ा राजस्थान, रणमल्ल भी वहाँ जाकर चाकर हुआ। (आगे राणा लाखा और कुँवर चूडा की बात, राणा का रणमल्ल की बहन से विवाह करना और मोकल के जन्म आदि का हाल पहले सिसोदियों के वर्णन में राणा लाखा के हाल में लिख दिया है—देखो भाग प्रथम पृष्ठ २४)।

एक बार रणमल्ल थोड़े से साथ से यात्रा के वास्ते गया था, पीछा लौटते ढूंढाड में आया। वहाँ पूरणमल्ल कछवाहा राज करता था (यह राजा पृथ्वीराज का पुत्र और सांभर का राजा था)। उसने रणमल्ल को पूछा कि हमारे यहाँ नौकर रहोगे। उत्तर दिया—रहेंगे। एक दिन जोधा कांधल और पूरणमल्ल चौगान खेल रहे थे। जोधा (रणमल्ल का पुत्र) जेठी घोड़े पर सवार था। पूरणमल्ल ने वह घोड़ा देखा, कहा हमें दे दो। कांधल बोला कि रणमल्लजी को

पूछे बिना मैं नहीं दे सकता। पूरणमल्ल ने कहा, मैं छीन लूँगा। फिर जोधा कांधल ने डेरे पर आकर घोड़े की कथा रणमल्ल को सुनाई। रणमल्ल अपने भाई बेटे व राजपूतों सहित दरबार में आया। पूरणमल्ल जहाँ बैठा था वहाँ उसका गोडा दबाकर बैठ गया। उसकी कमर में हाथ डाल पकड़कर खड़ा कर दिया और अपने साथ बाहर ले आया, घोड़े पर सवार कराया और उसके घोड़े के बराबर अपना घोड़ा रखकर ले चले। पूरणमल्ल के राजपूत इन्हें मारने को आये तो रणमल्ल कटार खींचकर पूरणमल्ल को मारने के लिए तैयार हो गया। तब तो वह अपने आदमियों को झगड़ा करने से रोककर उनके साथ साथ हो लिया। बहुत दूर ले जाकर रणमल्ल ने उसे आदरपूर्वक वह घोड़ा दे इतना कहकर लौटा दिया कि "हमारे पास से घोड़ा यूँ लिया जाता है, जिस तरह तुम लेना चाहते थे वैसे नहीं"।

अपने पिता के मारे जाने पर रणमल्ल नागोर आया और अपने पिता के आज्ञानुसार कान्हा को राजगद्दी पर बिठाकर आप सोजत में रहने लगा। भाटियों से वैर था सो दौड़ दौड़कर उनका इलाका लूटने लगा। तब उन्होंने चारण भुज्जा सहायच को उसके पास भेजा। चारण ने यश पढा, जिससे प्रसन्न होकर रणमल्ल ने कहा कि अब मैं भाटियों का बिगाड न करूँगा। उन्होंने अपनी कन्या उसे ब्याह दी जिसके पेट से राव जोधा उत्पन्न हुआ था।

अपने पुत्र सत्ता को पेहर की जागीर राव चूंडा ने पहले ही से दे दी थी, (दूसरी ख्यातों से सं० १४६५ में कान्हा का मडोवर गद्दी बैठना पाया जाता है परन्तु वह अधिक राज न कर सका। उसके भाई सत्ता ने राज छीन लिया, और राजप्रबन्ध अपने भाई रणधीर को सौंपा। सत्ता के पुत्र नर्बद और रणधीर के परस्पर अनबन हो जाने से रणधीर चित्तोड गया और रणमल्ल को लाया। राणा मोकल

ने रणमल्ल की सहायता कर सं० १४७४ के लगभग उसे मंडोवर की गद्दी पर बिठाया)। रणमल्ल और उसके पुत्र जोधा ने नर्बद से युद्ध किया, वह घायल होकर गिरा, तीर लगने से उसकी एक आँख फूट गई और उसके बहुत से राजपूत मारे गये। राव रणमल्ल ने मंडोवर ली। राव सत्ता को आँखों से दिखता नहीं था इसलिए राव रणमल्ल ने उसको गढ़ में रहने दिया और जब वह उससे मिलने गया, अपने पुत्रों को उसके पाँवों लगाया। तब जोधा जिरह बक्तर पहने शस्त्र सजे उसके चरण छूने को गया। सत्ता ने पूछा कि "रणमल्ल यह कौन है ?" कहा "आपका दास जोधा है।" सत्ता बोला कि टीका इसे देना, यह धरती रक्खेगा। रणमल्ल ने भी उसी को अपना टीकायत बनाया और मंडोवर में उसे रक्खा और आप नागोर चला गया।*

एक दिन राव रणमल्ल सभा में बैठा अपने सरदारों से यह कह रहा था कि बहुत दिन से चित्तोड़ की तरफ से कोई खबर नहीं आई है। इसका क्या कारण? थोड़े ही दिन पीछे एक आदमी चित्तोड़

---

* राव रणमल्ल कई वर्षों तक मेवाड़ में राणा का नौकर रहा था और राणा ने उसे जागीर भी निकाल दी थी। नागोर उस ज़माने में गुजरात के मुलतान के अधिकार में था और वहाँ बादशाह की तरफ़ से हाकिम रहते थे। राणा मोकल के समय में फ़ीरोज़खाँ और फिर शम्सखाँ दंदानी वहाँ का हाकिम था। इसका राणा मोकल के साथ युद्ध हुआ था, फिर फ़ीरोज़खाँ के भाई मजाहिदखाँ ने अपने भतीजे शम्सखाँ से नागोर छीन ली तब शम्सखाँ ने राणा कुम्भा से मदद माँगी। राणा नागोर का नाश करना चाहता ही था, बड़ी सेना ले चढ़ आया। मजाहिदखाँ भागकर गुजरात चला गया और शम्सखाँ को राणा ने नागोर दिलवा दी। अतएव यह कथन विश्वासयोग्य नहीं कि राव रणमल्ल ने नागोर ली हो और मोकल के मारे जाने के वक्त वह नागोर में राज करता हो।

से पत्र लेकर आया और कहा कि मोकल मारा गया। राव विस्मित और शोकातुर हो बोला—"हैं! मोकल को मार डाला?" पत्र बँचवाया, मोकल को जलांजलि दी और चित्तोड़ जाना विचारा। पहले २१ पावंडे (कदम) भरे और फिर खड़े होकर कहा कि "मोकल का वैर लेकर पीछे और काम करूँगा।" "सिसोदियों की बेटियाँ वैर में राव चूंडा की संतान को परणाऊँ तो मेरा नाम रणमल्ल।" कटक सज चित्रकूट पहुँचे। सीसोदिये (मोकल के घातक) भागकर पई के पहाड़ों में जा चढे और वहाँ धाटा बाँध रहने लगे। रणमल्ल ने वह पहाड़ घेरा और छः महीने तक वहाँ रहकर उसे सर करने के कई उपाय किये, परन्तु पहाड़ हाथ न आया। वहाँ मेर लोग रहते थे। सिसोदियों ने उनको वहाँ से निकाल दिया था। उनमें से एक मेर राव रणमल्ल से आकर मिला और कहा कि जो दीवाण की खातरी का पर्वाना मिल जावे तो यह पहाड़ मैं सर करा दूँ। राव रणमल्ल ने पर्वाना करा दिया और उसे साथ ले ५०० हथियारबंद राजपूतों को लिये पहाड पर चढने को तैयार हो गया। मेर बोला, आप एक मास तक और धैर्य्य रक्खें। पूछा—किस लिए? निवेदन किया कि मार्ग में एक सिंहनी ने बच्चे दिये हैं। रणमल्ल बोला कि सिंहनी से तो हम समझ लेंगे, तू तो चल। मेर को लिये आगे बढे। जिस स्थान पर सिंहनी थी वहाँ पहुँचकर मेर खडा रह गया और कहने लगा कि आगे नाहरी बैठी है। रणमल्ल ने अपने पुत्र अरड़कमल से कहा कि बेटा, नाहरी को ललकार। उसने वैसा ही किया। शेरनी झपटकर उसपर आई। इसका कटार पहले ही उसके लिए तैयार था, धूँस धूँसकर उसका पेट चीर डाला।* अब अगुवे ने उनको पहाड़ों

---

* अगर टॉड साहब का लिखना सही है तो अड़कमल भी सादूल भाटी के हाथ से घायल हो सादूल की मृत्यु के ६ महीने पीछे ही मर गया था।

में ले जाकर चाचा मेरा के घरों पर खड़ा कर दिया। रणमल्ल के कई साथी तो चाचा के घर पर चढ़े और राव आप महपा पर चढ़कर गया। उसकी यह प्रतिज्ञा थी कि जहाँ स्त्री पुरुष दोनों घर में हों उस घर के भीतर न जाना, इसलिए बाहर ही से पुकारा कि "महपा बाहर निकल!" वह तो यह शब्द सुनते ही ऐसा भय-भीत हुआ कि स्त्री के कपड़े पहन झट से निकलकर सटक गया; रणमल्ल ने थोड़ी देर पीछे फिर पुकारा तो उस स्त्री ने उत्तर दिया कि राज! ठाकर तो मेरे कपड़े पहनकर निकल गये हैं, और मैं यहाँ नंगे बदन बैठी हूँ। रणमल्ल वहाँ से लौट गया, चाचा मेरा को मारा और दूसरे भी कई सीसोदियों को खेत रक्खा। प्रभात होते उन सबके मस्तक काटकर उनकी चबूतरी (चँवरी) चुनी, बर्छों की बेह बनाई और वहाँ सीसोदियों की बेटियों को राठोड़ों के साथ परणाई। सारे दिन विवाह कराये, मेवासा तोड़ा और वह स्थान मेरों को देकर राव रणमल्ल पीछा चित्तोड़ आया, राणा कुंभा को पाट बैठाया। दूसरे भी कई बागी सरदारों को मेवाड़ से निकाला और देश में सुख शांति स्थापित की।

(चित्तोड़ में राणा कुंभा के शुरू जमाने में राव रणमल्ल पर ही राजप्रबंध का दारमदार हो गया था और उसने राणा के काका राव चूँडा लाखावत को भी वहाँ से विदा करवा दिया जो मांडू के सुल्तान के पास जा रहा था।) एक दिन राणा कुंभा सोया हुआ था और एका चाचावत पगचंपी कर रहा था कि उसकी आँखों में से आँसू निकलकर राणा के पग पर बूँदें गिरीं। राणा की आँख खुली, एका को रोता हुआ देख कारण पूछा तो उसने अर्ज की कि मैं रोता इस-लिए हूँ कि अब देश सीसोदियों के अधिकार में से निकल जायगा और उसे राठोड़ लेंगे। राणा ने पूछा, क्या तुम रणमल्ल को मार सकते

हो ? अर्ज़ की कि जो दीवाण के हाथ हमारे सिर पर रहें तो मार सकते हैं। राणा ने आज्ञा दी। राणा, एका चाचावत और महपा पँवार ने यह मत दृढ़ किया तथा रात्रि के समय सोते हुए राव रणमल्ल पर चूककर उसे मारा। इसका सविस्तर हाल मेवाड़ की ख्यात में राणा कुंभा के वर्णन में लिख दिया है। राव रणमल्ल ने भी मरते मरते राजपूतों के प्राण लिये। एक को कटार से मारा, दूसरे का सिर लोटे से तोड़ दिया और तीसरे का प्राण लातों से लिया। राणा की एक छोकरी महल चढ़ पुकारी "राठोड़ो! तुम्हारा रणमल्ल मारा गया"। तब रणमल्ल के पुत्र जोधा कांधल आदि वहाँ से घोड़ों पर चढ़कर भागे। राणा ने उनके पकड़ने को फ़ौज भेजी, लड़ाई हुई और उसमें कई सरदार मारे गये। वरड़ा चंद्रावत, शिवराज, पूँना ईंदा आदि। चरड़ा ने पुकारा "बड़ा बीजा।" तो एक दूसरा बीजा बोल उठा, कि गल फाड़कर आप मरता हुआ दूसरों को भी ले मरता है। चरड़ा ने कहा कि मैं तुझको नहीं पुकारता हूँ। भीमा, वीरसल, वरजाँग भीमावत मारे गये और भीम चूँडावत पकड़ा गया।

मंडल के तालाब में अपने अपने घोड़ों को पानी पिलाया। उस वक्त एक ओर तो जोधा और सत्ता दोनों सवार अपने घोड़ों को पिलाते थे, और दूसरी तरफ़ काँधल अपने अश्व को जलपान कराता था। काँधल ने उन दोनों सवारों से पूछा (तुम कौन हो आदि)। जोधा ने काँधल की आवाज़ पहचानी, उससे बात की, दोनों मिले और वहीं जोधा ने उसे रावताई का टीका दिया। दोनों भाई मारवाड़ में आये।

दोहा— आगै सूरन काढ़िया तुंगम काढ़ी आय।
जे मिसराणो सेजड़ी, लेई रिणमलराय॥

राव रिणमल नींदाँ भरे आवय लोह घणै उबारै, कटारी काढ़ मरदधणी तिय आगै सुरन तुंगकिणी। तो दिन मेवाड़े तो विपल्य को

पापं सासन्नो वरपण वही जै वैसा सकुंभकरणं कृतन्न । (छंद अशुद्ध से हैं अर्थ ठीक नहीं लगता)। जै रिणमल होवत दल अंवार कुंभकरण-वहन्त किसी पर। माथा सूल सही सुरताणां, ओसमुद्रावत आणां। जै वरती.यों आणां। वे हूँ सिधावी वीज़ो हिंदू अनै हमीर भीर जै लुलिया भांजै। जै भग्गो पीरोज, खेत्रा जाइ खड़े जै मारै। महमद, गजगमारै संमेड़ो रिणमलराय विसरामिये। कुंभा की मन वीकसै छलायो छदम तैं कूड कडकर, जेम सीह आगे ससै।

(इसमें राव रणमल के वीरकृत्यों का वर्णन है जो उसने राणा के हित किये, और अंत में कहा है कि राणा ने छल छद्मकर रणमल को ऐसे मारा जैसे सिंह को ससा ने मारा था। (छंद शुद्ध न होने से सही अर्थ नहीं किया जा सकता है।)

महपा परमार पई के पहाड़ों से भागकर माँडू के बादशाह महमूद के पास जा रहा था। जब राणा कुंभा ने बादशाह पर चढ़ाई की तब राव रणमल राणा के साथ था। सीमा पर युद्ध हुआ उस वक्त महमूद हाथी पर लोहे के कोठे में बैठा हुआ था, राव रणमल ने चाहा कि अपने घोड़े को उड़ाकर बादशाह को बर्छा मारे, परंतु किसी प्रकार बादशाह को राव का यह विचार मालूम हो गया। उसने तुरंत अपने खवास को, जो पीछे बैठा हुआ था, अपनी जगह बिठा दिया और आप उसकी जगह जा बैठा। इतने में रणमल ने घोड़ा उड़ाकर बर्छी चलाई, वह कोठा तोड़कर खवास की छाती के पार निकल गई। उसने चिल्लाकर कहा "हजरत मैं तो मरा।" यह शब्द रणमल के कान पर पड़े और उसने जाना कि बादशाह बच गया है। बादशाह हाथी की पीठ पर पीछे की ओर बैठा था और राव की यह प्रतिज्ञा थी कि वह पीठ पर तलवार कभी न चलाता था। उसने फिर घोड़ा उड़ाया, बादशाह के बराबर आकर उसको उठाया

और एक शिला पर दे पटका जिससे उसके प्राण निकल गये। महपा को बादशाह माँडू के गढ में छोड आया था। जब राणा माँडू पहुँचा तो गढवालों ने महपा को कहा कि अब हम तुझको नहीं रख सकते हैं। राव रणमल ने उसे माँगा तब वह घोडे पर चढकर गढ के दरवाज़े आया और वहाँ से नीचे कूद पडा। जिस ठौर से महपा कूदा उसको पाखड कहते हैं। पीछे महपा को सिकोतरी का वरदान हुआ।*

(दूसरी बात इस तरह पर लिखी है)—राव चूडा काम आया तब टीका राव रणमल को देते थे कि रणधीर चूडावत दरबार में आया। सत्ता वहाँ बैठा हुआ था। रणधार ने उसको कहा कि ' सत्ता कुछ देवे तो टीका तुम्हे देवें।'' सत्ता ने कहा कि ''टीका रणमल का है, जो मुझे दिलाओ तो भूमि का आधा भाग तुझे देऊँ।'' तब रणधार ने घोडे से उतर दरबार मे जाकर सत्ता को गद्दा पर बिठा दिया और रणमल को कहा कि तुम पट्टा लो। उसने मजूर न किया और वहाँ से चल दिया, राणा मोकल के पास जा रहा। राणा ने उसकी सहायता की और मँडोर पर चढ आया। सत्ता भी सम्मुख लडने को आया। रणधीर नागोर जाकर वहाँ के खान को सहायतार्थ लाया। (उस वक्त नागोर में शमूसखा गुजरात के बादशाह अहमदशाह की तरफ से था।) सीमा पर युद्ध हुआ, रणमल तो खान से भिडा और सत्ता व रणधीर राणा के सम्मुख हुए। राणा भागा और नागोरी खान को

---

* यह महमूद खिलजी माळवे का सुल्तान जब खीचीवाडा फतह करके, स० ८७२ हि० स० १४६६ ई० सं० १५२६ वि० में लोटता था। तो मार्ग में बीमार होकर मर गया। राणा कुभा ने कभी मोड्डू फतह नहीं किया था और रणमल की महमूद को मारन म कुछ भी सत्यता नहीं। राव रणमल्ल स० १४९६ में चित्तोड पर मारा गया। सुलतान महमूद उसके ३० वर्ष पीछे मरा था।

रणमल ने पराजित कर भगाया। सत्ता और रणमल दोनों की फौज-वालों ने कहा कि विजय रणमल की हुई है, दोनों भाई मिले, परस्पर राम राम हुआ, बातें चीतें कीं, रणमल पीछा, राणा के पास गया और सत्ता मँडोवर गया।*

सत्ता के पुत्र का नाम नर्बद और रणधीर के पुत्र का नाम नापा था। (सत्ता आँखों से बेकार हो गया था इसलिए) राज-काज उसका पुत्र नर्बद करता था। एक बार नर्बद ने मन में विचारा कि रणधीर धरती में आधा भाग क्यों लेता है, मैं उसको निकाल दूँगा। थोड़े ही दिन पीछे ४००) रुपये कहीं से आये, उनका आधा भाग नर्बद ने दिया नहीं; दूसरी बार नापा ने एक कमान निकलवाकर खींचकर चढ़ाई और तोड़ डाली। नर्बद ने कहा भाई तोड़ी क्यों? नापा बोला—धरती का हासल आवे उसमें से आधा माँगूँ, फल थैली आई थी उसमें से मुझे क्यों न दिया? नर्बद ने आधे रुपये दे दिये। वह पालो के सोनगिरों का भांजा और नापा सोनगिरों का जमाई था। एक दिन नर्बद ने अपने मामा से पूछा "मामाजी, तुमको मैं प्यारा या नापा?" कहा—"मेरे तो तुम दोनों ही बराबर हो", परंतु विशेष प्यारा तू है क्योंकि तेरे पास रहते हैं। नर्बद ने कहा कि जो ऐसा है तो नापा को विष दे दो। मामा ने कहा "भाई, मुझसे ऐसा काम नहीं हो सकता"। नर्बद ने एक दासी को लोभ देकर मिलाया और नापा को विष दिलवाया जिससे वह मर गया। अब रणधीर के मारने को नर्बद ने कटक इकट्ठा किया। रणधीर ने अपने आदमी भेज कामदार मुतसद्दियों से पुछवाया कि यह सेना किस कार्य के लिए इकट्ठी की जाती है परंतु उन्होंने यही उत्तर दिया कि "हम

---

* नागोर के हाकिम शम्सखाँ दन्दानी की मोकल राणा से लड़ाई होने और राणा के हारने का हाल फारसी तवारीखों में भी मिलता है।

नहीं जानते।" वे आदमी आकर दयाल मोदी की दूकान पर बैठ गये। नर्बद इस दयाल से सलाह किया करता था, जब बालक था तब से रणधीर ने उसकी पालना की थी। रणधीर के मनुष्यों ने मोदी से सामान लिया। उसने और तो सब चीज़ें दे दीं, परंतु घृत न दिया। जब उन्होंने घी माँगा तो उत्तर दिया कि "काले के पोला बहुत है;" और फिर घृत दिया। रणधीर के मनुष्यों ने पीछे आकर कहा—राजा, यह पता नहीं लगता कि कटक किस पर तैयार हो रहा है। उसने पूछा—दयाल मोदी ने तुमको कुछ कहा? उत्तर—और तो कुछ भी नहीं कहा, परंतु घृत देते समय ये शब्द कहे थे कि "काले के पोला बहुत है।" रणधीर बोला—दयालिया और क्या कहता, काला मैं और पोला मेरा सुवर्ण, सो वह कटक मेरे ही पर है। तब उसने भी सेना सजी, फिर आप राणा के पास गया। राणा ने पूछा—"मामा जी, कैसे आये?" रणमल्ल ने उत्तर दिया कि तुझे मँडोवर देने के लिए आये हैं, राणा ने भी सहायता देनी कही। ये राणा को लेकर सत्ता पर चढ़े। सत्ता ने अपने पुत्र नर्बद से कहा कि तू भी नागौरी ख़ान को ले आ। नर्बद कोस तीनेक तो गया, परंतु जब ताप पड़ी तो पीछा फिर आया और छिपकर माता पिता की बात चीत सुनने लगा। सत्ता (अपनी स्त्री) सोनगिरी से कहता है—"सोनगिरी! नर्बद जानता है कि मेरा पिता कपूत है जो रणधीर को आधा भाग देता है, परंतु रणधीर के बिना मँडोवर रह नहीं सकता। अब नर्बद नागौरी ख़ान को लेने गया है सो ख़ान आने का नहीं, क्योंकि वह रणमल के हाथ देख चुका है। यह भी अच्छा हुआ, मैं लड़ मरूँगा"। (पिता के ऐसे वचन सुनकर) नर्बद बोल उठा—"मुझे नागोरी ख़ान के पास किसलिए भेजा, मैं भी युद्ध करूँगा और काम आऊँगा."। सत्ता बोला—"मैं भी यही कहता था"। नर्बद ने

नक़ारा बजवाया, युद्ध किया और खेत पड़ा। इतने रजपूत उसके साथ मारे गये—ईंदा चोहथ, ईंदा जीवा आदि।

नर्बद लिपट घायल हुआ था और उसकी एक आँख फूट गई थी। राणाजी उसको उठवाकर अपने साथ ले गये और रणमल को राणा ने मँडोवर की गद्दी पर बिठाकर टीका दिया। सत्ता भी राणा के पास जा रहा और वहीं उसका देहांत हुआ।

(दूसरे स्थान में ऐसा भी लिखा है)—"जब राव चूँडा मारा गया, तो राजतिलक रणमल को देते थे, इतने में रणधीर चूँडावत दर्बार में आया। सत्ता चूँडावत वहाँ बैठा हुआ था, उसको रणधीर ने कहा कि सत्ता! कुछ देवे तो तुझे गद्दी दिला दूँ।" सत्ता बोला कि "टीका रणमल का है।" रणधीर ने अपने वचन की सत्यता के लिए शपथ खाई, तब सत्ता ने कहा कि आधा राज तुझे दूँगा। रणधीर तुरंत घोड़े से उतर पड़ा और सत्ता के ललाट पर तिलक कर दिया। रणमल को कहा कि कुछ पट्टा ले लो, वह उसने मंजूर न किया और राणा मोकल के पास गया। राणा ने सहायता की, सत्ता भी सम्मुख हुआ और रणधीर नागोरी खान को लाया। सीमा पर लड़ाई हुई, रणमल तो खान के मुकाबले को गया और रणधीर बसना ने राणाजी से युद्ध किया। राणाजी हार खाकर भागे, परंतु खान को रणमल ने भगा दिया। सत्ता व रणमल दोनों के साथियों ने जयध्वनि की, रणमल अपने दोनों भाइयों से मिला, बात-चीत की और फिर पीछा मोकलजी के पास चला गया। सत्ता गद्दी बैठा और राज करने लगा। कालांतर में सत्ता व रणधीर के पुत्र हुए, सत्ता के पुत्र का नाम नर्बद और रणधीर के पुत्र का नाम नापा था।

रणमल नित गोठें करता था इसलिए सोनगिरों के भले आदमी देखने को आये थे। उन्होंने पीछे नाडौल जाकर कहा कि राठोड़ काम का नहीं है, यह तुमसे न चूकेगा, तुमको मारेगा, इसलिए तुमको उचित है कि अपने यहाँ इसका विवाह कर दो। तब लोला सोनगिरा की बेटी का विवाह उसके साथ कर दिया। फिर भी सोनगिरों ने देखा कि यह आदमी अच्छा नहीं है, तब उन्होंने रणमल पर चूक करना विचारा। एक दिन रणमल सोया हुआ था तब लोला सोनगिरे ने आकर अपनी स्त्री से कहा कि "रामी बाई राँड हो जावेगी ?" स्त्री बोली—"भलेही हो जावे, यदि एक लड़की मर गई तो क्या।" ठकुराणी ने अपने पति को मद्य का प्याला पिलाकर सुलाया और बेटी से कहा कि रणमल से चूक है, उसको निकाल दे! रामी ने आकर पति को सूचना दी कि भागो! चूक है। घातक उसे मारने को आये, परंतु वह पहले ही निकल गया और घर जाकर सोनगिरों से शत्रुता चलाई, परंतु वे वार पर न चढ़ते थे। उनका नियम था कि सोमवार के दिन आशापुरी के देहरे जाकर गोठ करते, अमल वारुणी लेते और मस्त हो जाते थे। एक दिन जब वे खा पीकर मस्त पड़े हुए थे तो अचानक रणमल उनपर चढ़ आया और उसने सबको मारकर अखावे के कूएँ में डाल दिया। ऊपर सगे साले को डाला। कहा, मैंने सासूजी से वचन हारा है। उनका इलाका लिया, राणा मोकल से मिलने के वास्ते गया और वहाँ रहने लगा। जब चाचा सीसोदिया और महपा पँवार ने मोकल को मारा तब रणमल को उस चूक का भेद मालूम हो गया था, परंतु राणा को कुछ खबर न हुई। एक दिन महपा और चाचा मलेसी डोडिये के घर गये जो राणा का खवास था। रणमल ने अपने जासूस साथ लगा रक्खे थे कि देखें ये

क्या बातें करते हैं। चाचा महपा ने मलेसी को अपने में मिलाने का बहुत प्रयत्न किया, परंतु वह न मिला। जासूस ने जाकर सारा वृत्तांत रणमल से कहा और उसने राणा को सुनाया, परंतु मोकल ने इसपर विश्वास न किया। रणमल मँडोवर गया और पीछे से राणा पर चूक हुआ। उसने अचलदास खीची की मदद के वास्ते गढ से नीचे आकर डेरा किया था तब महपा ने चाचा को कहा कि आज अच्छा अवसर है, फिर हाथ आने का नहीं, तब चाचा मेरा और महपा बहुत सा साथ लेकर आये। राणाजी ने कहा कि "ये खातणवाले आते हैं सो अच्छा नहीं है। जौ गेहूँ में न आने चाहिए, यह मर्यादा के विरुद्ध है"। उस वक्त मलेसी डोडिया ने अर्ज की कि आपको राव रणमल ने चिताया था कि ये आपसे चूक करना चाहते हैं। राणा बोला कि ये हरामखोर अभी क्यों आये ? मलेसी ने अर्ज की कि दीवाण ! पहले तो मैंने न कहा, परतु अब तो आप देखते ही हैं। (चाचा मेरा आन पहुँचे) घोर सग्राम हुआ, नौ आदमियों को राणा ने मारा और पाँच को डाडी राणा ने यमलोक में पहुँचाया, पाच का काम मलेसी ने तमाम किया, अत में राणा मारा गया। चाचा व महिपा के भी हलको से घाव लगे, कुँवर कुंभा बचकर निकल गया। ये उसके पीछे लगे, कुभा एक पटैल के घर पहुँचा। पटैल के दो घोडियाँ थी। उसने कहा कि एक घोडी पर चढकर चले जाओ और दूसरी को काट डालो, नहीं तो वे लोग ऐसा समझेंगे कि इसने घोडी पर चढाकर निकाल दिया है। कुंभा ने वैसा ही किया। जो लोग खोजने आये थे वे पीछे फिर गये। मोकल को मारकर चाचा तो राणा बना और महपा प्रधान हुआ। कुभा आफत का मारा फिरता रहा। जब यह समाचार रणमल को लगे तो वह सेना साथ

लेकर आया, चाचा से युद्ध हुआ और वह भागकर पई के पहाड़ों पर चढ़ गया। रणमल ने कुंभा को पाट बैठाया और आप उन पहाड़ों में गया, बहुत दौड़ धूप की, परंतु कुछ दाल न गली, क्योंकि बीच में एक भील रहता था, जिसके बाप को रणमल ने मारा था। वह भील चाचा व महपा का सहायक बना। एक दिन रणमल अकेला घोड़े सवार उस भील के घर जा निकला। भील घर में नहीं थे, उनकी मा वहाँ बैठी थी। उसको बहन कहके पुकारा और बैठकर उससे बातें करने लगा। भीलनी बोली कि वीर! तैंने बहुत बुरा किया, परंतु तुम मेरे घर आ गये अब क्या कर सकती हूँ। अच्छा, अब घर में जाकर सो रहो। राव ने वैसा ही किया। थोड़ी देर पीछे वे पाँचों भाई भील आये, उनकी मा ने उनसे पूछा कि बेटा! अभी रणमल यहाँ आ जावे तो तुम क्या करो? कहा, करें क्या, मारें; परंतु बड़े बेटे ने कहा—"मा! जो घर पर आवे तो रणमल को न मारें।" मा ने कहा—"शाबाश बेटा! घर पर आये हुए तो वैरी को भी मारना उचित नहीं।" रणमल को पुकारा कि वीर बाहर आ जाओ। वह आकर भीलों से मिला। उन्होंने उसकी बड़ी सेवा मनुहार की और पूछा कि तुम मरने के लिए यहाँ कैसे आये? कहा कि भानजो! मैंने प्रतिज्ञा की है कि चाचा को मारूँ तब अन्न खाऊँ, परंतु करूँ क्या तुम्हारे आगे कुछ बस नहीं चलता है। भीलों ने कहा, अब हम तुमको कुछ भी ईजा न पहुँचावेंगे। फिर रणमल अपने योद्धाओं को लेकर पहाड़ तले आया; भीलों ने कहा कि पहाड़ के मार्ग में एक सिहनी रहती है सो मनुष्य को देखकर गर्जना करेगी। रणमल तो पगडंडी चढ़ता हुआ, सिहनी के समीप जा पहुँचा, वह गर्ज उठी, तुरंत अड़वाल (अड़कमल) ने तलवार खींच उसपर वार किया और वहीं काटकर उसके दो टुकड़े कर दिये।

-सिहनी का शब्द सुनकर ऊपर रहनेवालों ने कहा कि सावधान! परंतु वह एक ही बार बोलने पाई थी इसलिए उन्होंने सोचा कि किसी पशु को देखकर बोली होगी। इतने में तो रणमल घोड़ों को नीचे छोड़कर पहाड़ पर चढ़ गया और दर्वाजे पर जाकर बर्छा मारा। भीतर जो मनुष्य थे, वे चौंक पड़े और कहा, रणमल आया। चाचा मेरा से लड़ाई हुई, सीसोदियों को मारकर पाँवों तले पटका चाचा मारा गया और महपा स्त्री के कपड़े पहनकर पहाड़ पर से नीचे कूद भाग गया। रणमल ने चाचा की बेटी के साथ विवाह किया, मनुष्यों के धड़ों के बाजोट और बर्छियों की चँवरी बनाकर वहाँ सीसोदियों की कई कन्याएँ रणमल ने अपने भाइयों को ब्याह दीं और पीछा लौटा।

महपा भागकर माँडू के बादशाह की शरण गया। जब यह खबर राणाजी व रणमल को हुई तब उन्होंने बादशाह पर दबाव डालकर कहलाया कि हमारे चोर को भेज दो। बादशाह ने महपा को कह दिया कि अब हम तुझको नहीं रख सकते हैं। महपा ने उत्तर दिया कि मुझको कैद करके शत्रु को मत सौंपिए और आप घोड़े सवार हो गढ़ के द्वार पर आ घोड़े समेत नीचे कूद पड़ा। घोड़ा तो पृथ्वी पर पड़ते ही मर गया और महपा भागकर गुजरात के बादशाह के पास पहुँचा। जब उसने वहाँ भी बचाव की कोई सूरत न देखी तो चित्तोड़ ही की तरफ चला। वहाँ राज्य तो राणाजी करते थे, परंतु राज का सब काम रणमल के हाथ में था। महपा रात्रि के समय लकड़ियों का भार सिर पर धरकर नगर में पैठा। उसकी एक स्त्री अपने एक पुत्र सहित वहाँ रहती थी, जिसको उसने दुहागन कर रक्खा था। उसके घर आया, पत्नी ने अपने पति को पहचानकर भीतर लिया। अब वह घर में बैठा रहे और सूत के मोहरे व रस्से बनावे। एक दिन एक मोहरी अपने पुत्र को

देकर कहा कि जाकर दीवाण के नज़र कर दे और जो दीवाण कुछ प्रश्न करें तो अर्ज़ करना कि महपा हाज़िर है। बेटे ने हजूर में जाकर मोहरी नज़र की और दीवाण ने पूछा तो अर्ज़ कर दी कि महपा हाज़िर है। राणाजी ने उसे बुलाया। उसने अर्ज़ की कि मेवाड़ की धरती राठोड़ों ने ली। यह बात सुनते ही दीवाण के मन में यह भय उत्पन्न हो गया कि ऐसा न हो कि रणमल मुझे मारकर राज ले ले। राणा ने सेना एकत्रित की और वे रणमल को चूक से मार डालने का विचार करने लगे। रणमल के डोम ने किसी प्रकार यह भेद पा लिया और राव से कहा कि दीवाण आप पर चूक करना चाहते हैं, परंतु राव को उसकी बात का विश्वास न आया तो भी अपने सब पुत्रों को वह तलहटी ही में रखने लगा। (अवसर पाकर) एक दिन चूक हुआ। २५ गज़ पछेवड़ो राव के पलंग से लपेट दी, जिसपर राव सोया हुआ था। सत्रह मनुष्य राव को मारने के लिए आये, जिनमें से १६ को तो राव ने मार डाला और महपा भागकर बच गया। रणमल भी मारा गया। यहाँ रणधीर चूँडावत, सत्ता भाटी लूणकरणोत, रणधीर सूरावत और दूसरे भी कई काम आये। (रणमल के पुत्र) जोधा, सीहा, नापा तलहटी में थे सो भाग निकले। उनके पकड़ने को फौज भेजी गई, जिसने आडावळा (अर्वली) पहाड़ के पास उन्हें जा लिया और वहाँ युद्ध हुआ, जहाँ वरड़ा चाँदराव अरड़कमलोत, पृथ्वीराज, तेजसिंह आदि और भी राठोड़ों के सर्दार मारे गये, परंतु जोधा कुशलतापूर्वक मँडोवर पहुँच गया।*

---

* पहले बतलाया जा चुका है कि राव रणमल ने महाराणा कुंभा के समय में राणा मोकल के बड़े भाई राव चूँडा को मेवाड़ से अलग करा दिया और सब राज-प्रबंध अपने हाथ में लेकर आप बेटों सहित चित्तौड़ ही में रहने

नर्नद सत्तावत ने राणाजी को आँख दी जिसकी वात—जब राणा मोकल और राव रणमल मँडोवर पर चढ आये, (सत्ता के पुत्र) नर्नद ने युद्ध किया और घायल हुआ। उस वक्त उसकी बाँई आँख पर तलवार वही, जिससे वह आँख फूट गई। राणा नर्नद को उठाकर अपने साथ लाया, घाव बँधवाये और मरहम पट्टा करवाके उसको चंगा किया। लाख रुपये की वार्षिक आय का कायलाणे का ठिकाना उसे जागीर में दिया। राणा मोकल चाचा मेरा के हाथ से मारा गया और राणा कुंभा पाट वैठा, उसने राव रणमल को चूककर मरवाया। नर्नद तब भी दीवाण ही के पास रहता था। एक दिन दीवाण दर्बार में वैठे थे तब किसी ने कहा कि "आज नर्वद जैसा राजपूत दूसरा नहीं है।" राणा ने पूछा कि उसमें ऐसा क्या गुण है जो इतनी प्रशंसा की जाती है? उत्तर दिया कि दीवाण! उससे कोई भी चीज माँगी जावे वह तुरंत दे देता है। राणा ने कहा हम उससे एक चीज मँगवाते हैं, क्या वह देगा? अर्ज हुई कि देगा। नर्नद उस दिन मुजरे को न आया था। दीवाण ने अपने एक खवास को उसके पास भेज कहलाया कि "दीवाण ने तुमसे आँख माँगी है।" नर्नद बोला—दूँगा। खवास की नजर बचा पास ही भलका पडा हुआ था, जिससे आँख निकाल रूमाल में लपेट उसके हवाले की। यह देख खवास का रंग फक हो गया, क्योंकि दीवाण ने

लगा। तब सबको संदेह हो गया कि रणमल की नीयत राज दबाने की है। राव चूँडा मांडू के पादशाह के पास जा रहा था, उसको पीछा बुलाया और उसने ही दीपमालिका की रात्रि को पहुँचकर सोते हुए राव रणमल को मरवाया। उसका कुँवर जोधा भाग गया था, जिसका पीछा करता हुआ चूँडा मँडोवर पहुँचा और वहाँ भी सीसोदियों का झंडा फहराया। बारह वर्ष तक मँडोवर राणा के अधिकार में रहा। अंत में राव जोधा ने चूँडा के दो बेटों को मार मँडोवर पीछा लिया।

खवास को पहले से समझा दिया था कि यदि नर्वद डेरे पहुँचने पर अपनी आँख निकालने लगे तो निकालने मत देना, परंतु नर्वद ने तो आँख निकाल हाथ में दे दी। खवास ने वह रूमाल दीवाण के नज़र किया और दीवाण ने आँख देख बहुत ही पश्चात्ताप किया। आप नर्वद के डेरे पधारे, उसको बहुत आश्वासन देकर उसकी जागीर ड्योढ़ी कर दी।

छठा प्रकरण

नर्बद सत्तावत व सुपियारदे की बात

जब नर्बद मँडोवर में राज करता था तब रूण के स्वामी सीहड़ साँखले ने अपनी पुत्री सुपियारदे के नारियल उसके पास भेजे (अर्थात् सुपियारदे की सगाई नर्बद के साथ की), परंतु जब नर्बद घायल हुआ और मंडोवर का राज राणा मोकल ने रणमल को दिला दिया तथा राणा नर्बद को अपने साथ ले गया, तब साँखले ने अपनी कन्या जैतारण के स्वामी नरसिंह सिंधल को ब्याह दी। नर्बद पर राणा की बड़ी कृपा थी। एक दिन राणा के टोलियों ने उससे मुजरा करके सम्मायच राग गाया, उसे सुनकर नर्बद ने लंबी साँस छोड़ी। दीवाण (राणा कुंभा) ने इसका कारण पूछा तो कहा, "ऐसे ही।" फिर दीवाण ने फर्माया कि "क्या मंडोवर के वास्ते"? उत्तर दिया कि "वह तो काका के पास है, जो मेरे घर ही में है"। दीवाण ने आज्ञा की "तो जो बात हो सो कहो।" तब नर्बद बोला कि दीवाण! साँखले ने मेरी माँग नरसिंह सिंधल जैतारणवाले को ब्याह दी, जिसका रंज है।" राणा ने तुरंत दूत भेज सीहड साँखला को कहलाया कि नर्बद को माँग दो। तब साँखले ने अर्ज कराई कि सुपियारदे का तो विवाह कर दिया, दूसरी छोटी बेटी है सो ब्याह दूँगा। राणा ने नर्बद को कहा कि जाओ सीहड़ की छोटी बेटी के साथ विवाह करो। नर्बद ने कहा "दीवाण। जो सुपियारदे मेरी आरती करे तो ब्याह करूँ" राणा—करेगी। नर्बद—दूत भज

पक्का कर ली जावे। राणा ने फिर दूत भेजा, साँखले ने वह बात स्वीकारी, नर्वद की बरात चली। पीछे से दीवाण की सभा में बात चली कि जो सुपियारदे आरती उतारेगी तो नर्वद विवाह करेगा। नरसिंह सिंधल भी वहाँ बैठा हुआ था। उसने जब यह बात सुनी तो बोला "क्या नर्वद जबर्दस्ती आरती करावेगा?" लोगों ने उत्तर दिया—"यह तो करना ही पड़ेगा"। नरसिंह अपने घर आया। इधर से साँखले के आदमी भी सुपियारदे को लेने के वास्ते आये। कहा कि विवाह है सो भेजो। नरसिंह ने इन्कार कर दिया। सुपियारदे ने कहा कि मैं जाऊँगी, तब उसके पति ने कहा कि यदि वहाँ आरती न करे तो भेजूँ। वह बोली नहीं करूँगी, कौल वचन दिया, पति के गले हाथ धर शपथ की और पीहर गई। जब नर्वद तोरण पर आया, बारजोट पर खड़ा हुआ और कहा कि आरती की तैयारी कराओ, तब सुपियारदे को कहा गया, परंतु यह नट गई कि मैं तो आरती न करूँगी। तब उसकी छोटी बहन आई। नर्वद से कहा गया "राज। सुपियारदे आरती करती है"। नर्वद बोला—"तुम मुझे अंधा समझकर मेरी हँसी करते हो, यह सुपियारदे नहीं है"। फिर अपने साथियों से कहा कि लड़ाई का नक्कारा बजवाओ। साँखले ने अपनी बेटी से जाकर कहा—"बाई। यहाँ कौन देखता है, आरती कर दे, नहीं तो अभी यह हमको मारेगा"। सुपियारदे आई और नर्वद से कहा—"राज। तुम तो आरती कराते हो, परंतु वहाँ पति ने मना कर दिया है, इसलिए मुझे दुख होगा"। नर्वद ने कहा—यह मेरा वचन है, जो वह तुझे दुख दे तो मुझे सूचना करा देना, मैं आकर तुझे ले जाऊँगा। नरसिंह ने गुप्त रीति से अपने नाई को भेजा था कि जाकर सब बनाव देखे। वह नाई वहाँ खड़ा था। उसने सुपियारदे के चीर पर कुछ चिह्न लगा दिया और नर्वद

ने बढ़िया अतर से भरी हुई पिचकारी चलाई, जिसके छींटे भी दुपट्टे पर लगे। नरंद ने हाथ से टटोल कर कहा, यह सुपियारदे है। आरती की, विवाह हुआ, नरंद अपनी ठकुराणी को लेकर पीछा गया।

जब सुपियारदे अपने पति के घर वापस आई तब नाई ने नरसिंह से कहा कि इसने आरती की। उसने अपनी स्त्री से पूछा तो वह नट गई कि मैंने आरती नहीं की। नाई बोला—तुमने आरती की, मैंने तुम्हारी साड़ी पर निशान किया है और उसपर इतर के छींटे भी लगे हैं। साड़ी देखी गई, सुपियारदे का झूठ खुल गया। तब तो उसके पति ने उसको चाबुक मारे और मुश्कें बाँधकर पलँग से नीचे पटक दिया। इतना ही नहीं, किंतु उसकी एक सौत को बुलाकर उसके सामने पलँग पर ले बैठा। तब सुपियारदे क्रोध के मारे अपने पति का नाम लेकर बोली (राजपूताने में स्त्रियाँ अपने पति का नाम नहीं लिया करती हैं)—' नरसिंह सिंधल ! तू मुझे मार डालता, मेरी बोटी बोटी काट देता तो मैं कुछ न कहती, परन्तु तूने मेरे सामने दूसरी स्त्री को पलँग पर चढ़ाया इसलिए मैं जो अब कभी तेरे पलँग पर पाँव धरूँ तो अपने भाई के पलँग पर धरूँ।" फिर दासी ने जाकर साँखला की सासू से सब हाल कहा। वह आई तब नरसिंह तो माता को देखकर बाहर निकल गया और वह (सासू) सुपियारदे के बंधन छुड़ा उसको अपने साथ ले गई।

अब सुपियारदे गहना पाता उतार मौनव्रत धारण कर एक कोठरी में जा बैठी और नरंद को पत्र लिखा कि तुम्हारी आरती करने का मुझे यह फल मिला है। पत्र पढ़कर नरंद बोला कि मैं भी यही चाहता था। अब मैं तैयार हूँ। दो बैल मोल लिये, उनको रातब खिलाता और गाड़ों में जोतकर भूमि चलने में बढ़ाता था।

उनको ऐसे सधा लिया कि एक दिन में बीस कोस जाकर पीछे चले आवे। जब उसको विश्वास हो गया कि अब बैल यथेष्ट काम देने के योग्य हो गये हैं तो वह गाड़ी में बैठकर चला और संध्या समय जैतारण की बाड़ी में संकेतानुसार जा उतरा। जो मनुष्य सुपियारदे का पत्र लाया था उसके साथ मर्दानी पोशाक भेजी। सुपियारदे वस्त्र पहन, पाग बाँध, शस्त्र सज, घर से निकल पड़ी। उस दिन गाँव में रावलों का खेल होता था। सिंधल सब देखने को गये थे, केवल सुपियारदे का अंधा श्वशुर घर में था। जब उसके आगे होकर वह चली तो अंधे बीदा ने पुकारा "कौन गया रे"? चरवादार ने उत्तर दिया कि यहाँ तो कोई नहीं है। अंधा कहता है—"नहीं किस तरह, वह अवश्य कोई गया है"। ऐसा कह वह भीतर रावले मे गया और अपनी स्त्री से कहा कि जाकर सुपियारदे की खबर कर। स्त्री बोली क्यों? कहने लगा जब वह ब्याह कर आई थी तब मैंने उसके पाँव की मचकाहट सुनी थी, आज फिर वैसा ही शब्द सुना है। बीदा की स्त्री ने अपनी दासी को देखने के वास्ते भेजा। सुपियारदे जाती हुई अपने पलँग पर लंबा बींटा सा रखकर उसपर सीरख (रज़ाई) ओढ़ा गई थी, उसे देख दासी ने पीछी आकर कह दिया कि "बहूजी तो पौढ़ी हुई हैं"। बीदा को विश्वास न हुआ। अपनी स्त्री को कहा कि तू स्वयं जाकर देख। सासू गई और देखा तो सीरख पड़ी हुई है, सुपियारदे नहीं है। पीछी दौड़ी, कहा—"बहू गई"। सुपियारदे वहाँ पहुँची जहाँ खेल हो रहा था। रावल थाली फिरा रहे थे। उसने आगे बढ़कर एक सोने की मोहर थाली में डाली और चलती बनी। नर्बद गाड़ी जोते खड़ा ही था, वह झट जा चढ़ी। यहाँ जब रावल ने थाली अपने मुखिया के पास लाकर धरी तो उसमें मोहर देखकर उसने पूछा कि यह किसने

डाली है। कहा, किसी जवान आदमी ने डाली है। सिंघल सब उठ खड़े हुए। कहने लगे, यह तो कुछ दाल में काला है। खेल समाप्त हुआ। इतने में तो एक आदमी ने आकर खबर दी कि सुपियारदे चली गई है, गाँव में ढोल हुआ, सिंघल चढे। आगे गाडी की लीक देखकर कहने लगे कि नरंद लिये जाता है। ये भी पीछे लगे, चले गये। मार्ग में लूणी नदी आई, जो पूर बह रही थी। नरंद ने कहा, नदी का प्रवाह तीव्र है, उतर नहीं सकेंगे। सुपियारदे बोली—वहलों को नदी में डाल दो। नदी में डूबकर मर जाऊँ तो पर्वाह नहीं, परंतु पीछे आनेवालों के हाथ में पड़ने न पाऊँ। यह सुनते ही नरंद ने बैलों को नदी में चलाया, वे भी नथनों से श्वास का वेग छोड़ते हुए पार पहुँच गये। सिंघलों ने भी अपने घोड़े उस पूर में डाल दिये। प्रभात होते नरंद अपने गाँव के समीप पहुँच गया।

यहाँ जब नरंद के छोटे भाई आसकरण ने देखा कि भाई अब तक नहीं आया है तो वह चढा। मार्ग में उसको भाई मिला। तब नरंद ने उसको कहा—"भाई, तू सुपियारदे को घर ले जा! मैं युद्ध करूँगा"। आसकरण ने उत्तर दिया "आप ले पधारें, मैं सम्मुख होकर मरूँगा"। तब नरंद तो सुपियारदे सहित घर आया और आसकरण सिंघलों के साथ लडकर खेत पडा। जब उसकी स्त्री सती होने को चलने लगी तो कहा कि "जिसके वास्ते मेरे पति ने प्राण दिये उसको देख तो लूँ"। सुपियारदे को देखकर बोली—"रजपूतों पर तो मरने का ऋण ही है, परंतु जेठजी ने, विश्राम भला लिया"। इतना कह वह सती हो गई।

सिंघल पीछे लौट पडे और मार्ग में एक गाँव के पास, तालाब पर ठहरे। वहाँ पनिहारियाँ जल भरने को आई थीं। उनमें से एक ने

पूछा—वीरा वैर (स्त्री) किसकी गई है ? नरसिंह सिंधल घोड़े को रानों में दबाये वट वृक्ष की शाखा पकड़कर झूलने लगा और कहा "वैर मेरी गई, जो बल से जाती तो जाने न देता, परंतु स्त्रियों का स्वभाव ही ऐसा होता है कि वे किसी को रोकी नहीं रुकती हैं"। तब दूसरी बोली—"नहीं वीरा, वैर कभी न जाती, परंतु तूने बहुत बुरा किया, उनके सामने खटिया पर सौत को सुलाया तब गई, नहीं तो काहे को जाती"।

सातवाँ प्रकरण

राव जोधा

(राणी भटियाणी का पुत्र) काहू के पास रहता था। नापा (नरपाल) साँखला उसका तरफ़दार राणाजी के पास चित्तौड़ में था। उसने राव को कहलाया कि "रावजी! पीछे ही तो कभी राव रणमल का वैर लेने पधारोगे तो अभी क्यों नहीं आते हो"? जोधा सब सामान दुरुस्त कर सवार हुआ और पूछा कि मंडोवे के मार्ग में बस्ती कहाँ कहाँ आती है। किसी ने कहा कि बस्ती तो थोड़े ही ठिकानों पर है, परंतु आगे मोडी मूलवाणी का गुड़ा है। राव उस गुड़े पहुँचा। मोडी को खबर हुई। उसने बड़े सत्कार के साथ ठहराया फिर विचारा कि राव जोधा जैसा पाहुना मेरे यहाँ कब आवेगा, उसकी मेहमानदारी किससे करूँ। उसके पास किसी साहूकार ने अपनी मजीठ और खाँड रख छोड़ी थी, उसने सोचा कि यह मजीठ और खाँड फिर किस दिन काम आवेगी; घृत तो गौवों का बहुत सा है ही। मजीठ को पिसवाकर मैदा तैयार कराया और उसमें घी शक्कर मिलाकर सीरा बनाया, कैरों (करील) का साग कराया, गोठ तैयार हुई, आकर विनती की कि अरोगने पधारें। रावजी अपने सब साथियों सहित आये। पाँतिया हुआ, भली भाँति परोसगारी की और सब जीमकर तृप्त हो गये! पिछली रात को, वहाँ से कूच हुआ और प्रभात होने पर जब सब ठाकुरों ने अपने अपने हाथ देखे तो लाल रंग के। यह देखकर सब विस्मित हुए। किसी ने कहा कि मोडी से इसका कारण पुछवाया जावे। रावजी ने दो सवार उसके पास भेजे। सवारों को आते देख मोडी उनके सामने

आई। कहा, तुम्हारे आने का कारण मैं जान गई। रावजी राव रणमल का वैर लेने पधारते हैं सो परमेश्वर ने तुम्हारे पर रंग चढाया है। यहाँ खेती तो होती नहीं इसलिए धान कम मिलता है, सूजी पड़ी थी, जिसका सीरा बनाया था। रावजी को आशिष कहना और मालूम करना कि यह भोजन आपको अमृत ही होगा। सवारों ने आकर रावजी से वही बात अर्ज़ की। रावजी प्रसन्न हुए और वहाँ से हरभम साँखला के गाँव बहेंगटी आये। हरभम शकुनी था। उसका भानजा जैसा भाटी रावजी के पास खड़ा था। उसको रावजी ने अपने शामिल भोजन को बैठा लिया, वह भी मुजरा कर बैठ गया। तब हरभम ने सिर धुना और अर्ज की कि आपने कृपा की सो यह आपकी संपत्ति का हिस्सेदार होगा और हम धरती के सीरी रहेंगे। राव ने भोजनोत्तर शकुन का फल पूछा। हरभम ने कहा, इसका फल यह है कि आज जितनी भूमि है और जितनी में रावजी का घोड़ा फिरे वह सब आपके वंश में बनी रहेगी और आपका प्रताप बढ़ेगा। यह सुनकर राव जोधा हर्षित हुआ और चलते वक्त जैसा को साथ लिया। वहाँ से रावत लूणा के गाँव सेतरावे पहुँचे। लूणा धूमधड़क्के के साथ उनसे मिला। इससे रावजी के मन में कुछ क्रोध सा आ गया। रावत लूणा की ठकुरानी सोनगिरी के साथ रावजी के ननिहाल की तरफ कुछ संबंध होने से उन्होंने उसको जुहार कहलाया। उसने उनको अन्तःपुर में बुलाया, निछरावल की और कहा—"बाबा, हमारे पास जो कुछ धन धरती दिखती है वह सब तुम्हारी है, भोजन कीजिए। सब अच्छा होगा"। रावजी उतरे, गोठ तैयार हुई, अरोगे परन्तु मन की कसक न निकली। रावत लूणा रावजी से रुखसत हो जा सोया, तब सोनगिरी ने जाकर उस कमरे का ताला बाहर से लगा दिया और रावजी को सूचना दी। राव

जोधा ने वहाँ के सब घोड़े और मालमता लूटा। इससे दूसरे भी सब भूमिये डर गये और आ आकर रावजी के अधीन बने। वहाँ से सवार हो, मार्ग में के दूसरे भूमियों को नमा नमाकर साथ लेता हुआ राव जोधा रूंण में साँखलों के यहाँ आया। वे नारियल लेकर सामने हाजिर हुए। टीकाइत रावत ने अपनी बेटी रावजी को परणाई, और पूर्ण उत्साह के साथ विवाह किया। जब यह समाचार राणाजी को पहुँचे तो उन्होंने नापा साँखला को हजूर बुलाकर पूछा कि तुम्हारे भी इन दिनों में राव जोधाजी की कोई खबर आई है। पहले तो जब उससे इस विषय में पुछवाया जाता तो यही कहता कि कोई खबर नहीं आई; परन्तु इस बार तो कहा कि दीवाण! यह बात सच है, मेरे पास भी ऐसी ही खबर आई है। यह सुनते ही दीवाण के चेहरे का रंग बदल गया। नापा को फर्माया कि किसी ढब से मामला सुधर भी जावे। उसने अर्ज़ की "दीवाण सलामत! राठोड़ों के वैर का मामला बड़ा बेढब है, जिसमें वैर भी राव रणमल का"। तब तो दीवाण को और भी विशेष भय हुआ, नापे ने अर्ज़ की कि वैर कर्रा (बेढब) है, धरती देने से मिटे। दीवाण ने भी इस बात को माना। नापा ने घर पर आकर तुरंत रावजी के पास कासिद भेजा और कहलाया कि यहाँ कुछ बल नहीं है आप शीघ्र पधारिये। तब राव की फौजें जगह जगह मेवाड़ में फैल गईं। देश की दशा देखकर दीवाण को बड़ी फ़िक्र हुई। नापा को कहा कि किसी प्रकार बात बन जावे तो ठीक है, नापा ने अर्ज़ की "दीवाण किसी बड़े आदमी को भेजकर बातचीत करावें"। राणाजी ने अपने प्रधानों को भेजा, उन्होंने जाकर राव जोधा से कहा "रावजी! जो होनी थी सो तो हुई, यह देश ही तुम्हारा बसाया हुआ है, यदि तुम्हीं मारोगे तो रखनेवाला कौन है"। रावजी ने कहा, "यह बात तो ठीक,

परंतु वैर बाँधना तो सहज है और छूटना कठिन है"। दोवाण के प्रधानों ने फिर कहा कि "हमने धरती दी, तब रावजी के उमराव बोले कि शर्तिया लड़ाई होनी चाहिए।" दोवाण के प्रधानों ने इसको स्वीकार कर दोवाण से आकर अर्ज़ की। राणाजी भी राजी हो गये। दोनों ओर की सेना आमने सामने खड़ी हो गई, खेत साफ किया। रणस्तंभ रोपे गये। रावजी की सेना पूर्व में और दोवाण की पश्चिम में रही। फिर रावजी के प्रधानों के मन में आई कि धरती लेवें तो अच्छा है, तब उन्होंने रावजी से अर्ज़ की कि किसी प्रकार पृथ्वी लेकर मँडोवर में मिलाना ठीक है, लड़ाई में तो आपके आगे ये ठहर न सकेंगे। धरती लेने की बात रावजी के मन में भी आई। उमराव बोले कि जो हुक्म हो तो द्वंद्वयुद्ध कर लें, अर्थात् एक सामंत हमारा और एक उनका मैदान में उतरकर युद्ध करे, जिसका सामंत जीते उसी की जीत समझी जावे। आपका नक्षत्र ऐसा है कि आप ही की जीत होगी। राव ने भी यह बात मानी। दोवाण की तरफ़ से विक्रमायत झाला और राव जोधा की तरफ़ से बीजा वरजांगोत आया। बीजा ने विक्रमायत को एक ही हाथ में मार लिया। नापा साँखला दोवाण के पास खड़ा था। अर्ज़ की कि जो हाल बीजा का हुआ वैसा ही दोवाण का होता, परंतु धरती देने से यह बला टल गई। लौटते हुए राव जोधा ने मेवाड़ को भी लूटा और मँडोवर जाकर सं० १५१५ जेठ सुदी ११ शनिवार दोपहर को जोधपुर नगर की नींव डाली।

दूदा जोधावत, जिसने नरसिंह सिंधल के पुत्र मेघा को मारा—एक बार राव जोधा सोया हुआ था और उसके सरदार बैठे बातें करते थे। एक ने कहा कि भाटियों के साथ वैर न रहा, दूसरा बोला राठोड़ों के वैर है। तीसरे ने उत्तर दिया, एक वैर है—नरसिंह सत्तावत का

और नर्बद सुपियारदे लाया, वह वैर नहीं लिया है। राव जोधा ने यह बात सुन ली और पूछा कि क्या कहते थे ? पहले ते रजपूतों ने बात टाली, परंतु जब राव ने आग्रह के साथ पूछा तो कहा कि न ते आसकरण के और न नर्बद के पुत्र है, उनका वैर कौन ले ! राव उस वक्त तो कुछ न बोला—प्रभात को उसका पुत्र दूदा, जिस पर राव की कृपा न थी, जब मुजरे को आया तो राव ने उसको कहा कि "दूदा, मेघा सिंधल को मारना चाहिए, क्योंकि उसके पिता नरसिंह ने आसकरण सत्तावत को—नर्बद सुपियारदे लाया, इसके बदले—मारा है"। दूदा ने पिता से सलाम की और तत्काल चला। राव जोधा ने कहा कि मैं साथ किये देता हूँ, अकेला मत जा। वह मेघा है। दूदा ने उत्तर दिया "दूदो मेवै, कै मेघो दूदै"—अर्थात् या दूदा मेघा को मार लेगा या मेघा दूदा को। घर आया, अपने आदमियों को साथ लेकर चढ़ चला, जैतारण से तीन कोस पर जाकर उतरा और दूत भेज मेघा को कहलाया कि "दूदा जोधावत आया है, आसकरण सत्तावत को माँगता है"। मेघा ने उत्तर भेजा कि "इतनी देर से क्यों आया" ? पीछा कहलाया कि "जान पड़ने पीछे तो दूदा ने जल भी आगे आकर पिया है"। मेघा ने महल पर चढ़कर अपने नौकरों से कहा रे ! घोड़ियाँ इधर मत ले जाना, दूदा जोधावत आया हुआ है सो ले लेगा। यह शब्द सुनकर दूदा ने पूछा कि यह कौन बोलता है। कहा—"जी ! मेघा"। क्या उसकी आवाज इतनी दूर तक पहुँचती है ? लोगों ने कहा—वह मेघा सिंधल है, क्या तुमने कभी उसका नाम नहीं सुना ? फिर दूदा ने कहलाया—मुझे तेरी घोड़ियों से काम नहीं और न तेरे माल से वास्ता है। मुझे तो तेरा मस्तक चाहिए, सो अपने द्वंद्व युद्ध करें। दूसरे दिन मेघा अपना साथ ले मुकाबले को आया और

दूदा को कहा—"दूदाजो, मेरे रजपूत सब मेरे पुत्र की जान में गये हैं, यहाँ मैं थोड़े साथ से हूँ।" दूदा ने उत्तर दिया कि हम रजपूतों को क्यों कटावें, अपने दोनों लड़ ले। या तो दूदा मेघा को मार ले, या मेघा दूदा को दूध पिलावे। अंत में यही ठहराव हुआ, दोनों के रजपूत दूर खड़े हुए तमाशा देखते रहे। दोनों योधा मैदान में आये। दूदा बोला "मेघा! घाव कर"! मेघा कहता है, पहले तू वार कर! दूदा ने फिर वही शब्द कहे, तब मेघा ने तलवार झाड़ी। वह दूदा ने ढाल पर रोक ली और फिर एक ही हाथ में मेघा का सिर तन से जुदा कर दिया। मस्तक लेकर दूदा चला, तब रजपूतों ने कहा कि इस सिर को धड़ पर रख दे। यह बड़ा रजपूत था। दूदा ने वैसा ही किया। उसके गाँव में भी किसी तरह का उजाड़ न करने दिया और आप पिता के पास आया तथा सिर झुकाया। राव जोधा ने प्रसन्न होकर घोड़ा सिरोपाव दिया।

सीहा सिंधल—सीहा सिंधल कमल पँवार है। उसके सब घोड़े मर गये तब एक दिन उसने अपने रजपूतों से कहा कि ठाकुरो घोड़े नहीं हैं, कहाँ से लाने चाहिएँ। वह चढ़कर गाँव धोलहरे आया और गोयंद कूँपावत को मारकर उसके २०० घोड़े खोस लाया। दूसरे दिन वह सोजत के गाँव माँडहे गया; वहाँ महेश कूँपावत रहता था। सीहा ने उसके सम्मुख जाकर शस्त्र डाल दिये और कहा कि मैंने तो ऐसा कर्म किया है सो अब मुझको खीच खिलाओ (दंड दो या मारो)! महेश ने उसको खीच न खिलाया। यह बात मांडण (कूँपावत) ने सुनी। कहा, महेश ने अच्छा नहीं किया। जब सीहा आया था तो उसको खीच खिलाना उचित था। मांडण और सीहा दोनों दीवाण (मेवाड़ के महाराणा) के चाकर थे। एक बार मामाशाह ने दीवाण को गोठ दी और प्रत्येक सरदार

की पत्तल में मोतियों से भरी हुई एक एक पुड़िया रख दी। मेवाड़ के उमराव तो उन पुड़ियों को ले गये, परंतु सींहा ने अपनी पुड़िया नहीं ली। दीवाण ने वारियों से पूछा (वारी जाति के लोग पत्तल-दोने बनाते और सरदारों की चाकरी करते हैं) कि पत्तलों में कुछ मिला! उन्होंने अर्ज़ की कि दूसरी पत्तलों में तो कुछ नहीं था, परंतु सींहाजी की पत्तल में मोती पाये। सरदार सब खा-पीकर उठ गये तब सींहा के जोड़े (पगरखी) मांडण के सम्मुख रख दिये और सब सिंघल बोल उठे कि तुम्हारे भाग्य फलेंगे। माडण के मन में इस बात की कसक पड़ गई। सींहा कहने लगा कि मांडण मुझको मारेगा। फिर सींहा दीवाण की चाकरी छोड़ जालोर में गजनीखाँ के पास जा रहा। वहाँ उसे होडियाल पट्टे में मिली। मांडण ने जाना कि अब सींहा गया तो वह भी दीवाण की सेवा छोड़ मारवाड में कछा बीदावत के पास चला गया। वहाँ उसने अपनी कटार डालकर कहा—कछा! तू बीदा का बेटा है तो अब जो तू कटार बँधावे तो मैं बाँधूँगा। कछा अपने साथ सहित मांडण की सहायता को चला। मार्ग में उदयसिंह देवड़ा नाहर की पालड़ी (गाँव) में रहता था। उसके पास अच्छे अच्छे राजपूत थे। सींहा और मांडण दोनों की बेटियाँ उदयसिंह को ब्याही थीं। माडण की बेटी पति की कृपापात्र और सींहा की कन्या दुहागन थी। मांडण ने अपने चारण के हाथ बेटी को कहलाया कि बाई! तू अपने पति से कह देना कि "हम यहाँ अपना वैर लेने को दौड़ते हैं, आपके ललाट पर दही चढ़ाया है, आप बड़े सरदार हो सो टाला दे देना"। उसी समय सींहा के चाकर ५ राजपूत रिसाकर सिंघलवाटी छोड़ होडियाल की ओर जाते थे। उनको मनाने के लिए सींहा भी उधर आ गया। उनको

देखकर सीहा घोड़े से उतर पड़ा। राजपूतों ने उसके भोजन की तैयारी करना चाहा तो उसने कहा कि यहाँ मांडण पास ही है, अपने चलकर साथियों से मिल जावें। राजपूतों ने कहा "सीहाजी! तो चाँद को कौन गोदी में पकड़ सकता है" (भावी टलने का नहीं ?)। सीहा वहीं उतर पड़ा; एक राजपूत बकरा लेने गया, दूसरा घृत, चावल, मैदा लाने को दौड़ा। उन राजपूतों की माता बैलगाड़ी पर चढ़ी तो क्या देखती है कि बरछियाँ चमक रही हैं। मांडण आ पहुँचा और वहाँ ब्राह्मणों की गाड़ियाँ जा रही थीं। उधर जाकर पूछा कि हम गजनीखाँ के चाकर हैं, बताओ सीहा सिंधल कहाँ है ? ब्राह्मण बोले महाराज! हमारा स्वामी भी कहीं पास ही होगा। मांडण अपने कटक के शामिल होकर सीहा पर जा गिरा तब उस राजपूतानी ने गाड़ी पर से उतरकर बेटों को कहा कि "अरे पुत्रो! सीहा बहुत राजपूतों का धनी है, इस वक्त देखना है कि तुम किस तरह अपना कर्तव्य पालन करते हो"! इन राजपूतों ने शस्त्र सँभाले और खूब लड़े, सीहा मारा गया। राघो वाल्हेत नामी राजपूत सीहा के पास था। वह पग से खोड़ा एक पाँव काठ की घोड़ी में रखता था। उसने सेवा के सामने वह घोडी फेंक दी और कहा भाई, इतने दिन इसको दाना चारा मैंने खिलाया अब तुम खिलाना। बरछा हाथ में पकड लिया और बड़े पराक्रम के साथ लड मरा। सीहा को मारकर मांडण कूँपावत लौटा और उदयसिंह देवडा के यहाँ आया। इतने में वह राजपूत जो कहीं (भोजन का) सामान लेने गया था, आ पहुँचा। माता से पूछा कि तेरा कुछ गया तो नहीं! कहा, कुछ भी नहीं गया। बेटा तू बच गया। राजपूत बोला तेरे सब ही गये, मैं भी लड़ मरूँगा और वह भी मांडण के पास जा, लड़ाई कर मारा गया।

यह बात सब जगह फैल गई कि मांडण कूँपावत ने सीहा सिंघल को मारा है। जब उदयसिंह ने यह सुना तो बोल उठा कि "मा जही मांडणरी" (एक गाली है) "मेरी तलहटी में सीहा को मारा"। मांडण की बेटी ने पति (उठते हुए) का पल्ला पकड़ा और कहा "आप क्या करते हैं, आपके वैर फिरता है, आपके सिर पर तो दही का तिलक लगाया था"। ऐसा कहकर पीछा बिठाया। उदयसिंह के राजपूत सब कचहरी में आ इकट्ठे हुए बाट जोहते थे कि गश्त सजकर स्वामी आवे तो झगड़े को चलें। उस वक्त सीहा की बेटी ने निकलकर कहा—"ठाकुरो! वह तो मांडण का जमाई है, उसकी बेटी की बात मान ली है। तुम्हारे में कोई रजपूतानी का जाया है कि नहीं जो इस भूमि की लाज रक्खे ?" तुरंत राजपूतों ने पायगाह में से ८२ घोड़े खोल लिये और एक एक घोड़े पर दो दो सवार हो १६० राखबंद जा पहुँचे। हाथों में ढालें पकड़ घोड़ों पर से उतर पड़े और झगड़ा किया। कछा बीदावत और ५० आदमी मांडण के मारे गये, मांडण घायल हुआ। ये सही सलामत खड़े रहे। उस वक्त (मारवाड़ का) राव चंद्रसेन सुवरोट के पहाड़ों में था। सो राव के सैनिकों ने आकर सब देवड़ों को ठिकाने लगाया। उसी दिन से कछा की साहिबी टूट गई, सिंघलों से लड़ाई की तब कछा १५ वर्ष का था। मांडण की जागीर में वृद्धि हुई।

आठवाँ प्रकरण

नरा सूजावत और राव गांगा

नरा सूजावत—(राव सूजा का पुत्र, जिसको उसके पिता ने फलोदी जागीर में दी थी।) राठोड़ खींवा (खेमराज) पोहकरण में राज करता था जहाँ बालनाथ जोगी का आश्रम था। वह गढ़ी के स्वामी हरभू साँखला मेहराजोत की कन्या का विवाह जेसलमेर के भाटी कलिकर्ण के साथ हुआ था, वह अपने पिता ही के घर रहती थी। उसके एक कन्या नक्षत्र (मूल) में उत्पन्न हुई, (प्रायः हिंदुओं में इस नक्षत्र में पैदा होनेवाले बालक को बुरा समझते हैं) इसलिए उसको वन में फेंक आये। उसी अवसर पर हरभू फलोदी गया था, पीछा लौटते हुए उसने जंगल में बालक के रोने का शब्द सुना और एक बालक को पड़ा देखकर पूछा यह किसका बालक है, तो यही उत्तर मिला कि कोई डाल गया होगा सो रोता है। हरभू उसको उठाकर घर पर ले आया और धाय रखकर भली भाँति उसका पालन-पोषण करने लगा। (उसकी स्त्री ने) जब उस बालिका का वस्त्र पहचाना तो कहा कि इसको क्यों लाये, यह तो बुरे नक्षत्र में पैदा हुई है। हरभू ने उत्तर दिया कि नहीं, यह शुभ नक्षत्र में जन्मी है। इसका परिवार बढ़ेगा और यह अपने पिता तथा पति दोनों के कुल को उज्ज्वल करेगी। नाम उसका लक्ष्मी रक्खा। उन्हीं दिनों में हरभू के भी कन्या जन्मी। ये दोनों, मौसी भानजियाँ परस्पर जोड़ा करती बड़ी हुईं तब संबंध की फिकर करने लगे। हरभू ने ब्राह्मण को बुलाकर कहा कि बाई लक्ष्मी का नारियल पोहकरण के खींवा राठोड़ को ले जाकर दे आ।

ब्राह्मण गया और कहा कि कलिकर्ण भाटी की बेटी और हरभू साँखला की दोहिती का नारियल लाया हूँ। खींवा बोला—हमने सुना है कि उसके ग्रह बुरे हैं इसलिए यह सगाई मैं न करूँगा, यदि हरभूजी की कन्या दें तो ब्याह लूँ। तब ब्राह्मण पीछा लौटा, सारी बात हरभू से कही। हरभू कहने लगा कि भाई जिसके घर बेटी जन्मी वह जन्म हार गया, अब क्या किया जावे। फिर अपनी कन्या का नारियल खींवा के पास भेज दिया। उसने भी उसे वधा-कर लिया और शुभ मुहूर्त्त में जान बना विवाह करने आया। लक्ष्मी का नारियल और भी दो तीन जगह भेजा गया, परंतु सबने पीछा फिरा दिया।

राव सांतल जोधपुर में राज करता था और सूजा शिकार खेलता फिरता था। एक बार वह गढ़ों के पास आ निकला। तब हरभू ने उसके साथ लक्ष्मी का विवाह कर दिया। उसके दो पुत्र बाघा और नरा हुए, सांतल के बेटा नहीं था। इसलिए (उसके पीछे) सूजा गद्दी बैठा और लक्ष्मी राजराणी हुई। उसका भाई जैसा राव सूजा के पास आकर रहा, जिसकी संतान जैसा भाटी हैं। राव सूजा ने मारवाड़ का अच्छा प्रबंध किया, बाघा को बगड़ी और नरा को फलोदी जागीर में दी। राणी लक्ष्मी फलोदी में नरा के पास रहती थी। एक दिन वर्षाकाल में घड़ी चार एक रात गये नरा अपनी माता के पास भोजन करने आया था, उस वक्त एक दासी ने झरोखे में जाकर देखा और बोली—"आज पोहकरण पर खींवण होती है" (बिजली चमकती है)। तब लक्ष्मी ने निःश्वास छोड़ा। नरा ने पूछा—"माता ! तुम्हारे बाघा और नरा जैसे पुत्र हैं फिर निःश्वास क्यों डाला" ? "रावजी भी आनंद में हैं।" माता बोली "बेटा, मुझसे मत पूछ"। नरा ने आग्रह किया तो

कहा—"इस पोहकरणवाले ने कुमारेपन में मेरी निंदा की थी"। नरा बोला—"माजी ! इसके घर में तुम्हारी मौसी है इसलिए मैं कुछ नहीं बोलता हूँ, कहो तो अभी उसका गढ छीन लूँ"। लक्ष्मी ने कहा "बेटा ढील मत कर"। तब नरा ने अपने पुरोहित को कहा कि तू सहायता दे तो पोहकरण लेऊँ। पुरोहित ने उसे स्वीकारा। नरा बोला कि कल मैं तुझपर क्रोध करके तुझे बुरा भला कहूँगा, तू भी मुझे वैसा ही उत्तर देना और रिसाकर ऊँट पर चढ पोहकरण चला जाना। प्रभात हुआ, पुरोहित आया, तब नरा क्रोध कर उसे कहने लगा—"हरामखोर ! तू मुझे मुँह मत दिखा। तू मेरे राज मे विरोध फैलाता है, मैं तुझे नहीं चाहता, जा काला मुँह कर"। पुरोहित ने भी वैसा ही उत्तर दिया—"नरा ! तू किस तरह बोलता है, हाल तो रावजी सलामत हैं, और उनके कुँवर भी बहुत हैं, तू किस बाग की मूली है"। इतना कह उठा और चाकर के पास से छागल (पानी भरने की मशक) ले कोठडी में जा ऊँट पर पलाण कस बैठकर चल दिया और यह कहा—"नरा ! अब तुझे जो जुहार करूँ तो अपने वैरी को करूँ"। चाकरों ने आकर नरा से कहा कि आपकी खासा सवारी के ऊँट पर पुरोहित ने काठी माँडी है। नरा बोला—"उस हरामखोर को जाने दे ! किसी प्रकार वह मेरी निगाह से टले"। पुरोहित पोहकरण गया। जहाँ उसकी सुसराल थी, वहाँ जाकर वह सदा घर मे बैठा रहता, बाहर कभी न निकलता था। उसके ससुर तथा साले ने इसका कारण पूछा तो उसने कहा कि मैं नरा से लडकर आया हूँ। सुसरालवालों ने राव खींवा से जाकर यह बात कही कि हमारा जमाई नरा से रिसाकर आया है। तब खींवा ने पुरोहित को बुलाया और नरा से रिसाने का कारण पूछा—कहा, यहाँ

ब्राह्मण गया और कहा कि कलिकर्ण भाटी की बेटी और हरभू साँखला की दोहिती का नारियल लाया हूँ। सांवा बोला—हमने सुना है कि उसके ग्रह बुरे हैं इसलिए यह सगाई मैं न करूँगा, यदि हरभूजी की कन्या दें तो ब्याह लूँ। तब ब्राह्मण पाछा लौटा, सारी बात हरभू से कही। हरभू कहने लगा कि भाई जिसके घर बेटी जन्मी वह जन्म हार गया, अब क्या किया जावे। फिर अपनी कन्या का नारियल सांवा के पास भेज दिया। उसने भी उसे वधा-कर लिया और शुभ मुहूर्त में जान बना विवाह करने आया। लक्ष्मी का नारियल और भी दो तीन जगह भेजा गया, परंतु सबने पीछा फिरा दिया।

राव सांवल जोधपुर में राज करता था और सूजा शिकार खेलता फिरता था। एक बार वह गढ़ी के पास आ निकला। तब हरभू ने उसके साथ लक्ष्मी का विवाह कर दिया। उसके दो पुत्र बाघा और नरा हुए, सांवल के बेटा नहीं था। इसलिए (उसके पीछे) सूजा गद्दी बैठा और लक्ष्मी राजराणी हुई। उसका भाई जैसा राव सूजा के पास आकर रहा, जिसकी संतान जैसा भाटी हैं। राव सूजा ने मारवाड़ का अच्छा प्रबंध किया; बाघा को बगड़ी और नरा को फलोदी जागीर में दी। राणी लक्ष्मी फलोदी में नरा के पास रहती थी। एक दिन वर्षाकाल में घड़ी चार एक रात गये नरा अपनी माता के पास भोजन करने आया था, उस वक्त एक दासी ने झरोखे में जाकर देखा और बोली—"आज पोहकरण पर खींवण होती है" (बिजली चमकती है)। तब लक्ष्मी ने निःश्वास छोड़ा। नरा ने पूछा—"माता! तुम्हारे बाघा और नरा जैसे पुत्र हैं फिर निःश्वास क्यों डाला"? "रावजी भी आनंद में हैं।". माता बोली "बेटा, मुझसे मत पूछ"। नरा ने आग्रह किया तो

कहा—"इस पोहकरणवाले ने कुमारेपन में मेरी निंदा की थी"। नरा बोला—"माजी ! इसके घर में तुम्हारी मौसी है इसलिए मैं कुछ नहीं बोलता हूँ, कहो तो अभी उसका गढ़ छीन लूँ"। लक्ष्मी ने कहा "बेटा ढील मत कर"। तब नरा ने अपने पुरोहित को कहा कि तू सहायता दे तो पोहकरण लेऊँ। पुरोहित ने उसे स्वीकारा। नरा बोला कि कल मैं तुझपर क्रोध करके तुझे बुरा भला कहूँगा, तू भी मुझे वैसा ही उत्तर देना और रिसाकर ऊँट पर चढ़ पोहकरण चला जाना। प्रभात हुआ, पुरोहित आया, तब नरा क्रोध कर उसे कहने लगा—"हरामखोर ! तू मुझे मुँह मत दिखा ! तू मेरे राज मे विरोध फैलाता है, मैं तुझे नहीं चाहता, जा काला मुँह कर"! पुरोहित ने भी वैसा ही उत्तर दिया—"नरा ! तू किस तरह बोलता है, हाल तो रावजी सलामत हैं, और उनके कुँवर भी बहुत हैं; तू किस बाग की मूली है"। इतना कह उठा और चाकर के पास से छागल (पानी भरने की मशक) ले कोठडी मे जा ऊँट पर पलाण कस बैठकर चल दिया और यह कहा—"नरा ! अब तुझे जो जुहार करूँ तो अपने वैरी को करूँ"। चाकरों ने आकर नरा से कहा कि आपकी खासा सवारी के ऊँट पर पुरोहित ने काठी माँडी है। नरा बोला—"बस हरामखोर को जाने दो ! किसी प्रकार वह मेरी निगाह से टले"। पुरोहित पोहकरण गया। जहाँ उसकी सुसराल थी, वहाँ जाकर वह सदा घर मे बैठा रहता, बाहर कभी न निकलता था। उसके ससुर तथा साले ने इसका कारण पूछा तो उसने कहा कि मैं नरा से लड़कर आया हूँ। सुसरालवालों ने राव खींवा से जाकर यह बात कही कि हमारा जमाई नरा से रिसाकर आया है। तब खींवा ने पुरोहित को बुलाया और नरा से रिसाने का कारण पूछा—कहा, यहाँ

आया करो, खर्च लो और आनद में रहो, यहाँ भी तुम्हारा घर है। पुरोहित बोला—"राजा, खर्च खाते हैं सो आप ही का है, हाँ तो रावजी विद्यमान हैं उनके कई पुत्र हैं, एक नरा रूठ गया तो क्या हुआ"।

पुरोहित जेठ मास में आया था तब इमली फली हुई थी। जोगी के आश्रम में उसका एक वृक्ष था सो राव (सींवा) के पुत्र रोज वहाँ आते और ऊपर चढकर फल तोडते थे। एक दिन बालनाथ आया तो उसे देखकर कुँवर उतर गये। जोगी ने क्रोध में आकर इमली को तो निष्फल कर दिया और कुँवरों को कहा कि "तुमसे गढ जावेगा और हमारे चेलों से मठ छूटेगा, वे घरबारी हो जावेंगे"। इतना कहकर नाथजी चलते हुए। कई मनुष्यों ने उनको रोका परंतु पीछे न फिरे। राव सींवा की ठकुराणी ईंदी बालनाथ की परम भक्त थी। पहले नाथजी के थाल भेजकर फिर आप भोजन किया करती थी। उस दिन ठकुराणी का मनुष्य भोजन लेकर गया तो किसी ने कहा कि नाथजी तो आज चले गये। पूछा—क्यों? उत्तर दिया कि कुँवरों ने कष्ट पहुँचाया और जाते हुए ऐसा ऐसा कह गये हैं। यह समाचार सुनते ही ईंदा भोजन पर से उठ खडी हुई और नंगे पाँव भागी गई। सात कोस पर जाकर देखा कि जाल के वृक्ष के नीचे नाथजी सोये हुए हैं। वह पहुँचकर पगचंपी करने बैठ गई। नाथ जी की आँख खुली, इसे देखकर पूछा "माता तू क्यों आई? मेरा वचन फिरने का नहीं"। ईंदी बोली, तो हमारी क्या गति होगी? नाथजी ने कहा "तेरे पुत्र होगा, बडा चोर, उसका नाम लूँका देना। वह सात बरस का होगा तब धरती पीछी आवेगी, परंतु इस जाल तक। अब मैं दूसरी तरफ जाऊँगा"। ईंदा पीछी घर आई।

एक दिन राव खींवा वछेरों को देखने के वास्ते ओगरास गाँव को जाता था। पुरोहित को कहा कि तुम भी चलो। वह बोला—हम ब्राह्मणों का वहाँ क्या काम है? राव तो ८० सवार साथ ले, चढ़ गया, और गढ़ का द्वारपाल हाथ में कटार लिये खड़ा था। पुरोहित ने उससे पूछा कि कहाँ जाते हो? पौलिया बोला कि यह कटार किसी को देने जाता हूँ कि सुधरा लावे। पुरोहित ने कहा—"जो मुझे दो, मैं सुधरा लाऊँ"। दर्बान—"नहीं महाराज, आपको सुधराने के लिए क्या दूँ"? पुरोहित—कोई भय नहीं, चाकर ले चलेगा। ऐसा कह कटार लिया, ऊँट मँगा उस पर रजाई पटक चाकर को तो वहीं छोड़ा और आप चढ़कर देहरे के मार्ग से चला। आगे एक पल्लीवाल ब्राह्मण मिला उससे कहा--रे! वित्त ले जाते हैं वाहर कर। ब्राह्मण पुकार उठा, राव नरा ऊँटों पर शस्त्रबंद साथ लिये तयार खड़ा ही था। पाँच सौ सवारों से आगे बढ़ा तो मार्ग में पुरोहित को देखा कि ऊँट को खींचता चला आता है। राना सोहड़ ने कहा कि ब्राह्मण आता है कुछ बात न होवे, वाहर का मामला है। राव नरा बोला "मैं कुछ नहीं कह सकता, चले आओ"। वह ब्राह्मण भी साथ हो लिया। राणा ने फिर कहा कि न तो कोई खोज नजर आवे हैं और न कोई धसका (वैठाने का स्थान) दिखता है, अपने जावेंगे कहाँ? नरा ने उत्तर दिया कि "पोहकरण लेंगे"। राणा कहता है—तब तो कोड़ाधज घोड़े का मुँह कूटो! घोड़े ने नथनें फटकारे, जिनका शब्द गाँव ओगरास में फदडू पहाड़ो तक सुनाई दिया। राव खींवा कोली (वस्तुविशेष) हाथ में लिये न्याल (सुली कोठड़ी) में बैठा छांट (मुँह धोना) डालता हुआ बोल उठा "कोड़ीधज घोड़े के फरड़ेक" (नथनों का शब्द) सुनने में आते हैं, गढ़ भी सुना है। वह थमनिया भी पाँच छः महीने से आकर ठहरा

हुआ है, कुछ उपद्रव सा नजर आता है। खबर के वास्ते पाँच छ सवार भेजे जो पहाड़ा पर जाकर खड़े रहे। इतने में नरा का साथ आन पहुँचा। सवारों ने पूछा कि कौन ठाकुर है। कहा—"नरा बीकावत का साथ है, अमरकोट ब्याहने के वास्ते जाता है"। सवारों ने कहा कि कोडावज घोड़ा तो नरा सूजावत के पास है। किसी ने उत्तर दे दिया कि हमारा घोड़ा बीमार था सो इसको माँग लाये हैं। फिर पूछा कि इतने ऊँटों पर शस्त्र क्यों लदे हैं? "कहा—हमारे वैर भाव है, और राजाओं के साथ अस्त्र शस्त्र होने ही चाहिएँ।" उन सवारों ने राव सूँवा से जाकर कहा कि कुछ दाल में काला है। सब चला जाता है, सब केसरिया किये हैं, सिर पर सेहरा बँधा है और सम्मायच राग गाया जाता है। इतने में नरा पोहकरण जा पहुँचा। पुरोहित ने आगे बढ़कर पोलिये को पुकारा कि झट आ अपनी कटार ले। वह जागकर आँखें मलता हुआ आया, खिड़की खोली और कहा—"लाओ दे दो"। पुरोहित ने कहा "यह लो भाई, हमारे कौन हाथ लगावे"? ज्योंही द्वारपाल ने कटार लेने को हाथ बाहर निकाला कि नरा ने बर्छी मारी जो पीठ में जाती निकली। वह तो पृथ्वी पर गिरा और नरा भीतर घुस पड़ा तथा नगर में अपनी आण दोहाई फिरा दी। सूँवा ने खबर को सवार भेजवाया। उसने पीछा आकर कहा कि नरा सूजावत ने पोहकरण लिया और वहाँ उसकी दुहाई फिर गई है।

(निराश हुआ) सूँवा पोहकरण से तीन चार कोस बाजू में होकर निकला। मार्ग में एक गडरिया मिला जो एक सिसकते हुए बकरे को कंधे पर लादे चला आता है। उसने आकर सूँवा को वह बकरा दिया। सूँवा ने बाबा से पूछा कि यह क्या भाव कहता है। बाबा बोला—सूँवा! आप जितने कोस जाकर इस बकरे को खायें

उतने वर्षों में नरा को मारेंगे, खींवा ने पाँच छकड (३० पैसे) देकर उससे बकरा लिया। गडरिये ने पैसे लेने से इन्कार किया तो कहा कि ले ले। हमारे यह शकुन की बात है। फिर १२ कोस भिणोयाणे (गाँव) जाकर बकरा खाया। जब नरा ने गढ में प्रवेश किया तो खींवा की स्त्री ने कहा— 'बेटा हमको क्यों निकालता है ? हम तो कैर काटा खाते हुए बैठे थे'। नरा बोला—"नानीजा ! तुम कैर काँटे खाओ, हम वहाँ गहूँ खावेंगे"। ऐसा कह राजलोक को बाहर निकाला। वे बाहडमेर जाकर बसे और वहाँ से दौड धूप करने लगे। नरा ने पोहकरण की भूमि आबाद की और सातलमेर का गढ बनवाया।

जब (खींवा का पुत्र) लूँका बारह वर्ष का हुआ तब राव खींवा, चाचा वरजांग लूँका सब मिलकर चले और उन्होंने पोहकरण के पशु छीन लिये। राव नरा छुडाने को चढा, लडाई हुई। नरा ने लूँका के पीछे घोडा दिया और उसे जा लिया। तब उसने चलते चलते ही तलवार की एक हाथ ऐसा किया कि सिर तन से जुदा होगया और नरा का घोडा धड को लिये ही २०० कदम तक चला गया। नरा को मारकर खींवा आदि गाँव भिणोयाणे में ठहरे और नरा के साथी पोहकरण आये। हकीकत कही तो नरा की स्त्रियाँ सती होने को निकलीं। देखें तो पति के धड पर मस्तक नहीं है। पोहकरणों के पास मस्तक मँगवाया। उन्होंने कहा—हम तो मस्तक नहीं लाये, वहाँ दो सौ कदम पर गाडो में सिर पडा हुआ है सो मँगवा लो। वहाँ एक कैर एक गागवण और एक और वृक्ष था जिनमें पडे हुए नरा के मस्तक को लाये। उसे गोद में रख स्त्रियों ने सत किया। नरा के पाछे उसका पुत्र गोयद टाके बैठा। नित लडाइयाँ होने लगीं। धरती बसने न पावे। तब राव सूजा ने गोयंद और खींवा दोनों को

बुलाकर उन्हें आधो-आध भूमि बाँट दी और जहाँ नरा का मस्तक पड़ा था वहाँ सीमा बाँधी जो आज तक चली जाती है। सं० १५५१ चैत्र वदि ५ को नरा मारा गया। गोयद के पुत्र जैतमाल और हमीर थे, आधी फलोदी हमीर को मिली और जैतमाल के सांवलमे रहा। कुछ अर्से पीछे राव मालदेव ने दोनों के ठिकाने छीन लिये।

राव गांगा वीरमदेवोत—कितनेक बड़े ठाकुर जोधपुर आये। उनमें से कितनेक तो मुँहता रायमल के यहाँ ठहरे और सर्दार दरीखाने आ बैठे। इतने में वर्षा आ गई। तब उन ठाकुरों ने वीरमदेव की माता सीसोदणी को कहलाया कि बरसात से यहाँ रुक गये हैं सो भोजनादि का प्रबंध करा दीजिये। राणी ने उत्तर भेजा कि चकमें ओढ़कर डेरे पधारो, यहाँ आपको कौन जिमावेगा। फिर ठाकुरों ने गांगा की माता के पास खबर भेजी, तो उसने कहलाया कि "आप दरीखाने ठहरें, आपकी सेवा की जावेगी।" भलीभाँति रसोई बनवाकर उनको जिमाया, ठाकुर बहुत प्रसन्न हुए। उसने अपनी धाय को भेजकर पुछवाया भी कि और जो कुछ चाहिए सो पहुँचाया जावे। ठाकुरों ने कहलाया कि सर्व आनद है और साथ ही यह भी संदेश भेजा कि आपके कुँवर गांगा को जोधपुर की मुबारकबादी देते हैं। राणी ने आशिष भेजा और कहलाया कि "जोधपुर मैंने पाया, तुम्हारे ही हाथ है"। राव सूजा का देहांत हुआ और टीका देने का समय आया तब इन ठाकुरों ने गांगा को तिलक दिया और वीरमदेव को गढ से नीचे उतारा। उतरते हुए मार्ग में रायमल मुँहता मिला। उसने कहा कि यह तो पाटवी कुँवर है, इसको गढ़ से क्यों उतारते हो? उसको पीछा ले गया, तब सब सर्दारों ने मिलकर उसको सोजत दी। वीरमदेव पागल हो गया। मुँहता रायमल उसका काम सँभालता था और वह दिन भर पलँग पर बैठा रहता

था। राव गांगा सोजत पटे का एक गाँव लूटता तो रायमल जोधपुर के दो गाँव लूट लेता था। इस तरह दोनों भाइयों में विरोध चलता रहा। जैता जोधपुर का श्रौर कूँपा सोजत का चाकर था (ये दोनों भाई राव रणमल के पुत्र थे)। जैता की बसी बगड़ी राव वीरमदेव के विभाग में आई थी। बीस हजार का पटा था। जैता को वीरमदेव ने अपनी सेना का सेनापति बनाया श्रौर बगड़ी उसके बहाल रक्खी। वह भी सोजत का हितेच्छु था। गांगा ने उसको कहा कि तुम बगड़ी छोड़कर बीलाड़े आ रहो। तब उसने बगड़ी में अपने धायभाई रेडा को पत्र लिखा कि अपनी बसी बीलाड़े ले जाना। धायभाई ने सोचा कि जो वीरमदेव बगड़ी नहीं छुड़ाता है तो फिर हम क्यों छोड़ें श्रौर वहीं बना रहा। वीरम श्रौर गांगा के सैनिकों में युद्ध हुआ, राव वीरम की जीत हुई श्रौर राव गांगा के सैनिक भाग निकले। गांगा ने पूछा कि इसका क्या कारण कि मेरे लोग हार गये। किसी ने कहा कि जब तक जैता के बगड़ी है तब तक तुम नहीं जीत सकते। राव ने जैता को बुलाकर उपालम्भ दिया, तब उसने फिर रेडा धायभाई को लिखा कि तूने मुझको रावजी के पास से उपालंभ दिलवाया, अब बगड़ी को रखना। रेडा ने विचारा कि रायमल को मारूँ तो ठीक हो। इस इरादे से वह सोजत गया, रायमल से मिला, वह वक्त पहनकर दर्बार में जाता था। रेडा को भी कहा कि चलो मुजरे को चलें। उसको साथ लिये राणीजी के मुजरे को गया। राणीजी ने पूछा— "वीर! यह कौन है?" कहा जैताजी का धायभाई, तब पावों लगाया। पीछा लौटते वक्त राणी ने रायमल को कहा कि "वीर! इसकी दृष्टि मुझे बुरी दीखती है, तू इसका विश्वास न करना"। रायमल बोला कि यह तो अपना ही आदमी है तो भी सीसोदणी ने यही कहा कि

यह विश्वास के योग्य नहीं है। रायमल दरीखाने को चला। धायभाई ने विचारा कि इसको मारने का यही अच्छा अवसर है, दरीखाने में तो हजार मनुष्य हैं वहाँ यह मरने का नहीं, अभी अकेला है। महल पर एक चील आ बैठी थी उसके उड़ाने को कंकर लेने के लिए रायमल नीचे झुका। उस वक्त रेडा ने उसके तलवार मारी, परंतु वह हाथ खाली पड़ा, केवल पीठ पर थोडा सा घरका (चीरा) आया। रायमल ने पलटकर हाथ मारा और रेडा का काम वहीं तमाम कर दिया। फिर वह वहाँ खड़ा हो गया। बगड़ी के मनुष्य भी, जो भाग गये थे, ठहर गये।

राव गांगा ने जैता को कहा कि किसी तरह कूँपा को अपनी तरफ बुला लो। जैता ने कहा, मैं पत्र लिखूँगा और आप भी लिखें। दोनों ने पत्र लिखकर आदमी के हाथ कूँपा के पास भेजे। जैता ने लिखा कि "भाई! वीरमदेव के तो पुत्र है नहीं, जब यह मर जायगा तब पीछे ही तो जोधपुर की सेवा में आना है, अभी रावजी एक लाख का पट्टा देते हैं सो ले लो"। कूँपा ने पत्र पढ़कर मन में विचारा कि बात तो ठीक है। उत्तर भेजा कि जो रावजी एक वर्ष तक सोजत पर कटक न चढ़ावें तो मैं आऊँ। राव गांगा ने सोचा, बारह महीने तो बात की बात में बीत जावेंगे, उत्तर भेजा कि "नहीं करेंगे"। कूँपा ने रायमल के पास जाकर विदा चाही और कहा मैं जोधपुर जाता हूँ, वीरमदेवजी के बेटा नहीं है, पाछे ही तो जाना पड़ेगा। रायमल बोला—"वीरमदेव का लिया हुआ सोजत तो सेखावत की छाती पर पग धरकर उतारेगा, आप पधारिए"। कूँपा चला गया। उसके जाते ही सब रायमलों ने सोजत छोड़ दिया, केवल ७०० सवार यहाँ रह गये।

जोधपुर जाकर कूँपा ने सलाह दी कि सोजत के दो दो चार चार गाँव प्रति वर्ष लेते जाओ। इस पर राव गांगा ने धौलहरे में

आकर थाणा जमाया, चार हज़ार आदमी वहाँ रक्खे और मांडा रूपावत, सांखला रायपाल और सहाणी गांगा डूंगरसिंहोत को सँभाल पर छोड़ा। होली के दिन मांडावा नामी अरहट पर रायमल दिन भर रहा, गेठ की और गुप्तचर भेजे। उन्हें कहा कि चौपड़े गाँव मे गांगा की बस्ती है, आज वह घर जावेगा तब तत्काल मुझे खबर देना। हेरे (जासूस) धोलहरे गये, होली जल चुकी और रात्रि एक पहर बीती, तब गांगा सहाणी के पास गया और कहा कि कहो तो घर जा आवें। सहाणी ने कुछ उत्तर न दिया, तो फिर पूछा और कहा बोलता क्यों नहीं है ? तब गांगा से सहाणी कहने लगा कि "रायमल सात कोस पर बैठा है और तुम घर जाना चाहते हो।" गांगा ने कहा "सहाणीजी ! आज तो वह बनिया गेंदर खेलता होगा, वहाँ कहाँ से आवेगा।" सहाणी ने यही कहा कि प्रभात ही आकर इन चार हज़ार मनुष्यों की दाह-क्रिया करोगे। गांगा तो हँसता हँसता सवार होकर घर की तरफ चला कि तुरंत गुप्तचरों ने दौड़कर रायमल को खबर पहुँचाई। वह उसी वक्त चढ़ा और (धोलहरे) आकर चार ही हज़ार को काट डाला, उनके घोड़े ले गया। जाकर राव वीरमदेव के नज़र किये। कहा, आपके बाप-दादों के घोड़े लाया हूँ। बनिये ने ऐसा काम किया कि फिर दो वर्ष तक राव गांगा सँभल न सका।

हरदास ऊहड़ राव गांगा की सेवा छोड़ आया और रायमल को कहा कि जो राव गांगा से युद्ध करो तो मैं तुम्हारे पास रहता हूँ। उसने कहा—"हाँ, करेंगे।" तब ऊहड़ वहाँ रहा। वीरमदेव की सवारी का घोड़ा उसको चढ़ने के वास्ते दिया गया और गांगा से लड़ाई छेड़ी। एक युद्ध में हरदास घायल हुआ और घोड़े के भी घाव लगे; ऊहड़ को झोना में डालकर सोजत लाये और उसके घाव

बँधवाये। राव वीरम बोला—"हरदास, तूने मेरा घोड़ा खो दिया।" हरदास ने उत्तर दिया कि "जो मेरे रहते घोड़ा गया हो तो मुझे उपालंभ दो"। (इस पर अप्रसन्न होकर) हरदास वीरमदेव को छोड़कर नागोर में सरखेलख़ाँ के पास जा रहा। वीरम के भाई शेखा सूजावत सोजत आया और सीसोदणी से मिलकर कहा कि मुझे तुम अपने में शामिल कर लो। सीसोदणी ने रायमल से पूछा, उसने इंकार कर दिया, परंतु सीसोदणी ने उसका वचन उल्लंघन कर शेखा को अपने में शामिल किया। तब तो रायमल ने विचारा कि अब यहाँ रहने का धर्म नहीं है, राव गांगा को कहलाया कि "अब तुम आवो तो धुंहों सिकरेगी, सूजा के पास धरती न जावेगी। मैं काम आऊँगा, धरती तुमको दूँगा।" तब राव गांगा और कुँवर मालदेव दोनों कटक जोड़ सोजत आये। राव वीरम दूधा के पलँग की प्रदक्षिणा कर बाहर निकला और अपना साथ इकट्ठा कर मुकाबले को चला। खूब लड़ाई की, रायमल जूझता हुआ मारा गया और सोजत पर राव गांगा का अधिकार हो गया।

नवाँ प्रकरण

हरदास ऊहड़ की दूसरी वार्ता

हरदास ऊहड़ मोकलोत के २७ गाँव सहित कोढणा पट्टे में था। वह लकड़ चाकरी (प्रति वर्ष राज्य में नियत परिमाण का ईंधन पहुँचाना) नहीं करता, केवल आकर मुजरा कर जाता था, इसलिए कुँवर मालदेव उससे अप्रसन्न रहता था। उसने कोढणा भाँण को दिया। हरदास ऐसा वैसा मनुष्य न था कि उसके सन्मुख यह बात करने का किसी का हियाव पड़े। चाकरी भाँण करता और पट्टा हरदास खाता था। इस तरह तीन वर्ष बीत गये। एक बार भाँण और हरदास के कामदारों में परस्पर झगड़ा हो गया, हरदास ने यह बात सुनी और पूछा कि क्या मामला है? तब उत्तर दिया कि पट्टा तुमसे उतर गया है। वह बोला कि पट्टा उतर जाने पीछे गाँव में रहकर मैंने अन्न-जल लिया सो बुरा किया; फिर छोड़कर सोजत में वीरमदेव के पास चला गया। वहाँ जब घोड़े के वास्ते कहा-सुनी हुई तो वहाँ से भी छोड़ी और नागोर को चला। उस वक्त शेखा सूजावत पीपाड़ में रहता था। उसने आकर उसको मार्ग में रोका और कहा कि क्या मारवाड़ में कोई ऐसा राजपूत नहीं है जो हरदास के घावों की मरहम पट्टी कर सके। हरदास बोला—शेखा! मुझको समझकर रखना, जो तू राव गांगा से लड़ने में समर्थ हो तो मुझे रखना। शेखा ने कहा कि तुम खुशी से रहो। वह वहाँ ठहर गया। अब शेखा और हरदास रात-रात भर महल में बैठे सलाह करें और शेखा की ठकुरानियाँ रात भर बैठी टंडे मरें। एक

दिन उन्होंने अपना दुखड़ा सास के आगे जाकर रोया, कि हम तो रंडे मरती बैठी रहें और तुम्हारा बेटा रातों हरदास के साथ सलाह किया करे। सास बोली कि आज हरदास पीछा जावे तब मुझे खबर देना। वह पिछली रात को लौटा, शेखा की माता मार्ग में राय आँगन में खड़ी थी। हरदास ने उसे देखकर मुजरा किया। उसने कहा "बेटा हरदास! कहीं शेखा की माता की टपरी को मत उजाड़ देना।" हरदास ने उत्तर दिया "माजी! पहले हरदास की माता की टपरी उठेगी, उसके पीछे शेखा की मा का टापरा उजड़ेगा। बिना टापरा उजड़े जोधपुर आने का नहीं। या तो टापरा उजड़े या जोधपुर आवे।"

राव गांगा के भले आदमी शेखा के पास आये और कहा कि जितनी धरती में फरट (घास विशेष) हो वह तुम्हारी और जितनी में भुरट पैदा हो वह हमारी रहे। तब शेखा ने कहा कि हरदास धरती बाँट ले, बात तो ठीक है, परंतु हरदास ने यह बात न मानी। उस वक्त जग्गा आसिया ने यह दोहा कहा—

दोहा

"ऊहड़ मन आयी नहीं कहे वचन हरदास।
का सेखो सिगलो लहै का गांगै सब ग्रास॥"

हरदास बोला—"ऊहड़ से यह नहीं हो सकता। या तो सब ग्राम शेखा ही के रहे या गांगा के। एक जोधपुर के दो भाग कैसे करें? एक पहाड़ी है जिसे धड़ी में पिरोकर मैं तुमको ला दूँगा।" भले आदमी पीछे लौट गये और कहा—वह तो यह बात नहीं मानता, लड़ाई करेगा। राव गांगा ने सेना एकत्रित की, बीकानेर से राव जैतसिंह को भी बुलाया; और शेखा तथा हरदास नागोर में सरखेलखाँ के पास सहायता को गये। कहा, हम तुमको और

दौलतखान को (बेटी) ब्याह देंगे, हमारी मदद कर। शेखा बोला "रे हरदास! बेटियाँ किसकी देगा?" उसने उत्तर दिया "कहाँ की बेटियाँ, तलवारों को सिर पर झोंक उड़ेंगी, यदि जीते रहे तो बहुत से रिणमल (राव रणमल के वंशज) हैं, जिनकी दो लड़कियाँ दे देंगे और जो मारे गये तो कौन ब्याहे और किसकी बात।" दौलतखान को लिये शेखा बेराही गाँव में आ उतरा और राव गांगा ने धांधाणी में आकर डेरा डाला। दोनों के बीच दो कोस का अंतर था। राव गांगा ने शेखा को फिर कहलाया कि जहाँ अभी आप ठहरे हैं वही अपनी सीमा रहे, आप काका हैं, पूज्य हैं, परंतु उसने एक न मानी। यही उत्तर दिया कि "काका के बैठे जब तक भतीजा राज करे तब तक मुझे नींद आने की नहीं। मैंने खेत बुहारने की सेवकाई की है, अब अपना युद्ध ही हो।" तब तो गांगा ने भी साफ कह दिया कि "बहुत अच्छा, कल युद्ध करेंगे।" गांगा के ज्योतिषी ने कहा "राज! कल तो अपने योगिनी सम्मुख की है और विरोधी के पीठ की।" राव गांगा ने राव जैतसी को पुछवाया कि कल तो योगिनी सम्मुख बतलाते हैं। जैतसी ने उत्तर भेजा कि युद्ध करना तो अपने हाथ में नहीं, उनके हाथ में है। इतने में चारण खेमा कन्हैया बोला "जोगनी किस पर सवार है?" कहा, सिंह पर। उसने कहा "यह तो सब ब्राह्मणों की भुलावा देने की बातें हैं, जोगनी का वाहन तो और ही होता है।" ब्राह्मण बोला "काग पर सवार है।" तब चारण ने कहा कि "काग तो ढोरों से भाग जाता है, इसलिए शेखा भी गांगा के दो ही वीरों से भाग जावेगा।" प्रभात हुआ, सरखेलखाँ के एक हाथी था, नाम उसका दर्याजोई। उसके दोनों तरफ चालीस चालीस हाथी पाखरें पड़े हुए रक्खे और उसको भी लोहे से गर्क कर दिया और फौज के मुँह पर उसको रक्खा। राव गांगा मुकाबले पर आया,

तब दौलतखान बोला "शेखाजी तुम तो कहते थे वे भाग जावेंगे"। शेखा ने कहा "खाँ साहब! जोधपुर है, यूँही तो कैसे भाग जावें।" तब तो वह चसका, जाना कि चूक न हो। उसी वक्त राव गांगा ने ललकारा "खान! कह तो तेरे तीर मारूँ और कह तो महावत के।" हाथी आगे बढ़ा, तब महावत को तीर मारकर गिराया। दूसरा तीर हाथी के लगा और वह भागा। दौलतखाँ ने भी पीठ दिखाई। तब तो शेखा ७०० सवारों सहित घोड़ों से उतरकर रणखेत में पड़ा। वह तो भागना जानता ही न था। सबके मन मारे गये, शेखा और हरदास अपने अपने बेटों सहित काम आये, तुर्क भागे। राव गांगा ने देखा कि शेखा घायल खेत में पड़ा है तब उससे पूछा "शेखाजी धरती किसकी?" राव जैतसी ने उसपर छत्र कराया जल पिलाया, अमल खिलाया, तब शेखा ने आँख खोलकर पूछा "तू कौन है?" कहा "राव जैतसी"। शेखा ने कहा—"रावजी! हमने तुम्हारा क्या बिगाड़ा था? हम तो काका भतीजा धरती के वास्ते लड़ते थे, अब जो मेरी गति हुई है वैसी ही तुम्हारी भी होगी।" इतना कहते ही शेखा के प्राण मुक्त हुए। खान के हाथियों में से अच्छे अच्छे तो कुँवर मालदेव ने ले लिये और खासा सवारी का बड़ा हाथी भागकर मेड़ते गया, उसे मेड़तियों ने बाँध रक्खा। उसके लिए मालदेव और मेड़तियों में विरोध पड़ा। (स० १५१५ में वीरमदेव जोधावत ने मेड़ता बसाया और स० १६११ में राव मालदेव ने मेड़ता लिया) दौलतखान भागा जिसकी साखी की घूमर—

"थाँनी पूछे र दोलतिया ते हाथी केथा किया रूडा रूडा रावै लिया पाछा पाछा दिया।"

"थाँनी पूछे रे दोलतिया वे मीयाँ केथा किया ऊँचे मगरै घेर खपाई सो बाधै बाधै दिया।"

मेड़तिये (राठौड़ों) ने उस हाथी के पावों को बँधवाया, और उसको भीतर ले जाने लगे परंतु पोल छोटी से हाथी जा सके नहीं तब दर्वाजे को तुड़वाकर अंदर ले गये। शकुनियों ने कहा कि यह काम बुरा किया कि दर्वाजा तुड़वाया। बोले अब क्या है, जो होना था सो हुआ। राव गांगा और कुँवर मालदेव ने सुना कि हाथी वीरमदेव के पास मेड़ते गया तो उसको मालदेव ने पीछा मँगवाया, कहलाया—"यह हाथी हमारा है, हमने लडाई करके लिया है सो भेज दो।" परंतु मेडतियों ने दिया नहीं। वीरमदेव ने समझाया भी कि दे देना चाहिए, परंतु वे बोले कि कुँवरजी हमारे यहा पाहुने आवें तो उनकी मेहमानदारी करके हाथी देंगे। मालदेव आया, गोठ तैयार हुई, कहा अरोगिये। हाथी भी आता ही है। कुँवर ने कहा कि पहले हाथी लेकर पीछे जीमेंगे। रायमल दूदावत ने कहा—"कुँवरजी ! ऐसे ही हठीले बालक हमारे भी हैं सो हाथी नहीं दे सकते, आप पधारो।" मालदेव ने क्रोध में आकर कहा कि "हाथी तो नहीं देते हो परंतु मेड़ते के स्थान पर मूलियाँ बुवाऊँ तो मेरा नाम मालदेव जानना।" इतना कहकर चला और जोधपुर आया। जब यह बात राव गांगा न सुनी तो वीरमदेव को कहलाया कि "तुमने यह क्या किया। जब तक मैं बैठा हूँ तब तक तो तुम मेरे ईश्वर हो, परंतु जिस दिन मैंने आँख बंद की कि मालदेव तुमको दुख देगा, इसलिए वह हाथी उसको दे देना ही उचित है।" तब वीरमदेव ने दो घोड़े वो राव गांगा के वास्ते और हाथी मालदेव के पास भेजा। मार्ग मे हाथी के घाव फटे और पीपाड मे मर गया। घोडे ले जाकर नजर किये और हाथी मर जाने के समाचार कह सुनाये। राव गांगा बोला कि हमारी धरती में आकर मरा सो हमारे पहुँच गया।

मालदेव ने कहा "आपके आ गया, मेरे नहीं आया, जब ले सकूँगा ले लूँगा"।

एक वर्ष बीता कि राव गांगा तो स्वर्ग को सिधाया (राव गांगा को कुँवर मालदेव ने राज्य के लोभ से झरोखे से नीचे गिराकर मार डाला था), मालदेव गद्दी बैठा और वीरमदेव से झगड़ा चलाया। उनको मास खाने देवे नहीं; और कहै, मेड़ता छोड़ो। अजमेर जा रहो। अजमेर में पँवारों का राज था, वीरम ने उन्हें मारकर अजमेर लिया और वहाँ जा रहा।*

---

* अजमेर का नगर सं० १५०० वि० से सं० १५१२ वि० तक मेवाड़ के महाराणा कुम्भकर्ण के अधिकार में था, फिर माण्डू के सुलतान महमूद खिलजी ने सं० १५१२ में लिया। सं० १५८६ के लगभग गुजरात के सुल्तान बहादुरशाह ने उस पर अधिकार जमाया। शेरशाह सूर के मदद में राव मालदेव ने अजमेर लिया, परंतु थोड़े ही अर्से पीछे, सं० १६१९ वि० में, वह नगर बादशाह अकबर के अधिकार में आया। शायद पठान बादशाहों या जोधपुर की तरफ से श्रीनगर के पँवार वहाँ शासक रहे हों।

दसवाँ प्रकरण

राव मालदेव

राव मालदेव—(जब वीरमदेव ने अजमेर लिया तो) राव सहसमल पँवार भागकर राव मालदेव के पास गया। उसने पाँच गाँवों सहित रेयाँ उसे जागीर में दी। एक दिन रायसल ने आना-सागर पर गोठ की और सबको बुलाया। खेमा मुँहता को उसने कहा कि गोठ जीमने जाते हैं तुम राव (वीरम) को विठली (अज-मेर के तारागढ़ का प्राचीन नाम) मत आने देना। जब विठली चढ़ेगा तब रेयाँ की पहाड़ी देखेगा, और उस वक्त सहसा की याद उसे आवेगी तो वह कहेगा कि इसको मारे बिना जल न पीऊँगा। ऐसा कहकर रायसल तो गोठ जीमने गया, और (वीरम ने) खेमा मुँहता को कहा कि आप भी मिठाई मँगवाकर विठली पर जाकर खावें। खेमा ने बहुत सा बरजा पर न माना और गढ़ पर जा चढ़ा और मारवाड़ की तरफ देखकर कहा कि "यह रेयाँ की पहाड़ी ही न हो, यह तो निकट ही है। इस सहसा को न मारूँ तो मेरा नाम (वीरम) नहीं।" सध्या को रायसल पीछा आया। मुँहता ने उससे कह दिया कि मैंने तो बहुत मना किया परन्तु राव ने एक न सुनी।

राव मालदेव नागोर में रहता था। वह कहा करता कि "वीरम-देव मेरी छाती में खटकता है।" उस वक्त नागोर के थाणे में दस हज़ार घोड़े थे। जैता, कूँपा, अखैराज सोनगिरा, और धीदा भारमलोत ये ठाकुर जाकर रेयाँ में उतरे। उनको मालदेव ने आज्ञा

दी कि अजमेर जाकर वीरमदेव को वहाँ से निकाल दो। वे राठौ राव वीरम पर चढ़कर आये। वह भी तैयार ही था, लड़ाई हुई, वीरम का बहुत सा साथ मारा गया। तीन घोड़े उसके नीचे कट गये। घोड़े पर चढ़े हुए उसने दुश्मनों के दस बर्छे छीनकर बाग के साथ पकड़ रक्खे। मस्तक पर घावों की चौकड़ी पड़ने से उनमें से बहते हुए रक्त का प्रवाह डाढ़ी पर उतर रहा है, युद्ध से तृप्त हुई दोनों सेनाएँ विलग विलग खड़ी हुई हैं, जिनमें घायल वीरम अपने योद्धाओं को बल बँधा रहा है। इतने में पंचायण आया और कहा—"रे। आज जैसा अवसर वीरम को मारने का फिर कब मिलेगा।" सर्दारों ने कहा—'अजी! हमने तो ऊपर आई हुई बला को एक बार बड़ी कठिनाई के साथ टाला, अब हमारे किये तो वीरम मरे नहीं, यदि तुम मार सको तो वह वीरम।" तब तीस सवार साथ लिये पंचायण आगे बढ़ा और वीरम को ललकारा। पंचायण को देखकर यह बोला—"अरे पचायण! तू है क्या, आव! आव! ठाक आया, परतु तेरे जैसे छोकरे मारवाड़ में बहुतेरे हैं! कौन है जो वीरा की पीठ पर घाव कर सके।" यह वचन सुनकर पचायण जहाँ का तहाँ बाग थाम खड़ा रह गया। वीरम बोला—"जो ऐसा हो तो वहीं खड़े ही को मारूँ, परंतु जा! चला जा! छोड़ता हूँ।" उसने भी बाग फेर ली। कूँपा ने कहा "वीरम इस प्रकार सहज में मरनेवाला नहीं है।" फिर ये तो नागोर आये और वीरमदेव अपने घायलों को उठवाकर अजमेर गया। राव मालदेव को रायसल का बड़ा भय रहता और सदा उससे चमकता रहता था। किसी ने तो कहा कि रायसल मारा गया, किसी ने कहा "नहीं, जीता है" तब मालदेव ने अपने पुरोहित मूला को भेजा कि सही खबर लावे। वह आकर वीरमदेव से मिला और कहने लगा कि यह धरती तुम्हारे

रहे नहीं, वृथा रायसल को मरवाया। वीरम बोला "ठहरो!" रायसल के घाव लगे थे, ऐसा कारी घाव कोई न था, इसलिए उसे कहलाया कि तू तकिया लगाकर बैठना, हम मूला को तेरे पास भेजते हैं। साधारण पुरोहित को कहा जाओ, रायसल से मिलो! इतने में तो घोड़े पर काठी रख हथियार बाँध, सवार होकर रायसल स्वयं वहाँ आ खड़ा हुआ। पुरोहित उसे देख पीछा लौटा और मालदेव को कहा कि रायसल मरा नहीं है वह तो घोड़े पर चढ़ा फिरता है। रायसल पीछा आया तब उसके घाव फट गये, और वह मर गया। जब यह खबर राव मालदेव को हुई तो उसने फिर फ़ौज भेजी और वीरम को अजमेर से निकाल दिया। वह कछवाहा रायसल शेखावत के पास गया। उसने बारह मास तक वीरम को बड़े आदर सत्कार के साथ अपने पास रक्खा। वहाँ से चलकर वीरम ने घोली बणहटा और बरवाड़ा लिया और वहाँ रहने लगा। मालदेव ने फिर उस पर फ़ौज भेजी जो मौजाबाद आई, तब उसने कहा कि "अबकी वार मैं काम आऊँगा, बहुत क्या, अब बचने का नहीं।" खेमा मुँहता ने कहा—"अजी खेत की ठौर तो निश्चित करो।" दोनों सवार होकर चले। मुँहता आगे बढ़ा हुआ चला गया, कहा "जो मरना ही है तो मेड़ते ही में लड़ाई कर न मरें, पराई धरती में क्यों मरें?" खेमा ने वीरमदेव को ले जाकर मलारणे के मुसलमान थानेदार से मिलाया और उसके द्वारा रणथंभोर के किलेदार से मिले। किलेदार वीरम को पादशाह (शेरशाह सूर) के हजूर ले गया। पादशाह भी उसके साथ मेहरबानी से पेश आया। फिर सूर पादशाह को मालदेव पर चढ़ा लाया। राव भी अस्सी हज़ार सवार लेकर अजमेर मुकाबले को आया। वहाँ वीरम ने एक तर्कीब की—कूँपा के डेरे पर बीस हजार रुपये भिजवाये और

कहलाया हमें कम्बल मँगवा देना; और बोल ही हज़ार जैता के पास भेजकर कहा, सिरोही की तलवारें भिजवा देना, फिर राव मालदेव को सूचना दी कि जैता और कूँपा पादशाह से मिल गये हैं, वे तुमको पकड़कर हज़ूर में भेज देंगे। इसका प्रमाण यह है कि उनके डेरे पर सवाये रुपयों की थैलियाँ भरी देखो तो जान लेना कि उन्होंने मतलब बनाया है। इतने में जलाल जलूका ने कहा "हज़रत सलामत! एक योद्धा उसकी तरफ़ का बुलाया जावे, पादशाह की तरफ़ से मैं जाऊँगा, इसी पर हार जीत रक्खी जावे।" पादशाह ने वीरम को पूछा कि क्या तू इसमें सहमत है? उत्तर दिया कि हज़रत! पहले पठान को मैं देख लूँ। जब पठान आया तो देखकर कहा कि ऐसे ही दो आदमी और हों अर्थात् हमारे तीन हों, और वह वीरा भारमलोत को भेजेगा जो इन तीनों को मारकर इनके शव ले अछूता चला जावेगा, अतएव ऐसा करना तो उचित नहीं। राव मालदेव के मन में वीरम के वाक्यों ने शङ्का उत्पन्न कर दी थी। उसने ख़बर कराई कि रुपये की बात सच है या नहीं। जब अपने उमराव के डेरों में थैलियाँ पाईं तो मन में भय उत्पन्न हो गया।

संध्या का समय है, जैता कूँपा और अखैराज सोनगरा कूँपा के तंबू में बैठे हैं। वहाँ राव ने आकर इनको ये समाचार कहे। वे बोले, हम आपको जोधपुर पहुँचा देंगे। तब राव सुखपाल में बैठकर चला। खेमा के हाथ पर राव का हाथ था। जैतसी उदावत ने कहा "खेमाजी! जोधपुर और समेल के बीच में बावड़ियाँ बहुत हैं, इतनी नीवें नहीं मिलेंगी" तब खेमा हाथ झटककर पाछा आया। प्रभात युद्ध हुआ, बहुत से आदमी मारे गये; सूर पादशाह ४ मास तक जोधपुर में रहा। मालदेव ने जब मेड़ते के चंबूल काटे थे तब वीरम ने कहा था कि मैं जोधपुर के आम काटूँगा। राव मालदेव पुरशोट

के पहाड़ों मे जा रहा। जोधपुर मे (भाटी) तिलोकसी वरजांगोत किलेदार था। वह पादशाह से लड़कर अपने ३०० राजपूतों सहित काम आया। जब वीरम वहाँ के आम कटवाने लगा तो लोगों ने कहा कि यह तुमको उचित नहीं, तब उसने एक डाली काट ली। पादशाह, हरमाड़े में थाना रखकर दिल्ली चला गया। वीरमदेव दूदावत और द्रोवपुर का राव कल्याणमल दोनों चढ़कर बुगरोट के पहाड़ों में पहुँचे और वहाँ राव मालदेव की वस्ती को कैद कर हरमाड़े लाये। मार्ग में किसी बुढ़िया ने पूछा कि यह कौन है ? कहा—कल्याणपुर का स्वामी। बुढ़िया बोली—"मेरे दादा और काका के आदमियों को बँधुवा कर अच्छा चला, सिर पर ओढणी ओढ ले!" ये वचन कल्याणमल ने सुने, वहीं शपथ ली कि बँधुओं को छुड़ाकर अन्न जल लूँगा। वारम बोला, जी! ये तो अपने शत्रु हैं और जो तुम्हारी यही इच्छा है तो ठीक सातवें दिन कल्याण को दूध पिलाया और कहा बँधुओं के बाबत मैं पठाण को जाकर कहता हूँ। इस पर कल्याणमल ने, जो शकुन जानता था, उत्तर दिया कि तुम पठाण को मत कहो। कल प्रभात ही राव मालदेव की फौज आवेगी, सब बँधुवे छूट जावेंगे, जिनकी आई है वे मरेंगे, और पठान भाग जावेंगे। वारम ने उसको भोजन करने को कहा परंतु उसने यही जवाब दिया कि अब मैं भी काम ही आऊँगा। प्रभात हुआ, राव मालदेव की सेना थाने पर चढ दौड़ी। पठान तो भाग गये और कल्याणमल मुकाबले पर आया। मालदेव बोला, "कल्याणमलजी! तुम क्यों मरते हो, हम तो तुम्हारे ही वास्ते आये हैं।" उत्तर दिया—"नहीं साहब! पादशाही थाना टूटे तब किसी बड़े आदमी को लड़कर मरना चाहिए।" इतना कह उसने लड़ाई की, मारा गया। उदयकर्ण रायसलोत (शेखावत) भी खेत रहा। भागे हुए

पठान दिल्ली पहुँचे और राव मालदेव अपने बसीवालों को छुड़ाकर घुघरोट के पहाड़ों में ले गया। वीरम मेड़ते में आ बसा। अंत में राव मालदेव ने जोधपुर भी लिया। वहाँ जो तुर्क थे वे भाग गये। (सं० १६१८ में राव मालदेव ने जालोर विजय किया था, और सं० १६४४ में कुँवर गजसिंह ने उसे पुनः फतह किया*)।

---

* जब हुमायूँ पादशाह से चुनारगढ़ के हाकिम शेरशाह सूर ने दिल्ली की बादशाहत छीन ली और हुमायूँ भागा तो पहले राव मालदेव ने शेरशाह से मुकाबला करने के वास्ते, जो नागोर में पड़ा हुआ था, हुमायूँ को सहायता के लिए बुलाया; परंतु जब शेरशाह की धमकी पहुची और राव ने भी देखा कि हुमायूँ का हाल पतला है तो उसने हुमायूँ को धोखे से पकड़कर शेरशाह के सुपुर्द कर देना विचारा। हुमायूँ को यह खबर मिल गई और वह सीधा अमरकोट को चल दिया।

तारीख शेरशाही में लिखा है कि जब शेरशाह ने सुना कि मालदेव ने अजमेर नागोर ले लिये हैं तो स० ९५० हि० (स० १५४४ ई०-सं० १६०० वि०) में बेशुमार फौज लेकर रवाना हुआ। फतहपुर सीकरी में उसने अपनी सेना कई विभागों में बाँट दी। राव मालदेव भी पचास हजार राठौड़ लेकर अजमेर के पास आया। शेरशाह ने रेत से भरे हुए टाट के थैले अपने पड़ाव के गिर्द चुनवा दिये थे। एक मास तक दोनों सेनाएँ लड़े बिना मुकाबिले पर पड़ी रहीं। अंत में शेरशाह ने राव के सर्दारों की तरफ से एक जाली अर्जी अपने नाम लिखवा, रेशम की थैली में बंद कर राव के वकील के डेरे के पास डलवा दी। वकील ने वह थैली राव के पास पहुँचाई। मज़मून उसका यह था कि "पादशाह कुछ चिंता न करें, ऐन लड़ाई के वक्त हम राव को कैद करके आप के हवाले कर देंगे।" इस चिट्ठी से राव को अपने सर्दारों पर शक हो गया, यद्यपि उन्होंने बहुत समझाया कि यह सब छल है आप हमारी तरफ से पूरा विश्वास रक्खें, परंतु राव का शक न मिटा, बिना लड़े ही जोधपुर को चल दिया। जैतारण के पास राठौड़ सर्दारों ने राव से अर्ज की कि आपने अपनी विजय की हुई भूमि तो छोड़ दी, आगे की भूमि हमारे बाप दादों की है। वह बिना मारे मरे न देंगे, और पादशाही

जयमल वीरमदेवोत और राव मालदेव—वीरमदेव के मरने पर जयमल मेड़ते में टीके बैठा तब उसको राव मालदेव ने कहलाया कि मेरे जैसा तेरे शत्रु है। तू भूमि दूसरों को मत दे, कुछ खालसे के लिए भी रख! ईडवे के जागीरदार अर्जुन रायमलोत को जयमल ने बुलाया। दूत ने जाकर उसे पत्र दिया और कहा कि "अर्जुनजी! जोधपुर से रावजी का पत्र आया है इसलिए तुमको मेड़ते बुलाया है।" पूछा कि पत्र में क्या लिखा है! कहा, ऐसा लेख है कि "(जयमल) तू सारा देश अपने चाकरों को देता है

फौज पर हमला किया। ये सर्दार जैता और कूपा थे। बड़ी वीरता से लड़े और बादशाही फौज के एक हिस्से को मारकर भगा दिया, अंत में खवासखाँ ने उनको राजपूतों समेत मारा। उनकी बहादुरी का वृत्तान्त सुनकर शेरशाह ने कहा "बाजरे के दानों के वास्ते मैंने देहली की बादशाहत खोई होती।" राव मालदेव भागकर जोधपुर गया, शेरशाह ने वहाँ भी पीछा किया तो सिवाने के गढ़ में जा रहा। खवासखाँ जोधपुर का हाकिम मुकर्रर किया गया, जिसने गढ के पास खवासपुर नाम का गाँव बसाया।

' मेड़ते का वीरमदेव राव सूजा के पाटवी कुँवर बाघा का बेटा नहीं, जैसा कि और ख्यातों में लिखा है, किंतु राव जोधा के पुत्र दूदा का बेटा था, जिसे मेड़ता मिला था। जब राव मालदेव ने मेड़ता उससे छीन लिया तो वह शेरशाह के पास सहायता को गया। कहते हैं कि उसने एक सौ उम्दा ढालें मँगवा कर बादशाही मुंशियों से एक सौ फर्मान राव के सर्दारों के नाम लिखवा कर ढालों की गादियों में सिलवा दिये और वे ढालें धोंगरियों द्वारा उन सर्दारों को बिकवा दीं, फिर राव मालदेव को यह सब हाल कहलाकर चिताया कि तुम्हारे सर्दार बादशाह से मिले हुए हैं। राव ने सचमुच ढालों में फर्मान पाये और विश्वास कर लिया कि मेरे सर्दार शत्रु से मिले हुए हैं इसलिए बिना लड़े भाग गया।

राव वीरमदेव सं० १५८४ वि० में महाराणा सांगा की सेवा में बयाने के प्रसिद्ध युद्ध में बादशाह बाबर से लड़कर रायमल और रत्नसिंह समेत मारा गया था।

कुछ सालसे में भी रखेगा, क्या ऐसा कोई है जो बीच में खड़ा भी रहेगा ?" अर्जुन ने कहा कि मेरे पट्टा विशेष है, मैं खड़ा रहूँगा। फिर कहा कि ऐसा कौन है जो बीच में आवेगा ? तब तो अर्जुन को बुरा लगा, उसने कहा कि मैंने बड़ा बोल बोला है। जालसू के रहनेवाले एक सांखले ने कहा कि मैं याद दिलाऊँगा। कहा शाबाश बड़े रजपूत ! जयमल बोला, तो सावधान हो रहो ! राव मालदेव के तो दिल से लगी थी, दसहरा पूजकर बड़ी सेना के साथ चढ़े और गाँव गगारडे में आ'र डेरे दिये। उसकी फौज चारों ओर फिरी और मेड़ते की प्रजा लुटने और मारी जाने लगी। अचला रायमलोत ने (राव से) कहा कि जयमल मुझे बुलाता है, परन्तु मैं युद्ध के दिनों में यहाँ बैठा हूँ। जयमल ने आग्रहपूर्वक कहलाया है कि अचला शीघ्र आ। मैंने उत्तर भेजा कि पृथीराज अखैराज को बुलाओ, मैं युद्ध के दिन बीच में खड़ा रहूँगा, यदि मुझ पर कृपा करो तो पूरी करो नहीं तो मैं जयमल का साथ दूँगा। राव ने कहा कि पहले जयमल को मारकर पीछे अचला को मारेंगे और जो वह जयमल के साथ हुआ तो दोनों को साथ ही मारेंगे।

जैतमाल जयमल का प्रधान था। अखैराज भादा और चाँदराज जोधावत जयमल के प्रतिष्ठित सरदार और दोनों मोकल के वंशज राव काका वाघा के भाई थे। जयमल ने अपने भले आदमी राव मालदेव के पास भेजने का विचारकर अखैराज को कहा कि तुम जाओ ! वह बोला कि आप मुझे क्यों भेजते हैं और जो भेजते हैं तो युद्ध का सामान ठीक कर रखिये। अब अखैराज और चाँदराज दोनों चले। (राव मालदेव के प्रधान) पृथीराज और अखैराज के कुछ नाता था। ये पृथीराज के डेरे पर आये और राम राम कहलाया। पृथीराज ने जवाब भेजा कि मैं स्नान करके आता ही हूँ पीछे

अपने दर्बार में चलेंगे। देखते क्या हैं कि यहाँ तलवारों के शान चढ़ रही हैं, कई राजपूत बंदूकों के निशाने लगा रहे हैं और बड़ा हंगामा मच रहा है। इतने में पृथ्वीराज भी वस्त्र पहनकर आ गया, इनको साथ लिये दर्बार में गया, मालदेव से मुजरा किया; एक तरफ तो नंगा भारमलोत और दूसरी तरफ पृथ्वीराज बैठा, इनको रावजी के संमुख बिठाया। पृथ्वीराज ने रावजी से अर्ज की कि मेड़ते के प्रधान आये हैं। रावजी बोले—"क्या कहते हैं!" पृथ्वीराज—अर्ज कराते हैं कि हमको मेड़ता दीजिए! हम राव की चाकरी करेंगे। राव मालदेव—"मेड़ता नहीं दिया जावेगा, दूसरा पट्टा देंगे।" यह सुनते ही अखैराज बोल उठा कि "यह वचन आप फर्माते हैं या किसी के कहने से कहते हैं, मेड़ता दे कौन और ले कौन, जिसने आपको जोधपुर दिया उसी ने हमको मेड़ता दिया है।" तब नंगा भारमलोत कहने लगा—"चेत करो! तुमको रावजी अभी मार डालेंगे।" चाँदराज कहता है कि "रावजी के सईस जयमलजी के चरवादारों को मारेंगे, हमें तो तुम मारोगे और तुम्हें हम मारेंगे।" ये बातें सुनकर राव मालदेव ने कहा—"पृथ्वीराज! मेड़ते के प्रधान ये ही हैं या दूसरे?" पृथ्वीराज—"जी महाराज! ये ही हैं।" राव मालदेव—"मेड़ते के प्रधानों के तो पग पतले भाई।" (अर्थात् बड़े चरब हैं), तब अखैराज उठा और अपना दुपट्टा फटकारा तो उसके तार तार बिखर गये और चाँदराज ने घोड़े का तंग खींचा तो घोड़े के चारों ही पाँव पृथ्वी पर से उठ गये। ये तो सवार होकर चल दिये और पीछे से रावजी ने अपने सर्दारों के पास खूब दुपट्टे पटकवाये, परंतु जयमल के रजपूत के तुल्य तार कोई बिखेर न सका। अखैराज ने आकर जयमल को सब हकीकत कही, जयमल बोला मुझको मृत्यु से क्या डराते हो, यह बात कभी नहीं होने की।

राव के घोड़े गंगारड़े के तालाब पर पानी पीने को आये थे उनको ईसरदास ले आया। जयमल ने कहा रे! बड़ा धाड़ा पाड़ा। वह बोला—तुम नहीं जानते हो, राव तो कभी तुमसे टलने का है नहीं। दूसरे ही दिन फौज आई, दोनों अनियाँ मिलीं, गोली-गोले चलने लगे, उस वक्त अर्जुन ने रायमलोत को बुलाकर कहा कि तूने जो बोल बोले थे वह समय आज आ गया है। वह नंगा भारमलोत के सम्मुख हुआ, इतने में असैराज बढ़कर राव के हाथियों के आगे आया और एक पर हाथ चलाया, उसकी दो पसलियाँ टूट गईं। तब उसने कहा मुझे तो पृथीराज से काम है। पृथीराज कहता है—"अरे बावने! देर से क्यों आया?" असैराज कहता है "रावजी के हाथियों की सेवा करता था।" फिर प्रयागदास ऐराकी पर सवार होकर आया और जयमल को सीस नवाया। उसने कहा—आओ प्रयाग! इसी लिए तो मैं तेरे दोषों पर ध्यान न देता था। राव मालदेव के योद्धाओं ने प्रयाग के मस्तक में घावों की चौकड़ा की। उसने उनको ललकारा, बर्छा तोला और बोला "रावजी के माथे में मारूँ" ईश्वरी माया से बर्छा हाथ में से फिसल गया। तब उसने राव के गले में कमद डालने का प्रयत्न किया, एक बार तो कमान गर्दन के ऊपर से निकल गई, परंतु दूसरी बार तो घोड़े के चाबुक मारकर गले में डाल ही दी। इतने में पीछे से कई आदमियों ने आकर प्रयाग पर हाथ मार उसके टुकड़े टुकड़े कर डाले। कमद राव के गले में ही रही और वह अलग हुआ। यह देख मालदेव की सारी सेना भाग निकली। पृथीराज और नगा भारमलोत लड़ते रहे। हिंगोला पीपाड़ा नामक एक राजपूत पृथीराज का चाकर था, जिसको उसने एक तलवार बख्शी थी। उस वक्त हिंगोल ने (अपने स्वामी से) वह तलवार माँगी। पृथीराज ने कहा—"याद तो अच्छे समय पर दिलाई,

परंतु वह एक नीले का सवार आता है, निश्चय वह सुरताण जयमलोत है। इतने में सुरताण ने निकट आकर पृथीराज पर बर्छी चलाया; उसने वह चोट ढाल पर टाल दी और सुरताण से कहा "अरे नन्हें तू मत आ! तेरे पिता को भेज जो आकर मुझ पर घाव करे!" तत्पश्चात् कमर से तलवार खोलकर हिंगोला को प्रदान की। उसने कहा "वाह रे पृथीराज मारवाड़ के सामंत!" पृथीराज बोला "नहीं भाई! मेड़ते का कुँवर ही अच्छा है।" पृथीराज को किसी योगीश्वर ने वरदान दिया था कि तेरे संमुख लोह नहीं लगेगा, अतएव अखैराज भादावत ने पीछे से आकर हाथ मारा। पृथ्वीराज ने कहा "फिर रे भादावत! भली हाँडी चाटी।" अखैराज ने कहा "हाँडी भी बड़े घर की चाटी है, उसमें खीच बहुत है।" पृथ्वीराज मारा गया, नेता भारमलोत भी काम आया, राव मालदेव की सेना परास्त हो भागी, तब जयमल को बधाई दी गई कि "राव मालदेव भागा है।" वह बोला "रे छाती आगे से दूर हुआ है।" राव मालदेव के साईस पकड़े गये, जूला नाम का मेड़ते का एक बलाई था, उसके साथ नक्कारा देकर भेजा। जब वह बलाई गाँव लाँबियाँ निकट पहुँचा तब बोला—भाई नगारा तो बजा लेवें, यह तो राव मालदेव के नगारे हैं सो कल छिन जावेंगे। यह कहकर नक्कारा बजाया। राव के साथियों ने देखा तो चाँदे ने कहा कि ये तो मेरे भाई हैं तुम काहे को इनसे भिड़ते हो, मैं समझा दूँगा। राव मालदेव ने चाँदा से कहा कि चादा! मुझको किसी तरह जोधपुर पहुँचा दे। चाँदा बोला आप इतना भय क्यों खाते हैं, जयमल कोई ईश्वर तो नहीं है, मैं आपको कुशलतापूर्वक जोधपुर के गढ़ में दाखिल कर दूँगा, वह राव के साथ हुआ और उसके सब घायलों व घोड़े हाथियों समेत

उसे जोधपुर पहुँचा दिया। जयमल सुखपूर्वक मेड़ते में राज करने लगा। *

---

* जयमल राठौड़ से राव मालदेव ने मेडता ले लिया था और जयमल महाराणा उदयसिंह के पास आ रहा था। सं० १६२४ वि० में जब शाहंशाह अकबर ने चित्तौड पर चढ़ाई कर गढ़ पर घेरा डाला तो महाराणा उदयसिंह के गढ छोड़कर चले जाने पर भी सीसोदिया पत्ता और राठौड जयमल बडी बहादुरी के साथ एक अर्से तक बादशाही फौज से लड़ते रहे। जब जयमल अकबर की गोली से घायल हुआ तो दूसरे दिन जौहर की आग जला केसरिया कर सीसोदिये शाही फौज से लड मरे और जयमल भी एक आदमी के कंधे पर सवार हो तलवार चलाता हुआ युद्ध में मारा गया। मेवाड़ के उमरावों में बदनोर के राठौड ठाकुर जयमल के वंश में हैं।

राव मालदेव की तर्फ से मेडते में देवीदास जैतावत रहता था। जब अजमेर व नागोर के सूबेदार शर्फुद्दीन हुसेन मिर्जा को अकबर बादशाह ने मेड़ता फतह करने को भेजा तो जयमल व देवीदास ने मुसलमानों से खूब युद्ध किया। अन्त में जयमल तो गढ छोडकर बाहर निकल गया, परन्तु देवीदास की रजपूती के बल ने इसमें अपनी हतक समझी। उसने सब माल असबाब में आग लगा दी, अपनी औरतों व बच्चों को जीते जला दिया और गढ़ में से बाहर आकर अपने राजपूतों समेत दुश्मन के मुकाबले में बड़ी वीरता से काम आया। बादशाह ने मेड़ता जगमाल (राजा भारमल कछवाहे का छोटा भाई) को बख्श दिया।

इकतीस वर्ष राज करके सं० १६१६ वि० में राव मालदेव का परलोकवास हुआ। उसके वक्त में मारवाड़ का राज पूरे ओज पर रहा। उसके बारह पुत्रों में से बड़े रामसिंह से तो अप्रसन्न होकर उसे देश निकाला दिया, वह मेवाड़ के राणा के पास आ रहा। रायमल महाराणा राणा के साथ बयाना के युद्ध में बाबर बादशाह के मुकाबले मारा गया। चन्द्रसेन मालदेव का उत्तराधिकारी हुआ, परन्तु उसको निराखकर बादशाह अकबर ने उदयसिंह को जोधपुर का राज दिया। आसकर्ण के वंशज जुनिया (आमेरा) में हैं। गोपालदास ईडर में मारा गया। पृथ्वीराज, रत्नसिंह, भैरजी, विक्रमादित्य, भीमसिंह आदि भी मालदेव के पुत्र थे।

ग्यारहवाँ प्रकरण

पाबू राठौड़ की बात

धांधल महेवे में रहता था, वहाँ का वास छोड़कर पाटण के तालाब पर आन उतरा; तालाब में अप्सराओं को नहाती हुई देखा, एक अप्सरा को उसने पकड़ लिया तो उसने कहा कि बड़े राजपूत तूने बुरा किया। धांधल बोला कि तू मेरे घर में रह, अप्सरा ने इस बात को स्वीकारा, परंतु इस शर्त पर कि यदि तू मेरा भेद लेगा तो मैं तत्काल चली जाऊँगी। धांधल ने भी इसको मंजूर किया, उसको लेकर वह कोलू में आया, जहाँ कम्मा घोरंधार में राज करता था। वहाँ अप्सरा के पेट से धांधल के एक पुत्र पाबू और एक पुत्री सोनबाई उत्पन्न हुई। अप्सरा के रहने का महल जुदा था। वहाँ धांधल नित्य जाया करता था। एक दिन उसके मन में विचार आया कि आज चुपके से जाकर देखूँ कि अप्सरा क्या करती है। दिन के पिछले पहर में उसके स्थान में गया तो क्या देखता है कि वह सिंहनी का रूप धारण किये हुए लेटी है और पाबू सिंह रूप में माता के स्तन पान कर रहा है। धांधल को देखते ही उसने अपना असली रूप बना लिया और पाबू भी बालक हो गया। कहने लगी "मैंने तुमसे यही प्रतिज्ञा कराई थी कि जहाँ तुमने मेरा पीछा सँभाला कि मैं चली जाऊँगी, सो अब मैं जाती हूँ।" इतना कहते ही वह तो गगनमंडल में उड़ गई और धांधल देखता ही रहा। पाबू को उसी महल में रक्खा, एक धाय उसको दूध पिलाने को लगाई और एक दासी भी रख दी। कुछ अर्से पीछे धांधल मर

गया। उसका बड़ा बेटा बूड़ा अपने पिता का स्थानाधिप हुआ और सब लोग उसी की सेवा करने लगे, पाबू के पास कोई न रहा।

धाधल की एक पुत्री पेमाबाई का विवाह तो जिंदराव खींची के साथ हुआ था। और सोनबाई सीरोही के स्वामी देवड़ाराव को ब्याही गई थी। पिता का देहांत होने के समय पाबू पाँच वर्ष का था, परंतु था करामाती। साँड पर सवार होकर शिकार खेलने को जाया करता था। आना वाघेला के ठिकाने में एक ही माता के पुत्र सात भाई थोरी (भगियों के मुआफिक एक नीच जाति है) रहते थे। आना के देश में दुष्काल पड़ा तब वे थोरी—चाँदिया, देविया, खाबू, पेमला, खलमल, खगारा और वासल—पशुओं को मार मारकर खाने लगे। यह समाचार आना के पुत्र को पहुँचे। उसने आकर थोरियों को डाट डपट बताई, लड़ाई हो गई और कुँवर मारा गया। फिर तो थोरी अपनी गाड़ियाँ जोत अपने बाल-बच्चों को लेकर वहाँ से भागे। आना ने जब सुना कि मेरे पुत्र को मारकर थोरी भागे जाते हैं, तो उसने पीछा कर उनको जा लिया, परस्पर युद्ध हुआ और आना ने थोरियों के बाप को मार लिया। वह तो पीछा फिर गया, परंतु उन थोरियों को किसी ने आश्रय न दिया। जहाँ जावे वहाँ यही उत्तर मिले कि आना बाघेले के शत्रुओं को रखने की सामर्थ्य हमारे में नहीं। वे इधर उधर भटकते हुए थोर-धार में आये और कम्मा ने उनको स्थान दिया, परंतु उसके कामदारों ने उसे कहा कि राजा, ये आना के पुत्र को मारकर आये हैं, यदि आप इनको रक्खेंगे तो आना के साथ वैर बँध जावेगा और अपने में इतनी शक्ति नहीं कि आना को पहुँच सकें। तब आना के भय से कम्मा ने भी थोरियों को रुखसत दे दी और कहा धांधलों के पास जाओ, वे तुमको आश्रय देंगे। ये अपने गाड़े लेकर बूड़ा

के पास आये और मुजरा किया और कहा हमें शरण दीजिए। बूढ़ा बोला मुझे तो आवश्यकता नहीं है, मेरे भाई पाबू के पास कोई चाकर नहीं, सो वह तुमको रख लेगा। थोरी पाबू के घर गये। पूछा पाबूजी कहाँ हैं; धाय ने उत्तर दिया कि शिकार खेलने गये हैं। थोरी भी वहीं पहुँचे, आगे पाबू ने मृग के मारने के वास्ते तीर सँभाला था कि थोरियों ने पूछा "अरे छोकरे! पाबूजी कहाँ हैं?" पाबू ने उत्तर दिया कि वह तो आगे आखेट को गया है। थोरियों ने विचारा कि वन में बालक अकेला है इससे यह साँड़नी छीनकर ले जावें तो आज का भोजन चले। पाबू तो करामाती आदमी था। उसने इनके मन की बात जान ली और कहा "अरे थोरियो! यह साँड़नी तुम्हीं ले जाओ।" वे साँड़नी लेकर डेरे पर आये और मार खाई। हरिण को मारकर पाबू तीसरे पहर घर आया। तब थोरी भी उसके मुजरे को पहुँचे और उसे देखकर सबने जाना कि यह तो वही बालक है जिसने हमको साँड़नी दी थी! फिर उन्होंने धाय से पूछा कि "पाबूजी कहाँ हैं!" धाय बोली "वीर! यह बैठे तो हैं। तुम नहीं पहचानते!" उन्होंने मुजरा किया तब पाबू ने चाँदिया को कहा "अरे! हमने अपनी साँड़नी तुमको सौंपी थी वह कहाँ है?" चाँदिया बोला आपने हमको खाने के लिए दी थी सो हम तो उसको खा गये। पाबू ने कहा—अरे! साँड़नी को कैसे खा सकते हो, खाने के लिए तो सीधा दिलवा देंगे, तुमने साँड़नी नहीं खाई है। थोरियों ने कहा महाराज! हम तो उसे खा गये, अब कहाँ से लावें। तब पाबू ने अपने आदमी को कहा कि इनके डेरे पर जाकर खबर तो कर। थोरी भी साथ हो लिये और डेरे पर जाकर क्या देखते हैं कि जहाँ पर साँड़नी की हड्डियाँ पड़ी हुई थीं वहाँ वह बैठी हुई जुगाली कर रही है। थोरियों ने अपनी स्त्रियों से पूछा कि यह साँड़नी यहाँ

कहाँ से आई। उन्होंने भी यही कहा कि पहले तो यहाँ नहीं थी, हमारी नजर भी अभी पड़ी है। तब तो चोरियों ने विचारा कि यह राजपूत बड़ा करामाती है, यही अपने को रख सकेगा। साँढनी को लिये हुए वे पाबू के पास आये। उसने कहा—रे! तुम तो कहते थे कि साँढनी का हम खा गये; उन्होंने (हाथ जोड़कर) कहा—आपकी करामात का परचा हमने पाया और वे पाबू के चाकर हो गये।

बूड़ा की बेटी का विवाह गोगा (चहुवाण) के साथ हुआ था। उसको दत्त में किसी ने गौवें दीं, किसी ने और कुछ दिया। उस वक्त पाबू ने कहा "बाई! मैं तुझे दोदा (उपनाम बूढा राणा) सूमरा की साढें किसी प्रकार ला दूँगा"। गोगा अपनी वधू को लेकर गया और पाबू ने हरिया थोरी से कहा—"अरे हरिया! दोदे की साँढियों का पता लगाकर ला कि बाई को ला देवें, नहीं तो बाई के सुसरालवाले हँसी उड़ावेंगे कि काका कब साँढियाँ लाकर देगा। हरिया तो पता लगाने को गया और चाँदिया नित्य प्रति पाबू से कहा करता कि आना बाघेले से मैं वैर चाहता हूँ सो आप दिलावें। पाबू ने कहा कि "दिला ऊँगा।" पाबू का बहन सोनबाई के (जो देवड़ेराव के साथ ब्याही गई थी) एक और सौत बाघेली भी थी। बाघेली के पिता न अपनी पुत्री के लिए बहुत से आभूषण भेजे थे इसलिए सौत को बतला बतला-कर वह अपने गहनों की बड़ाई मारने लगी, यहा तक कि दोनों सौत आपस में बोल पड़ीं। बाघेली ने सोना को ताना दिया कि "तेरा भाई थोरियों के साथ खाता है।" इस पर सोना को क्रोध आया। तब राव बोला कि "राठौड़, रीस क्या करती हो? बात तो सच है, पाबू थोरियों के साथ रहता ही है।" सोना बोल उठी कि "आपने कहा सो ठीक, परंतु जैसे मेरे भाई के थोरी हैं वैसे रावजी के तो उमराव भी नहीं।" यह सुनते ही राव क्रोध

वश हो उठा, हाथ में चाबुक था, दो-चार हाथ सोना की पीठ पर जमा ही दिये। सोना ने पत्र लिखकर अपने भाई के पास भेजा कि बाघेलों के कहे रावजी ने मुझ पर चाबुक चलाये हैं। पत्र पढ़ते ही पाबू ने चाँदिया को बुलाकर कहा कि तैयार हो जा! अपने सिरोही चलेंगे, बाई का पत्र आया है। पाबू और पाँच सात थोरी चढ़ निकले। पाबू की सवारी में कालवी घोड़ी थी, जिसकी उत्पत्ति ऐसे हुई कि—काछेले चारण समुद्र-तट पर माल मारने को गये थे, उनके पास एक घोड़ी थी। किनारे पर उतरे हुए थे कि रात्रि को एक दरियाई घोड़े ने आकर उस घोड़ी को सूभर किया, जिससे कालवी बछेरी पैदा हुई। उस बछेरी को जिंदराव (खींची) ने चारणों से माँगा परंतु उन्होंने दिया नहीं; बूड़ा ने भी उसको लेना चाहा, पर न मिली। पाबू ने वही बछेरी चारणों से माँगी और उन्होंने भी यह कहकर भेंट की कि "जब कभी काम पड़े तो तुम हमारी सहायता करना।" पाबू ने उत्तर दिया कि "तुम्हारे काम के वास्ते नंगे पैर जाने को तैयार हूँ।" यह देख जिंदराव और बूड़ा चारणों के साथ कीना रखने लगे। पाबू उस बछेरी पर सवार हो बड़े भाई के पास आया, भावज को मुजरा कहलाया, दासी ने भीतर जाकर डोडगहली (बूड़ा की स्त्री) को कहा कि "पाबूजी जुहार कहलाते हैं।" उसने पाबू को भीतर बुलाया और कहने लगी—"तुमको चारण के पास से यह घोड़ी न लेनी चाहिए थी क्योंकि उसे तुम्हारे भाई ने माँगी थी।" पाबू बोला—"भाईजी को घोड़ी चाहिए तो यह हाजिर है।" भौजाई कहने लगी—"अब काहे को ले? परंतु तुम घोड़ी का क्या करोगे? तुम तो खेती करो और बैठे खाओ! घोड़ी चढ़कर क्या धाड़े मारोगे!" पाबू ने कहा—"भावज! तुम ताने क्या मारती हो? मैं भी राजपूत

हूँ, चढ़ने को घोड़ा चाहिए ही और घोड़े की कहो तो डोडवाळों ही की घोड़ियाँ लावेंगे।" डोडगहलो कहती है—"पाबू! ऐसा तो मेरा भाई भी नहीं कि तू उसके यहाँ से धाड़ा कर लावे। या तो ऐसा होवे कि मार्ग ही में काम तमाम कर दे या यह समझकर कि बहनाई का भाई है, मारे नहीं और उल्टा मुश्कें चढ़ा लेवे।" पाबू बोला—"भाभी! मैं राठौड़ हूँ, कभी किसी डोड ने राठौड़ को मारा भी है?" इस प्रकार भौजाई से बातकर पाबू अपने डेरे पर आया और चाँदिया को कहा कि देवड़ों के यहाँ तो पीछे चलेंगे, पहले डोडों के डाडवाळे चलकर वहाँ धाड़ा मारेंगे। प्रभात ही चढ़ चले, डोडवाळों के पास पहुँचे, पाबू एक जगह बैठ गया, थोरियों ने वहाँ की साढियों की टोह लगाकर उन्हें चलाई। रेबारी डोडों के पास जाकर पुकारा—साढें लिये जाते हैं, बाहर करो! डोडों ने उससे पूछा कि घेरनेवाले कितनेक सवार हैं? उसने कहा "केवल सात प्यादे जो भी थोरी चोर हैं।" ये बाहर चढ़े, थोरी तो साँढों को लेकर आगे निकल गये थे और ये वहाँ आये जहाँ पाबू बैठा हुआ था। बराबर आने देकर पाबू ने तीर छोड़ना शुरू किया, जिससे डोडों के दस आदमी मारे गये, पीछे चांदा वा दूसरे थोरियों को बुलाया, वे डोडों के घोड़ों पर चढ़ बैठे। इतने में डोडों का सर्दार भी आ पहुँचा। थोरियों ने उसको पकड़ लिया, उसके साथ के दूसरे लोग भाग गये। पाबू ने साढियों को तो छोड़ दिया और सर्दार को साथ लेकर रातों-रात चलकर कोल्हू में आया। डोड सर्दार को कोटड़ा में कैद रक्खा और पाबू सो गया। प्रभात होने पर पाबू उठा और अपनी धाय को कहा कि तू जाकर भौजाई को यहाँ ले आ, कहना कि पाबू ने नया महल बनवाया है सो आपको देखने के लिए बुलाया है। धाय तो बुलाने को गई और पाबू ने थोरियों

से कहा कि डोड सर्दार की पगड़ी उतारकर उससे उसकी मुश्कें कस लो और चुटकियाँ भर भरकर रुलाते हुए उसे झरोखे के नीचे लाकर खड़ा कर दो। चांदिया उसको लिये नीचे आया। इतने में तो डोडगहलो भी रथ में बैठकर आ पहुँची। पाबू ने मुजरा करके कहा—"भाभी, झरोखे के नीचे क्या तमाशा है, टुक देखो तो।" वह देखने लगी, तब चाँदिये ने डोड के चुटकियाँ लेना शुरू किया और वह रोने लगा। डोडगहली देखती क्या है कि झरोखे के नीचे भाई बँधा खड़ा है और रो रहा है। पुकार उठी कि "पाबू यह क्या खेल है? मैंने तो तुमको हँसी हँसी में बात कही थी।" पाबू बोला, भाभी मैं भी इसको हँसी ही में ले आया हूँ, परंतु रजपूतों को फिर ऐसे बोल नहीं बोलना चाहिए, ताने तो कपूतों को दिये जाते हैं। भावज ने कहा—अच्छा किया, अब तो इसे छोड़ो! पाबू ने उसके कहने पर डोड को छुड़वा दिया और वह अपने भाई को लिये घर आई, चार दिन अपने यहाँ रखकर उसे घर को बिदा किया।

हरिया थोरी, जो दोदा सूमरा की साँढियों का डेरा करने को गया था, पीछा आया और पाबू से कहा कि वे साढिया तो आपके हाथ आने की नहीं हैं क्योंकि दोदा जबर्दस्त और उसका राज्य भी बड़ा है। बीच में पचनद बहता है और दोदा रावण प्रसिद्ध है। अपने वहाँ नहीं पहुँच सकेंगे। पाबू ने कहा कि चलो अभी तो सिरोही चलें, वहाँ से लौटते हुए समझ लेंगे। आठ सवार और नगा हरिया पैदल सिरोही पर चढ़े। बीच में आना बाघेले का इलाका पड़ता था। उसका प्रताप बढ़ा हुआ था, परंतु ये भी सब करामाती थे। चांदिया बोला—राजा! आना यहाँ रहता है और उसपर मेरा बैर है सो दिलवा दीजिए। तब वे सब आना के बाग में जा उतरे। माली जाकर पुकारा कि कई सवार बाग में आन उतरे हैं और सारा बाग

उजाड़ दिया है। सुनते ही आना चढ़ा, पाबू से लड़ाई हुई और वह (आना) साथियों समेत मारा गया। आना के पुत्र को पाबू ने कहा कि तुझको भी मारूँगा, तब उसने भयभीत हो अपनी माता का सारा गहना लाकर पाबू को भेंट किया और प्राण बचाये। उसको टीका देकर रातों-रात पाबू सिरोही जा पहुँचा और राव को कहलाया कि तुम यह मत जानना कि पाबू मुझसे मिलने को आया है। नहीं, तुमने मेरी बहन पर चाबुक चलाये हैं, जिसका बदला लेने आया हूँ। तब तो राव भी अपना साथ जोड़ मुकाबले पर आया, लड़ाई हुई। पाबू ने चांदिया को कह दिया कि राव को मारना मत, कैद कर लेना। देवड़ों के बहुत से आदमी मारे गये और राव कैद हुआ। यह सुनकर सोनाबाई रथ में बैठकर भाई के पास आई और कहा—"भाई, राव को छोड़कर तू मुझे अमर काँचली दे।" बहन के कहने पर पाबू ने देवड़ा राव को छोड़ दिया और आना बाघेले की स्त्री का गहना भी बहन को दिया। अब फिर साले बहनोई की प्रीति जुड़ी और पाबू को लिये राव अपने गढ़ में आया। अपनी बहन को साथ लिये पाबू बाघेली के पास उसके पिता की मृत्यु के समाचार पहुँचाने को गया। सोना ने सौत को जाकर कहा—"बाई! तुम्हारे बाप को मेरे भाई ने मारा है, सो उठो, लोकाचार करो।" बाघेली ने बदला लिया (रोने बैठी)।

पाबू जीमकर सवार हुआ, चाँदिये से कहा—चलो, अब घोड़े की साँढियाँ लाकर भतीजी को देवें, वहाँ सगे हँसते और ताने देते होंगे। हरिया को आगे कर लिया। मार्ग में मिर्जाखान का राज आता था, वहाँ पहुँचे। मिर्जा के बाग में कोई नहीं उतर सकता था। यदि कोई जाकर ठहर जाता तो मारा जाता था। इसका भी राज्य बड़ा था। पाबू ने बाग ही में जाकर डेरा दिया और सारी वाटिका

को उजाड़ा। माली ने जाकर खान के पास पुकार मचाई कि कोई राजपूत बाग में आ उतरा है, उसने सारा बाग तोड़ मरोड़कर विध्वंस कर दिया है। खान ने पूछा "वह कैसा राजपूत है!" माली बोला—महाराज हिंदू है और बाईं ओर को पाग बाँधे है। खान ने कहा—उसने आना वाघेला को मारा है, अपने उसे नहीं पहुँच सकते। रसूलल्लाह का नाम ले घोड़ा, कपड़ा, मेवा लेकर चला और पाबू से आन मिला। पाबू ने प्रसन्न होकर और तो सब भेंट फेर दी केवल एक घोड़ा हरिया के चढ़ने के वास्ते रख लिया। वहाँ से चले, पंचनद पर आये। चाँदिये से कहा कि देख! पानी कितना गहरा है? चाँदिया ने उतरकर जाँचा और बोला कि बाँसों गहरा है, उतर नहीं सकेंगे, यहीं ठहर जाइए। जब साँढ़ियाँ इस पार आवेंगी तब घेर लेंगे। पाबू ने अपनी माया दिखलाई, थोरी आँख खोले तो क्या देखते हैं कि नदी के दूसरे तट पर खड़े हैं। चाँदिये ने परचा पाया। हरिया बोला, अब साँढ़ियों के टोले को घेर लो। थोरियों ने रैबारी को तो पकड़कर बाँध लिया और साँढ़ें लेकर पाबू के पास आये। पाबू ने रैबारी को छुड़ाकर एक साँढ़े ऊँट पर चढ़ाया और उससे कहा कि तू जाकर कह दे कि साँढ़ों के टोले को लिये जाते हैं सो बाहर चढ़ो। रैबारी जाकर पुकारा "मिहरबान सलामत! साँढ़ियाँ लिये जाते हैं!" दोदा बोला—अरे काल के खाये! आज ऐसा कौन है जो मेरे साँढ़ों को ले जावे?" रैबारी ने अर्ज की महाराज! राठौड़ ने ली हैं और कहलाया है कि यदि हिम्मत हो तो जल्दी आना। दोदा साथ जोड़कर चढ़ा, पाबू तो साँढ़ों को हाँककर झट से नदी के उस पार ले गया। दोदा भी नद को लाँघकर पहुँचा, मिर्जा खान के गाँव में आया और उसे कहा कि राठौड़ों ने हमारी साँढ़ें ली हैं, तू भी

हमारे साथ बाहर में चल। मिर्जा दोदा का चाकर था, साथ ही लिया, परंतु कहा कि आगे जाना अच्छा नहीं है। साँढ़ों को पाबू राठौड़ ले गया है। घोड़ों को मारते हुए भी अपने उसे न पहुँच सकेंगे। पीछे फिरना ही अच्छा है, क्योंकि जिस पाबू ने आना वाघेला को मारा वह तुमसे नहीं मारा जावेगा। पीछे अपना सब दलबल जोड़कर उसपर चढ़ना। दोदा पीछे फिरा और अपने नगर में आया, पाबू उसकी साँढों को लिये सोढों के ऊमरकोट के निकट से निकला, सोढा राणा की बेटी झरोखे में बैठी हुई थी। उसने पाबू को देखा तब उसने अपनी माता को कहलाया कि पाबू राठौड़ जाता है। मेरा विवाह उसके साथ कर दो तो अच्छा है। सोढी की माता ने अपने पति से कहा और राणा ने अपने आदमी भेजकर पाबू को कहलाया कि आप हमारे यहाँ विवाह करके जाओ। पाबू बोला अभी तो साँढ़ों को लिये जाता हूँ, पीछे आकर विवाह करूँगा। सोढा ने नारियल भेजा, उसके आदमी पाबू के तिलक कर नारियल उसे दे सगाई कर आये। दरेरे आकर पाबू गोगादेव से मिला। गोगा हँसी में कह रहा था कि केलण का मामा दोदा की साँढें लेकर कब आवेगा, इतने में तो हरिया ने पहुँचकर कहा "बाई को मालूम कराओ कि पाबूजी ने दोदा की साढ़ियों का टोला तुमको ला देने का सकल्प किया था सो ले आये हैं उन्हें सँभाल लो।" गोगा ने सब साँढ़ों को सँभालकर ले ली, परंतु उसके मन में यह सदेह रहा कि दोदा जैसे जबर्दस्त की साँढों को पाबू कैसे ला सकता है, दूसरी जगह से ले आया होवेगा। गोगा ने पाबू को गोठ दी और भली भाँति सत्कार किया। दूसरे दिन बोला कि "पाबूजी! मेरा किसी के साथ बैर है। यदि तुम थोड़े दिन यहाँ रहो तो मैं अपना वैर ले सकूँगा। पाबू ने कहा—बहुत

ठीक, रह जाऊँगा। गोगा ने कहा कि प्रभात में शकुन लेंगे, जो शकुन भले हुए तो लड़ाई करेंगे। पाबू बोला—जी! शकुन कैसे, आप जब चढ़ेंगे तभी फतह कर आवेंगे। गोगा कहता है—"अपनी धरती में शकुनों पर विश्वास है और लोग उन्हें मानते हैं।" प्रभात होते जब दोनों घोड़ियों पर चढ़कर शकुन लेने को चले, परंतु कुछ भी शकुन न हुए, तब वे एक वृक्ष के तले जाजम बिछाकर सो गये, दामने (पग-बंधन) लगाकर घोड़ियाँ चरने को छोड़ दीं। थोड़ी देर पीछे जागे। गोगा ने कहा मैं घोड़े ले आता हूँ, अब घर को चलें। पाबू बोला "आप बैठिए, मैं ले आता हूँ।" गोगा ने फिर कहा कि आप बड़े हैं, यदि अवस्था में छोटे हुए तो क्या, आप बैठिए। पाबू ने कहा कि यह तो सत्य है, परंतु आप वृद्ध हैं और मैं जवान हूँ। पाबू घोड़े लेने को गया तो क्या देखता है कि दो बाघ खड़े हुए हैं और घोड़े चर रहे हैं। उसने मन में विचारा कि यह गोगा ने मुझे करामात दिखलाई है। उसने पीछे लौटकर गोगा से कहा कि घोड़े नजर नहीं आये, कहीं दूर चले गये हैं, मुझको तो मिले नहीं। फिर गोगा हाथ में बर्छा पकड़े ढूँढने को गया, क्या देखता है कि जल का एक बड़ा हौज भरा हुआ है, जिसमें एक नौका में बैठे हुए दोनों घोड़े जल में तैर रहे हैं। वह हौज बहुत गहरा है। गोगा समझ गया कि यह पाबू की करामात है। पीछे फिरा, पाबू ने पूछा कि घोड़े मिले? गोगा बोला कि मेरे मन में जो संदेह था सो दूर हुआ, अब मैंने तुमको पहचान लिया। फिर दोनों मिलकर चले, घोड़े वहीं खुले हुए चर रहे थे; वे सवार होकर घर आये। गोठें जिमाकर पाबू को विदा किया और वह कोल्हू आया।

पाबू की अवस्था १२ वर्ष की हुई थी, सोढों ने पत्र भेजा कि जान बनाकर ब्याह करने को शीघ्र आओ। यहाँ भी जान की

तैयारी हुई। जिंदराव खीची, गेगादेव और बड़े भाई बूड़ा को बुलाया। सिरोही के राव को भी निमंत्रण भेजा, परंतु वह आया नहीं। उसी अर्से में चाँदिया थोरी की बेटी का भी विवाह था, सो वह तो वहाँ रहा और दूसरे सब साथ में गये। मार्ग में बहुत बुरे शकुन हुए। शकुन-पाठकों ने कहा कि पीछे फिर जाओ, विवाह दूसरे (विवाह का दिवस) पर रक्खा जावे। पाबू बोला—मैं तो कदापि पीछे न फिरूँगा; क्योंकि ऐसा करने में लोग हँसेंगे कि पाबू तेल चढ़ा हुआ रह गया। इतना कह वह तो आगे बढ़ा और दूसरे सब वहाँ से लौट गये। दे घड़ी रात गये पाबू धाट (नगर) में जा पहुँचा। सोढ़ों ने भली भाँति विवाह कर दिया। फेरे फिरकर पाबू पीछा जाने लगा तब सोढ़ों ने कहा "आपने हमारे में क्या कसूर पाया कि इतने शीघ्र ही चलने का विचार करते हो? गोठ जीमी नहीं, पाहुन-चारी हुई नहीं, दे चार दिन रहिए, फिर दहेज देकर विदा करेंगे।" पाबू ने कहा कि आते हुए हमको शकुन अच्छे न हुए थे सो एक बार तो आज रात ही को घर चले जावेंगे, फिर जब पीछे आवें तब सारी रीति भाँति करना। सोढ़ों ने कहा "जो आपकी इच्छा।" पाबू सवार हुआ तो सोढ़ी कहने लगी कि मैं भी साथ ही चलूँगी सो रथ चढ़कर वह भी साथ हो ली। ये रातों रात कोल्हू में आये, हर्ष बधाई बँटी और महल में जाकर सोये।

जिंदराव खीची ने पीछे लौटते समय मार्ग में काछेला चारण के पशु घेर लिये। ग्वाले ने आकर पुकार मचाई कि जिंदराव खीची सब गौओं को लिये जाता है। सुनते ही चारणी जाकर बूड़े के पास कूकी कि "बूड़ा बाहर चढ! मेरी गौवें खीची लिये जाता है।" बूड़ा बोला "बाई! मेरी आँखें दुखती हैं, मुझसे तो आज चढ़ा नहीं जाता।" तब चारणी कूकती हुई पाबू के महल आई। चाँदिये को कहा

"चाँदा ! मेरी सब गौवें खीची लिये जाता है, तू छोड़ा दे।" चाँदिया बोला—"कूके मत ! पाबूजी पधारे हैं !" पाबू ने झरोखे में से उसको देखा, पूछा कि क्या है ! चाँदिया ने उत्तर दिया—काछेलो चारणों के पशु खीची लिये जाता है, बूड़ा वाहर नहीं चढ़ा। पाबू तो घोड़ी लेते वक्त वचनबद्ध हो चुका था; कहा, घोड़े पर सामान कर। सवार हुआ, सातों भाई थोरी और २७ (थोरी) जनैतियों को साथ लेकर खीचो को जा लिया; लड़ाई हुई, खीचो के बहुत से आदमी मारे गये और पाबू सब गौवों को छुड़ा लाया। गाँव कोज में आकर फूँजवा नामी कुएँ पर ठहरा और वहाँ पशुओं को जल पिलाने का श्रम किया गया, परंतु जल न निकाल सके। चारणी ने कहा "बड़े राठौड, जैसे तूने इनको छुडाया है वैसे ही पानी भी पिला दे !" तब तो पाबू स्वयं चरस खींचने को जा लगा, जल निकालकर वित्त को पिलाया। पीछे से चारणी की छोटी बहन बूड़े के पास जाकर पुकारी "बूडा ! अब तू कब तक जीता रहेगा ? पाबू तो मारा गया।" इतना सुनते ही बूड़ा क्रोध के मारे जल उठा, तत्काल सवार होकर खीचो को जा लिया और कहा— "अरे पाबू को मारकर कहाँ चला जाता है ! ठहर जा !" खीची सहम गया और कहने लगा कि पाबू तो धन (पशु) लेकर पीछे फिर गया है, आप क्यों लड़ते हैं ? बूडा ने उसकी एक बात न सुनी, लड़ाई हुई, बूड़ा काम आया। तब खीची ने अपने साथियों से कहा कि हमने पाबू को मारा नहीं, यदि वह पीछे फिरा तो अपने को छोड़ेगा नहीं, इसलिए चलकर उसे मारना चाहिए। वह पीछे फिरा और कम्मा धोरंधार के पास कुंहल गया, उससे कहा कि ये राठौड़ तेरी धरती दबा लेंगे, अत. आज तू हमसे मिल जावे तो अपने चलकर पाबू को मार लें। कम्मा ने भी खीचो का

साध दिया। दोनों चढ़कर पाबू पर आये। पाबू ने गौवों को जल पिला-कर छोड़ा ही था कि उसको खेह (धूल) उड़ती हुई दिखलाई दी। उसने चाँदिया से पूछा कि यह धूल कैसी है ? वह बोला—महा-राज ! खीची आया। पहले जब लड़ाई हुई थी तो चाँदिया खीची पर खड्ग का प्रहार करने ही को था कि पाबू ने उसकी तलवार पकड़ ली और कहा—मारना मत ! बाई राँड हो जावेगी। तब चाँदिया ने कहा था कि आपने अच्छा नहीं किया। अब तो पाबू ने खेत झाड़कर झगड़ा किया, खूब खड्ग बजाया और सातों भाई धोरी अहेड़ी और २७ जाति के अहेड़ियों समेत पाबू काम आया, सोढी सती हुई और खीची और पेमा अपने अपने ठिकाने को गये।*

---

* इस ख्यात से तो यही पाया जाता है कि पाबू और उसकी बहन सोनाबाई धांधल की विवाहिता स्त्री के संतान नहीं थे। खीची के साथ युद्ध में मारे जाने के भाव का, चारण बाँकीदास का कहा हुआ, पाबू का गीत—

" प्रथम नेह भीनौ महा क्रोध भीनौ पछै लाभचमरी समरझोक लागै।
" राय कवरी वरी जेण वागै रसिक, वरीयै कवारी तेण वागै।
" हुवे मगल धमल दमंगल वीरहक रंग तू ढैक मध जग तूठो।
" सघण बूठी कुसुमवोह जिण मौड़सिर बिसमडण मौड सिर लोहवूठो।
" करण अखियात चढ़ियो भलाँ कालमी निवाहण वयण भुज वाधिया नेत।
" पचारा सदन बरमाल सैपूजियो खलां किरमाल सेपूजियो खेत।
" सूर वाहर चढै चारणा सुरहरी, इतै जस जितै गिरनार आबू।
" विहड दल खीचिया तणा दलविभाडे, पौढियो सेल रणभीम पाबू।"

भावार्थ—पहले तो आनंद के साथ राय कवरी को बरी और उसी पोशाक से जंग किया। जिस मस्तक पर मौड़ बँधा था उसी पर खड्ग प्रहार हुए। पँवारो ने वरमाल से पूजा की और खलो ने खेत में तलवारों से पूजा। अपने वचन का प्रतिपालन कर चारणों की गौवें छुड़ाई और खीचियों के दल को भंजन कर पाबूजी रणखेत में सोया।

डोडगहली बूढ़े के साथ सती होने लगी थी, परन्तु उस वक्त उसको सात मास का गर्भ था। लोगों ने मना किया तब उसने छुरी से अपना पेट चीरकर बालक को निकाल एक धाय के हवाले किया और आप पति के संग जल मरी। वह बालक पेट फाड़कर निकाला गया था इसलिये उसका नाम झरड़ा प्रसिद्ध हुआ। उसने जिंदराव को मारकर अपने बाप और काका का वैर लिया और कई दिनों तक राज करके गुरु गोरखनाथ का चेला बनकर सिद्ध हो गया। वह अब तक जीवित है।

———

बारहवाँ प्रकरण

संगमराव राठौड़

संगमराव गुजरात के स्वामी वीसलदेव बाघेले का प्रधान था। (वीसलदेव बाघेला सं० १३०० वि० से सं० १३१८-१९ तक गुजरात का स्वामी रहा था।) उसने कुछ द्रव्य हजम किया तो गोरा बादल फटक जोड़कर उस पर चढ़ आये, बड़ी लड़ाई हुई, संगमराव मेहवे और जालोर के बीच अपने देश में जा रहा। सावंत नाम का सढायच चारण ठट्ठे के बादशाह के दर्याई घोड़े का चरवादार था, वह उस घोड़े को ले भागा। तीन दिन तक बराबर चलता रहा, जब थक गया तो संगमराव के गाँव रेतलाँ में आकर रात को ठहरा। घोड़े को घोड़ियों की बू आई, खुलकर एक घोड़ी से जा लगा। सावंत की आँख खुली तो देखता है कि घोड़ा घोड़ी पर सवार हो गया है। वह उसको पकड़कर पीछा लाया और पुकार कर कहा कि—"ठट्ठे के बादशाह का दर्याई घोड़ा घोड़ी से लगा है, यदि कोई यहाँ होवे तो सुन लेना!" फिर उसने उस घोड़े को ले जाकर चित्तोड़ के राणा के नजर किया। राणा ने प्रसन्न होकर उसको एक गाँव शासण में दिया। (रेतलाँ में) उस घोड़ी के पेट से एक बछेरी पैदा हुई थी। संगमराव का विवाह कुंडल में हुआ था। उसकी ठकुराणी का नाम आचानण और साले का नाम विसनदास (विष्णुदास) था। एक बार विष्णुदास ने संगमराव के पास आकर वह बछेरी माँगी। कहा—मेरे भाटियों के साथ वैर है, सो इस घोड़ी पर चढ़कर अपना वैर लेने के पश्चात् पीछे ला दूँगा। संगमराव ने टालाटूली की, परंतु अंत में विसनदास बछेरी

ले गया। उसने उस घोड़ी को घोड़ा बताया, सूबर हुई, एक वर्ष पीछे बछेरा दिया। विसनदास ने फिर उसको हरे जौ चराकर तैयार की और पीछे संगमराव के पास भेज दी। संगम अमल पानी चढ़ाकर घोड़ी पर सवार हुआ और उसे खुरी फेंकी तब जाना कि घोड़ी वैसी नहीं, इसने ठगा दिया है। विसनदास पर क्रोध किया, उससे बछेरा मँगवाया। उसने पीछे कहलाया कि तुम बहनोई हो इसलिये घोड़ी ले गये, परंतु बछेरा मैं नहीं दूँगा। संगम ने एक न माना और लड़ाई करने को तैयार हुआ, तब उसकी स्त्री ने कहा कि आप क्यों लड़ाई करते हैं, मैं जाकर बछेरा ला दूँगी। वह पीहर आई, भाई के पास बछेरा माँगा और बोली "भाई! मैं यह समझूँगी कि यह बछेरा तूने मुझको दहेज ही दिया था।" विसनदास ने न माना, तब आचानदा ने भाई पर धरणा दिया। दो एक दिन भूखी रही, परंतु भाई ने न माना। वह वहाँ से चल दी, आगे एक गाँव मे पहुँचकर रसोई बनवाई, भोजन किया, फिर अपने साथ के लोगो से पूछा कि अब क्या करूँ ? मेरा पति तो साले से घोड़ा लिये बिना मानेगा नहीं; मैंने उसको लड़ाई करने से रोका और घोड़ा लेने के वास्ते पीहर आई तो भाई ने भी नहीं समझा। लोगो ने कहा कि जैसी तुम्हारी इच्छा हो वैसा करो। वह अच्छे अच्छे ठिकानों मे गई, परंतु किसी ने उसको नहीं रक्खा। गाँव मेलू में रामचंद ईदा राजपूत रहता था। वह उसके यहाँ गई (और उसे अपनी कथा सुनाई)। वह बोला, तू खुशी से यहाँ रह। तू मेरे सिर के साथ है। तब आचानदा ने यह दोहा कहा—"देसी थोरद बू फड़ा काही सलासि रेह। कुंडल रे आचानदे के मेलू देई देह॥" (यदि कोई आपत्ति आई तो आचानदा का शरीर भी मेलू में पड़ेगा।)

जब से आचानण रामचंद्र के घर में आकर बैठी तब से ईंदे सब सजे सजाये तैयार रहते थे। छः महीने बीते कि संगमराव के गाँव का एक जोगी ईंदा के गाँव आया और रामचंद्र के यहाँ भिक्षा माँगने को गया। आचानण ने उसको पहचाना और दासी को भेजकर भीतर बुलाया। उसे देखते ही जोगी बोला—"माता आचानण, तू यहाँ कहाँ से आई?" उसने कहा "आयसजी! मेरे लिए क्या प्रसिद्धि है?" बाबा बोला—प्रसिद्धि यही है कि घोड़ा लेने के वास्ते पीहर गई है, सो लेकर आवेगी। उसने जोगी को एक रुपया और एक वस्त्र दिया और सत्कारपूर्वक रात रखकर बिदा किया और यह भी कहा कि ठाकुर को मेरी ओर से यह समाचार सुना देना कि "तुमने मेरा कुछ भी मान न रक्खा, साले को मारने के वास्ते तैयार हो गये, तब मैं पीहर आई। पीहरवालों ने भी मेरी बात न मानी, लाचार मैं रामचंद ईंदा के पल्ले लगी हूँ, सो अब ठाकुर मेरा नाम न लेवें।" जोगी ने यह सब वृत्तांत संगमराव को जा सुनाया और पूछा "बाबा! आचानण कहाँ है?" संगम ने कहा—"बछेरा लेने के वास्ते गई है।" जोगी बोला—"बछेरा तो दिया नहीं और वह तो रिसाकर रामचंद्र ईंदा के घर में जा बैठी है।" यह सुनते ही सगम ने नक्कारा बजवाया और कुंडल पर चढ़ धाया भाइयों ने समझाया कि पहले तो स्त्री का वैर लेना चाहिए, तब वह भेलू आया। जोगी को बिदा करने के पीछे आचानण एक थाली में मूँग के दाने धरकर उसे बाजोट पर रख दिया करती थी। एक दिन रात के वक्त थाली में के मूँग उछलने लगे। रामचंद्र उस समय सोया हुआ था। आचानण ने उसके पाँव पर हाथ धरकर उसे जगाया और कहा—"ठाकुरां उठो! कटक आया।" उसने पूछा—"कहाँ है? मेरे बंधुवर्ग कई दिन से शस्त्र सँभाले तैयार बैठे रहते

हैं।" आचानण बोली—उन मूँगों की ओर देखो! रामचंद्र ने भी जब मूँगों को उछलते देखा तो पूछा कि यह क्या बात है। उसने कहा बोर घोड़ों की टापों के पड़ने से मूँग उछलते हैं, वह तुम्हारी सीमा में आ पहुँचा है। रामचंद्र ने कोठड़ी में आकर ढोल दिवाया, लोग इकट्ठे हुए। ईंदा और संगम में युद्ध ठना और रामचंद्र २७ राजपूतों सहित खेत पड़ा। आचानण ने आकर संगमराव से मुजरा किया और कहा "राज! हाथ तुम्हारा और शरीर ईंदा का है।" फिर उसने अपना दाहिना हाथ काटकर संगम को दे दिया और आप ईंदा के साथ जल मरी।

फिर संगमराव कुंडल पर चढ़कर गया और विसनदास को कहलाया कि हमारा वछेरा दे। उसने अपनी दूसरी छोटी बहन का विवाह संगमराव के साथ करके वछेरा उसे टीके में दे दिया। कुछ समय पीछे वह बीसलदेव की चाकरी में गया तो बीसल बोला कि धिक्कार है तुझको कि संगम ने तेरे साथ ऐसा वर्त्ताव किया। विसनदास ने कहा—क्या करें उससे पहुँच नहीं सकते। बीसल ने कहा कि मैं अपनी सेना देता हूँ। विसनदास फौज लेकर चला। संगम उस वक्त अपनी ससुराल ही में था, विसन अपने गढ़ के द्वार खुलवाकर एकाएक भीतर घुसा और उसे जा दबाया। घोड़ों को काटकर संगम संमुख हुआ और वहाँ खेत पड़ा।

संगमराव के पुत्र मूलू ने बीसलदेव से वैर बढ़ाया, उसके उपद्रव की एक पुकार रोज बीसल के कानों पर पड़ने लगी। उसने सेना भेजी और कई प्रयत्न किये, परंतु मूलू हाथ नहीं आता था। एक बार सीचो धारू आनंलोय का बीसोढा चारण बीसल के पास आया, उसने उसका बड़ा आदर किया। एक दिन एक हजार रुपये की बाजी लगाकर दोनों चौपड़ खेलने लगे और यह शर्त ठहरी कि जो राजा

हार जावे तो १०००) चारण को दे देवे और जो चारण हारे तो मूलू को ला दिखावे। चारण बोला—महाराज! मैं तो मूलू को नहीं पहचानता हूँ। राजा ने कहा—वह बड़ा राजपूत है, तेरा बुलाया हुआ अवश्य आ जावेगा और जो कदाचित् न आवे तो कोई हर्ज नहीं। चारण बाजी हार गया। राजा ने अपने आदमी उसके साथ दिये और वह मूलू के गाँव पहुँचा। मूलू बड़े आदर के साथ उससे मिला और उसके भोजन के वास्ते खीच (बाजरे की खिचड़ी) बनवाया, परंतु चारण ने न खाया। मूलू ने कारण पूछा तो कहा कि मैंने तुझको राजा बीसलदेव के पास एक हजार रुपये में हारा है इसलिए जो तू एक बार चलकर राजा से मुजरा करे तो तेरे यहाँ भोजन करूँ। मूलू बोला—"बहुत ठीक, परंतु तूने बहुत थोड़े द्रव्य में मुझे हारा, वह तो मेरे लिए लाख रुपये भी खर्च कर देता। खैर, मैं तेरे कहने से चलूँगा।" बीसोढे ने भोजन किया और बिदा होकर पीछा बीसलदेव के पास आया और कहा—"बाप! मूलू तो आवै नहीं।" एक बार सोमवार के दिन राजा बीसल चौगान खेलने को चढा, उसी वक्त मूलू भी उसके साथ में आन मिला और पूछा कि बीसोढा कहाँ है। किसी ने चारण की ओर उँगली उठाकर कहा कि वह सवारी के हाथी के पास राजा से बातें करता हुआ जा रहा है। मूलू ने घोडा बढ़ाया और बराबर आकर बीसोढे से राम राम किया, तब चारण ने यह दोहा कहा—"बोसोढो आवार वीसल दे कहिजे विगत। ओ मूलू असवार सगला देखै सांगउत।" तब बीसोढे ने कहा महाराज मूलू हाजिर है। राजा ने उसकी तरफ देखा तो मूलू ने मुजरा कर यह दोहा कहा—"जाडी फौजां जेथ बीसल की चहुएँ वला। सेल बुहालो तेथ सुरताणे उर सांग उत॥" (हे साँगा के पुत्र, जहाँ बीसल की बहुत सी फौजें हैं वहाँ तेरा बर्छा सुरताण के हृदय

में है।) बीसल की सेना में कोई सुरताण था उसको मारकर मूलू चलता हुआ। पीछे राजा की सेना लगी, हुक्म हुआ कि जाने न पावे, थोड़ी दूर पर आगे एक नाला आया, उसे कूदकर मूलू का घोड़ा तो दूसरे किनारे पर जा खड़ा हुआ और राजा के सवार इधर ही खड़े ताकते रहे। जब यह खबर राजा के पास पहुँची कि मूलू अछूता चला गया तो उसने आज्ञा दी कि "हमारे घोड़ों के कान काट डालो।" उस वक्त बीसोढे ने दोहा कहा—"तेजा लगतो खार वाला बीसलदेव के। ऊपर ला असवार साके भय सागावते॥" (राजा के घोड़े तो वहाले तक पहुँचे परंतु उनके सवार भय के मारे शंकित हो पार न जा सके।) तब तो राजा ने घोड़ों के कान काटने का निषेध कर दिया और बीसोढे से कहा—"तूने हमको चिताया क्यों नहीं कि मूलू आवेगा।" बीसोढा बोला—महाराज! ऐसा तो किस तरह कहा जा सकता है। मूलू ने मुझसे कहा था कि तूने बहुत थोड़े रुपयों में मुझे हारा, यदि मैं राजा के नजर आऊँ तो मेरे तो लाख रुपये देने को भी वह तैयार है। राजा ने फिर दूसरी बाजी लगाई और कहा यदि मैं हारा तो तुझे एक लाख रुपये दे दूँगा और जो तू हार जावे तो गढ़ में मूलू को लाकर मुझसे मुजरा करवाना। बीसोढा ने कहा—गढ़ में वह कैसे आवेगा? राजा ने उत्तर दिया कि आवे तो ले आना, नहीं आवे तो न सही। वह बाजी भी चारण हार गया, मूलू के पास पहुँचा और उससे कहा—"मैंने तुझको लाख रुपये में हारा है, इस बार गढ़ में आना पड़ेगा।" मूलू ने उत्तर दिया—मुझे गढ़ में कौन जाने देगा? परंतु जो आ सका तो आकर ढूँढ़ूँगा। चारण ने पीछा आकर राजा से कहा—"बाप! कोट में मूलू कब आवे, मैंने तो बहुत कुछ कहा, परंतु उसने न माना।" यह सुनकर गोरा बादल ने मूलू के लिए

हँसकर कहा—"यदि अच्छा राजपूत होता तो जरूर आता।" एक दिन भादों के महीने में मूलू सवार होकर पाटण आया और एक माली के घर के पिछवाड़े खड़ा रहा। उस वक्त मेह बरस रहा था, सिर पर ढाल रखकर वह एक परनाले के नीचे खड़ा हो गया। माली ने मालिन को कहा कि देख। परनाले का कैसा शब्द होता है। माली ने उठकर देखा तो एक सवार घोड़े पर चढ़ा हुआ खड़ा है। तब तो उसने मालन को पुकारा कि बाहर तो कोई सवार खड़ा है। मालिन बोल उठी कि "यह तो कोई मेरे मूलू जैसा है जो बाप का वैर लेने के वास्ते धुक रहा है।" माली ने मूलू को घर में लिया। प्रभात को वह मालिन राजा के यहाँ पूजा के लिए फूल लेकर जाने लगी। मूलू ने उसको कहा कि एक बार मैं भी राजा को देखना चाहता हूँ। मालिन ने उसको स्त्री का वेष धारण करवा फूलों की छाब सिर पर रखकर साथ लिया। चलते समय मूलू ने अपनी कटार को भी छाब में रख लिया और महल में पहुँचा। देखा कि राजा बैठा है और बीसोढा चारण भी वहाँ हाजिर है। जाते हुए मार्ग में मूलू ने गोरा बादल को बैठे हुए देखा, जिससे उसके पाव डगमगाने लगे। गोरा बोला—'बादल देख। इस मालिन के पग ठीक नहीं पड़ते हैं, क्या यह सगम राज का बीज तो नहा है?" बादल ने कहा—"होवे, मालिन के घर पर सगम का डेरा रहा था।" यह सुनकर मूलू ने महल में प्रवेश किया, छाब सिर से उतारी और चारण को राम राम किया। चारण ने खड़े होकर आशीष दी और बीसल से कहा—"महाराज। मूलू मुजरा करता है।" इतने में तो कटार पकड़कर मूलू राजा के पास जा बैठा और बोला कि "यदि जगह से हिले तो यहीं मार डालूँगा।" राजा ने कहा कि किसी प्रकार छोड़ो भी। कहा—

अपनी कन्या व्याह दो तो छोड़ दूँ। राजा ने बहुतेरा समझाया, परंतु उसने एक न मानी। वहीं ठाकुरद्वारे में राजकन्या से विवाह कर हाथ पकड़ उसको महल में ले गया।

वीसलदेव ने विचारा कि मूलू ने धोखा दिया और बहुत बढ़कर बात की। यह वृत्तांत गोरा बादल ने भी सुना। उन्होंने अर्धरात्रि के समय राजा से आकर कहा कि "हम तो इस अपमान को सहन नहीं कर सकते कि मूलू राजकन्या को जबर्दस्ती व्याह लेवे। हम उसे मारेंगे और कुमारी का विवाह किसी और के साथ करावेंगे।" राजा बोला—जैसी तुम्हारी इच्छा। वे दोनों (सामंत) वहाँ पहुँचे जहाँ मूलू, राजकुमारी को लिये, सोता था और पुकारकर कहा कि सँभल जा! मूलू ने सोलंकिनी को कहा कि अब यदि तू बचावे तो बचूँ। वह बोली, मैं हर प्रकार से हाजिर हूँ। मूलू अपनी स्त्री के कपड़े पहनकर द्वार पर आ खड़ा हुआ और गोरा बादल से कहा कि मुझे तो निकलने दो! सामंत (उसको राजकुमारी समझकर) अलग हो गये, मूलू निकला और घोड़े पर चढ़कर चलता हुआ। जब गोरा बादल द्वार खोलकर भीतर गये तब क्या देखते हैं कि वहाँ पर राजकन्या बैठी है, वे हाथ मींजकर रह गये।

सोलंकिनी के गर्भ रह गया था, अब उसका पुनर्विवाह करना चाहा। और तो किसी ने उसको ग्रहण करना स्वीकार न किया; परंतु जालोर के स्वामी सामंतसिंह सोनगिरे ने उसका पाणिग्रहण किया। मूलू बोला कि सोलंकियों ने तो मुझको बेटी व्याह दी इसलिए अब उनके साथ मेरा बैर नहीं, अब तो सोनगिरों से बैर है। नित्य दौड़े दौड़ने लगा, परंतु सोनगिरे प्रबल थे, उनको वह पहुँच न सका। एक बार दसहरे के दिन सोनगिरों की एक दासी आशापुरा देवी को पूजने के वास्ते गई थी, उसको पकड़कर मूलू ने अपनी डोहर

में उसकी गाँठ बाँध ली और उसके वस्त्र पहनकर गढ़ में गया और तुलसी थाने के पास जा छिपा। उसकी कटार उसके पास थी। पहर रात गये सामंतसिंह महल में आया, सोलंकिनी थाल परोस-कर लाई। सोलंकिनी को मूलू के वीर्य से पुत्र उत्पन्न हुआ था। सामत ने कहा कि "मूलू के बेटे को ले आ।" वह बोली कि वह तो सो गया है। कहा—"जगा। मैं उसको अपने शामिल जिमा-ऊँगा, मूलू बड़ा सामंत है। उसके पुत्र की झूठन खाने से मेरे में भी पराक्रम आ जावेगा।" लड़का आया और शामिल भोजन किया। सामंत ने मूलू की बहुत प्रशंसा की और यह भी कहा कि वह एक बार अवश्य मुझ पर आवेगा। मूलू ने विचार लिया कि इसको न मारूँगा, उठकर पास चला आया और राम राम किया; कहा "तुझे न मारूँगा, न मारूँगा; वैर टूटा।" सामंतसिंह बोला—"वैर ले ले।" मूलू ने उत्तर दिया—"छोड़ा।"

फिर मूलू ने दूसरा विवाह कर लिया और अपने पुत्र को माँगा परंतु सामंतसिंह ने न दिया; कहा—यह पुत्र तुम्हारा है, परंतु संकट के समय हमारे काम आवेगा। उस लड़के का नाम काँधल था। वह सामंतसिंह के पास रहता; प्रतिदिन सोने के थाल में भोजन करता और गिलोल से उस थाल को तोड़ डालता था। एक दिन कान्हड़ देव की स्त्री ने कहा कि "रोज थालो तोड़ता है।" काँधल ने गिलोल चलाई, गिलोलिया राणी के कान पर जा लगा, घूटी थी, कान टूट गया, परंतु उसने काँधल को कुछ न कहा। इसी अर्से में सुलतान अलाउद्दीन (खिलजी) जालोर पर चढ़ आया। सोनगिरों के साथ लड़ाई हुई, काँधल खाँडे के मुख पर (सबसे आगे) था, सात बीस खड्डे सुदा कटार पकड़कर काम आया (२७ तुर्कों को मारकर मरा)। उसकी माता ने उस वक्त कहा कि "बेटा काँधल!

जो मैं ऐसा जानती तो रड्डाँ से घर भरा देती।" काँधल ने उत्तर दिया—"माजी! तुमने न जाना हो, बीरम की माता श्रौर कान्हड़देव की स्त्री पर जिस दिन गिलोलिया चलाया था मैंने तो उसी दिन कह दिया था।"

तेरहवाँ प्रकरण

खेतसी अरड़कमलोत और भटनेर की बात

भटनेर में बादशाह हुमायूँ का थाना रहता था। उस वक्त खेतसी से एक कानूनगो आकर मिला और कहा "यदि तू मेरी सहायता करता रहे तो तुझे गढ़ दिलवाऊँ।" इस कानूनगो को निकालकर उसकी जगह दूसरा नियत कर दिया गया था, उस जलन के मारे वह खेतसी के पास आया था। खेतसी ने कहा—भली बात है, मैं भी यही चाहता हूँ। अपने काका और बाबा पूरणमल काँधलोत और दूसरे कई राजपूतों को साथ ले कानूनगो को आगे कर वह चढ़ धाया। मार्ग में जाते हुए देखा कि एक सिंहनी किसी जानवर का सिर लिये जा रही है। शकुनी ने कहा कि गढ़ तो तुम ले लोगे, परंतु तुम्हें उसे छोड़ना पड़ेगा। खेतसी बोला कि "एक बार जा तो बैठें; फिर रहे या जावे।" (कानूनगो पहले गढ़ में चला गया था।) जब ये गढ़ के नीचे पहुँचे तो कानूनगो ने ऊपर से रस्सा फेंका, खेतसी अपने साथ सहित ऊपर चढ़ा और गढ़ ले लिया। दस वर्ष तक वह गढ़ उसके अधिकार में रहा। बड़गच्छ का एक यती बीकानेर में रहता था। उसके पास कोई अच्छी चीज थी। राव जैतसी ने वह चीज उससे माँगी, परंतु यती ने दी नहीं तब राव ने उसको मारकर वह वस्तु ले ली। फिर कामराँ (हुमायूँ का भाई जो काबुल में राज करता था) हिंदुस्तान पर चढ़ आया। उस यती का चेला उससे आगे जाकर मिला, और कहा "आप इधर चलें तो भटनेर का गढ़ हाथ आवे।" कामराँ ने कहा कि "उधर जल नहीं है।" चेला बोला कि "जल

मुझसे आया।" कामराँ उसको साथ लिये भटनेर को चला, मार्ग में जल न मिलने से कटक मरने लगा तब यती ने क्षेत्रपाल की आराधना की। मेह बरसा और जल ही जल हो गया। ये भटनेर पहुँचे, खेतसी भी अगौनी कर मिला। इन्होंने उससे अगुवे माँगे, उसने भेज दिये; परंतु वे शाही फौज को मार्ग से भटकाकर जंगलों में ले चले। आगे आगे कामराँ और पीछे पीछे खेतसी चलता था। कामराँ के साथियों ने कहा कि "गनीम पीछे पीछे आता है।" तब तुर्कों ने पीछे फिरकर खेतसी को मारा। भयंकर युद्ध हुआ, कई आदमी मारे गये। कामराँ, भटनेर में अपना थाना रख, बीकानेर आया। राव जैतसी ने उससे युद्ध किया और रात को छापा मारा, तुर्क बुरे हारे और कामराँ भागा। राव ने बाँढी से चढ़कर अहमदाबाद तक राज किया। ठाकुरसी ने जैतसी के नाम पर जैतपुर बसाया।

एक दिन भटनेर में भद्रकाली के मंदिर के पास ठाकुरसी (राव जैतसी का पुत्र) और अहमद (शायद भटनेर के किलेदार का नाम हो) ने मिलकर गोठ की, और काली के चढ़ाने को भैंसा तैयार किया। ठाकुरसी ने साँगा भाटी को कहा कि "लोह कर!" उसने लोह किया, भैंसे का सिर लटक पड़ा, जिस पर ठाकुरसी ने शकुन विचारकर कहा कि गढ़ लेंगे। फिर वह जैतपुर चला आया। भटनेर का एक तेली जैतपुर ब्याहा था। जब वह तेली ससुराल में आया तो ठाकुरसी ने उसकी बड़ी खातिर की। एक दिन अहमद कहीं अपने पुत्र का विवाह करने गया था, गढ़ की रक्षा के वास्ते अपने भाई फीरोज़ को छोड़ गया था। ठाकुरसी चढ़कर गया और रात्रि के समय गढ़ के नीचे जा पहुँचा। तेली से शर्त थी ही, उसने ऊपर से रस्सा फेंका, जिसके आधार से ठाकुरसी अपने साथियों सहित

गढ पर चढ गया। लड़ाई हुई, फारोज़ मारा गया और गढ हाथ आया। कल्याणमलजी की दुहाई फिरी और राव (जेतसी) ने वह गढ ठाकुरसी को दिया। समय पाकर ठाकुरसी का शरीर छूटा और बाघ उसका उत्तराधिकारी हुआ। नैतपुर उससे ले लिया गया और बाघ व नरहर मन्नेर में रहे। बादशाही चाकरी करता था। बाघ के मरने पर उसके पुत्रों से महाराज रायसिंहजी ने वह धरती लेकर बीकानेर के अधिकार में की, वे भाडवा में आकर गुढा बाँध रहने लगे। सूरसिंह करणसिंह तक भटनेर बीकानेर-वालों के पास रहा और बादशाह शाहजहाँ के अमल में खालसे हुआ। लड़ाई हुई, जोगादास कांधलोत और कल्याणदास भाटी काम आये। फिर खालसे रहा।

चौदहवाँ प्रकरण

जोधपुर, बीकानेर और किशनगढ़ का वृत्तांत

१—जोधपुर के राजाओं की वंशावली

राव सीहा—राणी सोलंकणी सिद्धराव जयसिंह की बेटी, उसका पुत्र आस्थान। दूसरी राणी चावड़ी सौभाग्यदेवी, मूलराज बाघनाथोत की बेटी, उसके पुत्र अज व सोनिग।

राव आस्थान—राणी उछरंगदेवी ईंदी, बूढ़म मेघराजोत की बेटी, उसके पुत्र धूहड़, धांधल व चाचग।

राव धूहड़—राणी द्रौपदी, चहुवाण लखमणसेन प्रेमसेनोत की बेटी, उसके पुत्र रायपाल, पीथड़, बाघमार, कीर्तिपाल और लगहंथ।

राव रायपाल—राणी रत्नादेवी भटियाणी, रावल जेसल हुसाजोत की बेटी, उसके पुत्र—कान्ह, समणा, लखमणसेन व सहनपाल।

राव कान्ह या कन्हपाल—राणी कल्याणदेवी देवड़ी, सलखा लूँभावत की बेटी, उसके पुत्र जालणसी और विजयपाल।

राव जालणसी—राणी स्वरूपदेवी गोहिलाणी, गोदा गजसिंहोत की बेटी, उसका पुत्र छाड़ा।

राव छाड़ा—राणी बीरां हुलणी, उसका पुत्र टीडा।

राव टीडा—राणी तारादेवी, चहुवाण राणा वरजांगोत की बेटी, पुत्र सलखा।

राव सलखा—राणी देवी चहुवाण मुंजपाल देमराजोत की बेटी, पुत्र मल्लिनाथ, जैतमल। दूसरी राणी जोइयाणी, जोइया धीरदेव की बेटी, पुत्र वीरमदेव। तीसरी राणी गोरज्या (गवरी) गोहिलाणी, जयमल गजसिंहोत की बेटी, पुत्र सोभित।

राव वीरमदेव—राणी भटियाणी जसहड, राणीदेवी पुत्र राव चूंडा। दूसरी राणी माँगलियाणी लाली कान्ह केलणोत की बेटी, पुत्र जयसिंह। तीसरी राणी चदनदेवी आसराव रणमलोत की बेटी, पुत्र गोगादेव। चौथी राणी ईंदी लाछां (लक्ष्मी) उगमणसीह सिखरावत की बेटी, पुत्र देवराज और विजयराज।

राव चूँडा—राणी सांखली सूरमदे, वीसल की बेटी, पुत्र—रणमल। दूसरी राणी गहलोताणी तारादेवी सोहड साँदू सूरावत की बेटी, पुत्र सत्ता। तीसरी राणी भटियाणी लाडां, कुवल केलणोत की बेटी, पुत्र अरडकमल। चौथी सोना, मोहिल ईसरदास की बेटी, पुत्र कान्हा। पाँचवीं इंदर केसर, गोगादेव उगमणोत की बेटी, पुत्र-भीम, सहसमल, धरजांग, रूदा, चांदा और अज्जा।

राव रणमल—राणी भटियाणी, पुत्र जोधा।

राव जोधा—राणी सारंगदेवी, सांखला मांडण रूणेचा की बेटी, पुत्र-बीका, बीदा, दूसरी राणी हाडी जसमादे, पुत्र राव सांतल, राव सूजा, और नींबा। तीसरी राणी जाणादे दूलणी भारमल जोगावत की बेटी। स०१५०० में बीकानेर के गाँव चूँडासर में पाट बैठा।

राव सातल—स० १५१९ में मडोर में पाट बैठा।

राव सूजा—माजी हाडी जसमादे, अजीत मालदेवोत की पुत्री। स० १५४९ में पाट बैठा।

राव बाघा—माजी लखमादेवी भटियाणी, जयसा कलिकणोत की बहन।

राव गांगा—माजी उदयकुँवर चहुँवाण रामकुमार रावत की बेटी। स०१५७२ में पाट बैठा।

राव मालदेव—माजी पद्मा (पद्म कुँवर) देवडी, जगमाल मालावत की बेटी। स० १५८२ में पाट बैठा।

राव चंद्रसेन—सं० १६१९ में पाट बैठा।

राजा उदयसिंह—माजी स्वरूपदेवी झाली, सज्जा राजावत की बेटी। सं० १६४० में पाट बैठा।

राजा सूरसिंह—माजी लखमती कछवाही, भासकर्ण भीमावत की बेटी। सं०१६५२ में पाट बैठा।

राजा गजसिंह—माजी केसरदेवी कछवाही, हमीरखाँ कर्मसिंहोत की बेटी। सं० १६७६ में पाट बैठा।

सं० १६९५ में राव अमरसिंह को नागोर दी।

महाराजा जसवंतसिंह—माजी गायडदे सीसोदणी, भाण सक्तावत की बेटी। सं० १६९६ में पाट बैठा।

महाराजा अजीतसिंह—माजी पोहपकुँवर। यादव भीमपाल छत्रमणोत का दोहिता।

महाराजा बखतसिंह—चौहान चतुर्भुज दयालदासोत का दोहिता।

महाराजा विजयसिंह—भाटी दौलतसिंह गजसिंहोत का दोहिता।

महाराजा भीमसिंह—रावलोतों का दोहिता। भीमसिंह किशनसिंह सादूलोत का दोहिता।

(महाराजा जसवंतसिंह से पिछले नाम ख्यात में पीछे से दर्ज हुए हैं)

जोधपुर के सर्दारों की पीढ़ियाँ

नीवाज—(ऊदावत राठौड़, राव सूजा के बेटे ऊदयसिंह के वंशज) राव जोधा, राव सूजा, ऊदा, खीवा, रत्नसिंह, कल्याणदास, मुकुंददास, विजयराम, जगराम, कुशलसिंह, अमरसिंह, कल्याणसिंह, दौलतसिंह, शम्भूसिंह, सुरताणसिंह और सामंतसिंह।

रास—(ऊदावत राठौड़) जगराम, शम्भूसिंह, बख्तसिंह, केसरीसिंह, धनैसिंह और जवानसिंह।

लाँबियाँ—शुभराम, प्रेमसिंह, भारतसिंह और चाँदसिंह।

गेमलियावास—शुभराम, चैनसिंह, फतहसिंह और इंद्रसिंह।

रायपुर—कल्याणदास, दयालदास, बल्लभराम (बलराम), राजसिंह, हृदयनारायण, भारतसिंह और केसरीसिंह।

नींबोल—जगराम, उदयराम, जगतसिंह और नरसिंहदास।

जूणले—जगराम, उदयराम, अनूपसिंह और रायसिंह।

खारिया—विजयराम, मनराम, वैरीसाल और महासिंह।

रानावड़ी—मुकुंददास, विजयराम, मनराम, राजसिंह और दौलतराम।

बेरोल—मुकुंददास, विजयराम, मनराम, हीरासिंह, बनैसिंह और शम्भूसिंह।

छीपिया—दयालदास, बलराम, राजसिंह, प्रतापसिंह, सामंतसिंह, जसकर्ण, भवानीसिंह, जैतसिंह और अमरसिंह।

नीवाहा—राजसिंह, प्रतापसिंह, उदयसिंह और बनैसिंह।

बसो—जसकर्ण, भावसिंह और शंभूसिंह।

देवली—बलराम, राजसिंह, प्रतापसिंह, उदयसिंह और शिवसिंह।

२—राज्य बीकानेर के नरेशों की वंशावली

स० १५०० में बीकानेर के गाँव चूंडासर में राव जोधा पाट बैठा।

राव बीका (जोधावत) सं० १५२५ में जाँगलू (जंगलधर) में आया, सं० १५२९ में कोडमदेसर में पाट बैठा। राव बीका के पुत्र लूणकर्ण, पूंगल के भाटी राव शेखा की कन्या रंगादेवी के पेट से। नरा, घड़सी, केलण, मेघा, बीसा, राजा और देवराज।

(राव बीका ने सं० १५४५ में बीकानेर का नगर बसाकर राजधानी स्थापन की)।

राव लूणकर्ण—सं० १५५४ में पाट बैठा। पुत्र जैतसी, देवड़ा जैतसी की कन्या लाला के पेट से। प्रतापसिंह, रत्नसिंह, वैरीसिंह, तेजसिंह, करमसी, रूपसी, रामसिंह, सूरजमल और किशनसिंह।

राव जैतसी—सं० १५८१ में पाट बैठा। पुत्र कल्याणमल, सोढा जैतमाल की कन्या कश्मीरदे के पेट से। भीमराज, मालदेव, ठाकुरसिंह, मानसिंह, अचलदास, पूरणमल, सिरंग, सुर्जन, कान्ह, भोजराज, करमचंद, और तिलोकसी।

राव कल्याणमल—सं० १५६६ में पाट बैठा। पुत्र रायसिंह, सोनगिरा अखैराज की कन्या मत्तादे के पेट से। रामसिंह, पृथ्वीराज, सुरताण, भाण, अमरा, गोपालदास, राघोदास, डूंगरसिंह। राव कल्याणमल के साथ सती हुईं—राणी हाँसा गहलोत, भटियाणी रामकुँवर, प्रेमकुँवर, लवंगकुँवर; एक खवास। ढोलण, पोहप (पुष्प) राय। दस पातर—अजयमाला, धुवराय, कामसेना, रंगराय, पद्मावती, सुघड़राय, भानुमती, रूपमंजरी, रंगमाला आदि।

महाराजा रायसिंह—सं० १६३० में पाट बैठा। पुत्र सूरसिंह, रावल हरराज भाटी की पुत्री राणी गंगादेवी के पेट से; दलपत, भूपत और किशनसिंह। राजा रायसिंह के साथ सती हुईं—तीन राणियाँ—कुँवर द्रोपदी, सोढी भानुदेवी, भटियाणी अमोलकदेवी। पातर तीन—रंगराय, नैयणजवा, कामरेखा।

महाराजा दलपतसिंह—सं० १६६८ में पाट बैठा। दो वर्ष राज किया (६ राणियाँ राजा की पगड़ी के साथ बीकानेर में सती हुईं)।

महाराजा सूरसिंह—सं० १६७० में पाट बैठा। राजा रायसिंह का पुत्र था। राणा उदयसिंह सीसोदिया की कन्या राणी जसवंतदेवी

के पेट से। सूरसिंह के पुत्र—कर्णसिंह, कछवाहा हिम्मतसिंह की कन्या राणी स्वरूपदेवी के पेट से। अर्जुन और शत्रुसाल। राजा सूरसिंह के साथ दो राणियाँ—भटियाणी मनरंगदे, राणी रत्नावती, और पातर रंगरेखा तथा गुणकली सती हुईं।

महाराजा कर्णसिंह—सं० १६८८ में पाट बैठा। पुत्र अनूपसिंह, चंद्रावत रुक्मांगद की कन्या इंद्रकुमारी (कस्तूरदेवी) के पेट से। केसरीसिंह, पद्मसिंह, मोहनसिंह, अजबसिंह, उदयसिंह, मदनसिंह, देवीसिंह, अमरसिंह और वनमाली। दस खवासनियाँ राव कर्ण के साथ सती हुईं। राणियाँ—भटियाणी अजबदेवी धनराजोत, शृंगारदेवी जेसलमेरी, कोडमदेवी विक्रुपुरी, मनसुखदे, शेखावत सौभागदेवी, प्रतापकुँवर, सोढा सुगुणदेवी, तँवर साहिबदेवी। दस खवासनें व पातरें—कमोदकली, रामवती, मेघमाला, किशनाई, गुणमाला, चंपावती, रुद्रकली, प्रेमावती, कुंकुमकली, और मृदगराय।

महाराजा अनूपसिंह—सं० १७२६ में पाट बैठा। पुत्र सुजानसिंह, राजावत अमरसिंह की कन्या राणी चंद्रकुँवर के पेट से। आनंदसिंह, स्वरूपसिंह, रुद्रसिंह और रूपसिंह। आनंदसिंह के पुत्र गजसिंह, अमरसिंह, तारासिंह और गूदड़सिंह। सं० १७५५ ज्येष्ठ सुदि ६ को राजा अनूपसिंह काल-प्राप्त हुआ। सती हुईं—राणी रत्नकुँवर जेसलमेरी, पँवार अतरंगदे। खवासनें—सुघडराय, रंगराय, गुलाबराय। पातरें—जयमाला, नारंगी, सरसकली, अनारकली, खलासा, रूपकली, कपूरकली। राणी जेसलमेरी की सात सहेलियाँ—रूपरेखा, हररेखा, गुणजोत, मोतीराय, कुँवरीजी की हरमाला, खवासों की कमोदी। कुल सतियाँ अठारह।

महाराजा स्वरूपसिंह—जन्म सं० १७४६। पाट बैठा सं० १७५५ में। उस वक्त ६ वर्ष के बालक थे, शीतला रोग से शरीर छूटा।

महाराजा सुजानसिंह—सं० १७५७ में पाट बैठा। पुत्र-राणावत इंद्रसिंह की कन्या राणी रत्नकुँवर के पेट से जोरावरसिंह ने जन्म लिया। सं० १७९३ में काल-प्राप्त हुआ। सती हुई—राणी देरावरी सुरताणदे; पातरें—सुघड़राय, रंगराय, नैणसुखराय, गुमानराय, वडारण हरजीतराय; खालसा—हसवी, चैनसुख।

महाराजा जोरावरसिंह—सं० १७९३ आश्विन सुदि १० को पाट बैठा। पुत्र गजसिंह, सामंतसिंह शेखावत की कन्या राणी अविभाग (व्रजकुमारी) के पेट से। सती हुईं सं० १८०३ मे—राणी देरावरी अभयकुँवर, तँवर उमेदकुँवर, खवास सदाजी; पातरें-गोरां, गुलाब, सरूपाँ, तनतरंग, रंगनिरत, फतू, बन्ना, सुखविलास, राजां, गुमानी, चिन्नो, महताब; खालसा—रामजोत, कपूरकलो, वडारण गुणजोत; कुँवर राणी री सहेली राही, पातरां की सहेली फत्तु सकामी; पातरां की रसोईदार ब्राह्मणी राही।

महाराजा गजसिंह—सं० १८०३ आसोज वदि १३ पाट बैठा। महाराज राजसिंह सं० १८४४ वैशाख सुदि ६ पाट बैठा। महाराज सूरतसिंह स० १८४४ आसोज सुदि १० पाट बैठा।*

राव बीकाजी—जाट सहारण भाडंग में और जाट गोदारा पाँडु लाधड़वे में रहते थे। गोदारा बड़ा दातार था। सहारण की स्त्री बेणीवाल (जाटों की एक जाति) मलकी ने एक दिन अपने पति से कहा कि गोदारा का नाम बहुत प्रसिद्ध है, चौधरी (जाटों में मुखिया को चौधरी कहते हैं) मिले तो ऐसा मिले। जाट (सहारण) मद में छका हुआ था, (यह सुनते ही) चौधरण को छड़ी से मारा और कहा "जो पाँडे से रीकी है (तो उसके जा)।" जाटणी कहने

* महाराजा अनूपसिंहजी से पिछले राजा इस ख्यात में पीछे से दर्ज हुए मालूम होते हैं।

लगी "रे घरघातक ! मैंने तो बात की थी, अब जो कभी तेरे पलँग पर आऊँ तो भाई के पलँग जाऊँ" (अर्थात् अब तू मेरा पति नहीं)। उसने जाट से बोलना बंद कर दिया, और एक मास पीछे पाँडे गोदारा को कहला भेजा कि तेरे वास्ते (मेरे पति ने) मुझ पर चाबुक चलाया है। पाँडे ने उत्तर भेजा कि जो तू आवे तो मैं तुझे ले जाऊँ। ऐसे छः मास बीत गए। एक दिन सब सहारण जाटों ने इकट्ठे होकर मंसूबा किया कि चौधरी चौधरण के झगड़े को मिटा देवें। उन्होंने बकरे मारे, मदिरा मँगवाई और गोठ की। उसी समय पाँडे गोदारा साठेक ऊँटों से वहाँ आकर गाँव के बाहर ठहरा। जाटणी ने कोठे में अपनी एक दासी को सुलाकर भीतर से साँकल बंद करवा दी और उसे समझा दिया कि यदि तुझे पीटें और पूछें तो कह देना कि (चौधरण को) पाँडे ले गया। इतना कहकर मलकी तो पाँडे के साथ चली गई, इधर गोठ जीमकर जाटों ने अमल पानी लिया और चौधरण को बुलाने के वास्ते एक आदमी को भेजा। उसने जाकर पुकारा तो किसी ने उत्तर न दिया; तब उसने पीछे आकर जाटों से कहा कि चौधरण तो कपाट बंद करके भीतर सोई हुई है। वे बोले कि जाओ, कपाट तोड़कर उसे जगा लाओ। जाट किवाड़ तोड़ कोठे में घुसे और देखा कि वहाँ तो दासी सोती है। उसको पीटने लगे तब उसने कहा कि मुझे क्यों मारते हो? चौधरण को तो पाँडे ले गया। तब तो जाट खोज लेकर उस जगह पहुँचे जहाँ वे ऊँटों पर सवार हुए थे और उन्हें ढूँढा, परंतु पता न लगा। सहारणों ने मिलकर सलाह की कि गोदारों की पीठ पर राव बीकाजी हैं। अपने में इतनी सामर्थ्य नहीं कि उनका मुक़ाबला कर सकें। तब भाड़ंग के जाट सहायता के वास्ते नरसिंह जाट के पास सिवाणी गये और उससे कहा कि हमने अपनी भूमि तुमको दी, तुम हमारी

मदद करो। नरसिंह अपनी सेना लेकर लाघड़िये आया, गाँव लूटा और सत्ताईस गोदारों को मारकर पीछे फिरा। पाँड़े का पुत्र नकोदर राव बीकाजी के पास पहुँचा और कहा कि तुम्हारे जाटों को नरसिंह मारकर चला जाता है। राव बीका सिद्धमुख में था, सवार होकर वहाँ से दो कोस ढाका गाँव में गया जहाँ नरसिंह का साथ तलाव की पाल पर ठहरा हुआ था। आधी रात का समय था। माहंग के जाटों में से आधे राव बीका से आ मिले और कहा कि हम नरसिंह को मरवा देंगे। वे राव को वहाँ ले गये जहाँ नरसिंह सोया हुआ था। चौंककर नरसिंह उठा, राव का भँवर घोड़ा बढ़ने लगा कि कांधल ने नरसिंह को रोका और राव बीका ने उसे मार लिया। उसके साथी भाग गये, मालमता सब लूट लिया तब राव बीका की विजय में जाटों के डोम ने यह दोहा कहा—"बीके वाहर नावड़ो भँवर नकोदर हाथ। हम तुम झगड़ो नीबड़ो नरसिंह जाट्ट साथ।" (भँवर घोड़े पर सवार हो नकोदर को साथ लिये बीका सहायतार्थ जा पहुँचा, नरसिंह जाट के साथ हमारा और तुम्हारा झगड़ा चुक गया)।

सिद्धमुख को लौटते हुए मार्ग में दासू बेणीवाल (जाट) आकर राव बीका से मिला और कहा "राज! हमारा बैर है सो दिला दो तो धरती तुम्हारी है।" सुहराणी खेड़े में सोहर जाट रहते थे, उनको मारकर दासू का बैर लिया और दासू ने अपनी दासियों से रावजी का गुणगान कराया।

अरड़कमल काँधलोत भटनेर पर चढ़ धाया और वहाँ से माल-वित्त लूटकर बीकानेर लाया। (इसकी बात इस तरह लिखी है—)

राव बीका ने पहले तो कोड़मदेसर की जगह गढ़ बाँधने का विचार किया था, परंतु वहाँ तो वह ठहर न सका तब उसने राव शेखा (भाटी) को जाकर कहा कि हमें ठहरने को कोई स्थान बतलाओ। शेखा बोला कि कहीं दूर जाकर ठौर कर लो। बीका ने कहा कि दूर तो मैं नहीं जाऊँगा, इसी पहाड़ी पर जगह देखकर रह जाऊँगा। शेखा ने उत्तर दिया कि जहाँ तुम्हारी इच्छा हो वहाँ रहो। वे स्थान देखते फिरते थे; नापू साँखला ने इस स्थान को देखा कि वहाँ एक भेड़ ने बच्चे दिये थे, एक बाघ चाहता था कि उनको खा जावे, परंतु भेड उस बाघ को निकट न आने देती थी। साँखले ने राव बीका को वह जगह बतलाई, उसने भी पसंद की और वहाँ कोट की नींव डाली गई। नापा और कान्हा शकुन विचारने को गये और जहाँ कोट था वहाँ आये। वहाँ खुडियेरी एक गाँव था। रात को वहाँ सोये। और शकुन तो सब अच्छे हुए। चार घड़ी रात रहे वे सो गये तो सिरहाने की ओर एक भुरट का बूँटा था, जिसके चारों ओर कुंडलाकार पूँछ मुख में पकड़े हुए एक सर्प आ बैठा। प्रभात को जब ये जगे तो नापा ने नाग को देखा और कान्हा को कहा कि इसे छेड़ो मत। ये उसकी लीक देखने लगे कि कहाँ से आया है। देखा कि वह नाग पुराने कोट से आया है, तब नापा कहने लगा कि अंत में कोट वहीं बनेगा कि जहाँ सर्प कुंडली मारकर बैठा है। पुराने कोट के स्थान पर कोट बना, नगर बसा, जिसका नाम बीकानेर रखा गया। यह खबर केलण भाटी को हुई। उसने शेखा से कहा कि चल। शेखा बोला कि मैं तो चलूँ नहीं। भाटी कलकरण बीकाजी पर कटक कर चढ़ आया। नापे साँखले ने कहा कि मैंने शकुन लिये हैं, अपना राज यहाँ बहुत पीढ़ियों तक स्थिर रहेगा, अपने भाटियों से लड़ेंगे, और हमारी ही फतह होगी। तब

युद्ध किया; राव का साथ तो थोड़ा ही था, परंतु थोड़े पटककर फलकरण को मार लिया और उसकी सारी सेना भाग गई।*

(राव बीका के काका काँधल ने मोहिलों से छापर द्रोणपुर का इलाका छीन लिया था, जिसका बहुत सा वर्णन चौहानों की ख्यात में है। मोहिल बादशाह के पास पुकारने गये और हाँसी के शाही फौजदार के नाम हुक्म हुआ कि यह प्रदेश पीछा मोहिलों के अधिकार में करा दे। फौजदार ने काँधल को वहाँ से निकाल दिया।) तब वह अपने साथियों समेत गाँव सेरड़े में आ रहा, परंतु

* भटनेर, जिसे अब हनुमानगढ़ कहते हैं, बीकानेर की उत्तरी सीमा पर एक प्राचीन दृढ़ किला है। उसका घेरा ५२ बीघे में और जल के ५२ कूप उसमें हैं। कहते हैं कि इसकी नींव चंगेजखाँ ने डाली थी, परन्तु संभव है कि वह भाटी राजपूतों ही का बनाया हुआ हो। दिल्ली के बादशाह गयासुद्दीन बलबन के समय में (स० १२६०-८६ ई०) भटनेर बादशाह के भतीजे शेर खाँ की जागीर में था, जो वहीं मरा। उसकी कबर गढ़ में बनी है। बहुत से इतिहासवेत्ता तो सुलतान महमूद ग़ज़नवी के फतह किये हुए भाटिया नगर और भटनेर को एक ही बतलाते हैं। अमीर तैमूर ने जब भटनेर पर धावा किया तो वहाँ के राजा दुलचन्द भट्टी ने उससे युद्ध किया था, परन्तु अन्त में हार खाकर कैद हुआ। जैसलमेर की ख्यात में अमीर तैमूर से लड़नेवाला रावल घड़सी माना है। शाहंशाह अकबर ने भटनेर राजा रायसिंह को जागीर में दिया था तब से वह बीकानेर के अधिकार में आया। यद्यपि बीच में कई बार उनके हाथ से निकल भी गया था।

एक जनश्रुति ऐसी भी है कि ठाकुरसी का विवाह जैसलमेर हुआ था और उसे अजीतपुर जागीर में मिला था। वहाँ उसके रहने को मामूली घर था। एक बार भटियाणी स्नान करने को बैठी, आँधी आई और नहाने के सामान में धूल मिल गई, तब उदास होकर वह कहने लगी कि मैं कैसी अभागिनी हूँ कि मेरे पति के यहाँ रहने को अच्छा स्थान तक नहीं। ठाकुरसी ने पत्नी के ये वचन सुने और सेली की सहायता से चायल राजपूतों से भटनेर लिया।

फौजदार सारंगखाँ का बल बढ़ा हुआ होने से वहाँ भी वह न ठहर सका और अपने गाडे लेकर राजासर में आकर ठहरा। वहाँ साथ इकट्ठा करके धावे मारने शुरू किये और हिसार के सरहद्दी प्रदेश को उजाड़ दिया। वहाँ से (राजासर से) उठकर साहवे के तलाव में आकर डेरे जमाये। तब सारंगखाँ सेना लेकर कांधल पर चढ़ आया। वह भी युद्ध करने को समुद्यत हुआ और चलती लड़ाई की। जब फौजदार के सैनिक जन बहुत ही निकट आ पहुँचे तो कांधल ने अपने घोड़े को सरपट दौड़ाया। यह नियम था कि कांधल जब इस तरह घोड़ा दौडाता था तब तंग पुरतंग दुमची और आगबंद टूट जाया करते थे। वैसे ही अब भी टूट गये। उसके पुत्र राजा, सूरा, नींबा, वगैरह साथ में थे। उनको उसने कहा कि शत्रु की सेना को बढने मत दो जितने में तंग पुरतंग ठीक कर लूँ, परंतु वे उन्हें रोक न सके और अपने साथ को भी छोड़कर आगे बढ़ गये। तब कांधल ने उन्हें कहा कि "जाओ रे कपूतो! मैंने तो तुमको बाघा के भरोसे (यह भी कांधल का पुत्र था, जो बडा वीर था, परंतु सारंग से जा मिला था) पीछे को ठहराया था क्योंकि वह पीछे से बढ़ते हुए शत्रु को सदा रोकता था।" फिर कांधल सारंगखाँ से युद्ध कर काम आया। यह खबर राव बीका ने सुनी और सारंग पर चढ़ाई करने को तैयार हुआ, परंतु नापा (नरपाल) साँखले ने कहा कि यह राव जोधा को खबर देकर फिर चढ़ाई करनी उचित है। (नापा राव जोधा के पास गया और सारा हाल कहा।) तब जोधा बोला कि काधल का वैर मैं लूँगा; वह बडी सेना सहित चढ़ आया। राव बीका हिरोल में रहा, गाँव झाँसले के पास लडाई हुई। सारंगखाँ और उसके बहुत से साथी मारे गये।

राव लूणकर्ण—जब जैसलमेर को फतह कर पीछे फिरे तब साथ के लोगों ने कहा कि "एक बार बीकानेर कोट में पधारो, शुभ शकुनों से पधारे हो।" रावजी बोले—"नहीं आवेंगे।" माने नहीं और दिल्ली की तरफ कूच किया। द्रोणपुर में डेरा हुआ। उस ठौड़ को देखकर कहने लगे कि यह स्थान तो ऐसा है कि यहाँ अपने किसी कुँवर को रक्खूँ। यह बात कल्याणमल उदयकर्णोत बीदावत ने सुनी। उसने सोचा कि यह तो बात बिगड़ी। रावजी तो दिल्ली गये और कल्याणमल ने उद्योग कर पठानों की सेना बुलाई, जिसमें उसका नाना रायमल कछवाहा हिरोल था। दिल्ली में पठान बादशाहत करते थे। उस वक्त सीमाबंदी करते थे। (पठान जहाँ पर बादशाही सीमा नियत करना चाहते थे) उसको रावजी ने नहीं स्वीकारा। कहा नारनौल में सीमा रक्खी जावे, हम नारनौल लेंगे। पठानों से लड़ाई हुई। कल्याणमल ने पहले तो रायसल को कहा कि मैं तुम्हारे पक्ष में हूँ, परंतु पीछे मुकरकर टाल दे दी। रावजी मारे गये और उनका कुँवर प्रतापसिंह भी काम आया। राव जैतसिंह पाट बैठा। वह सेना लेकर रायसल पर चढ़ा। कछवाहों ने अपनी ५ पुत्रियाँ ब्याह कर बैर मिटाया। राजा पृथ्वीराज की बेटी कुँवर ठाकुरसिंह को ब्याही, रायसल कछवाहे की बेटी रायमल मालदेवोत को और एक कन्या बैरसी लूणकर्णोत को दी और दूसरी महेश प्रतापसिंहोत के साथ ब्याही गई।*

---

* राज बीकानेर की तवारीख में लिखा है कि लाला नामी एक चारण ने बीकानेर और जैसलमेर के दर्मियान झगड़ा करा दिया था, इसलिए राव लूणकर्ण ने रावल देवीदास पर चढ़ाई की। उस वक्त तो रावल ने अपनी बेटी राव को ब्याहकर सुलह कर ली, परन्तु मन में उसके कसक बनी रही। अवसर पाकर वह सिंध के नवाब को राव पर चढ़ा लाया, गाँव दोसी में लड़ाई हुई, जहाँ सं० १५८३ में राव लूणकर्ण अपने तीन पुत्रों सहित मारा गया।

३—राज किशनगढ़*

राजा किशनसिंह—नरवरगढ़ के कछवाहा आशकरण भीमावत का दोहिता।

राजा भारमल—जैसलमेर के भाटी दयालदास खेतसीहोत का दोहिता।

राजा रूपसिंह—खंडेले के शेखावत हरीराम रायसलोत का दोहिता।

राजा मानसिंह—साँचोर के चहुवाण बल्लू सामंतसिंहोत का दोहिता।

---

* कृष्णगढ़ का राज २६ अंश १७ कला से २६ अंश ५१ कला उत्तर अक्षांश और ७४ अंश ४३ कला से ७५ अंश ११ कला पूर्व देशान्तर के मध्य है। क्षेत्र-फल ८५८ वर्ग मील और आबादी १२५५१६ मनुष्यों की है। यहां के रईस जोधपुर के मोटे राजा उदयसिंह के दूसरे पुत्र कृष्णसिंह के वंश में हैं। जोधपुर में पहले दूधोड आदि १२ गांव कृष्णसिंह की जागीर में थे और १०) रोज नकद खर्च में जुदा मिलते थे। जोधपुर के दीवान गोविंददास भाटी ने वह तनख्वाह बंद कर दी तब कृष्णसिंह शाहंशाह अकबर के पास चला गया। आईन अकबरी में बादशाही मंसबदारों में कृष्णसिंह का नाम नहीं है, मासि-रुल-उमरा में लिखा है कि फिर्दौस आशियाना (शाहजहाँ) की माँ का सगा भाई होने के बुजुर्ग रिश्ते से बादशाह जहांगीर के समय में शाही दर्बार में कृष्णसिंह की इज्जत और दौलत बढ़ी। (सन् १६०७ ई०=सं० १६६४ वि० के लगभग)। सेढोलाव में उस वक्त घडसिंहोत राजपूत थे और वहाँ का ठाकुर कृष्णसिंह का मौसेरा भाई था। उसको दावत में मदिरा पिलाकर बेहोश बनाया और साथियों सहित मारकर उसका इलाका लिया। सं० १६६६ वि० में अपने नाम पर कृष्णगढ़ बसाकर राजधानी बनाया। सं० १६७२ वि० में अपने बड़े भाई जोधपुर के राजा सूरसिंह के दीवान गोविंददास को मारकर राजा की हवेली पर गया, वहाँ राजा के आदमियों के हाथ से मारा गया। कृष्णसिंह के ४ पुत्र थे—सहसमल, जगमाल, भारमल्ल और हरीसिंह।

राजा राजसिंह—देवलिये के सीसोदिया हरिसिंह जसवंतसिंहोत का दोहिता।

राजा बहादुरसिंह—कामा के राजावत उदयसिंह कीरतसिंहोत का दोहिता।

राजा बिरदसिंह—फतहगढ के गौड़ सुरसिंह सूरजमलोत का दोहिता।

राजा प्रतापसिंह—शाहपुरे के राजावत अदोतसिंह उमेदसिंहोत का दोहिता।

पन्द्रहवाँ प्रकरण

बुंदेला*

अथ बुंदेलों की ख्यात वार्ता—राजा वरसिंहदेव (वीरसिंह देव उड़छा का) बुंदेला के इतने गाँव थे, जो बुंदेलें शुभकर्ण के नौकर

---

* बुंदेलों का अब तक कोई प्राचीन शिलालेख या दानपत्रादि नहीं मिला, परंतु उनकी रिवायतों, ख्यातों और अबुलफज़ल आदि इतिहास लेखकों के लेखों से इतना तो स्पष्ट है कि ये प्राचीन उच्च कुल के गाहड़वाल सूर्य्यवंशी राजपुत्र हैं और कन्नौज के अंतिम गाहड़वालवंशी राजा जयचंद की संतान हैं। पीछे से दूसरे राजपूत वंशों के साथ बुंदेलों का वैवाहिक संबंध टूट जाने का कोई निश्चित कारण नहीं मालूम होता। एक ऐसी रिवायत है कि देहली के बादशाह ने गढ़ कुरार (उड़छा के पास) के राजा खंगार (यह नहीं मालूम कि वह खंगार किस वंश का था) को महोबे का शासक नियत किया था। गाहड़वाल वंश का एक राजपूत अर्जुनपाल या सहनपाल खंगार का सेनापति था। मौका पाकर उसने खंगार को मारा और आप महोबे का राजा बन गया। उसने खंगार की बेटी से विवाह कर लिया इसलिए राजपूत जाति से अलग किया गया। हमारी समझ मे तो शायद "बुंदेल" शब्द का असली अभिप्राय समझ, या बुंदेलों का मूल पुरुष उच्चकुली गाहड़वालवंशी किसी राजा का औरस पुत्र न होने के कारण, यह संबंध टूटा हो।

वास्तव में बुंदेला शब्द विंध्येल या विंधेल का अपभ्रंश है। काशी और कन्नौज का राज छूटने पर राजा जयचद गाहड़वाल की संतान मिर्जापुर जौनपुर आदि के पास विंध्याचल के पहाड़ी इलाकों में राज करती थी, इसी से काल पाकर वह विंधेल प्रसिद्ध हो गई। मिर्जापुर के पास कतित (कर्णतीर्थ) गाहड़वालों का मुख्य स्थान है। बुंदेलखंड का सारा प्रदेश ही विंध्य पर्वतश्रेणी से घिरा है और आश्चर्य नहीं कि इसी से विंध्येलखंड नाम पड़ा हो, जो प्राकृत बोलचाल में बुंदेलखड हो गया और वहाँ के निवासी बुंदेले कहलाये।

चक्रसेन ने सं० १७१० वि० में लिखवाये—जवहर का पर्गना, जिसका गाँव उड़छा जिसमें १७०० गाँव लगते थे, आय रु० ७००००००); भांडेर का पर्गना, गाँव ३६०, उड़छा से कोस १२, रु० ५००००००); पर्गना एलच, गाँव ३६०, उड़छा से कोस १२, आय रु० ७००००००); पर्गना राठ, गाँव ७००, उड़छा से कोस ३०, आय रु० ६००००००); पर्गना खटोला, गाँव १७००, उड़छा से कोस २०, आय रु० ३००००००); पर्गना पचई, गाँव १४००, उड़छा से कोस ४०, आय रु० १५०००००); पर्गना पाडवारी, गाँव १४००, उड़छा से कोस २०, आय रु० ७००००००), पर्गना घमाथो, गाँव ८००, उड़छा से कोस ४०, आय ७००००००); पर्गना दमोई, गाँव ३५०, उड़छा से कोस ५०, आय रु० १००००००); पर्गने सीलवनी धामणी चवरागढ़ के मध्य; गढ़पाह्वारांद गिराज

मासिरुलउमरा में लिखा है कि बुंदेलों का पहला वतन काशी था। उनका कोई पुरुष वहाँ सैरागढ़ कटक में आकर ठहरा इसलिए वे सैरवाड़ कहलाये। राजा वीरसिंहदेव बुंदेला से—जिसने अकबर के वज़ीर अबुलफज़ल को शाहज़ादे सलीम के इशारे से मारा था—बीस पीढ़ी पहले काशीराज उलकाई में, जिसे अब बुंदेलखंड कहते हैं, पहले पहल आकर ठहरा और वहाँ विंध्यवासिनी देवी की पूजा करने लगा। इसी से वह विंधेला प्रसिद्ध हुआ। पहले बुंदेलों के पास कुछ अधिक मुल्क और दौलत न थी, लूट-खसोट और डकैती से वे अपना निर्वाह करते थे। जब राजा प्रताप ने उड़छा को अपनी राजधानी बनाकर बहुत सा गिरोह इकट्ठा कर लिया और शेरशाह व सलीमशाह सूर से लड़ाइयाँ लीं तभी से उनकी उन्नति होने लगी। प्रताप के पुत्र भारतचंद के निस्संतान मरने पर उसका छोटा भाई मधुकरसाह राज का स्वामी हुआ, जिसने अपनी वीरता, बुद्धिमानी और धोखेबाजी से बहुत सा मुल्क दबा लिया और बड़ी नामवरी हासिल की। वह शाहंशाह अकबर के साथ लड़ा भी, परंतु अंत में उसने बादशाही अधीनता स्वीकार कर ली। अजयगढ़ और दतिया बुंदेलों के बड़े राज्य हैं।

का स्थान; चाँफीगढ़ गूँढा का; उदयपुर सिरवाज के पास; कछुडवा, वड़छा से कोस १२; करहरा उड़छा से कोस २०; दिहायला नरवर के पास; सुटहर भरणोद के पास; चट्टण, पचउवा उड़छा से कोस २० ग्वालियर के पास; वड़ेछा ग्वालियर के पास; दभोवा उड़छा के पास; कुच आलमपुर के पास; मोहनी गाँव ८४ इंद्ररखी; गोश्रोद, मदावर के पास; अवाइना, सहरा, लोगरपुर, धावेड़ा, गाँव १५०० । गूँड का चवरागढ़ जुगराज ने लिया था, जिसके ताल्लुक ५२ गढ़ थे ।

केशवदासकृत कविप्रिया (ग्रंथ) में बुंदेलों की ख्यात ऐसे दी है—ये सूर्यवंशी हैं। इस वंश में श्रीरामचंद्रावतार हुआ, उसके कई पीढ़ियों के पीछे इनका गहरवाल (गाहड़वाल) गोत्र प्रसिद्ध हुआ। १ राजा वीरू गहरवाल, २ राजा कर्ण महाराजा हुआ, जिसने बनारस को राजधानी बनाया, ३ राजा अर्जुनपाल ने मोहनी गाँव बसाया, ४ राजा सहजपाल, ५ राजा सहजइंद्र, ६ राजा नानगदेव, ७ राजा पृथ्वीराज, ८ राजा रामसिंह, ९ राजा चंद्र, १० राजा मेदनीपाल, ११ राजा अर्जुनदेव जिसने १८ महादान दिये, १२ राजा प्रतापरुद्र, १३ राजा भारतचंद, जिसके पुत्र न होने से उसका छोटा भाई मधुकरशाह गद्दी पर बैठा। मधुकरशाह ने उड़छा बसाया और उसके ११ पुत्र हुए—दुलहराम पाटवी, संग्रामसाह वतूरसिंह, रत्नसेन, होरलराव, चंद्रजीत, रणजीत, शत्रुजीत, बलवीर, हृदयसिहदेव, रणधीर, । दूलहराम के पुत्र का बेटा भारतसाह, भारतसाह के पुत्र देवीसिंह और जगतमिश्रण जो महाराजा जसवंतसिंह के पास चाकरी करता था। देवीसाह का किशोरसाह। एक दूसरे स्थान पर (बुंदेलों की) पीढ़ियाँ ऐसे दी हुई हैं—

राजा थीम्
राना मदनपाल
,, सहजाग
,, राम
,, नानगदेव
,, पृथीराज
,, रामसिंह
,, चन्द्र
,, मेदनीमल
,, अर्जुनदेव
,, मलूक
,, प्रतापरुद्र
, मधुकरशाह
, वीरसिंहदेव
उदयजीतसिंह
प्रेमसाह
राजा जुगराज
चंद्रमणि
भगवान-दास
नरहर-दास
बेणी दास
किशन सिंह
भगवंत राय
राजा विक्रमाजीत
राजा सुजानसिंह तीन हजार सवार
शुभकर्ण महाराजा जसवंतसिंह का नौकर २१०००) का पटा
शक्तिसिंह
पहाड़सिंह
चम्पतराय बड़ा रजपूत जुगराज के मारे जाने के पीछे धरती में बहुत उपद्रव किया
सुजानराय
भीमराय
शालिवाहन

राजा वीरसिंहदेव बड़ा धर्मात्मा और भाग्यवान् हुआ। बादशाह (शाहजादगी में) जहाँगीर के हुक्म से उसने सोजे अबुलफजल को मारा। बादशाह (जहाँगीर) की उस पर बड़ी कृपा रही। मथुरा में श्रीकेशवरायजी का मंदिर बनवाया, बादशाही चाकरी बराबर करता रहा और मरने उपरांत उसका पुत्र जुगराज टीके बैठा। शुरू शुरू में उसका जोर अच्छा बढ़ा, श्रीठाकुरजी को बीच में देकर गूँडा का चवरागढ लिया, फिर सं० १६९६ के कार्तिक में बादशाह से विरस हुआ, बादशाह ने फौज भेजी, खानदौरान अबदुल्लाखाँ सेनानायक और हिन्दू मुसलमान दोनों उसमें थे। बादशाह ग्वालियर में ठहरा, सेना ने देश में दखल किया। जुगराज ने भी थोड़ी सी लड़ाई की, परन्तु अंत में देश छोड़कर भागा और अपने पुत्र विक्रमाजीत सहित मारा गया। बादशाह उड़छा में पधारे और कई दिन तक वीरसमुद्र बड़े तालाब के किनारे ठहरे। फिर सिरवाज होते हुए बुरहानपुर पधार गये और वहाँ से दौलताबाद पहुँचे।

सोलहवाँ प्रकरण

यदुवंशी

जाड़ेचा—(चंदोजत) इनको गीतों में व यश-वर्णन करने में श्यामा (सम्मा) कहते हैं। श्रीकृष्ण के पुत्र साम्ब व प्रद्युम्न बड़े नामी हुए। उनमें से साम्ब के तो सम्मा जाड़ेचा, और प्रद्युम्न के वंशज जैसा भाटी हैं। जाड़ेचों की पीढ़ियाँ—१ गाहरियो, २ ओढो, ३ ढाहर, ४ छाहड़, ५ फूल, ६ लाखा, ७ मह्र, ८ मोकलसी, ९ खेतसी, १० दल्ला, ११ हम्मीर बड़ा, १२ हम्मीर के पुत्र रायधण और हाला, १३ फूल, १४ अलैदियो, १५ जनागर, १६ लोढी, १७ भीम १८ दल्ला (दूसरा), १९ साहिब, २० राहिब, २१ बड़ा भीम, २२ बड़ा हमीर, २३ अमर, २४ भोजराज, २५ वासा, २६ ओटा, २७ (दूसरा) हमीर, २८ सँगार, २९ मारा, ३० मेघ, ३१ रायधण, ३२ तमाइची।

भुज के स्वामी रायधण की वार्ता—रायधणियों के कच्छ की धरती आई। पहले यहाँ के ठाकुर रायधणी घोघा थे, जिनकी राजधानी लाखड़ी नगर था, जहाँ कर्ण घोघा राज करता था। एक योगी गरीबनाथ धूँधलीमल का शिष्य बड़ा सिद्ध आया और उसने लाखड़ी में अपना आसन जमाया। आश्रम के आसपास उसने २२ आम के पेड़ लगाये, जिनमें काल पाकर फल आया। कर्ण की एक दुहागण राणी थी जिस पर गरीबनाथ की कृपा थी और उसको वह भगिनी कहकर बुलाता था। ज्येष्ठ मास में उस राणी का पुत्र योगी के आसन पर आया था। तब नाथ ने अपने चेले को कहा

कि भानजे के वास्ते थोड़े आम तोड़ ला। आज्ञानुसार चेले ने वृक्ष पर चढ़ पाँच छः फल तोड़े और नाथ ने उस बालक को दिये, जिन्हें लेकर वह अपनी माता के पास गया। कर्ण की मानेती राणी के पुत्र ने वे आम देखे और अपनी माता को जाकर कहा कि मुझे भी आम मँगा दो। राणी ने अपने पति जाम को कहलाया कि योगी के आसन पर आम फले हैं सो कुँवर को मँगा दो। जाम ने आम लेने के वास्ते अपने आदमी भेजे और उन्होंने जाकर गरीबनाथ को कहा कि जाम आम मँगवाता है। योगी बोला—आम मेरे हैं, हम योगी लोग किसी को आम नहीं देते। नौकरों ने कहा, बाबाजी! आसन तुम्हारा है परन्तु भूमि तो जाम की है; ऐसा कहते हुए वे तो वृक्ष पर चढ़ गये और लगे फल तोडने। योगी को क्रोध आया। एक कुल्हाडी उठाकर चाहा कि पेड़ को काटकर गिरादे। इतने में चेला बोल उठा—महाराज! अपने लगाये हुए वृक्षों को क्यों काटते हो? मुद्राधारी हो इनका रूपांतर कर दो! गरीबनाथ के भी यह बात मन में भाई और कहा "आम की इमलियाँ हो जावें!" यह वचन उसके मुख से निकलते ही वे वृक्ष इमली के बन गये जो आज तक मौजूद हैं। दूसरे दिन एक शिष्य को आसन की ठौर समाधि देकर जाम को यह शाप दिया कि "जैसे तुमने हमारा स्थान छुड़ाया है वैसे ही तुम्हारा भी स्थान छूट जावे!"

लाखड़ी से १२ कोस पर धीणोद है। वहाँ के अजयसर पर्वत पर धुंधलीमल रहता था, गरीबनाथ वहाँ चला गया। फिर दस बारह दिन के पीछे दोनों गुरु चेले पहाड़ पर से उतरते थे, वर्षा ऋतु थी और (मैदान में) रायघण, हमीर और उसका पुत्र भीम हल चला रहे थे। भीम ने उन योगियों को देखा और बोल उठा कि यह तो गरीबनाथ है जिसने समाधि ली थी। सन्मुख जाकर भीम उसके गुरु के

चरणों में गिरा और उसे आग्रह-पूर्वक नीवड़ों में अपने डेरे पर लाया। इतने में घर से भात आया, नाथ के पात्र में परोसा, भोजन करने के लिए विनती की और आप मक्खी उड़ाने लगा। खाते हुए धुंधलीमल ने अपने पात्र में से कुछ खीच लेकर भीम को दिया और कहा खा जा। परंतु झूँठन होने से भीम ने उसे खाना न चाहा और बोला—महाराज! खा लूँगा। नाथ ने दो तीन बार उस खीच को खा जाने के लिए कहा तब भीम ने अपने वास्ते अपनी माता के पास से दूसरा खीच परोसाया और गुरु के दिये हुए प्रसाद को पास रखकर अपनी थाली में का खीच खाने लगा। गुरु ने जान लिया कि मेरा दिया हुआ खीच वह खाना नहीं चाहता तब उसे पीछा अपने पात्र में ले लिया और कहने लगा—"भीम! यह खीच जो तूने खा लिया होता तो अमर हो जाता, परंतु फिर भी इस धरती का राज मैं तुझे देता हूँ।" ऐसा कहकर उसके सिर पर हाथ धरा और आज्ञा दी कि कच्छ का राज्य देता हूँ, परंतु योगियों की सेवा सदा करते रहना जिससे तेरे वंश में दीर्घकाल तक राज बना रहेगा। भीम बोला कि मैं आपकी आज्ञा का पालन करूँगा। योगियों ने कहा कि तू अपनी राजधानी लाखड़ी में रखना और योगियों का आसन धीणोद में। आसन के लिए दस घोड़ियों में से एक घोड़ी, दस भैंसों में से एक भैंस और दस साँड़ों मे से एक साँड दिया जाय। हाट प्रति एक वर्ष में दो महमूदी (एक पुराना चाँदी का सिक्का), पुत्र-जन्म और विवाहोत्सव की दो महमूदी, सारे देश से मिलता रहे, और हल प्रति एक सई (धान का एक नाप) धान मिला करे। इतना ठहराकर धुंधलीमल ने गरीबनाथ को दिखलाया और कहा कि जब तक योगियों की सेवा करता रहेगा तब तक तेरी साहिबी प्रतिदिन बढ़ती रहेगी, पर सेवा मिटी और

ठकुराई गई। भीम ने कहा, महाराज! देश के स्वामी तो घोघा हैं, हम इनसे राज्य कैसे लेंगे। योगी ने उत्तर दिया, इनको मेरा शाप हुआ है, इन पर कहीं से अचानक शत्रुसेना आवेगी। जब तुम सुनो कि ये मारे गये तब अपना साथ इकट्ठा करके जा जमना। तुम्हारी पीठ पर हम हैं अतः सहज ही में तुमको राज मिल जावेगा। इतना कहकर गुरु चेला उठे और कहने लगे कि अब हम पहाड़ पर चढ़ते हैं, तुम जहाँ हमारे पाद-चिह्न पर्वत में उबड़े हुए देखो वहाँ पत्थर इकट्ठे कर रखना, जब तुम्हें राज्य मिले तब वहाँ मंदिर बनवाना। फिर बोले कि हमारी बात का तुझे विश्वास न आवेगा, परंतु यदि तेरा पिता आज के पंद्रहवें दिन मर जावे तो जानना कि सब सत्य है। ऐसे वचन कह योगी तो रम गये। भीम का पिता सचमुच पंद्रह ही दिन में मर गया, तब उसको नाथ के वचन पर विश्वास बँध गया। कुछ द्रव्य खर्च कर उसने अपने ५०० भाई-बंधुओं को इकट्ठा किया। इधर घोघों ने मोरबी में नुक़सान किया था इसलिए मोरबी वीरमगाँव के थाणे के तुर्क तीन हज़ार अचानक घोघों पर चढ़ आये। सात सौ आदमियों को खेत रक्खा और दूसरे भाग निकले। तुर्कों के भी बहुत से आदमी मारे गये। लूट न करके तुर्क तो पीछे लौट गये, परंतु जब भीम ने ये समाचार सुने तो तुरंत चढ़ धाया और राज पर अधिकार कर लिया। रावाई का तिलक सिर पर लगाया और कच्छ का स्वामी हो गया। रहे-सहे घोघों ने जब सुना कि भीम ने राज ले लिया है तो वे जुड़कर भीम पर आये, परंतु परास्त होकर पीछे गये। घोघों का एक भाई काठियों में मोरबी के पास जाकर ठहरा, जिसके वंशज मोरबी हलोद्र (हलवद) के बीच में रहते हैं। दूसरा भाई पारकर और सांतलपुर के बीच की भूमि में आया, वहाँ कोयड़नाथ

योगी रहता था। उसने योगी के चरण पकड़े और कहा कि हमको गरीबनाथ का शाप हुआ है जिससे हमारा राज्य गया, अब यदि आपकी कृपा हो जावे तो हम यहाँ टिक सकें। योगी ने उत्तर दिया कि जो मेरी पादुका ऊपर स्थिर करके उसके नीचे तुम कोट बनवाओ तो रहो।। तब घोघों ने वहाँ पादुका बनवाईं और योगी के नाम पर उस स्थान का नाम कांथड़कोट रक्खा जहाँ आज तक वे रहते हैं। तीन सौ गाँवों मे उनका अमल है और उस प्रदेश में कांथड़ के अनुयायी योगियों का कर लगता है।*

भीम कच्छ का राजा हुआ, गरीबनाथ को जो वचन उसने दिया था उसका पालन किया और आज तक योगियों की लागतें नियत हैं। गरीबनाथ की पादुका पर धीणोद में मंदिर बनवाया और पास ही गढ़ भी कराया तथा योगियों का आसन बँधवाया। भीम के वंशज अब भुजनगर के राव हैं जिनकी पीढ़ियाँ—१ भीम, २ लाखा, ३ हमीर, ४ राघु, ५ काहिया, ६ अलइया, ७ भोजराज, ८ रायधण, ९ हमीर (दूसरा), १० कंमा, ११ मूलवा, १२ महड़, १३ भीम (दूसरा), १४ हमीर (तीसरा), १५ खंगार, १६ भारा, १७ भोजराज (दूसरा), १८ खंगार (दूसरा)।

गीत कुँवर जेहा (जैसा) भारावत का—

दीयण छात्र बड़गात्र जग बंमेसर, दूसरो अवर दातार नह कोय एहो।
हेक उंनड पछै जाम रावल हुवो, जाम रावल पछे हेक जेहो ॥१॥
सिंधपत परै कुण दिये दत सांमई अवरपत सिधपत विगत अनेक।
सिंधपत समबड़ो हेक हालो समय, हालारो समबड़ो रायधण हेक ॥२॥

---

* धुंधलीमल योगी की कथा का वर्णन, थोड़े अंतर के साथ, जेठवाराणा नागभाण के समय में भी इसी प्रकार मिलता है।

पाँदणी गोठ आहूर लग सबे, सुतन वंभवंस राठवीस सोढो ।
सुतनपंभवंस समभीर जैमालसुत, मालसुत लखणसुत सत्तमो मीढो ॥३॥
लखण दर हाथ निज लेख आहूत लख, धवल हर सहस वावनै टलियो ।
पेतुवां अजेसे खैंग देसे गहर, वड़ो लोहड़ां यडम आंक वयोलियो ॥४॥

गीत दूसरा

साहिब दूसरो संगार सवाई, दावो सिर दातारां जेहो ।
फर्वा दियंतो जंगम हसियो येचण हारां ॥ १ ॥
भूलो नहीं अंजण माया (में?) भूम जिण कीरत हितजाणी ।
सोदागर चेहरिया सामै, मोटेरा मालाणी ॥ २ ॥
दोखाविया सुदिन पर दीपै, रायआदे वड राजा ।
भारमलोत तिकैनवदै भड़ है चाड़े जेहाजां ॥ ३ ॥
औवनड़ लाखा अहिनाणै ,
वसुंह उधारण वारां घोड़ादे घमड़ोह घातिया हेड़ा वहै कारां ॥४॥

वात लाखा की

भद्रेसर से चार कोस किन्नाकोट में बडी ठकुराई हुई । लाखा से कितनी ही पीढियों पीछे हाला और रायधण दो भाई हुए जिनकी संतान हाला और रायधण कहलाती हैं । वे निर्बलता के समय में घोघों के राज्य में मुकाती होकर रहते थे । रायधणियों की अपेचा हालों के दस पाँच गाँव विशेष और दस भाइयों की जोड भी अधिक थी । जब भीम हमीरोत ने लाखडी का राज्य लिया तब हालों ने विचारा कि अब हम किसी दूसरे स्थान में जा रहें तो ठीक है और भद्रावल योगी के नाम पर बसे हुए भाद्रेशसर (भद्रेसर) को खाली देखकर वहाँ जा बसे । वहाँ घोघों ने आकर उनको कहा कि जो तुम हमें सहायता दो तो हम भीम से अपना राज्य पीछा लेकर तुमको दो-तीन सौ गाँव एक ही कोर में देवें । तब

तो हाला उनकी मदद करने को तैयार हो गये। जब भीम ने यह बात सुनी तो हालों को कहलाया कि तुम घोघों के पक्ष में क्यों बँधते हो? जब तक मैं हूँ तब तक तो राज्य अपने घर ही में है, तुमने जो धरती दबाई है वह तुम्हारी और जो मेरे पास है वह मेरी, इस बात का कौल वचन देता हूँ। हालों के अधिकार में भी भूमि बहुत सी थी और भीम उनका भाई ही था, इसलिए उन दोनों में परस्पर कौल करार हो गये, देवी आसापुरी को बीच में दिया और दोनों ने घोघों को देश से निकाल दिया। रायधणिये राव और हाला जाम कहलाने लगे, आपस मे प्रीति बढ़ती गई।

बारह या चौदह पीढ़ी पीछे हालों में जाम लाखा हुआ और रायधणियों में हमीर। एक दिन राव हमीर पचीसेक सवारों के साथ भद्रेसर के पास गाँव से आया था। राव ने विचार किया कि निकट आ गये हैं तो लाखा से मिलते चलें। लाखा के यहाँ गया, उसने भी बड़े आदर-सत्कार से पहुनाई की। लाखा के (पुत्र) रावल के एक जवान कन्या थी। रावल को उसके मामा ने बहकाया कि लाखा की तो अकल मारी गई है; हमीर तुम्हारे घर आया हुआ है उसे मार डालो, इसका पुत्र छोटा ही है सो भी पठ जावेगा, कच्छ का राज्य ईश्वर ने तुमको घर बैठे दिया है। रावल भी लोभ में आ गया। दुपहर के वक्त राव हमीर सोया हुआ था। वहाँ जाकर रावल उसकी पग चंपी करने लगा। राव को निद्रा आ गई, तब खड्ग से उसका सिर काटकर वहाँ से भाग चला। थोड़ी देर में रौला पड़ा। लाखा को मालूम होने पर वह रावल के पीछे लगा और तीर चलाये। आगे एक काठियों का गाँव था जहाँ रावल एक बाड़ में कूद पड़ा। लाखा ने जाना कि निकल जावेगा, तब पसवाड़े पर तलवार चलाई। हाथ छिछलता पड़ा, गुदड़ो में एक

अंगुल बैठी। (रावल बचकर निकल गया) और काठियों में जा पहुँचा। लाखा लौट आया और हमीर के सवारों सहित भुज गया। अपनी तरफ़ से टीके में घोड़े भेट करके खंगार (हमीर के पुत्र) को गद्दी पर विठाया। कई दिन तक लाखा वहाँ इस विचार से रहा कि कदाचित् खंगार मुझको मार डाले तो मेरे सिर पर से कलंक टल जावे। खंगार इस बात को भाँप गया और बोला "काकाजी घरे पधारो। जो बात आपके मन में है वह मैं कदापि न करूँगा, मेरा बैर तो रावल ही से है।" लाखा बोला कि "देवी आसापुरी को साखी देकर कहता हूँ कि मैं इस बात में कुछ भी नहीं जानता हूँ।"

अपने जीते-जी लाखा ने फिर रावल को अपने पास न आने दिया। कितनेक दिनों पीछे लाखा थोड़े से साथियों समेत किसी काम को गया हुआ था। वहाँ थेथों ने आकर लाखा को मार डाला और रावल उसके पाट बैठा। राव खंगार भी उस वक्त बीस बाईस वर्ष का हो गया था। उसने अपना राज्य सँभाला और पिता का बैर लेना ठान रावल पर चढ़ा। आठ नौ सहस्र सेना सहित साँप नदी पर आया। इधर से रावल भी सात आठ हज़ार मनुष्यों की भीड़-भाड़ लाया और लड़ाई शुरू हुई। रोज़ दिन दिन को तो युद्ध होवे और रात होते ही दोनों ओर के योद्धा अपने अपने शिविरों को चले जावें और प्रभात को फिर लड़ने लगें। इस तरह लड़ते लड़ते बारह बरस बीत गये। कई बार आसापुरी देवी को बीच में रखकर रावल वचन-बद्ध हुआ परंतु अपने वचन पर स्थिर न रहा इससे उसका बल घटता और राव का बल बढ़ता गया। तब रावल ने अपने अमात्य लाड़क को कहा कि अब और तो कुछ भी उपाय विजय का नहीं रहा है, तुम्हारी अवस्था भी आ गई है, यदि तुम अपनी जान पर खेलकर किसी ढब

से रंगार को मार डालो तो अलबत्ता काम बन सकता है। तेरे पुत्रों की पद-प्रतिष्ठा में सदा बढ़ाता रहूँगा। लाड़क ने इस बात को मंजूर किया। दूसरे दिन छल करके रावल और लाड़क परस्पर चड़भड़े और रावल ने उस पर अपना याँस चलाया। तब क्रोध करके बूढ़ा मंत्री राव रंगार के पास चला गया। चार पाँच दिन पीछे राव के पड़ाव में कहीं आग लगी, राजपूत सब आग बुझाने को गये और राव के पास अकेला लाडक रह गया। उसके मन में चूक करने का यह अवसर अच्छा जँचा, परंतु हाथ धूजने लगा। राव ने देखकर पूछा कि तेरा हाथ क्यों धूजता है तो कहा कि योंही, वृद्धावस्था के कारण। फिर राव की ओर देखकर पीछे से उस पर खड्ग का प्रहार किया। घाव पीठ पर लगा, परंतु राव ने फुर्ती के साथ मुड़कर घातक की गर्दन पकड़ उसे पृथ्वी पर दे पटका और उसका हाथ मरोड़कर खड्ग हाथ से लिया और उसी से झटका देकर उसका सिर उडा दिया। इतने में राव के साथी भी आ पहुँचे, घाव पर मरहम-पट्टी की। उसी रात को कोई मर गया था, जिसका अग्नि-संस्कार किया। यह देख रावल ने जाना कि राव मर गया है, परंतु प्रकट नहीं करते हैं, तब वह अपने दल-बल को सँभाल एकाएक राव की सेना पर टूट पडा, घमासान युद्ध हुआ और खूब तलवार चली। दूसरे दिन भी दोपहर तक लड़ाई होती रही। प्रभात से जुटे हुए योद्धा चार घडी दिन शेष रहे तक पीछे न हटे, तब राव बोला कि मुझको अपनी शय्या पर से ऊपर उठाओ। लोगों ने उठाकर खड़ा किया। सैनिकों ने देखकर जाना कि राव जीवित है। उनकी हिम्मत बढ़ गई और शत्रु-दल पर निराशा छाई। लडाई होते हुए समय भी बहुत हो गया था, अंत में रावल की सेना हटकर अपने पड़ाव को चली गई। रावल ने विजय की आशा छोड़-

कर कहा कि मैंने देवी को बीच में देकर भी अपने वचन को लोपा उसी का यह फल है। देवी मुझसे रूठ गई, अब हमारा निर्वाह इस धरती में नहीं होगा। ऐसा ठान वह वहाँ से चल दिया। तीस पैंतीस कोस के परे सोरठ के प्रदेश में जेठवे राज करते थे। वहाँ से उनको निकालकर उसने साठ-सत्तर कोस के मध्य की भूमि ली और वहीं अपना राज्य स्थापन किया। सं० १५९६ वि० में रावल जाम ने नया नगर बसाया और भद्रेसर राव खंगार ने लिया, जो आज तक भुज के अधिकार में है।

रावल जाम फिर गिरनार (जूनागढ़) के स्वामी चीगसखाँ (चंगेजखाँ) गोरी से मिला और मैत्री बढ़ाई। उसने कहा कि तू गुजरात के बादशाह से मेल मत कर और मेरा साथी बना रह। जेठवे और काठियों ने इकट्ठे होकर सलाह की कि यह (रावल) अपनी धरती में जबर्दस्ती से आ घुसा है, यदि यह यहाँ जम गया तो हमें अवश्य मारेगा। इसलिए लड़ाई कर इसे निकाल देना चाहिए। दस सहस्र मनुष्यों की सम्मिलित सेना लेकर वे उस पर चढ़ आये। रावल भी अपने छः हजार सवार लेकर सम्मुख हुआ। बरडा के परगने में युद्ध हुआ, जिसमें रावल के भाई हरधवल ने एक सहस्र अश्वारोहियों से एकदम शत्रु पर धावा कर दिया और उनके बड़े बड़े सर्दारों को धराशायी किया और अंत में आप भी खेत रहा, परंतु खेत रावल के हाथ रहा। शत्रुदल के सर्दारों में जेठवा भीम, काठी हाजा और वाढेलभाण सात सौ योद्धाओं समेत काम आये और शेष भाग निकले। जेठवे वहाँ से भागते हुए समुद्र-तट पर छाइये में जा रहे, जहाँ जेठवा साँवा बड़ा राजपूत हुआ। (अब जेठवों का राज्य पोरबंदर में है।)

जेठवे, वाढेले और काठियों के पहले ४५०० गाँव, (सोरठ में) थे, उनमें से वाढेलों के १०००; काठियों के—जिनमें आज तक चौथ काठो लेते हैं—२०००; और जेठवों के १५००। रावल जाम लाखावत ने ४००० गाँव दबाकर अपना बड़ा राज्य स्थापित कर लिया। एक बार रावल ने अपने राजपूतों से कहा कि यद्यपि हम लोगों ने एक नया राज्य जमा लिया है तथापि राव खंगार ने हमारी बपौती की भूमि हमसे छीन ली; अतएव अपने राव को एक धक्का देवें। यह ठान, बरसात के दिनों में, जब राव थोड़े से साथ से धीणोद की पहाड़ी पर गया था, तब रावल ने अपना भेदिया भेजा। उसने लौटकर सब वृत्तांत कहा तो रावल ५०० सवार साथ लेकर चढ़ा। राव धीणोद के समीप ही टिका था, उसके पास उस वक्त पचासेक राजपूत थे; शेष सब उसके पुत्र के साथ गये हुए थे, जो अमरकोट ब्याहने को गया था। राव बैठा था; घोड़ी, साँड़, गायें और भैंसें उसके सामने चर रही थीं, दूध मटकियों में गरम हो गया था और पीने की तैयारी हो रही थी। इतने में सनसनाता हुआ एक तीर पास से निकला। तुरंत सोढा नंदा ने राव को कहा कि उठो, शत्रु आ गया है। राव चट से पहाड़ी पर चढ़ गया और पीछे से रावल भी आ पहुँचा। उसने देखा कि राव अभी यहाँ से गया है, अतः वह इधर-उधर ताक लगाने लगा। रावल के साथियों में से रणधीर, गाजणिया, जो पहले राव खंगार के पास रहता था, बोला कि यों क्यों देखते हो, साँढियाँ घेर लो। खंगार आये बिना रहेगा नहीं। तब मुड़कर साँढें घेरीं और धीरे धीरे चलने लगे। रावल बार बार पीछे फिरकर निहारता था कि अब तक खंगार आया नहीं। इधर खंगार ५० सवार साथ ले चढ़ा। कितने ही साथियों ने मना भी किया, कि आपका साथ (सैनिक) थोड़ा है,

खंगार ने उत्तर दिया कि "न करे श्रीठाकुर जी, रावल तो साँढ़ें ले जावें और मैं बैठा देखा करूँ।" पहाड़ी को लाँघकर उपरवाड़े के मार्ग से सोलह कोस आगे रावल के सम्मुख गया। रावल के साथी रणधीर ने एक वृक्ष पर चढ़कर देखा कि खंगार आता है या नहीं तो आगे भीड़भाड़ देख पड़ा। रावल से कहा कि यह खंगार ही है। रावल ने भी देखा और कहा कि हमको तो वे थोड़े ही से आदमी दीख पड़ते हैं, परन्तु खंगार सीधा मुझ पर आवेगा, इसलिए आप बीच में रहो और अपने २५० योद्धाओं को बाँई ओर और २५० को दाहिनी ओर पंक्तिबद्ध खड़े रक्खे और कहा कि जब शत्रु हमारे बीच में आ जावे तब एक एक वर्छा सब फेंकना। इस तरह पाँच सौ भालों के लगने से हम उसे मार लेंगे। प्रतिद्वंद्वियों में से खंगार के भाई साहब और पितृवाई (पितृव्य) फूल ने कहा कि हम खंगार को मरता हुआ देखना नहीं चाहते अतएव आओ पहले अपने ही मर मिटें इनको आतुर देखकर खंगार बोला कि इतनी उतावली क्यों करते हो? तुम समझते होगे कि हम मर छूटें। ऐसा कह अपने पचासों पूर्ण शस्त्रबंद सवारों का गोल बाँधकर उसने घोड़ों की बागें उठाई। रावल के सैनिक जो हारले खड़े थे, उनमें से कितनक ही अपने वर्छे चला सके, शेष को अवसर ही न मिला, कि ये तो आकर जुट गये और लगे तलवार बजाने। रावल के प्रधान को खंगार ने मार लिया और दूसरे भी कई योद्धाओं को खेत रक्खा। रावल की फौज भागी तब तो रावल ने भिड भिड़कर तीन बार अपने घोड़े को शत्रु-दल में पटका, साहब पर झटका किया, वह उसके टोप पर लगकर टल गया साथी तो बहुत से छोड़ भागे, परंतु रावल अपने घोड़े को पटकता रहा। तब खंगार ने अपने योद्धाओं से कहा कि रावल को मत मारो! और

उसके साथी राजपूतों को ललकारा कि "अपने बाप को तो क्यों नहीं जाते हो !" सोढ़ा नंदा ने रावल के एक थूड़ो (बर्छे का बाँस) लगाई, तब किसी ने कहा—"भूला नहीं हूँ, साँड़ को आँकना (दागना) कहा है, मारना नहीं।" रावल ने फूल पर बर्छी चलाई और वह भेवडे में लगकर टूट गई। तब तो राजपूत यह कहकर रावल को ले निकले कि "अभी तुम्हारे दिन अच्छे नहीं हैं।" पचीस आदमी रावल के मारे गये और चार-पाँच खंगार के। घायलों को डोलियों में डालकर रावल पीछा फिर गया। उसके साथ वालों में से जो बर्छा न चला सके थे उन्होंने अपने अपने बर्छे के बाँस तोड़कर फलों को घोड़ों के तोबड़ों में रख दिया। रावल को यह मालूम हो गया, तब उसने घोड़ों को धान चढ़वाने के बहाने से सबके तोबड़े मँगवाये, तो उनमें से १२० बर्छियों के फल पूरे निकले। रावल बोला कि इन लोगों को यही दंड है कि आगे को इनकी घोड़ियों के बछेरियाँ होवें उनको तो ये रक्खें और जो बछेरे हों वे सर्कार में दिया करें। उन राजपूतों की संतान से आज तक बछेरे ले लिये जाते हैं। तदुपरांत फिर रावल ने खंगार से छेड़-छाड़ न की। नये नगर में रावल का प्रताप बहुत बढ़ा, उसने बड़े बड़े दान किये, बावन हज़ार घोड़े याचकों को दिये, ईसर बारहट को क्रोड़ पसाव दिया। (बारहट) बोहू (बोठू) के कहे हुए दोहे—

"श्री खांगो अविघाट, तुरकां ही नूं तेवड़ै,
झाला ही नूं झाट, हाला ही नूं हेकडै।"
खंगहै किया खड़ाक, सौ लोगा सुरताण सूं,
मीराँ मीलक नूं मार छोड़्याँ उतरी आक।"*

* हिन्द राजस्थान में लिखा है कि मीरों ने दग़ा से राव लाखा को मार डाला। लाखा के ४ पुत्र—जाम रावल, दरधवल, रावजी और मोड़ा थे।

पीढ़ियाँ (नये नगर के जाम की)—जाम लाखा, रावल, बीभा, सत्ता, अज्जा (जेसा) लाखा (द्वितीय), रणमल । सत्ता जाम हुआ, परंतु पीछे रायसिंह ने राज्य ले लिया । नये नगर से कोस तीन की दूरी पर रायसिंह लाखावत कुतुबख़ाँ से लड़कर काम आया । जाम तमाइची, बंभणीया, जस्सा लाखा का—एक वार तो कुतुबख़ाँ ने छल से जस्सा को मारकर सत्ता रिणमलोत को नये नगर की गद्दी पर बैठा दिया, परंतु रायसिंह के पुत्र तमाइची ने राज पीछा उससे छीन लिया । गीत लाखा अज्जावत का—

"निस दिह न थाकै क्यूही नाखवो असगज कनक सुनग अतर ।"
"सिर तो लाख साँच कही सामद्र लाखैरी किसडी लहर ।"
"द्वारमती रहवे दीठा, मिलै महल चको दीठा मेल ।"
"वधै घणु ताही वेलावल, बीभाहर ज्यूं नारै वेल ।"
"है हाटक हाथी नग है कै, सरसता दिसि सीपनी सहि ।"
"अम्ह दिस नाखल हर अजावत इसडी नांखी जे उवहि ।"

उन्होंने हमीर को मारकर बाप का वैर लिया और उसके राज पर अधिकार किया । हमीर के पुत्रों ने अपनी बहन कमरबा का विवाह सुल्तान महमूद बेगड़ा के साथ कर उसकी सहायता से कच्छ का राज पीछा जाम रावल से लिया । रावल अपने तीनों भाइयों समेत, परास्त होकर, सोरठ में आया और रायपुर के जेठवा रवीमजी का इलाका दबाया और देहातमान्वी के पर्गने भी म्लोम किये । सं० १५९६ में नयानगर बसाकर उसे अपनी राजधानी बनाया ।

सत्रहवाँ प्रकरण

जाड़ेचा फूल धवलोत की बात

भुजनगर से ८ तथा ६ कोस दक्षिण, समुद्र से ५ कोस केला-कोट नाम की बस्ती थी, जो अभी उजड़ा हुई है, कोट और घरों के खंडहर अब तक मौजूद हैं। वहाँ फूल राज करता था। कितनेक वर्षों तक वृष्टि अच्छी होने से वहाँ बहुत सुकाल हुआ और बनियों के घरों में अन्न के ढेर लग गये, इसलिए उनको बहुत नुक़सान उठाना पड़ा (क्योंकि अनाज बिकता नहीं था)। बनियों ने मेंह बँधवाने की नियत से किसी बर्तिये (मंत्रवादी) को कहा। (पहले जब दुष्काल होता तो भोले लोग ऐसा समझते थे कि किसी ने मन्त्र-बल से मेंह को बाँध दिया है, आज तक अज्ञानी प्रजा में ऐसे विचार पाये जाते हैं।) बर्तिये ने कहा कि एक हरिण मँगवाओ। जब वे हरिण लाये तो एक पत्र पर यंत्र लिखकर उसके सींग में बाँधकर उस हरिण को दो एक कोस पर एक पहाड़ों में छोड़ दिया, तब बनियों से कहा कि मेंह बाँध दिया है*, जब यह कागज भींगेगा तभी मेह बरसेगा, नहीं

---

* ऐसी ही मेह बाँधने की एक कहानी रासमाला (भाग प्रथम) में वाला (काठियों की एक शाखा) ऐभल के वास्ते लिखी है। अन्तर इतना ही है कि ऐभल ने जब वह चिट्ठी मृग के सींग पर से खोलकर पानी में डुबोई तो मूसलधार मेंह बरसने लगा, जिसकी मार से ऐभल के साथी तो मर गये और वह अचेत अवस्था में किसी गाँव में पहुँचा जहाँ सब स्त्रियाँ ही थीं, पुरुष दुष्काल टालने को मालवे गये हुए थे। साँई नेहड़ी नाम की एक चारण की स्त्री उसको घोड़े पर से उतार अपने घर में ले गई। उसने आलिंगन देने व सेंकने तपाने का प्रयोग तीन दिन तक जारी

तो वृष्टि होने की नहीं। उस वर्ष कोलाकोट के चार हज़ार गाँवों में एक बूँद भी पानी न बरसा। बनियों का धान सब बिक गया।

रक्खा। ऐमल सावधान हुआ और नेहड़ी से कहा कि इस सेवा के बदले कुछ माँग। सुंदरी ने उत्तर दिया कि समय पड़ने पर माँग लूँगी। ऐमल अपने गाँव तलाजे में आया। कितनक दिन पीछे चारणी का पति घर आया तब किसी ने उससे कह दिया कि तेरी अनुपस्थिति में तेरी स्त्री ने किसी अजनबी पुरुष को तीन दिन तक घर में रक्खा था। यह सुनते ही गढवी (चारण) मारे क्रोध के जल उठा और लगा स्त्री को ताड़ना करने। नेहड़ी ने अकुला कर सूर्यनारायण से प्रार्थना की कि यदि मैं कलंकिनी होऊँ तो मुझे कोढ़ी बना, नहीं तो अकारण मुझे दुख पहुँचानेवाला कुष्टी होवे। गढवी को कोढ़ का रोग हो गया, तब नेहड़ी उसकी सेवा शुश्रूषा करने लगी और अंत में उसे लेकर ऐमल के पास पहुँची। उसने भी बड़े आदर के साथ उसका आतिथ्य-सत्कार किया और पूछा कि क्या चाहती है। बोली कि मेरा पति कुष्ठ रोग से पीड़ित है, यदि एक बत्तीस लक्षणोंवाले मनुष्य के रुधिर से उसको स्नान कराया जावे तो रोग मिटे। ऐमल ने कहा कि ऐसा पुरुष कहाँ मिले? कहा तेरा पुत्र आया इन लक्षणों का है। यह सुनते ही ऐमल शोक सागर में डूब गया और मलिन मुख किये अन्तःपुर में गया। अपनी ठकुराणी को सारी हकीकत कही और बोला कि चारणी को मैंने वचन दिया था तदनुसार अब वह पुत्र के प्राण हरण करना चाहती है। यह सुनकर आया बोल उठा कि पिताजी! विलंब न कीजिए, इससे अपनी अमर कीर्ति हो जायगी। एसा ही ठकुराणी ने भी पुत्र के प्रस्ताव को स्वीकारा और कहने लगी कि "लोग कहेंगे कि ऐसा पुत्र-रत्न ऐसी ही माता की कोख से उत्पन्न हो सकता है।" यह सुनते ही ऐमल बेटे का मस्तक काटकर ले आया और उसमें से झरते हुए रुधिर से चारण को नहलाया। कोढ़ मिट गया और चारणी ने योगमाया के प्रताप से आया को पीछा जिला दिया। ऐमल का गीत मामड़िये चारण का कहा हुआ—

"प्रथम मेह बाधियो कोढ टालियो पछे वालो मतवादिया जगवाहा।"

"समनमूरा शिर शिरोमण तलाजू, गादियां शिरोमण वधै गाढी।"

"मोड़ परताप तद दीठ एक कन्या, भयंकर भांग तन वीर भभो।"

"थाट उनार तट नेहड़ी सांइये, थया तो आप सत शीस थेभो।"

बनिये और वर्तिया उस हरिण को प्रायः देखा करते थे। इस तरह तीन-चार वर्ष तक वर्षा न हुई, घोर दुर्भिक्ष रहा और बिना अन्न के प्रजा मरने लगी। उड़ती उड़ती यह बात फूल के कान तक पहुँची कि बनियों ने वर्तिये से मेंह बँधवाया है। उसने उनको बुलाकर पूछा कि सत्य कहो क्या बात है। उन्होंने स्पष्ट कह दिया कि बात सही है। तब फूल ने पूछा कि वह हरिण जीवित है या मर गया? कहा जीवित है। कहाँ है? इस सामने की पहाड़ी में और हमारे मनुष्य दूसरे-तीसरे दिन जाकर उसको देख आ आते हैं। फूल तत्काल चढ़ा और उन आदमियों को साथ लेकर एक हजार सवारों सहित पहाड पर जाकर उसका घेरा दिया। हरिण दृष्टि आया तो उसके पीछे घोड़े छोड़े वर्तिया बोला कि मैंने ५ वर्ष के लिए मेंह को बाँधा है सो अभी हरिण के सींग में से यंत्र निकालना उचित नहीं। फूल ने उसको तो यही उत्तर दिया कि ठीक, पर आप उसके पीछे लगा चला गया। ५० तथा ६० कोस पर वरड़ेसर के पहाड पर जाता उसको मारा और सींग में से यंत्र निकालकर पानी में गला दिया। यंत्र का जल में डूबना था कि नभ-मण्डल में बादल घिर आये और लगा मूसलधार मेंह बरसने। फूल पीछा फिरा, उसके साथी सब विवश हो पीछे रह गये और मेंह में पिटता हुआ फूल भी अचेत हो गया, उसका घोड़ा उसे खेरडी गाँव में ले पहुँचा। वहाँ जमला नाम का अहीर रहता था। किसी स्त्री ने फूल की यह दशा देखकर अहीर को खबर दी कि कोई राजपुत्र बहुत से आभूषण पहने हुए बेसुध घोड़े पर पडा हुआ है। जमला ने आकर देखा तो पहचाना कि यह

" पोतरो सूर रो सूर जेरो पिता, मोज मेहराणहि दवाण माजा।'
" वसारो अवसण कवसण वमावण, राकरो मालचो धर्मराजा।"

तो फूल और हमारा परम शत्रु है। यदि यह मर गया तो जाड़ेचे मात्र हमारे वैरी हो जावेंगे। गाँव के बड़े-बूढ़े सब इकट्ठे हुए। फूल को बहुत सा सेंका तपाया परन्तु उसको चेत न आया। तब वैद्य को बुलाया। उसने उसकी दशा देखकर कहा कि इसके बचने का तो केवल एक ही उपाय है कि कोई युवती कुमारी इसको अपनी छाती से लगाकर सोवे तो उसके अंग-स्पर्श की ताप से यह होश में आवे। जैमले अहीर ने अपनी बड़ी कुमारी बेटी से कहा कि तू इसको छाती से लगाकर इसके साथ सो जा, परन्तु कन्या ने कहा कि पर-पुरुष के साथ ऐसे सोने में मुझे दोष लगता है, मैं तो कदापि इसको न स्वीकार करूँगी। कन्या के पिता ने इस विषय में बहुत आग्रह किया तब वह बोली कि जो मेरा विवाह इसके साथ कर दो तो मैं सो सकती हूँ। यह मृतप्राय तो हो ही रहा है, जो मेरा भाग्य बलवान् होगा तो जी उठेगा। पिता ने उसी अवस्था में फूल के साथ कन्या के फेरे कर दिये और उसे उसके साथ सुलाया। दोपहर से वह कुमारी फूल को छाती से भिड़ाये आधी रात तक वैसे ही सोती रही तब फूल को चेत आया। उसने आँखें खोलीं और उस स्त्री की ओर देखकर पूछा कि तू कौन है और यह क्या मामला है? तब उसने विस्तारपूर्वक सब कथा कह सुनाई कि इस तरह से तुम अचेत दशा में मेरे पिता के गाँव खेरड़ी में आये थे, उसने तुमको पहिचाना और कहा कि यह तो फूल है, कदाचित् यह मर गया तो पहले ही तो इसके साथ अनबन है और फिर विरोध हो जावेगा, लोग कहेंगे कि जैमला ने इसकी सेवा-शुश्रूषा नहीं की, जिससे फूल मर गया। जब बहुत प्रयत्न करने पर भी तुम होश में न आये तब वैद्य ने कहा कि कोई षोडशी कुमारिका चार प्रहर तक इसको अपनी छाती से भिड़ाये रक्खे तो यह जीवित रह सकता है अन्यथा नहीं। पिता ने

मुझे आज्ञा की, मैंने कहा कि जो मेरा विवाह इसके साथ कर दो तो मैं यह काम कर सकती हूँ नहीं तो दोष की भागी नहीं होऊँगी। आगे जैसा भाग्य से लिखा होगा वही होगा। मेरा विवाह किया और मैं तुमको अपने हृदय से लगाकर सोती हूँ, परमात्मा ने खैर की, आपकी आयु शेष थी और मुझे यश आना था, इससे आप सचेत हो गये। यह वृत्तान्त सुनकर फूल बहुत प्रसन्न हुआ और शेष रात्रि रस-रंग में बिताई। उसी रात्रि को उसके गर्भ रह गया। प्रभात होते ही फूल अश्वारूढ़ होकर जाने लगा तब जैसला की बेटी बोली कि मैं आपसे गर्भवती हुई हूँ, आप तो चले जायँगे और कल लोग मुझे कलङ्कित करेंगे, अतएव आप कोई निशानी देते जाइए। फूल ने अपने पहनने की मुद्रिका उतारकर दे दी और एक लिखत भी कर दिया। दो दिन फिर ठहरकर पीछे केलाकोट को प्रस्थान किया। अपनी पहली पटरानी धण से भी वह बहुत प्यार रखता था सो घर पहुँचकर अहीर-कन्या को भूल गया। अवधि पूर्ण होने पर उसके पेट से लाखा ने जन्म लिया। अपने नाना के घर में वह पलता रहा, आठ-दस वर्ष का हुआ तब एक दिन अपनी माता से पूछने लगा कि हम लोग कौन हैं, और मेरा पिता कौन है? माता बोली, बेटा तू इस धरती के धनी फूल का पुत्र है। लाखा ने कहा तो फिर हम यहाँ क्यों रहते हैं वहाँ क्यों नहीं चलते? तब उसकी माता ने सारा वृत्तान्त कह सुनाया। लाखा बोला—मुझे पिता की दी हुई निशानियाँ दे, मैं उनके पास जाऊँगा। माता ने यह लिखत और मुद्रिका दे दी। उनको लेकर लाखा केलाकोट पहुँचा, पिता से मिला, उसकी दी हुई वस्तु उसे दिखलाई तब फूल ने हर्षपूर्वक लाखा को अपने पास रक्खा। लाखा तो अवतारिक पुरुष था। बालक होने पर भी

बुद्धि-बल से राजा का सब काम वही करने लगा। फूल के दूसरा कोई पुत्र तो था नहीं इसलिए सब दार-मदार लाखा ही पर था। फूल प्रायः बांग बलोचों की तरफ थाणे में रहा करता और लाखा कैलाकोट में काम चलाता था। वह रूप और गुण का भी भंडार था। उसका रूप देखकर राणी धण का मनोभाव विकार को प्राप्त हुआ। एक बार राणी ने उसको अपने महल में बुलाकर अपनी दुष्ट वासना को उस पर प्रकट किया। लाखा ने उत्तर दिया कि तू तो मेरी माता है, मुझसे यह वचन कैसे कहती है? मुझसे ऐसा कुकर्म कदापि नहीं होगा। राणी ने क्रोध में आकर कहा कि मैं फूल को लिखकर तुझे देश से निकलवा दूँगी। लाखा ने निवेदन किया कि जो तेरी इच्छा हो सो कर, परंतु मुझसे ऐसी आशा मत रख। राणी ने पत्र लिखा और एक साँढनी-सवार के हाथ वह पत्र फूल के पास भेजा। कोई आवश्यक काम के होने पर ही साँढनी सवार आया करता था, इसलिए फूल ने उसे आता देखकर यह आधा दोहा कहा—'कच्छ करीरै छबियो कु देसडो कु सुत्त।" उसके उत्तर में कासिद ने कहा—"लाखो फूल महलियाँ लिख देवर रिख पुत्त।" धण ने यह समाचार कहलाये हैं। सुनते ही फूल को क्रोध आया। उसने अपने सर्दारों को लिखा कि मैंने लाखा को देश-निकाला दिया है सो उसे वहाँ से निकाल देना। जब यह बात लाखा पर विदित की गई तो वह बोला कि मेरे पिता की चतुर्थ अवस्था (बुढ़ापा) है और तुम मुझे निकालते हो अतएव यह याद रखना कि जो किसी ने आकर मुझको य शब्द कहे कि "फूल मर गया" तो मैं उसकी जीभ कटवा डालूँगा। इतना कहकर लाखा अपने मामा के पास गेरबे चला गया। कुछ समय बीतने पर फूल की मृत्यु हुई और रानी धण उसके साथ चिता पर

चढ़कर जल मरी, परन्तु लाखा को यह समाचार पहुँचावे कौन। बिना राजा के देश शून्य, तब सबने मिलकर यह निश्चय किया कि कोई ऐसा प्रयत्न करना चाहिए जिससे लाखा आवे, परन्तु जीभ कटाने के भय से उसको जाकर कहे कौन? अंत में सबकी यही सम्मति हुई कि ढाढ़ी डोमनी को भेजो, वह जाकर उसको कहेगी। तदनुसार ढाढ़ी भेजी गई। उसको देखकर लाखा ने पीठ फेर ली और उसे लाख पसाव दिया। डोमनी वीणा (रबाब) बजाती थी। तंत्र को सँभालकर उसने यह दोहा गा सुनाया—

> "फूल सुगंधी वाड़िया भाटी देख सिधाय।
> तो विन सूनी सिघड़ी बल लाखा महराय॥"

यह सुनते ही लाखा मुड़कर सम्मुख हो बैठा और बोला—"क्या फूल मर गया?" डोमनी ने कहा कि ये शब्द तो आप ही के मुख से निकलते हैं। लाखा ने कहा तो मेरी जीभ कटाना चाहिए, क्योंकि मेरी यही प्रतिज्ञा थी। पाँच भले आदमियों ने समझा-बुझाकर एक सुवर्ण की जिह्वा बनवाई और उसे सात बार काटकर प्रतिज्ञा पूर्ण की। ढाढ़ी को लाखा ने पान का बीड़ा दिया। उसने उसे सीस पर चढ़ाकर सादर ग्रहण किया। लाखा ने पूछा कि इसका क्या कारण? डोमनी ने अर्ज़ की—

> "लख लाखा ढह जाय, जो दीजै मुख वाँकड़ै।
> पान कुटक्के रहि करै जो जीयँ सो भाय॥"

अर्थात् पहले तो आपने पीठ फेरकर लाख दिया, वह किस काम का और यह थोड़ा जो सम्मुख होकर बख्शा सो लाख से भी बढ़कर है। फिर केराकोट आकर लाखा राजगद्दी पर बैठा।

लाखा का पिता फूल थंगा के थाणे में रहता था सो लाखा ने भी वहाँ रहना ठाना। जब पयान करने लगा तो उसकी प्रिया

सोढी राणी ने कहा कि "प्रीतम ! आपके दर्शन बिना मेरा मन यहाँ नहीं लगेगा सो मुझे भी साथ ले चलिए।" लाखा ने समझाया कि वहाँ तुम्हारा काम नहीं, वहाँ तो आठ पहर दौड़-धूप लगी रहती है। सोढी ने अर्ज की "तो आपके ओढ़ने का एक पछेवड़ा मुझे बख्शिए, मैं हर घड़ी उसके ही दर्शन कर यहाँ बैठी रहूँगी, और इस मनभोलिये नामी डोम को यहाँ छोड़ जाइए, जो महल के नीचे खड़ा होकर प्रतिदिन आपका यश मुझे सुनाया करेगा जिसके श्रवण करने ही से मैं अपने मन को बहलाऊँगी।" लाखा ने कहा बहुत अच्छा। अब वह तो वांगीर निबोचों के थाणे चल दिया, जहाँ उसको रहते हुए पाँच-सात महीने हो गये, पीछे से पावस ऋतु आई, मेंह की झड़ लगी, बिजली की चमक हुई, बादल गरजे। उस वक्त आधी रात के समय में राणी सोढी झरोखे में आन बैठी, उसके मन में कामाग्नि धधकी, नीचे डोम बैठा अलाप रहा था, उसको ऊपर बुलाया और उससे लपटकर पलंग पर जा सोई। लाखा के पछेवड़े को नीचे बिछा दोनों रति-रंग मनाने लगे। फिर तो परस्पर प्रीति की गाँठ घुल गई।

एक दिन अर्ध रात्रि को लाखा जागा और लघुशंका के वास्ते डेरे से बाहर आया, ऊपर आकाश की ओर आँख उठाकर देखा और यह दोहा कहा—

"किरती माथै टल गई, हिरणी गई उलरथ।
सुवै निचींती गोरड़ी, बर माथै दे हत्थ॥"

लाखा के साथ एक बरसेड़ा सावल नामी राजपूत था। उसने वह दोहा सुना, बोला—राजने जो दोहा कहा वह इस तरह पर है—

"हिरणी माथे ढल गई, किरती गई उलरथ।
नारी नरां मनादियां, पड़े फड़ो फस हत्थ॥"

मावल और लाखा के मध्य रात्रि को ऐसी बातचीत हुई। प्रभात को लाखा ने मावल से कहा कि एक बार मैं केलाकोट जाकर घर की सुधि लेना चाहता हूँ। उसने कहा—जो इच्छा। तुरंत सहाणी को बुलाकर पूछा कि कोई ऐसा अश्व घुड़साल में है जो संध्या तक केलाकोट पहुँचा दे। उसने उत्तर दिया कि हैं तो बहुतेरे, परंतु उनकी ऐसी परीक्षा कभी की नहीं है। तब कहा कि ऊँट ला! ऊँट चढ़ लाखा चला। केलाकोट दस ग्यारह कोस रहा होगा कि लाखा ने उस ऊँट पर छड़ा चलाई, जिसकी चोट से करहा (ऊँट) बलबलाया। सोढ़ी ने सोते हुए ही वह शब्द सुना और कहने लगी—"झीणो करह करूकियो, रीणो मंझकरांह, फूलाणी कां बेटियो, उमाइड़ो घरांह।" डोम को कहा कि लाखाजी आये, मैं उनकी बोली सुनती हूँ। डोम बोला बंगा यहाँ से सौ कोस दूर है, वह अभी कहाँ से आ सकते हैं? इतना कहकर दोनों पीछे सो रहे। रात्रि एक प्रहर के लगभग गई थी तब लाखा आ पहुँचा और उतरकर सीधा सोढ़ी के महल में गया। वहाँ क्या देखता है कि मनबोलिया के साथ गलबाहीं किये सोढ़ी सोती है। यह देखते ही उल्टे पाँव फिरकर लाखा दूसरी राणी के महल में जा सोया। पीछे से ये दोनों जागे। कहने लगे कि ठाकुर आये और उन्होंने अपनी दशा देख ली, तब डोम वहाँ से उठकर नीचे चला गया। प्रभात होते ही लाखा गोख में आन विराजा। डोम को बुलाया और कहा अरे मैंने तुझको सोढ़ी दी और साथ ही सोढ़ी को भी कहला दिया कि मैंने तुझे डोम के हवाले किया है। तू जो कुछ ले सके लेकर अभी निकल जा! डोम ने यह दोहा कहा—

'चोर भलां ही धन हरै, सतपुरसां घर जार।
दीठा दोसज पर हरै, लाखा सो दातार॥"

डोम तो सोढी को लेकर चला गया, फिर कई मास पीछे लाखा पाटण नगर में व्याहने को आया। वहा वह डोम भी माँगने को गया था, सोढी साथ में थी। लाखा ने डोम को देखकर पूछा कि सोढी प्रसन्न तो है? "जी कुशलता है।" सोढी ने भी लाखा का दीदार किया और उसका वह रूप और रंगत देखकर मन में बड़ा पश्चात्ताप करने लगी और अन्न जल का त्याग कर दिया। यही प्रण लिया कि लाखा अपने हाथ से शूले (कबाब) बनाकर खिलावे तो खाना नहीं तो निराहार ही रहना। यह खबर लाखा को मिली। उसने चार सीख बनवाकर भेजी। उन्हें देखकर वह बोली कि ये शूलें तो लाखाजी की बनाई हुई नहीं हैं। तब तो लाखा ने अपने हाथ से तैयार कर वस्त्र से ढक शूलें उसके पास भेजीं। उस सीख को देखते ही सोढी ने पहचान लिया कि वह लाखा ही की बनाई हुई है और उसको हाथ में लेते ही सोढी के प्राण मुक्त हो गये। दास ने पीछा जाकर लाखा को कहा कि महाराज! सोढी मर गई। उसने अपने चार राजपूतों को भेजा, और उन्हें कहा कि कुछ अगर-चंदन ले जाकर सोढी के शव को भस्म कर आओ।

अठारहवाँ प्रकरण

बात जाम ऊनड की

जाम ऊनड़ ने रोहड़िया कवि सांवल सुध को आठ कोड़ पसाव दिया जिसकी वार्ता यह है—

सांवल सुध कविराज लाखा फूलाणी के पास रहता था। लाखा बड़ा दातार था। एक बार जाम ऊनड़ (सिंध के स्वामी) के मन में समाई कि किसी महापात्र को बड़ा दान देना चाहिए। तब उसने (अपनी राजधानी) सामाई में सांवल को बुलाया और उसका बड़ा आदर-सत्कार किया। तीन या चार बार सांवल ऊनड़ के मुजरे को गया। जाम कहता है कि "जस करो।" तब सांवल लाखा के बखान करता, वह ऊनड़ के मन में भावे नहीं। चौथे दिन जब कवि दर्बार में आया तब फिर वही बात कही कि "कुछ जस करो।" चारण ने कहा कि मैं लाखा का जस पढ़ता हूँ, वह आपको तो सुहाता नहीं परंतु लाखा के जैसा दातार और कौन है? ऊनड़ ने पूछा कि लाखा कैसा दानी है? वह तो सुवर्ण का पुतला बाँटता है अर्थात् मृतक को घर में रखता है, जिससे सूतक लगता है; यदि बड़ा दानी है तो सारे सुवर्ण पुरुष को एक साथ ही क्यों नहीं किसी को दे देता? सांवल बोला कि आप तो आऊठकोड़ बम्भणवार के स्वामी हैं, लाखा के पास इतना देश कहाँ है, वह तो सत तोलता है। यदि आप दातार हैं तो अपना सारा राज्य किसी को क्यों नहीं दे देते? ऊनड़ ने चारण की इस बात को दिल में रखकर अपने प्रधान को आज्ञा दी कि हम अमुक स्थान को अपने राजलोक

सहित यात्रा करने जावेंगे सो तैयारी करो। उसने सब प्रबन्ध कर दिया। तदुपरान्त शुभ मुहूर्त दिखा जाम ने अपने सब सर्दारों को बुलाकर दर्बार भरा और सांवल सुत कविराज को डेरे से बुला अपने सिंहासन पर बिठा दिया और आऊठ लच सामई का महापसाव देकर आप गाड़े जुतवाकर समुद्र के बेट (द्वीप) कराडा में चला गया। गीत जाम ऊनड़ का—

"कोट दियण कीधो करणीगर, भए दातार कवीचैमाग।"
"आउठ लाख तणो छत्र ऊनड़ तो बिण कियहि न दीधो त्याग।"
"सो लाखांलग दान समपियो, वांसे घातेहवणां वखाण।"
"तो जिम गढ तखत बड़ त्यागी, सुकवि किही न किया सुरताण।"
"सवा कोड़ लख आगै सुयणै पात्र भणावै महापसाव।"
"लोभाऊदियो लाखावत, सिंघतणो छत्र सामा राव।"

इस तरह आऊठ कोड़ सामई दान में देकर जाम ऊनड समुद्र के पास बैठ में जा रहा और वहाँ ५०० गाँवों पर अपना अधिकार जमाया, परंतु इनमें उसकी साहबी का निर्वाह नहीं होता था। पास ही ३०० गाँव हुर्मुज़ के पट्टे के आ गये थे, बीच में थोड़ा सा जल था। इन्होंने विचारा कि यह (ऊनड) निकट आया है सो मारकर धरती ले लेगा और ऊनड़ भी इसी विचार में था, परंतु वे तो पहले ही से भयभीत हो अपना धन-माल नौकाओं पर लादकर हुर्मुज़ को चले गये और गाँव ऊनड के हाथ आये। इसके अतिरिक्त कुण्डने गुलाई के पर्गने के सुमरों के ७०० गाँव समुद्र पास के छीन लिये और सिंध के निकट उसका महाराज्य हो गया। भुज की तरफ़ जलमार्ग से नौका द्वारा जाने में तीन-चार दिन लगते थे। कुण्ड और गुलाई के पर्गने राव हमीर खंगारात ने ऊनड़ के पास से लेकर भुज में मिला लिये। फिर अकबर बादशाह ने जाम को

मुसलमान बनाया सो अब तुर्क ही हैं। बड़े दातार हैं, कोई भी चारण चला जावे तो उसको पाँच महमूदी (चाँदी का सिक्का) दी जाती हैं। अब तक बड़ी साहबी है और आठ नौ हजार मनुष्यों का थोक है। सिंध के निकट गाँव के लोग उनको नियत कर देते हैं, राव खंगार और रावल जाम का युद्ध हुआ, जिसका गीत ईसर बारहट ने कहा—

"परानाँह पडिहार, पिड पथंग छोडे परा, परापुड ऊपडे वेढ प्राम्भो।"
"राहिबै हर प्रबल हर धवल राहिवो मांभिये वाजिया आयमांभो।"

रावल ने नया नगर लिया तब हाजा ने हरधवल (रावल के भाई) को मारा था, फिर जाते हुए हाजा को हरधवल के पुत्र जस्सा ने पीछा कर पकडा और उसे मारकर बाप का वैर लिया।

जाम सत्ता और अमीख़ान आज़मख़ाँ से जो युद्ध हुआ उसकी वार्ता—जब अकबर बादशाह ने आजमख़ाँ को गुजरात की सूबेदारी पर भेजा उस वक्त गिरनार में अमीख़ान गोरी राज करता था। जाम सत्ता का उसके साथ मेल था। आजमख़ाँ ने जाम को मिलाना चाहा। जाम तो उसकी बातों में न आया और उसके प्रधान जैसा ने उनमें विरस करा दिया। फिर इधर से नवाब ने चढ़ाई की और उधर से जाम ने। आजमख़ाँ की सेना १३०००, काठियों की ४०००, झालाओं की ४०००, जेठवों की ४०००, वाढेलों की ५०००, राव पचायण की ५००० सेना थी। दस हजार सवारों से नया नगर से १२ कोस धवलहर में आ उतरा। पहले तो बहुत सी कहा-सुनी हुई, परंतु जाम ने एक न सुनी, दोनों सेनाएँ मुकाबले पर आ जमीं। अमीख़ान का एक चाकर काठीला हामा था, जिसके साथ जाम ने पहले कुछ बुरा बर्ताव किया था वह और अमीख़ान की सेना तो युद्ध किये बिना ही मुड गई और दूसरा साथ भी फिरा।

जाम का प्रधान जैमा और कुँवर अजा यहां वीरता के साथ काम आये, भाई भतीजे भी मारे गये, भांजे अपने ६७ सैनिकों समेत खेत पड़े और जाम के १८०० योद्धा धराशायी हुए। आजमखाँ के भी ७०० मनुष्य मारे गये, परंतु खेत आजम के हाथ रहा। फिर उसने नवानगर जा लूटा। अब में जाम ने संधि कर ली, घोड़े ५ नजर किये और घोड़े १० सालाना देने ठहराये। अब वो ६० घोड़े जाम प्रतिवर्ष देता है। गीत जाम सत्ता का—

> "पतीशाह पतसाह दल बांह अहमद पुरा,
> अभंग लखधीर इम किया आगै।"
> "सतो मांगे नहीं धार साहण समद,
> मार जामीर सू बाथ मांगै।"
> "अमी लगार नह मुदाफर ऊगरै,
> हुआ अलगा विनै भ्राटकै हाथ।"
> "माह रातै मरद बीजा सरस,
> सूर मांगै सता बाथ समराथ।"
> "आदि लगा सरण साधार लाखाहि में,
> भला सत माल इम भला भावां।"
> "मांगा पतसाह मां मांगू जुध मीरजा,
> आव मैदान मैदान मैदान आवां।"
> "पैसता लार लाख दल पैठा
> ढाल वालियां लायां टर।"
> "निग्रह फौज फाड नीसरतै,
> सतै घातिया पाखर खेर।"
> "सता वदो वढ लाप न सकिया,
> लापी नहीं लोहची लीह।"

"पैपंडर धररां पाडंतै,
दरै गरा पड़िया तिण दीह।"
"सता बीसदीकंवण संभारै,
सदीस कंवण वदै संग्राम।"
"पंचहज़ारी किता पाड़िया,
किता हज़ारी ग्राया काम।"
"त्रिकुट ग्रनै हथणापुर तीजो,
घड़ा खुरसाण एकण घाय।"
"इण निसपति ग्रसपति सूं वड़ो,
रिण काछियो जु कांछी राय।"

गीत ग्राढा ब्रह्मा ने कह्या—

"तवल बाज गजराज, सकबंध ग्रकबर तणां,
रह्नाचिया मीर हालै रंढाले।"
"सतै ग्राफालिया मला खुरसाण सूं,
काछ पंचाल सोराठा काले।"
"सारसी पारसी सिंधु रीसाड्यां,
गहडिया सेर नीसाण गुड़िया।"
"ग्रोतरा पालमां लाखदल ग्रावटै,
जाम सूं फावली थाट जुड़िया।"
"ढहै ढीचाल रत खाल खलकै धरा,
जुड़े घड़ पड़ै घड़हड़ खगाले।"
"सताविण ग्रबर क्रण साहसूं समवड़ै,
पाधरे पैज मैदान पाले।"
"जाम ग्रोंकियें ग्राजीज सोलेहवो,
इसो को हुवो भाराथ ग्रागै।"

"विये दल दट दला काळ फालवरां,
वीररो वनै सरधोर वागै ।"*

---

* सन् १५७२ ई० (सं० १६३० वि०) में गुजरात के सुलतान मुजफ्फर शाह तीसरे से अकबर पादशाह ने गुजरात ली। मुजफ्फर राजपीपले की तरफ भागा। सन् १५७७ में पादशाही सूबेदार शहाबुद्दीन अहमद ने जूनागढ़ के अमीनखाँ पर चढ़ाई की, जाम सत्ता उसकी सहायता पर गया और दोनों ने मिलकर शहाबुद्दीन को परास्त किया। इस सहायता के बदले अमीनखाँ ने जोधपुर चूर और भोंद के पर्गने जाम को दिये। मुजफ्फरशाह गुजराती राजपीपले से नयानगर आया और जाम से सहायता चाही। तिस पर मुगल सूबेदार अजीज कोका ने नयानगर आ घेरा, जाम अपने दूसरे पुत्र जस्सा को लेकर मुकाबले पर गया। धरोल के पास युद्ध हुआ, अमीनखाँ का बेटा दौलतखाँ और काठी हामा खुमाण जाम की सहायता को आये, भयंकर युद्ध हुआ। अंत में दौलतखाँ और काठी सर्दार जाम का साथ छोड़कर चले गये, इससे जाम की सेना हटी और वह भी राजधानी में भाग आया। जब पाटवी पुत्र अज्जा ने पिता का रणखेत से भागना सुना तो जोश में आकर युद्धस्थल को गया और काम आया। जस्सा ने जब देखा कि मैं अकेला शत्रु से बाजी नहीं ले जा सकता, तब नगर को भागा। जाम ने अपने कुटुम्ब को डोंगियों में चढ़कर रवाना कर दिया और आप पहाड़ों में छिप रहा। मुसलमानों ने नगर लिया।

भाणजी जेठवा की राणी कलुनबा ने मेर और रेबारियों की सेना एकत्रित कर इस अवसर को हाथ से न जाने दिया और राणपुर तक अपना इलाका पीछा नयानगर के अधिकार से निकाल लिया। छ्न्या को राजधानी बनाकर अपने पुत्र खीमजी को गद्दी पर बिठा दिया।

अंत में जाम ने बादशाह से संधि कर खिराज देना स्वीकारा। ४६ वर्ष राज करके सं० १६६५ में जाम सत्ता ने संसार से कूच किया। (हिंद राजस्थान)

मैं यहाँ जाडेचों का थोड़ा सा प्राचीन हाल पाठकों के सम्मुख धरता हूँ। हिंद राजस्थान की गुजराती पुस्तक में तो उसकी उत्पत्ति के विषय में ऐसा लेख है कि "श्रीकृष्ण के पुत्र सांब ने मिसर देश के राजा बाणासुर के प्रधान कौमांड

की कन्या से विवाह किया। उससे उप्पीक पैदा हुआ और उसे अपने नाना का राज्य मिला। उप्पीक से अठहत्तरवीं पीढ़ी में देवेंद्र के एक पुत्र नरपत ने ग़ज़नी के बादशाह फ़ीरोज़शाह को मारकर वहाँ का राज लिया और जाम पदवी धारण की"। जाम शब्द के लिए विद्वानों ने भिन्न भिन्न कल्पनाएँ की हैं, परंतु आश्चर्य नहीं कि यह मरु भाषा का शब्द हो, जिसका अर्थ पिता का है और इसी का स्त्रीलिंगवाची जामण शब्द माता के वास्ते बोला जाता है।

जाड़ेचों में दो मुख्य शाखें हैं। सम्मा और सूमरा। सम्मा या सामेजा एक प्राचीन जाति है, वे तो अपने को श्रीकृष्ण के पुत्र सांब के वंशज बतलाते हैं; कोई उन्हें नूह के पुत्र साम की संतान ठहराते, और कोई साम को सोम का अपभ्रंश मानकर उन्हें चंद्रवंशी कहते हैं। सिंध की पुरानी तवारीख़ तुहफ़ुलकिराम में लिखा है कि लाखा फूलाणी के पोते और ऊनड़ के बेटे का नाम लाखा था, उसके एक पुत्र सम्मा के वंशज सम्मा कहलाये और सम्मा के पौत्र व रायधन के पुत्र सम्मा की संतान समिजा प्रसिद्ध हुई। सिंध के दूसरे पुराने इतिहासों में लिखा है, कि सम्मा और सूमरा अपने को हिंदू कहते थे, गोमांस नहीं खाते, परंतु भैंसा खाते हैं। बांबे गैज़ेटियर जिल्द ५ पृष्ठ ६५ में लिखा है कि जाड़ेचों के रीति-रिवाज मुसलमानों से मिलते थे। सन् १८१८ ई० तक वे मुसलमानों का बनाया खाना खाते, जो चीज़ शरह के मुवाफ़िक़ हलाल हो उसको काम में लाते, क़ुरान की शपथ करते और मुसलमानों को अपनी बेटियाँ भी ब्याहते थे। अब हिंदुओं की रीति-भाँति पर चलने लगे हैं। अब तो जाड़ेचों के संबंध प्रतिष्ठित राजपूत कुलों में होते हैं। यह भी एक कल्पना है कि सिकंदर आज़म ने जिस सांबस पर चढ़ाई की, वह सम्मा जाति का था और राजधानी उनकी सिंडिमन थी। कर्टिअस उसको साबस लिखता है, प्रोफ़ेसर विल्सन् उसे संस्कृत का सिंधुमान बतलाते हैं और कोई उसे सद्वास भी कहते हैं। जनरल कनिंघम का अनुमान है कि सिंधुवन का सिंडिमन हो गया है। कहते हैं कि सम्मा लोगों ने मकली के पहाड़ पर सामूई का गढ़ बनाया और तग़ूराबाद का नगर बसाया। संभव है कि सन् ईसवी की नवीं शताब्दी के लगभग ये लोग कच्छ की तरफ़ आये और चावड़ों से यह भूमि ली हो।

सूमरा अपने एक पुरुषा सूमरा के नाम से प्रसिद्ध हुए। इनका राज पहले सिंध में था। तारीख मासूमी का कर्ता लिखता है कि जब अब्दुर्रशीद सुलतान मसऊद गजनवी (सन् १०४६-५१ ई०) भोग-विलास में रत हुआ तो राज-काज ठीक न चलने से प्रजा बिगड़ बैठी। उसने सूमरा नामी एक आदमी को सिंध का हाकिम बनाया था, जिसने साद जमींदार की बेटी से विवाह किया और उसके पेट से भूणगर पैदा हुआ। सूमरों की राजधानी महम्मद तूर नामी नगर था। सं० १४०८ वि० से कुछ पूर्व तक सूमरा सिंध के स्वामी रहे फिर सुलतान अलाउद्दीन खिलजी के सेनापति अलगखां ने दूधा सूमरा को पराजित किया, वह भागकर कच्छ की तरफ आया, मुसलमानों ने भी पीछा किया। कच्छ के राव हूँबरा सम्मा ने सूमरों को सहायता देकर मुसलमानों से लड़ाई ली, परंतु मारा गया।

सं० १२०० के लगभग सम्मा सिंध के स्वामी हुए और नगर ठट्ठे में राजधानी स्थापित की। उस वक्त वे मुसलमान हो गये थे। जाम ऊनड़ बावनिया के राजसमय में देहली के सुलतान फीरोजशाह तुगलक ने सिंध पर चढ़ाई की, परंतु बहुत हानि उठाकर दो बार सुलतान को हट जाना पड़ा, तीसरी बार विजय प्राप्त हुई। सं० १५७७ वि० तक सम्मा सिंध के राजा रहे पीछे बेगलार आर्ग़ुन खान्दान के शाह हुसैन ने उनसे राज छीन लिया।

सुलतान शमसुद्दीन अलतिमश या गोरीशाह के गुलाम कबाचा के सिंध फतह करने पर दूसरे सम्मा भी कच्छ की ओर आये। मोड के पुत्र साद से फूल पैदा हुआ, जिसका बेटा प्रसिद्ध लाखा फूलानी था जिसने कन्या-वध का नियम चलाया। लाखा ने काठियों को निकालकर केराकोट में अपनी राजधानी बनाई। लाखा के पुत्र पूरा के निस्संतान मरने पर उसकी रानी सिंध के सम्मा खानदान में से जाम जाड़ा के बेटे लाखा को गोद लाई, जिसके वंशज जाडेचा कहलाये।

सम्मा सामेजा और सूमरों में से भिन्न भिन्न पुरुषों के नाम से कई शाखाएँ चलीं। जाम रूम्मा के वंशज अपने को सम्मा या सामेजा कहते, जो जाडेचा से बहुत पहले कच्छ में आकर बसे थे। केर, मनाई के वंश में हैं। ऊनड़ से, जो मनाई का भाई था, चौथी पीढ़ी में जाम जाड़ा का बेटा लाखा हुआ जिसके

वंशज दांग कहलाये। उनमें बड़ी शाखाएँ अबड़ा, आमर, आराच, भोजदे, घुटा हेदा, गाहड़, गज्जन, होटी, जाड़ा, जेसर, काया, कारेट, मोड़ व पायड़ आदि हैं। राव लाखा के बेटे रायधन के पुत्र गज्जन के दूसरे बेटे हाला ने कच्छ का दक्षिण-पश्चिमी भाग लिया और हाला शाखा का मूल-पुरुष हुआ। जाम रावल ने सारे कच्छ पर अधिकार कर लिया था, परंतु राव खेंगार ने उसे निकाल दिया और उसने काठियावाड़ में जेठवों का बहुतसा इलाका दबा कर नया राज स्थापित किया, यह प्रदेश अब हालार नाम से प्रसिद्ध है। जाड़ेचों में तीन शाखाएँ हैं—सायब, रायब और खेंगार।

उन्नीसवाँ प्रकरण

सरवहिया यादव

सरवहिया पहले गिरनार के स्वामी थे। राव मंडलीक बड़ा रजपूत हुआ। वह बीस हजार सवारों का अधिपति था और उसके छोटे भाई का नाम जैसा था। कहते हैं कि राव मंडलीक नित्य एक नया तालाव बनवाता, गंगाजल से नहाता और गंगाजल का ही पान करता था। चारण रक्खा सुरताणिया उसका प्रोलपात बार-हट था, जिसकी स्त्री नागदी चारणी देवी का अवतार थी। नागदी के पुत्र सूंट का विवाह एक पद्मिनी स्त्री के साथ हुआ था। उसका पुत्र नागार्जुन अहमदाबाद के बादशाह महमूद बेगडा को याचने के लिये गया। बादशाह ने उसे लाभ और लक्ष्मी नाम की दो घोडियाँ दीं। नागार्जुन उनको अपने घर लाया, जहाँ उनके ऊँचासरा और अमोलक नाम के दो बछरे उत्पन्न हुए। ये दोनों बड़े बड़े अश्व हो गये। राव मंडलीक ने उनकी प्रशंसा सुनी और चारण के पास से वे घोड़े मँगाये, परंतु चारण ने दिये नहीं, तब राव स्वयं उन घोड़ों को माँगने के लिये चारण के घर आया, तो भी चारण नट ही गया। कितनेक दिन पीछे राव का एक नाई नागदी के गाँव गया हुआ था। उसके पास से नागदी ने अपनी पुत्रवधू पद्मिनी के नाखून कटवाये थे। नाई ने पद्मिनी का बखान राव मंडलीक के पास जाकर किया। उसके रूप की प्रशंसा सुनकर राव इतना लुभाया कि उसे देखने के लिये नागदी के गाँव जाने की तैयारी की। राव की राणी सीसोदणी ने पति को बहुत समझाया और मना किया, परंतु राव ने उसकी बात न सुनी—

दोहा—"चारण वड़ो खूंटियो, चक्रवत जेहै चाव।
वालो थल वीसल धणी, मोदल रावो राव ॥"

मंडलीक चारणी के घर आया। उसने भी अपनी छोटी सी कोठी में से सोरठ की सारी सेना को सीधा-सामान दिया। तब राव के चाकरों ने नागदी के देवी सी होने की बात राव को सुनाई। उसने मानी नहीं और अपनी हठ पकड़े रहा। फिर जिस वट वृक्ष के नीचे राव बैठा था उस पर से रुधिर की वर्षा हुई तो भी वह न समझा और नागदी को जाकर कहा कि अपनी पुत्रवधू को मुझे दिखला। चारणी भी शृंगार कराके बहू को सामने ले आई। वह देवरूपी थी, उसके पग पृथ्वी पर नहीं लगते थे। राव ने उसका हाथ पकड़ना चाहा, तब तो क्रोध में आकर देवी ने शाप दिया कि "तेरी बुद्धि भ्रष्ट हो गई है अत तेरा गढ़ छूटेगा और वह मैं तुर्कों को दूँगी। तू तुर्कों की सेवा करेगा, बड़ा कष्ट उठावेगा और धूल चाटता फिरेगा।" ऐसा शाप सुनकर राव के चेहरे का रंग फीका हो गया, पीछा मलिन मुख अपने घर आया। पद्मिनी भी केदार में जा गली और देवी (उसकी सास) बादशाह महमूद बेगड़ा के पास पहुँची और उससे कहा कि मैंने तुझे गढ़ गिरनार दिया। बादशाह ने कहा कि मुझे तेरी बात का विश्वास कैसे आवे ? देवी बोली कि तू जब प्रभात को सोता उठे उस वक्त तेरी पाग में से रंगीन चावल निकलें तो मेरी बात को सत्य जानना। प्रभाव को चावल निकले। बादशाह ने चढ़ाई कर गढ़ गिरनार जा घेरा। मंडलीक पागल सा बन गया। गढ की कुञ्जियाँ उसने बादशाह के हाथ दीं और आप नीचे उतर आया। बादशाह ने राव को मुसलमान बनाया, गोमांस खिलाया और तुर्कों के साथ भोजन कराया। राव के एक हज़ार राजपूत शत्रु से लड़कर खेत पड़े। गढ विजय कर पठानों

का थाना बिठाया और पादशाह पीछा राजधानी को आया। तत्पश्चात् शाह बेगड़ा तो शीघ्र ही मर गया, गिरनार के थानेवाले पठानों ने महमूद के बेटे की बंदगी से सिर फेरा और सोरठ पर अपना अधिकार जमा लिया। महमूद के पीछे गुजरात के सुल्तानों में ऐसा जबरदस्त कोई न हुआ। चार-पाँच पीढ़ी तक तो सोरठ पठानों के हाथ में रही, फिर सं० १६२९ कार्तिक सुदी १५ को अकबर बादशाह ने गुजरात लिया; और उससे दस या ११ वर्ष उपरांत नवाब आज़मख़ाँ वहाँ की सूबेदारी पर आया। उस वक्त गिरनार का स्वामी अमीरख़ान[1] था और जाम सत्ता के साथ उसकी मैत्री थी। आज़मख़ाँ ने गिरनार और नवानगर पर चढ़ाई की, युद्ध हुआ, जाम सत्ता व अमीरख़ाँ दोनों परास्त हुए। तब जाम ने भी उसका साथ छोड़ दिया और वह भागकर गिरनार आया। आज़मख़ाँ ने गढ़ को आ घेरा। तीन वर्ष तक विग्रह चलता रहा और इसी अर्से में अमीरख़ान गढ़ रोहा में मर गया और उसका पुत्र टीके बैठा। उसने अपने प्रधान से बिगाड़ कर लिया तब प्रधान व राजपूत उससे विमुख होकर आज़मख़ाँ से जा मिले और गढ़ आज़मख़ाँ के हाथ आया। राव मंडलीक के चाकरों में ये राजपूत अच्छे थे—अपर छोडिया, चानडा और चांपा वाला[2]।

---

(१) अमीखाँ (असली नाम अमीरख़ाँ) तातारखाँ गोरी का पुत्र था, जिसे गुजरात के सुल्तान मुज़फ़्फ़रशाह ने जूनागढ़ (गिरनार) का राज्य राव खेंगार छठे से लेकर सं० १६४२ के आसपास जागीर में दिया था।

(२) मुँहणोत नैणसी गिरनार के यादवों को सरवहिया लिखता है, जो चूडासमा की एक शाखा है और चूडासमा यादवों को मड़ोंच के स्वामी बतलाता है, जो पीछे धंधूके में आसिये थे। जूनागढ़ गिरनार पर पहले चूडासमा यादवों का राज्य था और राव मंडलीक इसी वंश में हुआ। चूड़ासमा नाम पड़ने के लिये कई भिन्न भिन्न दंत-कथाएँ हैं, परंतु संभव तो

सरवहिया जैसा की बात—राव मंडलीक पागल हुआ, तब उसके छोटे भाई जैसा ने देशोद्धार का भार अपने सिर पर लिया। देश के सारे राजपूतों को साथ लेकर पर्वतों में जा रहा और देश में

यह है कि इस वंश का प्रथम राजा रा गारिय सम्मा जाति का था और उसके दादा का नाम चूड़चंद्र था अतः चूड़ के वंशज सम्मा चूड़ासमा कहलाये।

जूनागढ़ गिरनार के यादव राजाओं को प्रबंध-चिंतामणि के कर्ता मेरुतुंग ने अहीर (आभीर) लिखा है जो आहरिपु के वंश के थे। ये फिर अहीर राजा भी कहलाते थे। चूड़ासमा की तीन मुख्य शाखाएँ हैं, जो काठियावाड़ के उस विभाग पर अब तक अधिकार रखती हैं, जिसको उन्होंने पहले-पहल लिया था। सरवहिया, रैजदास और बज। सरवहिया शत्रुंजय नदी के किनारे ऊँडसरवैया और बालाक में, रैजदास, जूनागढ़ के राजा मंडलीक के वंश के समुद्र किनारे चोरवाड़ में थोड़े से हैं; बज जीपर पहाड़ और समुद्र के बीच के प्रदेश में रहते हैं।

चूड़ासमा राजाओं की वंशावली

(जूनागढ़ के दीवान अमरजी रणछोड़जी की तवारीख़ से)

रा दयाल (दास) चूड़ाचंद्र के पौत्र रा गारिया से तीसरी पीढ़ी में हुआ ..

रा नवघण—	सं० ८४४ एक अहीर ने पाला था।
,, खंगार—	,, ९१६ अणहिलवाड़े के राजा ने मारा।
,, मूलराज—	,, ९४२
,, जंखरा—	,, ९८२
,, नवघण दूसरा	,, १००६
,, मंडलीक—जब सुलतान महमूद ग़ज़नवी ने सोमनाथ पर चढ़ाई की तब मंडलीक गुजरात के सोलंकी राजा भीमदेव प्रथम के साथ सुलतान से लड़ा था—	,, १०४७

बड़ा बिगाड़ करने लगा। गढ़ गिरनार में (गुजरात के) बादशाह का बड़ा थाना था और दूसरे भी कई थाने स्थल स्थल पर नियत कर रक्खे थे तथापि उपद्रव न मिटा। बादशाह (महमूद बेगड़ा) ने कई उपाय किये। राहु की तरह पीछे पड़ रहा था तो भी जैसा हाथ नहीं आता था। उस वक्त किसी ने बादशाह को कहा कि चारण

रा हमीरदेव— सं० १०६५
,, विजयपाल— ,, ११०८
,, नवघण तीसरा— ,, ११62 सिद्धराज जयसिंह ने मारा।
,, मंडलीक दूसरा— ,, ११८४
,, आलणसी— ,, ११६५
,, धनेश— ,, १२०६
,, नवघण चौथा— ,, १२१४
,, खंगार दूसरा— ,, १२२४
,, मंडलीक तीसरा— ,, १२७० गिरनार पर नेमिनाथ का मंदिर बनवाया।
,, महीपाल या कैंवाट— ,, १३०२
,, खंगार तीसरा— ,, १३३६ सोमनाथ के मंदिर की मरम्मत कराई।
,, जयसिंहदेव— ,, १३६०
,, मुगत या मोकलसिंह— ,, १४०२
,, मधुपत— ,, १४१२
,, मंडलीक चौथा— ,, १४२१
,, मेलग (मंडलीक का भाई) १४५६
,, जयसिंह देव— ,, १४६८
,, खंगार चौथा— ,, १४८६
सुल्तान अहमदशाह
गुजराती ने जूनागढ लूटा
,, मंडलीक पाँचवाँ— ,, १४८६
सुल्तान महमूद बेगडा ने
सं० १५२८ में गिरनार लिया

वीरधवल लांमड़िया, जो बादशाही राज में रहता है, जैसा का बड़ा कृपापात्र है। यह बड़ा कवीश्वर है और उसके कथन को सरवहिया मानता है। यदि उसके कुटुंब कबीलों को कैद किया जावे और उसको कहा जावे कि जो तू जैसा को लावे तो ये बंदी छूट सकते हैं तो वह जहाँ आप चाहेंगे वहाँ जैसा को ले आवेगा। बादशाह ने चारण के सब परिवार को कैद करा लिया। चारण बादशाह के

रा भूपत सं० १५२६
,, खंगार पाँचवाँ— ,, १५६०
,, नवघण— ,, १५८१
,, श्रीसिंह— ,, १६०८
,, खंगार छठा— ,, १६५२

सुलतान मुज़फ़्फ़रशाह गुजराती ने तातारख़ाँ ग़ोरी के बेटे अमीरख़ाँ को जूनागढ़ जागीर में दिया।

(इस वंश के शिलालेखों में दी हुई नामावली)

मंडलीक (अमरजी की वंशावली का मंडलीक तीसरा)
नवघण
महीपाल
खंगार
जयसिंह
मुक्तसिंह या मोकलसिंह सं० १४४५ में विद्यमान था।
मंडलीक दूसरा
मेलिग
जयसिंह सं० १५०३ में विद्यमान था।
महीपाल
मंडलीक तीसरा—इसका विवाह मेवाड़ के महाराणा कुम्भा की पुत्री रमाबाई के साथ हुआ था।

पास पहुँचा, बहुत सा धन देने को कहा, परंतु उसकी अर्ज कबूल न हुई। उत्तर मिला कि चाहे तू कितना ही धन दे, परंतु द्रव्य से तेरा कुटुंब नहीं छूट सकता, वे तो तभी छोड़े जावेंगे जब तू सर-वहिया जैसा को यहाँ लावेगा। चारण ने बहुत सा उज्र किया परंतु बादशाह ने एक न सुनी, यही टेक पकड़ा कि एक बार जैसा को आँखों दिखला दे। लाचार चारण जैसा के पास गया और उसको सारी हकीकत सुनाई। जैसा बोला भली बात है, यदि मेरे चलने से तुम्हारा कुटुंब छूटता हो तो मैं तैयार हूँ। एक बड़े अश्व पर आरूढ हो वह चारण के साथ हो लिया और अहमदाबाद की एक बाड़ी में आ उतरा। चारण को कहा कि तू जाकर बाद-शाह को खबर दे। बादशाह ऐसे समाचार सुनकर हर्षित हुआ, और नक़ीब द्वारा अपनी सेना को एकत्रित करा स्वयं चढ़ा और बाड़ी को जा घेरा। साथवालों को आज्ञा दी कि सब सावधान रहें, जिसकी अनी में होकर जैसा निकल जावेगा वह मारा जावेगा। चारण वीरधवल को कहा कि बाड़ा में जाकर जैसा को बाहर ला। चारण गया, देखता क्या है कि सरवहिया सुख की नींद में सो रहा है तब चारण ने यह दोहा पढ़ा—

> "सूतो नींद निसाण, सुणै नहीं सुरताणरा।
> जैसा थयो अजाण, कैफूटा कनवाट उत ॥"

सरवहिया जागा, आँखें छाँटीं, घोड़े का तंग कसकर ऊपर सवार हुआ और बाग के बीच में आ खड़ा हुआ। चारण ने सारा वृत्तांत उसको कह सुनाया। सम्मुख आकर जैसा ने चारण से पूछा कि बतला बादशाह कौन सा है? उसने कहा कि वह जो हाथी पर चढ़ा हुआ है। जैसा ने फिर कहा कि तू निकट जाकर शाह को मुझे बता दे और उससे अपना बंदी छुड़ाने की बातचीत कर।

चारण ने बादशाह के पास जाकर अर्ज़ की कि वह जैसा हाज़िर है, मैं अपने वचन के अनुसार उसे ले आया हूँ, अब आप मेरे मनुष्यों को मुक्त कीजिए। बादशाह ने उनको छोड़ देने की आज्ञा दी। उस वक़्त सब जैसा की ओर देख रहे थे कि सरवहिये ने घोड़े को एड देकर बादशाह के हाथी की तरफ़ उड़ाया। उसके पाँव गजराज के दंत-शूलों पर जाकर टिके थे कि जैसा ने बादशाह की कमर पर हाथ पटका। बादशाह ने हौदे को पकड़ लिया। जैसा शाह की कमर से कटार लेकर पीछा चढ़ा और अछूता निकल गया। सब देखते ही रह गये, कोई भी उस पर शस्त्र न चला सका! उस वक़्त चारण ने फिर दोहा कहा—

"ओ जो जैसो जाय, पाड़ नहीं पतसाहरै।
आयो उ'डल माय, सरवहियो सुरताणरै।"

इस तरह से जैसा निकल गया और बादशाह ने चारण के कुटुंबियों को छोड दिया। उसने अपने जीते जी धरती में शांति न होने दी। उसके पीछे बीजा भी अच्छा राजपूत हुआ, खूब दौड़े लगाये, परंतु जैसा के समान नहीं।

बीसवाँ प्रकरण

भाटी

(भाटियों का राज्य अभी जेसलमेर में है,) जेसलमेर की हकीकत विट्ठलदास की लिखाई हुई—

जेसलमेर से खडाल दस कोस है; कणवण देवाडावाला और पोला है; हवाणु कोट जेसलमेर से कोस ४०, कोर डूंगर से कोस ५०, खडाले में इतने गाँव हैं—खीरड़ खालनों की, खीवलसर ब्राह्मणों का, खालसा रु० ४०००) का है। टेहिया, डांवर नेहड़ाई, हाबुर, मुंगाह, सपहर, देवा, सीतहल, लनीह, भूरा, हुजासी, मायणो, आकुवाई, तणोट, बांधडो, सावलो, मडाऊ, सजडाऊ, खारी, घटियालो, हुजासर, आसी, कोलु, घोड़ाहड़ो, हडेल, फलीडो, देरासर, तणुसर। इतने गाँव जेसलमेर के पूर्व में हैं। वासणीपी, जैराइत, डाभला, आकल, पछवालो, तईअईवरो, मोकलाइत, जैसु रायरो, जगिया, चाहड़, आहप, छोड़ो, आसणी कोनीट, वोलो, वहालो, कोटड़ो, भंभोरा, आसलोई, बीभोता, बसाड़, गोयंद, सांवत सी का गाँव ईकड़, खुहड़ो, मालागड़ो, कांणाऊ, कुंछाऊ, खत्रियालो, आहालो, टोवरीयालो, खडोरां का गाँव, वालों का गाँव, भांवरी, रावतसर, लाणेला, गोही, काछो, ब्रह्मसर, काणावड़, कीलाडूंगर, खवास का गाँव, जिजियाकी, भादासर, रवीरा, गजिया, देकल, तेजसी का गाँव बापासर, सोभेवो, अरजणियारो, घहिवायबुजैरा, खडीऊनाव जेसलमेर से कोस पाँच पश्चिम में; काक नदी का जल आवे, कोटडा छहो टण के पहाड़ों का जल आवे जिससे भरे। चारों ओर पहाड़ और बीच में ऊड़ाई है। कोस

तीन के घेरे में जल भर जाता, तब इस पंद्रह बाँस पानी चढ़ आता है। पानी निकलने की जगह में काठे गेहूँ का बीज १५०००) बोया जाता जो साठे (साठ दिनों में) पक जाते। बीज के जितना भोग आता है, और भी लागतें बहुतेरी हैं। पानी कम होने पर ४०० बेरियाँ (छोटे कूवें) मीठे जल की होवीं जिन पर (जिनके जल से) छोतरे (साग विशेष), गेहूँ, साग, भाजी आदि पैदा हो जाते हैं। इनके अतिरिक्त चने, मूँग, ज्वार, गन्ना इत्यादि भी होते हैं। इस झील पर ब्राह्मणों के १२ गाँव हैं—हिस्से ५ ढोडयाड़ (डेढ़ा), कूंवा (भोग कूंते से पाँचवा भाग) लिया जाता गाँव—खीवा, थुलाया, बोघरी, दमोदर, नोभिया, गलापड़ो, सेलावट, कुंभार का कोट, जीगिया, निनरिया, जालिया, घामट।

मुहार के खडीण की झील जेसलमेर से छः सात कोस दक्षिण बड़ी जगह है, आसपास की पहाड़ियों का जल आने से एक कोस में पानी भर जाता, उसमें भी ५०००) गेहूँ का बीज बोया जाता है। इतना ही भोग आ जाता। पानी सूखने पर थाह में कई बेरियाँ बनी हुई हैं, जिनमें से बीस या पचीस तो पक्की बँधी हुई हैं। जल उनका मीठा, उन पर छोतरें, साग, भाजी, ईख पैदा होते हैं। यह भी बड़े हासिल का स्थान है। उस झील पर ब्राह्मणों के तीन गाँव हैं—गोरहरा, झाझोरा, सियलारा; लुद्रवों का सीयल, पँवार लुद्रवा की प्रजा की नाई भोग देते हैं। मुहार पहले रावल भीम के समय में भीलासी मालदेवोत के था पीछे रावल मनोहरदास के समय में मान खीमावत को पट्टे मे दी गई।

राणा चांपा के पीछे जेसलमेर में जो रावल गद्दी पर बैठा उसने फोटड़े से इतने गाँव लेकर जेसलमेर में मिलाये—मांडाही, बीजोराही, फोड़ीवास, रिड़ो, पेथोड़ाई, सीतहड़ाई, भूबा, धनवा, झोला, बापया-

सर, जालेली, डांगरी, सांगण, सोलियाई, पीपलवा, नेगरड़ा, भागीनड़ा, श्रोडा, भारम, चोचरा, जानरा श्रौर कायासर।

जेसलमेर से ७० कोस सोढ़ों का ऊमर (श्रमर) कोट है जिसके श्राधेटे कोस ३५ दागजाल में जेसलमेर श्रौर ऊमर कोट की सीमा मिलती है; वहाँ पास गाँव एक भाँमेरा कोस १८ मूणकामलों का वतन है। गाँव दहोसतोय भाटी सत्ता का जेसलमेर से कोस २२; गाँव फूलिया भाटी मेहाजल का जेसलमेर से कोस ३०, उससे ५ कोस श्रागे दागजाल है।

मुंहता लक्खा ने सं० १७०० माव वदि ६ को मेड़ते के मुकाम जेसलमेर का हाल लिखाया—माल की ढुभाई; कस्बे में महाजनों के घर प्रति ८ दूगाणी (ताँबे का सिक्का) लगती है। महाजनों के घर २५०० से ५००) वसूल होते। उन श्रढ़ाई हजार में से १५०० घर श्रोसवाल श्रौर ५०० महेसरी हैं। दिवाली होली की पावन रु० ५००) गुड के। मंगलोक का पेशकश (नज़राना) इस तरह पर है—रु० १५०००) सब देश के ख्वालसे के राजपूत मुसलमानों से श्रावे; देशवाली लोगों से जिजिया श्रौर धाव (दण्डबराड़?) के रु० ४०००); रु० २००००) दाण (सायर) व तुलावट को दाण में चलते हुए एक ऊँट तोल ४० का मन श्रौर रेशम के रु० ३५); माजीव रु० ५); घृत रु० ५); छुहारा रु० ५); नारियल रु० ५); रुई रु० ५); मोम रु० ६); फिटकड़ी रु० ४); लाख लोवड़ी रु० ६); किराने का ऊँट रु० ३); बीकानेर के देश से श्रावे तो चलते हुए के ।।।) लगें; घोड़ों की कारवान चलती हुई फ़ी घोड़ा ४) लिये जावे। इन सब के रु० १५०००) श्राते हैं। कस्बे में जो चीज़ बिके, उसकी तुलावट बिक्री एक मन भर वस्तु पर एक सेर, श्रौर रु० ४०) पीरोज़ी पर १) लगता, जिसके ५०००) रु० श्राते हैं। टकसाल व्याज में है वह पहले ४ या फिर ८ हुश्रा जिसके

रु० २०००) फुटकर पाठ १, खत्री, कसाई, तंबाकू आदि के रु० १०००); खारी, गुग्गल, नमक आदि ऐसी जिस ४ या ५ के रु० ८०००); वोड़ रु० ३०००) १०००) = ४०००) रु०। गाँवों का हासिल ३१०००); ब्राह्मणों गाँव ६० या ७० हैं जो एक मन का डेढ़ मन भोग देवे हैं, श्रावणू फसल का भोग २०००), और ऊनालू का भोग एक मन का डेढ़ मन लिया जाता जिसका १०००) आता है। देरावाल लोगों के गाँवों में बहुत से राजपूतों की जागीर में हैं जिनके एवज़ वे चाकरी देते हैं। जोड़ नाचणा जेसलमेर से २ कोस, पूर्व की तरफ़ एक कोस, घासकरड़; एहेखरा जेसलमेर से कोस २ दक्षिण घाससैवण और दो कोस के बीच में खरगा है, लुद्रवे के पास घोड़ा आवड़ो बाँकी जगह है। सुहारादासी जेसलमेर के कोस १६ खडाला में। आसणी कोट गाँव से २ कोस, घाससैवण; ब्राह्मणों गाँव कोटड़े की तरफ़ पश्चिम में जेसलमेर से परे हैं। वोफ़ोलाई, सीनहलाई, कोडियावास, मांढिहिहाई, पेथड़ाई, ऊना, रीडिया, वाफनाइया, धनुवा, बुचकटा, जोलापुड़ा, लाखेला, खंडार की तरफ़ जेसलमेर से पश्चिम; जेसूराणा, गुलिया, कुनरर, चंदेरिया का गाँव। खेतपालिया का टोनी, देवा, नेहड़ाई, टेइया, भानियर, जांनड़, पेटलिया, पूर्व मे जेसलमेर से पोहकरण की तरफ़ वामणापी, आसनी कोट कोस १२।

रतनू गोकुल (चारण) की लिखाई हुई भाटियों की वंशावली—आदि-१-श्रीनारायण, २-कमल, ३-ब्रह्मा, ४-अत्रि, ५-सोम, ६-बुध, ७-पुरुरवा, ८-आग, ९-परिआइत, १०-निर्नोप, ११-राजा जजात (ययाति), १२-राजा जदु, १३-जादम (यादव), १४-सहस्रार्जुन, १५-सूरसेन, १६-वसुदेव, १७-श्रीकृष्ण, १८-प्रद्युम्न और सांब, १९-अनिरुद्ध, २०-वज्रनाभ, २१-प्रेवारथ, २२-रुचिर, २३-पद्म-

ऋषि, २४-गौतम २५-सहजसेन, २६-जैवसेन, २७-अर्धविंब, २८-राजा शालिवाहन (के पुत्रों से) बेटी और खोटी शाखा चली जो वालडीबवाणे के पास है। २९-भाटी और राजा रसालू दोनों भाई थे। ३०-बच्छराव, ३१-विजयराव, ३२-मंभमराव, ३३-मंगल राव, ३४-केहर बड़ा, जिसने केहरोर बसाया, ३५-तणुं जिसने तंगोट बसाया। ३६-विजयराव चूड़ाला केहर का पुत्र, ३७-देवराज जिसने देरावर बसाया, ३८-मुंध, ३९-चह्नू के वंशज अणधाभाटी बापाराव के पाहूभाटी, सिंघराव, दुसाझ, जेसल, रावल दुसाझ का, इसका भाई देसल (दूसरी वंशावली में वैजल नाम दिया है) जिसके वंशज अभोहरियाभाटी, अभोहर विठांडा (भटिंडा ?) के पास हैं। भाटी दौलतखान फ़ीरोज़शाह (तुग़लक़) का मामा (इसी शाखा में था)।* रावल शालिवाहन, रावल•काल्हण जेसल का जिसके वंशज डाभलेवाले वनरभाटी और भैंसड़े व वासणपीवाले। रावल

---

* तारीख फ़ीरोज़शाही का रचयिता शमस शीराज़ अफ़ीफ़ लिखता है कि तुग़लक़ बादशाह के भाई सिपहसालार रजब ने, जो देपालपुर का सूबेदार था, किसी हिन्दू राजा की बेटी से विवाह करना चाहा। सुना कि रणमल भाटी की बेटी बड़ी खूबसूरत है तो उसने रणमल से मांगी। परन्तु उसने मंज़ूर न किया। तिसपर मुसल्मानों की फ़ौज भाटियों के इलाके में पहुँची और प्रजा को लूटने लगी। लोग तङ्ग आकर रणमल के पास आये और उनका बुरा हाल देखकर रणमल की माता रोने लगी। बेटी ने रोने का कारण पूछा और जब सुना कि यह सब कष्ट उसी के निमित्त हो रहा है तो माता से कहा कि मुझे क्यों नहीं दे देते। ऐसा ही जानना कि एक लड़की को तुर्क ले गये। रणमल ने उसे रजब के पास भेज दी, नाम उसका सुलताना कद्दबानू रखा गया और उसी के पेट से फ़ीरोज़शाह तुग़लक़ पैदा हुआ।

चाचग दे, तेजसी राव कालड़ का, रावल कर्ण, रावल जैतसी वड़ा, रावल मूलराज, राणा रत्नसी जैतसी का, रावल देवराज मूलराज का, रावल घड़सी रत्नसी का, रावल केहर देवराज का, रावल लक्ष्मण केहर का, रावल वैरसी लक्ष्मण का, रावल चाचग दे वैरसी का, ऊमरकोट के सोढों ने मारा, रावल देवीदास चाचग का, रावल जैतसी, रावल लूणकर्ण, रावल मालदेव, रावल हरराज, भवानीदास, सिंघ, रावल हरराज, रावल भीम, रावल कल्याणमल, अर्जुन, माखरसी, सुरताण, रावल मनोहरदास कलावत।

भाटी छात्राला कहलावें जिसका कारण आढा महेशदास ने सं० १७०६ फाल्गुण शुदि १५ को यह बतलाया—प्रथम तो कोई रावल पाट बैठे तब छत्र अपने बारहटों के ऊपर धरावे अर्थात् छत्र का दान देने से छात्राला कहलावे। दूसरी जनश्रुति यह भी है कि दिल्ली में छत्र, ग़ज़नी में छत्र, और भारत में जेसलमेर छत्र है।*

(दूसरी वंशावली)—भाटी सोमवंशी हैं, हरिवंश पुराण में इनकी उत्पत्ति ऐसे लिखी है कि श्रीकृष्ण के पुत्र प्रद्युम्न की संतान भाटी हैं जो उनके गुण गीतों में कहा जाता है। भुज, नयानगर के स्वामी जाड़ेचा साम कहलाते क्योंकि सुना जाता है कि वे श्रीकृष्ण के पुत्र सांब की संतान हैं। प्रथम राजा यदु से पीढ़ियाँ कही जातीं इसलिए ये यादव प्रसिद्ध हुए। प्रद्युम्न के पीछे भाटी हुआ जिसका वंश भाटी कहलाया। मथुरा छूटने पर कई दिनों तक भाटी लक्खी जंगल में गुढ़ा बाँधकर रहे, जहाँ अब भटनेर है, जो पीछे से वहाँ

---

* भाटियों के नौ गढ़ कहलाते हैं—जेसलमेर, पूगल, बीक्रमपुर, बरसलपुर, मम्मण, वाहण, मारोठ, देवरावर आसणीकोट, और केहरोर।

आबाद हुआ और भाटियों के कारण से उसका नाम भटनेर पड़ा। भुज नवानगर के जाड़ेचों की शाखा—सरवहिया जूनागढ़ के स्वामी, चूड़ासमा भड़ोच के स्वामी अब धंधूका के परगने में मासिये हैं; यादव आपेर करौलीवाले वज्रनाभ की संतान हैं।

मंगलराव मझमराव के पुत्र से—जिसको ऊपर तेवीसवीं पीढ़ी में बतलाया है, यहाँ वर्णन आरंभ किया जाता है। मंगलराव के पुत्र—१-नरसिंह, जिसका बेटा राणा राजपाल फलोधीवाली खरड़ का स्वामी था। (इस शाखा का वर्णन आगे किया जावेगा)। २-फेहर, जिसने अपने नाम पर सिंध में नया शहर फेहरोर बसाया।

३-तणुं, फेहर का पुत्र, बड़ा राजपूत हुआ, और अपने नाम पर उसने खाडोल में तणोटगढ़ बनवाया। फिर अरोड़ भक्खर की सेना ने उस पर चढ़ाई की जिसके साथ युद्ध करके तणुं काम आया। तणुं के पुत्र—विजयराव चूड़ाला, और जैतुग।

४-विजयराव चूड़ाला—बड़ा वीर राजपूत हुआ, उसकी ठकुराई पहले तो बहुत अच्छी थी, फिर सिंध से उस पर सेना आई। विजय-राव देवी का बड़ा भक्त था। माता से इच्छा की कि यदि यह सेना मुझसे परास्त होकर पीठ दिखावे तो मैं तुरंत अपना मस्तक तेरे भेट करूँगा। यह बात उसने मन ही मन में रक्खी किसी से कही नहीं। जब शत्रु-दल से युद्ध हुआ तो देवी रथ पर चढ़कर राव की सहायता को आई और विजयराव ने विजय पाई, मुग़ल भागे, (विजयराव के समय में तो मुग़लों का होना सभव नहीं परंतु पीछे से ख्यात लिखनेवालों ने मुसलमानों के वास्ते मुग़ल शब्द ही का प्रयोग किया है)। घर पर आकर अर्धरात्रि को राव अकेला देवी के मंदिर में गया, हाथ पाँव पखाल, अपनी कृपाण खींच कर कमल पूजा के वास्ते अपनी गर्दन पर धरी कि देवी बोली "नहीं!

नहीं !!" राव ने जाना कि पीछे कोई मनुष्य आया है इसलिए उसने खड्ग हटा लिया। इधर उधर दृष्टि फेंककर फिर गला काटने को उद्यत हुआ, तब देवी ने साक्षात् होकर कहा कि "विजयराव तू कमल पूजा मत कर! हमने तेरी पूजा मान ली। तिसपर भी वह तो सिर उतारने ही लगा तब देवी ने फिर कहा कि ऐसा मत कर! मैंने तुझे बख्शा और क्षमा किया। तब राव बोला कि माताजी, ऐसे तो मैं टलने का नहीं। देवी ने अपने हाथ की सोने की चूड़ उतारकर विजयराव के हाथ में पहना दी और उसे घर भेजा। उस चूड़ के हाथ में रहने से ही वह चूड़ाला (चूड़वाला) कहलाया। विजयराव खाडाल में रहता था और ऊँच देरावर में वरिहाहा राजपूतों का, जो परमारों में मिलते हैं, अधिकार था। भाटी वरिहाहों का सदा बिगाड़ किया करते इससे वे मन में उनसे पूरी शत्रुता रखते थे। वरिहाहों ने विचारा कि ऐसे तो हम इनसे जीत सकते नहीं कुछ छल करना चाहिए। यह निश्चय कर उन्होंने (संबंध के) नारियल विजयराव के पास भेजे। राव ने स्वयं तो नारियल लिये नहीं, परंतु अपने ५ वर्ष के पुत्र देवराज को झिला-कर उसका संबंध स्थिर कर लग्न दिन भी नियत कर दिया। राव आप अपने बालक पुत्र को ब्याहने गया। विवाह हो गया, दूसरे दिन दावत की गई, राव के साथ के सब आदमी आये। तब वरिहाहों ने चूक करके ७५० साथियों समेत विजयराव को मार डाला। उस वक्त देवराज की धाय हाड़ी ने देवराज को पुरोहित लूणा के सुपुर्द कर कहा कि तेरे पास एक बहुत तेज चलनेवाली साँढ़ है अतः उस पर सवार कराके तू अपने स्वामी को ले भाग और उसके प्राण बचा। लूणा ने वैसा ही किया। पीछे वरिहाहों ने डेरे में देवराज को बहुतेरा ढूँढ़ा परंतु पता न लगा। तब किसी ने कहा कि खोज

देखो, कोई उसे लेकर तो नहीं चला गया है। मार्ग में सांड के पाँव दिखे, उन्हीं खोजों से कितने एक आदमियों ने पीछा किया परंतु सांढ कब हाथ आनेवाला था। पुरोहित लूणा का घर पोकरन् है था जहाँ देवराजसहित वह कुशलतापूर्वक पहुँच गया। वरिहाहे भी वहाँ आ पहुँचे, और लूणा के पुत्र रतना से पूछा कि क्या तुम देवराज को लाये हो? लूणा ने कहा हम तो किसी को लाये नहीं और जो तुमको वहम हो तो हमारा घर देख लो। उन्होंने फिर-फिराकर सारे गाँव के बालकों को देखा। उनमें देवराज भी नज़र आया, जो अजनबी सा दिखता था। पूछा कि यह लड़का कौन है। ब्राह्मण बोला कि यह मेरा पुत्र है। वरिहाहे बोले कि यदि तेरा पुत्र पौत्र है तो तुम शामिल बैठकर भोजन करो तब हमको विश्वास आवे। लूणा आप तो शामिल न बैठा, परंतु अपने बड़े पुत्र रतनू को देवराज के साथ बिठाकर खाना खिलाया। यह देखकर वरिहाहे लौट गये और देवराज बच गया। लूणा की जाति के ब्राह्मणों ने रतनू को जातिच्युत किया। तब वह योगी बनकर सोरठ में चला गया, वहाँ लूणोत नामी ब्राह्मणों की जाति चलाकर वसुदेव के सिंहथली गाँव में रहने लगा।

देवराज बड़ा हुआ, और तुर्कों की सेवा में रहा। एक वार उस गाँव का एक साँगी नाम रैबारी वरिहाहों के गाँव में गया था, वहाँ देवराज की खास रवाय ने उसको भाई कहकर बातचीत की, और अपनी बेटी हुरड़ को उसे दिखाकर बहुत दुःख प्रकट करने लगी। रैबारी ने कहा तू इतनी दुखी क्यों होती है? बोली कि बेटी जवान हो गई और इसके पति का पता नहीं है। न जाने मर गया या साधु संन्यासी होकर कहीं चला गया है। रैबारी ने कहा कि मुझे बधाई दो, तुम्हारा जामाता जीता-जागता है, जवान हो गया है, और बड़ा योग्य है। यह सुनकर रवाय बड़ी हर्षित हुई

और दीनता कर कहने लगी कि किसी ढब से एक बार देवराज को यहाँ ला। रैबारी ने उत्तर दिया कि मुझे तेरा और तेरे पति का भरोसा नहीं आता। रवाय ने बहुत सौगंध शपथ किये और वचन दिया (कि उसको किसी प्रकार का कष्ट कदापि न होगा)। तब रैबारी गया और गुप्तरीति से देवराज को ससुराल में ले आया। सास ने उसको घर में छुपाकर रक्खा। कितने एक दिनों बाद हुरड़ के गर्भ रह गया, तब तो उसकी माता ने कई उपाय कर अपने पति को समझाया। उस पर सब भेद प्रकट किया, जमाई को किसी तरह की हानि न पहुँचाने का उससे पूरा पूरा बोल वचन ले लिया और देवराज को उससे मिला दिया। कई दिनों तक देवराज ससुराल में रहा। एक योगीश्वर एक रस-कुंपिका रवाय को सौंप गया था। वह उसके भेद से निरी अज्ञात थी, और वह कुप्पी उसी कमरे में रखी थी जहाँ देवराज सोता था। अकस्मात् उस कुप्पी में से एक बूँद छनकर देवराज के कटार पर आ गिरी, और वह लोहे की कटारी सुवर्ण की हो गई। प्रभात को जब देवराज जागा और अपना कटार देखा तो उसे निश्चय हो गया कि इस कुप्पी में रसायन है, और उसको उठाकर अपने हस्तगत किया, और कमरे में आग लगा दी। रवाय को विश्वास हुआ कि कुप्पी आग में जल गई।

कुछ समय व्यतीत होने पर देवराज ने अपने सास ससुर से कहा कि लोग मुझे "हुरड़ बना" कहकर पुकारते हैं, इसलिए मैं तुम से अलग रहूँगा और नदी के दूसरे तट पर जाकर अपनी झोंपड़ी बाँध वहाँ रहने लगा। लोग उस स्थान को "हुरड़ वाहण" कहने लगे, और अब तक भी वह इसी नाम से प्रसिद्ध है। देवराज ने मन में विचारा कि यहाँ रहने से तो मेरे माता-पिता का नाम

डूबता है, अत वहाँ से अपने मामा भुट्टी (जो देरावर के समीप रहता था) के पास आ रहा। मामा की अच्छी सेवा उसने की। धन तो उसके पास उस रसायन के प्रभाव से बहुत सा था ही, सदा इधर उधर पाँच दस कोस फिर आता और गढ के वास्ते कोई अच्छा स्थान देखता था। किसी ने उसको यह ठौर बतलाई जहाँ देरावर है और कहा कि कोस ४० की उजाड तो सिंध की तरफ है, कोस ६० तथा ८० का रेगिस्तान माड की ओर है और यहाँ जल बहुत है। देवराज ने मामा भुट्टी को अपनी सेवा से इतना प्रसन्न किया कि एक दिन मामा ने कहा कि भानजे, कुछ माँग। मैं अपने घर की शक्ति के अनुसार तुझे दूँगा। देवराज ने कहा—अच्छा बाबा रुद्र बाबा, मैं दो एक दिन में सोच विचार करके माँगूँगा। दो दिन पीछे कहा कि आश्रय के निमित्त अमुक स्थान पर थोडी पृथ्वी चाहता हूँ। मामा ने तो स्वीकार कर लिया, परंतु उसके प्रधान और भाइयों ने कहा कि तुम जानते हो कि यह किस घराने का छोरू है। यदि यह यहाँ बस गया तो तुमको दु ख देगा, और मारेगा। तब तो मामा भी पृथ्वी देने से इनकार कर गया। देवराज बोला कि मैंने कब तुमसे धरती की याचना की थी? तुमने अपनी खुशी से ही मुझको मुजरा कराया, अब इनकार करने में मेरी और तुम्हारी दोनों की बदनामी है, क्योंकि पाँच पच इस बात को जान गये हैं। मामा ने लिखत कर दिया कि एक भैंसे के चर्म जितनी धरती मैंने तुमको दी। देवराज ने वह पट्टा सिर पर चढाया, भुट्टी ने अपने आदमी साथ दिये तो देवराज ने कहा कि आप इनको आज्ञा दीजिए कि भैंसे के चर्म को भिगोकर चिरावें और बाँध कढावे, उस बाँध के नीचे जितनी धरती आवेगी उतनी ही लूँगा। भुट्टी ने देखा कि बात बेढब हुई

परंतु करे क्या वही कहावत सिद्ध हुई कि बोल बोला और धन पराया। देवराज ने बहुत ही बारीक बाँध कढ़ाई और जहाँ जल था उतनी पृथ्वी के चारों ओर वह चर्म-रज्जु फिराकर उसे अपने अधिकार में कर लिया। फिर बहुत से घोड़े खरीदे, बहुत से मनुष्य नौकर रक्खे, और वहाँ गढ़ की नींव डाली। दीवार बनने लगी, परंतु दिन में जितनी दीवार चुनी जाती उसको रात्रि के वक्त वहाँ का देवता गिरा देता। देवराज हैरान हो गया। तब उसने देवी की आराधना की, पाँच-दस दिन लंघन किये। देवी प्रसन्न हुई और कहा माँग! विनती की कि गढ़ बन जावे, आप उसकी रक्षा कीजिये। माता की आज्ञा हुई कि गढ़ में एक पक्की ईंट तेरी और एक एक कच्ची ईंट मेरे नाम की रखकर चुनवाता जा तो यह दुर्ग अचल और वज्रमय बनेगा, बाहर का कोई इसे जीत न सकेगा, भीतर के मनुष्य का दिया हुआ जावेगा। देवराज ने, देवी के आज्ञानुसार, काम किया और बड़ा दुर्ग बन गया। उस गढ़ में ४ पक्के कूएँ अटूट मीठे जल के और एक तालाब भीतर और एक बाहर भीत के नीचे खाई की ठौर है। सारी सिंध की सीमा पर यह दुर्ग सिरमौर हो गया, मुलतान और सिंध का मार्ग भी उधर ही से चलना शुरू हुआ। आस-पास के लोग मिलाप के साथ तालाब के जल का उपयोग करें, बल-पूर्वक कोई उधर जा भी नहीं सकता था। गढ़ के लगाव कोई नहीं, बड़ा दृढ़, और दस-पंद्रह कोस में वहाँ जल भी और स्थल पर कहीं नहीं है। गढ़ संपूर्ण हुआ, देवराज ने उस रसायन के प्रभाव से अमित धन प्राप्त कर बहुत घोड़े राजपूतों की जोड़ बना ली और वरिहादों से अपना वैर लेने का विचार किया। अस्त्र-शस्त्र का भी बहुत सा संग्रह कर लिया, और गढ़ को सुरक्षित बनवाया।

वरिहाहों के मारने को सहस्रों दाव-पेच करने लगा, परन्तु जो प्रबन्ध वह यहाँ करे उसकी ख़बर वहाँ पहुँच जावे जिससे वे लोग भी सदा चाक-चौबन्द रहते थे।

इसी अवसर पर वह रस-कुप्पिकावाला योगी देवराज की सास के पास आया और उससे अपनी धरोहर माँगी। वह बोली कि कुप्पी मैंने महल की ओवरी में रक्खी थी, मेरा जमाई वहाँ सोता था, एक दिन उस ओवरी में आग लग गई और कुप्पी भी वहीं जलकर भस्म हुई। यह वृत्तान्त सुनकर जोगी मन में समझ गया कि अवश्य उसमें की बूँद पड़ने से लोहा कञ्चन बन गया होगा। कुप्पी उस जमाई ने ली और किसी को उस पर सन्देह न हो, इसलिए उसने आग लगा दी। योगी ने रवाय से कहा कि वह कुप्पी जलने की नहीं, तेरे जमाई ने लाय लगाने का प्रपंच रचकर रसायन ले लिया है। वह बोली कि जमाई अब हमारे वस का नहीं, उसने छल कर हमारी धरती ली, और अब हमारे मारने को निरंतर उपाय कर रहा है। वह देवराज यहाँ से ३० कोस पर नया गढ़ बनवाकर वहाँ बसा है। योगी ने भी समाचार मँगवाये तो वही बात सत्य ठहरी। तब वह योगी देरावर गया। उसके ललाट और मुख के तेज को देखकर अटकल से देवराज ताड़ गया कि यह रसायनवाला योगी है, आगे बढ़कर उसके चरण छुए और उसका बड़ा आदर-सत्कार किया। योगी भी देवराज को देखकर प्रसन्न हुआ, उसके (देवराज के) भाग्य ने ज़ोर किया, बाबा के विचार उसकी तरफ अच्छे बँधे। पहले दिन तो योगी ने कुछ बात पूछी ही नहीं, दूसरे दिन एकान्त में कहा कि "बाबा वह कुप्पी का क्या हुआ ?" देवराज बोला कि जैसा कुछ हुआ वह तो आप सब जानते ही हैं, मुझे तो आपने सौंपी ही न थी, यह

आपके ही प्रसाद से मेरा दिन फिरा है। जोगी प्रसन्न होकर कहने लगा कि सब बात मैंने जानी। अब तू मेरा नाम और सिका सिर पर चढ़ा, देवराज ने कहा बहुत खूब, मेरा अहो भाग्य है कि आपका हाथ मेरे सीस पर रहेगा, इससे मेरी वृद्धि ही है और मेरा गया हुआ राज्य भी पीछा आ जावेगा। वरिहाहों के साथ मेरा वैर है वह भी ले सकूँगा और आपकी कृपा से सब प्रकार से आनंद ही होवेगा। योगी ने आशिष दी कि तेरे बल की वृद्धि हो! फिर अपनी कंथा, पात्र और नाद देकर कहा कि जब पाट बैठे तब, दिवाली दशहरे के दिन, यह धारण किया करना। देवराज ने कंथा और नाद गले में डाले, पात्र को आगे धरा, और जोगी का भेष बनाया।* तब प्रसन्न होकर नाथ ने फिर आशीष दी कि तेरा राज्य दिन दिन बढ़ेगा, तुझसे या तेरी संतान से यह धरती कभी न छूटेगी और तू अपना वैर ले सकेगा! इतना कहकर जोगी तो चला गया और देवराज ने वरिहाहों से बदला लेने को साथ इकट्ठा किया। उसकी स्त्री हुरड़ नित नये रूप बनाकर यहाँ के सब समाचार पिता के पास पहुँचाती थी इसी से देवराज का वरिहाहों पर बल नहीं चल सकता था। एक दिन देवराज पलँग पर बैठा हुआ था तब बिलाई बनी हुई हुरड़ पलँग के नीचे से निकली। देवराज ने पहचान लिया और बर्छा पड़ा था सो उठाकर उसके मारा। इधर तो बिल्ली मरी और वहाँ हुरड़ काल-कवलित हुई। अब देवराज चढ़ा और ९०० मनुष्य वरिहाहों के मारकर उनके गाँव लूटे, अपने श्वशुर का घरबार भी लूट लिया, सास रवाय के वस्त्र लोगों ने देवराज की दृष्टि बचे खींचे परंतु उसने उनको मना न किया, देवराज के सोने के मोर उड़े (मनोरथ सुफल

* जेसलमेर में जब नया रावल पाट बैठता सो अब तक जोगिया भेष पहनता है।

हुए)। सास ने देवराज को गुप्त रीति से घर में रखकर उसकी सेवा की थी इसलिए उसने यह दोहा कहा—"विरस भड़ो वरिहादि, मित भलो नहि माटियो। जे गुण किया रवाहि, ते सब कालर फळिया।।" वरिहादों का खोज उठा दिया, बहुत सा धन माल और घोड़े ऊँट देवराज के हाथ आये, सारी धरती पर उसने अपना अमल किया और उसकी ठकुराई ख़ूब बढ़ी। सिंध की भी बहुत सी पृथ्वी हाथ आई और माड की मही पर अधिकार हुआ। ऐसे भाग्योदय के समय में देवराज ने रतनू को याद किया, उसके पिता लांप को सिद्धधनी से बुलाकर पूछा कि रतनू कहाँ है जिसको तूने मेरे साथ भोजन कराया था। लांप ने उत्तर दिया कि उसको तो उसके भाइयों ने तब ही जाति से बाहर कर दिया था इसलिये वह योगी होकर सोरठ गुजरात को चला गया। देवराज ने कहा कि तू वहाँ जा, मैं अपने आदमी तेरे साथ देता हूँ और मार्ग-व्यय भी दूँगा, उसको जहाँ होवे वहाँ से ढूँढकर ला, क्योंकि मुझ पर रतन का बड़ा अहसान है, मैं उसका अच्छा बदला दूँगा। लाप और देवराज के मनुष्य सोरठ से रतनू को लाये, देवराज ने उसको अपना बारहट बनाया, सिर पर छत्र मढाया, और देवा चारण की पुत्री के साथ उसका विवाह करा दिया। इस रतनू के राज भाटियों के चारण रतनूँ हैं।

एक बार देवराज धार (परमारों की) पर चढ़कर गया तब देरावर अपने भांजे को सुपुर्द कर गया था। भांजे ने गढ़ पर अपना अधिकार जमा लिया, परंतु जब देवराज ने धावा किया तो भयभीत होकर उसने दर्वाजा खोल दिया। यह देखकर देवराज के मन में यह शंका उत्पन्न हुई कि इस गढ की भूमि वारभूमि नहीं और दूसरे स्थान पर राजधानी करने का विचार किया। उस वक्त

लुद्रवे में परमारों का बड़ा राज्य था और दूसरे भी कई स्थान उनके अधिकार में थे। वह लुद्रवा लेने के दाव-पेंच करने लगा। पहले तो चार महीने तक उनकी (पँवारों की) खुशामद सी की, अच्छी अच्छी चीज़ें उनके पास भेजने लगा, साथ में अपने विचक्षण पुरुषों को यह समझाकर भेजता कि वहाँ का सब रंग-ढंग देख आना। इस प्रकार आव-जाव का मार्ग खोला, फिर क्यारेक मास पीछे अपने चार प्रतिष्ठित पुरुषों के साथ सिंध के वक्त पँवारों के पास भेज पत्र लिखा कि आप कहो तो खाडाहल में, जहाँ कोई जलाशय नहीं है मैं तालाब बँधवाऊँ, क्योंकि मुझे तीन तालाब बँधवाने हैं। इसमें मेरा तो नाम होवेगा और तालाब तुम्हारी प्रजा व तुम्हारे राजपूतों के काम आवेगा। पहले तो पँवारों ने साफ़ इनकार कर दिया। तब देवराज के भले आदमी महीने तक वहाँ रहे, द्रव्य के बल से सबको बस किये और जेसलमेर से कोस कालाडूंगर खाहाल का मध्य भाग है जहाँ तीन तालाब बनवाने की इजाज़त ले ली। देवराज उनसे बहुत प्रसन्न हुआ और तणंसर, विजयरायसर और देवरावसर नाम के तीन तालाब वहाँ कराये। उनके लिए पहले तो सब मसाला अपने कामदार सहित वहाँ भेजा, फिर उस बहाने से आप भी वहाँ जाने लगा। अपने रहने के लिए छोटी सी हवेली भी वहाँ बनवाई और रहने भी लगा। पँवारों का कोई भी आदमी आवे तो उसके संमुख उनकी बहुत बड़ाई करे और कहे कि वे तो राजा हैं, तालाबों में हमारा क्या है, जिसकी धरती उसका पुण्य है और जो उनका मनुष्य आता उसको द्रव्य देकर खुश करता। मसाला लेने को उसके चाकर लुद्रवे जाया करते। उनके हाथ वहाँ के कामदारों, पासवानों, खवास, छड़ीदारों आदि के वास्ते अच्छी अच्छी चीज़ें भेजता। इस प्रकार सारे राज्य को उसने अपने वशीभूत कर लिया। कोई

ऐसा कहनेवाला न रहा कि यह देवराज एक एक दो दो महीने यहाँ रहता है सो अच्छा नहीं है। अब तालाब तो संपूर्ण होने को आये। तब उसने पँवार ठाकुर को कहलाया कि आप कन्या देकर मुझे राजपूत बनाइए, पँवार बोला कि मैं देवराज से डरता हूँ, तो उसने अपने आदमियों को दो-एक महीने वहाँ रक्खे। वे राजलोक (रणवास) में अच्छी अच्छी वस्तुएँ भेजने लगे और राणी के द्वारा फिर कहलाया। राजा बोला कि यह आदमी (देवराज) अच्छा नहीं है, कभी न कभी दग़ा देगा। राणी ने कहा कि क्या दग़ा देगा। हम उसे कहला देंगे कि सौ आदमियों से ब्याहने को आना विशेष भीड़ साथ मत लाना नहीं तो आने नहीं देंगे। अंत में यही निश्चय हुआ, देवराज ने भी इसको स्वीकारा। फिर उसने अपने आदमियों के हाथ कहलाया कि मेरे सिर पर शत्रु बहुत हैं। अमुक दिवस विवाह के लिए मैं आऊँगा। आप इसकी विशेष चर्चा न करें। लुद्रवे के १२ दर्वाज़े हैं, हम अवेरे-सवेरे किसी दर्वाज़े से आवेंगे इसलिए सब दर्वाज़ों के द्वारपालों को आज्ञा हो जावे कि हम जिस पोल से आवें एक दुलहे और सौ सवारों को आने देवे ऐसा हुक्म लिया। द्वारपालों को ख़ूब द्रव्य देकर पहले ही से हाथ में कर लिया था। लग्न के दिन १२ दुलहों के सिर पर मोड़ बाँधकर बारह जानें बनाईं, प्रत्येक वर के साथ एक एक सौ सवार शस्त्रबंद ऊपर ढोले वस्त्र पहने केसरिया किये हुए थे। इस प्रकार बारह सौ सवार एक साथ बारहों दर्वाज़ों से नगर में प्रवेश हुए और भीतर घुसकर पँवारों को मार गिराया और लुद्रवे पर अमल जमा लिया। देवराज ने अपनी आण दुहाई फेरी। कितने एक दिनों पीछे अरोड़ के तुर्कों ने उसे आखेट करते हुए मारा।

उस वक्त धार में परमारों का राज्य था, उनके एक महता बड़ा प्रसिद्ध प्रधान था। एक बार उस पर बहुत सा द्रव्य और एक सौ हस्ती का दंड राजा ने किया। रुपये तो उसने ज्यों त्यों करके भर दिये, परंतु हाथी कहीं मिले नहीं। राजा ने प्रधान के परिवार को कैद किया और कहा कि बिना हाथी दिये नहीं छूटेंगे। महता कई राज्यों में फिर गया, परंतु इतने हाथी कहीं मिले नहीं। माँगे हुए हाथी देवे कौन, उस समय रावल देवराज बड़ा दाता, बड़ा जुभार और बड़ा नामी महाराजा था। इसलिये महता उसके पास गया और उसके अधिकारियों से मिला। उन्होंने उसका बहुत आतिथ्य-सत्कार किया, अपने यहाँ टिकाया और आने का कारण पूछा। महता ने अपनी सारी व्यथा कह सुनाई तब उन्होंने उसे रावल से मिलाया और उसकी हकीकत एकांत में कर्णगोचर की। अगले राजा बड़े सज्जन थे। इस प्रकार ऐसे उपकार करने की सदा उनकी इच्छा बनी रहती थी। देवराज ने अपने अधिकारियों से कहा कि यह बड़ा आदमी बड़े दर्बार का प्रधान मेरा नाम सुनकर इतनी दूर आया है तो इसका मनोरथ अवश्य पूर्ण होना चाहिए। महता को एक सौ हाथी और घोड़ा सिरोपाव देकर बिदा किया। हाथियों के लिए मार्ग व्यय भी देकर कई महावतों को भी साथ भेजा और उन्हें आज्ञा दी कि इनको धार पहुँचा आओ। महता धार में पहुँचा। हाथियों को सजाकर धार के धणी को नजर किया, उसको बड़ा आश्चर्य हुआ और पूछा कि ये हाथी किसने दिये? कहा रावल देवराज भाटी ने। यह सुनकर राजा मन में बड़ा लज्जित हुआ, विचारा कि मैं तो ऐसे घर के नौकरों से घर घर भीख मँगवाऊँ और देवराज उपकार के वास्ते सौ सौ हाथी दे देवे। परंतु इस विचार को मन में रखकर प्रकट में कहा कि भाटियों के

हाथी मारे भूख के मरते थे सो उन्होंने जैसे तैसे करके घर से निकाले और महता के सिर पर यश चढ़ा, महता का कुटुंब छूटा और महता ने मार्ग व्यय देकर महावतों को बिदा किया, वे पीछे देवराज के पास आए और महता का पत्र नजर किया। रावल ने पूछा कि हाथियों को देखकर पँवारों ने क्या कहा? किसी ने अर्ज की कि वे तो ऐसा कहने लगे कि "भाटियों के हाथी भूखों मरते थे सो नजर से ओझल किये।" यह बात देवराज को बहुत बुरी लगी। उसने तत्काल अपने दो भले आदमी धार को विदा किये और कहलाया कि "हम भूखे हैं इसलिये हमने अपने हाथियों को आँखों अदीठ किया तो पीछे भेज दीजिए। नहीं भेजोगे तो तुम्हारे और हमारे बीच झगड़ा होगा।" वे आदमी धार आये, पँवारों से मिले और रावल का संदेशा कह सुनाया। हँसी में विष पैदा हो गया, देवराज के नाम से सब कोई जानकार थे कि वह जो बात कहता उसे कर दिखाता है, परंतु सौ सौ हाथी खाली बातों के बल से कौन लौटा देता है। रावल के मनुष्य बहुत कुछ कहा-सुनी करके पीछे आये और कहा कि पँवार तो हाथी देते नहीं हैं। तब रावल ने धार पर चढ़ाई की, पँवारों के भेदियों ने इसकी खबर पहुँचाई तो मेड़ते में आकर पँवार देवराज से मिले और दंड देकर संधि कर ली।*

---

* मैं नहीं कह सकता कि यह रिवायत सही है या भाटों की गढ़ंत। परंतु देवराज का समय सं० ८९० या ६०० वि० के लगभग ठहरता है, जिसके लिये आगे मैं अपने लिखे हुए जेसलमेर के हाल में कहूँगा और मालवे का राज लेनेवाला चंद्रावती का परमार राजा उपलराज या उपेंद्र या कृष्णराज था, (इसका विशेष वृत्तांत परमारों के हाल में देखो।) जिसका समय विक्रम की दसवीं शताब्दि में आता है तो फिर देवराज का धार के परमारों पर चढ़ाई करना कैसे बन सकता है?

इक्कीसवाँ प्रकरण

भाटियों की शाखाएँ

देवराज के पीछे रावल मूँध पाट बैठा। उसके पुत्र बछू (वत्सराज या वछराज) और जगसी (जगत्सिंह) थे।

रावल वछू (वछराज), रावल मूँध के पीछे पाट बैठा। फिर उसका पुत्र दुसाझ या दूसझ राज का स्वामी हुआ। रावल दुसाझ के पुत्र रावल जेसल, रावल विजयराव लांजा, देसल, जिसके अभी हुरिया भाटी हुए।

रावल विजयराव लांजा—रावल दुसाझ का पुत्र, बड़ा राजा हुआ। उसका विवाह जयसिंहदेव सिद्धराव (सोलंकी) की कन्या के साथ हुआ था। सिद्धराव के यहाँ कर्पूर बासिये जल की कुछ चर्चा हुई तब विजयराव ने पाटण में जितना कपूर था सो सब मोल लेकर सहस्रलिंग सरोवर में डलवा दिया जिससे सारे नगर ने कर्पूर का सुगंधवाला जल पिया, तभी से वह लांजा विजयराव कहलाने लगा।

भाटियों में एक शाखा माँगलिया है। उनके लिये पहले तो ऐसा सुना था कि वे मंगलराव की संतान हैं, परंतु पीछे गोकुल रतनूं ने कहा कि वे रावल दुसाझ के पुत्र विजयराव लांजा के वंशज हैं। पहले तो ये हिंदू थे, पीछे मुसलमान हो गये। उनका निवास-स्थान जेसलमेर से २५ कोस पश्चिम मंगली के थल में है। यहाँ द्रम (पोला बालू) है। जानकार मनुष्य तो पगडंडी से चला जाता और अजान पगडंडी से हट जावे तो घोड़ा सवार दोनों बालू में

डँसकर मर जाते हैं। मंगली थल की सीमा ऊमरकोट खाडाल से मिलती है; एक ओर सिंध के सावडों से चीन्हा में भारार के गाँव हिंगोल से, और खाटहड़ा खारीसे के पास मैहर से भी सीमा मिली हुई है। मैहर तुर्क थल में रहते, और जेसलमेर के चाकर हैं। गाँव साँखली, खुडिया, लोखारा, बघट ये देजगर ठट्ठे के पादशाह की प्रजा, जिनका दो सहस्र मनुष्यों का योक है। मंगलियों में तीन घड़े (शाखा या विभाग) हैं—चामुंडदे, वीरमदे, ढेढिया। इनका मूल गाँव बीरमा, और दूसरों का साहलवा है। जल वहाँ कहीं तो १४, कहीं ३० और कहीं ६० पुर्से तक नीचा है। वहाँ चंडीश महादेव का स्थान है जहाँ मकर-संक्रांति के पीछे ८ दिन तक लिंग के नीचे जल बहता रहता है।

रावल विजयराव के एक पुत्र राहड से राहडिये भाटियों की शाखा निकली। इनके जेसलमेर राज्य में तीन गाँव हैं। खाडाल में भोपत राहड़ोत के वराह और वर के दो गाँव, थोक १०, एक पुनरोजारा और दूसरा साजनारा। देरासर तालाब पर २० गाँव पौत्र (वंशज) बसते हैं—नीलपा, समदड़ा, काका, देवरासर की बापो, चीरसर में बावडी १४०१ धोधारायां, राहडोत का पोतरा, गाँव मालीगडा ऊमरकोट के कांठे (मिला हुआ) जेसलमेर से १५ कोस जहाँ पचास,साठ घरों की बस्ती है। उसके पास हडहटारा, सिंहगणा, फरड़ा सत्ता का, पोछीणा गाँव हैं। (उपर्युक्त) गाँव महवर के कोहर (कूप) से ५ कोस हैं। बीकानेर इलाके मरेसर के पास की खाप मंडाराठी की जहाँ जस्ला का पुत्र वैरसल राहड़ ४ वर्ष तक रहा था। रावल विजयराव के पुत्र—भोजदेव, राहड़, देहल, बापाराव। रावल विजयराव से इतनी शाखें चलीं—मांगरिया, पाहू बापारावथ व बापराव यछू का। गाहिड, जिनका गाँव

बधाड़ जोधपुर इलाक़े में है, और बीकानेर में गाहिड़वाला गाँव बीकानेर से तीन कोस पर है।

पाहू भाटियों के ३ गाँव जेसलमेर में हैं—बीभोता, कोटहड़ा और सेतोराई जेसलमेर से ८ कोस किसनावत भाटियों के गाँव पहले तो पूंगल में थे, अब तो बीकानेर के ताल्लुक हैं। ये ४० तथा ५० गाँव पाहुओं के कहलाते हैं—खीखारा, नाराणेहर, रायमलवाली, छापासर, मोटासर।

लांजा विजयराव का एक विवाह आबू के पँवारों के यहाँ हुआ था। उसकी सास ने जब उसके दही का तिलक लगाया तब कहा था कि "बेटा उत्तर दिशा का भड़किंवाड़ (रक्षक) होना।" रावल विजयराव तो काल-प्राप्त हुआ और उसका पुत्र भोजदेव जेसलमेर की गद्दी पर बैठा। निपट बड़ा राजपूत हुआ, कहते हैं कि उसने १५ या १६ वर्ष की अवस्था में पचास लड़ाइयाँ जीती थीं। उस वक्त गजनी का पादशाह अचानक आबू पर चढ़ आया और रावल भोजदेव को कहलाया कि तुम हमारी चढ़ाई की खबर आबू मत भेजना। हम तेरा कुछ भी बिगाड़ न करेंगे, तू अपने लुद्रवे (राजधानी) में बैठा रह। रावल दुसाझ का पुत्र जेसल भोजदेव से बिगड़कर ग्रासिया बनकर बाहर निकल गया था। उसने पादशाह से कहा कि पँवार भोजदेव के मामा हैं, वह उनको खबर दिये बिना रहेगा नहीं। भोजदेव ने पादशाह को विश्वास दिलाया कि मैं तुम्हारे कटक की सूचना आबू न दूँगा। भोजदेव की माता (पँवार) ने यह बात सुनी तब उसने पुत्र को कहा कि बेटा! मेरी माता ने जब तेरे पिता के ललाट पर दही लगाया तब कहा था कि "बेटा जमाई! उत्तर दिशा के भड़किंवाड़ होना।" तेरे पिता ने उसकी बात स्वीकार की थी, अब वह तेरे पिता का वचन भंग होता है। हे पुत्र! आख़िर एक दिन मरना

तो है ही। यह सुनते ही रावल भोजदेव ने नकारा बजवाया, पादशाही कटक लुद्रवा से एक कोस मेड़ों के माल में उतरा हुआ था, उसने नकारा सुना। जेसल तो पहले से आग भड़का ही रहा था। पादशाह लुद्रवे पर चढ़ आया और भोजदेव वीरता के साथ युद्ध कर काम आया। पादशाह ने नगर लूटा और जेसल के तिलक लगाकर रावलाई उसे दी, और आप वहाँ से पीछा फिर गया। भोजदेव बाल्यावस्था ही में कट मरा था। उसके पुत्र नहीं था।

रावल जेसल—गजनी के पादशाह ने भोजदेव को मारकर इसे पाट बिठाया था। जेसल के मन में विचार हुआ कि यह स्थान चोड़े में है, मेरे सिर पर हजार दुश्मन, इसलिए किसी बाँकी ठौर पर गढ़ बनाना चाहिए। वह गढ के लिए जगह देखता फिरता था। अन्त में जेसलमेर से पश्चिम में सोहाग के पहाड में गढ़ बनवाना निश्चय किया। ईसा (ईश्वर) नामी १४० वर्ष का एक वृद्ध ब्राह्मण था जिसके बेटे रावल की चाकरी करते थे। गढ़ के वास्ते सामान के गाड़े ब्राह्मण के घर के पास से निकलते थे। उनकी हाहू सुनकर ईसा ने अपने पुत्रों से पूछा कि यह (हल्ला गुल्ला) किसका होता है ? उन्होंने उत्तर दिया कि रावल जेसल लुद्रवे से अप्रसन्न होकर सोहग के पहाड पर गढ़ बनवाता है। उसके दो बुर्ज़ बन चुके हैं। तब ईसा न पुत्रों से कहा कि रावल को मेरे पास बुला लाओ। मैं गढ के लिए स्थान जानता हूँ सो बतलाऊँगा। उन्होंने जाकर रावल से कहा और वह ईसा के पास आया। ईसा ने पूछा कि आप गढ़ कहाँ बनवाते हैं ? जेसल ने कहा सोहाग में। ईसा कहने लगा कि वहाँ मत बनवाइए, मेरा नाम भी रक्खो तो गढ़ की ठौड मैं बतलाऊँ, मैंने प्राचीन बात सुनी है। रावल ने ईसा

का कथन स्वीकारा तब उसने कहा कि मैंने ऐसा सुना है कि एक बार यहाँ श्रीकृष्णदेव किसी कार्यवश निकल आये, अर्जुन साथ में था, भगवान् ने अर्जुन से कहा कि "इस स्थान पर पीछे हमारी राजधानी होगी"—जहाँ जेसलमेर का गढ़ है और उसमें जेसल नाम का बड़ा कूप है—"यहाँ तलसेजेवाला बड़ा जलाशय है।" ईसा बोला कि वहाँ मेरी डोली (दान में दी हुई भूमि) कपूरदेसर की पाल के नीचे है, उस सर में अमुक स्थान पर एक लंबी शिला है, आप वहाँ जाओ और उस शिला को उलटकर देखो, जो उसके पीछे लेख हो तदनुसार करना। वहाँ पर लंका के आकार का त्रिकोण गढ़ बनवाना, वह बड़ा बाँका दुर्ग होगा और बहुत पीढ़ियों तक तुम्हारे अधिकार में रहेगा। जेसल अपने अधिकारियों और कारीगरों को साथ लेकर वहाँ पहुँचा, ईसा की बताई हुई शिला को उलटकर देखा तो उस पर यह दोहा लिखा था—"लुदवा हूंती ऊगमण पंचोकोसै भाम, ऊपाड़ै ओमंड ज्यों तिण रह अम्मर नाम।" कपूरदेसर की पाल पर एक रड़ो (ऊँची जगत) साधा। वहाँ रावल जेसल ने सं० १२१२ श्रावण बदि १२ आदित्यवार मूल नक्षत्र में ईसा के कहने पर जेसलमेर का बुनियादी पत्थर रक्खा। थोड़ा सा कोट और पश्चिम की पौल तैयार हुई थी कि पाँच वर्ष के पीछे रावल जेसल का देहांत हो गया और उसका पुत्र शालिवाहन पाट बैठा। जेसल ने ५ ही वर्ष राज्य किया।[१]

रावल शालिवाहन जेसल का बहुत बड़ा ठाकुर हुआ। जेसल ने जेसलमेर के गढ़ का काम शुरू किया परंतु गढ़ महल पौल कूपादि सब शालिवाहन ने बनवाये। बड़ा भाग्यशाली राजा

(१) कर्नल टॉड ने जेसलदेव का सं० १२०९ वि० में राज पाना और सं० १२२४ वि० में काल प्राप्त-होना लिखा है।

था, उसने बहुत सी भूमि लेकर राज में मिलाई, वाईस वर्ष राज्य किया (इसी ख्यात में दूसरी ठौर १२ वर्ष लिखा है) ।[1]

कवित्त भाटी शालिवाहन के—

"सहस्र बीसाहयणूं वगसर ढोल समचलत ।
तिण ऊपर भड़ अभंग लीण मतवालो डोलत ॥"
"दस सहस पायदल, फरह पायक फरीधर ।
बीस पट्ट वाजंत्र, रेलहथ लारिखत्पाखर ॥"
"खट बीस वंस दरगह खड़े, दीपै जे दीवाण गहि ।
जादव नरिंद जै जै जपत, सकल कमल खालवाहण लहि" ॥१॥
"दुमति दुमति ताय दीपत नमत, अनमीत ताय नामत ।
कहत कहत नन करत, कमें जाय करत सुनकरत ॥"

---

(१) कर्नल टॉड ने जेसलदेव के पुत्रों का नाम सलभन और केलन लिखा है। "रावल सलभन ने काठियों पर चढ़ाई की जो जालोर और आबू के बीच में रहते थे, फिर अपने पाटवी पुत्र बीजल को राज की रक्षा का भार दे आप सिरोही के देवड़ा मानसिंह की बेटी से ब्याह करने को सिरोही गया।"

(सं० १२२४-३० के दरमियान में देवड़ों का अधिकार ही सिरोही प्रदेश पर नहीं हुआ। यह मानसिंह सिरोही का राव नहीं किंतु जालोर के राव समरसिंह का पुत्र था, जिसके वंश में सिरोही के देवड़े हैं। उसका समय सं० १३२६-३० के लगभग था न कि १२२४-३०।) "एक धा माई के बह-काने से बीजल राज का मालिक बन बैठा और यह प्रसिद्ध कर दिया कि रावल सलभन को वन में सिंह ने मार डाला है। जब सलभन पीछा आया तो उसको जेसलमेर का फिर से हाथ आना दुष्कर दिखाई पड़ा अत वह खाडाळ को चला गया और वहाँ बिलोचों के मुकाबले में मारा गया। (क्या भाटियों की ख्यात में भी चहुवाणों की तरह एक सौ वर्ष का अंतर है ?) बीजल के तीन पुत्र बीमड़, बच्छ और हसराज थे।"

"रचै दुरंग छुःरूप, आप पित नाम सचित्त चल।
वारंगना चंदन करत, जगतधिन संभ्रम जेसल ॥"
"सेहरा चंद सूरे समह, राहन सक्के तू हरहि।
जादव नरिंद जै जै जपत, सकल कमल सालवाहण लहि" ॥२॥
"सहस एक श्रृंगार, काम हामा के करिग्रत।
त्रिहुथानह, त्रियरमह, सुसुर वाजित्तर वाजत ॥"
"ग्रहेसर मद लहै, कोड़ आखड़ो कीजत।
लीला अंग सुरंग, त्यैरा वल्ल रीझत ॥"
"ग्रनभाख साख ग्रन ग्रन ग्रवर, ग्रमल मलै दाभै ग्रसहि।
जादव नरिंद जै जै जपत, सकल कमल सालवाहण लहि" ॥३॥
"कुंकण दामण संघण, काठ पंवाल निरंतर।
सेतबंध रामेस, लगो नव दीयासायर ॥"
"झाड़खंड मेवाड़, खंड गुज्जर वैरागर।
वागड़ महियड़ सहित, खेड़ पावड़ पारकर ॥"
"मुरधरा खंड ग्राबू मंडल सहित पाल ईठहि सवै।
मालवाहण पती सुपह, भोम भेयटी भोगवै" ॥४॥
"सासण कोड़ सवाय, उमै हस्ती सौ हैमर।
दस सहस दरक, सहस दस भैंसा सद्दर ॥"
"सहस गाय सुवाय, सहस दस गाडर छाली।
माणो एक मोतीयड़े, वसुंद्द, देवी जय झाली ॥"
"सालवाहण जेसल संभ्रम, कवि दालिद्र कप्पियो।
करि वीर मूठा वूजो सुकव, थिर वारहट थप्पियो" ॥५॥

रावल शालिवाहन ने चारण रतनू के पुत्र बूजा को सिरवा गाँव शासन में दिया जो आसणी कोट से दो कोस पर है। पानी आसणी कोट से आता है।

रावल वैजल (या बीजल) पाट बैठा, परंतु उसमें कुछ बुद्धि नहीं थी इसलिये भाटियों ने उसको मारकर निकाल दिया[1]।

रावल कालकर्ण (केलण) जेसल का पुत्र गद्दी पर बैठा और १८ वर्ष राज किया। उसका परिवार बहुत बढ़ा, और जैसे जोधपुर में रणमलोतों का पलड़ा भारी है, उसी प्रकार जेसलमेर में कालण के परिवार पर सारी साहिबी का दारमदार है। (भाटियों की) बहुतसी शाखाएँ कालण से मिलती हैं। कालण के पुत्र—रावल चाचगदे, आसराव, भुणकमल आसराव का; भांभण, भुणकमल का; भुवनसी वयिरा भांभण का; ऊगा थिरा का; मेहाजल ऊगा का; देवा मेहाजल का; अमरा देवा का; तेजसी अमरा का; आसा तेजसी का; अज्जू आसा का। इनके गाँव—भांभेरा उमरकोट के मार्ग पर—जूरा, जेसलमेर से १० कोस उत्तर, विक्रुंपुर में नौखचारणवोला, बीकानेर में हदारो वासजभ के निकट, एक उदलियावास खींदासर के निकट।

पालण कालण का—जिसका पुत्र जसहड़; जसहड़ के पुत्र दूदा और तिलोकसी, सांगण, ठेग, बैंगण, चंदन। इनके गांव मैंसड़ा, राफड़वा, साजीत, लूणोई, नैंडाय, जैरांध।

लखमसी कालण का—जयचंद व बीकमसी लखमसी के। साल्ह बीकमसी का; सीहड़ साल्ह का। इनके महासर और मदासर गाँव[2]।

---

(१) कर्नल टॉड का लेख इस स्थान से उलटा है।

(२) कर्नल टॉड इसकी गद्दीनशीनी का सं० १२५० देता है और लिखता है कि उसने बिलोचों के सर्दार खिजर खाँ को जीता और १६ वर्ष राज करके सं० १२७५ में मरा। उसके पुत्र चाचगदे, पाल्हण, जयचंद, पीतमसी

रावल चाचगदे—कालण के पीछे गद्दी बैठा और ३२ वर्ष २० दिन राज किया। इसके पुत्र रावल कर्ण, तेजाराव[1]।

रावल कर्ण चाचगदेव का—इसने २८ वर्ष ५ महीने राज किया। (इसी ख्यात में दूसरी जगह २८ वर्ष ५ महीने २० दिन राज करना लिखा है)। रावल कर्ण के पुत्र—रावल जैतसी बड़ा, बहुत वर्ष तक जिया। रावल लखणसेन[2]।

और उतराव थे। पारहण और जयचंद के वंश के जसरे और सिहाना भाटी हैं।

(१) टॉड राजस्थान के अनुसार चचा राजपूतों से लड़ा, उमरकोट के सोढा राणा को जीतकर उसकी कन्या के साथ विवाह किया। खेड़ में राठोड़ों का राज हो गया था, चाचकदेव ने उन पर चढ़ाई की परंतु राव चाड़ा के बेटे *राव टीडा ने अपनी बहन उसको ब्याहकर संधि कर ली।* बत्तीस वर्ष राज करके सं० १३०७ में रामशरण हुआ (जोधपुर की ख्यात के अनुसार राव टीडा सं० १३६४ में राज पर था)। उसका पुत्र तेजसिंह पहले ही मर गया था। उसके दो बेटों में से बड़े जैतसिंह को गद्दी न मिली, छोटा कर्ण पाट बैठा।

(२) कर्नल टॉड कहता है कि कर्ण का बड़ा भाई रूठकर गुजरात के मुसलमान हाकिम के पास चला गया। उस वक्त नागोर में मुजफ्फरखाँ (शायद जफ़रखाँ हो) हिंदुओं पर बड़ा जुल्म करता था। बराहा जाति के भूमिया हासा की बेटी भगवती उसने माँगी। भूमिये ने इनकार किया और घर बार छोड़कर जेसलमेर की तरफ चला, मुजफ्फर खाँ मार्ग में से उसको सकुटुंब पकड़कर नागोर ले गया। यह सुनकर रावल कर्ण नागोर पर चढ़ा और लड़ाई में मुजफ्फर को मारकर भगवती को सपरिवार छुड़ाया और उसे अपना ठिकाना पीछा दिलाया। बीस वर्ष राज करके सं० १३२७ में मरा (उस वक्त गुजरात में मुसलमान हाकिम कहाँ था और नागोर में मुजफ्फर या जफ़र नाम का हाकिम से करीब दो सौ वर्ष पीछे हुआ था।)

रावल लखणसेन (लक्ष्मणसेन) ने १८ वर्ष राज किया, बहुत भोला राजा था। राव कान्हड़देव सावंतसीहोत उस वक्त जालोर में राज करता था। उसने अपनी कन्या का नारियल रावल लखणसेन के पास भेजा। रावल की पहली राणी उमरकोट की सोढी बड़ी जोरावर थी, रावल तनिक भी उसके कथन को नहीं लोप सकता था। जब यह नारियल आया तो वह बड़े संकोच में पड़ा, सोढी को पूछने लगा कि रावल कान्हड़दे का बड़ी ठौड़ का नारियल आया है, यदि पीछा फेरें तो सगे सम्बंधियों में बुरे दीखें, सो अब यदि तुम कहो तो नारियल झेल लें। सोढी ने उत्तर दिया कि जो पहले निम्न-लिखित बातों का पालन करने का वचन दो तो नारियल झेलने दूँ। रावल ने पूछा वे कौन-कौन सी बातें हैं; सोढी बोली—प्रथम तो सम्हिले में कुँवर वीरमदेव आवेगा तब आप कहें कि सम्हिला (पेशवाई) चहुवाणों की भी अच्छी है परन्तु सोढों के मुनाफिक नहीं। दूसरे, जब गढ में पधारो तब कहना कि नगर उमरकोट के जैसा नहीं है। तीसरा, जब सोनगिरी से हथलेवा जोड़ो (पाणिग्रहण हो) तब कहना कि इसका हाथ सोढी के समान नहीं। चौथा, विवाह होने के उपरांत जब विदा करें तो सोनगिरी को पीछे छोड़कर आप जल्दी यहाँ चले आवें। भोले ठाकुर ने सभी बातें स्वीकार कर लीं और जालोर गया, तब उन्हीं के अनुसार काम किया। रावल कान्हड़दे, वीरमदे, और राजलोग (राणियाँ) सभी दिलगीर हो गये, फिर जब सीख हुई तो रावल कान्हड़देव ने (अपने एक सामंत) सूर मालहण को कई आदमियों समेत अपनी कन्या के साथ भेजा। रावल लखणसेन तो (अपने वचन के अनुसार) जल्दी कर सोनगिरी को पीछे छोड़कर चला गया। सोनगिरी बड़ी उदास होकर

चली और गाँव तिरसींगड़ी के तालाब मण्डल के पास उसकी सवारी का सुखपाल पहुँचा और जल के किनारे ठहरा। वहाँ तालाब में नींबा सीमालोत मृगमद लगाये स्नान कर रहा था। सोनगिरी ने दासी को कहा कि झारी में जल भर ला! वह तालाब से झारी भर लाई। सोनगिरी ने पूछा कि इस जल में ऐसी सुगंध क्यों आती और ऐसी तिरवाली क्यों पड़ती है? दासी ने उत्तर दिया कि नींबा सीमालोत अपने १४० मित्र मण्डल सहित तालाब में जलक्रीड़ा कर रहा है, उसी से जल में यह सुगंध है। सोनगिरी तो मन मे पहले ही से जली-भुनी थी, नींबा के पास दासी को भेजा और उससे बातचीत की। सूर (सामंत) को कहकर उस दिन अपना डेरा वहीं कराया। नींबा (शर्त के मुआफिक अचानक जालोर के साथ पर आन गिरा और) सूर मालन को साथियों समेत मारकर सोनगिरी को अपने घर ले गया। रावल लखणसेन ने तो उसको कुछ भी न कहा, कुछ अर्से पीछे रावल कान्हड देव के दूसरा विवाह मंडा। नींबा के यहां ऊदलकर चली जानेवाली बेटी की माता पर कान्हड-देव का प्रेम था। उस राणी ने हठ पकड़ा कि विवाह में मेरे बेटी जमाई को भी बुलाओ। कान्हडदेव ने बहुत समझाया कि अपने कौन हैं, और वे क्या हैं, परंतु स्त्री ने हठ न छोड़ा, तब नींबा के पास निमंत्रण भेजा गया। उसने उत्तर भेजा कि मैंने कुचाल की है सो यदि पंजू पायक (मेरी कुशलता का) जामिन होवे तो मैं वहाँ आऊँ। रावल पंजू का वचन दिलवाकर उसे बुलाया। वह भी ४०० आदमियों को साथ लेकर जालोर आया। वहाँ सूरमालन के पुत्र राजड़िया ने नींबा को चूक करके मार डाला, इस पर पंजू पायक भी चाकरी छोड पादशाह के पास चला गया[1]।

(१) टोड लिखता है कि लखणसेन बड़ा भोला राजा था। धार

राठौड़ सीमाल पहले कान्हड़देव के पास रहता था। कान्हड़देव ने जालोर पर महल बनवाये जिनको देखने के लिये सीमाल को कहा। उसने उन महलों में कुछ कसर बतलाई तब सूर बोला कि तू क्या कान्हड़देवजी से भी अधिक समझता है? इसमें उनमें परस्पर विवाद बढ़ गया, और सीमाल ने सूर पर तलवार चलाई परंतु वार खाली गया और सूर की कृपाण ने सीमाल का काम तमाम किया। रावल लखणसेन ने कान्हड़देव की कन्या को ब्याहकर पीछे छोड़ी और आप आगे जेसलमेर चला गया। कान्हड़देव ने अपनी बेटी के साथ सूर मालहण को भेजा था। मंडल के तालाब पर (सीमाल का पुत्र) नींबा स्नान कर रहा था उस वक्त कोई शकुन हुआ (कोई पची बोला)। नींबा ने शकुनी से उसका फल पूछा। उसने कहा कि यह शकुन कहता है कि जो तू चार पहर यहाँ ठहरेगा तो तुझको बाप का वैर मिलेगा और एक रूपवती सुंदरी हाथ लगेगी। तब नींबा तालाब पर ठहरा। इतने में सोनगिरी के सुरपाल के साथ सूर मालण आया, नींबा ने उसे साथ सहित मार गिराया, और कान्हडदेव की बेटी को ले गया।

रावल पुण्यपाल—लखणसेन का पुत्र अपने पिता के पाट बैठा, दो वर्ष ५ महीने राज किया फिर रावल चाचगदे के पुत्र तेजराव के बेटे जैतसी ने उससे राज छीन लिया और उसे पूगल की गद्दी देकर उधर भेज दिया। कहते हैं कि मूल पसाव पुण्यपाल का पोता था, उसके जेसलमेर से कोस २० ढाण की तरफ कुछडी गाँव जागीर में था। लूणराव के जेसलमेर में दो गाँव साझत्रा और अरजणी

साळ पीछे सर्दारों ने उसे गद्दी से उतारकर उसके बेटे पुण्यपाल को राजा बनाया।

धाधल से ६ कोस। (इसी ख्यात में दूसरी जगह लिखा है कि पुण्यपाल ने ६ महीने राज किया। वह अपनी विमाता से फँस गया था। इसलिये भाटियों ने मिलकर उसे गद्दी से उतार दिया)।[1]

---

(१) टॉड लिखता है कि यह बड़ा बदमिज़ाज था। एक ही वर्ष राज करने पाया कि जैतसिंह गुजरात से बुलाया जाकर गद्दी पर बिठाया गया। पुण्यपाल के पोते राव राखिगदे ने जोइयों से मारोठ और थोरियों से माल खीनद्दर वहाँ अपना राज्य जमाया।

बाईसवाँ प्रकरण

जेसलमेर के गढ़ का घेरा

रावल जैतसी (जैत्रसिंह)—इसने भुजबल से राज लिया बहुत प्रतापी राजा हुआ, और दीर्घ काल तक (१८ वर्ष ६ मास ६ दिन) राज किया। इसके पुत्र मूलराज और रत्नसिंह बड़े योग्य थे और राज-काज भी वही सँभालते थे। रावल के प्रधान सोहड़ बीकमसी (विक्रमसिंह) पर रावल का पूरा भरोसा था। आप तो वृद्धावस्था के कारण बैठा रहता और प्रधान कारबार भले प्रकार चलाता था। रावल के भाईबधु उससे (प्रधान से) द्वेष रखते थे, परंतु रावल एक की भी नहीं सुनता था। जब कुँवरों पर राज-काज की मदार हुई तो सब बीकमसी की बुराइयाँ उनके आगे करने लगे और कुँवरों ने भी कान देना शुरू किया। मूलराज के पास जसहड के पुत्र दूदा वि-लोकसी, साँगण, बाँगण रहते थे जो मन में धरती का ग्रास बेध रखते, परंतु मूलराज रतसी जबर्दस्त और प्रधान बीकमसी सबल, इसलिये उनका कुछ बस नहीं चलता था। एक दिन आसकर्ण जसहडोत ने मूलराज को कहा कि रावलजी तो बहुत बूढे हुए, और तुम बेपरवाह, राज की खबर लेते नहीं, प्रधान बीकमसी लाँचें ले-लेकर अपना काम बनाता जाता है। उपज तो सब वह खा जाता है, तुमको कुछ भी नहीं देता। इस प्रकार आसकर्ण कुँवरों को बहकाने लगा। एक दिन दोनों कुँवर दर्बार में बैठे थे और दूदा जसहड़ोत पास बैठा था। उस वक्त गढ़ों के साके की बात चली। दूदा ने कुँवरों से कहा कि

जेसलमेर इतना बड़ा राज्य जहाँ पाँच सात पीढ़ी में कोई शाका (बड़ा युद्ध) न हुआ, शाके के बिना नाम नहीं रहता है, इसलिए एक शाका अवश्य करना चाहिए। इस पर मूलराज रत्नसी और दूदा ने शाका करना ठान पादशाह से शत्रुता करना (छेड़छाड़ करना) चाहा, परंतु वीकमसी ऐसी हर्कत नहीं करने देता था। आसकर्ण ने फिर चुगली खाई कि थोड़े दिन पहले वीकमसी ने व्यापारी शेखों के पास रु० १३०००) लिए थे और आपको केवल ७००) ही दिए। कुँवर भी उसकी बातों में आ गए और वीकम को मार डालने का विचार किया। दोहा—

"निरभै दुरंग दुवानरां, सोह अलोचैसीर।
वीकम कंवरां सत्रहै, हियां पलट्टै हीर॥"

"मूल मंकण दोयण मुखै, कर लागो कूंढाल।
वीक्रमसी वी सुत्र सा, रवन पूछतां ढाल॥"

आसकर्ण व मूलराज रत्नसी ने वीकम को एकांत में बुलाकर कहा कि तू चला जा। वह बोला कि मैं कहाँ जाऊँ, परंतु इन्होंने रावल की शपथ दिलाकर उसको जाने के लिये तैयार किया।

दोहा—

"के थरयण मूल सुकुख, देखै नाहीं देख।
ए वीकम के वेलिया, वैपारी नै सेख॥"

"सोना रूपा सांवटं, लाखां लेखा लेह।
लोख महायण लाख उत, लोभ कंवर लो येह॥"

"सोना जैत संभारिया, इय हय आणै हत्थ।
तूं भाई परधान तूं, वीकम छड़ कुवत्थ॥"

"वर करवत वहि आपरै, साठ भेंड़ा सप्रमाण।
वीकम सिव मारग वहै, ले दीना मो प्राण॥"

"साम पसावै सांमग्रम, कीधा मैं क्रम कोड़।
प्रगट रिजक दिन पाधरै, जपै विक्रम करजाड़॥"

"बीकमसी रावल वदै, करदे जो करवार।
हूँ जेसलगिर हेकठां, चलै प्रधानै वार॥"

"विक्रम विदेसज चालियो, विग्गड हाथा बांध।
मूलै तोडो मुग्गमुगुर, साहि थ्रालम सूं सांध॥"

मूलराज बीकमसी के सामने कुछ कुचाल नहीं कर सकता था, वह उसे हर वक्त रोकता रहता था। जब वह स्वतंत्र हुआ तो उसने पादशाह से विग्रह करना ठाना। शाह का पीरजादा रूम गया था, वहाँ के सुल्तान ने उसको एक करोड़ रुपए का माल दिया, पीछा लौटते हुए वह जेसलमेर होकर आया और वहाँ मुकाम हुआ। शेख की रक्षा के वास्ते २०० पादशाही सवार उसके साथ थे, मूलराज रत्नसी ने उन सबको मारकर उनका सारा माल असबाब लूट लिया और घोड़े भी ले लिए। दोहा—

"मोह मोहमदो हिंदुवां, सिंगारे सुजदेह।
तेरै कौडो माल ले, पीठ सइदां देह॥"

शेखजादा मारा गया। माल बहुत हाथ लगा, परंतु जाना कि इस पादशाही माल के लेने से उपद्रव अवश्य उठेगा। उसको तो गढ़ के नीचे तहखानों में भरा, परंतु जिन ठाकुरों के बहकाने से यह काम किया था फिर उनसे मन फिर गया। यह खबर पादशाह के कान तक पहुँची, उसने बड़े कोप में आकर कहा कि मैंने इनको कई बार माफ किया परंतु यह अपराध क्षमा नहीं करूँगा। दोहा—

"जेसलमेर दुरंगगढ, बसैन काढी वाक।
खून वगरसै काफरां वे सुरताण वनाव॥"

"आलम दाढी कड्ढकर,. घातै बे वै हाथ।
सालूंगढ़ हूं मूलरयण, लेखूं चंद्रप्रसाथ।।"

पादशाह ने सर्दार कमालदीन को सात हजार सवार से जेसलमेर पर बिदा किया और उसने आकर गढ़ घेर लिया। दो तीन वर्ष ऐसे ही बीत गए परंतु गढ़ न टूटा। कमालदीन को चौसर खेलने का शौक़ था। एक दिन मूलराज मामूली वस्त्र पहन और साड़े से शस्त्र बाँधकर वहाँ आया जहाँ कमाल चौसर खेल रहा था, और लगा दांव बताने। वह दांव अच्छे देता था, कमाल उसके साथ खेलने लगा, दो दिन तो मूलराज की जीत हुई और एक दिन कमालदीन बाजी ले गया। दस पंद्रह दिन ऐसे ही खेलते रहे, फिर कमाल मूलराज को पहचानकर कहने लगा कि तुम सदा आकर हमारे साथ खेला करो, मैं ख़ुदा को बीच में देकर कहता हूँ कि यहाँ आने जाने में कोई भी तुम्हारा किसी तरह का बुरा न करेगा। तब से रावल नित्य खेलने के लिये आने लगा। यह खबर पादशाह तक पहुँची, उसके कफूर नाम का एक मरहटा पंचहजारी उमराव था, उसने अर्ज की कि मूलराज व कमालदीन तो चौसर खेलते और मित्र बने हुए रहते हैं, गढ़ लेवे कौन, यदि हजरत नवाजिश फर्माकर हमें हुक्म देवें तो हम जाकर गढ़ फतह करें। पादशाह ने उसका मंसब बारह हजारी किया और जेसलमेर पर जाने का हुक्म दिया। कफूर ने अर्ज की कि हजरत किसी बड़े सेनापति को नायक करके साथ भेजिए, हम उसके नीचे काम देंगे। अपने भाञ्जे और जमाई मिल्लकेसर (मलिक कैसर) को पादशाह ने बड़ी सेना के साथ बिदा किया। जब वह जेसलमेर के निकट पहुँचा तो कमालदीन या काफूर (?) पेशवाई को गया और उसने कहा कि धावा करने से गढ़ हाथ न आवेगा, गढ़ में

सामान न रहेगा तब टूटेगा अतएव तुम घेरा डाल दो। उन्होंने यह बात न मानी। कमाल बोला कि जो न मानो तो मेरे नाम एक रुक्का लिख दो कि तुमने जो घेरा डालकर पड़े रहने की सलाह दी थी वह हमें पसंद न आई। मलिक ने रुक्का लिख भेजा, तब उसने अपना काम उनके सुपुर्द कर दिया, वे तो सीधे गढ़ पर चढ़ने लगे।

कमालदीन ने मूलराज को कहलाया कि मेरी रोजी जाती है, अब देखें तुम कैसा युद्ध करते हो। मूलराज रत्नसी ने अपने साथ को समझा दिया कि तुर्कों को निकट आने दो, गढ़ के कँगूरे पर हाथ रखते ही कोई भी वीर गोली मत चलाना; शत्रु गढ़ पर चढ़ने लगे, ठठरियों की ओट देकर सीढ़ियों के द्वारा सैनिक जन ऊपर जा लगे, कपूरा योद्धाओं को उत्तेजित करता हुआ बढ़ा, और मलिक-केसर पोली तक पहुँच गया। पंद्रह हाथियों को द्वार के कपाट तोड़ने के लिये आगे किए। मूलराज सिंहद्वार पर दो हज़ार जुझारों को लिये शस्त्र सजकर तैयार खड़ा अपने साथियों को ताकीद कर रहा था कि भेरी के बजते ही प्रहार करना। जैसे ही तुर्क निकट आए और कँगूरों पर हाथ लगाया कि भेरी बजी, और ऊपर से मतवाले झांगर यंत्र चलने लगे (यह यंत्र शायद नपथा के समान हों)। बहुत से शत्रु मारे गए, इधर पौलि के पास से मूलराज टूट पड़ा। लोहे से लोहा मिला, रत्नसी ने भी द्वार खोल-कर साथ दिया और मलिककेसर व सिराजदी (शिराजुद्दीन) मारे गए, दूसरे भी कई उमरा खेत पड़े, और सत्तर हजार मनुष्य वहाँ काम आए। (यह अतिशयोक्ति है)। पंद्रह ही हाथियों को मार गिराए, कपूर मरहटा भागा, और उसके साथ बादशाही सेना भी पलायन कर गई।

दोहा

"केसर मिलक सिराजदी, वेमूलू हरयाद ।
जाणै कंदोई ऊथलै, खाजोमंझ कड़ाह" ॥ १ ॥
"भाणेजो पतसाहरो, जामादो पतसाह ।
पूमुसज खाधो मूलरज, सबलै ऊभी बाँह" ॥ २ ॥
"रेर्मा सहर तागसी, खींचिय प्राणो वाग्र ।
सिरघड़ सहिवो संग्रहे, लीधो जोर विनाँग्र" ॥ ३ ॥
"सित्तर सहस निकंदिया, कोट भयंकर काल ।
चंधव सैव विछोड़या, के कूटंति कपाल" ॥ ४ ॥
"कांही सेवग सांभरै, केस भरे के सांम ।
भारेहु केल भरि मूलरज, जीतो गढ़ रो काँम" ॥ ५ ॥
"पनरे पट हत्ती पड़े, सतर हजार कबंध ।
कपूरो नै मरहटै, व्है भागा अनमंघ" ॥ ६ ॥

फौज भागी। कमालदी ने आकर कहा कि मलिक केसर, सिराजदी और दूसरे भी बड़े आदमी जो मारे गए उनकी लाशें दीजिए, वे मक्के भेजी जायँगी। मूलराज बोला कि लाशें नहीं इनका अग्नि-संस्कार किया जावेगा और दूसरी लाशों को गीदड़ जरख आदि जंगली जानवर खावेंगे परंतु देने के नहीं। कमालदी कहता है कि यदि लाशें न मिलीं तो पादशाह हमारी खाल खिंचवा देगा। अतएव मेरी प्रार्थना सुनकर लाशें दे दीजिए।

"कपूरो नै मरहटो, भर्त्ता उतारे भूत ।
माँगै साह कमालदी, केहर रो ताबूत" ॥ १ ॥
"मिल्लक कहै मूला सरस, रयमन कर मनरोस ।
साह आलम पाड़ावसी मुझ संकानी पोस" ॥ २ ॥

"जड घड जरख्यां जंबवाँ, मिलक कमाल मवग्ग।
पेस करै जे पातसाह, केहर जालिस मग्ग" ॥ ३ ॥

"तेरी माई पुत्र हूँ, तू मेरा सुरताण।
बाप तूंज मो बाप है, मूलू जोय प्रमाण" ॥ ४ ॥

"मूलू कहै कमालदी, सत्र न कोई देह।
केहर रे ताबूत लै, मैं तोनूँ दीनेह" ॥ ५ ॥

"मुसलमान काधै विहूँ, ऊ तारे तावूत।
मूलू नै कमालदी, वधव हुवा जुगूत" ॥ ६ ॥

"ऊपाडे नर वादर्यां, ध्रसी सोय तावूत।
•• बोलमुस, साहध कै जमदूत" ॥ ७ ॥

"तावूताँ उतारिया, प्रहडोई मडहाण।
पडिया दिल्ली-रढ्या, भाखि सदुख दीवाण" ॥ ८ ॥

"दसण गयंदां नाँखिया, भारथ भुज्ज ठोर।
कनछंर झांझापटा करण, जेहा पावस घोर" ॥ ९ ॥

"वेरोसा सुरताण पिख, वल ढल देखै वेव।
कपूरै नै मरहटै सिर मूँडे गहदेव" ॥ १० ॥

"सामिल मिलक कमालदी, सुज भाखै पतसाह।
केहर मार अदेवदे, सेह भाटा चाचाह" ॥ ११ ॥

पादशाह ने फिर कमालदी को भेजना चाहा तब उसने अर्ज करके अर्ज की कि हजरत ने मरहटा कपूरा के कहने पर मुझे नीचा दिखाया। मेरे भाई-भतीजे और राजपूतों का नाश कराया। मैं भी खराब हुआ और हजरत भी खुश न रहे, इसलिये अब मैं जैसलमेर पर न जाऊँगा। पादशाह ने बहुत आग्रह के साथ कमाल को फिर रवाने किया। दोहा—

"सुण फुरमाण नखाण अन, एकन दूजी बार।
हंसा वचन संभाहियो, गढ़ चैरंद दुवार॥"

कमालदी ८० हजार सवार साथ लेकर आया और गढ़ घेरा। रोज धावे होने लगे। प्रधान बीकमसी ईडर जाकर चाकरी करता था। उसने गढ़ विग्रह के समाचार सुने और जेसलमेर आया। मूलू रत्नसी को कहा कि आप ने मुझ पर चोरी का झूठा कलंक लगाकर मुझे निकाला था परंतु अब आसकर्ण को पूछकर सच झूठ का निर्णय कीजिए। उस वक्त तो मैंने आपसे कुछ न कहा, पर अब साँच की जाँच की जावे। (तहक़ीक़ात से) आसकर्ण झूठा ठहरा। मूलराज रत्नसी ने जान लिया कि यह हमारा वैरी था। इसी लिए इसने हमारे अच्छे नौकर को खोया, इससे उन ठाकुरों में परस्पर बहुत वैमनस्य बढ़ गया। जसहाड़ोतों ने सोचा कि जो ये हमसे रूठे हुए हैं तो हम क्यों मरें। दूदा ने तो (मूलराज को) छोड़ना न चाहा परंतु आसकर्ण ने उसको सोते हुए बाँध दिया और माँचे में पटककर चल निकला। दूदा का विवाह पारकर हुआ था, वह वहाँ जा रहा।

मूलराज ने भी गढ़ को सजा, रावल जैतसी मृत्यु को प्राप्त हुआ (इसी ख्यात में दूसरी जगह लिखा है कि आग में जल मरा)। मूलराज गद्दी पर बैठा और रत्नसी को राणा की पदवी दी। १ वर्ष ७ महीने राज किया। बारह वर्ष तक गढ घिरा रहा तब रसद सामान बीत गया। और तो कोई अन्न रहा नहीं केवल काळधी जवार मास ६ को रहा। मूलराज व रत्नसी कहने लगे कि यह अभक्ष्य धान है, हम इसे नहीं खावेंगे और मरना विचार लिया।

दोहा

पाँच कलेवर वारसूं, रावल-आज्ञो चेह ।
आपैं मरगढ़ आपस्यां, विजड़ा वांर करेह ॥

कमालदी को कहलाया कि तुम मेरे भाई हुए थे, सो आज भाइयों का वक्त आ गया है, हमारा बीज बचाओ ।

दोहा

"मूवां गाढ़े वे हुवै, दोनो बचन सबोल ।
क्यूँ पालीस कमालदी, बंधु तणारा बोल" ॥ १ ॥
"अखै कमालहि मूलरज, सुणनर वै नरनाह ।
साय अमान समंधरै, सहिया सो पतसाह" ॥ २ ॥
"इक भाणेजो साहजी, कंवर बचाव चियार ।
मूलू कहै कमालदी, सांको घावो सार" ॥ ३ ॥
"असहांजी आमान, मूलू कहै कमालदी ।
मकरै मूसलमान, मिलकम मारै मनवहय" ॥ ४ ॥
"मोई मा छतप तजे, नोज मजार निवेस ।
कमाल पयंपै मूलरज, रा सन कोई वेस" ॥ ५ ॥
"कमाल पयंपै मूलरज, (सहूंरोप) सुरताण ।
जांघड़ ऊपर सीस छै, पालिस बचन प्रमाण" ॥ ६ ॥

तब इतने सर्दारों को कमालदीन के सुपुर्द किए—घड़सी, लखमण, मेलगदे, भाटो चानणदे, ऊनड़ किले की पौलि खोलकर १२० मनुष्यों से मूलराज काम आया, जिसकी साखी का गीत—

"घड़ रयण गलंती घड़ी घड़ो घट ।
पुहली नासत्र माल प्रज, मोर सिखर पर ऊपर मंडियो,

"ममधूबलै न मूलरज, तरग धाय निस फौज टूटवी,
उडियगनर जाति ग्रावग्ग,
"सुगिर सिरंग उर सुचित जैत सुत,
खित डोलियो नवह तो खग। निसा की जघटी दिन मटती,
"फिरतै नरना खत्र ग्राणफेर, उरधज कियो न जैत ग्रगोश्रम,
मन मूलरज ज्यूँही घूसेर" ॥

तेईसवाँ प्रकरण

रावल दूदा और बादशाही सेना का युद्ध

देवराज मूलराज का पाटन बैठा। मूलराज रतनसी के मरने पीछे दूदा जसहड़ोत रावल हुआ, वह शाका करके काम आया। फिर रावल घड़सी रतनसीहोत ने पादशाह को प्रसन्न करके राज लिया। रावल घड़सी को जसहड़ तेजसी ने मारा, घड़सी के कोई पुत्र न था, उसकी राणी विमलादे रावल मालदेव (मल्लिनाथ) की पुत्री ने राणा रूपसी के दोहित्र केहर को बारू छाहण से बुलाकर गोद लिया। केहर देवराज का रावल हुआ। देवराज के पुत्र हमीर के मारोठ जागीर में थी, उसके वंशज अर्जुनोत भाटी जिनकी संतान जोधपुर में चाकर है। हमीर के वंशजों का एक दल जेसलमेर चाकरी करता जो पहले पोकरण के वाहले (नले) पर रहते थे। अर्जुनोत भाटियों में जैता सालोड़ो पीपल बरसाये व्याहने को आया था, परन्तु कारण विशेष से विवाह तो न हुआ और याचक बहुत से इकट्ठे हो गए। उन सबको उसने विना व्याह हुए ही त्याग दिया। जसहड़ के पुत्र दूदा रावल, तिलोकसी, बाँगण, सांगण, आसकर्ण। जसहड़ पीलहण का और पोल्हण काल्हण का पुत्र था। दूदा तिलोकसी टीकायत न हुए थे, जब मूलराज रतनसी के मरने पर गढ़ पादशाह के हाथ आया तब राणा रतनसी के पुत्र घड़सी, कानड़, ऊनड़ को मूलराज ने अपना वंश बना रखने के वास्ते अपने मित्र (पादशाही सेनापति) कमालदी के सुपुर्द किए थे, उनको वह अपने प्राणों के समान रखता था। इसकी खबर पादशाह को हो गई, तब कमालदी

ने उनको घोड़ों पर चढ़ाकर चुपके से निकाल दिए और वे नागोर में आकर ठहरे।

(जैसलमेर का) गढ़ सूना था, और रावल मालदे का प्रताप उस वक्त बढ़ा हुआ था, रावल के बेटे जगमाल ने गढ़ खाली देखकर उस पर अधिकार कर लेने का विचार किया। वहाँ जा रहने की तैयारी करके ३०१ गाड़े रसद सामान के भरवाकर वहाँ पहुँचा दिए। बारहट चंद्र रतनू माला का बेटा आपत्ति का मारा मेहवे जा रहा था उसने जाना कि गढ़ मेरे स्वामियों के हाथ से जाता है तो भाटी दूदा तिलोकसी को जो पारकर में रहते थे इस बात की खबर पहुँचाई। दूदा तिलोकसी पहले ही गढ़ में आन जमे और पीछे से जगमाल आया, उसने वहाँ घोड़ों के धँस (खुरचिह्न) देखे। पूछा कि यह क्या बात है, बारहट चंद्र ने जो जगमाल के साथ था, कहा कि दूसरा कोई भाटी ऐसा दिखता नहीं जो गढ़ में आ बैठे और शायद दूदा तिलोकसी जसहड़ के पुत्र होवें तो अजब नहीं। जगमाल वहीं ठहर गया और खबर के वास्ते अपने दो राजपूतों को भेजा। उन्होंने जाकर देखा तो दूदा तिलोकसी ही है। उन्होंने उन राजपूतों के साथ जगमाल को जुहार कहलाया और कहा कि हमारा गढ़ था सो हमने लिया। आदमियों ने यह समाचार जगमाल को आन सुनाए तो उसने पीछा कहलाया कि हमारे ३०१ छकड़े सामान के तो भेज दो। उत्तर दूदा की तरफ से यही आया कि वे तो हमने लिये, अब तुम जहाँ देखो हमारे गाड़े ले लेना। यह सुनकर जगमाल पीछा लौट गया और दूदा गद्दी पर बैठा। वह बड़ा वीर राजपूत हुआ।

जब रावल मूलराज व रतनसी ने (शाका करने का) नियम निश्चय किया था उस वक्त दूदा ने भी उनके साथ वही प्रण लिया था।

एक दिन रावल दूदा दर्पण में मुख देखता था कि अपनी डाढ़ी में उसने एक श्वेत केश देखा, उस वक्त उसे अपनी वह प्रतिज्ञा याद आई जो उसने मूलराज रतनसी के साथ ली थी। मन में सोचा कि जरा तो निकट आन पहुँचो, योंही मर जाऊँगा, इससे तो उत्तम यह है कि कोई ऐसा काम करूँ जिससे नाम रहे। अपना यह विचार उसने अपने भाई तिलोकसी को कहा और वह भी सहमत हुआ। तब दूदा तो गढ़ में रहा और तिलोकसी चारों ओर पादशाही इलाके में लूट-मार करने लगा। काँगड़ेवालों को लूटकर बहुत सी घोड़ियाँ ले आया, लाहोर के पास से बाहेली गूजर की भैंसों का टोला लाया और सोने की मथानी भी। पादशाह के वास्ते पानी-पंथ घोड़ों की सोहबत आती थी उसे मार ली। यह तो बड़े-बड़े बिगाड़ थे, दूसरे भी कई उपद्रव किए। बादशाह ने क्रोधित हो फौज बिदा की (पादशाह का नाम नहीं दिया और दूदा का सिर्फ दसमास ७ दिन राज करना लिखा है अतएव उस वक्त भी सुलतान फ़ीरोज़ तुग़लक़ ही का देहली के तख़्त पर होना सम्भव है)। गढ का घेरा लगा, ये तो शाका करना चाहते ही थे, गढ़ सजा और युद्ध करने लगे। इसकी साखी में आसरांव रतनू ने बहुत कुछ कहा है उनमें के थोड़े से दोहे यहां लिखे जाते हैं—

> "आवटियो एकोहटा, दे दुरहय मेल्हाण,
> साँभर आयो थागरा, गासोधै रिणटाव।"
> "एक सूत तैं संमहै, हूंतासेन बहूत,
> पेटांलग फाटेपरो, क्रिय तुरके वाधूत।"
> "मड़ दूवां आयो मुगल, नाया ढल पवढाल,
> पड़िया दिल्ली पीढ़यो, गोरख तोड़े गाल।"

"दातू सहल सतीतणी, सांकल के काथोह,
सोवत आई सोचनी, तणीज जतुकाणोह।"
"ऊसासि नेसारियो, पिवियो दीण वराह,
हिंदू आघन आवही, नहीं मिलै छै मांह।"
"परवाणी पतसाहरो, लिख मूकै मेलाण,
इण गढ़ हिंदू बाँकड़ो, कर अहियां कैवाण।"
"जेसलमेर दुरंग गढ़, दूठा जदु दे राव,
मेघाडंबर छत्र सिर, दीध निसाणे घाव।"
"नीसाणे घावजिया, गाजैं गहरे सद,
आकंपे पतसाह दल, पड़ हायो परमद।"
"जेती भुंय गोलाव है, सर पूजै सर राव,
तेती ढूकन सक्कही, मारै दूदे राव।"
"ओ मारै ऊ मोकलै, रहिया दल नैठाह,
हठ हूवो हू देसरस, प्रारंभ पेरोसाह।"
"हिंदू कोटन छाँड ही, न न तुरके मेल्हाण,
विग्रह तो बारह बरस, दूदै नै सुरताण।"
"रावल भुरज पधारियो, ए उपाव कवरेह,
जंत्र मेरु नैवीड़ियो, घृत खंड खीर भरेह।"
"ऊपड़ियो पतसाह दल, वागी भर निसाण,
भाटी दानी भीमड़ै, तब गाहभ परमाण।"
"सुघन भंडारां नीठियो, लिख मोकलिया पत्त,
जो असताई सावलै, रावल भलण परत्त।"
"ढोवै ढूकन सकिया, तोरीं जोया त्राण,
घादर भापी आपरी, गुद रहियो मेलाण।"

"सूंढाला घड़ सांमही, फेरी जेसलमेर,
पाछो दल पतसाहरो, घिरियो घाते घेर ।"

"दूदो कहै तिलोकसी, तो सिर छत्र धरेह,
परतन भंजा आपणो, तूँ गढ़ छल घणो करेह ।"

"आद अनाद उपावियो, लोचन हूँ तजवार,
जीभां हूँ गोहूँ किया, फोरड़ उरह मंझार ।"

"हाडां हूँ चावल हुआ, रूराई पड धन्न,
तो असताई संभलो, ते क्यूँ टूकै मन्न ।"

"रावल अन परतीवियो, सो क्यूँ अन्न भखंह,
वो प्रोळी बोलाय कर, सिर क्यूँ छत्र धरेह ।"

"वो बैठे में...सिया कढ़िया लाख सवाय,
मो चेर्वा जीवे कवण, कस वां करसी घाय ।"

"अंतेवर पुछाड़िया, वाकेहा परिहाय,
सोड़ा आगे इम कहै, से चाढो निरवाय ।"

"अंतेवरे कहावियो सांहसे पूरन गत्त,
वांसे नर हो सांकवा साही अच्छ परत्त ।"

"रावल जमहर राखियो, कुसलं पुत्र वोहलाय,
नीमणियाँ इसके रह्यां रह्यो जु अनपरताय ।"

"कोट तणै छल धंस छल सरगसमैले साथ,
माधू खड़हड़ माटियै खग आत्रजियो हाथ ।"

"दुसल आणी पै देवरज, कहिमाणद अणपाल,
पतसाही दल जूझता, भड़ाभड़ कमाल ।"

"सावल सोढ हमीरदै, चक्रवत ऐ पहुधाय,
भाला भंवाड़ै पूनरज, अधिक फलह परमाय ।"

"वैर'सनेही वालियों, फिटक संभ्रम कुल मोड़,
खेड़ैचो खग खगूभियो रहै हरो राठोड़।"
"साँमज संवा कह्न करै, कर सोलह्न सिणगार,
आराणी रावल अगै, गल तुलछां दलहार।"
"ते लोचन तेही वदन, है वेथन गजथन्न,
दुईभायां तणां विसंचणा, जाण अंतेवर कन्न।"
"रावल जमहर रचियो, अतर सरंग प्रमाण,
सोढी कहियो सामनूं मो आयो अहिनाण।"
"जे सोढी सिरकापियो, तो चहुरोयियै संसार,
कहसी रावल ओकियो, ऐहो दोप विचार।"
"जेकर काढांदाहिणी खांडो कहे भालाह,
प्रोली हुयसी प्राहसम मेलो मिल कार्णाह।"
"रावल अंग निसंग करि, आवहिं केवाण,
चलण काटी थापियो, नाऊ पुरुप सहनाण।"

रावल दूदो त्रिलोकसी गढ़ ऊपर हैं, और पादशाही फौज तलहटी में, इस तरह विग्रह चलते बारह वर्ष बीत गए, धावे कई बार मारे परंतु गढ़ हाथ न आया। एक दिन रावल दूदा ने रहो पर की मागशूकरियों के दूध की खीर बनवाकर पत्तलों के लगवाई और वे पत्तलें तलहटी में फिंकवा दी। सैनिक जनों ने उनको लेजाकर अपने सर्दार को दिखलाई, तब सेनापति ने विचारा कि बारह वर्ष बीत गए तो भी अब तक गढ़ में इतना सञ्चय है कि अब तक दूध दही खाते हैं। अतः यह गढ़ हाथ आने का नहीं। यह समझकर तुर्कों ने अपने डेरे उठा लिये। उस वक्त जसहड़ के पुत्र आसकर्ण के बेटे भाटी भीमदेव ने उनको भेद दिया, कोई कहते हैं कि सहनाई बजवाकर कुछ रहस्य प्रकट किया और ऐसा भी कहते हैं कि आदमी

भेज कहलाया कि गढ में सञ्चय अन्न टूट गया है। तुमने जो यह दूध देखा सो तो भंडशूरियों का था, तुम पीछे फिरो, दो तीन दिन में रावल गढ के दरवाजे खोल देगा। तब मुगल पीछे लौटकर आये। अब रावल दूदा तिलोकसी ने मरने का निश्चय कर लिया। भीमदेव ने भेद दिया। दोहा—

'गेमी नाम धराविया आसावत अण जाण।
भाटी दीनों भीमदे, तेवढ भोद प्रमाण॥"

रावल ने पहले दिन जोहर किया तब राणी सोढी ने उससे निवेदन किया कि आपके शरीर का कोई चिह्न मिले, रावल ने अपने पाँव का अँगूठा काटकर दिया। दशमी के दिन जोहर हुआ और एकादशी को रावल ने जूझ मरना ठाना।

रावल दूदा के एक कन्या ६ वर्ष की थी, वह अग्नि में प्रवेश करने से भयभीत हुई, इसलिए उसको नहीं जलाया गया। दशमी के दिन आधी रात बीते वह बाला रावल के पास ही सोती थी, सारे राजपूत मरने को तैयार हो बैठे थे, उनमें घाऊ मेछला नाम का एक कुँवारा राजपुत्र १५ वर्ष की अवस्था का था। वह रावल की पगतली सहला रहा था। उसने निसास छोडा, रावल ने कहा कि ऐसा क्या, अपने तो स्वर्ग में पहुँचनेवाले हैं, फिर तुझे इस वक्त यह दिलगीरी कैसे आई? वह कहने लगा कि मुझे और तो कोई चिंता नहीं, परंतु शास्त्र पुराणों में ऐसा सुना है कि कुँवारे की गति नहीं, स्त्री स्वर्ग का मार्ग बताती है। रावल ने विचारा कि मेरी यह कन्या भी कुँवारी है और यह अच्छा राजपूत है इसी को व्याह दूँ। तत्काल दोनों का विवाह कर दिया। दूसरे दिन वह बाला भी आग में जल मरी। पौलि खोलकर रावल दूदा तिलोकसी युद्ध के निमित्त गढ से नीचे उतरे, लडाई हुई, रावल के साथ २५ राजपूत और बाकी

दूसरे मनुष्य थे। पंजू पायक तिलोकसी के मुकाबले पर आया। तिलोकसी ने वार किया। पंजू को तलवार के खेल में प्रवीण होने का घमंड था सो हाथ पाँवों को समेटकर कुढंगेपन से उस झटके को बचाता ही था कि तिलोकसी की तलवार उसके धड़ को चीरती हुई पृथ्वी पर लगी और वह नौ टुकड़े होकर गिरा। साख "तिल्हरै घाव सै पौजू हेकलग, नवे कटके हुवो वहि गयो निभ्रग।" रावल दूदा ने भाई की बहुत प्रशंसा की। तिलोकसी बोला कि भली बात, आज ही आपने मेरी प्रशंसा की है। रावल दूदा ने कहा कि मेरी डीठ लगती है। इतना कहते ही उसी वक्त तिलोकसी का प्राण मुक्त हो गया। रावल दूदा भी एक सौ मनुष्यों सहित काम आया, रावल की स्त्रियाँ दूसरी तो सब गढ़ पर जोहर की आग में जल मरी थीं, एक सांगलिया राणा की बेटी अपने पीहर खींवसर थी, सो पादशाह खींवसर के पास आया। तब उस राणी ने कहा कि दूदा का मस्तक ला दिया जावे ताकि मैं उसके साथ सती होऊँ। हूंफा सादू ने पादशाह के पास जाकर मस्तक माँगा। पादशाह ने कहा—तीन महीने बीत गये अब सिर की क्या पहचान हो सकती है? हूंफा बोला कि दूदा के सिर को मैं पहचानता हूँ, आप मुझे दिखलाइए मैं उससे बातें करवाऊँगा। सिर दिखलाए गए तो दूदा का मस्तक हँसकर बोलने लगा, उसकी साखी का गीत हूंफा सादू का कहा हुआ—

गीत

"क्रमफेत स्वरग काज नह आरण काज दूठ दूदड़े दिया दूजोण।
पह तिण भवणे त्रिणे पेरिसो, धड़ पारे नाचंतो प्रोण॥
बाढंतावर भाल बेगड़ा, वकता सुखे हूदे वसियो।
जेसल गिरा विको दिन जाणे, हाथे ताली दे हँसियो॥

हुं हूं फड़ा मरण किम हारूं, धरसां मिली जती घर
मेलूँ मूँछ पीरपण मानै, कमल कहै जो हुवै कर ॥
करमूं विण मूंछ भूंह सौं, सूंजकर अजब ओपियो।
अंजसियो गढां गिले वा आदम, गौरी इड़ हड़हड़ दूदो हँसियो ॥"

दोहा रावल दूदा ही का कहा हुआ—

"मैं जाणी वैं मेलियो, विसहर माथै पांव।
मनखत माथो आपरी, अहिवा खार म खाव ॥"

गीत बीठू बाहड़ का कहा हुआ—

"धर काज धीर कमल धरै धीरत्तण, आपणो बल आऊठ गिर।"
"पाव पर ठवै दूद परगंजण, सरप फसण सुरताण सिर।
सुविष किलंर सिर केहर जयसल, पाव परठवै सभै पण
कंदल करण घणो कसमसियो, फेर न सकियो किही फण ॥
मिलधर मेछ कमल महि डोहण, चाच वसोधर दे चलण।
मूण सवट तो तणो माइचा, मणरंव माणी निर्भैमण ॥
वड गिर विषम वडोवड रावल, दुरंग पाण वैं दइव डरै।
पोह पवमाह पाल कुल पैहडे, कीधो पगतल राज करै ॥"
"जेसलमेरधणी राव जादव, घणदल सरस मचंते धाय।
कालहण हरो पड़ै कमसीसे, पड़त नफिरियो मिलर्का पाय ॥
असी लाख आलम दल ईरै मांह लक्ख आए सुरताण।
भुरज भुरज फिरियो राव भाटी, दूदोनह फिरियो दीवाण ॥
सुव जसहड़ सामा सुरताणै, नितनित ढोवा फटक नवीन।
क्रम रासव दीना नवकोटां, दूदै धरमद्वार नह दीन ॥
पटहथ परसा गयंद मोताहल पै माजता जु भुय पड़िया।
दूध दीठा मैं चक्रवत चुणता, फलतरेस आभरण किया ॥

किलम कुंजर नर केहर जू बाकर पग पग पै खीजै पड़िया ।
अविध सु अवपत अधकंठअवाला, जसहड़ संभ्रम आछै जड़िया ॥
सादूला तैं जसहड़ संभ्रम, भिड़ भद्रजाती असुरभगा ।
दीसे रायहरे दुज्जणसल, मोती महिलां मवड़ लगा ॥"

गीत भाटी तिलोकसी जसहड़ का—

"तांतलिया तुरंगम खड़ खगजीना, जुड़ वारध जोगणपुर जाय ।
असपत राव तणा दल आया, तिलोकसी नह वीसरै ताय ॥
भणै तीन्हरिण भेम...पावण डरिया मूंसंडरियो—
नर नीसरै जकै सतियाई, अनी आई हूं आयो ॥
अविहड़ मन सहड़ अंगोभ्रम, वड़पुर वजै न विहड़ै वंस,
तीजातणो कोट छै कारण, हांमू करतो चड़ियो हंस ॥"

रावल दूदा के बेटे पोते

(भांडा)
धना
रायसाल
भैरव
नांदण
तेजा
जैसा
मारमल
हाथी
तेजसी
कल्ला
प्रयाग
नरसिंह
करमचंद
रामा
सूजा
थाईदास
पीथा
माना
करण
पंचायण
मोटा

चौबीसवाँ प्रकरण

रावल घड़सी आदि

रावल घड़सी—मूलराज रतनसी शाका करके मरे तब वंश बना रखने के वास्ते रतनसी के पुत्र घड़सी ने ऊनड़ कान्हड़ और एक भांजे देवड़ा को कमालदीन के सुपुर्द किया था। मूलराज इस आपत्काल में कमालदीन का पगड़ी-बदल भाई हो गया था इसलिए कमाल व उसकी बीबी ने उन लड़कों को अपने पुत्रों के समान लाड़ प्यार के साथ छिपा रक्खा और उनके रसोई पानी के लिये दो ब्राह्मण नियत कर दिए थे। जेसलमेर विजय कर जब कमालदीन दरगाह आया तो कपूर मरहठे ने पादशाह से अर्ज की कि मूलराज व कमाल में मैत्री थी इसलिए मूलराज ने अपने भतीजों को कमाल की गोद में दिया है। पादशाह ने कमाल को पूछा कि रतनसी के बेटे व उसका भांजा तेरे यहाँ हैं। यदि हों तो हाजिर कर। उसने अर्ज की कि हजरत मेरे यहाँ तो जाने नहीं और जो होंगे तो मैं निगाह करूँगा। यह कहकर वह घर आया, चारों लड़कों को चार घोड़ों पर चढ़ाकर निकाल दिया और वे नागोर में सकरसर आकर ठहरे। पादशाही फर्मान उन चारों के हुलिए समेत गिरफ्तारी के वास्ते जगह जगह पहुँच गए थे। नागोर के हाकिम ने उन चारों को पकड़ लिया और पादशाही हजूर में रवाना हुआ। मार्ग में नमाज पढ़ते हुए घड़सी ने उसी की तलवार से उसका मस्तक उड़ा दिया और आप उसी के घोड़े पर चढ़कर निकल भागे, सो चामू आए। अपने भाइयों को वहाँ छोड़कर घड़सी भांजे मेलगदे को पहुँचाने के

वास्ते आबू गया। पीछा लौटता हुआ मेहवे में आकर एक माली के घर पर ठहरा। मेहवे के राव (मल्लिनाथ) का बेटा जगमाल शिकार को जाता हुआ उधर से निकला तब घड़सी बाहर खड़ा था। उसने जगमाल से जुहार न किया। जगमाल ने पीछा आकर अपने पिता से कहा कि आज अपने गाँव में कोई राजपूत आया है, या तो वह गँवार है या किसी राजवंश का है। रावल ने उसकी निगाह कराई। आदमी ने उसके चाकर से पूछा कि यह कौन है। चाकर बोला—और तो मैं कुछ भी नहीं जानता परंतु एक दिन इसने मुझको मारना चाहा था तब कहा कि जो तू शस्त्र छोड़ दे तो राणा रतनसी की आण (शपथ) खाकर कहता हूँ कि तुझे न मारूँगा। तब तो रावल मालदे ने अनुमान से जाना कि यह रावल मूलराज रतनसी का पुत्र या भतीजा है। उसको बुलाकर बड़े आदर सत्कार के साथ अपने पास रक्खा और जगमाल की बेटी का विवाह घड़सी के साथ कर दिया। पाँच सात महीने के पीछे उसने मालदे को कहलाया कि जो आप कहें तो मैं पादशाही चाकरी में जाऊँ और अपना राज पीछा लेने का कोई उपाय करूँ। रावल मालदे ने प्रसन्न चित्त से उसको बिदा दी। घड़सी ने अपने और मनुष्यों को फलोधी के निकट किरड़ा के पास बधाऊड़ा नामी गाँव में रक्खा और आप दस या बारह भाटियों और दो चारणों को साथ लेकर पादशाही हजूर में पहुँचा। बारह वर्ष तक सेवा की परंतु काज न सरा, निपट निराश हुआ और फाकों की नौबत पहुँच गई। ऐसा भी कहते हैं कि घड़सी चतुर था, वहाँ सर्दारों उमरावों के डेरे या बागों में रखवाली पर रह जाता और नित्य प्रति एक रुपया मिल जाता था। इस प्रकार गुज़र करके भी वह पादशाही चाकरी करता रहा। एक बार पूर्व का पादशाह शमसर्दीन (शमसुद्दीन) दिल्ली पर चढ़

आया और दिल्ली से २० कोस पर उसकी सेना ने पड़ाव आन डाला। वहाँ से उसने एक कमान (धनुष) दिल्लीश्वर के पास भेजकर कहलाया कि तुम्हारे कटक में कोई ऐसा है जो इस कमान को चढ़ावे। दिल्लीपति ने बीड़ा फेरकर प्रसिद्ध किया कि जो कोई इस कमान को चढ़ावेगा उस पर हमारी बड़ी कृपा होगी। सबने उस धनुष को देखा परंतु उसे चढ़ाने की हिम्मत किसी की न हुई, बहुत से उसके साथ बल करके बैठे रहे। रावल घड़सी के चाकर भाटी जैचंद के पौत्र और ऊदल के पुत्र *लूणग* ने घड़सी को कहा कि आज्ञा हो तो मैं बीड़ा उठाऊँ। घड़सी ने स्वीकारा, लूणग ने बीड़ा लिया। पादशाही सेवक उसे हजूर में ले गए, कमान उसके सम्मुख धरी गई। लूणग ने उसको चढ़ाकर पादशाह की एक सहेली के गले में डाल दी और यह कहकर डेरे पर आ गया कि अब इसे किसी से कढ़वा लेवें। पादशाह ने अपने बड़े बड़े बलधारियों को बुलाया परंतु कोई उस कमान को निकाल न सका। तब फिर लूणग ही को बुलाकर निकलवाई और खुश होकर पादशाह ने फर्माया कि जो तेरी इच्छा हो सो माँग। लूणग ने अर्ज की कि मेरे और मेरे ठाकुर के चढ़ने के घोड़े दुर्बल हैं सो हमें दो इराकी दिलवाइए। पादशाह ने खास सवारी के दो अश्व उसे दिए। दो दिन के पीछे ही पूरब के पादशाह के साथ युद्ध हुआ, लूणग ने घड़सी को कहा कि अपन लड़ाई से अलग रहें क्योंकि अपने को तो राज पीछा लेना है। यदि हम प्रतिद्वंद्वी को ढूँढ़ निकालें तो अपना लाभ है। युद्ध होने लगा। उस समय घड़सी और लूणग दोनों अश्वारूढ़ हो एक तरफ खड़े रहे और अपने १० जासूसों को भेजकर कहा कि पूरब के पादशाह का पता लाओ। उन्होंने आकर खबर दी कि श्वेत हाथी पर मोतियों की झालरदार अंबाड़ी में

पादशाह बैठा है। ये दोनों उस हाथी के निकट आए और अपने अपने घोड़े उड़ाए। लूणग ने तो एक ही झटके से उस हाथी की सूँड़ काटकर अपनी पाटुरी में डाल दी। घड़सी हाथी के दाँतों पर पाँव टेके अंबाड़ी के भीतर घुसा और पादशाह को नीचे पटककर उसके सिर पर से सवा लाख रुपये के मोल का मुकुट उतारकर ले लिया। दोनों जैसे गये थे वैसे ही लौट आये। इतने में तो दिल्ली की सेना ने पूर्वी सेना को परास्त किया, पादशाह पकड़ा गया। दिल्लीपति के सम्मुख सभी बड़े बड़े उमरा झूठे गाल बजाने लगे, तब पादशाह ने शमसुद्दीन से पूछा कि मेरे इन उमरा में से किसने तुम्हारा मुकाबला किया। वह बोला कि नाम तो मैं जानता नहीं परंतु इन उमरा में से तो कोई न था। वे तो दो हिंदू सवार थे, जिन्होंने मुझे पकड़ा, मेरे हाथी की सूँड़ काटी और मेरे सिर पर से सवा लाख का मुकुट ले गये। यदि मैं उनको देखूँ तो पहचान सकता हूँ। बड़े छोटे उमरा में से तो उसने किसी को न स्वीकारा परंतु सब के पीछे जब घड़सी और लूणग उसके सम्मुख आए तो वह बोला कि यही हैं। घड़सी ने मुकुट और लूणग ने हाथी की सूँड़ पादशाह के सामने रख दी। पादशाह उनसे बहुत प्रसन्न हुआ। उसने फ़ुर्माया कि जो इच्छा हो सो माँगो। उन्होंने कहा कि हमारा वतन जेसलमेर हमें मिल जावे। पादशाह ने अर्ज मानी, जेसलमेर का मुजरा करा अपने दीवान व बख्शी को हुक्म दिया कि इन्हें फर्मान लिख दो। रावल के साथ काला का पुत्र नेतुंग था जिसके पास बहुत सा धन था। उसे व्यय कर पट्टा करवाया, सब नेगियों को भी इनाम इकराम दिया और सारी सर्कार को राजी किया। एक पादशाह के हलालखोर (भंगी) को कुछ न मिला। उसने कुछ फांस मारी थी परंतु अंत में उसका भी मन मना लिया। फिर पादशाह की दर्गाह से बिदा होकर चले

और जेसलमेर से ३ कोस वासणपी के आगे राजबाई की तलाई पहुँचे, जो जेसलमेर और वासणपी के बीच में है। वहाँ कुछ अपशकुन हुए, वे वहाँ ठहर गए। शकुनी को बुलाकर फल पूछा। वह बोला कि यहाँ किसी मनुष्य का बलिदान करना चाहिए। रावल के साथ १२ मनुष्य भिन्न-भिन्न शाखाओं के थे, केवल रतनू चारण आसराव और उसका बेटा दोनों एक ही घर के थे। बारहट ने विचार करके कहा कि और तो सब शाखा प्रति एक एक जन हैं और हम दो हैं अतः हमारे में से एक को बलि दे दो। यह विचार हो ही रहा था कि एक मेव पादशाही फर्मान लेकर वहाँ आन पहुँचा। इन्होंने समझा कि यह हमारे साथ का साथ लगा आया सो ठीक नहीं (इसमें कुछ भेद है)। पत्र खोलकर पढ़ा तो उसमें लिखा था कि गढ़ मत देना। इन्होंने उस मेव को मारकर खदिर वृक्ष के नीचे बलि में चढ़ाया और नगर में पहुँच फर्मान बतलाकर गढ़ पर अधिकार किया। उस वक्त फिर कुछ शकुन हुआ। रावल ने शकुनी से पूछा, उसने कहा कि गढ़ के साथ रावल कोई ऐसा काम करे कि जिसमें उसका नाम रह जावे। रावल ने अपने नाम पर घड़सीसर तालाब वहाँ बनवाया। तीन वर्ष ८ महीने रावल घड़सी ने राज्य किया। भीम जसहड़ोत के पुत्र तेजसी ने गढ़ की तलहटी में बावड़ी पर गोठ की। रावल घड़सी भी वहाँ आया, जल्दी करके वह घोड़े पर से उतरता था कि तेजसी ने उस पर असि-प्रहार किया, मस्तक टूटकर पृथ्वी पर गिर पड़ा और धड़ को घोड़ा लेकर गढ़ पर चढ़ गया। राणी को खबर हुई। उसने गढ़ का दर्वाजा बंद करवा दिया, तेजसी भी पीछे लगा आया। गढ़ पर से उस पर पत्थर बरसाने लगे जिससे उसके कई साथी मर गए और वह भाग निकला। राणी विमलादे ने विचार किया कि रावल के कोई भाई या बेटा तो है नहीं। अब गद्दी पर कौन बिठाया जावे। तब उसने अपने

सर्दारों से कहा कि कोई ऐसा राजपूत है जो पाँच सात दिन गढ़ की रक्षा कर सके जितने में मैं मूलराज के पौत्र देवराज के पुत्र राणा रूपसी के दोहित्र केहर को वारूछाहिण से बुला लूँ। आसकरण का पुत्र डेल्हा जसहड बोला कि मैं गढ़ की रक्षा करूँगा परंतु पीछे तुम हमारे साथ भलाई करना, हम कुछ विनती करें उसे मानना। विमलादे ने स्वीकारा, वचन दिया तब डेल्हा अपने ५०० राजपूतों को लेकर गढ के द्वार पर आन बैठा। विमलादे ने कंगूरों पर से आदमी को नीचे उतार केहर को बुलवाया। जब वह आन पहुँचा, टीका उसके ललाट पर दिया। गढ़ का द्वार खुला, सब भाटियों ने आकर केहर देवराजोत को जुहार किया। हरामखोर (तेजसी) भागा। विमलादे ने डेल्हे को जेसलमेर से १२ कोस पोहकरण के मार्ग पर चाधणा गाँव जागीर में दिलाया। (टॉड लिखता है कि विमलादे अपने पति की इच्छानुसार केहर को पाट बिठाकर सती हो गई।)

रावल घड़सी के साथ आपत्काल में ये राजपूत थे—जैतुंग, महिपा कोल्हावत, जसहड डेल्हा आसकरणोत, जैचंद लूणग ऊदलोत, बारहट आसराव रतनू, आसराव विहुणराव का विहुणराव जोगी, देदा बूजा रतन का, खिराई आसराव का। गीत रावल घडसी का—

घणादीह लग ताहरो नाम रहसी घणोघण जूझार जूवाँ सैधायाह, आप प्राण दिलीऊवेली पूरबरो गो पतसाहा॥ हेकण धाव धरावस आणी पड़गाहे दिल्ली पतसाह, पूरब पोह गमियो पर दीपै रतनावत घड़सी रिमराह॥ वेढक जेसलमेर वालियो कम-सांगल बोलै जस कंठ, घड़रावल सरगापुर वसियो विमलादे सहियो वैकुंठ॥

रावल घड़सी को बहुत दिनों पीछे जेसलमेर मिला था। उस वक्त देश में इइया पोहण (भाटी) सबल थे। वे रावल की आज्ञा नहीं

मानते थे। रावल का कुछ बस नहीं चलता था। रावल मालदेव भी इइयों का जमाई था इसलिए वह उनका पक्ष लेता था। रावल घड़सी को भी मालदेव की बेटी ब्याही थी अतः घड़सी और जगमाल मालावत में बड़ी प्रीति थी। रावल मालदेव देवी की यात्रा के वास्ते द्रंग में आया तब घड़सी और जगमाल भी साथ थे। घड़सी ने जगमाल को कहा कि ये द्रंग के इइया पोइड़ हमारी आज्ञा नहीं मानते हैं, जब तक ये जेसलमेर की धरती में रहेंगे तब तक उसका सुख हमें आने का नहीं। जगमाल बोला कि इनको मार लेना तो कुछ कठिन नहीं है परन्तु ये रावलजी के कृपापात्र हैं, यह सुनकर घड़सी उदास सा हो गया। तब जगमाल ने कहा कि चित्त में संतोष रक्खो। इनको हम किसी तरह मारेंगे। दूसरे दिन प्रभात को जगमाल ने जाकर रावल मल्लिनाथ को कहा कि हम अमुक गाँव पर छापा मारना चाहते हैं, सो आप साथ को हुक्म देवें। रावल का यह नियम था कि प्रभात होते शौचादि से निवृत्त हो स्नान कर ध्यान में बैठ जाता सो पहर दिन चढ़े तक बोलता न था। जगमाल ने इइया पोइड़ को तो दरीखाने बिठाया और जाकर रावल के कान में कहा कि राजपूतों को आज्ञा दीजिए कि मेरे साथ चलें। रावल बोला तो नहीं, पर हाथ के इशारे से आज्ञा दी। जगमाल ने आकर राजपूतों को कहा कि उठो, जिस काम के लिए रावलजी ने आज्ञा दी है सो करें और बाहर आकर प्रकट किया कि इइया पोइड़ों के मारने का हुक्म है, उन पर टूट पड़े और मार गिराए।[1]

---

(१) नैणसी ने मूलराज रतनसी, दूदा तिलोकसी, व घड़सी का समय नहीं दिया है केवल रावल जेसल का सं० १२१२ में जेसलमेर बसाना लिखकर पिछले राजाओं का राजत्वकाल लिखा है। यदि हम उसके आधार पर गणना करें तो मूलराज रतनसी का पतन सं० १३४५-४८ में और दूदा ति-

घोकसी का सं० १३२७–४८ में मारा जाना सिद्ध होता है। अब इसी ख्यात में दी हुई दो एक बातों की जाँच करने से स्पष्ट हो जावेगा कि उपर्युक्त समय सही नहीं है।

रावल सोनदेव के पिता का गोरीशाह से लड़ना और जेसल का गोरियों की सहायता से राज पाना ठीक नहीं हो सकता। फारसी तवारीखों के मुताबिक सुलतान शहाबुद्दीन गोरी अपने भाई गयासुद्दीन के हुक्म से जो गोर और गजनी का सुलतान था स० ५६७ हि० (स० ११७१ ई०, सं० १२२८ वि०) में पहले पहल मुल्तान पर चढ़कर आया था।

सं० १३२७ में होनेवाले रावल जैतसी का गुजरात के पादशाह के पास जाना नहीं बन सकता, क्योंकि उस वक्त तो गुजरात में बघेले राज करते थे। सुलतान अलाउद्दीन खिलजी ने सं० १३५३–५५ में राय कर्ण बघेले से गुजरात ली थी।

सं० १३२७–४८ में सुलतान अलाउद्दीन खिलजी पादशाह दिल्ली का था। फारसी तवारीखों में इस जेसलमेर के शाके का कोई जिक्र नहीं पाया जाता।

रावळ मल्लिनाथ ख्यात में दिए हुए दूदा तिलोकसी के समय से बहुत पीछे हुआ था। दूदा तिलोकसी के समय में तो खेड़ म राव टीडा का होना बन सकता है।

ऐसे ही कर्नल टॉड ने मूलराज की गद्दीनशीनी का समय सं० १३५० दिया है और सं० १३५१ में वह शाका करके काम आया। फिर लिखा कि एक अर्से तक गढ़ मुसल्माना के अधिकार में रहा। जब पाण्डव के पौत्र दूदा तिलोकसी ने मुसलमानों को खदेड़ना शुरू किया तो तंग आकर उन्होंने गढ़ मेहवे के राठोड़ राव मल्लिनाथ के बेटे जगमाल के सुपुर्द कर दिया। दूदा तिलोकसी न राठोड़ों से गढ़ लिया तब फिर पादशाही फौज आई और दूदा तिलोकसी मुकाबले में मारे गए। गढ़ फिर मुसल्मानों के हाथ में आया। घड़सी न मेहवे के राव की बहन से विवाह किया था जिसकी मँगनी पहले देवड़े राव से हुई थी। उसी अर्से में अमीर तैमूर हिंदुस्तान में आया। यह सुनकर घड़सी दिल्ली गया और तैमूर की फौज से बड़ी बहादुरी के साथ लड़ा, जिस पर दिल्लीश्वर ने प्रसन्न होकर जेसलमेर उसे पीछा दिया। मेहवे के राठोड़ और हमीर के बेटे जैता लूणकर्ण व मेंहू की मदद से उसने जेसलमेर

लेना चाहा था परंतु दूदा तिलोकसी ने गढ़ न दिया। जेसलमेर कितने समय तक मुसलमानों व दूदा तिलोकसी के अधिकार में रहा यह टॉड साहब ने नहीं लिखा है।

यदि हम मूलराज का समय सं० १३५१ का मानकर सुलतान अलाउद्दीन खिलजी के समय में उसका मारा जाना स्वीकारें तो हमको यह भी मानना पड़ेगा कि करीब १०० वर्ष तक जेसलमेर पर मुसलमानों का व दूदा तिलोकसी का अधिकार रहा। इस अवस्था में यह तो कदापि बन नहीं सकता कि मूलराज के मारे जाने के थोड़े ही अर्से पीछे दूदा तिलोकसी के हाथ में गढ़ आ गया हो और क्योंकि दूदा मूलराज का समकालीन था तो यह भी विश्वास योग्य नहीं कि वह मूलराज की मृत्यु के पश्चात् ८० या ६० वर्ष तक गढ़ का स्वामी रहा हो। फिर कैसे संभव है कि उसने जगमाल राठौड़ से गढ़ लिया क्योंकि जगमाल उसके पिता मल्लिनाथ की मृत्यु के पीछे (सं० १४२७ में) मेहवे का स्वामी हुआ। दूसरा सिरोही में देवड़ों का राज भी सं० १३७० के लगभग स्थापित हुआ। उस वक्त तक आबू पँवारों के अधिकार में था। अतः न तो आबू के देवड़े का मूलराज का भांजा होना बन सकता और न घड़सी का आबू उसको पहुँचाना बन सकता है। तीसरा अमीर तैमूर की चढ़ाई हिंदुस्तान पर सं० १४५५ में हुई थी। घड़सी का तैमूर के साथ युद्ध करना समझ में नहीं आता। तैमूर ने दिल्ली फतह कर ली थी। सुलतान महमूद तुगलक शाह परास्त हो गया था। दिल्ली जाते वक्त तैमूर ने भटनेर का गढ़ भी विजय किया था, जिसके वास्ते वह आप अपनी पुस्तक "तुजके" तैमूरी में लिखता है और फिरिश्ता ने उसका वर्णन ऐसे किया है कि "मिर्जा पीर मुहम्मद जहाँगीर, शाहजादे अमीर तैमूर, को मुलतान में कई महीने तक रुकना पड़ा और उसकी सेना का भी वहाँ बहुत नुकसान हुआ। आखिर जब तैमूर का लश्कर पास आया तब वह उनसे जा मिला और भटनेर के हाकिम की शिकायत पिता के पास की। अमीर तैमूर दस हजार सवार साथ ले अजोधन, देपालपुर लूटता हुआ भटनेर पहुँचा। अजोधन देपालपुर के कई लोगों ने भटनेर में आकर शरण ली थी और गढ़ में इतना स्थान न रहने से बहुत से मनुष्य खाई के पास ही पड़े थे। अमीर ५० कोस मार्ग एक दिन में चलकर भटनेर में दाखिल हुआ। यह गढ़ हिंदुस्तान के नामी गढ़ों में है

और मार्ग से दूर होने के कारण कभी कोई विगानी सेना वहाँ न पहुँची थी। जो लोग खाई के किनारे ठहरे थे वे सब मारे गए और उनका माल असबाब लूट लिया। राय कुलचंद जो वहाँ का हाकिम था कुफ्फार हिंद के नामी बहादुरों में से था, वह गढ़ से निकलकर अपनी सेना का परा जमाकर युद्ध पर उतारू हो गया। अमीर के सिपाहियों ने हमला करके उसे शहर में हटा दिया। नगर के निकट अमीर आप लड़ाई में शामिल हो गया और संध्या पड़ते पड़ते शहर फतह हो गया। कई लोग कत्ल किये गये और लूट का माल भी खूब हाथ लगा। फिर अमीर गढ़ की ओर बढ़ा व सुरंगें लगाना शुरू किया। राय ने एक सैयद की मार्फत बड़ी दीनता के साथ अर्ज कराई कि एक दिन की छुट्टी दीजिए, गढ़ खाली कर दूँगा। अमीर ने इसको स्वीकारा, परंतु दूसरे दिन जब करार पूरा न हुआ तो फिर सुरंगों का काम जारी किया गया। राय ने अपने बेटे को अमीर के पास भेजा और दूसरे दिन आप भी बहुत सा नजर नजराना लेकर हाजिर हुआ। कई किस्म के शिकारी जानवर और ३०० घोड़े इराकी भेंट किए। अमीर ने भी उसे भारी खिलअत दी। अपने दो सर्दार सुलेमानशाह और अमीरुल्ला को तैमूर ने गढ़ के दर्वाजे पर इसलिये नियत किया था कि वे उन आदमियों को ढूँढ निकालें जिन्होंने काबुली मुसाफिर को, जो मिर्जा पीर मोहम्मद जहाँगीर के नौकरों में से था, मारा था, और उनको सजा दें। तदनुसार ५०० आदमी कत्ल किए गए। इस पर राजा के भाई बेटों ने लड़ाई की। तैमूर ने राजा को कैद कर लिया और शहर में घुसा। नगर निवासियों न अपनी स्त्रियों व बाल-बच्चों को आग में जला दिया और वे लड़न लगे। तैमूर के कई आदमी मारे गये तब उसने नगर को फूँक दिया और वहाँ से कूच कर सरसती में आया।"

मालूम होता है कि उस वक्त भटनेर का गढ़ भाटियों ही के अधिकार में था।

उपर्युक्त बातों को ध्यान में रखते हुए ऐसे कहना अन्यथा नहीं कि कर्नल टाड के लेख की अपेक्षा नैणसी का वृत्तांत विशेष विश्वास के योग्य है। उसने पादशाह का नाम "महम्मद खूनी" दिया है जो शायद मोहम्मद तुगलक हो क्योंकि वह भी बड़ा जालिम पादशाह हुआ है और उसका समय भी दूदा तिलोकसी के समय से मिल जाता है। आश्चर्य नहीं कि मूलराज रतन्सी और दूदा तिलोकसी के शाके उसी समय या तो मुहम्मद तुगलक या

फीरोज तुगलक की पादशाहत में (सं० १४४०-५० के लगभग) हुए हों। नैणसी ने भी "गढ़ फतह हुए" उस प्रसंग में रावल दूदा तिलोकसी ने जौहर किया और पादशाह फीरोजशाह की फौजें जेसलमेर आईं ऐसा लिखा है। इस बात की पुष्टि इससे भी होती है कि मलिक कमालुद्दीन मोहम्मद तुगलक का एक नामी सामंत था। मोहम्मदशाह के उत्तराधिकारी फीरोजशाह तुगलक के समय में रावल घड़सी ने जेसलमेर पीछा पाया हो। घड़सी ने यदि किसी पादशाह का मान-मर्दन किया हो तो वह अमीर तैमूर नहीं किंतु बंगाल का शाह शमसुद्दीन हो सकता है जैसा कि नैणसी ने लिखा है कि "पूरब देश का पादशाह शमसुद्दीन चढ़ आया।" अंतर इतना ही है कि फारसी तवारीखों में इस विषय में ऐसा लेख मिलता है कि गोरखपुर के राजा उदयसिंह को जेर करके जब सुलतान (फीरोज तुगलक) स० ७५४ हि० (स० १३५४ ई०) में बँधवा की सीमा में पहुँचा, अलयास हाजी ने (लखनौती का सुल्तान जिसने अपना नाम शमसुद्दीन शाह रक्खा था) खुदमुख्तारी इख्तियार-कर ताज बादशाही सिर पर रक्खा, बंगाल, बिहार व बनारस तक मुल्क फतह कर लिया। फीरोज उधर गया तो वह बँधवा छोड़कर कदाला गाँव में चला गया। पादशाह के वहाँ पहुँचने पर लड़ाई हुई जिससे पादशाही सेना पीछे हट कर गंगा किनारे आ टिकी। पड़ाव का स्थान अच्छा न होने से पादशाह दूसरी जगह देखने को चला, हाजी अलयास ने समझा कि पादशाह लौटता है। गढ़ में से निकलकर धावा मारा परंतु सफल न होने से पीछा गढ़ में भागा और ४४ हाथी छत्र और उसका सारा राजसी ठाट पादशाह के हाथ आया और प्यादे बहुत मारे गये और बहुत से कैदी पकड़े गये। दूसरे दिन पादशाह ने कैदियों को छोड़ दिया। वर्षा ऋतु आ जाने से पादशाह ने कूच किया। स० ७५७ हि० (स० १३५६ ई०; सं० १४१३ वि०) में लखनौती और बंगाल के सुलतान शमसुद्दीन शाह का एलची फीरोजाबाद में फीरोजशाह तुगलक के दर्बार में आया और बहुत सी भेंट देकर संधि के निमित्त निवेदन किया। पादशाह भी उससे सम्मत हुआ, एलची को आदर-सत्कार के साथ बिदा किया, और उसी दिन से बंगाल और दक्खिन दिवली के अधिकार से निकल गए। स० ७५९ हि० (स० १३५८ ई०; सं० १४१५ वि०) में शमसुद्दीनशाह ने अपने चंद उमरा के साथ फिर नजर नजराना भेजा।

(१) रावल घड़सी के मारे जाने पर उसकी राणी विमलादेवी ने केहर को गोद लेकर गद्दी पर बिठाया। वह बड़ा प्रतापी हुआ, ३४ वर्ष १० मास ६ दिन राज किया और अपनी मौत से मरा।

(२) बड़ा बेटा था जो लाछाँ देवड़ी के पेट से उत्पन्न हुआ। उसने रावल केहर से पूछे बिना अपना विवाह मेहवचों के यहाँ कर लिया इसलिये केहर ने उसको निर्वासित करके दूसरे पुत्र लखमण को पाटवी बनाया।

पादशाह फीरोजशाह ने भी तीनों तुर्की घोड़े और दूसरी कई कीमती चीजें भेजीं परंतु उनके पहुँचने के पूर्व ही शमसुद्दीनशाह मर गया और उसका बेटा सिकंदरखाँ बंगाल का सुलतान हुआ।"

इसके अतिरिक्त यह भी कल्पना हो सकती है कि फीरोजशाह तुगलक—जैसा कि पहले लिख आए हैं—राव रनमल भाटी की पुत्री के पेट से पैदा हुआ तो क्या आश्चर्य है कि इस संबंध के लिहाज से उसने रावल घड़सी को जेसलमेर पीछा दे दिया हो।

सारांश कि या तो मूलराज रतनसी के पीछे कई वर्ष तक जेसलमेर दूदा तिलोकसी व उसकी सन्तान के हाथ में रहा हो या मूलराज ही मोहम्मदशाह तुगलक के समय में गद्दी पर आया हो।

(३) लाछां देवड़ी के पेट का, कई दिन तक विक्रुंपुर का स्वामी रहा। एक बार एक कतार (ऊँटों की पंक्ति) का महसूल चुकाने गया था कि पीछे से केलण ने आकर वीकमपुर पर अधिकार कर लिया। सोमने देरावरली और पाँच सात वर्ष जीवित रहा।

(४) इस पर जेसलमेर का रावल चढ़ आया। सहस-मल ने गढ़ का द्वार खोलकर युद्ध किया और मारा गया। देरावर में, जहाँ उनका अग्नि संस्कार हुआ था, सोम और सहसमल की देव-लियाँ बनी हुई हैं। सहसमल की संतान फलोधी ओचवद में हैं।

(५) अपने भतीजे को लेकर सिंध में चला गया, परंतु राव वरसिंह ने उसे पीछा बुलाकर धोवसा, वजू, कुंवासर, सिंध और पोथासर पाँच गाँव जागीर में दिए। पहले ये गाँव राखसियों के थे। रूपसी की संतान गाँव भावधी व वजू में है।

(६) लाछां देवड़ी के पेट का, जिसकी संतान जैसा भाटी जोधपुर के चाकर हैं।

(७) लाछां देवड़ी के पेट का। (कर्नल टॉड के लेखानुसार इसने सांवलमेर बसाया, जो अब जोधपुर राज्य में है।)

रावल लखमण केहर के पाट बैठा, वर्ष ३१ दिन १३ राज किया। इसके तीन पुत्र थे—बैरसी टाकेत, रूपसी और राजधर। इनकी सतानों में पाटवी तो लखमण पोतरा कहलाता है और दूसरे लखमण भाटी कहे जाते हैं। रूपसी लखमण का इसकी जुदी शाखा है जो रूपसी करके प्रसिद्ध है। उसमें मादलियावाले और पोकरणवाले दो विभाग हैं। जेसलमेर राज्य में रूपसी (भाटी) बहुत हैं। इनका वतन फाळा

---

(८) सांवतसी की सतान सांवतसी भाटी कहलाती है। उनकी जागीर में जेसलमेर से दस और गारहरा से तीन कोस पर कोटड़ी नाम का गाँव है। रावल कल्याणमल और मनोहरदास के राज्य-समय में सांवतसीहोत भाटियों का बड़ा आदर था।

(९) लालादेवी मेहवची के पेट का, इसकी सतान मेहाजलोत भाटी कहलाते हैं। इनकी जागीर में जेसलमेर से ३० कोस ऊमर-कोट के मार्ग पर मेहाजलहर गाँव है। गाँव उन के पास थोड़ा में भाटी माधा किसनावत रहता है।

(१०) खाही देवड़ा के पेट का।

लुद्रवा से दो कोस परे है; पहले इनके रावताई थी। नाथा हरदास रूपसी जेसलमेर राज्य में हैं; करमचंद जरसा का जिसके पुत्र थोका और भागचंद, वीरदास नीसलोत रायसल देवा का, अमरा भाखर का, चंदराव का पौत्र; भाटी वीठुल गोयंदोत जोधपुर चाकर।

राजधर, लखमण का जिसके वंशज राजधर भाटी कहलाते हैं, जेसलमेर राज्य में उनके दो कोहर (कुंए) और दो गाँव—घड़ोली जेसलमेर से एक कोस, सतोही १५ कोस, ऊमरकोट के मार्ग पर जागीर में हैं। बांमणो का सूजेवा, लाठी से कोस ४, रावल कल्याणदास ने भाटी जसवंत को वतन कर दिया था। राजधर का पुत्र जैतमाल। जसवंत वैरसलोत अच्छा राजपूत हुआ, रावल मनोहरदास के समय में वह चार प्रधानों में था। जसवंत के पुत्र—भोपत, उदयसिंह, भोजा, साम, जोगीदास। भोपत का बेटा भागचंद। वैरसल का दूसरा पुत्र सगता (शक्तिसिंह), सगता का पुत्र किसना और विसना (विष्णु); धोधा, वीरदास और सूरजमल।

रावल वैरसी लखमण का—१९ वर्ष, ९ महीने १७ दिन राज किया। पुत्र चाचा (चाचगदेव) टीकेत, ऊगा, मेला और बणवीर।

(१) सं० १६५५ में अर्जुन ने मारा।

(२) बादशाह हुमायूँ का चाकर, ठट्टे में काम आया।

(३) वतन सिंध का गाँव सावडा जेसलमेर छोडकर धाराटिया (लूटमार करनेवाला) हुआ।

रावल चाचा (चाचकदेव) वैरसी का पुत्र गद्दी पर बैठा, वर्ष १९ मास ११ राज किया। किसी काम के वास्ते सूराकर से ठट्टे गया था। लौटते वक्त ऊमरकोट के स्वामी सोढा मांडण ने अपनी भतीजी का विवाह उसके साथ किया। ऊमरकोट व जेसलमेर के स्वामियों में सदा से शत्रुता चली आती थी। रावल चाचा ने राणा मांडण के भतीजे भोजदेव भीमदेव को कुछ कुवचन कहे जिस पर भोजदेव ने चूक करके रावल को मार डाला। साथ में जो भाटी थे उन्होंने दो एक कोस पर डेरा जा जमाया और रावल के पुत्र

---

(४) राजा गजसिंह सूरजसिंह के मोहनिया नाम की पावर पासवान थी। उसकी बेटी को सं० १६७९ में गोयदास भाटी ने जोधपुर में परणाई और चंद्रसेन को जागीर देकर अपने पास रक्खा।

(५) राव जैतसिंह राजावत का नौकर।

(६) सोनावड़ी जागीर में थी।

(७) रा० मोहनदास राजावत के नौकर।

देवीदास को बुलाया। उसने आकर ऊमरकोट घेरा, राणा मांडण निकल भागा परन्तु पीछा कर आठ कोस पर उसे जा लिया और मारा। भोजदेव भीमदेव भी पहले तो निकल भागे थे, पीछे १४० आदमियों सहित आकर मारे गए। राव मांडण का मस्तक बटवृक्ष पर लटकाया गया और ऊमरकोट का गढ़ गिराकर उसकी ईंटें जेसलमेर लाई गई जिनसे कर्ण का महल तैयार कराया।

साचो का गीत—

छत्रपत सुरताण चाचर नां भेवा फूटी दह दिस बात फुडी,
मंडण गुडिया नहीं महारण महणे राजकुमार गुड़ी।
त्यौं पांतरै बड़ो छत्र पडियो बोटण गढ़ां अथग जल बोल,
ने वर रोल किया मृगनैणी राणै कियो न पाखर रोल।
मांडण चाचगदे मारेवा करै जिगन मन कूड़ कियो,
ऊतारीयो सनाह आपरो दलह करी सनाह दियो[1] ॥ १ ॥

रावल देवीदास चाचकदेव का—रावल चाचा ऊमरकोट पर चढ़ा था, उन्होंने अपनी बेटा का विवाह उसके साथ कर फिर दगा से उसको मार डाला। उसके साथ के भाटियों ने दो-चार कोस दूर जाकर डेरा डाला और जेसलमेर से देवीदास को बुलाया। जब वह आया तो भाटियों ने उसके तिलक (गद्दी का) करना चाहा परन्तु देवीदास बोला कि मैं अभी टीका लेना नहीं चाहता, या तो मैं अपने पिता के मारनेवाले मांडण को मारूँगा या मैं ही मरूँगा। उसके सब साथी भी पूर्ण उत्तेजित होकर उससे सहमत हुए

(1) कर्नल टॉड ने चाचकदेव का एक ब्याह मारवाड़ के राव जोधा की कन्या से और दूसरा सेता के राजा हयातखाँ की बेटी से होना लिखा है और यह भी कहा है कि उसने मारवाड़वालों से सातलमेर लिया। देवीदास का नाम वंशावली में नहीं लिया, चाचगदेव के पीछे बैरीसिंह का गद्दी पर बैठना कहा है।

और ऊमरकोट पर धावा कर दिया, गढ़ में जा घुसे और बहुत से सोढ़ों को असिधारा में बहाया। मांडण अपने भतीजों भीमदेव, भोजदेव सहित निकल भागा परंतु पीछा कर आठ कोस पर उसे जा लिया और लड़ाई हुई जहाँ मांडण, भीमदेव व भोजदेव १४० सोढ़ों सहित मारे गए। ऊमरकोट के गढ़ को गिराकर देवीदास उसकी ईंटें जेसलमेर ले गया जिनसे फर्थे महल चुनवाया।

रावल देवीदास के समान कोई प्रतापी रावल जेसलमेर की गद्दी पर न हुआ। उसने आस-पास के सब राज्यों से छेड़-छाड़ लगाई। वर्ष २५ मास ४ राज किया। उसके पुत्र—जैतसी पाटवी, कुंभा, और राम; कुंभा का जगमाल, जगमाल का सांतल, सीहा; और सांतल का बेटा देवराज जिसको राव रणमल्ल ने घणलै में राव चूंडा के वैर मे मारा। खातल तोगावत जेसलमेर में चाकर जागीर मे गाँव खीवला, बीम्भोराई सांगड़ के हैं। भाटी केशोदास भारमलोत पोहकरण के गाँव ठरड़े में रहता है।

राम देवीदास का (मेहवे के) रावल हापा के यहाँ ब्याहा था। उसी प्रसंग से राम का पुत्र शंकर मेहवे ही रहा। जोधपुर भी उसने चाकरी की थी और कहते हैं कि सोजत में गाँव आंवा उसके पट्टे था। शंकर के पुत्र खींवा, सांवल, महेश, ऊदा, व सूरा। खींवा के पुत्र सुरताण व खेतसी, सुरताण के राघव, अचल, धीरा, रामसिंह; और खेतसी के कान्हा व मनोहर। राम का दूसरा बेटा केहर बीकानेर है।

रावल जैतसी देवीदास का—३५ वर्ष चार महीने दस दिन राज किया। कुछ ढीला सा राजा था। बीकानेर का राव लूण-कर्ण बीकावत देवीदास का कुछ दोष विचारकर जेसलमेर पर चढ़ आया और नगर से दो कोस वडाणी राजबाई की तलाई पर डेरा कर

इलाके को लूटा। भाटियों ने सावाहा (रात को छापा मारना) का विचार किया परंतु राव योका के दोहिते भाटी नरसिंह देवीदासोत को जेसलमेर से निकाल दिया था, वह राव लूणकर्ण के साथ था, उसने समाचार पाकर राव को सूचित कर दिया। राठोड तैयार हो बैठे और अपनी सेना के पास ४ बड़े काँटों के ढेर लगा दिये। जब भाटी निकट पहुँचे तब उनमें आग लगादी, प्रकाश हुआ, तब तो भाटी मुड़े और राठोड़ों ने उनका पीछा किया और बहुत से भाटी मारे गए। एक यह भी बात सुनी है कि रावल जैतसी बूढा हो गया तब उसके पुत्र जयसिंहदेव, नारायणदास राम और पुनसी ने मिलकर कितने एक दिन रावल को कैद में रक्खा और अपने भाई बाहडमेरी सीता के पुत्र, रावत भीमा बाहडमेरे के भाजे लूणकर्ण व रावत करमसी को देश से निकाल दिया। वे सिंध में जा रहे; कुछ समय पीछे रावल जैतसी ने अपने चार बूढे भाटियो द्वारा जयसिंहदेव आदि से कहा सुना। भाटियों ने उनको कहा कि रावल को हमारे पास रख दो और राज तुम करो। रावल ने भी यही कहा कि मैं इसमें राजी हूँ। तुम मेरे सपूत हो, लूणकर्ण करमसी कपूत थे जो चले ही गए, बला टली, इस तरह प्रकट में बाप बेटों के बीच पीछे प्रीति हुई। उन दिनों घुड़साल में घोडे बहुत से थे। रावल ने बेटों को कहलाया कि अपने ऐसी क्या आय है जिस पर इतने घोडे रक्खें। सवारी के योग्य अश्व रखकर शेष खारीग (स्थान-विशेष) में चरने को छोड दो। उन्होंने भी इस बात को स्वीकार किया और अनेक तुरङ्गों को वहाँ रख दिया। रावल जैतसी ने अपने सब बड़े-बूढे सर्दारों को हाथ में लेकर भाटियों से कहा कि मैं महादुखी हूँ। पूछा, क्या कारण? तो कहा कि इन बेटों ने छोटे होने पर भी मेरी प्रतिष्ठा भंग की और मुझे कैद में रक्खा

-यह बात सारी विदित हो गई। भाटी बोले कि हम आपकी आज्ञा पालन करने को तैयार हैं। रावल ने वचन माँगा, सब ने वचन दिया। तब रावल ने कहा कि लूणकर्ण को बुलाओ और इनको निकालो। सब ने मिलकर लूणा को पत्र लिखा कि शीघ्र आओ और खारीग में से घोड़े लो, हम वहाँ के मनुष्यों को कह देंगे कि वे घोड़े तुमको दे देवें। पत्र पाते ही लूणकर्ण करमसी सिंध से चले और निकट पहुँचकर रावत भीम को संकेत-स्थान पर बुलाया, घोड़े लिए, सवारों के दल को तो पीछे रक्खा और बीस पचीस सवार आगे भेजकर नगर के समाचार मँगाए। यह बात प्रसिद्ध हो गई तब जयसिंहदेव ने रावल जैतसी और बूढ़े भाटी पूंजा को पुछवाया कि क्या करना चाहिए? उन्होंने उत्तर भेजा कि इनके दाँत तोड़ना उचित है। ये अपना साथ लेकर चढ़े, वे आगे तैयार खड़े ही थे, दोनों भिड़ पड़े। जयसिंहदेव पतले कलेजे का था, सो उन्होंने मार भगाया। ये भी घायल हुए, वे तो दाहिने बाँये चले गए और लूणकर्ण तो सीधा नगर की तरफ गया। जयसिंहदेव की माता गढ़ में थी। जब उसको ये समाचार मिले तो उसने गढ़ का द्वार बन्द कर दिया। रावल जैतसी ने बुर्जों पर से रस्से डलवाकर लूणकर्ण करमसी व उनके साथियों को गढ़ में प्रवेश कराया। उन्होंने आते ही जैतसी की दुहाई फेरी और वह पीछा सिंहासन पर बैठा तथा लूणकर्ण करमसी ने उसके चरणों में सीस नवाया।

रावल जैतसी का वंश

रावल लूणकर्ण[1] | रावल करमसी[2] | बहिरायल | राजा[3] | मण्डलीक | नरसिंह[5] | जयसिंहदे[6] | राम[9] | तिलोकसी[10]

(१) बाहड़मेरी सीताबाई का बेटा।

२) बाहड़मेरी सीताबाई का बेटा ।

(३) बाहड़मेरी सीताबाई का बेटा।

(४) " " का बेटा।

(५) राव बीकाजी (राठोड़) का दोहिता।

(६) ईडरवाली राणी का बेटा। इसको निकाल दिया तब ईडर चला गया। इसकी संतान ईडर में है।

(७) राव कल्याण सुरताण गढिया पर चढ़कर गया तब वहाँ काम आया।

(८) युद्ध मे काम आया।

(९) राव बीकाजी का दोहिता।

(१०) राव बीकाजी का दोहिता।

राव लूणकर्ण[1] जैतसीहोत का वंश०

रावल मालदेव	सूरजमल[8]	महेशदास	हरदास	दुर्जनसाल	विजयराव

(१) वर्ष २२ मास १० और ३ दिन राज्य किया।

८ कर्नल टॉड न रावल लूणकर्ण को देवीदास का पुत्र और जैतसी का छोटा भाई बतलाया है जो अपने पिता से लड़कर कंदहार चला गया था। रावल जैतसी के मरने पर कंदहारियों की सहायता से उसन अपने भतीजे करमसी से राज्य छीन लिया। अली खाँ नामी एक कंदहारी न दगा से जेसलमेर के गढ़ पर अधिकार कर लिया था। तब सं० १६०७ में रावल लूण कर्ण उसके मुकाबले में मारा गया। उसके पुत्र मालदेव व हरराज थे। (हरराज मालदेव का बेटा था, भाई नहीं)।

(सं० १५९९ वि० में जब शेरशाह सूर ने दिल्ली की बादशाहत हुमायूँ से छीन ली और वह भागता हुआ जोधपुर के राव मालदेव से सहायता मिलने की आशा म मारवाड़ की तरफ गया, परंतु उसकी वह आशा निराशा में बदल गई तब उमरकोट नामे कोकलोधी के मार्ग से जेसलमेर पहुँचा तब रावल लूणकर्ण ने अपने दूत द्वारा उसे कहलाया कि आप सूचना दिये विना हमारे देश में आये और गोहत्या की, जो हिंदू धर्म के विरुद्ध है इसलिए आगे न जान पाओगे। उस दूत को कैदकर हुमायूँ आगे बढ़ा। मार्ग में पानी न मिलने से उसका बुरा हाल हुआ। जेसलमेर के पास तालाब पर भी रावल न अपन आदमी बिठा रक्खे थे कि मुसलमानो को पानी न लेन दें। प्यासे मरते हुए हुमायूँ के साथियों ने राजपूतों पर आक्रमण किया और उन्हें मार भगाया। कई मुसलमान भी मारे गये। पखालों म पानी भरकर जब वे आगे बढे तो रावल ने अपने पुत्र मालदेव को भेजकर मार्ग के सब कूएँ मुँदवा दिये, तीन दिन तक हुमायूँ और उसके साथियों को अच्छा पानी न मिला। चौथे दिन रावल का दूसरा पुत्र आकर हुमायूँ से मिला और कहा

(२) बड़ा ठाकुर था, बादशाही चाकरी की, सं० १६५५ में जोधपुर आ रहा, दस गाँवों सहित सोजत का गाँव आडवा जागीर में था उसे छोड़कर पीछा बादशाही सेवा मे चला गया।

(३) जोधपुर चाकर, गाँव भटेनड़ा जागीर में था, सं० १६८६ श्रावण सुदि ३ को काल किया।

कि आप बिना इत्तिला इधर आये इससे आपको इतना क्लेश सहना पड़ा। दूत को छोड़कर हुमायूँ ऊमरकोट चला गया।

(केशोदास)

- द्वारकादास
  - कर्ण
    - सूरजमल
- दुर्गदास[४]
  - हरनाथ

---

(४) उज्जैन में काम आया।

(५) मुसलमान हो गया।

(६) स० १६६१ में विराणा गाँव जागीर में था, स० १६६५ राव महेशदास सूरजमलोत के पास जा रहा।

(७) मोहबतख़ाँ के पक्ष में कहीं लड़कर मारा गया।

(८) मेहवचों का भांजा, मेहवे में रहता था, बेटी रत्नादेवी।

(९) मोटे राजा का ससुर और सजन भटियाणी का पिता था।

(१०) राव विक्रमादित्य मालदेवोत के पास था, गाँव भाखरडो पट्टे में था।

(११) जोधपुर महाराजा का नौकर, स० १६७४ में गाँव ननेऊ पाया, स० १६७७ में जालौर के गाँव ओडवाडा और जोगाऊ दिये गये और स० १६८० में पीछे जब्त कर लिये।

(१२) स० १६६९ में भोपाल गाँव ४ दिये और स० १६७९ में छोड़े।

रावल मालदेव[1] लूणकर्णोत का वंश

रायमराज[2] हर- भवानी[3] नारायण-पूरण उदयसिंह विजयराज डूंगरसी[9] नेतसी[11] [12] मेतसी सहसमल
दास दास भव[8]

गोपालदास

देवराज

रामसिंह[5] हरीसिंह माधोदास

रामचन्द्र

गरीबदास कान्ह

रामचंद रामदास अमरा वेणीदास सुजान

लालचंद

कुंभा पीथा

सिंघ गोपालदास[6]

(१) वर्ष १० मास ७ दिन २० राज किया। राठौड़ रावत की कन्या राणीबाई को व्याहने के बाद जल्दी ही मर गया।

(२) शिवराजोतों का दोहिता, पद्मा का पुत्र, राव मालदेव की कन्या सजना के साथ विवाह हुआ था।

(३) पद्मा का पुत्र।

(४) सं० १६६३ में चामू लिखमेली पट्टे में थी

(सिव)
- रावल रामचंद्र[१०]
  - सुंदरदास[११]
  - दलपत
- खासा
- उदयकर्ण

(गोपालदास)
- रघुनाथ[५]
- पृथ्वीराज[६]

---

(५) थली में रहता है।

(६) बीकानेर रहता है।

(७) सं० १६७० में गाँव ५ सहित वसर पट्टे।

(८) गाँव १२ सहित रिणमलसर पट्टे।

(९) ईडर में महियड माना ने मारा।

(१०) रावल मनोहरदास के पीछे जेसलमेर की गद्दी पर बैठा था।

(११) देरावर मे है।

(१२) वडा वीर राजपूत, राव जैतसी का दोहिता था। मोटे राजा की बेटी रमावती को व्याहा। रावल भीम के राज्य में पहले खेतसी कर्त्ता धर्त्ता था। फिर भीम ही ने उसे निर्वासित कर दिया। पहले तो बहुत से भाटा उसके साथ गये और वे फलोधी में जा रहे थे। भीम का प्रताप बढने पर भाटियो ने खेतसी का साथ छोडा तब वह सीहड वीरमदेव और राणा भैरवदास सहित राजा रायसिंह का चाकर हुआ और सोरठ में भेजा गया। चार वर्ष पीछे वहीं मरा।

(सेतसी)

- ईसरदास[१७]
- दयालदास[१३]
  - रावल सबलसिंह[१४]
  - प्रयागदास[१५]
  - बिहारीदास
    - आसकर्ण
    - कुशलसिंह
    - जसकर्ण
  - बल्लू[१६]
- पचायन
  - रामसिंह
    - दुरजा
    - तेजमाल
    - कान्ह
  - सुजानसिंह
  - अमरसिंह
    - पिरथीराज
- सिंह
- बाघ
  - गोवर्धन
    - गिरधर
- शाकदास
  - मानसिंह
  - हरिसिंह
  - गोपालदास
- शक्तिसिंह
  - केसरीसिंह
  - रतन
  - महेशदास
  - हरिदास
- धनराज

---

(१३) द्रोणपुर की लड़ाई में राव फज्ञा ने मारा।

(१४) सं० १७०७ में रावल मनोहरदास के मरने पर बादशाह ने जैसलमेर दिया, स० १७१७ श्रावण वदि ९ को काल किया।

(१५) राव जगमाल के साथ काम आया।

(१६) बीकानेर की सांढें लीं तब राव बीका ने मारा।

(१७) गुढ़ा पट्टे, सं० १६५५ में जोधपुर रहता था।

(ईसरदास) (रावल सबलसिंह)

- रावल सबलसिंह
  - रावल अमरसिंह
    - जसवंतसिंह
    - पद्मसिंह
    - श्यामसिंह
  - रतनसिंह
  - भावसिंह
  - महासिंह
  - राजसिंह
- ईसरदास
  - द्वारकादास
    - सूरजमल
    - भागचंद
    - वल्लू
  - गोयंद
  - मोहनदास
  - मनोहरदास
  - जगन्नाथ
  - उदयभाण[१८]
  - रघुनाथ
  - मुकुंद
  - नरसिंह

नेतसी[१] मालदेवोत का पुत्र दुर्गदास। दुर्गदास[२] के बेटे जसवंत और कर्ण। जसवंत[३] के हरीसिंह और अजनसिंह और कर्ण का बेटा रामसिंह।

सहसमल[४] मालदेवोत का परिवार

- विट्ठलदास[५]
- गोविंददास
- अचलदास
- चांदा[६]
  - मनोहरदास
- माधोदास[७]
- रामदास[८]
  - गोकुलदास
- केशोदास[९]
  - रघुनाथ[१०]
- किशनसिंह[११]

(१८) करमसोतों ने मारा।

(१) वीकानेरी का बेटा, खेतसी का सगा भाई।

(२) जोधपुर का नौकर, सं० १६७५ में जुट पट्टे थी।

(३) पूनासर पट्टे।

(४) वीकानेरी का बेटा, इसकी बेटी पार्वती भटियाणी राजा-सूरजसिंह के साथ ब्याही गई, महाराजा गजसिंह ने १४ गाँव सहित

पंचायण खेतसीहोत का वंश--पंचायण के पुत्र रामसिंह, सुजानसिंह और अमरसिंह। रामसिंह के बेटे दुरजा, तेजमाल और कान्ह। अमरसिंह का पुत्र पृथ्वीराज। सुजानसिंह[1] का निवास जैसलमेर के पीपले गाँव में है।

ओयसां जागीर में दो, सं० १६५७ में पीछे ढीकलो से चढ़कर देरावर गया और वहाँ मारा गया।

(५) सं० १६८० में ५ गाँव सहित ओयसां पट्टे।

(६) सं० १६६२ में रिणमल सर पट्टे।

(७) सहसमल के साथ काम आया।

(८) सं० १६७७ में खटोड़ा पट्टे।

(९) सं० १६५९ ओयसां पट्टे।

(१०) ओयसां पट्टे।

(११) बीकानेर का चाकर, सीहलवे काम आया।

(१२) सीहलवे काम आया।

(१३) केसरीसिंह का चाकर, सीहलवे काम आया।

---

(1) सं० १६१० में गाँव २ सहित भेड़ पट्टे।

खेतसी के बेटे सिंह, वाघ और शामसिंह हुए। वाघ किशनसिंह राठौड़ (किशनगढ़) का साला था और उसके साथ मारा गया। वाघ के पुत्र गोवर्द्धन को राव करमसेन ने मारा। गोवर्द्धन का पुत्र गिरधर।

शामदास खेतसीहोत माटे राजा (उदयसिंह) का दोहिता था, पांचाड़ी भाद्दरो गाँव ७ जागार में थे। शामदास के बेटे—मानसिंह दीवाण (उदयपुर के राणा) का चाकर, हरीसिंह चाँदा मेहवचा के नौकर, गोपालदास लोलियाणे में मारा गया।

शक्तिसिंह खेतसीहोत के स० १६८५ में खोखरा जागीर में था, स० १६८६ में चौराई और स० १६८९ में गाँव ५ सहित भेड पट्टे में रही। स०१६९० में भाटी अचलदास के साथ काम आया। शक्तिसिंह के पुत्र केसरीसिंह, रत्नसिंह, महेशदास, हरीदास[1], देवीदास, रघुनाथ, अजयवा वदा, सुजानसिंह और करमचंद। केसरीसिंह के स० १६९० म ५ गाँव सहित भेड की जागीर था। देवीदास के स० १६९९ में मोखरी गाँव जागीर में था, देवीदास के ३ बेटे—हरनाथ, आईदान और भीम। रघुनाथ के पुत्र—भोजा, मुकुंद और सवरसिंह। हरिसिंह के पुत्र—पीथा, अक्खा, नाहर, फतहसिंह, आनंदसिंह, चाँदा, हिम्मतसिंह, सुंदरदास।

धनराज खेतसीहोत को राव कल्ला ने मारा।

---

(१) सं० १६९४ में गाँव ५ सहित भेड़ पट्टे

पचीसवाँ प्रकरण

रावल हरराज आदि

रावल हरराज मालदेव का—सोलह वर्ष १८ दिन राज किया; क्योंकि राड़धरा के राव ने अपनी बेटी को, जिसका विवाह रावल मालदेव के साथ हुआ था, रावल के मरने पर जालोर के खान गजनी खाँ पठान को दे दी थी इसलिए रावल हरराज ने भाटी खेतसी को भेजकर राड़धरा विजय किया और वहाँ के गढ़ को गिरवाकर ईंटें जेसलमेर मँगवाईं। गाँव कोढणा जोधपुर इलाके में था। उसे जेसलमेर में मिलाया और राव चंद्रसेन (मारवाड़) के पास से पोहकरण गिरवी के तौर पर ली। कोटणे के वास्ते रावल मेघराज से बड़ी वदावदी हुई, ६ मास तक उभय पक्ष-वाले परस्पर लड़े, पीछे अपनी पुत्री का ब्याह कर कोढणा दिया और सात गाँव उसके लिए—ओला, वर्णोड़ा, डोगरी, बीझोराई, कोटड़ियासर, भीमासर और खेडावड़। रावल हरराज के पुत्र भीम पाटवी राव माला का दौहित्र, बाई सजना के पेट का, रावल कल्याणदास रावल भीम के पीछे गद्दी बैठा। सं० १६६८ में रावल भीम ने राजा गजसिंह को रामकर्ण कन्या की बेटी ब्याह दी। भाखरसी पादशाही चाकर, फलोधी पट्टे में थी। भाटी सुरताण पादशाही चाकर, इसके पुत्र गोपाल और भगवानदास, राव गोपाल बीड़ में काम आया। अर्जुन राव मालदेव का दौहित्र[1]।

---

(१) रावल हरराज तक तो जेसलमेर के स्वामी स्वतंत्र रहे, हरराज ने मुगल शाहंशाह अकबर की सेवा स्वीकारी। अबुल्फ़ज़ल अपनी किताब

रावल भीम हरराज का—सं० १६१८ मंगसर वदि ११ का जन्म, ३५ वर्ष ११ महीने १२ दिन राज किया। सं० १६७० में जेसलमेर में काल प्राप्त हुआ। बड़ा प्रतापी, बड़ा दातार, बड़ा जुझार व जबर्दस्त राजा हुआ। पादशाह अकबर के पास बहुत चाकरी की। रावल भीम ने पृथ्वीराज के पुत्र जगमाल को कोटड़े का स्वामी बनाया था परन्तु रतनसी के पुत्र भैरवदास ने जगमाल को मारकर कोटड़े पर अधिकार कर लिया। जगमाल के पुत्र उदयसिंह व चाँदा रावल भीम के पास पुकार ले गये। तब रावल चढ़ आया, भैरव भी सम्मुख हुआ। रावल ने उससे गाँव माँगा, उसने देना स्वीकारा नहीं। सींव से कोस ४ वहड़वे से कोस १॥ गाँव लूणोदरी की तलाई पर लड़ाई हुई, और भैरवदास ७ राजपूतों सहित मारा गया। रावल ने भैरव के पुत्र राणा किसना को कोटड़े का टीका दिया। जैसा भैरवदासोत, भाण नारणोत हड़वे जागीरदार व भगवानदास हरराजोत भीलाहीवाला बागी होकर निकल पड़े और राज में बहुत बिगाड़ करने लगे और मेहवे में जा रहे। सात वर्ष पीछे कोटड़े का आधा भाग देकर जैसा को पीछा बुलाया।

जब रावल भीम जेसलमेर की गद्दी पर था तब ऊहड़ गोपालदास के बेटे अर्जुन भूपत व मांडण पोहकरण के बहुत से गाँव मारकर वहाँ का वित्त (गाय भैंसादि पशु) ले निकले। पोहकरण के थानेदार भाटी कल्ला जयमलोत भाटी पत्ता सुरताणोत और

अकबरनामे में लिखता है कि हि० सं० ९७८ हि० (स० १५७० ई०, सं० १६२७ वि०) में अजमेर होता हुआ पादशाह नागोर पहुँचा, वहाँ आंबेर के राजा भगवानदास के द्वारा जेसलमेर के राय हरराज ने पादशाही सेवा स्वीकारकर अपनी बेटी पादशाह को ब्याह दी, जिसका देहांत सं० १६३४ वि० में हुआ।

भाटी नंदा रायचंद के पीछे पड़कर वल्लसीसर आये, उनको रात भर बात (कहानी) के बहाने भुलावा देकर गोपालदास के बेटों ने कोटड़े से अपने आदमियों को रातोंरात बुलाया और प्रभात होते ही ढोरों को आगे करके रवाना हुए। पोहकरणावालों ने उनका मार्ग रोका। लड़ाई हुई, उभय पत्त के कई मनुष्य मारे गये। पोहकरण के साथ के भाटी कल्ला व नेता जयमलोत, शिवा केलवेचा अज्जा का, भाटी नंदा रायचंद का, केलण, पेथल, मोकल, लोभम का और मेघा गांगावत खेत पड़े व केल्हण घायल हुआ। रावल भीम को भाटी गोयंददास (गोविंददास) ने कहा कि गोपालदास मेरी आज्ञा के बाहर है आप उससे समझ लीजिए। रावल ने जेसलमेर की सब सेना देकर अपने छोटे भाई कल्याणदास को कोटड़े पर भेजा और उसे विजय किया। उस वक्त गोपालदास जोधपुर में था, वहाँ के गढ़ की तालियाँ उसके पास रहती थीं। रात्रि को कासिद ने आकर सूचना दी, वह तत्काल गढ़ का दर्वाजा खुलवाकर चढ़ा। भाटियों का कटक गांगाई में ठहरा हुआ था सो दिन निकलते ही गोपाल अपने साथियों समेत वहाँ आ उपस्थित हुआ और दिन धौले तलवार बजाकर काम आया। भाटियों की तर्फ कोटड़िया सुरताण भाटी गांगा वीरमदेवोत, रावल जैतसी का पौत्र जैराइत का जागीरदार मारे गये; और ऊहड़ों के साथ में करमसी, कंवरसी, महेश, गोयंद, चहुवाण, शंकर सिंघावत, वीसा-देवड़ा, गोपा, रांदा (चांदा), ईदा, दो ब्राह्मण, और एक मांगलिया खेत पड़े। आसिया पीरा की कही हुई रावल भीम की भाखरी (छन्द)—

भीम भल्ला भलो रावल राय हरांद नख दीपियो।
ऊपर अमरावां नव धारणो परियो॥

आपरी सेने सातवी साजन सोधरां निव गैहमरां।
हूकम हैंमरा धूसण खरधरां गहण गिरधरां॥
गिरवरां गाहहगाह गढपत घाह देस गावहि।
खत्रराह जाण गराह ग्रवदनदाह दुवाह पडिगाह॥
थाह अथाह पोरस माह जसगुणमाह।
षह माहनिय वप वडा निरदा धोरवै वैराह॥
कुलचाल निव छाजाल कदल भीम कालाल।
भुजाल सुडाल दरगह सावता वोडाल॥
पेंग पडाल क्रिरमाल चल रिणवाल।
केता जीवणा जगमाल॥
खगफाट सुवहथाट खेसण वाट दह प्रवियाट।
भिड घय रिमघडा भांजण दुयण वालण हाट॥
रिपनाट परमल हाट रावन धरण पर-
धर घाट पिवपाट राखण पाट॥
पवनृप काट हुव निराट, सुरताण सू दीवाण।
सचिव ताण सरसुहताण देवाण जम दृढ पाण॥
दाखव राणजिम रंढराण आराण।
फजसभडांण ध्भोमछैर अवलीमाण॥
वाराण प्रघी प्रमाण बाँधे।
भाण जिम कुल भाण॥
कधार साह जियार कोपिय कीधमुख हलकार।
विणवार घर अहिकार नियत्तन समै भूपवसार॥
भुजमार भर जणियार भाटी खार रघवध खार।
हरद्दार हुव दरबार हूंता वले याट विहार॥
दलपव छत्रपव माल दे गढपत गोत्र गवाल

संतदव लूणकरण सम यह यड़े विरद विसाल
जैतसी देवीदास जगपड़ सन्नी धांपण सीम
उज्जलै सोही कीध उज्जल भूपपरियां भीम ॥

गीत रावल भीम का, वंशावली का, नवखारतनूं ने कहा; कुछ अशुद्ध सा है :—

दादै जैसल करण दादै दल··· · व नगदेव चैरसीह,
लखमण विरद विसालमाला हरी मन मोट मोटै ।
पाट मेरगिर भाटियां भँवाड़ै भला भींवजी भोपाल ।
धरसी केहर दूदै पड़सी घेरण घर छोगाळा ॥
रतन मूलू जैतसी छात्राल ।
करम तेजल कुलकलाधारी नवकोट
हरावत खागधारी रैण रखसापाल ।
चाच कान्हण हणमा सालवाहण जे
लचाह दुसाफ वच्छूद मूंघ देद विजपाल हुवा ।
तेणे वंस हुवोहि हुकाक हरि हस रावराजा
जाणी रावरो चलर ढाल ।
तणु केहरे मंभ्रमराव मंगलराव मुंगेस
भूपाले भूपाल भाटी वड़ा बखत बडाल ।
जादव जगत जैत जेसाणै
भीमेण जाणणा छत्तीसभाख साख उजवाल ।
बाल बुधतणा व्रऊ सोढाल गजसमाथ
वरज भ्रवुधं वंश सूरत विसाल ।
प्रदन्न कान्हपाट परम भगत पूरो
सुवर सुजाण देह सोहै साखपाल ॥[1]

(१) रावल भीम ने जैसलमेर के गढ़ की मरम्मत कराई। सं० १६५७ वि०

रावल कल्याणदास हरराजोत रावल भीम का छोटा भाई (भीम के निस्सन्तान मरने पर) गद्दी पर बैठा। १४ वर्ष ६ महीने १५ दिन राज किया। ढीला सा ठाकुर था। राजपूतों और प्रजा का अच्छा पालन किया। शरीर बहुत भारी था। पाट बैठने पीछे एक बार बादशाह के हुजूर में गया। बाकी सदागढ़ में बैठा रहा। उसके जीतेजी सारी दौड़धूप कुँवर मनोहरदास करता था, वह तो केवल एक बार ही रावल भीम के राज-समय में कोढ़णों पर गया और ऊहड़ गोपादास को मारा था।[1]

रावल मनोहरदास कल्याणदास का—वर्ष २२ राज किया, बड़ा शूरवीर, निर्भीक और कार्य्यकुशल राजा हुआ। कई लड़ाइयाँ जीतीं, सं० १७०६ के मगसर मास में काल किया। पुत्र नहीं था सो भाटी सर्दारों और राणियों ने भाटी रामचंद्रसिंहोत को पाट बैठाया।

मनोहरदास के युद्ध—कुँवरपदे में एक लड़ाई बिलोचों के साथ करके अलीखाँ को मारा। इस युद्ध में अग्रलिखित भाटी सर्दार मारे गए

में मिर्जा खाँ खानखाना के साथ रहकर उड़ीसा और बंगाल की लड़ाइयों में अच्छी कारगुजारी दर्शाई। अपनी बेटी का विवाह शाहजादे सलीम के साथ कर दिया। जब सलीम (जहाँगीर) बादशाह हुआ तो उसने उसे "मलिकए जहाँ" की पदवी दी। रावल भीम के नाथू नामी एक पुत्र दो मास का होकर मर गया था इसलिए पादशाह जहाँगीर ने उसके छोटे भाई कल्याण को जेसलमेर दिया।

(१) तुजके जहाँगीरी में लिखा है कि सं० १०२५ हि० (सं० १६१६ ई० सं० १६७३ वि०) में कल्याण जेसलमेरी को बुलाने के वास्ते राजा कृष्णदास भेजा गया था। कल्याण हाजिर हुआ। उसका बड़ा भाई रावल भीम बड़े मर्तबेवाला था। जब वह मर गया और दो महीने का एक बालक छोड़ गया, वह भी जीता न रहा तो कल्याण को राजगद्दी का टीका देकर रावल की पदवी प्रदान की और दोहजारी जात एक हजार सवार का मनसब दिया॥

या घायल हुए—भाटी रायसिंह, भीमावत सादंतसी, सीहड़ धनराज उघरणोत, भाटी बाँकीदास, जसावत रूपसीहोत सोढो, जसो, सांगो, खमेर जिनका गाँव देवा ढेढ़िया के पास। जब जसोल पर चढ़ आए ते। बहुत से जसोलियों को मारे। जगमाल मालावत के वंश के पोखरणे राठौड़ बरोहटिये हो मेड़वे में जा रहे और पोखरण लूटा ते। रावल मनोहरदास ने उनका पीछा किया। ४० कोस पर जेसलमेर मेड़वे की सरहद के पास उन्हें जा लिये, फलसूंड से कोस ६ और कुसमला से कोस ढाई पर लड़ाई हुई। पोखरणों के १४० जुझार काम आए और वे भागे। राठौड़ों के इतने सर्दार मारे गए—राठौड़ सुंदरदास देवराज का, मथुरा राणा का, राठौड़ जगन्नाथ बीजा का, माला देवराज का, मेघा राणा का, मेघा महेश का और भाटी अचल सुरताण का, पीछे पोखरणे आकर रावल के पाँवों पड़े तब उनको पीछे बुला लिये सं० १६५४ पौष वदि ८ को इस्माइलखाँ बिलोच के बेटे मुग़लखाँ को विक्रमपुर के गाँव भारमलसर में मारा तब इतने राजपूत मारे गये—सीहड़ देदा धनराज का, धनराज उद्धरणहिंगोल राखारेवाला, राठौड़ देवीदास भवानीदास का। खाडाल के दस गाँव मारकर वहाँ के पशु लिये[1]।

रावल रामचंद्रसिंह का—रावल मनोहरदास के निस्संतान मरने पर राजलोक (राणियों) को मिलाकर टीके बैठा और भाटियों को भी अपने पक्ष में कर लिया। उस वक्त सीहड़ रघुनाथ भाणोत वहाँ उपस्थित न था। जेसलमेर में सीहड़ कर्ता-धर्ता था, इसलिए

(१) टॉड ने रावल भीम के पीछे कल्याण के पुत्र मनोहरदास का गद्दी बैठना लिखा है और हिंदराजस्थान के अँगरेजी भाषांतर में (भूल से) मनोहरदास को भीम का भाई कहा व अपने भतीजे को मारकर गद्दी बैठना लिखा है।

रघुनाथ के मन में इसकी आँट पड़ गई। उन दिनों में भाटी सबलसिंह दयालदासोत राव रूपसिंह भारमलोत (कछवाहा) के यहाँ नौ दस हजार साल के पट्टे पर चाकरी करता था और पादशाह शाहजहाँ की रूपसिंह पर बड़ी कृपा थी। उसने सबलसिंह के वास्ते पादशाह से अर्ज की और पाँव लगाया। पादशाह ने भी उसको जेसलमेर की गद्दी देना स्वीकार किया, और भाटी रामसिंह पचायणोत और कितने ही दूसरे भी भाटी खेवसी की सवान सबलसिंह से आ मिले। इसी अवसर पर महाराजा जसवंतसिंह ने पादशाह से अर्ज की कि पोहकरण हमारा है किसी कारण से थोड़े अर्से से भाटियों को वहाँ अधिकार मिल गया सो अब हजरत फर्मावें तो मैं पीछा ले लूँ। पादशाह ने फर्मान कर दिया। महाराजा सं० १७०६ के वैशाख शुदि ३ को जहानाबाद से मारवाड़ में आया और ज्येष्ठ मास में जोधपुर आते ही राव सादूल गोपालदासोत और पचोली हरीदास को फर्मान देकर जेसलमेर भेजा। रावल रामचद्र ने पाँच भाटी सर्दारों की सलाह से यह उत्तर दिया कि "पोहकरण पाँच भाटियों के सिर कटने पर मिलेगा।" जोधपुर में कटक जुड़ने लगा और उधर पादशाह को भी खबर हुई कि रामचद्र ने हुक्म नहीं माना। अवसर पाकर सबलसिंह ने पेशकश देना और चाकरी बजाना स्वीकार कर जेसलमेर का फर्मान करा लिया। भाटी रघुनाथ व दूसरे भाटी भी रामचद्र से बदल बैठे और गुप्त रीति से उन्होंने सबलसिंह को पत्र भेजा कि शीघ्र आओ हम तुम्हारे चाकर हैं। पादशाह ने जेसलमेर का तिलक देकर सबलसिंह को विदा किया और रूपसिंह ने खर्च देकर सहायता की और कई आदमी नौकर रक्खे। सात आठ सौ मनुष्यों की भीड़भाड़ से सबलसिंह ने फलोधी की कुण्डल में भोलासर पर

आकर डेरा दिया। जेसलमेरवाले भी १५०० तथा १७०० सैनिकों से शेखासर के परे जवणाकधारा की तलाई पर आ उतरे। सेना-नायक भाटी सीहा गोयंददासोत था। पोहकरणवाले और केलण (भाटी) भी साथ में थे। सबलसिंह ने आगे बढ़कर उन पर धावा किया। उस वक्त ये सर्दार उसके साथ थे—भाटी केसरीसिंह शक्तिसिंहोत, भाटी द्वारकादास ईसरदासोत, भाटी हरीसिंह शक्ति-सिंहोत, भाटी मोहनदास, जगन्नाथ, उदयभाण ईसरदासोत, भाटी बिहारीदास दयालदासोत, भाटी अचलदास गोयंददासोत, मोहन-दास किशनदासोत, राजसिंह भगवानदासोत, रामचंद्र गोपाल-दासोत, गिरधर गोवर्द्धनोत, और राठोड़ हरीसिंह भीमसिंहोत। जेसलमेर के साथ में ये बड़े सर्दार थे—रावजैसिंह मोहनदासोत, भाटी सीहा गोयंददासोत, भाटी श्यामदास साँवलदास गोपाल दासोत सिरड़िया, भाटी रघुनाथ ईसरदासोत, भाटी दलपत सूर-सिंहोत, और भाटी किशनवल्लुओत। दिन-दिहाड़े युद्ध हुआ। सबलसिंह जीता और जेसलमेर की सेना भागी। इतने सर्दार खेत रहे—विक्रमपुर के साथ में दो नेतावत भाटी जयमल रासावत और राव जैतसी भाणोत; ४ सोलंकी जग्गा, देदा, कम्मा और ऊहा; दो सिहराव मनोहर बदेदा; दो जैतुंग हरदास व जगमाल; भुणकमल, हाथी अज्जू का, खालतवीदा, भाटी खंगार नरसिंह का शेखा खरिया, पाहूमेहाजल पोहकरण के मारे गये धनराज नेतावत, भाटी भेपत रायसिंहोत, रासिरंग डुंगरसीहोत और राहड़ वीदा।

तत्पश्चात् महाराजा (जसवंतसिंह) की सेना जल्द ही पोह-करण आई। सबलसिंह भी खारेड़ा के ७०० आदमियों सहित महाराजा से आ मिला। सं० १७०७ के कातिक मास में गढ़ से आध कोस के अंतर पर डुंगरसर तालाब पर डेरा हुआ। तीन

दिन तक गढ़ पर धावे किये जिससे भीतरवाले भयभीत हो गये। सबलसिंह ने भाटी रामसिंह पंचायणोत को, राव गोपालदास विट्ठलदास व नाहरखाँ से मिलकर, गढ़वालों के पास भेजा और गढ़ में के सब मनुष्यों को निकलवाया। भाटी पत्ता सुरताणोत जूझकर काम आया। फिर सबलसिंह उपर्युक्त सर्दारों से मिलकर जेसलमेर को रवाना हुआ। एक आध कोस गया होगा कि खबर आई कि रावल रामचंद्र ने भाटी सर्दारों से कहा कि मुझे अपने कुटुंब व मालमते सहित निकल जाने दो तो मैं देरावर चला जाऊँगा। सीहड़ रघुनाथ, दुर्गदास, सीहा, देवीदास व जसवंत पाँच भाटियों ने रामचंद्र की बात मानी और कहा कि चले जाओ। तब वह माल असबाब व अच्छे अच्छे घोड़े ऊँट लेकर देरावर में जा रहा है और राजधरो की शाखा का भाटी जसवंत बैरसलोत उसके साथ गया है। यह समाचार सुनते ही सबलसिंह आतुरता के साथ जेसलमेर आकर गद्दी बैठा। रावल रामचंद्र ने दस महीने बीस दिन राज किया[1]।

रावल सबलसिंह (दयालदास का पुत्र और खेतसी रावल मालदेवोत का पौत्र) ने नौ दस वर्ष राज किया। इसका पुत्र अमरसिंह अपने पिता के मरने पर सं० १७१६ में गद्दी बैठा[2]। इसके पुत्र जसवंतसिंह और हरीसिंह।

---

(१) खडाल व देरावर पीछे को बहावल खाँ पठान (भावलपुरवाला) ने छीन लिया और रावल रामचंद्र के संतान भागकर बीकानेर गये जहाँ उनको गुडियाला जागीर में मिला। कर्नल टाड लिखता है कि महाराजा जसवंतसिंह ने अपने भाई नाहरखा कूंपावत को भेजकर पादशाही हुक्म से सबलसिंह को जेसलमेर की गद्दी पर बिठाया। उस सहायता के बदले पोहकरण का पर्गना लिया।

(२) सबलसिंह को सं० १७१२ में पादशाह के तरफ से एक हजारी

रावल जसवंतसिंह अमरसिंह का—इसका कुँवर जगतसिंह तो पिता के विद्यमान होते ही पेट में कटार मारकर मर गया था और उसका बेटा बुधसिंह अपने दादा के पीछे गद्दी बैठा। कहते हैं कि उसको शीतला निकली तब उसकी दादी बीसलदेवी ने उसे विष देकर मार डाला। फिर जसवंतसिंह का पुत्र तेजसिंह गद्दी पर बैठा तब भाटी हरिसिंह अमरसिंहोत उस पर चढ़ आया और अखैसिंह के कहने से चूककर उसको मार डाला[1]। रावल अखैसिंह उस वक्त बाहर चला गया और तेजसिंह (घायल होने पश्चात्) प्रायः चार घड़ी जीवित रहा। तब उसने अपने पुत्र सवाईसिंह को गद्दी पर बिठाया। थोड़े ही काल पीछे अखैसिंह को साथ लेकर चढ़ आया, सर्दार कामदार उससे प्रसन्न थे और बुधसिंह का छोटा भाई होने से राज का अधिकारी भी वास्तव में वही था, जेसलमेर में पाट बैठा।[2]

मनसब मिला था। रावल अमरसिंह के साथ में बीकानेर के राजा अनूपसिंह ने कांधलोत राठोड़ों को जेसलमेर पर भेजा परंतु अमरसिंह ने उन्हें पराजित किया।

(१) कर्नल टॉड ने रावल सबलसिंह, अमरसिंह, जसवंतसिंह, बुधसिंह, तेजसिंह का समय नहीं दिया और न नैणसी ने इनका राजत्वकाल लिखा है। केवल इतना जाना जाता है कि रावल सबलसिंह का देहान्त सं० १७१६ में हुआ। उसके पीछे ६० वर्ष तक अमरसिंह, जसवंतसिंह और बुधसिंह ने राज किया। जसवंतसिंह के पुत्र—जगतसिंह, ईश्वरीसिंह, तेजसिंह, सर्दारसिंह और सुल्तानसिंह। बुधसिंह और अखैसिंह जगतसिंह के पुत्र थे। सं० १७७६ में तेजसिंह गद्दी पर बैठा और तीन वर्ष राज किया।

(२) जेसलमेर में दस्तूर है कि राजा और प्रजा सब मिलकर वर्ष में एक बार घड़सीसर तालाब की मिट्टी निकालने जाते हैं। पहले एक मुट्ठी कीचड़ महारावल निकालता है और फिर दूसरे लोग उसको साफ कर देते हैं। इस दस्तूर के मुवाफिक तेजसिंह उस तालाब पर गया था। वहाँ अखैसिंह

रावल अखैसिंह जगतसिंह का—बड़ा प्रतापी राजा हुआ, चालीस वर्ष तक राज किया। उसके पुत्र—मूलराज पाटवी, भाटी रतनसिंह मूलराज का सगा भाई सोढों का दौहित्र, भाटी पद्मसिंह करमसोतों का दोहिता; पुत्री तीन—चंद्रकुमारी महाराज गजसिंह (बीकानेर) को ब्याही, विनयकुमारी महाराजकुमार राजसिंह (बीकानेर) को ब्याही। ये दोनों चहुवाणों की दोहितियाँ थीं। तीसरी विजयकुमारी महाराजा विजयसिंह (मारवाड़) के महाराजकुमार फतहसिंह को ब्याही थी। वह करमसोतों की दोहिती और पद्मसिंह की सगी बहन थी। जिस वक्त महाराजा अभयसिंह का पुत्र रामसिंह दक्षिनियों की सेना लेकर मारवाड़ में आया और नागोर व जोधपुर को घेर लिया उस वक्त महाराजा विजयसिंह की राणी शेखावतकुँवर फतहसिंह सहित जेसलमेर गढ में रही। जब सेना हटी तब विजयकुमारी का विवाह फतहसिंह के साथ कर दिया गया।

केलणोत भाटी

मकमराव के पुत्र साँगा का बेटा राणा राजपाल हुआ। राजपाल के पुत्र—ब्रुध, लहुआ, छेना, छीकस पहोड, अटेरण, लखोड, हरया। राजपाल का राजस्थान मथुरा में था। मथुरा मुगलों (मुसलमानों) ने ली और राजपाल मारा गया तब उसका

और हरीसिंह ने उसे घायल किया परंतु अखैसिंह को पूरी सफलता न हुई। तेजसिंह के मरने पर उसका बालक पुत्र सवाईसिंह गद्दी पर बिठाया गया था। उसको अवसर पाकर अखैसिंह ने मार डाला और सं० १७७९ में राज लिया। इसके समय में दाऊदखाँ अफगान के पोते और मुबारिकखाँ के बेटे बहावलखाँ ने खडाल और देरावर के पर्गने भाटियों से छीने थे सं० १८१८ तक अखैसिंह ने राज किया।

बेटा बुध खरड़ में आ बसा, इसी से खरड़ को आज तक 'बुधेरा' कहते हैं। उसके तालुक १४० गाँव कहे जाते थे जिनमें मुख्य ये हैं—बाप, बावड़ी, नीबलो, कानासर, चूनी, लीकड़ा, भदलो, अड़वा, नाचणा, सतिहारो, घंटियाली, बारू, कामघो, सेनासर, खीरवा, झाड़हर, चूटहर, अंवरगेढ़ा आदि।

खरड़ के कोहर (कुएँ)—हेमराजसर, पड़िहार हेमराज का खुदवाया हुआ बड़ा जलाशय है, गहरा २५ पुर्सा, पानी मीठा है। आकला, गीधला, चांडी, नरसिंहवाला, खीचियोंवाला, सेलाऊँ, बीजा, अवाह गहरा १७ पुर्सा पानी मीठा, नादड़ा, मीठड़िया, कीलणो, भड़लो गाँव, बारू, नाचणा, हरभम केलणोत का अंतरगढ़ा, घंटियाली, सतिआहो, झाड़हर, वालाणो, ताणांणो।

तलाइयाँ—राणा रूपड़ा की, आठ मास तक पानी रहता है, राव का तालाव, आठ मास तक पानी रहता है, खजूरी, मेलूरी, जगमाल की तलाई, देवीदास की तलाई, जवणी की तलाई, सोहड़ राजपूतों की खुदाई हुई, अचलाणी में ६ मास तक पानी रहता है, सेखासर का बड़ा तालाब सेखा का खुदवाया हुआ, खीरवा, मेरारी, बेरोलाई, वैगण, धाररी, देराणी, जैठाणी, नीबालिया।

पहले यह खरड पड़िहारों की थी, राणा रूपदे पड़िहार ने दगा से कम्मा को मारकर खरड़ का इलाक़ा लिया था। राव केलण विक्रुंपुर का स्वामी हुआ; उसके पुत्र रिणमल के बेटे गोपाल, जगमाल और अचला। जगमाल ने गोपा से खरड़ छीन ली तब अचला मुलतान के तुर्कों को चढ़ा लाया और उनकी सहायता से जगमाल को मारकर अपने बड़े भाई गोपा को पीछा गद्दी पर बिठाया। जगमाल का पुत्र जैता पड़िहारों का भानजा था, पिता के मारे जाने पर वह ननिहाल में जा रहा। पीछे पड़िहारों का बल दिन-दिन घटता

गया और भाटी प्रबल होते गये। पड़िहार भूले थे इसलिए भाटियों ने पहले तो उनसे घोड़े ऊँट लिये, फिर कुछ दे दिलाकर गाँव भी ले लिये। अब तक बहुत से गाँवों में पड़िहार रहते हैं। खरड़ विक्रुपुर से जुदो है, यहाँवाले जेसलमेर जुदी चाकरी देते हैं।

पोहड़ राणा राजपाल के—पहले इनके पास बहुत भूमि थी अर्थात् नाहवार, विजणोट, नांदणाट, कोटड़ा, कालाडूगर, जेसुराणा, सापली, ट्रेग आदि। कहते हैं कि सारी रुहाल के स्वामी पोहड़ (भाटी) थे। नींबड़ पोहड़ कोटड़े का स्वामी था और रायमल माजाम के येला नाम की एक भैंस थी जो कोटड़े के गाँव शिव की बाड़ी में बिगाड़ किया करती थी। माली नींबड़ पोहड़ के पास कोटड़े जाकर पुकारा तब नींबड़ ने उस भैंस को कटवा डाला। इस पर राठोड़ों और पड़िहारों में लड़ाई हुई, फिर रावल माला (मल्लिनाथ) ने ट्रेग पर चढ़ाई कर हड़यों (भाटियों) को मारा। राणा राजपाल की सतान हड़या और पोहड़ दोनों का साथ ही नाश हुआ। इस विषय का एक गीत भी है जिसमें नाम दिये हैं।

विक्रुपुर के भाटी—रावल केहर का बड़ा बेटा राव केलण, जिसके वशज केलणा भाटी, विक्रुपुर का पहला राव हुआ। पिता से पूछे बिना केलण ने कहीं सगाई कर ली, इससे अप्रसन्न होकर रावल केहर ने उसे गद्दी से वचित रखकर जेसलमेर से निकाल दिया और छोटे बेटे लक्ष्मण को टीकायत बनाया। केलण पहले तो आसनीकोट में जा रहा परन्तु फिर विचारा कि यहां तो जेसलमेर का स्वामी मुझे टिकने नहीं देगा। इतने में उसके पिता का भी देहांत हो गया। विक्रुपुर उस वक्त खाली पड़ा हुआ था, वहाँ केलण ने आकर अपने गाड़े छोड़े। गढ़ में झाड़-झखाड़ बहुत उगे हुए थे। उन सबको जलाकर वहाँ रहने लगा। जब रावल

घड़सी आपत्काल में अपना राज वापस लेने को पादशाही चाकरी करता था तब जयतुंग व केल्हा का पुत्र महिपा रावल के साथ थे। उन्होंने उसकी अच्छी सेवा बजाई और खर्च से भी पूरी सहायता की थी। राज पाने पर रावल ने अपने सब साथियों का सत्कार किया। उस वक्त महिपा को भी कहा कि तुमने मेरी सेवा बहुत की है सो अब तुम जितनी भूमि माँगो मैं तुमको दूँ। उसने पोहकरण से १६ कोस व फलोधी से ८ कोस खरड की राणा की तलाई से लेकर वीठणोक तक की भूमि माँगी। वीठणोक बीकानेर से १० कोस और जेगी के तलाव व देवाइत के तलाव से ४ या ५ कोस है। रावल घड़सी ने वह धरती जैतुंग को दे दी। कितने एक अर्से तक विक्रुंपुर जैतुंग के पास रहा फिर पूंगल पर मुलतान की सेना आई और उसे विजय करके तुर्कों ने विक्रुंपुर भी आ घेरा। जैतुंग केल्हा ने अपने प्राणों के साथ गढ़ दिया। मुद्दत तक गढ़ तुर्कों के अधिकार में रहा जहाँ उन्होंने एक मसजिद भी बनवाई और मुलतानिवासी साहू बीदा का बनवाया हुआ एक जैन मंदिर भी गढ़ में है। जब तुर्कों को वहाँ खान-पान की कठिनाई पड़ने लगी तब वे विक्रुंपुर को छोड़कर चल दिये और राव केलण आसनीकोट से वहाँ आ बसा। कोट में के जलाये हुए झाड़-झंखाड़ों के ठूँठ अब तक दीख पड़ते हैं। विक्रुंपुर का गढ़ ऊँचाई पर है, दर्वाजा अच्छा और भीतर एक घर भी सरस है। गढ़ के चारों ओर की दीवार तो सामान्य सी ही है; परंतु किडाणा नाम का एक कूप दर्वाजे की दीवार के नीचे ही है, उसका जल खारी और ४० पुर्सा नीचा है। पाँच-सात कोस तक कहीं जल नहीं। लोग सब गढ़ में रहते हैं। विक्रुंपुर फलोधी से २५ कोस, जेसलमेर से ७० कोस, बीकानेर से ४० कोस, देरावर से ६० कोस और पूंगल से ४४ कोस की दूरी पर है।

विकुंपुर से १६ और फलोधी से ८ कोस वाप नाम का बड़ा गाँव किरड़ा के पास है जिस पर ठाकुराई का आधार है। वहाँ पाली-वाल ब्राह्मण बहुत बसते हैं और बनियों के घर भी ५०। ६० हैं। वाप की भूमि सजे (सजल) वाली है और वहाँ गेहूँ मण ठौर पैदा होते हैं। काठे गेहूँ के एक मण बीज से साठ मण पैदा होते हैं, ज्वार की फसल भी अच्छी होती है। सुकाल में दो लाख मण गेहूँ तथा तीन लाख मण जेऊरे (चने?) हो जाते हैं। सिरहड जैसे और भी अच्छे गाँव हैं। विकुंपुर के राव के दो सहस्र मनुष्यों की जोड़ और भूमि भी भली है। देरावर मुल्तान का मार्ग वहाँ से जाता है जिसकी आय भी अच्छी हो जाती है। राव केलण ने वहाँ अपनी ठाकुराई भली भाँति जमा ली।

तलाई विकुंपुर के पास—तिलाणी १ कोस, जिसमें १ मास जल रहता है, राणीवाला नोखसेवडा के बीच ४ मास जल ठह-रता, भाटी का चंद्राव सेवडा से कोस...चार मास जल रहता, वे सेवडा के निकट २ मास जल रहता, वरजांग जैतुग सेवडा के बीच कोस तीन, ४ मास जल रहता, गोपारी नीवली के पास चार मास का जल, हरख जैसिह का सिरहड जल १० मास, गोधणलो सिरहड़ के पास, ६ मास का जल, पुरानी तलाई है, हरराज की लोहड़ो तलाई सिरहड के पास, ४ मास का जल, सिरहड में तलाई १००, कुएँ ३ मीठे बीस पुर्से ऊंडे, लोहडीसिरहड में मीठे जल के कुएँ १८, तलाई घणी जैतारी ५ मास का मीठा जल, मथुरी में जल ४ मास रहता; दलपत की वाव, तालाब राणाहल में ८ मास जल रहता, कुएँ बहुत, पूनादे की (तलाई), विकुंपुर बरसलपुर के बीच १२ कोस, बोका सोलकी का तलाव उत्तर की ओर कोस ३, जल ४ मास रहता, खेतपाल का टोभा कोस २, इसमें दो मास जल

रहता; वाखलवाला कोस ३, जिसमें ४ मास जल ठहरता है। अचलायी विकुंपुर से १० कोस राथैरी के पास, जल मास ६; नींवा मुँहता की नीवलो १२ कोस, जल माप ४ का; मांडाल मांडा मुँहता की, ६ कोस, ४ मास का जल; कानड़ियारी कान्हा सोढा की, राथैरी के पास, कोस १०, दो मास का जल; लूडी रामसर विकुंपुर से कोस...दो मास का जल।

विकुंपुर में राजपूतों और दूसरे की बाँट में गाँव व कुएँ इस प्रकार हैं—जसहड़ों के गाँव नोवड़ा कुएँ १०; सिंघरावों के नारायणसर, भारमलसर, वाढेवार, भींदासर; टाँवरिया मकवाणों के भेना और टावरियोंवाला गोगलियार; भूण कमलों के गोगनीसर; नेतावत भाटियों के चारणोंवाला गाँव नोया; गहलोतों के सेवड़ा, कुएँ २०, इसमें दो विभाग हैं गहलोतोंवाला गहलोतों के और पुरोहितोंवाला पुरोहितों के। सोलंकियों के सोलंकियोंवाला; सोम (भाटियों) के मावधी, वजू, कूंपासर, पीथासर व मूलावत। रिणधीरपोतों के जसूवेरा; डाहलिये राजपूतों के गाँव नागरैर कोहर किड़ाणे पीवे। नाथों के नाथों का कोहर। बड़ी सिरड़ पहले पाहुवों के थी; पीछे राव सूरसिंघ ने अपने भाई ईसरदास को दी। जैतुंगों के कोलियासर, नागराजसर, गिरराजसर, चिहू, वहदड़ा, जूडियसिवड़ा—चारणों के तीन गाँव, दो तो गाडणों के—खेडाखेलो और मेयोरा देवा का, और एक वरजांगरा कन्हैया के व एक रतनू चारणों के। सिरहड़ बड़ो पहले पाहुवों के थी, पीछे जसहड़ों के रही, अब भवानीदास के बेटे वहाँ हैं। कुएँ १८, बलाई घणी, वाव भाटी दलपत की, कुएँ गहरे पुर्सा ४ पानी बहुत मीठा, बाव दोय पानी पुर्सा ४ पर पुष्कल व मीठा। तालाब मेवड़ासर, भर जावे तो बारह मास तक जल रहता है। नीवती में कोहर (रहंट)

६, तालाव मादाणोंवाला बड़ा है। कोई तो उसे मैमसर और कोई विक्रुंपुरसर कहते हैं; विक्रुंपुर से १६ कोस, कुओं में जल पुष्कल, फलोधी से १३ और बीकानेर से २५ कोस है।

इसी काल में रावल लखणसेन का पुत्र राव राणंगदे भाटी, पुण्यपाल का पोता, जिसको कहते हैं कि राव चूंडा ने मारा था, निपूता गया। राव राणंगदे की स्त्री ने राव केलण को कहलाया कि जो तू मुझको घर में रक्खे तो (पूँगल का) गढ़ मैं तुझको दूँ। केलण ने प्रपंच के साथ उत्तर दिया कि "बहुत खूब।" आप पूँगल गया, राणंगदे की स्त्री ने कहा कि धारेचा (नियोग?) की रीति करो। केलण बोला कि आज तो रावाई लेने का दस्तूर करने का मुहूर्त्त है, कल दूसरी रीति भी कर ली जावेगी। तब उस दिन पाट बैठकर रावाई का तिलक कराया और हाथ व जिह्वा (रीझ मौज और प्रिय भाषण) से सबको प्रसन्न किया। दो-एक दिन बीतने पर वह अन्तःपुर की देहुड़ी पर गया और राव राणंगदे की स्त्री को जुहार कहलाया। राणी ने प्रत्युत्तर भेजा कि मेरे साथ तूने जो कौल किया था उसको अब पूरा कर। केलण बोला कि ऐसी बात कभी हुई नहीं, मैं कैसे कर सकता हूँ। ऐसा करने से जगत् में सब संबंधी मेरी हँसी करेंगे और फिर कोई भी मेरे साथ संबंध न करेगा। राव के कोई पुत्र नहीं तो उसका वैर मैं लेऊँगा। राणी ने जब देखा कि अब इस बात में कुछ मज़ा नहीं रहा तब बोल उठी कि बहुत ठीक, मेरा अभिप्राय भी वैर लेने ही से था। इस प्रकार राव केलण ने पूँगल लिया, फिर मुलतान जाकर सुलैमानखाँ को नागोर पर चढ़ा लाया और राव चूंडा को मरवा डाला। केलण बहुत वर्षों तक राज करता रहा। उसके अधीन इतने गढ़ थे—

दोहा

पूंगल बीकमपुर पुण विम्मणवाद मरोट।
देरावर नै केहरोर फेलण इतरा कोट॥

राव फेलण के देरावर लेने की एक बात ऐसी भी सुनी है कि सोम, केहर का सगा भाई, देरावर में मर गया तब ४०० मनुष्यों को लेकर राव फेलण वहाँ शोक-मोचन कराने को आया। सोम के पुत्र सहसमल ने उसको गढ़ में न घुसने दिया परंतु वह कई सौगंद शपथ व कौल वचन करके गढ़ में आया और पाँच-सात दिन तक रहा। सहसमल ने कहलाया कि अब जाओ। परंतु उसने गढ़ न छोड़ा। तब सहसमल रूपसी क्रोधित होकर अपना माल-मता गाड़ों में भर, गढ़ छोड़कर, निकल गए और सिंध में जा रहे। देरावर फेलण के हाथ आया। तदुपरांत फेलण जल्दी ही मर गया। विकुंपुर, बरसलपुर, मोटासर और हापासर की सब धरती पर फेलण का अधिकार था। फेलण के पौत्र राव शेखा की संतान में भूमि इस प्रकार बँट गई—३६० गाँव पूँगल के ताल्लुक। कोई ऐसा भी कहते हैं कि गाँव १५० थे। ७५ गाँव विकुंपुर के ताल्लुक; ८४ गाँव बरसलपुर के; और १४० गाँव हापासर में किशनावत भाटियों के पास रहे। हापासर पाहुवों का कहलाता है। पहले तो जेसलमेर के अधिकार में था, पीछे बीकानेर के महाराज सूरसिंह ने जबर्दस्ती उसको बीकानेर में मिला लिया और किशनावत वहाँ चाकरी देने लगे। हापासर बीकानेर से १२ कोस पर है। पहले जेसलमेर की सीमा बड़ी बजाल तक थी जो राणोहर से १२ कोस महाजन के निकट है। किशनावतों के गाँवों की तफसील—हापासर, मोटासर, खारवास, राणोहर रायमलवाली, बीजल, बाधी, धवलासर, आकेवला, राजासर, सूरासर, बेडरण, लालावर, पीठ-

वाला, मोटेलाई, नागराजसर, लाखासर, भराासर, ददाहर, चूहड़सर मोरियोंवाला, लाकड़वाला, बंध, जगदेवाला, मडण, रोजारण, भावाहर और फलाफसा।

राव केलण के पुत्र—चाचा, रिणमल, विक्रमादित्य, आका, कलिकर्ण और हरभम। चाचा पूँगल में; रिणमल विकुंपुर में राव था जिसकी संतान खरड के भाटी हैं, आका को राव नापू रिणमलोत ने मारा, उसकी संतान सेरा सरिया भाटी, हरभम की संतान हरभम भाटी जिनके गाँव नाकणा और सरनपुर हैं। कलिकर्ण की संतान तणोंणे गाँव में और विक्रमादित्य के वंशज परिवारों में हैं।

राव चाचा केलण का पूगल में पाट बैठा। राव केलण ने जितने गढ लिये इनमें से विकुपुर रिणमल केलणोत को दिया। राव चाचा के अधिकार में इतने कोट थे—पूँगल, केहरोर, मरोठ, मगलवाहण और देरावर। चाचा के पुत्र—राव बैरसल पूँगल की गद्दी पर, रावत रिणधीर को भाईबँट में देरावर मिला। उसने बरसलपुर का नया कसबा बसाया। कुंभा, महिरावण रावत रिणधीर के पुत्र देरावर में न ठहर सके क्योंकि वह सारे सिंध देश का नाका है, इसलिए विकुपुर में नोखसेवडे चले आये। अब नेतावत भाटी वहाँ रहते हैं। रावल लूणकर्ण ने देरावर लिया तभी से वह नगर जैसलमेर ताल्लुक हुआ। राव बैरसल ने गाडीण प्रसायत बारहट खीवा को दुष्काल में सिंध जाते हुए रोककर अपने पास रक्खा और इतना दान दिया—

> "दुय मिरि चदन अढार बरजल वव मोताहल।
> सेर एक सोवन्न पच रूपक झालाहल॥"
> "वार जूध नर महिप चादर पट बारह।
> च्यार तुरी चत्र ऊँट गाय इक सर विरहै॥"

"भाटियाँ राव हुवसी भुवण, लाभधम्म सोभागलुक।
वैरसल हाथ मांडावियो, चाय इवै चाचग सुस ॥"
"सींदे समोन वारहट वैरड समोन राय।
जाहे जग जासी नहीं दूहो चवे पसाय ॥"

(वैरसल के पुत्र—"सेरो राव तिलोकसी, जोगाइत जगमल।
चैरागर रा डीकरा, एकै एकह भल ॥")

विकुंपुर राव केलण के दूसरे पुत्र रिणमल ने पाया था। उसका पुत्र गोपा कपूत हुआ तब राव शेखा (पूँगल) के पुत्र हरा ने विकुंपुर उससे छीन लिया। राव हरा का पुत्र राव वरसिंह हुआ जो पूंगल और विकुंपुर दोनों ठिकानों का स्वामी था। उसने बड़ी बड़ी लड़ाइयाँ कीं। राव वरसिंह का कवित्त—

पंचसहस मों गरै सहस पंचह धमधारै
पंचसहस पेलरै किये कंवड़ै करारै।
रैवारी रवडी फिरै आगै पड़दारै खडै
बाग मोकलो चित्त भाटियाँ करारै॥
वाहड़गिर रांवड़ कोटड़ैं छडोटण सकियो
गोरहर लगो जू मेहणो रयैनु तारण आवियो।
कहकहिया कणलिया कछलागी किरमालां
कमालां भारिया पूठ जिरहाँ कमालां॥
खेड़ीतां खूंदतां धसै धर पायें हैमर
घूघर रीलरचह रूपा बाजै रिणपाखर।
सरणाय साह नीसाण सर कूपिये ढोलां
रखकियां त्रूटती रातहर भमवणे जगमाल जगाविया॥

राव धरसिंह का पुत्र राव दुर्जनसाल विक्रुंपुर का स्वामी हुआ। वह सोनगिरे साँवा का दोहिता था और मोटा राजा (उदयसिंह) उसकी पुत्री पोहपावती (पुष्पावती) को ब्याहा था जो मोटे राजा के जोधपुर बहाल होने के पूर्व ही मर गई। राव दुर्जनसाल के पुत्र—राव डुगरसी, सूरजमल, भवानीदास, सुरताण और रायमल।

राव डुगरसी—विक्रुंपुर का स्वामी बड़ा ठाकुर हुआ। उस वक्त मोटा राजा फलोधी में रहता था और देश में दाण भी बहुत लगता था। घोड़े के सौदागरों की एक सोहबत फलोधी को आती थी, राव डुगरसी ने अपने भाई भवानीदास को भेजकर सौदागरों को बुलवाया और उनसे दाण चुकाकर आगे विदा किया। मोटे राजा ने उनकी रक्षा के निमित्त अपने आदमी भेजे थे, उनके सुपुर्द करके भाटी भवानीदास पीछा फिरा और मांडणसर में आकर उतरा था। वहाँ राव वैरसी जैतावत व उसके साथियों ने भवानीदास को मार डाला। राव डुगरसी कुछ न बोला, परंतु मोटा राजा भाटियों से छेड़छाड करने और उनकी बुराई करने लगा, (उनका गाँव) बालेसर लूट लिया तब राव डुगरसी सब केलण भाटियों को इकट्ठा कर ढाई हजार सेना सहित कुंडल में राव के तालाब पर आया। मोटा राजा भी पाँच-सात सौ आदमियों की भीडभाड लेकर भाटियों पर चढ धाया, सं० १६२७ के आश्विन के अंत और कार्तिक के प्रारंभ में युद्ध हुआ, विजय भाटियों को मिली। भाटियों की तरफ बरसलपुर का स्वामी राव मंडलीक मारा गया और राठोडों के भी कई मनुष्य खेत रहे। मोटा राजा हार खाकर फलोधी आया और भाटी वहाँ से फिर गये। राव डुगरसी के पुत्र राव उदयसिंह पाटवी, बलूचों व सम्मा ने पूँगल के राव आसकर्ण को मारा था।

उदयसिंह ने सम्मा को, बहुत साथियों सहित, मारकर वैर लिया। मेहवे तलवाड़े पर भी कुँवर पदे चढ़कर गया था परंतु वहाँ हार खाई और उसके बहुत से आदमी मारे गये। डूंगर का दूसरा बेटा देवीदास था।

राव उदयसिंह के पुत्र—सूरसिंह पाटवी, ईसरदास, अर्जुन और कचरा। ईसरदास सिरड़ में रहता था। सं० १६८५ में जब भाटी वत्ता फलोधी का हाकिम था तब उसने ईसरदास को मारा। उसके पुत्र रघुनाथ, हाथी, नाहरखान, लखमीदास, पूरा, सहसा, कर्णं जिसको विक्रमादित्य के पुत्र अचलदास ने मारा, रासा (बीकानेर नौकर होकर बीठणोत के पास जा रहा, वह स्थान अब तक रासे का गुढ़ा कहलाता है जहाँ पाँच सौ सात सौ घर की बस्ती थी), वाघ और सबलसिंह, अर्जुन, कचरा उदयसिंहोत (बीकानेर का चाकर मांडल में रहता था)।

राव सूरसिंह (वा सूरजसिंह)—विकुंपुर का स्वामी हुआ। यह बड़ा निर्भय राजपूत था। इसने बड़े-बड़े काम किये। एक बार जब नागोर की जागीर मोहबतखाँ (महाबतखाँ) के थी तब वह बीकानेर, नागोर व फलोधी के बहुत से मनुष्य लेकर चढ़ आया। राव सूरसिंह दो-ढाई सहस्र आदमियों के साथ सीधा वाप जाकर उतरा। तब फलोधी के हाकिम मुँहता जगन्नाथ ने मध्यस्थ होकर संधि कराई। सं० १६९२ में दलपत के पुत्र पृथ्वीराज अखैराज बाधीतरे के वास्ते सीमा के भाटियों के पीछे पड़े हुए थे उसी समय राव उदयसिंह व उसके पुत्र बल्लू के बीच वैमनस्य हो गया। तब बल्लू विकुंपुर छोड़कर कैर में पर्वत के पास आ रहा। वहाँ पोकरण के थाणे पर रहनेवाले भाटी दुर्गादास मेघराजोत, भाटी द्वारकादास और एका,

हंमीर और राव सूरसिंह सहित सब भाटी आये। वहाँ पर वह आया तो दुर्गदास, द्वारिकादास, रघुनाथ, एका और विकुंपुर जेसलमेर का सारा साथ दौड़ा। फलोधी से १५ कोस परे भांगलियों के गाँव मूंडेलाई में जाकर डेरा दिया; जहाँ दुर्जनसाल का पुत्र खेतसी रहता था। उसने इनको देखकर ढोल बजवाया। राव पृथ्वीराज अखैराज ने भी शस्त्र सँभाले। लड़ाई होने लगी जिसमें राव सूरसिंह अपने पुत्र बल्लू समेत मारा गया और भाटी द्वारिकादास, दुर्गदास, रघुनाथ व पोकरणा के साथ भागा, हमीर व मथुरा दो आदमी राव सूरसिंह के साथ काम आये। राव सूरसिंह के पुत्र—बल्लू पिता के साथ मारा गया, उसका बेटा किशनसिंह और किशनसिंह का कुशलसिंह। किशनसिंह ने सं० १७२१ पौष बदी २ को ननेऊ से आकर राव विहारी को मारा फिर तेजसी ने किसना को मार डाला था। किसनसिंह के अतिरिक्त प्रयागदास, मोहनदास, विहारीदास, चंद्रसेन, दलपत और खेतसी राव उदयसिंह के पुत्र थे। प्रयाग का पुत्र पत्ता। सूरसिंह के पीछे मोहनदास को विकुंपुर का टीका दिया गया। मोहनदास के पीछे उसका पुत्र जयसिंह राव हुआ परंतु सं० १७११ में विहारी ने गढ़ लिया। जयसिंह का पुत्र मालदेव था। विहारीदास कई दिन तो बीकानेर चाकरी करता रहा फिर रावल के आज्ञानुसार उसने जयसिंह से विकुंपुर ले लिया। वह कुछ आलसी सा था। सं० १७२१ के पौष बदी २ को विहारी का पुत्र ब्याहने गया था, पीछे गढ में थोड़े से आदमी थे तब भाटी किसना (बल्लूओत) ने ननेऊ से दसेक आदमियों सहित आकर विहारी को मारा। विहारीदास के पुत्र राव जैतसी और गजसिंह चंद्रसेन का पुत्र जगरूप; दलपत साहबदे के पेट का जैतावतों का भानजा था।

राव केलण का वंश
राव चाचा[1]
रिणमल[2]
विक्रमादित्य[3]
अका[4]
कलिकर्ण[5]
हरभम[6]
देवा
रायमल
बीदा
शेखा
खींवा
चापा
भापा
रूपा
खेता
रत्ता
बाहू
सामा
जालप
शिवा
तोगा
किसना
बरसिंह
ईसरदास
मांडण
रावत
भाण
अनिंद
काजण
केसा
सहसा
सुरताण
कला
माना
लादा
नारायणदास[8]
रायसिंह
धरमा
कचरा
जीवा
राव बैरसल[7]
रावल रणधीर[8]
कुंभा
महिरावण
वीरमदे
लक्ष्मण
मूला
अज्जा
बीजा
नेता
शेखा
तिलोकसी
जोगा[11]
जगमाल[9]
जैतसी
सहसा
भैरवदास
पचायण[10]
अखैराज

*(१) पूँगल का स्वामी।
(२) विक्रुपुर की गद्दी पर।
(३) परिवारों का स्वामी।

* पुस्तक में इस प्रकार के जितने विवरण दिये गये हैं वे सब मूल ग्रंथ के हैं भाषान्तरकार के नहीं।

(४) इसके वंशज शेखा सरिया भाटी, भका को राव नाथू रिणमलोत ने मारा।

(५) इसके वंशज तणोणे गाँव में हैं।

(६) इसके वंशज हरभम भाटी नाचणे, सरनपुर, खरड़ और खोरवे में हैं।

(७) बरसलपुर वसाया।

(८) देरावर भाई-बँट में मिली थी, सतान नेतावत भाटी। विक्रुंपुर के गाँव नोखसेवड़े में।

(९) ममण वाहण लिया परंतु जगमाल की मृत्यु होने के बाद वहाँ तुर्कों का अधिकार हुआ।

(१०) राव वाघा की बेटी व्याही।

(११) गोयद की कन्या सुजानदेवी राजा सूरसिंह (मारवाड़) के साथ व्याही गई थी।

(१२) बडा राजपूत, जोधपुर रहता था, बोंझवाड़िया गाँव ४ सहित पट्टे था, स० १६९१ में मोहबतखाँ के पक्ष में काम आया।

(१३) चाँदरख पट्टे, दौलताबाद मे मोहबतखाँ के काम आया।

(१४) राव चद्रसेन (मारवाड़) का सुसरा, राणी सोहग्रा का पिता।

(१५) जोधपुर का नौकर, मेड़ते का गाँव राजोर पट्टे में था।

(१६) भाई-बँट मे केहरोर की जागीर आई, बरसलपुर में भी कुछ भाग था। बड़ा दाता हुआ। मरने पर केहरोर तुर्कों ने ले लिया।

वैरसल चाचावत का वंश—वैरसल के पुत्र शेखा तिलोकसी आदि तिलोकसी के बेटे सहसा और भैरवदास[1]। सहसा का बेटा अखैराज।

(राव मंडलीक)
राव नेतसी[८]
खेतसी
राव पृथ्वीराज[९]
(धनराज)[११]
राव दयालदास
रामचंद्र
सपला
वीरमदेव
दलपत
वाघ
राव कर्ण
राव रघुनाथ
गोपालदास[१४]
खेतसी
ठाकुरसी
रायमल
डूंगरसी
सीहा
लक्ष्मीदास
रामसिंह
नरहरदास[१५]
डगरा
राजसिंह
आसकर्ण
सिरंग
दुर्गदास
महेशदास
नाथा[१७]
राघोदास
वाघ
बिहारी
देवीदास
गोरधन
हरराम[१६]
माधोदास
जगमाल
गोयंददास
कल्याणदास[१८]
हरदास
मनोहरदास
कान्ह

दोहा—"जोगाइत जीमार, पाना रूपलसी परम ।
तेने बीजी त्यार, नेहरो होसी वैरउत ॥"

---

(१) मरोठ का स्वामी था, भैरवदास के निस्सन्तान मरने पर जैसा ने मरोठ ली ।

(२) पूँगल का स्वामी, एक बार इसको मुगल पकडकर मुल्तान की तरफ ले गये थे, राव बीका ने छुडाया ।

(३) पूँगल का स्वामी ।

(४) बरसलपुर का ठाकुर, तुर्कों ने मारा ।

(५) बरसलपुर का ठाकुर ।

(६) बरसलपुर का ठाकुर ।

(७) बरसलपुर का ठाकुर, स० १६२७ में मोटे राजा (उदयसिंह) के साथ कुडल में लडाई हुई वहाँ मारा गया ।

(८) बरसलपुर का स्वामी, समियाणे में बलोचों ने मारा ।

(९) बरसलपुर का स्वामी ।

(१०) जोधपुर में फलोधी का गाँव मेहाकोर पट्टे ।

(११) अपने पिता साँवा के साथ काम आया ।

(१२) रतनवाया पट्टे ।

(१३) राव मालदेव का नौकर, विकुपुर कोहर बहुत से गाँवों सहित जागीर में था। फलोधी के थाने में रहता था। पूँगलपति राव जैसा ने थाटी गाँव लूटा तब उसने वाहर करके उसको पाहला के पास जा लिया । जैसा, पृथ्वीराज और भोज को मारा और लडाई जीती ।

(१४, १५) भटनेर काम आये ।

(१६) जोधपुर वास ।

(१७) राव सत्रसाल के साथ काम आया ।

(१८) बाकानेर निवास, नाथूसर चाखू पट्टे ।

ठाकुरसी धनराजोत का वंश

- जोगा
  - भोपत
    - गोरधन[1]
      - गिरधर
      - अखैराज
      - मुकुंद
    - दयालदास[2]
    - गिरधर[3]
    - करमसेन
    - सुजानसिंह
  - रघुनाथ
  - गोयंद
- किशनदास
  - सूरजमल
    - रायकर्ण
- राम
  - जगन्नाथ
  - पृथ्वीराज
    - कुंभा
    - तेजमाल
    - जैसिंह
    - माधोदास

रायमल धनराजोत का वंश

- कान्ह[4]
  - नरहरदास
    - रामसिंह
- सांवलदास
  - सुंदरदास[5]
  - ईसरदास
  - खंगार[6]
  - जोगीदास
- उदयसिंह
- चांदा
- वेणा
- नारायणदास
  - मुकुन्ददास
  - मोटा
  - रामदास

लक्ष्मीदास[9] धनराजोत के पुत्र—कल्याणदास और दूदा। कल्याणदास का बेटा खाडसी[10]।

डूंगरसी धनराजोत का बेटा करमसी

सीहा[9] धनराजोत का वंश
हेमराज[10]
भगवानदास
भाण
सुरताण
रामचंद
भागचंद
जसवंत
रामसिंह
जगदेव
हरिसिंह
वल्लू
देदा
प्रयागदास
अखैराज
शेखा वैरसलोत के पुत्र वाघा[11] का वंश
विसना[12]
तेजमाल[13]
रायसिंह
माला
सांवलदास[14]
रायमल
जगमाल[15]
भगवानदास[16]
माधोदास[17]
अचलदास
सहसमल
भीम
ईसरदास
गोयंददास[20]
वीरमदे[21]
करण
पूरणमल
ठाकुरसी
कान्ह[18]
भाण
रायो
संगार[19]
धर्मराज
लाखयसी
रतनसी
करमचंद
पृथ्वीराज
पयल
सूजमल
भीम
दयालदास
नायो[22]
कुंभा[23]

(१) खींदासर पट्टे। (२) नाभासर पट्टे।

(३) सीहाण पट्टे। (४) जोधपुर नौकर मेहाकोर पट्टे।

(५) जांभेला पट्टे। (६) जोधपुर नौकर चीमणवाह पट्टे।

(७) हडफे में मारा गया। (८, ६) भटनेर में काम आये।

(१०) बीकानेर में निवास, सोवाणिया पट्टे।

(११) शेखा के वंशज शेखावत भाटी, पूंगल में हापासर के साथ १४० गाँव बँटा लिये।

(१२) किसना की संतान, किसनावत भाटी बीकानेर की चाकरी में रहते थे। जब फलोधी मोटे राजा को मिली तब पीछे नाम के वास्ते आधी फलोधी किशना को दी गई।

(१३) वड़ा झखाड़ पछाड़वाला राजपूत था।

(१४) अच्छा राजपूत, खारवा के चूहड़ सर में रहता है।

(१५) खारवा रहे।

(१६) जोधपुर महाराजा का नौकर, सं० १६८५ में मेड़ते का मीठडिया गाँव पट्टे में था।

(१७) जोधपुर नौकर था, सं० १६५६ में पाँच गाँव सहित बीठ-णोक पट्टे में थी, राजा सूरसिंह ने तेजमाल के साथ इसको भी मारा।

(१८) सं० १६७७ में जोधपुर रहता था, घामू सावरीज पट्टे में थी।

(१६) जोधपुर नौकर।

(२०) किशनावतों में मुखिया, रायमलवाली राखोर में रहता था।

(२१) जोधपुर नौकर, सं० १६५६ में १४ गाँवों सहित कालाणी पट्टे।

(२२) हापासर में रहता था।

(२३) ददेरे आचाहर में रहता था।

राव नरसिंह[1] हरावत का वंश
राव दुर्जनसाल[2]
राव जैसा[3]
कला[4]
पातल[5]
जोगा
करमचंद
सातल
किशनदास
रायो
जगमाल
भगवान
अखैराज
लोगाइत
कल्याणदास
रघुनाथ
धनराज
लखमीदास
पीथा
राघोदास
गोपाल
भीमराज
राव डुंगरसी
सूरजमल[6]
रायमल
सुरताण[8]
भवानीदास[9]
सादूल[10]
गोपालदास[11]
मानसिंह
रतनसिंह
भगवान
वल्लू
पूरा
रामा
मनोहरदास
सुंदरदास
जसवंत
शामदास
सांवरदास

(१) पूँगल, विक्रुंपुर दोनों का स्वामी।

(२) विक्रुंपुर का स्वामी।

(३) पूँगल का स्वामी।

(४) किरड़ड और बाप के बीच रहता था, उस स्थान को कल्ला की कोठडी कहते हैं। एक बार राव जैसा कहीं गया था, पीछे से कल्ला ने पूँगल पर अधिकार कर लिया, फिर वह जल्दी ही मर गया और पूँगल का टीका उसके भाई पातल को हुआ।

(५) छः मास तक पूँगल की गद्दी पर रहा फिर जैसा ने पूँगल पीछी ली। पातल की संतान नोखड़े में है।

(६) जोधपुर का चाकर, विकुकोहर पट्टे।

(७) जोधपुर का चाकर ननेऊ पट्टे। सं० १६६३ में काम आया।

(८) मोटे राजा का चाकर, फलोधी की गौवें घेरीं, उस वक्त काम आया।

(९) सिरहड़ में रहता था, पीछे सेवा के मामले में सं० १६२५ के लगभग मोटे राजा ने फलोधी रहते मारा।

(१०) राजा रायसिंह के साथ काम आया।

(११) सिरहड में रहा, पातावत ने नाल के पास मारा।

(१) सिरड़वासिया पट्टे में था, सं० १६८५ में भाटी वस्ता ने मारा।

(२) विक्रमादित्य के पुत्र राव अचलदास ने मारा।

(३) बीकानेर का चाकर, वीठणोक के पास जा रहा। अब तक इस स्थान को रासा का गुढ़ा कहते हैं। बस्ती पर ५०० तथा ७०० की सदा रहती थी।

(४) बीकानेर का चाकर, मांडाल गाँव में रहता था।

(५) अपने पिता सूरसिंह के साथ सं० १६६२ में मूंडेलाई की लड़ाई में मारा गया।

(६) ननेऊ से चढ़के राव बिहारी को मारा फिर तेजसिंह ने किशना का काम तमाम किया।

(७) सूरसिंह और वल्लू के मारे जाने पर विक्रुंपुर की गद्दी पर बैठा था।

(८) मोहनदास के मरने पर विक्रुंपुर का टीका हुआ था, सं० १७११ में बिहारीदास ने गढ़ लिया।

(९) पहले तो कई दिन बीकानेर चाकर रहा, फिर रावल के हुक्म से विक्रुंपुर लिया। भला, परंतु ढीला सा ठाकुर था, सं० १७२१ पौष वदी २ को बिहारी का पुत्र ब्याहने गया, पीछे गढ़ में थोड़े से मनुष्य रह गये थे तब भाटी किशना ने ननेऊ से आकर १० आदमियों सहित मारा।

(१०) साहिबदेवी का पुत्र, जैतावतों का भांजा।

राव जैसा वरसिंहोत (पूँगल का स्वामी)—इसके वंशज जैसावत भाटी कहलाते हैं। जैसा बड़ा बाँका राजपूत हुआ, उसने मरोठ भी ली थी और २२ लड़ाइयाँ जीतीं, अंत में मुलतान की फौज से लड़ता हुआ मारा गया। राव मालदेव गाँगावत (जोधपुर) ने अड़ोस-पड़ोस के सारे राज्यों को घर दवाया था। पूँगल पर भी उसकी सेना आई। चाडी का ठाकुर राव माण भोजराजोत कटक के साथ था। उससे झगड़ा कर जैसा चाड़ी गाँव पर चढ़ गया, वहाँ तीन लड़ाइयाँ जीतीं—एक में राव पृथ्वीराज भोजराजोत को चाडी के खेड़े में मारा। गाँवकरण का स्वामी कल्ला रतनावत पाता-वत को साथ सहित रिणमलसर के पास जा लिया, लड़ाई हुई जिसमें कल्ला को घायल कर (जैसा ने) गिराया और उसकी एक आँख भी फूट गई। आगे राव (मालदेव) का पोहकरण के थाने का साथ लेकर राव भोजराज का बेटा राण और भाटी धनराज केलण—फलोधी के थाने के—दोनों आते थे, उनको बीकानेर के गाँव लाखासर के पास आ दबाया, लड़ाई हुई, राण भोजराजोत के १७ आदमी मारे गए और राण निपट घायल हुआ परंतु मरा नहीं। भाटी धनराज को भाटियों ने बचा लिया। यह लड़ाई भी जैसा ने जीती। ऐसा भी सुना जाता है कि राव जैसा कितने एक दिन जोधपुर राव मालदेव के पास रहा था और मेड़ते के पट्टे का गाँव रायण उसके पट्टे में था। वह पातावतों का भांजा था, कुछ काल चोटीले भी रहा। उस वक्त पातावतों ने उसको बड़े आदर से रक्खा था। गीत राव जैसा का—

"अण भागो कलह सील सत अध कै, असुर घड़ाँ चोरंग चढ एम।
जो जीवीजे तो सालिया, जै मरजे तो जैसा जेम॥"

विक्रुंपुर के स्वामियों के दूसरे राज्यों से संबंध—

राठोड़ों के साथ—

राव चंद्रसेन (जोधपुर) राव डुंगरसी की बेटी ब्याहा।

मोटा राजा (उदयसिंह) राव दुर्जनसाल की बेटी हरखाँ को परणा; भाटी जगमाल सींवावत के यहाँ ब्याह किया, भाटी जयमल फल्लावत की बेटी ब्याहा।

बीकानेर के स्वामियों के साथ संबंध—

राजा रायसिंह भाटी भवानीदास की बेटी जसोदा ब्याहा।

राव सूरसिंह राव आसकर्ण (पूँगलिया) की बेटी ब्याहा। भाटी तेजमाल किशनावत की बेटी परणा।

राजा कर्णसिंह भाटी सुदर्शन मानसिंहोत सिरडिया की बेटी ब्याहा।

कछवाहों के साथ—

महासिंह मानसिंहोत राव आसकर्ण पूँगलिया की बेटी ब्याहा।

माधोसिंह राव डुंगरसी विक्रुंपुरवाले की बेटी ब्याहा।

(पूँगल के) राव जैसा बरसिंहोत का वंश

राव कान्ह[1]

राव आसकर्ण[2] | रामसिंह | मानसिंह

मानसिंह — सूरजमल

राव आसकर्ण — राव जगदेव | नारायणदास | सुरताण | किशनसिंह | गोयंद | किशनदास

राव जगदेव — राव सुदर्शन[3] | महेशदास[4] | जसवंत | गोकुलदास | खंगार | राजसिंह

जैसा भाटी—केहर (रावल) के पुत्र कलिकर्ण के बेटे जैसा से शाखा चली, जो जैसा भाटी कहलाते हैं। जैसे जेसलमेर छोड के फलोधो के किसी गाँव में नहीं रहे, एक बार किरडड के पास आ बसे थे। वहाँ मूल नक्षत्र में जनमी हुई राणी लक्ष्मी को हर-मम के यहाँ उसके ननिहाल भेज दी और जैसा नागोर के गाँव भाडड़े में गया। वहाँ गढ बनवाया और रक्षा के निमित्त अपने आदमी छोडकर वह चित्तोड में राणाजी के पास जा रहा। राणा कुंभा ने उसको १४० गाँव सहित मल्ला सोलंकीवाला ताणा पट्टे मे दिया। वहाँ उसने रामदास मालहण के बाप को मारा। एक बार उसने दीवाण से कहा कि आप कहें तो मैं दरगाह (पादशाही खिदमत में) जाकर जेसलमेर को धका पहुँचाऊँ। राणाजी ने रुखसत दी, वह दिल्ली जाकर दो मास वहाँ रहा और वहीं मरा। राणाजी ने उसके पुत्र भैरवदास को राव की पदवी

---

(१) पूँगल का स्वामी, जैसा को तुर्कों ने मारा तब कान्ह भी कैद हो गया था। राजा रायसिंह ने बादशाह से अर्ज कर छुड़ाया।

(२) पूँगल का स्वामी। सम्मा बलोच पूँगल पर चढ आया तब आसकर्ण गढ से निकलकर नगर के बाहर मैदान में उनसे लडा और बहुत राजपूतों सहित मारा गया।

(३) राव मान खींवावत का दोहिता, सं० १७२२ में राजा कर्ण (बीकानेरी) ने इससे पूँगल छीन ली।

(४) स० १७२२ में बीकानेरवालों ने मारा।

राणे का पट्टा १४० गाँव से दिया। भैरवदास की बसी नागोर के गाँव भाउड़े ही में थी। बलोचों ने वहाँ के गौ, भैंस आदि घेरे। भैरव उनसे जा भिड़ा और लड़ाई में, ४० साथियों सहित, मारा गया। राणे का पट्टा राणा ने उसके पुत्र अचलदास को दिया। भाउड़े में बसी रह न सकती थी तब राणी लक्ष्मी ने राव सूजा (मारवाड़) से अर्ज़ कर बसी के वास्ते गाँव चोपड़ाँ दिलवाया। बसी वहाँ रहती और अचला मेवाड़ में रहता था।

हम्मीर भाटी—हम्मीर देवराज का और देवराज मूलराज का पुत्र था। यह जेसलमेर के चाकर हैं। नरा अज्जावत, अज्जा किशनावत और किशना चूंडावत, आगे का हाल मालूम नहीं। जैसलमेर के ४ भाटी प्रधानों में एक हंमीर भाटी थे। जब भाटियों का अधिकार पोकरण पर था तब बहुत से हमीर भाटी कैर पहाड़ी के बहाले पर रहते थे। इनका एक गाँव, जेसलमेर से ४ कोस, मछवाला जैसूराणे के पास है। मथुरा रायमलोत, मथुरा हराउत और माना शिवदासोत का एक गुढ़ा (छोटा गाँव) कैर पहाड़ो के पास था, जहाँ राव पृथ्वीराज अखैराज दलपतोत राव उदयसिंह बाघावत के बैर में सं० १६६२ में इनके गाँव मार के एक सहस्र गौवें ले चला। राव सूरसिंह, वल्लू, हम्मीर, पत्ता, मथुरा, माना पोकरण का संघ वहारू हो पीछे लगा, मूंडेलाई में मांगलियों के यहाँ जाकर ठहरे, वहाँ पृथ्वीराज ऊपर आ पड़ा, लड़ाई हुई और राव सूरसिंह वल्लू मारे गए, मथुरा भी काम आया और पत्ता अत्यंत घायल हुआ। मथुरा हरावत के पुत्र—जोगा और रतना; कांधल शिवदासोत का बेटा देवराज; रायमल के पुत्र शक्ता, पत्ता, हरचंद, रूपसी; भाटी दुर्गदास मेघराजोत, मेघराज बीरमदासोत। हंमीर की संतान—

मूलराज के पुत्र देवराज का बेटा हमीर, हमीर का लूणकर्ण[1], लूणकर्ण का सत्ता[2], सत्ता का अर्जुन[3], अर्जुन का सावत[4], सावत का सीहा[5], और सीहा का पुत्र रायपाल[6]।

- राणा
- अखैराज
- भाखरसी
  - सुरतान
    - सल्हदी
  - रामदास
  - नरसिंहदास
- किशनदास
  - जैतमाल[10]
- आसा[7]
  - डूंगरसी
    - राघोदास[22]
      - जगन्नाथ[23]
  - ठाकुरसी
    - वेणीदास[24]
  - सुर्जन[25]
    - कान्ह
  - नारायणदास[14]
  - गोपालदास[8]
    - दयालदास[9]
      - छीतरदास[10]
      - राजसिंह[11]
      - भगवानदास[13]
      - केसरीसिंह[12]
      - तेजसिंह
  - रूपसी[15]
    - सिंह[16]
      - रामदास
      - पृथ्वीराज
    - जगन्नाथ[17]
    - पचायण[18]
    - महेशदास[19]
    - जसवंत
      - वल्लू[20]
    - मोहनदास[21]
- जैसा

राणा रायपालोत
पत्ता
ईसरदास
रायमल
सादूल
नापा
धेरसल
सूजा
थाईदान
पंचायण
लूणा
कान्ह
थर्संराज रायपालोत
भगवानदास
केसोदास
मनोहरदास
राघोदास
सुंदरदास
शामदास
पंचायण
गोपालदास
जैसा रायपालोत
गोपालदास
राव रायसिंह
गोयंददास
भाण
माधोदास
विट्ठलदास
सुरताण
नरसिंहदास
राघोदास
मोहनदास
बल्लू
हरराम
शिवदास
भीम
दूदा
नरहरदास
सुंदरदास
महेशदास
रतनसी
कल्याणदास

(माधोदास)

मुकुंददास[२९]	दयालदास	गिरधरदास	अचलदास
मुरारदास	वेणीदास		

---

(१) इसकी संतान जोधपुर दर्बार के चाकर।

(२) राव रणमल के साथ चित्तौड़ काम आया, इसने राव को वचन दिया था कि मैं आपके साथ प्राण दूँगा।

(३) राव वीका का मोहिलों के साथ युद्ध हुआ जिसमें मारा गया।

(४) बीकानेर राव लूणकर्ण के काम आया।

(५) मौत से मरा।

(६) राव मालदेव का नौकर, खींवसर और नागोर के गाँव भटवड़ा खेजड़ला पट्टे में थे, फिर राव चंद्रसेन के पास रहा। जब राव चंद्रसेन ने मोटे राजा से फलोधी में युद्ध किया तब रायपाल लड़कर मारा गया।

(७) राजा भगवानदास कछवाहे के पास रहता था। वहीं मरा।

(८) वडा राजपूत, बादशाही चाकर था। स० १६६६ में वसी रखने को खेजड़ला पट्टे में रहा। स० १६६९ में राजाजी के साथ दक्षिण से गुजरात में होकर आया जिससे पादशाह नाराज हो गया। स० १६७१ में जोधपुर चाकर हुआ और दूधवाड़े का पट्टा पाया।

(६) सं० १६६७ में जोधपुर नौकर हुआ और ओलवी पट्टे में दी गई। स० १६७८ में २४ गाँव सहित भादराजूण मिली। सं० १६८२ मे भादराजूण छूटकर ओलवी ही रही। सं० १६६० में जालौर की फ़ौजदारी दी। सं० १६६१ मे हुकूमत व पट्टा उतरा तब दूधवाड़े अपनी बसी उठाकर धारै गाँव में गुढा बाँधा। सं० १६६१ जेठ सुदी ११ को राव चाँद वाघोत मेहवचा, जो मेवाड़ मे राणाजी के पास नौकर था, चढ़ आया और दयालदास को मारा।

(१०) पहले तो गोपालदास के पास था। सं० १६६० में जब दयालदास को दूधवाड़ा दिया तब ओलवी इसको मिली थी। स० १६६३ में छोड़कर राव अमरसिंह के पास गया, सं० १६६५ में वापस आने पर भादराजूण का पट्टा राजसिंह के शामिल मिला था। वे दोनो परस्पर लड़े और राजसिंह ने भादराजूण की गढ़ी में छीतरदास को मारा।

(११) पहले छीतर के साथ भादराजूण जागीर में था, सं० १६६६ मे ४ गाँव सहित समदोला पट्टे में मिला।

(१२) स० १६६२ में ४ गाँव सहित खेजड़ला पट्टे में था।

(१३) दयालदास के साथ काम आया।

(१४) राजा मानसिंह का चाकर था, उसके मरने के पीछे जोधपुर रहा। सं० १६७३ मे मेड़ते का गाँव कुडकी पट्टे मे था, सं० १६७६ में छूटा तब पीछा राजा भावसिंह के पास जा रहा।

(१५) सोजत का वापारी गाँव ३ गाँवों सहित पट्टे, सं० १६५१ मे जोधपुर का गुढ़ा मिला। बड़ा राजपूत था।

(१६) स० १६६७ में सोजत का गाँव रीवडी पट्टे, सं० १६७७ में मल्हार पाया।

(१७) पहले वो दयालदास का नौकर था, स० १६७३ में मेडते का गाँव दोढोलाई पाया, स० १६८५ में आगरे से आता हुआ मारा गया।

(१८) स० १६७५ में खींवसर की वेरावस पट्टे, स० १६८४ धारणनाथ चौकडो पाया।

(१९) राव दलपतसिंह (बीकानेर) के पास था, जब दलपत की बादशाही सेना से लड़ाई हुई और वह मारा गया तब मोहनदास भी हाथी गोपालदासोत के साथ काम आया।

(२०) स० १६७४ में जालौर का खारा नरसाणा पट्टे, स० १६७७ में तुवरां और मेडते की चोखा वासणी थी।

(२१) स० १६७४ में जालौर का सेराणा था, स० १६७७ में जैतारण का नीलांवा और स० १६८० में मेडते का चौकडो पट्टे रहा।

(२२) स० १६७७ में जालौर का साहला गाँव ५ सहित पट्टे, स० १६७८ में तिमरणी की मुहिम में काम आया।

(२३) स० १६७८ में मेडते का घांडाहड और जालौर के ३ गाँव पट्टे में थे।

(२४) स० १६६७ में ५ गाँव सहित चोपडाँ पट्टे, स० १६७६ में पट्टा जब्त हुआ तब शाहजादे खुर्रम के पास जा रहा और पूर्व में मरा।

(२५) स० १६७२ में चांपासर, स० १६७५ में जैतारण का महसिया और स० १६८० में मेडते का माणकियावास था।

(२६) पहले वो पृथ्वीराज पातावत के पास था, स० १६४१ में मोटे राजा का नौकर हुआ और दांतीवाडा पाया। जैसा की पूछ प्रधानों में होती थी, स० १६४९ में लाहोर में मरा।

(२७) राजा रायसिंह को छोड़ जोधपुर नौकर हुआ। सं० १६५२ में दाँतीवाड़ा, सं० १६५५ में सोजत की चंडावल और १६५६ में ३ गाँव सहित खेजड़ला पट्टे था।

(२८) बड़ा राजपूत, खेजड़ला पट्टे सं० १६६६ मे ओलवी और भाँगेसर मिले। बादशाही दरबार में वकील होकर रहता था। सं० १६८७ में मरा।

(२९) सं० १६८७ में भाँगेसर पट्टे।

(३०) सं० १६६७ में बीलाड़े का कूँपड़ावस, सं० १६७४ में जालोर का रेवता और सं० १६७० में लवेरे का नांदिया पट्टे में था, छोड़ के भावसिंह कानावत के पास जा रहा।

(३१) सं० १६६० में पीपाड़ का वाड़ा पट्टे, सं० १६६२ में मांडवे में काम आया।

(३२) सं० १६६९ में सूरजवालणी और सं० १६८० में धवा की सिलणी पट्टे।

(३३) सं० १६७४ में बीलाड़े का गाँव हरस पट्टे।

(३४) सं० १६८९ में लुड़ली पट्टे।

(३५) सं० १६५२ में बीलाड़े का जैतीवास पट्टे, सं० १६७१ में भाटी गोयंददास के साथ काम आया।

(३६) सं० १६७६ मे भाटी गोयंददास के पक्ष में लड़कर पूरे लोह पड़ा, सं० १६७२ में जैतीवास का पट्टा कायम रहा, सं० १६९२ में मरा।

(३७) सं० १६८० में भामेलाई और सं० १६९२ में जैतीवास पट्टे।

(३८) सबलसिंह राजावत के पास रहता था।

(३९) सं० १६५० तेजा का राजला पट्टे, सं० १६५४ में बोजा-वासणी दी, सं० १६६१ में छोड़ी। मेड़ते में भाण वेणीदास राजा पूरणमल का फ़ौजदार था, कान्हदास के लोगों ने उस पर दोष लगाया जिससे राजा अप्रसन्न हो गया। जब राजाजी देश में आये तो उन्होंने भाण और वेणीदास को महंदअली (महम्मदअली) द्वारा दरबार में बुलवाया। नकीब पुकारा कि वेणीबाई और भाणीबाई जुहार करती हैं। ये दोनों छोड़कर किशनसिंह के पास जा रहे। सं० १६७७ में पीछे जोधपुर आये, भाण को ३ गाँव से कुहर पट्टे में दिया। सं० १६७६ में जोधपुर का सिकदार रहा था।

(४०) सं० १६७७ कुहर पट्टे, सं० १६९२ में सांवलता और कपूरिया पाया।

(४१) माधोसिंह कछवाहे का चाकर, अजमेर काम आया।

(४२) सं० १६७२ में ५ गाँव से मांडोलाव पट्टे, सं० १६७३ में मेड़ते का गगड़ाणा, १६७८ में गजसिंहपुरा और १६८७ में ४ गाँव से बींझवाडिया पट्टे।

(४३) मेवाड़ का नौकर पुर का परगना पट्टे।

(४४) मेवाड़ का नौकर।

(४५) खुर्रम के साथ की लड़ाई में मारा गया।

(४६) करमसेन का नौकर। पँवारों की लड़ाई में मारा गया।

(४७) करमसेन के पास।

(४८) कछवाहा प्रतापसिंह के पास, पूरब की मुहिम में काम आया।

(४९) कछवाहा प्रतापसिंह के पास पूरब में मारा गया।

(५०) राठौड़ जसवंत डुंगरसींहोत के पास था, जसवत के साथ मारा गया।

पच्चीसवाँ प्रकरण

जैसा कलिकर्णोत का वंश

(१) सूजारे निवास, जब भैरवदास ऊसावत को सूर मालदेव

ने मारा तो आनंद ने सूर को गडेवाड़ की अद्दिलाथी में जाकर मार लिया।

(२) राव मालदेव का नौकर, लवेरा पट्टे, वहाँ रहता था। इसके कढ़ाई सदा चढ़ी रहती और पाकशाला चलती ही रहती थी। शेरशाह सूर के साथ राव मालदेव की लड़ाइयों में घायल हुआ तब चाकर उठाकर घर लाए, पीछे काम आया।

(३) जब मोटा राजा फलोधी में था तब गाना उसकी चाकरी में रहा और कुंडल की लड़ाई मे भो शामिल था।

(४) गोयंददास बड़ा राजपूत हुआ, सं० १६४० में मोटे राजा के पास था और लवेरे की वासणी पट्टे में थी। एक बार वह पादशाही दरगाह में भेजा गया। गोयंद काम सुधार आया तब प्रसन्न होकर मोटे राजा ने सिवाणे का गाँव माँगला फिर दिया। सं० १६४३ में लवेरा पाया। सं० १६५१ में मोटा राजा मरा, सं० १६५२ में राजा सूरसिंह ने लवेरे के साथ गाँव २५ और दिये और अपना प्रधान बनाया। सं० १६६३ में लवेरे के साथ आसोप भी पट्टे में दिया और दरगाह में भी गोयंद प्रसिद्ध हो गया। स० १६७१ ज्येष्ठ सुदी ८ को अजमेर के मुक़ाम राव किशनसिंह उदयसिंहोत (राजा सूरसिंह का भाई) राजा के डेरे पर गोयंद को मारने के लिए आया। फटाकटी में गोयंददास, राव किशनसिंह, कर्ण शक्तिसिंहोत आदि बहुत से आदमी मारे गये। यह लड़ाई बादशाह जहाँगीर के डेरों के पास अजमेर में हुई।

(५) सं० १६६३ में कुँवर गजसिंह टोडे राजा जगन्नाथ के यहाँ ब्याहने को गया था, वहाँ शीतला निकली और बहुत बीमार हो गया। गोयंददास ने अपने पुत्र मोहन को कुँवर पर वारा जिससे कुँवर को तो आराम हुआ और मोहन मर गया।

(६) सं० १६७२ में राजा सूरसिंह ने डोवर का पट्टा, सात गाँवों सहित, दिया था। स० १६७६ के वैशाख में इसने रा० नरहर ईसरदासोत को वैर में मारा। तब पट्टा ज़ब्त हो गया और नरहर आफ़त का मारा शाहज़ादे ख़ुर्रम के पास जा रहा। वहाँ से छोड़कर सिंगले गया और कँवले गाँव में रहा। वहाँ उसे मृगी रोग हो गया, पीछा राजा गजसिंह ने पाँवों लगाया और मेवरा पट्टे में दिया। सं० १६६५ में मर गया।

(७) महाराजा गजसिंह का नौकर विलायेस खेवासर पट्टे।

(८) सं० १६६६ में नरहरदास पर भाटी मालदेवोत और गोयंद सहसमलोत नागोर से आये। दूदा भी मुक़ाबले में जाकर लड़ा और मारा गया।

(६) महाराजा जसवंतसिंह का चाकर, सं० १७२१ में गाँव धवा पट्टे।

(१०) महेवचो पूरां का पुत्र, सं० १६७२ में भाटी गोयंददास मारा गया तब लवेरा रामसिंह और पृथ्वीराज को शामिल में मिला था। सं० १६७७ में बुरहानपुर में रामसिंह से छुड़ाकर लवेरा पृथ्वीराज को दिया तब रामसिंह शाहज़ादे शहरयार के पास जा रहा। कश्मीर जाते रा० ईसरदास कल्याणदासोत के चाकर ने रामसिंह जगमाल को रात के वक्त डेरे में घुसकर मारा। सं० १६७२ में एक बार आसोप मिला थी। स० १६७६ में राजा गजसिंह ने आसोप राजसिंह को दिया और रामसिंह को भटेंडा मिला।

(११) स० १६७२ में तीन गाँवों सहित रड़ोद मासरी पट्टे में थी। सं० १६७८ में रड़ोद राजसिंह को दी तब वेणीदास पर

आ बैठा। सं० १६८० में ३ गाँव से आणवाणा पाया। सं० १६८५ में पागल होकर मर गया।

(१२) आणवाणा पट्टे।

(१३) पूराँ महेवची का पुत्र, सं० १६७२ में आसोप और लवेरा दोनों पट्टे में थे। सं० १६७७ में कुँवर अमरसिंह के साथ (नागोर) गया, फिर पीछा जोधपुर आया तब लवेरा पट्टे में पाया। महाराजा जसवंतसिंह का कृपापात्र था, सं० १७०४ में प्रधान का पद पाया और ४००००) की जागीर मिली। दो-एक वर्ष पीछे अलग किया गया। सं० १७०६ में पादशाही चाकर हुआ और सं० १७२० में मरा।

(१४) अच्छा राजपूत था, सं० १७१९ में रा० ईंद्रभाण केसरीसिंहोत गाँव डेह में रहने लगा और सबलसिंह पर चढ़ आया। इसने भी मुकाबला किया, अस्सी आदमियों सहित लड़कर मारा गया।

(१५) सं० १६५७ मगसर सुदि ७ का जन्म। सं० १६७० में फैलावा पट्टे में दे अपने आदमी भेज बड़े आदर से बुलाया। चित्तौड़ में राणा सगर के पास था। सं० १६७८ में बुरहानपुर से राव रत्नसिंह के पास चला गया। सं० १६८० में मनाकर पीछा आया और फैलावा दिया। सं० १६९१ में फिर छोड़ बैठा, चाकरी नहीं करे। फिर राव शत्रुशाल के पास रहा। काबुल जाते रा० किशोरदास गोपालदासोत के चाकर ने मारा।

(१६) जूट पट्टे।

(१७) श्रीजी का चाकर, विमलोरा पट्टे।

(१८) सुरताण के पट्टे का विर्कुकोदर १७ गाँवों सहित दिया। सं० १६७८ में राव रतन के पास जा रहा, सं० १६८० में पीछा

आया और विकुंकोहर पट्टे में आया। स० १६९० में फलोधी थाने पर रक्खा। वहाँ बलोचों ने गौरें घेरीं, उनको जा पकड़े और लड़ाई में मारा गया।

(१९) सं० १६९० में विकुंकोहर पट्टे, सं० १७१४ में उज्जैन काम आया।

(२०) विकुंकोहर और मतोड़ा पट्टे।

(२१) थचूकड़ा पट्टे।

(२२) सं० १६९० में ओयसाँ की डाभड़ी पट्टे, सुंदरदास के वैर में सोढों ने मारा।

(२३) जोधपुर का मेवरा पट्टे। लवेरी की साँढें सोढों ने घेरीं तब वाहर में सोढों से लड़कर मारा गया।

(२४) स० १६७५ में मेहकरण राम की मुहिम में मर गया।

(२५) सं० १६८० में मेवर पट्टे, सं० १६९१ में चाम्ँ दी थी, फिर राव अमरसिंह के साथ गया, सं० १६९५ में पीछा लाया और मेड़ते का चाम्ँ और साथाणा व फलोधी का जैसला दिया। सं० १६९६ में भावर पट्टे, सं० १७०४ में देश की खिदमत दी, सं० १७१४ में उज्जैन के जंग में अति घायल हुआ। महाराजा ने आदर के साथ ८०००) आय का कई गाँवों सहित लवेरा दिया और भोवाल भी।

(२६) श्रीजी का चाकर।

(२७) सं० १६७१ में गोपासरिया और वारणाऊ पट्टे में थे, स० १६८८ में खींवसर की नागरी और स० १६९३ में थोमवाहिया दिया।

पत्ता[1] नींबावत का पुत्र भोपत;[2] भोपत के बेटे ईसरदास,[3] जगमाल[4] और कान्ह[5]। ईसरदास के पुत्र—मनोहर, घरसिंह, नरसिंह, गोपालदास, खंगार, लखमीदास[6] और साँवलदास।

रिणमल[7] नींबावत के बेटे माधोदास[8] और वाघ। वाघ का लखमीदास।

गांगा[10] नींबावत का पुत्र कल्ला;[11] कल्ला के बेटे हरीदास,[12] माधोदास, जगन्नाथ, साँवलदास और प्रयागदास[13]। हरीदास का पुत्र जसवंत।

किशना[3] नींबावत। मूला[14] नींबावत। भोजराज[15] नींबावत।

दूदा आनंददासोत का पुत्र मेघराज; मेघराज का नारायणदास; नारायणदास[10] का कल्ला।

पीथा[21] आनंददासोत का परिवार

- पीथा[21]
  - रायसिंह[22]
    - केशोदास[23]
      - माधोदास[24]
        - जगनाथ
      - विट्ठलदास[25]
    - करमसी[2]
      - प्रयागदास[27]
  - शंकर[28]
  - रतना[29]
    - अमरा[30]
    - सहसा[31]
    - सुंदरदास
    - सूरदास
  - जैतसी[32]
    - मोहनदास[33]

---

(१) नींबा के बाद टीकेत हुआ।

(२) नींबा की सब बसी भोपत ही के रही, आपत्काल में गुढा पर राणाजी का साथ आया तब भोपत मारा गया।

(३) स० १६४० में गांगावाडी, लवेरे की वासणी और स० १६५८ में भेवाडी टीकाई दी गई, सिवाने के गढ का रक्षक भी था।

(४) उज्जैन काम आया।

(५) दक्षिण में मरा।

(६) गोयंददास (भाटी) के साथ काम आया।

(७) फलोधी में राव मालदेव के काम आया।

(८) राव चन्द्रसेन के समय जोधपुर के घेरे में रामपोल पर तैनात था, वहाँ काम आया।

(९) सं० १६६५ में सोजत का राजगियावास पट्टे, सुरताण के पास था, अचलदास के साथ मारा गया।

(१०) राव चंद्रसेन के आपत्काल मे जोधपुर गढ़ के द्वार पर लड़कर काम आया।

(११) सं० १६४० मे लवेरी की मढली, सं० १६४१ में रोड़ावा और लवेरे की वासणी पट्टे में थो।

(१२) सं० १६७१ में पृथ्वीराज की चाकरी में बेठवास का पाना पाया और सं० १६७८ में इयूंडिया पट्टे में था। सं० १६८७ में छोड़कर अचलदास सुरताणोत के पास जा रहा और उसी के साथ काम आया।

(१३) अजमेर मे गोयंददास के साथ काम आया।

(१४) जेसलमेर की सेना आई तब राव मालदेव के काम आया।

(१५) पट्टा छोड़ा और कटार खाकर मर गया।

(१६) मेड़ते में देवीदास जैतावत के साथ काम आया, राव मालदेव का चाकर था।

(१७) सं० १६६७ में रामावास पट्टे था, छोड़कर भाटी अचलदास के पास जा रहा और उसके साथ काम आया।

(१८) अचलदास के साथ मारा गया।

(१९) मोटे राजा का चाकर, लोहावट की लड़ाई में मारा गया।

(२०) सं० १६५२ में ईसर नावड़ो पट्टे।

(२१) राव मालदेव का चाकर, मेड़ते में देवीदास जैतावत के साथ काम आया।

(२२) सं० १६४० में चाँपासर, सं० १६४३ में सोजत का नापावत और पीछे वाँधड़ा पट्टे में रहा।

(२३) वाँधड़ा पट्टे।

(२४) सं० १६७२ में रूँदिया पट्टे में था, सं० १७१४ में उज्जैन काम आया।

(२५) रूँदिया पट्टे, पहरे पर एक चाकर खड़ा था उसने मारा।

(२६) रूँदिया पट्टे, अजमेर में गोयंददास के साथ मारा गया।

(२७) सं० १६८२ में जालेली पट्टे, फिर फलोधी का गाँव छीना दिया।

(२८) राव चंद्रसेन आपत्काल में भाद्राजण गया, वहाँ शंकर मारा गया।

(२९) मोटे राजा ने फलोधी में भाटी भवानीदास को मारा, उस लड़ाई में काम आया।

(३०) सं० १६९२ में लोलावस पट्टे।

(३१) गुजरात में काम आया।

(३२) सं० १६५६ में सोजत राव शक्तिसिंह को दी गई तब शक्तिसिंह के साथियों ने राव के वक्त विष्णुदास पर छापा मारा, वहाँ जैतसी काम आया।

(३३) सं० १६८३ में वांधरा पट्टे।

(आनंदराव के भाई) जोधा जैसावत का वंश
रामा[१]
नारायण
दुर्जन
आसा
भोजा
पंचायण
माला
किशना[२]
वीरमदे
राणा
ऊदा
कान्ह[३]
सूरजमल[१०]
गोयंद[११]
गांगा[१५]
तेगा
हरदास[४]
देवीदास[६]
मनोहर[१२]
कुंभा[१३]
भाण[१४]
अखैराज
रतन
मेघराज
पत्ता
द्वारकादास
विट्ठलदास[५]
मोहनदास
मुकुंददास
शक्तिसिंह
डूंगरसी
रामसिंह
दूदा
शत्रुसाल
राजसिंह
उदयसिंह
आसा
पृथ्वीराज
जगन्नाथ
जैतमाल
जैसा

(१) राव मालदेव ने १५ गाँव सहित वालरवा पट्टे में दिया था, पूँछड़ में रहता था। जब राव जैसा भावदासोत को मागेसर के थाने पर भेजा तो रामा को भी उसके साथ दिया। वहाँ वह बहुत घायल हुआ और डेरे पर लाते ही मर गया।

(२) मोटे राजा का चाकर था। जब रामा काम आया तो वालरवा वीरमदे रामावत के हुआ, इसलिए किशना चाकरी छोड़कर बीकानेर चला गया, जब मोटे राजा को फलोधी मिली तब पीछा आया और राजाजी के साथ समावली गया, फिर जब मोटे राजा को जोधपुर मिला उस वक्त पीछा देश में आया।

(३) जब मोटे राजा ने कुडल में भाटियों से लड़ाई की तब कान्ह युद्ध में पूर्णरीत्या घायल हुआ, फिर समावली गया। स० १६४० में जब जोधपुर मोटे राजा के हाथ आया तब भावों के डेरों पर चार गाव सहित वालरवा और कूडी का पट्टा कान्ह को दिया गया। गढ पर रहता था, स० १६६६ में मरा।

(४) वालरवे का पट्टा बरकरार रहा, स० १६८८ में जब्त किया गया तो वह राव अमरसिंह के साथ चला गया। स० १६९६ में काबुल से लौटने पर वालरवा पीछा दिया और गढ का किलेदार बनाया।

(५) सं० १६८३ में मोखेरी पट्टे, सं० १६८७ में दो गाँव सहित सावरीज दिया, सं० १६९१ में अमरसिंह के साथ गया और सं० १६९५ में पीछा आया तब चोढड मूडवा पट्टे में पाये।

(६) स० १६५६ में जब शक्तिसिंह को सोजत दी गई तब भाटी सुरताण ने राजा सूरसिंह के साथ जाकर सोजत को घेरा था, उस वक्त देवीदास किशनसिंह (राठौड) को बुलाने के वास्ते सुरताण को भेजा। उसने जाना कि किशनसिंह पाली मे है। किशनसिंह के सहायी लाला के भाखरसी सादूलोत से वैर था जो वालीसे की भूमि में रहता था। लाला उधर गया, लड़ाई हुई, भाटी देवीदास और लाला मेलावत मारे गये और अर्जुन ऊहड़ और भीम सहायी किशनसिंह को ले निकले।

(७) सं० १६७२ में हीरादेसर रामावत लखमीदास के शामिल पट्टे। सं० १६८३ मे तांवडिया मिला उसे छोड़कर भीम-कल्याणदासोत के पास जा रहा।

(८) सं० १६९० में नांदिया पट्टे में था, सं० १६९१ में अमरसिंह के साथ गया और १६९६ में पीछा आने पर काठसी गाँव दिया गया।

(९) स० १६८० में फलोधी का वरजागसर पट्टे।

(१०) मोटे राजा का चाकर, लोहावट की लड़ाई में मारा गया।

(११) सं० १५५६ में भगवानासणी और १६५७ में आनावस पट्टे।

(१२) गोयददास के साथ अजमेर में मारा गया।

(१३) स० १६६८ में आनावस पट्टे, छोडकर राव अमरसिंह के साथ गया, पीछा आने पर गाँव नांदिया पाया।

(१४) उज्जैन में काम आया।

(१५) स० १६४३ में आनावस पट्टे, स० १६५७ में दक्षिण मे काम आया।

वीरमदे रामावत का वंश
मुकुंददास
देवीदास
अर्जुन
मनोहर
विट्ठल-
दास
जैतसी
रामसिंह
रामसिंह
सबला
रामसिंह
लक्ष्मीदास
पीथा
माधोदास
मांडण
दयालदास
मेघराज
महेसा
मानसिंह
सुंदरदास
मालदसी
सांवलदास
नरहरदास
वाघ
रामचंद्र
रघुनाथ
करमचंद
कर्ण
जगनाथ
अमरा
सादूल
जैतमाल
लाखा
सबला
भावसिंह
केशोदास
लूणा
रूपसी

- (केशोदास)
  - चैणीदास[४]
    - राजसिंह
    - धीजा
    - भैरव
    - उगरा
  - अमरा[५]
    - भूधर
  - कला
    - रघुनाथ
- (रूपसी)
  - अचला
  - मोहनदास

---

(१) वालरवा पट्टे।

(२) राव चंद्रसेन के आपत्काल में भादराजण में था। राव ने वैरीसाल पृथ्वीराजोत, गोपालदास भाणोत, ऊहड़ और जयमल इन ४ ठाकुरों को घोड़ों की कारवान लूटने को भेजा था। वहाँ लड़ाई में मारा गया।

(३) सं० १६४० में चोपड़ा पट्टे, छोड़कर किशनसिंह के पास रहा। पीछा आने पर सं० १६७४ में फराडो दी गई। सं० १६७५ में ४ गाँव सहित भवराणी पट्टे में थो। सं० १६८० में मेड़ते का गाँव धधेलाव पाया और सं० १६८३ में मरा।

(४) सं० १६९१ में राव अमरसिंह के साथ गया था; वहाँ काबुल से आते हुए दरिया अटक में डूबकर मर गया।

(५) सं० १६८३ में मेड़ते का गाँव सीहार पट्टे में था।

(६) सं० १६५६ में भाटी देवीदास के साथ किशनसिंह (राठौड़) के काम आया। मरहाणी लाला के दावे में खेतसी सादूलोत पर चढ़कर गये थे, गोड़वाड़ के गाँव सेवटावास में लड़ाई हुई।

(७) राव चंद्रसेन के गाँव मालरवे में था, वहाँ धोरियों के साथ लड़ाई में मारा गया।

(८) सथेराई पट्टे, सं० १६७७ में वेरू पाया। सं० १६९३ में राव अमरसिंह के पास गया और वहीं मरा।

(९) सं० १६९५ में गोलावास की बाहरी पट्टे।

(१०) सं० १६६१ में त्रिगटो पट्टे, सं० १६६५ में ब्रह्मावासणी और सं० १६६६ में सांवत कुँभा पाया। सं० १६७० में कुँवर गजसिंह और भाटी गोयददास ने कुंभलमेर लिया। राणा के आदमियों से लड़ाई हुई जिसमें मारा गया।

(११) सं० १६७० में त्रिगटो पट्टे में थी।

(१२) सं० १६६३ में भांहरा पट्टे, स० १६७३ में सोजत का चावंडिया, सं० १६७४ में सोजत की वेल, सं० १६८१ में जूट पट्टे में था। सं० १६८४ में भगवानदास के साथ कड़ी गाँव में काम आया।

(१३) सं० १६८४ में जूट पट्टे, सं० १६९१ में राव अमरसिंह के साथ गया।

(१४) राव चंद्रसेन ने घोड़ों की कारवान लूटने को अपने आदमी भेजे, यह भी उनमें था, रायसिंह के साथ मारा गया।

(१५) राव चंद्रसेन के आपत्काल में साथ रहा, सवराड़ की लड़ाई में मारा गया।

(१६) सं० १६४० में चेराई, वीरसरा और ढिकाई पट्टे में थे, अच्छा राजपूत था, सं० १६७८ में उसके मरने पर गाँव ज़ब्त हो गये।

(१७) जसवंत के साथ चेराई में हिस्सा था। सं० १६७७ में बुरहानपुर से नवाब दक्षिण गया, मार्ग में दखनियों से लड़ाई हुई, वहाँ बाण लगने से मरा।

(१८) सं० १६८३ चेराई में हिस्सा था, सं० १६६० में मरा।

(१९) सं० १६९५ में भाखरी ऊदावस पट्टे।

(२०) सं० १६७० में धौंगाणा पट्टे, सं० १६८८ में चेराई थी।

(२१) सं० १६७२ में सबलसिंह राजावत के रहा।

(२२) सं० १६४१ में दो गाँव सहित पाँचला पट्टे।

(२३) सं० १६४० लवेरे का पूटला पट्टे, पीछे उसके बदले सोयला दिया सो छोड़कर बूँदी राव भोज के पास चला गया, वहाँ इसका विवाह हुआ था। सुसराल गया था वहाँ शत्रुओं ने मार डाला।

(२४) किशनगढ़ में रहता था।

(२५) किशनगढ़ में रहता था।

(२६) सं० १६६८ में आयसों का गाँव चंडालिया पट्टे।

(१) सं० १६४० ढोकाई पट्टे, फिर खुडियाला पाया; सं० १६६० में सावंतकुवा पट्टे था, सं० १६६३ में मांडवे की लड़ाई में काम आया।

(२) सं० १६६३ खुडियाला पट्टे; सं० १६७१ में अजमेर गोयंददास के साथ काम आया।

(३) सं० १६७२ खुडियाला पट्टे।

(४) सं० १६८१ खुडियाला पट्टे।

(५) सं० १६४० वहलवा, फिर ऊदीवास पट्टे।

(६) बड़ा राजपूत था, किशनसिंह (राठौड़) की उस पर बहुत कृपा थी, उसी के साथ काम आया।

(७) सं० १६५१ गांघड़वास पट्टे, ईडर से पीछा बुलाया और सं० १६५८ में खेड़ला और अड़चीणा दिया, पीछे मर गया।

(८) किशनगढ में रहता था।

(९) मांडण कूंपावत के पास रहता था, सं० १६४३ में बादशाह ने मांडण को आसोप दिया और वह अपने देश में आया तब करमसोतों से लड़ाई हुई, जिसमें धूरा मारा गया।

(१०) सं० १६६४ में आसोप की चिनड़ी पट्टे में थी, फिर उदयसिंह भगवानदास मेड़तिया के पास जा रहा।

(११) सं० १६... में ओयसाँ का रोहणा पट्टे, फिर दंगारवाड़ा दिया। दक्षिण में मरा।

(१२) सं० १६४० में सेराही में बरजांग का पाना पट्टे में था, सं० १६४२ में ओयसां का बुरखटा पाया और सं० १६५१ में चंडालिया मिला।

(१३) सं० १६७४ चंगावड़ा पट्टे। सं० १६७७ में नवाब बुरहानपुर से इच्छापुर पर चढ़ आया, वहाँ लड़ाई में बाण लगने से जोगीदास मरा।

(१४) सं० १६६... में चंडालिया पट्टे।

(१) जोधपुर के गढ़ के घेरे के समय काम आया।

(२) कल्याणदास रायमलोत के पास रहता था, सं० १६४५ में कल्याणदास सिवाने काम आया तब खेतसी भी पूर्ण घायल हुआ। कान्ह किशनावत ने उसे उठाया और आराम होने पर स० १६४६ में जोधपुर के जाटीवास का पट्टा पाया।

(३) जाटीवास पट्टे।

(४) सं० १६८६ मे चबल नदी पर पठानों के साथ लडाई हुई, वहाँ पृथ्वीराज बल्लुओत के काम आया।

(५) जैसावस और टीवड़ी पट्टे में थी।

(६) जाटीवास पट्टे।

(७) सं० १६७१ भगतावासणी पट्टे, सं० १६८६ मेड़ते का सिहारा पाया।

(८) सं० १६८४ मेड़ते का जोधड़ावास पट्टे।

(९) खेतसी के गुढे पर तुर्क चढ आये और लड़ाई हुई जिसमें काम आया।

(१०) मानसिंह के साथ खेतसी के गुढे काम आया।

(१) श्रोयसां की कोंकरी पट्टे, अजमेर स० १६७१ में गोयददास मारा गया तब यह उसके साथ पूरा घायल होकर पडा था। स० १६८३ में पूर्व से आता हुआ मार्ग में मर गया।

(२) बीरोंणी पट्टे।

(३) बीरोंणी पट्टे, स० १६६२ में मोहवे की लड़ाई में मारा गया।

(४) स० १६५२ में सूरजवासणी पट्टे थी, फिर किशनसिंह के पास जा रहा। सं० १६७२ में पीछा आया तब कामड़ा पाया। घिकुपुर कोहर पर पानी के लिए लड़ाई हुई, वहाँ भाटी अचलदास ने उसको मारा।

(५) सं० १६६२ में लवेरे का गाँव खारी पट्टे में था।

दुर्जन[1] जोधावत-पुत्र नेतसी,[2] नेतसी का कचरा[3] और कचरा के बेटे अमरा और पोधा।

(१) राव मालदेव के काम आया।

(२) राव रायसिंह चंद्रसेनोत के साथ सिरोही काम आया।

(३) हरीसिंह किशनसिंहोत के पास रहता था।

(४) राव चंद्रसेन के आपत्काल में जोधपुर काम आया।

(५) सं० १६४० में वेराही आसा का पांना पट्टे में था, सं० १६५१ में चामूं को वासणी रही फिर चामूं दी गई और पीछे चांपासर पाया।

(६) सं० १६४० में मायेवी पट्टे, पीछे चांपासर दिया।

(७) सं० १६७३ चामूं पट्टे, सं० १६७१ वारखाड पट्टे।

(८) सं० १६८१ मे चामूं छूटी, गाँव में रहता था। एक बार ऊँट पर चढकर किसी काम के वास्ते रवाइणिये गया था। महेचचा देवीदास पातावत वारोटिया हो रहा था, उसने पाँचले गाँव के पास २२ साँढ़ें घेरीं, रायमल वार दौड़ा, लड़ाई हुई और मारा गया।

(९) फलोधी में भाटियों से मोटे राजा की लड़ाई हुई वहाँ मोटे राजा के पक्ष में लड़कर मारा गया।

(१०) सं० १६४६ खेतासर पट्टे। सं० १६५२ में गुजरात जाते हुए कोली कावों से लड़ाई हुई, वहाँ काम आया।

(११) खेतासर पट्टे, सं० १६५४ में छूटा।

(१२) मेड़तियों के काम आया।

(१३) दासलोतों का दोहिता, राड़धरे दासाजी के काम आया।

(१४) चामूं पट्टे।

(१५) हरदास भाटो के काम आया।

(१६) जोधपुर के गढ़ पर आसा के साथ काम आया।

(१७) राव मालदेव की तरफ लड़कर फलोधी में काम आया।

भोजा[1] जोधावत के पुत्र—वैरसल, वीरा, राजधर और पंचायन। वैरसल का गोपालदास[2], गोपालदास का राघोदास[3]। वीरा का देवीदास। राजधर के पत्ता और कल्याणदास[4], पत्ता का बेटा केशोदास।

पंचायन जोधावत बडी लडाई में मारा गया। पुत्र जगमल[5], का केशोदास[6]।

भैरवदास[9] जैसावत के पुत्र—सूरा, अचला, देदा, बरजांग और कन्या करमेती[10]।

(डूंगरसी)
(शंकर)
हंमीर२१
बैरसल२९
गोयंद२२
कान्हा२७
कंमा
पीथा२८
दूदा
धनराज२३
कचरा
नरसिंह२५
लखमीदास
रासा२४
मुकुंददास
दयालदास२६
शक्ता
दलपत
हरदास११
सांवलदास१५
माना
ऊदा
ईसरदास१२
सुरताण
भोपत
सहसा
भोपत
सुंदरदास
भाण
राणा
नरहर१६
वल्लू१७
जैता१८
भोजराज
नारायणदास१९
कुंभा१३
लखमण
राम१४
श्यामसिंह
केसरीसिंह
जयसिंह
नारायणदास

(१) स० १६०० में (शेरशाह) सूर पादशाह आया तब जोधपुर की पोल पर तुर्कों से लड़कर काम आया।

(२) स० १६५६ सोजत का बूढेलाव पट्टे।

(३) महेशदास दलपतोत का नौकर।

(४) बीकानेर के देश में।

(५) राव मालदेव के फलोधी के भाटियों से लड़ाई हुई वहाँ काम आया।

(६) द्वारकादास मेड़तिये के पास।

(७) झझूरी की लड़ाई में मारा गया।

(८) झझूरी की लड़ाई मे मारा गया।

(९) राव सूजा ने सोजत का गाँव धवनेरा दिया, वहाँ रहता था। राव के चाकर सूर माल्हण के चोपड़ा पट्टे में थो सो सीमा पर झगड़ा हुआ वहाँ सूर माल्हण ने भैरवदास को मारा और आप भागकर रावजी की धरती में जा रहा। आनंद जैसावत जेसलमेर से साथ लेकर आया और अहराणो इंद्रवड़े में भैरवदास के वैर सूर माल्हण को मारा।

(१०) करमेती का विवाह रा० मेहराज अखैराजोत के साथ हुआ था, जिसके पेट से कुंपा ने जन्म लिया।

(११) बड़ा राजपूत, राठोड़ भोजराज मालदेवोत के पास रहता था, भोजराज की तुर्कों से लड़ाई हुई जिसमें हरदास मारा गया।

(१२) पहले मोटे राजा का चाकर था, गाँव माथोवी और बाद मे माथकलाव पाया। बड़ा राजपूत था।

(१३) देवराज का भाजा, स० १६८० में सावडाऊ कालियाठडा पट्टे, स० १६८८ में मरा।

(१४) स० १६८८ में दो गाँव सहित सावडाऊ ईसरदास के

शामिल पट्टे। सं० १६५४ में जुदा पट्टा कराया। सं० १६६७ में माणकलाव से विसाइण रामपुरे जा बसा।

(१५) मनावतों के पास बहलवे में रहता था।

(१६) सं० १६६७ में कागल पट्टे थी।

(१७) सं० १६७० में गीधाली पट्टे।

(१८) सं० १६७२ आंवलां पट्टे।

(१९) राजसिंह के पास इडोवे में रहता था।

(२०) बड़ा राजपूत, राव मालदेव का अजमेरगढ़ इसके हवाले था। सूर बादशाह आया तब लड़ाई कर मारा गया। जोधपुर के गढ़ में पाज पर छतरियाँ बनी हुई हैं—एक भाटी शंकर सूरावत की, दूसरी भाटी तिलोकसी बरजांगोत की और तीसरी अचला शिवदासोत की है।

(२१) फलोधी में भाटियों के साथ मोटे राजा की लडाई हुई वहाँ मारा गया।

(२२) बूटेची पट्टे।

(२३) बूटेची और भालेसरिया पट्टे, सं० १६३४ में रामड़ावास पाया।

(२४) सं० १६८२ में बोड़ानड़ा पट्टे।

(२५) घोघोलिया पट्टे।

(२६) उज्जैन काम आया।

(२७) सं० १६४१ में सूराणी, सं० ४२ में पाली का झांकड़ावास और पीछे बोड़वी पट्टे में थी। नाया धायभाई का जमाई था।

(२८) बोड़वी और सांवत कूवा पट्टे में था फिर राजसिंह के पास जा रहा।

(२९) फलोधी के लोहावट की लड़ाई में मोटे राजा के लिये काम आया।

अचला[1] भैरवदासोत का वंश
करमसी
संसारचंद[2]
जैतसी
रायमल
मेरा
सांवलदास[3]
कचरा[18]
कल्ला[15]
मनोहर[16]
माधोदास[17]
दयालदास
उदयसिंह
नाथा
महेश
सादूल[19]
सुरजन[20]
भोपत[23]
अर्जुन
मोहनदास
खेतसी
बल्लू[21]
गिरधरदास[22]
विट्ठलदास अंधा
धनराज[4]
नरसिंहदास[6]
प्रयागदास[8]
नाथा
पृथ्वीराज[5]
कर्ण
रूपसी
रामचंद[7]
राणा
बलराम
मुकुंददास
हरीदास
लाडखां
महेशदास
भीम[9]
केशवदास[13]
आसा
बिहारीदास
सबला[11]
सूजा[12]
दूदा[14]
गोयंद
लखमीदास
रतनसी[10]
सुंदरदास
वेणीदास
कुंभा
हरसिंह

(१) चित्तोड़ राणाजी का चाकर था, १४० गाँव से ताणा पट्टे और बसी चोपड़ा में थी। रामदास के पिता माल्हण को जैसा ने मारा। उस वैर में रामदास ने ६ आदमियों सहित अचला को चोपड़ा में मारा।

(२) मांडण कूंपावत के पास रहता था। सं० १६२४ में पत्ता नंगावत ने राणा का गाँव झंटाडिया मारा, उस वक्त मांडण भी राणाजी का नौकर था। पत्ता मांडण के गाँव के सम्मुख होकर निकला था। राणाजी ने मांडण को कहलाया कि हमारा गाँव लूट-कर पत्ता तुम्हारे सामने से चला गया और तुमने उसको दंड नहीं दिया, इसलिए अब तुम भी जाकर उसका गाँव मारो। मांडण ने भादराजण और वावला जा लूटा, तब चौताले के अभा सांखला से लड़ाई हुई, वहाँ संसारचंद काम आया।

(३) सांखलों ने संसारचंद को मारा इसलिए उन्होंने सांवल-दास को अपनी बेटी ब्याहकर वैर तोड़ा। सांखली के पेट से धनराज पैदा हुआ। सं० १६४० छडाणो पट्टे, सं० १६६२ में गुजरात के दांतीवाड़े के कोलियों की लड़ाई में मारा गया।

(४) सं० १६५८ में सिवाने का कूंपावास मनोहरदास कछावत के शामिल पट्टे में था, सं० १६६३ में सावरला, फिर कीटणोद, सं० १६६२ में झांव और सं० १६६५ में कीटणोद पीछा दिया। भाटी सांवलदास संसारचंदोत, वैरसी रायमलोत, ईसरदास रायमलोत और कला रायमलोत, ये चारों मोटे राजा के पास आ रहे थे, उस वक्त दरबार आते सामने एक नेवला खड़ा हुआ देखा। साथ में नींबा महेशोत शकुनी था। उसने कहा कि तुम्हारी चाकरी जोधपुर

में बहुत अर्से तक रहेगी और वैरसी और साँवलदास ठाकुर मोटे राजा के बेटे के काम आवेंगे।

(५) रूपसी, करण और पृथ्वीराज तीन पुश्त तक दीवाण के चाकर।

(६) सं० १६६२ कूंपावत मनोहरदास के शामिल था, सं० १६६७ में सिवाने का भुड़हड़ पट्टे और सं० १६४० में दहीपड़ा था, फिर राजसिंह खींवावत के पास रहा। १६७७ में वालापुर की मुहिम में लात लगी जिससे खोडा हो गया था।

(७) सं० १६८६ दहीपड़ा पट्टे।

(८) सं० १७७२ मोकलनडी पट्टे, सं० १६७६ मे सोजत की वालों और सं० १६८२ में सिवाने का सूरपुर और मोकलनडी थी। सं० १६९२ में राव अमरसिंह के पास गया और सं० १६९४ मे पीछा आकर सामरलां और भुडहड का पट्टा पाया।

(९) सं० १६९१ अमरसिंह के साथ गया, पीछा आया जब सावरलां और भूवड़ पाया।

(१०) उज्जैन काम आया।

(११) सूरपुरा मोकलनड़ो पट्टे।

(१२) सं० १६१६ कीटणोद पट्टे।

(१३) तांवड़िया पट्टे।

(१४) कूंपावास पट्टे, कुंडाणे गढ़ के हल्ले में शामिल था, पीछे पोकरण के गढ़ में रक्खा।

(१५) मांडण के पास रहता था, फिर जोधपुर महाराज का नौकर हुआ, सं० १६४३ में सिवाने का गाँव कूंपावास दो गाँवों से दिया। सं० १६५७ में दक्षिण में अहमदनगर में मरा।

(१६) सं० १६५७ में धनराज के शामिल कूंपावास दिया, सं० १६६३ में नरसिंहदास के और सं० १६६७ में माधोदास के शामिल रहा।

(१७) सं० १६६७ मे मनोहरदास के शामिल कूंपावास का पट्टा था, पीछे रामदास के शामिल हुआ।

(१८) बडा राजपूत, मांडण के पास रहता था, पूरब में काम आया।

(१९)खींवा के पास था, फिर राजसिंह के रहा।

(२०) राजसिंह को छोडकर भावसिंह कानावत के पास रहा, फिर जोधपुर नौकर हुआ, सं० १६९० में मलार की पाडरी पट्टे में थो।

(२१) सं० १६९१ में मलार पट्टे।

(२२) मलार पट्टे।

(२३) राजसिह का नौकर।

रायमल अचलावत का परिवार
वैरसी[१]
ईसरदास[६]
घड़सी[१०]
भाण[७]
जोगीदास[२]
महेश[११]
अमरा[८]
तेजमाल[९]
दलपत
नाथा
सबलसिंह
आसकर्ण
नारायणदास
मनोहरदास
हरीदास[३]
चतर्भुज[४]
श्यामदास[५]
रघुनाथ
रतनसी
मोहनदास
लखमीदास
गिरधर
मेला[१२] अचलावत का परिवार
अखैराज[१३]
गोपालदास
किशनदास[१४]
जोगा[१७]
केशोदास[१९]
नारायणदास[२०]
दीता[१८]
खेतसी[१५]
जगन्नाथ[१६]
सुंमा
हरराम
रूपसी
लखा

गोपालदास[27] मेरावत के पुत्र—सूरजमल[28], पूरणमल, कान्ह, भगवान्। सूरजमल के बेटे—गोयंददास, सुंदरदास[29], केशोदास, रामसिंह। कान्ह का पुत्र रामदास, रामदास का गोवर्द्धनदास। गोयंददास के आसा, दलपत।

करमसी अचलावत के पुत्र—ठाकुरसी और हरराज। ठाकुरसी के बेटे सहसा[30] और सिंह[31]; हरराज का साईंदास, साईंदास के पुत्र राघोदास और रायसिंह।

जैतसी अचलावत का बेटा रतनसी, रतनसी का सुरताण और सुरताण के पुत्र—मेघराज, सूरा, सुंदरदास और भोजराज।

(१) सिवाने का लालाणा और जाजीवाल पट्टे। सं० १६५८ दक्षिण में अंबर (हबशी) की लड़ाई में बाण लगा।

(२) सं० १६५८ जाजीवाल पट्टे था, छोड़कर राणाजी का चाकर हुआ। सं० १६६४ में पोछा आया और जाजीवाल पाया। वीर पुरुष था, सं० १६७६ में मरा।

(३) सं० १६५८ जाजीवाल पट्टे, सं० १६६२ में मरा।

(४) सिवाने का महेला पट्टे।

(५) सं० १६६२ में जाजीवाल पट्टे।

(६) बड़ा राजपूत और कार्यकुशल आदमी था। राव रायसिंह चंद्रसेनोत, के साथ सिरोही की लड़ाई में बहुत से लोह लगे, पीछे करमसेन के पास जा रहा। चांदा खीचों को करमसेन ने मारा तब ईसरदास ने वरछे की दी थी। सं० १६७१ में गोयंददास भाटी मारा गया तब पट्टा छोड़ के जोधपुर का नौकर हुआ और ४, गाँवों सहित वोरू पट्टे में पाई, परंतु उसे भी छोड़ बैठा।

(७) पूरणमल मांडणोत का नौकर, सं० १६४० में पूरणमल के साथ सिरोही काम आया।

(८) जोधपुर का रामड़ावास पट्टे, दक्षिण में मरा।

(९) स० १६७८ सांवतकूवा, सं० १६८९ मोहरा और स० १६९० में लवेरे का गाँव खादी पट्टे में था।

(१०) राव चंद्रसेन के गुढ़े फूलाज में तुर्क आये, वहाँ लड़कर मारा गया।

(११) सं० १६... में पोपाड़ का वीनावास पट्टे, सं० १६७२ मादराजण का पाँच भदरा दिया, फिर करमसेन के पास जाकर रहा और वहीं मरा।

(१२) कूंपा के पास था, बड़ी लड़ाई में कूंपा के साथ मारा गया।

(१३) मांडण कूंपावत के पास था, सीहा सिंधल को मारा वहाँ काम आया।

(१४) सं० १६...पांचोला पट्टे, सं० १६६४ बिलाड़ का बीझवाड़िया और सं० १६७२ में पीछा पांचोला पट्टे दिया गया, फिर मरा।

(१५) सं० १६८० में मेड़ते का जैसावस, सं० १६८८ में जगन्नाथ के शामिल सोजत की धाहर वासणी, सं० १६८६ में छाछालाई और सं० १६६१ में कम्मा का बाड़ा पट्टे में था। गाँव खांडपरा सिंह जैतमालोत के थी, जल्दी ही (सीमा का) झगड़ा उठा और खेतसी मारा गया।

(१६) आधा मड़ेव पट्टे।

(१७) सं० १६४२ में रावणियाणा का गाँव कणवीर दिया था, सं० १६४...में सोजत का पांचनड़ा और सं० १६५२ में सोजत की मड़ेव दी गई। अच्छा आदमी था।

(१८) भगवानदास नारायणदासोत का नौकर।

(१९) सं० १६५० में लवेरे का गाँव रामकोहरिया पट्टे।

(२०) सोजत का गाँव हिंगोला की वासणी सं० १६६४ में पट्टे थी, फिर सिंधावासणी दी गई।

(२१) सं० १६७३ में सिवाने की उमरलाई, सं० १६७६ में सिवाने का लालाणा पट्टे में था।

(२२) राव अमरसिंह के साथ काम आया।

बरजांग[1] भैरवदासोत का वंश
वीरमदे[2]
भवानीदास[3]
जगमाल
गांगा[15]
सीवा[16]
लक्खा[4]
सांवलदास
बीजा
जैतसी[8]
किशना
राम
ठाकुरसी[11]
सूजा
भगवानदास[9]
हरीदास
कल्हा
सुरताण
हरीदास
वीका
तिलोकसी
ईसरदास[12]
सहसा
अगैराज
मेघराज[13]
राघोदास[10]
सूजा
राजसिंह
ईसरदास
सहसा
आसा
माधोदास
सुंदर
माना
रासा
राजसिंह[7]
मानसिंह
गोयंद
विट्ठलदास
जगमाल
महेशदास[6]
करण
नाथा[5]
अमरसिंह
जैतसिंह

(२३) ओयसाँ का गाँव काँकरी और फिर सोजत का महेव पट्टे में था।

(२४) सूराणो पट्टे, फिर महेव दिया गया। सं० १६७१ में अजमेर गोयंददास भाटी के साथ काम आया।

(२५) सं० १६७२ महेव पट्टे।

(२६) उदयसिंह के शामिल आधो महेव पट्टे।

(२७) सोजत का गाँव वाघवस पट्टे में था। रा० मांडण कूंपावत ने सीहा को मारा तब काम आया।

(२८) सं० १६६२ में वांघड़ा पट्टे।

(२९) मेड़ते का गाँव ईटावा भोजा दौलतखाँ के शामिल पट्टे में था।

(३०) सं० १६५९ में लनेरे का बूरवटा और सं० १६६७ में मेड़ते का मांडावरा पट्टे में था।

(३१) मेड़ते का मांडावरा, सं० १७५९ में, जिवर्ी सं० १६६५ में और मेड़ते का माणकियास स० १६६६ में पट्टे था।

(९) मान खींवावत का नौकर।

(१०) जसवंत सादूलोत का नौकर।

(११) सं० १६६६ में भोवाद पट्टे।

(१२) कांभडा गाँव में भाटी अचलदास सुरताणोत ने मारा।

(१३) अचलदास सुरताणोत के साथ काम आया।

(१४) वागड़ में काम आया।

(१५) कूंपा के पास था। कूंपा ने उसे सूर पादशाह के पास भेजा। पादशाह ने बंदी बनाकर रक्खा। शेरशाह से लड़ाई होने के वक्त कूंपा के साथ काम आया। गांगा का कूंपा महराजोत के साथ सहोदर भाई का सा संबंध था।

(१६) आसरानड़ा पट्टे।

(१७) पहले आधा आसरानड़ा और पीछे पूरा पट्टे।

(१८) आधा आसरानड़ा पट्टे।

(१९) आधा आसरानड़ा पट्टे।

(२०) वेणीदास पूरणमलोत का नौकर।

(२१) रा० लक्ष्मण नारायणदासोत के पास था। उसी के साथ काम आया।

देदा भैरवदासोत का परिवार

- देदा
  - वेणा
    - सूजा[१६]
      - नारायणदास[१७]
      - रामदास
    - मूला
      - पत्ता[१८]
        - रामदास
        - नरसिंहदास
        - मुकुंददास
      - पंचायण[१९]
  - पीथा
    - कचरा[२०]
    - सांगा[२१]

---

(१) राव मालदेव ने (शेरशाह) सूर पादशाह के पास एक पुरोहित और वरजांग भाटी को प्रतिनिधि करके भेजा था, पादशाह ने उनको पकड़कर कैद कर लिया। जब शेरशाह मरा तब वे छूटकर आये। वरजांग को वेराई और महेव पट्टे में दी थी। वेराई में उसका बँधाया हुआ वरजांगसर तालाब और वरजांगसर कुँवा है। महेव में जोगी का आसन बनाया।

(२) बागड़ में काम आया।

(३) चौहाणों के वैर में मारा गया।

(४) उज्जैन में काम आया।

(५) गौड़ों ने मारा।

(६) गौड़ों ने मारा।

(७) बागड़ में काम आया।

(८) बागड़ में रहता था।

(१) खैरवा पट्टे।

(२) राव मालदेव का नौकर, खैरवा पट्टे। राव मालदेव ने भांगेसर में लड़ाई की वहाँ बणवीर बहुत घायल हुआ और उसे उठाकर लाये। (आराम होने पर) गुजरांवाली वाहलखड़ में फ़ौजदार करके भेजा।

(३) भोजराज मालदेवोत का नौकर, भोजराज के साथ काम आया।

(४) सं० १६६७ में गूंदाच का गाँव वाला, सं० १६७० में पीपाड़ का अरटिया और पीछे गोधावास पट्टे में रहा। सं० १६७१ में अजमेर में भाटी गोयंददास के साथ काम आया।

(५) सं० १६७२ में दो गाँव सहित अरटिया पट्टे, सं० १६८४ में पूनासर और सं० १६८७ में सांवलता पाया। सं० १६९२ मे राव अमरसिंह के पास गया।

(६) कान्हा के साथ मारा गया।

(७) डूंगरपुर काम आया।

(८) सं० १६७५ में मालवे की तरफ से आया तब गोधेलाव पट्टे में दिया था।

वणवीर[1] जैसावत का वंश
तेजसी[1]
वीसा[16]
रायसिंह
पीथा
भाण[17]
नरहरदास[18]
चतुर्भुज[19]
लाडखां
केशोदास[20]
दलपत[21]
रामदास
हरीदास
किशना
कान्हा[2]
महकर्ण[3]
मेहा[12]
पातल[13]
सादूल[13]
मनोहर[14]
अगैराज
चल्लू
पृथ्वीराज[4]
सिंह
वाघ[5]
भोपत
भोजराज
भाण
शंकर[6]
दूदा
जगन्नाथ
भीम
केसरीसिंह

(१) खैरवा पट्टे।

(२) राव मालदेव का नौकर, खैरवा पट्टे। राव मालदेव ने भांगेसर में लड़ाई की वहाँ बछवीर बहुत घायल हुआ और उसे उठाकर लाये। (आराम होने पर) गुजरांवाली वाहतराड़ मे फ़ौजदार करके भेजा।

(३) भोजराज मालदेवोत का नौकर, भोजराज के साथ काम आया।

(४) सं० १६६७ में गूंदाच का गाँव वाला, सं० १६७० में पीपाड का अरटिश्रा और पीछे गोधावास पट्टे में रहा। सं० १६७१ में अजमेर में भाटी गोयंददास के साथ काम आया।

(५) सं० १६७२ में दो गाँव सहित अरटिश्रा पट्टे, सं० १६८४ में पूनासर और सं० १६८७ में सांवलता पाया। सं० १६९२ में राव अमरसिंह के पास गया।

(६) कान्हा के साथ मारा गया।

(७) डुंगरपुर काम आया।

(८) सं० १६७५ में मालवे की तरफ से आया तब गोधेलाव पट्टे में दिया था।

(६) स० १६८६ में जाल्हणे की मुहिम में काम आया।

(१०) काठसी पट्टे।

(११) खटोडा पट्टे था, छोडकर करमसेन के पास गया और घोडे की लात से मरा।

(१२) अच्छा ठाकुर था। राव चन्द्रसेन मेडा की बेटी परणी थी। आपत्काल में चंद्रसेन के पच्च में लडकर मारा गया।

(१३) स० १६४१ में तांबडिया और स० १६६५ मे करमसी-सर पट्टे में थे।

(१४) करमसीसर पट्टे।

(१५) बागड से आया तब मोटे राजा ने वडला पट्टे में दिया था।

(१६) राव मालदेव के आपत्काल में भांगसर की लडाई में काम आया, ऊगा मेहेवचा के शामिल।

(१७) नागोरवालों से लडाई हुई तब भाटेर में काम आया।

(१८) भाटेर में काम आया।

(१६) जोधपुर की भगतावासणी पट्टे, स० १६७१ में कुँवर गजसिंह और भाटी गायददास न राणा का कुंभलमेर लिया तब काम आया।

(२०) वांघडा पट्टे।

(२१) स० १६७६ में गोपालदास भीमोत क साथ काम आया।

रूपसीहोत भाटी

भाटियों में एक शाखा रूपसीहोतों की कहलाती है। रूपसी रावल लखमण का पुत्र था, उसके बेटे बीजा, नाथू और पत्ता। बीजा रूपसीहोत का परिवार—बीजा का सांगा, सांगा का मेला, मेला के भैरवदास[1] और भीमराज, भीमराज का पुत्र वेणीदास। भैरवदास के बेटे—रायसिंह[2], सूजा[3], नरहरदास, रामसिंह, लाडखाँ, उदयसिंह, जगन्नाथ और राजसिंह। सूजा के पुत्र कुंभा और आसा हुए। रामसिंह के कीरतसिंह और हरदास हुए। लाडखा के अखैराज और भोजराज हुए। उदयसिंह के विट्ठलदास और मुकुंददास हुए।

(शिवदास)
जालप[१]
नींबा
रायसिंह
दूदा
गोपालदास[२]
मोहन
सुरताण
कान्ह
अचला
सादूल
भारमल
महेशदास
तेजसी
दयालदास
द्वारकादास
चांदा
हरीदास
शामदास
पृथ्वीराज
देवीदास
रामा नाथू का परिवार
नरबद
देवराज
माना
जयमल[१३]
धीरा[१०]
राघोदास[११]
वीरदास
जगन्नाथ
उदैसिंह
बाघा
बांकीदास
भागचद
कुंभा

(जयमल)
कला
नेता
पता
भादरसी
डूंगरसी
देवीदास[14]
लखमीदास
गोकुल[15]
जैसा[16]
ईसरदास
जीवा
महेश
थानैराज
सहसा
नरसिंह
सादूल
भोपत
सांवलदास
जैसा
मूला
मेघराज
करमचंद
लाडखां
नरहरदास
दुर्गा
भैरवदास
विट्ठलदास
रासा
बीजा
आईदान
रामचंद्र
कान्ह
शामदास
सुंदरदास
रामदास[15]
दलपत[16]
धनराज[17]
नाथा
पांचा
सीहा
खीवा
हेमराज
भाना
आसा
भीमा
कुंभा
रतना
जगमाल

पत्ता रूपसीहोत का परिवार

पत्ता का हरदास, हरदास का नर्बद,[८] नर्बद का राणा। राणा के बेटे गोयंददास, गोपालदास[६]। गोयंददास का विट्ठलदास; गोपालदास का हरिदास, हरिदास का जगन्नाथ, जगन्नाथ का अखैराज।

---

(१) सं० १६५१ में राठौड़ रामदास चांदावत का नौकर था, फिर जोधपुर रहा, सं० १६७० में मेड़ते का सिकदार हुआ और सं० १६७७ में मादलिया पट्टे में पाया।

(२) कांभड़ा पट्टे।

(३) भाटी गोयंददास के साथ मारा गया।

(४) इसकी संतान जेसलमेर में है।

(५) जेसलमेर में है।

(६) राव मालदेव का चाकर, राम के साथ देसोटे गया।

(७) राव जगन्नाथ का नौकर।

(८) भांगेसर की लड़ाई में राठौड़ जस्सा ने मारा।

(६) बाघावास पट्टे, सं० १६४१ में गुजरात काम आया।

(१०) सोढ़ों की लड़ाई में काम आया।

(११) जगन्नाथ के पास ।

(१२) सोरठ में काम आया ।

(१३) जोधपुर के गढ़ पर काम आया ।

(१४) पोकरण काम आया ।

(१५) पोकरण की लड़ाई में काम आया ।

(१६) पोकरण की लड़ाई में काम आया ।

(१७) रावल रामचंद्र के साथ सबलसिंह की थाप से लड़ाई हुई, वहाँ मारा गया ।

(१८) करमसोतों की लड़ाई में मारा गया ।

(१९) पोकरण की लड़ाई में मारा गया ।

(२०) मेड़तियों के पास था, सं० १६१० में पृथ्वीराज जैतावत की लड़ाई में काम आया ।

(२१) राव गोपालदास के पास था ।

पूंगल के राव

(१) राव केलण, (२) राव चाचा, (३) राव वैरसल, (४) राव शेखा, (५) राव हरा, (६) राव वरसिंह, (७) राव जैसा, (८) राव कान्ह, (९) राव आसकर्ण, (१०) राव जगदेव, (११) राव सुदर्शन, (१२) राव गणेशदास, (१३) राव विजयसिंह, (१४) राव दलकर्ण, (१५) राव अमरसिंह

विकुंपुर के राव

वरसिंह ने कंवर पट्टे में राव गोपा से विकुंपुर लिया। राव सिंह पूंगल टीके बैठा तब उसने अपने पुत्र दुर्जनमाल को विकुंपुर दिया। (१) दुर्जनसाल, (२) डुंगरसिंह, (३) उदयसिंह, (४) सूरसिंह, (५) मोहनदास, (६) जैसिंह, इसको बिहारी सूरसिंहोत ने रावल सबलसिंह से मिलकर निकलवा दिया और आप राव हुआ परंतु किशनसिंह ने उसे मार डाला। (७) राव बिहारी, (८) जैतसी, (९) सुंदरदास, (१०) लाडखां, (११) हरनाथ।

वैरसलपुर के राव

यह नगर रावल वैरसल ने बसाया। (१) रावत खींवा शेखावत, (२) तेजसिंह, (३) मालदेव, (४) मंडलीक, (५) नेतसी, (६) पृथ्वीराज, (७) दयालदास, (८) कर्णसिंह, (९) भवानीदास, (१०) केसरीसिंह, (११) लखधीर, (१२) अमरसिंह, (१३) मानसिंह। मुग़ल चकत्ता भाटी कहते हैं। चकत्ता मोपत का, मोपत वालंद का, वालद और राजा रसालू शालिवाहन के पुत्र और शालिवाहन अर्धविंब का बेटा था।

खारवारे के भाटी

बाघा शेखावत, किशना बाघावत, तेजमाल किशनावत, खंगार तेजमालोत, नाथा खंगारोत, कुंभकर्ण नाथावत, विहारी कुंभावत, जोध विहारी का और जैता जोधावत।

जेसलमेर के रावल

रावल मूलराज, सोढा रणछोड़ गंगादासोत का दोहिता। अखैसिंह, बुधसिंह, जोरावरसिंह खावडियों के दोहिते। जगतसिंह, ईसरीसिंह, सोढों के दोहिते। जसवतसिंह, पदमसिंह, जयसिंह, विजयसिंह, सोढों के दोहिते। जूझारसिंह, हलवद के झालों का दोहिता। अमरसिंह, रत्नसिंह, बाँकीदास, रायसिंह रूपनगर के दोहिते। सबलसिंह, विहारीदास समियाणे के कछा रायमलोत के दोहिते। दयालदास, पंचायण, ईसरीसिंह, शक्तिसिंह, बाघ सातलमेर के दोहिते। खेतसी, हरराज, भवानीदास, डूंगरसी, सहसा, नारायणदास, मालदेव, लूणकर्ण, दूलाभाई, मरोठ सरवभाई, सरदारसिंह, तेजसिंह जसोल के राव के दोहिते। सूरतसिंह सोढों का और गजसिंह, हरीसिंह, इंद्रसिंह जसोल के मेहवचों के दोहिते। मूलराज से पीढी तीन जगतसिंह रावल के भाई जैतसी सोढो के दोहिते। देवीदास, चाचगदे, वैरसी, रूपसी, राजधर, लक्ष्मण स० १४६४ में लक्ष्मीनारायण का मंदिर कराया। सोमा, केलण, केहर, वनकर्ण, बीजो, तणुराव के (वंशज) भटनेर, राजपाल फीरतसिंह के (वंशज) भटनेर तुर्क हुए। देवराज, हमीर, सत्ता, मूलराज, रतनसी, राणा जिसके पुत्र घड़सी कान्हड़, बड़ा जैतसी कर्ण, जलहड़ के बेटे दूदा रावल। रावल तेजराव,

तिलोकसी, भीमदेव, श्रासकर्ण, भोज दगे से मारा गया। रावल चाचगदे, जयचंद, श्रासराव, पाहुग, सांगण, वागण गाँव कोहर। कान्हण, शालिवाहन, राव बीजल, चांदर सं० ११३४ राजा लाया-दासूं, सू रैतरासलूणों, वछरंग मोकल सुथार हुश्रा, सं० १२४६ काम श्राये चलोची की लड़ाई में। जेसल, विजयराव लांजा ने २५ वर्ष लुद्रवे में राज किया। विजयराव के बेटे भोजदे, राजसी जिनके पुत्र राहड़ से शाखा चली। विजयराव की बेटियाँ लाग और लाछ राणियाँ हुईं। रावल दुसाभ, सिंघराव, मूल पसाव, बापग, बाघराव के पाहू भाटी कहलाये, बापगराव के वंशज गाँव गुढे में। सिंघराव की संतान सिंघराव भाटी कहलाते, उनके गाँव खूहड़ो, फुलिया वतन[1]।

---

(१) यह वंशावली नितांत अस्पष्ट है।

जेसलमेर के राजाओं की वंशावली (भाषांतरकार की तैयार की हुई)

नं०	टॉड राजस्थान से	देहाव संवत् विक्रमी	नैणसी की ख्यात से	राज करने का समय सं० विक्रमी	प्राचीन लेखों से	विशेष विवरण
१	राजा रिझ					विक्रम संवत् से ५० वर्ष पूर्व (टॉड)
२	,, गज					,, ,, ३२ (,,)
३	,, शालिवाहन					सं० ७२ वि० (,,)
४	राव वालंद		राव भाटी			दूसरी शताब्दी के शुरू में (,,)
५	,, भाटी		,, बछराव			
६	,, मंगलराव	७८७	,, विजयराव			
७	,, मंझमराव	७९०	,, मंझमराव			
८	,, केहर	८७०	,, केहर			
९	,, तन्नू		,, तणुं			
१०	,, विजयराव	९६४	,, विजयराव			
११	रावल देवराज		रावल देवराज			
१२	,, मूंध		,, मूंध			
१३	,, बछराव	११००	,, बछ			
१४	,, दुसाझ		,, दुसाझ			

नं०	टाड राजस्थान से	देहांत संवत् विक्रमी	नैणसी की ख्यात से	राज करने का समय सं० विक्रमी	प्राचीन लेखों से	विशेष विवरण
१५	रावल लांजा विजयराव	१२०४	रावल लांजा विजयराव			
१६	,, भोजदेव	१२०९	,, भोजदेव			
१७	,, जेसलदेव	१२२४	,, जेसल	१२१७ तक		पाँच वर्ष राज किया सं० १२१२ से (नैणसी)
१८	,, शालिवाहन दूसरा		,, शालिवाहन	१२२६ ,,		
१९	,, बीजलदेव	१२५७	,, बैजल			ढाई मास राज किया (नैणसी)
२०	,, काल्हण	१२७५	,, काल्हण	१२४७ ,,		
२१	,, चाचगदेव	१३०७	,, चाचकदेव	१२७६ ,,		
२२	,, कर्णदेव	१३२५	,, कर्णदेव	१३०८ ,,		
२३	,, लखणसेन	१३२६	,, लखणसेन	१३२८ ,,		
२४	,, पुण्यपाल	१३३२	,, पुण्यपाल	१३२८ ,,		मास ६ राज किया, सौतेली माता से चूका, अतः गद्दी से उतारा गया। (नैणसी)
२५	,, जैतसिंह	१३५०	,, जैतसी	१३४६ ,,		चाचक के पुत्र तेजसी का बेटा, आग में जल मरा। (नैणसी)
२६	,, मूलराज	१३५१	,, मूलराज	१३५८ ,,	१४२५-२७-२६	मूलराज के बेटे देवराज का समय

२७	,, दूदा।	१३६१	,, दूदा	१३६६ ,,		
२८	,, घड़सी		,, घड़सी	१३७३ ,,		
२९	,, केहर		,, केहर	१४१० ,,		
३०	,, लखणदेव		,, लक्षमण	१४४१ ,	१४५८ ७२	
३१	,, वैरसी		,, वेरसी	१४६१ ,,	१४६३ ६४	
३२	,, चाचकदेव दूसरा		,, चाचकदेव	१४८० ,,	१५०५	
३३	,, देवीदास		,, देवीदास	१५०५ ,,	१५२६	
३४	,, जैतसी दूसरा		,, जैतसी	१५४१ ,,	१५८३	
३५	,, करमसी		,, लूणकर्ण	१६०७		
३६	,, लूणकर्ण	१६०७	,, मालदेव	१६१७		
३७	,, मालदेव	१६१८	,, हरराज	१६३५		
३८	,, हरराज	१६४५	,, भीम	१६७२	१६७३	
३९	,, भीमसी	१६७३	,, कल्याणदास	१६६५		
४०	,, मनोहरदास		,, मनोहरदास			
४१	,, रामचद्र		,, रामचंद्र	१७०७		राज-च्युत किया गया। (नेणसी)
४२	, सबलसिंह	१७०७ गद्दी बैठा	,, सबलसिंह	१७१६		रावल मालदेव के पोत्र दयालदास खेतसीहोत का बेटा था।
४३	,, अमरसिंह		,, अमरसिंह			अमरसिंह का बड़ा बेटा जगतसिंह तो कटार खा-कर मर गया और उसका पुत्र बुधसिंह गद्दी बैठा जिसको उसकी दादी ने

नं०	टाड राजस्थान से	देहांत संवत् विक्रमी	नैणसी की ख्यात से	राज करने का समय सं० विक्रमी	प्राचीन लेखों से	
						जहर देकर मारा, राज जसवंतसिंह के पुत्र तेजसिंह को मिला। तेजसिंह को, अमरसिंह के पुत्र हरीसिंह ने घड़सीसर तालाब पर मारा और अखैसिंह को गद्दी बिठाया। (नैणसी)
४४	रावल जसवंतसिंह					
४५	,, तेजसिंह	१७७६				
४६	,, अखैसिंह	१८१८				
४७	महारावल मूलराज दूसरा	१८७७				
४८	,, गजसिंह	१९०२-३				
४९	,, रणजीतसिंह	१९२१				
५०	,, वैरीसाल	१९४८				
५१	,, शालिवाहन जी (विद्यमान)					

भाषांतरकार का मत (पृ० ४४३ से ४५१ तक नैणसी का नहीं)

अब भाटियों के प्राचीन इतिहास पर भी थोड़ी दृष्टि डालें तो कहना पड़ेगा कि अन्यान्य राजस्थानों की ख्यातियों की भाँति भाटियों की ख्याति के कई पुरावृत्त सं० १४०० के पूर्व संदिग्ध ही जान पड़ते हैं। नैणसी ने तो रावल देवराज से पहले होनेवाले राजाओं के नाममात्र या कुछ वर्णन ही दिया है, परंतु कर्नल टॉड भाटियों की प्राचीन राजधानी ग़ज़नी बतलाकर मुसलमानों से परास्त होने पर उनका इधर आना कहता है। टॉड राजस्थान के अनुसार सुबाहु का पुत्र रिझ युधिष्ठिर सं० ३००८ वर्ष पहले हुआ। उसका विवाह मालवे के राजा वैरिसिंह की कन्या सुभगसेना के साथ हुआ था। वह फ़रीदशाह नामी किसी मुसलमान पादशाह के मुक़ाबले में मारा गया। रिझ का पुत्र गज था जिसने युधिष्ठिर सं० ३००८ वैशाख बदी ३ रविवार रोहिणी नक्षत्र में ग़ज़नी का नगर बसा वहाँ अपनी राजधानी स्थापित की और म्लेच्छों के मुक़ाबले में मारा गया। राजा सलभन का राज्य सारे पंजाब में सं० ७२ वि० में था। उसने दिल्ली के राजा जयपाल तंवर की कन्या से विवाह किया। सं० ७८७ मे होनेवाले राव केहर का विवाह जालौर के आल्हणसी देवड़ा की बेटी के साथ हुआ इत्यादि इत्यादि।

युधिष्ठिर सवत्, जिसे कलियुग संवत् भी कहते हैं, ३००८ वाँ वर्ष विक्रम सं० २००१ के बराबर अर्थात् विक्रम संवत् चलने के १६ वर्ष पूर्व आता है। उस वक्त वैशाख वदी ३ को न तो रविवार पड़ता और न कभी वैशाख बदी में रोहिणी नक्षत्र आता है। मुसलमानों की उस समय तो क्या वरन् उससे सात सौ वर्ष पीछे तक उत्पत्ति ही नहीं हुई थी। मालवे मे उस वक्त वैरिसिंह नाम के किसी राजा का होना पाया नहीं जाता। सं० ७२ वि० में प्रथम तो

दिल्ली का बसना ही सिद्ध नहीं होता, वहाँ का राजा जयपाल तंवर विक्रम की ग्यारहवीं शताब्दी में राज्य पर था। जालौर के चौहानों में आल्हणसी का समय सं० १२१८ वि० होना उसके लेख से सिद्ध है। यदि यह भी मान लें कि वह आल्हणसी नहीं, किंतु अणहिल हो जो आल्हण से पाँच-छः पीढ़ी पहले हुआ था, तथापि उसका भी राव केहर का समसामयिक होना बन नहीं सकता है।

आगे कर्नल टॉड लिखता है कि भाटी पहले यादव कहलाते थे, फिर अपने पुरुषा भाटी के नाम से भाटी प्रसिद्ध हुए। राव भाटी राव बालंद का बेटा था और बालंद राव सलभन का। सलभन के १५ पुत्रों में एक राजा रसालू भी था। यदि राव सलभन को दिल्ली के राजा जयपाल तंवर का समकालीन मानें जो सुलतान सुबुक्तगीन और सुलतान महमूद ग़ज़नवी से लड़ा था तो सलभन का समय सं० १०५८ वि० के लगभग आवेगा और उसके पौत्र राव भाटी का सं० ११०० वि० के लगभग; परंतु जोधपुर राज्य के गाँव घटियाले में मिले हुए प्रतिहार राजा बाउक या कक्क के सं० ९०४ व ९१८ के लेखों से सिद्ध होता है कि कक्क से तीन पीढ़ी पहले होनेवाले राजा शीलुक प्रतिहार ने वल्लमंडल के राजा भट्टिक देवराज को जीता था (मुलतान वा उसके आस-पास का प्रदेश पहले वल्लमंडल कहलाता था और कक्क के भट्टिक वंश की राणी से छः पुत्र हुए थे।) यदि शीलुक के पीछे होनेवाले राजा झोट व भिल्लादित्य प्रतिहार का समय ४० वर्ष का मानें तो शीलुक का सं० ८७८ वि० के लग-भग राज्य पर होना संभव है, अतः भट्टिक देवराज भी उसी समय (८६०-८०) के आस-पास हुआ और राव भाटी के नाम से ये भाटी कहलाये हों तो अवश्य राव भाटी देवराज के पहले हुआ था। जेसलमेर के मंदिरों में कितने एक पुराने शिलालेख हैं जो राजपूताना

और सेंट्रल इंडिया की Report of a search of Sanskrit manuscripts for the year 1904 05 and 1905-06 में छपे हैं उनमें दो-एक लेखों में विक्रम और भट्टिक सवत् दोनों दिये हैं अर्थात् रावल वैरिसिंह के लेख में "श्री विक्रमार्क समयातीत स० १४६४ वर्षे भाटिके स० ८१३ प्रवर्तमाने।" रावल भीमसिंह के समय के लेख में "नृपति विक्रमादित्य समयातीत स० १६७३ रामाश्वभूपतौ वर्षे शाके १५३८ प्रवृत्तमान भट्टिक (स०) ९९३" इन लेखों से भाटिक और विक्रम संवत् में ६८० वर्ष का अतर आता है अर्थात् वि० स० ६८० = भट्टिक सं० १। यदि यह स० राव भाटी का चलाया हुआ माना जावे तो राव भाटी का स० ६८० म विद्यमान होना सिद्ध है। इस समय से हम रावल देवराज के उपर्युक्त समय का मिलान करें तो करीब करीब ठीक आ मिलता है, परंतु कर्नल टॉड का स० ९६४ का समय उपर्युक्त समय से अनुमान १०० वर्ष के पीछे का है। नैणसी की ख्यात के अनुसार रावल जेसल से सबलसिंह तक ४५४ वर्ष मे २३ राजा हुए अर्थात् प्रत्येक के राज्य समय का औसत १९ ७४ आता सो ठीक है परंतु राव भाटी से रावल जेसल के समय तक ५३७ वर्ष म कुल १३ राजा कहे यह विश्वास के योग्य नहीं। विक्रम की नवीं शताब्दी में अरबी भाषा में लिखी हुई पुस्तक चाचनामा मे भाटिया नाम के एक नगर का वर्णन है कि सिंध देश के राजा चाच ब्राह्मण के पुत्र धरसिया ने अपनी बहन का विवाह भाटिया के राजा के साथ करने को उसे अपने भाई दाहिर के पास भेजी थी। ज्योतिषियों ने उस कन्या के नक्षत्र देखकर कहा कि इसका पति सारे सिंध का स्वामी होवेगा, अब दाहिर ही ने उसके साथ विवाह कर लिया। तारीख यमीनी में सुलतान महमूद गजनवी का

भाटिया पर चढाई करना लिखा है—"सुलतान मुलतान के पास सिंध नदी उतरकर शहर भाटी की तरफ चला, वहाँ विजयराव नाम का राजा था। गढ में से निकलकर वह मुसलमानों के मुक़ाबले को आया कि उन्हें अपने हाथियों, योद्धाओं और बल प्रताप से हरा दे। तीन दिन-रात लडाई होती रही, चौथे दिन सुलतान ने धावा करने का हुक्म दिया। मुसलमान 'अल्लाहो अकबर' का हाँक लगा काफिरों पर टूट पडे और उनकी सेना में हलचल मचा दी। सुलतान ने अपने हाथ से कई दुश्मनों को मारा और उनके हाथी छीन लिए। विजयराव चुपके से चद साथियों सहित जगल में भाग गया और पहाडो में जा छिपा। मुसलमानों ने पीछा किया तो अत में वह कटार खाकर मर गया, आदि।" तारीख फिरिश्ता में लिखा है कि जब सुबुक्तगीन का बाप मुलतान में आकर लूट-मार करने और लौंडा गुलाम पकडकर ले जाने लगा तब लाहोर के राजा जयपाल ने भाटिया राजा से सलाह की। जान पडा कि हिंदू सेना उत्तर की सर्द हवा को सहन नहीं कर सकती तब भाटिया राजा क द्वारा उसने शेख हमीद अफगान को नौकर रक्खा और उसे लमगान का हाकिम बनाकर वहाँ अफगानी सेना नियत की। अत में शेख हमीद सुबुक्तगीन से मिल गया। सुलतान महमूद के भाटिये के हमले के बयान में फ़िरिश्ता लिखता है कि राजा विजयराय मुसलमान हाकिमो को बहुत तकलीफ देता था और मातहत होने पर भी अनंदपाल (जयपाल का पुत्र) को खिराज की रक़म नहीं देता था। इन उपर्युक्त वर्णनों में भाटिया एक नगर और जाति दोनों अर्थ में प्रयुक्त हुआ है और सभव है कि भाटियों का नगर होने ही से यह भाटिया लिखा गया हो। अबूरीहान अलबेरूनी ने भाटी के नगर को मुलतान से १५ फरसग (५४ मील के करीब) बतलाया

है। यद्यपि इस नगर के विषय में विद्वानों में मत-भेद है, कोई उसको भटनेर और कोई वेहरा ववलाते हैं, तथापि सम्भव है कि वह भटनेर हो जो भाटियों की पुरानी राजधानी रहा है। कर्नल टॉड लिखता है कि लुद्रवे में मुझे विजयराय का एक लेख दसवीं शताब्दी का मिला, यदि यह सन् ईसवी से अभिप्राय हो तो उस लेख का विजयराय सुलतान महमूद के समय का विजयराय हो सकता है। टॉड ने राव भाटी के पुत्र मंगलराव के समय में ग़ज़नी के ढंढो बादशाह से लाहोर घेरा जाना लिखा है और सलभनपुर चढ़ आने के समय मंगल का जंगल में भाग जाना भी कहा है। आश्चर्य नहीं कि ढंडी बादशाह से अभिप्राय सुलतान महमूद ही से हो क्योंकि घटना-काल से पीछे दंत-कथाओं के आधार पर लिखो हुई बड़वे भाटों की ख्यातों मे प्राय: ऐसे फेर-फार पाये ही जाते हैं। एक ऐसी भी कल्पना की जाती है कि हिंदुस्तान मे आने के पूर्व ग़ज़नी नगर भाटियों की राजधानी था तो शायद वे काबुल के हिंदू राजा हों, परंतु अलबेरूनी के उन राजाओं को ब्राह्मण कहे और अनंदपाल जयपाल के पुरुपा बवलाये हैं। क्या भट और भाटी के भ्रम में पड़कर तो अलबेरूनी ने ऐसा नहीं लिख दिया? काबुल आदि उत्तरीय प्रदेशों में शासन करनेवाली यौद्धेय जाति के कई सिक्के मिले हैं जो बौद्धमतानुयायी थे। वही यौद्धेय जंजूया या जोइया के नाम से पुकारे जाते थे। कर्नल टॉड ने राव सलभन (शालिवाहन) के एक पुत्र का नाम जंज दिया है, जिसकी सवान जंजूया कहलाई। यह सत्तेप रीति से भाटियो की प्राचीनता का दिग्दर्शन मात्र है। इसमें कोई संदेह नहीं कि भाटी वंश बहुत प्राचीन है और उत्तरी भारत में पहले इनका प्रबल राज्य रहा फिर मुसलमानों से खदेड़े जाने के कारण ये सिंध, मुलतान से इधर रेगिस्तान में आये।

प्रसंगागत पुराणों के अनुसार यहाँ यादवों का भी थोड़ा सा हाल दिया जाता है। यादव चंद्रवंशी हैं। राजा ययाति ने दानवों के पुरोहित शुक्राचार्य की कन्या देवयानी से विवाह किया, जिसके गर्भ से यदु और तुर्वसु नाम के दो पुत्र हुए। देवयानी के साथ दानवराज की कन्या शर्मिष्ठा भी दासी होकर रही थी। ययाति के सहवास से उसके भी द्रुह्यु, अनु और पुरु तीन पुत्र हुए। पुरु को राजा ने अपना युवराज बनाया। तुर्वसु को पूर्व में, (हरिवंश पुराण में दक्षिण का देश देना लिखा है जहाँ उससे दसवीं पीढ़ी में होनेवाले चार भाइयों ने अपने-अपने नाम पर पांड्य, केरल, कोल और चोल के राज्य स्थापन किये), द्रुह्यु को पश्चिम, यदु को दक्षिण और अनु को उत्तर दिशा में देश बाँट दिये। यदु की संतान यादव कहलाये जो पहले सिंधु नदी के नीचे के प्रदेशों में बसे थे, फिर धीरे-धीरे पूर्व की ओर मथुरा, माहिष्मती और चेदि तक फैल गये। अनु से आठवीं पीढ़ी में होनेवाले उशीनर के पाँच पुत्रों में से शिवि के वंशज शैव, नृग के यौधेय और नैव की संतान नवराष्ट्र प्रसिद्ध हुए। पुरु के वंश में जरासंध, द्रुपद, दुर्योधन आदि राजा हुए। द्रुपद के वंशज तो पांचाल नाम से ही प्रसिद्ध रहे परंतु कुरु और पाण्डु के पुत्रों के नाम से दुर्योधन व युधिष्ठिर आदि कौरव और पांडव कहलाने लगे। यादव-वंश में जगद्विख्यात श्रीकृष्णचंद्र ने जन्म लिया। उन्होंने मथुरा को छोड़ द्वारावती को राजधानी बनाया। उनके समय में यादवों का सार्वभौम राज्य हो गया था। पुरु के पौत्र दुष्यंत ने मेनका अप्सरा के गर्भ में विश्वामित्र के वीर्य से उत्पन्न हुई शकुंतला के साथ विवाह किया, जिसके भरत नामी पुत्र हुआ। कहते हैं कि वह आर्यावर्त का चक्रवर्ती राजा था और उसके नाम पर देश का नाम भारतवर्ष

प्रसिद्ध हुआ। मद में मतवाले होकर यादव प्रभासक्षेत्र में परस्पर लड़कर मर मिटे।

शौरसेनी शाखावाले मथुरा व उसके आस-पास के प्रदेशों पर राज्य करते रहे। करौली के यदुवंशी राजा शौरसेनी कहे जाते हैं। समय के फेर-फार से उनसे मथुरा छूटी और सं० १०५२ में बयाने के पास गनी पहाड़ी पर बसे। राजा विजयपाल के पुत्र तहनपाल (त्रिभुवनपाल) ने तहनगढ़ का क़िला बनवाया। तहनपाल के पुत्र धर्मपाल और हरीपाल थे जिनका समय सं० १२२७ का है। हरीपाल ने तहनगढ़ अपने भाई से छीन लिया, परंतु धर्मपाल के पुत्र कुँवरपाल ने वह स्थान पीछा लिया। हरीपाल ने मुसलमानों की सहायता से पुनः अधिकार प्राप्त किया, सहायक सुलतान शहाबुद्दीन ग़ोरी था। परिणाम यह हुआ कि सं० ५९२ हि० (सं० ११९६ ई०, सं० १२५२ वि०) में सुलतान ने बयाने पर अधिकार कर लिया। कुँवरपाल के वंशज अर्जुनपाल ने सं० १४०५ वि० में करौली का नगर बसाकर वहाँ अपनी राजधानी स्थापित की। मालवे के सुलतान महमूद खिलजी ने करौली फ़तह कर वह राज्य अपने बेटे फ़िदवी ख़ाँ को दे दिया। करीब १५० वर्ष तक करौली के राजा इधर-उधर बसकर अपने दिन काटते रहे, फिर राजा गोपाल ने शाहंशाह अकबर की कृपा से अपने राज्य का कुछ विभाग पाया।

द्वारका के यादवों में सुबाहु नाम का राजा हुआ जिसने अपने दूसरे पुत्र दृढ़प्रहार को दक्षिण में राजा बनाया। दृढ़प्रहार के पुत्र सेउणचंद्र ने सं० ९०० वि० के लगभग सेउणपुर नगर बसाया। पहले ये यादव दक्षिण के प्रतापी सोलंकी और राष्ट्रकूट-वंश के सामंत थे, कलचुरियों और सोलंकियों के परस्पर के झगड़ों में वि० सं० १२४४ के लगभग सोलंकियों के महाराज्य का बड़ा विभाग छीनकर

सेउणचंद्र से बीसवीं पीढ़ी में होनेवाला राजा भीलम स्वतंत्र हो गया और देवगिरि या दौलताबाद का प्रबल राज्य स्थापित किया, जिसका नाश सुलतान अलाउद्दीन खिलजी ने सं० १३६५ वि० में कर दिया।

दक्षिण में दूसरा महाराज्य होयसल शाखा के यादवों का द्वार-समुद्र में था। सुलतान अलाउद्दीन खिलजी ने इनको भी पराजित किया था। अंत में सुलतान मुहम्मद तुग़लक़ ने विक्रम की चौदहवीं शताब्दी के अंत में उनको विजय किया, परंतु राजा बल्लाल के मंत्री देवराज ने मुसलमानों को निकाल पीछा अपना अधिकार जमाया और विजयनगर के महाराज्य का स्थापक हुआ। देवराज के वंशजों का प्रताप इतना बढ़ा कि वे शनैः शनैः दक्षिण देश के बड़े विभाग के स्वामी हो गये। बादशाह बाबर अपनी पुस्तक 'वक़ाए बाबरी' में लिखता है कि जब मैं हिंदुस्तान में आया तो यहाँ (मुसलमानों के अतिरिक्त) दो बड़े हिंदू राजा थे अर्थात् उत्तर में राणा सांगा और दक्षिण में बीजानगर (विजयनगर) के महाराजा। दक्षिण में बहमनी खानदान का मुसलमानी राज्य स्थापित हुआ और फिर वही वंश पाँच राज्यों में विभक्त होकर बीजापुर, गोलकुंडा, अहमदनगर, बरार और बीदर की जुदा-जुदा सलतनतें बन गई। सन् १५६५ ई० में इन पाँचों ने मिलकर विजयनगर के राजा रामराय पर चढ़ाई की। बूढ़ा राजा ख़ूब लड़ा परंतु अंत में मारा गया। उसकी सेना भाग निकली और वहीं उस महाराज्य के प्रताप का सूर्य अस्ताचल की ओट में चला गया। पीछे उसके वंशज कुछ अर्से तक चंद्रगिरि में रहे थे।

यादवों की जाड़ेचा शाखा के ५ बड़े राज्य काठियावाड़ व उसके परे हैं। कच्छ में सम्मा, जामनगर, धरोल, मोरवी, गोंडल और राजकोट। चूड़ासम्मा शाखा के यादव पहले जूनागढ़ गिरनार के स्वामी थे, सन् १४७० ई० (सं० १५२६ वि०) में गुजरात के सुलतान

महमूद बेगरा ने इस राज्य की समाप्ति की। कलचुरि भी यादवों की एक शाखा थी परंतु अब उनका भारतवर्ष में कोई राज्य नहीं है।

सरदारों की पीढ़ियाँ (नैणसी से)

भूकर के शृंगोत

मदनसिंह
सवाईसिंह
कुशलसिंह
पृथ्वीराज
खड्गसेन
करमसेन
मनोहरदास
भगवानदास
सिरंग

वाय के सरदार

प्रेमसिंह
बहादुरसिंह
दौलतसिंह
पृथ्वीराज

जाखों के सरदार

लालसिंह
अनोपसिंह
संग्रामसिंह
भवानीसिंह
साहबसिंह
अमरसिंह
खड्गसेन

अजीतपुर की पीढ़ियाँ

दलसिंह
शिवदानसिंह
दीपसिंह
कीरतसिंह
फ़तहसिंह
रामसिंह
किशनसिंह
मनोहरदास

सिधमुख की पीढ़ियाँ

रघुनाथसिंह
भवानीसिंह
जालमसिंह
सुरताणसिंह
उत्तमसिंह
प्रतापसिंह
किशनसिंह

सिरंगसर की पीढ़ियाँ

धीरतसिंह
हिम्मतसिंह
फ़तहसिंह

भनाई की पीढ़ियाँ

देवसिंह
जगमाल
रूपसिंह
फ़तहसिंह

गाँव साखू किशनसिंहोत

नवलसिंह
डूंगरसिंह
जगरूप
सुजाणसिंह
दुर्जनसिंह
जगतसिंह
किशनसिंह
महाराजा रायसिंह

बंधा की पीढ़ियाँ

फ़तहसिंह

छटीसिंह
सूरतसिंह
केसरीसिंह
उदयसिंह
जयसिंह

गाँव रोहिणी की पीढ़ियाँ

जैतमाल
आनंदसिंह
भावसिंह
संग्रामसिंह
......
गजसिंह
देवीसिंह
नरसिंहदास

तिहाणदेसर के नारणोत

सूरजमल
मोहबतसिंह
दौलतसिंह
आईदान
रामसिंह
उदयसिंह
सांवलदास
जैमलदास
नारायणदास
बरसिंह
लूणकर्ण

गाँव कतर के सरदार

छतरसिंह
लाडखाँ
गोरखदास
रामसिंह

गाँव गेड़ाप के सरदार

बहादुरसिंह
जोरावरसिंह
गुमानसिंह
गोरखदान
रामसिंह

गाँव मेदसर के सरदार

बहादुरसिंह
उदयसिंह
जोरावरसिंह
रघुनाथसिंह
भागचंद
वीरमदे
बलभद्र
नारायणदास
वैरसी

गाँव उडसर के सरदार

शेरसिंह
देवीसिंह
भगवंतसिंह
भोजराज
दुर्जनसाल
बलभद्रदास

गाँव काणाणे के सरदार

भारतसिंह
सवाईसिंह
रघुनाथसिंह
भोजराज
दुर्जनसाल
बलभद्रदास

गाँव केरभड़ के सरदार

सुरताणसिंह
आईदान
छटीसिंह
केसरीसिंह
हररामदास

सुंदरदास
भोपतसिंह
नारायणदास
वैरसी

कल्याणसर के सरदार

जसराज
गजसिंह
छुटोसिंह

रतनसीतों की पीढ़ियाँ

अमरसिंह
वैरीसाल
शेरसिंह
शिवदानसिंह
भीमसिंह
अभयराम
प्रतापसिंह
उदयभाण
जसवंतसिंह
अर्जुन
रत्नसिंह
राव सूणकर्ण

नाथवाणे के सरदार

माधोसिंह
वखतसिंह
भावसिंह
अभयराम

कुंभाणे के सरदार

किशनसिंह
चैनसिंह
जोरावरसिंह
केसरीसिंह
अभयराम

कालवास के सरदार

भवानीसिंह
साहनसिंह
खड्गसेन
लखमीदास
उदयभाण
नाहरसिंह
सरूपसिंह

रंगाईसर के सरदार

सुखरामदास
चतुर्भुज
सावंतसिंह
उदयभाण

रावतसर के रावत

नाहरसिंह
विजयसिंह
हिम्मतसिंह
आणंदसिंह
वखतसिंह
लखधीरसिंह
राजसिंह
जगतसिंह
राघोदास
उदयसिंह
किशनदास
राजो
काँधल
राव रिड़मल

धाँधूसर के सरदार

शेरसिंह
बहादुरसिंह
जोरावरसिंह
लखधीरसिंह

राणासर के सरदार

अर्जुनसिंह
इंद्रसिंह
सवाईसिंह
रघुनाथसिंह
लखधीरसिंह

गाँव पलू की पीढ़ियाँ

जसवंतसिंह
सूरतसिंह
मालदेव
केसरीसिंह
जगतसिंह

मलकासर के सरदार

रूपसिंह
आणदसिंह
मानसिंह
साहबसिंह
किशनसिंह
जगतसिंह

कलासर के सरदार

भोपतसिंह
हिम्मतसिंह
मोहकमसिंह
सबलसिंह
सुदर्शनसेन
दौलतखान
जसवंत
उदयभाण

दुणियासर के सरदार

भावसिंह
जोरावरसिंह
केसरीसिंह
अरैसिंह
सुदर्शनसेन

साहोर के सरदार

रामसिंह
अर्जुनसिंह
दुर्गदास
देवीसिंह

जैतपुर के सरदार

पद्मसिंह
सरूपसिंह
सूरसिंह
अर्जुनसिंह
देवीसिंह
चंद्रसेन
मनहरदास
गोपालदास
उदयभाण

बीदासर के बीदावत

रामसिंह
उमेदसिंह
जालमसिंह
केसरीसिंह
कुशलसिंह
धनराज
मानसिंह
गोविंददास
केशोदास
गोपालदास
सांगा
ससारचंद
बीदा
राव जोधाजी

बैनाले की पीढ़ियाँ

उदयसिंह
दुर्गदास
वीरभाण
लखमीदास
गोयंददास

दुसारणे के सरदार

हणूतसिंह
जैतसिंह
सरदारसिंह
दीपसिंह
किशनसिंह
अचलदास
गोयंददास

गाँव पूहड़ी के सरदार

दल्लू
नवलसिह
गुमानसिह
जोरावरसिह
फतहसिह
कुंभकर्ण
किशनसिंह
खगार
जालपदास
सूरसेन
ससारचद

गाँव गैरीसर के सरदार

नवलसिह
वाघ
प्रतापसिह
मानसिह
किशनदास

कणवारा के सरदार

दलपतसिह
हरनाथसिह
दीपसिंह
बखतसिह
फतहसिह
देवीदास
लाखणसी
सगारसी

जासासर के सरदार

बुधसिह
खड्गसिह
मानसिह
किशनदास

सेलेरी के सरदार

जूझारसिंह
सावतसिंह
श्यामसिह
मानसिह

गाँव लोवे के सरदार

फौरवसिह
पृथ्वीसिह
भवानीसिह
बैरीसाल
बखतसिह

गाँव हरदेसर के सरदार

परसराम
धीरतसिह
मोहकमसिह
मनरूप
सगतसिह
खगार

गाँव सांडवे के सरदार

रणजीतसिह
जैतसिह
भीमसिह
धीरतसिंह
दानसिह
मोहकमसिह
जगमाल
मनहरदास
जसवतसिह
गोपालदास

गाँव पड़िहारे के सरदार

जामलसिह
ईसरीसिह
दानसिह

पातलसर के सरदार

जयसिह
माधोसिह

दानसिंह

जाकरी के सरदार

नाहरसिंह

कन्होराम

प्रयागदास

मोहकमसिंह

गाँव चीमणवे के सरदार

अभयसिंह

रायसिंह

प्रयागदास

गाँव ककू के सरदार

ऊमजी

हिम्मतसिंह

ईंद्रभाण

मोहकमसिंह

गाँव जीली के सरदार

पद्मसिंह

जोधसिंह

अमरसिंह

मालदेव

मनहरदास

गाँव बसू के सरदार

रायसिंह

भगवंतसिंह

अमरसिंह

मालदेव

गाँव कल्याणसर के सरदार

गोविंददास

दौलतसिंह

फतहसिंह

अखैराज

देवीदास

मनहरदास

गाँव लखमणसर के सरदार

जैसिंह

फतेसिंह

आईदान

डुंगरसी

मनहरदास

गाँव चंडावे के सरदार

पहाड़ो

कुंभो

प्रताप

जगमाल

गोहिल

अथ वार्ता गोहिल खेड़ के स्वामियों की—खेड़ में गोहिलों की बड़ी ठाकुराई थी*। वहाँ के राजा मोखरा की बेटी बूट पद्मिनी (जाति) की स्त्री थी। उसके रूप की प्रशंसा खुरासान के बादशाह ने सुनी तब उसने तीन लाख सवार की सेना खेड़ पर भेजी। तुर्कों ने आकर नगर घेरा, गोहिल भी सम्मुख हुए, चार दिन तक

* खेड़ मारवाड़ राज में लूणी नदी के मोड़ पर बालोतरे से १० मील पश्चिम में है।

बराबरी का युद्ध चलता रहा, फिर जोहर करके गोहिल मैदान में आकर जंग करने लगे। तलाव वहवनसर के तट पर बहुत से गोहिल काम आये, (राजा मोखरा मारा गया), तुर्क भी बहुत खेत रहे और उनकी रही-सही सेना फिर गई। सेना आई उस वक़ वहवन (मोखरा का पुत्र) कहीं बाहर गया हुआ था, इससे वच रहा और टीके बैठा। चूट भी बच गई, परंतु बहुत से योद्धाओं के मारे जाने से राज निर्बल पड़ गया। उस वक़ बाहड़मेर के स्वामियों (पँवार) ने आकर गोहिलों को दबाया। गाँव नाकोड़े के पास गढ़ बनवाया और गोहिलों से धरती छीन लेने का विचार किया। तब बहवन ने मंडोवर के राव हंसपाल (पड़िहार) को कहलाया कि पँवार मुझसे पृथ्वी छीनते हैं सो या तो मेरी सहायता करो नहीं तो फिर तुमको भी ये कष्ट देंगे। पड़िहार ने उत्तर भेजा कि तुम्हारी बेटी चूट पद्मिनी है उसको हमें परणावो तो तुम्हारा साथ दें। इन्होंने देशकालानुसार अपनी स्थिति देखकर चूट का विवाह कर देना स्वीकारा। चूट ने अपने भाई को मना किया कि मेरा विवाह मत कर, परंतु उसने न माना। पड़िहार हंसपाल सैन्य लेकर खेड़ आया तब पँवारों ने खेड़ की गौएँ घेरीं, पड़िहार व गोहिल मिलकर बाहर चढ़े और नाकोड़े के पास पँवारों को जा लिया। गौएँ तो गढ़ में पहुँचा दीं तब हंसपाल ने गढ़ पर धावा किया, दर्वाज़ा टूटा और वहाँ पँवारों के ४०० व गोहिल और पड़िहारों के ३०० योद्धा खेत रहे। हंसपाल का मस्तक कट गया परंतु धड़ गौओं को लेकर खेड़ में आया, वहाँ पनिहारियों ने कहा कि "देखो! सीस के बिना धड़ चला आता है।" हंसपाल वहाँ गिर पड़ा। पड़िहार विवाह करने को आये, फेरे दो फिराये गये और चूट बोली कि "अब गोहिल तुमसे छूटे (उऋण हुए)", पड़िहारों ने उत्तर दिया कि "छूटे"। फिर

बूट ने कहा कि "(भाई!) मैंने ते तुमको पहले ही मना किया था कि विवाह मत स्वीकारो, परंतु तुमने न माना। अब गोहिलों से खेड़ और पड़िहारों से मंडोवर जावे!" ऐसा शाप देकर बूट ऊपर उड़ गई। उसके पति ने उसे पकड़ने को हाथ बढ़ाया ते उसकी साड़ी हाथ में आ गई और वह ते उड़कर अलोप हो गई।

गोहिलों से खेड़ राठोड़ों ने ली उसकी बात—गोहिल खेड़ छोड़कर एक बार कोटड़े के इलाके बरियाहेड़े में गये। वहाँ से घांधलों ने कूटकर निकाल दिया तब कुछ काल तक जेसलमेर से कोस १२ सीतबुहाई (गाँव) में कितने एक दिन रहे, परंतु वहाँ भी राठोड़ों ने पीछा न छोड़ा। जेसलमेर का रावल गोहिलों के यहाँ ब्याहा था अतएव वे रावल के पास गये और उसने उन्हें थोड़े दिन जेसलमेर में रक्खा। जहाँ ये रहे वह स्थान गढ़ के दक्षिण तरफ़ आज तक 'गोहिल टोला' कहलाता है। फिर वहाँ से वे सोरठ में गये और शत्रुंजय (जैनियों का प्रसिद्ध तीर्थस्थान) से ४ कोस सीहोर गाँव मे रहे। गोहिलों के अधिपति रावल कहलाते। अच्छे रजपूत भूमिए हैं। ४०० गाँवो में उनके भूमचार का ग्रास लगता है। शत्रुंजय के स्वामी भी गोहिल ही हैं। पालीताणे का (राजा) शिवा गोहिल वहाँ जो यात्री आता है उससे कुछ लेकर फिर संघ को शत्रुंजय (गिरि) पर चढ़ने देता है। गोहिलों के चारण भाट उनको मारवाड़ का विरुद देते हैं।

ग्रास की विगत (ब्यौरा)—सोरठ देश में सीहोर नाम का एक स्थान है वहाँ घोघे के पर्गने में रावल अखैराज का ग्रास लगता, ऐसे ही लाठी परगने के ३६० गाँवों में ग्रास है। लोलियाणा और जिवाणा धोधुंके से १७ कोस है। सोरठ मे देवपट्टन में सोमइया (सोमनाथ) महादेव का बड़ा ज्योतिर्लिंग था जिसको सं० १३०० (१३६४ या १३६८ के लगभग) में अलाउद्दीन जाकर उठा लाया।

उस वक्त गोहिल भीम के पुत्र अर्जुन और हमीर (बादशाह की सेना से युद्ध कर) काम आये थे, उन्होंने बड़ा नाम किया; नेगड़ा नामी एक भील भी उनके साथ लड़कर मारा गया था* ।

झाला मकवाणा

हलवद नगर झालों का वतन, अहमदाबाद से ४० कोस, नवानगर और हालार से (मिली हुई) सीम नवानगर ३० कोस है ।

---

* काठियावाड़ में एक प्रांत गोहिलों के नाम पर गोहिलवाड़ कहलाता है। गोहिल अपने को चंद्रवंशी मानकर अपने मूल पुरुष शालिवाहन को सं० ७७ वि० में दक्षिणपथ में पैठण का राजा बतलाते और कहते हैं कि हम दक्षिण से खेड़धर में आये और वहाँ से सियाजी राठौड़ ने हमें निकाला इत्यादि। वास्तव में कर्नल टॉड के लेखानुसार खेड़ पर राज्य करनेवाले गोहिल पैठण के शालिवाहन के वंशज नहीं, किंतु मेवाड़ के राजा शालिवाहन के वंश के हैं। गंगाधर कवि रचित 'मंडलीक चरित' काव्य में काठियावाड़ के गोहिलों को सूर्यवंशी कहा है (मंडलीक चरित हस्तलिखित ६—२३)। सोरठ में राज स्थापन करनेवाला पहला गोहिल सेजकजी था जिसने अपनी कन्या गढ़ गिरनार के चूड़ासमा रा कँवाट के बेटे को ब्याह दी और रा कँवाट ने थोड़े से गाँव सेजक को जागीर में दिये। सेजक के पुत्र राणा, सारंग और शाहजी थे। राणा के वंशज भावनगरवाले, सारंग के वंशज लाठीवाले और शाहजी के वंशज पालीताणावाले हैं।

"भावनगर शोध-संग्रह" नामी पुस्तक में छपे हुए मंगरोल की बाव के एक लेख में, जो सिंह सं० ३२ (सं० १२०२ वि०) का है, वर्णन है कि चालुक्य राजा कुमारपाल के समय में गुहिल-वंश में साहार हुआ जिसका पुत्र सहजिग (सेजक) था। यदि गोहिलों का सेजक और लेख का सहजिग एक ही हो तो सियाजी राठौड़ से बहुत पहले गोहिलों का सोरठ में होना पाया जाता है। गिरनार के यादव राजा महीपालदेव का उपनाम रा कँवाट था जो सं० १३०२ वि० से सं० १३२६ वि० तक राज पर रहा। रा कँवाट के पुत्र खेंगार तीसरे ने सोमनाथ महादेव के मंदिर की मरम्मत कराई थी जिसे सुलतान अलाउद्दीन खिलजी ने उजाड़ दिया था।

हलवद पाधार (गाँव का गोरेमा या खुली हुई भूमि) में बसा है, तालाब पर गढ़ है, चौड़ा बहुत है, भीतर हज़ार दो हज़ार मनुष्य रह सकते हैं। गढ़ में मीठे पानी का एक कुआँ है। हलवद के निकट झाड़ी थोड़ी और चौगान बहुत है। खेती ज्वार, बाजरा, तिल और कपास की होती है; ऊनाली, पीवल, माल नहीं, सेवज (सेंजे से ?) अच्छा पैदा होता है। निकटवर्त्ती गाँवों में कुएँ हैं। नगर की आबादी सं० १७१९ में यह थी—ब्राह्मण १०००, वणिक ७०० मध्ये महेसरी ४००, ओसवाल ३००, राजपूत ३००, मोची १००, घाँची १०, सुनार २०, छीपा ५०। हलवद से दूरी पर के गाँव—अहमदाबाद ४० कोस, वीरमगाँव २० कोस, नवानगर ३० कोस, बाँकानेर २० कोस, बढ़वाण १५ कोस, दसाड़ा ३० कोस, मोरवी १५ कोस।

हलवद से दूसरे दर्जे का बाँकानेर है जिसका ताल्लुक़ हलवद से है, वह हलवद से २० कोस। काठियावाड से मिलता हुआ है। उसके साथ गाँव १२० लगते जिनमें २३ गाँव अभी बसते हैं। देवतकहीसो झाला डोलैबूहक तो मारवाड़ में हैं। जेसलमेर राज्य में खांडाल की तरफ ४ तथा ५ गाँव देवता के हैं—डोबर, सिवा सांखला के गाँव से ५ कोस सीताहर के पास, मांगणी के तखै डवर से २ कोस, जूजल कानेरा डावर से एक कोस, लाठीहरमावर से दो कोस खाडाल में।

गुजरात देश में झालावाड़ के गाँव १८०० कहे जाते हैं। झाले मकवाणों से मिलते हैं (एक ही हैं)। मूल गाँव तो हलवद ही में है; *इनको (झालों को) पाटड़िया कहते हैं। पाटड़ी हलवद से ८ कोस है।* पहले तो इन झालों का वतन पाटडी था। झाला महमंद पाटण के स्वामी मूलराज सोलंकी का चाकर था। जब सीहा राठौड़ और मूलराज ने लाखा जाड़ेचे को मारा तब कहते हैं कि लाखा हाथी के होदे में बैठा था। सो झाला महमंद ने उसके बरछी लगाई। उसकी

रीझ में मूलराज ने १८०० गाँव से झालावाड महमद को दी। उस वक़्त ये परगने झालावाड कहलाते थे—७४७ वीरमगाँव के, यह बहुत अच्छी जगह, रु० ३०००००) आज भी उपजते हैं, दाम एक करोड़ गाँव ७४७। ७५२, वीरमगाँव ताल्लुक २१६ वीरमगाँव के साथ और ३६ मूल। दाम रु० ३८५६६८), १६२ भूमियों के नीचे जोर तलब, ११२ हलवद ४६ गाँव जुदा पर्गना हुआ उसके साथ गये थे; ६ पाटण में, ३७ मुजपुर में, ६२ गाँव ऊजड चालीस पचास वर्ष से। पाटडी हलवद से कोस ८ (६ पहले लिखी) जहाँ घर २०० तथा २५० कोली, वोहरे, वनिये और आसियों के हैं। नमक की आगर हैं, ताल्लुक वीरमगाँव से है, उपज रु० ७०००), ४० गाँव कोली कान्ह के अधिकार में हैं वह अमल नहीं देता, दाम रु० ३६०७६२२)। ८७ गाँव भूमियों के नीचे जो दवाव पहुँचने पर हासल देते हैं, ३६ गाव मूली रायसल पवार के, ८६ हासलीक (हासल देनेवाले), चूडा राणपुर वढवान के ताल्लुक हैं, बाचण से ३० और वीरमगाँव से कोस ३०, वहा आजमखा ने अच्छा गढ वनवाया। गाँव १२३ वढवान ताल्लुक अलग दाम रु० ५५४३४८), २७ गाँव चूडा राणपुर में, ४५ भूमियों के अधिकार में, ४० गाँव ऊजड, ११० हासलीक, ३६ मूली के परगने में, वीरमगाँव के ताल्लुक ३६, और गाँव ४ बादशाही के मुवाफ़िक। दूसरे गाँव काठियों ने दबा लिये। पँवार रायसिंह भूमिया है—धधूका घोलका, मोरवी, काठिआवाड, खाचरोंवाली ठौड, झूझूवाड़ा। चूडा राणपुर में आबादी—७० वनिये, १५० (घर) भरवाड पटेल, १०० सिपाही। गढ के नीचे देराणी जिठाणी नाम की नदी सदा बहती रहती है, गढ में किलेदार मलिक वेग बादशाह की तरफ से रहता है, उसके दो गाँव की जागीर है। वीरमगाँव जिसके जगीर में होने से वह ५०० सवार काठियों के मुकाबले पर रखता है।

झालों की वंशावली—प्रथीराज का झाला सुलतान, चंद्रसेन और रायसिंह, तीनों मानसिंह के पुत्र वाँकानेर में बसे। ईडर के राव कल्याणमल की भतीजी या रा० केशोदास नारायणदासोत की कन्या का विवाह मानसिंह के साथ हुआ था। सो छड़े साथ से ईडर जाता था, यह ख़बर राणा आसकर्ण को लगी। हलवद से ७ कोस गाँव सावके में ठहरा हुआ था जहाँ १२ साथियों समेत आसकर्ण ने उसे जा मारा।

मानसिंह हलवद का स्वामी, उसका उत्तराधिकारी रायसिंह बड़ा राजपूत हुआ। उसने जसा और साहिब को मारा। बाद झाला रायसिंह मानसिंहोत और जाड़ेचा जसा हरधवलोत व साहब हमीरोत के लड़ाई हुई जिसका हाल—

जब मानसिंह झाला ने रायसिंह को निकाल दिया तब वह अपने बहनोई जाड़ेचा जसा के पास जाकर एक वर्ष तक रहा था। एक दिन जसा (जसराज) और रायसिंह चौपड़ खेल रहे थे। उस वक़्त एक व्यापारी नये नगर से भुज को जाता था। उसके साथ नगाड़ा था, उसे बजाता जाता था। मार्ग जसा के गाँव धोनहर की सीमा में होकर निकलता था, इसलिए जसा नगाड़े का शब्द सुनकर बोला कि "यह नगाड़ा कौन बजाता है ? ऐसा कौन है जो मेरे गाँव की सीमा में नगाड़ा बजाता निकले ?" पांडू (साईस) को हुक्म दिया कि घोड़ा तैयार कर ला ! और साथ (सिपाही सरबंदी) को कहवा जाना कि सज-सजाकर शीघ्र आवे, मैं इससे (नगाड़ा बजानेवालेसे) लड़ाई करूँगा। झाला रायसिंह ने कहा—"मेरे ठाकुर ऐसी हलकी बात क्या करते हो ? मार्ग का गाँव है, कई इस रास्ते आवेंगे जावेंगे, तुम किस-किसके साथ लड़ाई करोगे ?" जसा ने कहा कि जो मेरी सीमा में नगाड़ा बजाता निकलेगा उससे मैं लड़ाई करूँगा। रायसिंह बोला कि लड़ाई नहीं कर-सकोगे। तब जसा

ने ताना देकर कहा कि "मालूम पड़ता है कि राज (आप) मेरी सीमा में नगाड़ा बजावेंगे।" रायसिंह ने उत्तर दिया कि मैं राजपूत हूँ तो तुम्हारी सीमा में आकर नगाड़ा बजाऊँगा। जसा ने कहा कि जो नगाड़ा बजाओगे तो मैं भी लड़ाई करूँगा। यहाँ तो इतनी ही बात होकर रह गई। व्यापारी के नगाड़े की जसा ने खबर मँगाई तो नौकर ने आकर खबर दी कि व्योपारी लोग हैं, मार्ग चल रहे हैं। यह सुनकर जसा बोला कि क्या करूँ, व्यापारी हैं जिससे जाती करता हूँ, नहीं तो मेरी सीमा में नगाड़ा बजावे और मैं लड़ाई न करूँ।

चार-पाँच मास बीते कि झाला मानसिंह काल प्राप्त हुआ तब उसके राजपूत सर्दारों ने विचारा कि अब टीका किसको देना चाहिए, रायसिंह के भाई तो बालक हैं और रायसिंह बाहर है और जो किसी को नहीं देते हैं तो धरती रहेगी नहीं, टीके के योग्य तो रायसिंह ही है। यह सलाह कर एक धावक को बुलाया और उसे रायसिंह के पास भेजा। उसको समझाकर कहा कि तू जाकर कहना कि ठाकुर तो मर गये, धरती तुम्हारी है सो शीघ्र पधारिए। जसा और रायसिंह साले बहनोई झरोखे में बैठे हुए थे कि जसा ने हलवद के मार्ग से धावक को आते हुए देखा और रायसिंह को कहा कि हलवद की तरफ से कोई क़ासिद आता हुआ दीखता है। वे तो ऐसी बातें कर ही रहे थे कि इतने में धावक आकर दरवाजे पर उतरा, भीतर जाकर जुहार किया। तब जसा व रायसिंह ने पूछा कि तुम क्यों आये हो? रजपूत बोला कि ठाकुर मर गये और राज को राजपूतों ने बुलाया है सो जल्दी पधारो, राज की धरती है। जसा ने रायसिंह को कपड़े करा दिए, खर्च और घोड़ा दिया और कहा कि जल्द जाइए। जब रायसिंह सवार होते वक्त जसा से विदा माँगने लगा तब उससे कहा कि राज ने मुझको ताना दिया था अब जो मैं राज-

पूत हूँ तो अवश्य आपकी सीमा में नगाड़ा बजाऊँगा। जसा ने कहा कि जिस दिन तुम मेरी सीमा में नगाड़ा दिलवाओगे, मैं भी आ खड़ा होऊँगा। जब पहले ऐसी अदावदी की बात हुई तब तो लोगों ने समझा कि ये साले बहनोई हँसी-मज़ाक कर रहे हैं, परंतु जब रायसिंह ने विदा होते समय बात दोहराई तो सबने जान लिया कि वह हँसी नहीं थी और इसमें अवश्य कुछ उपद्रव खड़ा होगा। रायसिंह आकर हलवद की गद्दी पर बैठा, साल चार एक के पीछे जब उसका कामकाज ठीक तरह जम गया तब उसने अपने राजपूतों से कहा कि मुझे रणछोडजी की यात्रा करनी है, सो सब तैयार हो रहो। अपने राज में भी सब जगह सूचना देकर अच्छे राजपूत और अच्छे घोड़े जितने मिले इकट्ठे किये और दो हज़ार सवार और इतने ही पैदलों की भीड़भाड़ लेकर चला। गाँव धोलहर की सीमा में प्रवेश करते ही नगाड़ा बजवाया। जाड़ेचा जसा ने कहा "रे! ऐसा कौन है जो मेरी सीमा में नगाड़ा बजवाता है?" आदमी खबर को भेजा, उसने पीछा आकर कहा कि झाला रायसिंह है। जसा अपनी कटक ले सम्मुख आया। रायसिंह ने कहलाया कि इस वक्त तुम्हारे पास मनुष्य थोड़े हैं, और मुझे भी रणछोड़जी की यात्रा करनी है सो मैं लौटता हुआ इधर से निकलूँगा तब लड़ाई करेंगे। इतने में तुम भी अपना दलबल जोड़ रखना। जसा भी इससे सहमत हुआ। जब रायसिंह श्रीठाकुरजी के दर्शन को गया तो ठाकुरजी की कमर में से कटार छिटक पड़ा और रायसिंह ने उठा लिया, कटार रु० १५००) के मोल का था, इसने रु० २०००) दे दिये। यात्रा कर पीछा फिरा, यहाँ जसा ने भी अपना साथ इकट्ठा कर लिया था, वह ७००० पैदल लेकर चढ़ा। झाला रायसिंह लौटता हुआ जाम रावल से मिलने को नयेनगर

गया। रावल भी बड़े आदर-सत्कार के साथ उससे मिला और मेहमानदारी की। विदा करते वक्त अपने दो भले आदमी भेजकर रायसिंह को कहलाया कि तुमने और जसा ने वाद-विवाद किया है, परंतु तुम तो समझदार हो, जसा हाल जवान है, अतः जाते वक्त घोलहर से चार कोस के अंतर से निकलना। रायसिंह बोला कि अब तो यह बात तै हो चुकी और सब लोग भी जान गये हैं। उन सर्दारों ने जाम को जाकर रायसिंह का उत्तर सुनाया, तब तो जाम का भी मिज़ाज बिगड़ा, सर्दारों को कहा कि तुम जाकर रायसिंह से कह दो कि जसा हमारा भाई है। जो तू घोलहर जावेगा तो मेरे जो चार राजपूत हैं वे भी जसा का साथ देंगे। रायसिंह ने कहलाया कि यह बात तो मैं भी जानता हूँ, परंतु क्या करूँ? पहले मुँह से वचन निकल चुके, अब जाम आप स्वयं घोलहर पधारें तो भी मैं टलने का नहीं। इतना कहकर रायसिंह घोलहर के पास आया, नगाड़ा बजाया और वहीं डेरा डाला। जसा को कहलाया—"मैं आ गया हूँ, राज तैयार रहें, अपने कल लड़ाई करेंगे।" जसा भी अपने दल सहित तैयार हो गया। दूसरे दिन रायसिंह चढ़ आया। गाँव के पास ही तालाब है, उसके पीछे के मैदान में दोनों ओर के दल आन इकट्ठे हुए, अणियाँ मिलीं और घमासान युद्ध होने लगा। उभय पक्ष के योद्धाओं ने पागड़े छोड़े और पा पियादे लड़ने लगे। दो सौ सवारों की टुकड़ी लिये जसा एक बाजू खड़ा लड़ाई का तमाशा देख रहा था, उस वक्त रायसिंह ने देखा कि मेरी सेना थोड़ी और रिपुओं बहुत हैं इसलिए कोई घात करूँ तो विजय हो। यह विचार उसने हेरू भेज जसा का पता लगाया कि वह किस अनी में है। हेरू ने आन पता दिया कि परली तरफ जो सवार खड़े हैं उनमें वह है। तब अपने साथ में से ४०० चुने हुए सवार ले रायसिंह

जसा पर टूट पड़ा। वह अत्यंत घायल होकर मरा और उसकी फ़ौज भाग निकली। दोनों ओर के बहुत से योद्धा खेत रहे परंतु खेत रायसिंह के हाथ रहा। फिर उसने गाँव पर हल्ला किया तब जसा की ठकुराणी—रायसिंह की बहन—बीच में आकर कहने लगी—"भाई तूने बहुत काम किया, अब यह गाँव तो मुझे कांचली में दे!" रायसिंह लूट करना छोड़ अपने साथियों की लाशें और घायलों को लेकर हलवद चला गया। साखी का गीत बारहट ईसर का कहा हुआ—

"पंक किसो भपै की अगन प्रकासै, लारै किसं संकर गज लेअ।
अवजस राजतणो घायवलां, लोहधार रहियो लागेअ।
अमी पवर मंगन आई उत, वंगईमन उपगरियो।
सामां तणो सरीर सरवही, आघधारां वतरियो।
विहंगा न हुवो न चिंनो विसनर, भवही तणे न आयो भाग।
अंग जसराज तणे आफलां, लिख लिख गयो अंगारां लाग।"

रावल जसा को रायसिंह ने मारा जिस पर सब जाड़ेचे ठाकुर मिलकर नवानगर जाम के पास गये और कहा कि राज जाड़ेचों के ठाकुर हो, झाला रायसिंह ने जसा को मारा है इसलिए आप हमारी सहायता कीजिए। तब जाम ने जाड़ेचा साहब हमीरोत को (सेना देकर) विदा किया; साथ में बीस सहस्र सवार दिये और कहा कि जाकर रायसिंह को मारो। रायसिंह ने जब यह बात सुनी तो हलवद के गढ़ को सजा, अपने राज के राजपूतों को एकत्रित किया और मरने पर कमर बाँधकर तैयार हो बैठा। जाड़ेचों का कटक हलवद से बीस कोस आन उतरा है। हलवद से ५ कोस की दूरी पर साहब की सुसराल थी सो रात्रि में ५०० सवार साथ ले साहब सुसराल गया। रायसिंह तो उसकी पग

पग की खबर मँगाता था। साहब के सुसराल के गाँव में रायसिंह के गाव का एक डोम भी व्याहा था। वह भी इसी अर्से में सुसराल गया था सो साहब के चढ आने के समाचार सुन वह रायसिंह के पास आया और आशीष दी। रायसिंह ने पूछा कि तूने भी कोई बात सुनी है? उसने कहा—और तो कुछ सुना नहीं परंतु आडेचा साहब आज सुसराल आया है। रायसिंह बोला कि यह बात मानने में नहीं आती कि मेरे इतने निकट होते हुए कटक छोडकर साहब सुसराल जाय। डोम बोला कि कहें तो उसके घोडे के चिह्न बतलाऊँ। रायसिंह ने कहा—बतला। डोम ने सब लक्षण कह सुनाये तब तो विश्वास हुआ, तुरत अपने साथ में से ५०० अच्छे से अच्छे घोडे और राजपूत लेकर साहब पर चढ दौडा। वह सुसराल से विदा होकर पिछले पहर रात रहे चलने लगा। परतु उन्होंने जाने न दिया, रोक लिया और कहा कि सिरावण तैयार होता है, आप आरोग कर पधारें। पौ फटी, साहब अमल पाणी से निश्चित हो नाश्ता कर सवार होकर चला और तालाब की पाल पर पहुँचा था कि इतने में परली तरफ भालों की झलझलाहट दीख पडी। खबर को आदमी भेजा था कि रायसिंह तो पास आकर भिड गया। अणियाँ मिलीं और घोर संग्राम हुआ। दोनों ओर के योद्धा एक दूसरे से जुट पडे। रायसिंह और साहब परस्पर लडने लगे, साहब को मार लिया, परंतु रायसिंह के भी साहब के हाथ से घाव पूरे लगे और वह एक खड्डे में जा गिरा। दोनों ओर के राजपूतों में से एक भी जीता न बचा, सब मर मिटे। रायसिंह को जोगी उठाकर ले गये वह मरा नहीं था, मरहमपट्टी करने से चंगा हो गया। यह खबर आडेचों की फौज में पहुँची कि साहब अपने साथियों सहित मारा गया है तब सेना भी पीछे फिर गई। साखी का दोहा—

"कणवे हूता काछ, साहब जसवत सारिषा ।
झालो झफेडे गयो, पाछे रह गई पाछ ॥"

गीत साहिब हमीरोत का—

"भचणा तोय आजूणी भाजै, विढवा उठियो
चाकम वीप। साहिन एकौ लाप सरीषो,"
"साहिब एकौ कोड सरीष। झाले क्यू साहिब
झालाए, मयद उठियो निरभै मणो।"
"मुँह झालियो न जाए मल ऐ, निणे
घणेही मगल तणो। हामावत एकौ हारवसी,"
"दसअर लापदण खग दाहि, कुजड कोर
मिलै जो कारी, सीहझड़फतो तसकै साहि।"
"पग वधव पेपै पल पोहण, पत्रो उठियो
धूणै पाग, गुरडतणो मुहतोय न ग्रहजै,"
"नव कुल जो मिल आवै नाग। मगन विणै
अनमयद मैगलै पनगै गुरडन सकियो पाल।"
"एको कलह घणै ऊठतो, झालो साहिब नस किसो झाल।"

(भावार्थ—निर्भय बाँके यमराज के समान साहिब को झाला नहीं पकड सका, जैसे आग तृणों से, सिंह हाथियों से, गरुड नागों से नहीं रुकता। साहिब अकेला लाख करोड जैसा खड्ग घूमाता उठा।)

(चारण) जीवा रतनू धर्मदासाणी ने (जाडेचा) साहब की बात ऐसे कही—

जाडेचा साहब पहले भुजनगर के स्वामी भारा का चाकर था। किसी कारण से रुष्ट होकर चाकरी छोड दी और अहमदाबाद में राणी के चाकर मूसाखाँ के पास आ रहा। वहाँ सात महीने रहकर सातलपुर पट्टे कराया और वहाँ से लौटता हुआ हलवद से

८ कोस रायधण के गाँव मालिये के पास पाँच सौ सवार साथ लिये आ उतरा। इसके समाचार गाँव पाँसवा से वाघेले रणमल ने रायसिंह झाला को पहुँचाये। रणमल रायसिंह का संबंधी था। रायसिंह तीन हज़ार सवार पैदल साथ लेकर चढ़ा और प्रभात होते होते मालिये आ पहुँचा। साहब को इसकी सूचना रायसिंह के प्रधान भाटी गोविंददास के द्वारा पहुँची थी। सो वह भी सज-सजाकर तैयार हो तालाब में दबका हुआ खड़ा था। साहब के साथ पद्मा जाड़ेचा बड़ा राजपूत, और रायसिंह के साथ भी वीका ईडरिया और पठान हबीब नामी शूरवीर थे। दोनों में युद्ध छिड़ा, रायसिंह और साहब द्वंद्व युद्ध करने लगे और दोनों खेत रहे। मालिये से ७ कोस की दूरी पर गाँव अंजार में राव खंगार बारह सहस्र सेना से और जाम वीभा हलवद से एक कोस पर ठहरा हुआ था उसी वक्त यह लड़ाई हुई। रायसिंह और साहब का पतन सुन राव व जाम सवार होकर आगे को चले गये। रायसिंह को जोगियों ने साठ मनुष्यों सहित उठाया (और अपने स्थान को ले आये)। पीछे से रायसिंह का पुत्र चंद्रसेन (हलवद की (गद्दी पर बैठ गया। झालों से वैर चलते वर्ष दस हुए, इन्होंने एक लाख महमूदी (चाँदी का सिक्का) और अपनी दो कन्याएँ देनी की परंतु रायधण ने न स्वीकारी। फिर एक सौ जोगियों को साथ लेकर रायसिंह हलवद के तालाब पर आकर ठहरा, राणा चंद्रसेन को खबर हुई कि कोई बड़ा योगीश्वर आया है तो दुपहर को सुखपाल में बैठकर दर्शन को गया। अपने दो बालक पुत्रों को भी साथ लिया। साथ में दस-बारह सवार और पाँच-सात पैदल ही थे। योगियों के चरण छूकर प्रणाम किया और बैठ गया। इन योगियों में से दस बारे उठकर चंद्रसेन के

निकट आ बैठे और पूछा (तुम जानते हो कि) यह आयस कौन है ? चंद्रसेन बोला कि कोई बड़ा सिद्ध है। जोगी ने कहा— सिद्ध नहीं, तेरा पिता है। इतना कहने के साथ ही उसको पकड़-कर कब्ज़े किया और साथवालों में से कितनों को तो मार गिराया और बाक़ी भाग गये। चंद्रसिंह को बाँध एक पखाल में डाला और उसके घोड़े पर रायसिंह को चढ़ाकर हलवद के गढ़ में अचा-नक आन घुसे। वहाँ सात राजपूत फिर मारे गये, शेष भाग छूटे। जोगियों ने रायसिंह की आण दुहाई फिरा दी। चंद्रसेन को गाँव मालणियावास जागीर में देकर बिदा किया। रायसिंह के साथ ५७ जोगी आये थे। उनका जोग उतरवाकर अपने-अपने गाँव पीछे दे घरों को बिदा किये, और अपने पुत्र भगवानदास और नारायणदास को अपने पास रक्खा। रायसिंह के आने के समाचार सर्वत्र फैल गये। वर्ष एक व्यतीत हुआ कि साहब के (पुत्र) भारा (भारमल) ने सवार १५००० और इतने ही पैदलों से बीस कोस पर अंजार में पड़ाव डाला। तब पंचायण के पुत्र भीम दूसरे ने साहब के पुत्रों को दस सहस्र सवार और दस सहस्र पैदल की सेना सहित रायसिंह पर भेजा। यह भी दो हज़ार सवार और दो हज़ार पैदल ले मुक़ाबले को आया। युद्ध हुआ और रायसिंह अपने ३५० राजपूतों सहित काम आया। जाड़ेचों के आदमी १४० मारे गये। राव भारा ने चंद्रसेन को पाँवों लगाकर हलवद की गद्दी पर बिठाया।

मेवाड़ के झाला

खाडाल में झाला मेवाड़ दरबार के बड़े राजपूत हैं। ये बड़ी श्रेणी के उमराव हैं, इनके ऊपर कोई नहीं बैठता है। (झाला) अज्जा और सज्जा को हलवद से भाई प्रासियों ने निकाला तब ये मेवाड़ में महाराणा सांगा के समय में आये। राणा

राजा, अज्जा राजा का। सीकरी पीलेखान के पास राणा सांगा की बाबर बादशाह से लड़ाई हुई। राणा सांगा हारकर भागा, तब वहाँ अज्जा काम आया। सिंह अज्जा का चित्तौड़ में मारा गया जब कि हाडी करमेती (महाराणा विक्रमादित्य की माता) के समय में बादशाह बहादुरशाह (गुजराती) ने चित्तौड़ फतह किया था।

मेवाड़ के झालों की पीढ़ियाँ श्राढ़ा महेशदास ने सं० १७०२ के आषाढ सुदी ७ को लिख भेजी—१ राणा शेखा कन्ना का, २ राणा गीगा, ३ राणा ब्रह्मदेव, ४ राणा जालप, ५ राणा मरीच, ६ राणा वीसम, ७ राणा गोग, ८ राणा मक, ९ राणा हरपाल, १० राणा केहर, ११ राणा हरी, १२ राणा सावत, १३ राणा कान्ह, १४ राणा सूर, १५ राणा विजयपाल, १६ राणा मूध, १७ राणा पदम, १८ राणा वधीर, १९ राणा नेगड २० राणा राम, २१ राणा वीरसिंह, २२ राणा भीम, २३ राणा सत्ता, २४ राणा रणवीर, २५ राणा बाघ, २६ राणा राजा (राजधर)।

राजा के एक पुत्र सज्जा ने हाडावती का परगना लिया। वहाँ छोटा प्रांत छोटी झालावाड़ कहलाता है। गाँव ४० तथा ५० में झाला राजपूत बसते हैं। वे राजपूत भूमिये होकर रहते थे जिनको नवरोजियों ने तोड डाला। झालावाड के मुख्य गाव—उरमाल-कोट, सुंडल, रायपुर।

(सिंह)
(जैतसी)
माना
जैसा
भोपत
शत्रुसाल
कल्याण
आसा
राघोदेव
पृथ्वीराज
केसरीसिंह
राजसिंह
पृथ्वीराज
जैत
कान्ह
नाथा
जसवंत
सबला
सुरताण
माला
पूरा
कान्हा
लूणा
किसना
सांवळदास
शत्रुसाल
बाघ
मेघ
केशोदास
नरहरदास
बलभद्र
करमसी
नगा
रावत दयाळदास
सुजानसिंह
सगता
श्यामदास
रावत प्रतापसिंह
नारायण
बाघ
चीदा
हाथी
देदा
बाघ
माधोदास
रायमल

(१) बड़ा राजपूत था, राणा का प्रथम श्रेणी का उमराव, झाड़ोल पट्टे में थी। एक बार बादशाही चाकरी में भी जा रहा था। बादशाह ने मनासा जागीर मे दिया। राणा ने मनाकर पीछा बुलाया फिर सीसोदिया माधोसिंह और श्याम नगावत ने मारा।

(२) राणा का बड़ा राजपूत, हरदास का पट्टा पाया। एक वार दस वर्ष तक बादशाही सेवा में जा रहा था जहाँ उसे कूहेरा जागीर में दिया गया था, फिर राणा ने उसको मना लिया, अपनी मृत्यु से मरा।

(३) जोधपुर निवास, गेमलियावास गाँव १५ सहित जागीर में था।

(४) राणा सांगा सीकरी के युद्ध से भागा तब राणा के साथ था। (बहादुरशाह गुजराती ने चित्तोड़ पर चढ़ाई की तब उसमें लड़-कर मारा गया।)

(५) जोधपुर चाकर, खैरवा जागीर में था। राणी स्वरूप-देवी का पिता था।

(जैतसिंह के बड़े पुत्र मानसिंह को देलवाड़े की जागीर मिली और महाराणा उदयसिंह की कन्या उससे व्याही गई। हल्दीघाटी के प्रसिद्ध युद्ध में मानसिंह शत्रुदल से लड़ता हुआ मारा गया। मानसिंह का पुत्र शत्रुसाल महाराणा का भांजा था, वह किसी कारण से जोधपुर महाराज सूरसिंह के पास जा रहा। उसका भाई कल्याण अपने भाई को मनाने जोधपुर गया। शाहज़ादा ख़ुर्रम उस वक़् मेवाड़ में महाराणा अमरसिंह से युद्ध कर रहा था। उसके सेनापति अबदुल्लाख़ाँ ने लौटते वक़् कल्याण को क़ैद कर लिया। उसके वंश में देलवाड़े के सरदार हैं।)

(६) पृथ्वीराज जैतावत का दोहिता।

(७) राणा अमरसिंह की सेवा में (बादशाही सेना से) लड़कर मारा गया।

तंवर

सं० १३५० में गढ़ ग्वालेर टूटा, बादशाह अलाउद्दीन ने राजा मान तंवर से गढ़ लिया[1]।

चावड़ा

बात अणहिलवाड़ा पाटण की—वनराज चावड़ा बड़ा राजपूत हुआ। उसने एक नया नगर बसाना विचारा। जहाँ यह पाटण है, वहाँ अणहिल नाम का एक सयाना ग्वाल रहता था। उसने एक कौतुक देखा कि एक भेड़ के पीछे एक नाहर लगा, भेड़ा भागा और इस पाटण की जगह आया। वहाँ वह सिंह का मुकाबला करने को खड़ा हो गया। अणहिल ने यह घटना देखी और वनराज चावड़े से जाकर मिला जो स्थान ढूँढता फिरता था। ग्वाल ने कहा

---

(१) ग्वालियर का तंवर राजा मान अलाउद्दीन से बहुत पीछे हुआ था। वह सं० १५४२ वि० में गद्दी बैठा, उस पर पहले तो सुलतान बहलोल लोदी ने चढ़ाई की परंतु राजा ने नज़र नज़राना देकर संधि कर ली। बहलोल के उत्तराधिकारी सिकंदरशाह लोदी के सामने राजा मान के एक दूत निहालसिंह ने कुछ गुस्ताखी की जिससे सिकंदर ग्वालियर पर चढ़ आया परंतु हार खाकर पीछा फिरा। सं० १५६२-६३ में फिर आया, इस बार भी निराश ही गया। ग्वालियर हाथ न लगा, अंत में सं० १५६४ में बड़ी धूमधाम के साथ आगरे में ग्वालियर पर जाने की तैयारी करता था कि यमदूतों ने आ सँभाला। इसी वर्ष इब्राहीमशाह लोदी का भाई जलालखाँ राजा मान के शरण जा बैठा, इसलिए इब्राहीमशाह ने आज़म हुमायूँ की अध्यक्षता में तीस हज़ार सवार और तीन सौ हाथी का लश्कर ग्वालियर पर भेजा जिसमें मान राजा भी साथ थे। इसी अर्से में राजा मान मर गया और उसका पुत्र विक्रमादित्य गद्दी बैठा। एक वर्ष के घेरे के पीछे ग्वालियर फ़तह हुआ, राजा विक्रम दिल्ली भेजा गया, बादशाह ने ग्वालियर लेकर शमसाबाद का पर्गना उसे जागीर में दिया। इब्राहीमशाह के साथ बाबर के मुकाबले में पानीपत की लड़ाई में विक्रमादित्य मारा गया।

कि मैं तुमको नगर बसाने के निमित्त ऐसी भूमि बतलाऊँ कि वह किसी से जय नहीं की जा सके। परंतु इस बात का वचन दो कि उस नगर के साथ मेरा नाम भी जुड़ा रहेगा। वनराज ने वचन दिया। तब अणहिल ने गाडर का वृत्तांत उसे कह सुनाया और अब जहाँ पाटण बसता है वह स्थान वनराज को दिखलाया। उसने उसको अपनी इच्छा के अनुकूल पाया और वहीं नगर बसाकर नाम उसका अणहिलपुर रक्खा। सं० ८०१ वैशाख शुक्ला ३ को रोहिणी नक्षत्र और विजय मुहूर्त्त में पाटण के गढ़ की नींव का पत्थर रक्खा गया। पहले वहाँ गुजराती भील जाति के लोग बसते थे, उसको अलग करके आबू की तलहटी से नई प्रजा बुलाकर वहाँ बसाई।

अणहिलवाड़े पाटण में गाँव ४५८ जिनमे एक सिद्धपुर का तफा ५२ गाँव का है। आय रु० २५०००) की। पाटण पहले रु० ७०००००) वार्षिक आय का १६८२-८३ तक बड़ा स्थान रहा। पीछे सं० १६८७ में उसका भंग हुआ। कोलियों ने सब गाँव उजाड़ डाला। अब तो दो लाख रुपए भी मुश्किल से उपजते हैं। पाटण में चावड़ों का राज रहा जिसकी तफ़सील—वनराज ने राज किया ६० वर्ष ६ मास; राजादित्य तीन वर्ष; खेमराज ३९ वर्ष, गूड़राज १९ वर्ष, जोगराज १० वर्ष; वीरसिंह ११ वर्ष, चूड़ाव (चामुंड) २७ वर्ष; और भोयंडराज (भूवड़) ने २९ वर्ष राज किया। साक्षी का छप्पय—

"साठ बरस वनराज बरस दस जोगराज भण,
राजादित त्रण बरस, बरस ग्यारह सिंहसण।"
"खेमराज चालीस, बरस एक ऊण गुणजे,
चुंडराव सत वीस, बरस भोगवी भणीजे॥"
"उगणीस बरस गुडराज कहि, गुणतीस भोयंड भुव,
चामंडराज अणहलनयर, कीध बरस सौ छिनवहन॥"

"आठ छत्र चा ड, कीन्ह पाटण धर रज्जह,
बरस एक सौ छिन्नु, गया भोगवैस कज्जह।"
"हुये सोलंकियां वरस सौ सवह......
हुवा पांच वाघेल, वरस भूचो सौ सत्तह।"
"पाँच सौ बरस चालीस सू, वसुह भार साँचो वह्यो,
पचवीस छत्र गूजर धरा, अणहलवाड़ो ऊगह्यो।"

पहले पाटण चावड़ों के थी, पीछे सोलंकियों ने ली। टोडे की तरफ़ से राज बीज आये, चावड़ों ने उनको अपने यहाँ परणाये, चावड़ों के भांजे, राज के पुत्र और बीज के भतीजे (मूलराज) ने चावड़ों को मारकर पाटण लिया। (सोलंकी राजाओं के राज समय की साक्षी का कवित्त)—

"मूलू पैंतालीस बरस, दस कियो चंदगिर,
वलभ अढ़ाई वरस, साढ बारह द्रोणागिर।"
"भीम वरस चालीस, वरस चालीस करण्णह,
एक घाट पंचास, राज जैसिह वरण्णह।"
"कंवरपाल तीस किहुँ आगला, वरस तीन मूलराज लह,
निमसीज भीम सतरम दरम, वरस सात अगलोक चह।"

मूलराज ४५ वर्ष, चंदगिर १० वर्ष, वल्लभराज २॥ वर्ष, द्रोणगिर १२॥ वर्ष, भीमदेव नागसुत ४० वर्ष, करण ४० वर्ष, सिद्धराज जयसिंह ४९ वर्ष, कुँवरपाल ३३ वर्ष, दूसरा मूलदेव ३ वर्ष और मूलराज के छोटे भाई भीमदेव (दूसरे) ने ६४ वर्ष राज किया।

गुजरात देश राज्य वर्णन—सं० ८५२ श्रावण सुदी २ गुरुवार को चावड़ा वनराज ने अणहिलपुर पाटण बसाया, वर्ष ६० राज किया, उसके पाट उसके पुत्र योगराज ने सं० ८९१ तक ६ वर्ष राज किया। फिर ३ वर्ष तक रत्नादित्य राजा रहा और सं० ८९४

में वैरीसिंह पाट बैठा जिसने वर्ष ११ राज किया। वैरीसिंह के पीछे खेमराज ने ३९ वर्ष; और चामुंड २७ वर्ष राजा रहा। चामुंड के पाट घाघड़दे बैठा और ३५ वर्ष तपा, उसका उत्तराधिकारी अड़राज २९ वर्ष राज पर रहा और सं० १०१७ में चावड़ों के दोहिते मूलराज ने उनसे राज ले लिया।

सोलंकियों का राज्य-समय—मूलराज ४५ वर्ष, चंदगिर १० वर्ष, कर्ण ३० वर्ष, सं० ११५० में सिद्धराज जयसिंह पाट बैठा और ४६ वर्ष राज किया। तीन वर्ष तक सिद्धराज की पादुका (गद्दी पर) रखकर उमरावों और कामदारों ने राज-काज चलाया; फिर उसके भाई तिहुणपाल के पुत्र कुमारपाल को पाट बिठाया जिसने ३० वर्ष १ मास ७ दिन राज किया। कुमारपाल का उत्तराधिकारी उसका भाई महिपालदे ३ वर्ष २ मास १७ दिन राजा रहा; उसके पीछे उसका पुत्र अजयपाल ३ वर्ष ९ महीने गद्दी पर रहा; उसका पाट लघु मूलदेव ने लिया और ३२ वर्ष ४ मास राज किया। उसके पाट राजा भीम बैठा जिसने ३४ वर्ष ११ महीने ८ दिन राज किया; पीछे सं० १२५३ में वाघेले राजा धारधवल (वीरधवल) ने पाटण लिया और ४५ वर्ष ३ मास १ दिन राज करता रहा। वीरधवल का उत्तराधिकारी (उसका पुत्र) वीसलदेव हुआ जिसने २५ वर्ष ४ मास ३ दिन राज किया। उसके पाट गेहला करण बैठा जिसने नागरिये ब्राह्मण माधव की बेटी घर में डाल ली (आगे वही है जो पहले वाघेलों के वर्णन में लिखा गया है)[1]।

---

(१) चापवंशी राजाओं के प्राचीन लेखों के 'चाप' या 'चापोत्कट' शब्दों का रूपान्तर ही 'चावड़ा' प्रतीत होता है। चापवंशी राजा व्याघ्रमुख की राजधानी भीनमाल होना ब्रह्मगुप्त के स्फुट आर्य-सिद्धांतनामी ग्रंथ और चीनी यात्री हुएन्त्संग के सफ़रनामे से जाना जाता है। यह यात्री सातवीं शताब्दी के

गढ़ बनने और विजय होने का समय

स० ११०० मे नाहरराव पड़िहार ने मंडोर बसाया।

स० १३०० में जालौर बसा, स० १३ .. में अलाउद्दीन बादशाह आया, कान्हडदे जी अलोप हुए, वीरमदे काम आया।

स० १६१८ मे राव मालदेवजी ने जालौर लिया, दूसरी बार स० १६४४ में कुँवर गजसिंह ने लिया।

स० १५१५ जेठ सुदी ११ शनिवार के दोपहर मे राव जोधाजी ने जोधपुर बसाया।

स०··· · में चित्रांगद मोरी ने चित्तौड गढ़ बनवाया।

स० १३१० फागुन बदी १३ को मुहम्मद बादशाह ने महमदाबाद बसाया।

स० १०७७ में भोज पँवार के पुत्र वीरनारायण ने सिवाना बसाया।

स० १५१५ मे वीरसिंह जोधावत ने मेडता बसाया, स० १६११ में राव मालदेवजी ने विजय किया।

स० १५२५ में कुँवर बीका जोधपुर से आकर जांगलू में बसा।

अंत में भारत में आया था। यह भीनमाल के राजा को क्षत्रिय बतलाता परंतु जैनाचार्य मेरुतुंग और प्रोफेसर ब्हूलर ने चावड़ों का गुर्जर वंशी होना अनुमान किया है। चापोत्कट या चावडा एक प्राचीन राजवंश है। फार्ब्स कृत रासमाला में इनकी पहली राजधानी दीव बंदर और फिर पचासर में होना लिखा है। स० ७५२ के लगभग चालुक्य राजा भूवड़ ने चावड़े राजा जयशिखरी को युद्ध में पराजित कर मारा। जयशिखरी के पुत्र वनराज ने सोलंकियों का अधिकार गुजरात से उठाकर स० ८०२ म (राय बहादुर पंडित गौरीशंकर हीराचंद ओझा स० ८२१ बतलाते हैं) अणहिलपुर पट्टन बसाया और वह स० ८६२ म मरा। रासमाला और जैनाचार्य्य मेरुतुंग कृत प्रबंध चिंतामणि में दी हुई चावड़ों की वंशावली के नाम, क्रम और राज-समय में अंतर है।

सं० १६४५ में हमीर ने फलोधी का कोट बनवाया।

सं०...... में राव वीदा ने मेहवा बसाया, पहले भिरड़ में रहते थे।

सं० १६१२ में अकबर बादशाह ने आगरा बसाया।

सं० ८०२ वैशाख सुदी ३ को वनराज चावड़े ने पाटण (अणहिलपुर) बसाया।

स० १५१५ (१२१५ हो) मे कैमास दाहिमे ने नागोर बसाया।

सं० १५९६ में रावल जाम ने नयानगर बसाया।

सं० १४५२ वैशाख सुदी ७ को देवड़े सहसमल ने सिरोही बसाई।

छत्तीस राजकुलों ने निम्नलिखित स्थानों में राज्य किया

१ कनवजगढ़ राठोर*
२ धार नगर मालवदेश पँवार
३ नाडूलगढ चहवाण
४ आहाड़ नगर गोहिल
५ साहिलगढ़ दहिया
६ योहरगढ कावा
७ दुरंगगढ़ सिशवार पाणेचावोर
८ रोहिलगढ सोलंकी
९ माडहडगढ सैर
१० चित्तोड़गढ़ मोरी
११ मांडलगढ निकुंभ
१२ आसेरगढ़ टांक
१३ खेड पाटण गोहिल
१४ मंडोवर पड़िहार
१५ अणहिलपुर पट्टन चावडा
१६ पाटडी भाला
१७ करनेचगढ़ बूर
१८ कलहटगढ कागवा
१९ भूमलियागढ जेठवा

---

* कन्नौज के राजा (जयचंद्र आदि) राठोड नहीं, किंतु गहरवार थे जैसा कि उनके ताम्रपत्रों व शिलालेखो से ज्ञात होता है। कन्नौज के राज्य के अंतर्गत बदायूँ ठिकाना राठोड़ों का था जहां से राठोड राजपूताने में आये—ऐसा पाया जाता है।

२० नारगगढ रहवर	२६ दिल्लीगढ तवर	३२ लुद्रवे भाटी
२१ ब्राह्मणवाड़ै बारड	२७ कपडवणज डाभी	३३ कच्छदेश सम्मा
२२ जायलचौड खींची	२८ हथणापुर हेरव	३४ सिंधदेश जाम
२३ वसहीगढ खरवड़	२६ मगरोपगढ मक-वाणा	३५ अजमेर गौड़
२४ रोहितासगढ डोड		३६ धातदेश सोढा
२५ हिरमलगढ हरि-यड़	३० जूनागढ यादव	३७ लोहवेगढ बूया।
	३१ नरवरगढ कछवाहा	३८ देरावर दहिया

गढ़ फतह हुए

स० ११२७ दिल्ली तुरकाणा हुआ, चहुवाण रतनसी जोहर कर काम आया, गजनी के बादशाह शहाबुद्दीन ने दिल्ली ली[1]।

स० १६२४ मगसर वदी २—अकबर बादशाह ने चित्तौड घेरा, चैत वदी ११ को गढ टूटा, राठोड जयमल, पत्ता सीसोदिया, मालदे पँवार और दूसरे भी बहुत आदमी मार गये।

स० १५६२ श्रावण सुदी ११—बादशाह हुमायूँ चापानेर आया, राव प्रतापसी चहुवाण जोहर कर काम आया।

स० १३६१—बादशाह अलाउद्दीन की फौज जेसलमेर आई, बारह वर्ष में गढ फतह हुआ, मूलराज रतनसी काम आये।

स० १३५२ में बादशाह अलाउद्दीन ने दौलताबाद (देवगिरि) फतह किया, यादवराय काम आया।

स० १३५० में ग्वालियर गढ टूटा, बादशाह अलाउद्दीन ने मान तवर से गढ़ लिया[2]।

—

(१) सुलतान शहाबुद्दीन गोरी न सं० १२४८–४६ वि० म दिल्ली पृथ्वी राज चौहान से ली थी, सं० ११२० में तो दिल्ली में तवर राज करते थे, उनसे सं० १२०८ वि० में बीसलदेव चौहान न दिल्ली का राज लिया था।

(२) ग्वालियर का तवर राजा मानसिंह, कल्याणसिंह का पुत्र, सं०

सं० १३५३ में वादशाह अलाउद्दीन ने गुजरात विजय किया, कर्ण गेहलड़ा, नागर ब्राह्मण माधव ने आगे रहकर विजय कराया।

सं० १३५५ में राणा रत्नसेन (चित्तौड़गढ़) पर वादशाह अलाउद्दीन आया, भड़ लखमसी १२ बेटों सहित काम आया, गढ़ रक्खा, राणा को चढ़ाया (बचाया?)[1]।

सं० १३५८ में रणथंभोर का गढ़ टूटा, राव हमीरदेव चहुवाण काम आया, बादशाह अलाउद्दीन आप आया।

सं० १३६८ में वादशाह अलाउद्दीन ने जालौर लिया, चहुवाण कान्हड़दे वीरमदे सोनगरा काम आये[2]।

सं० १३६४ में वादशाह अलाउद्दीन ने सिवाने का गढ़ लिया, चहुवाण सांतल सोम काम आये।

सं० १३६५ में अलाउद्दीन ने अजमेर लिया।

सं० १३... में राव दूदा तिलोकसी ने जोहर किया, वादशाह फ़ीरोज़शाह (तुग़लक़) की फ़ौज जेसलमेर आई।

१५४२ वि० में गद्दी पर बैठा था, इसके वक्त में दिल्ली के सुलतान बहलोल, सिकंदर और इबराहीम लोदी ने ग्वालियर पर चढ़ाइयाँ की थीं परन्तु कुछ भी सफलता न हुई। मानसिंह के मरने के पीछे उसके पुत्र विक्रमादित्य पर इबराहीम लोदी ने फिर चढ़ाई कर ग्वालियर फ़तह किया। ग्वालियर के बदले शमसाबाद दिया गया और सं० १५८३ में विक्रमादित्य इबराहीमशाह के पक्ष में पानीपत के मुक़ाम बाबर बादशाह की लड़ाई में मारा गया।

(१) चित्तोड़गढ़ सं० १३६० में फ़तह हुआ, महारावल रत्नसिंह युद्ध में काम आया।

(२) तवारीख़ फ़िरिश्ता के मुवाफ़िक़ राव कान्हड़देव सं० १३१८ वि० में मारा गया था।

दिल्ली पाट बैठनेवाले हिंदू राजाओं की नामावली

नं०	नाम	राजत्व-काल	
		वर्ष	मास
१	राजा युधिष्ठिर, द्वापर में राज किया	६३	
२	" परीक्षित " "	६०	
३	" जनमेजय	८५	५
४	" अश्वमेध	८२	२॥
५	" अर्धसोम	८०	४॥
६	" वर्ततेजस		११॥
७	" आदिसघ	७८	७
८	" चित्ररथ	७२	११
९	" धृतेस्यद	७५	११
१०	" सुनिधि	६९	११
११	" सेनवर्ष	६८	५
१२	" रिप	६५	
१३	" मरु	६४	७
१४	" सिंहचल	६३	
१५	" परिपाल	६२	१०
१६	" कीर्तिवर्ष	५०	२
१७	" सत्र	५६	८
१८	" मेढारि	५२	८
१९	" बीज	५१	१
२०	" वासुदेव	४८	१०

सं०	नाम	राजत्व-काल	
		वर्ष	मास
२१	राजा निगम	४८	९
२२	" जोधरथ	४५	११
२३	" वसुदान	४४	४
२४	" संडोव	५१	
२५	" आदित्य	५४	१०
२६	" ह्यनय	५१	
२७	" दंडपाल	४८	
२८	" नीति	५८	१५
२९	" हैसावर नीतिकुमार के		
३०	" सूरसेन	४२	८
३१	" वीरसेन	५२	१०
३२	" अनकसिंह	४७	१०
३३	" पराछित	३६	९
३४	" विदुथ	४४	२
३५	" विजय	३२	८
३६	" भासाबुद्धि	२७	३
३७	" अनेकसाह	२२	११
३८	" शत्रुंजय	४७	
३९	" सुघन	३०	
४०	" परमपथ	४४	१०
४१	" जोधरथ	२५	४
४२	" वीरबल सेन	२१	७

नं०	नाम	राजत्व-काल	
		वर्ष	मास
४३	राजा बड़ने, बीरबल को मार के राज लिया	२७	
४४	" जैसावर	२७	
४५	" शत्रुन	२७	२
४६	" अहिपघ	१५	४
४७	" महाबल	४०	१
४८	" कीर्तिमंत	१७	४
४९	" चित्रसेन	२४	४
५०	" अनंगपाल	१७	१०
५१	" अनंतपाल	२८	११
५२	" धनादक	१९	७
५३	" कलंकी	४२	१०
५४	" सेरमर्दन	८	११
५५	" जीवनजीत	२६	९
५६	" हरिवंस	१३	११
५७	" बीरधन	३५	४
५८	" श्रीसतव	२८	११
५९	" हंडघ, श्रीमत को मार राज लिया	४२	७
६०	" रससंहनीज	५५	१०
६१	" महाजोध	३०	१०
६२	" बीरनाथ	२८	५
६३	" जीवराज	४५	२
६४	" उदयसेन	३७	९

नं०	नाम	राजत्व-काल	
		वर्ष	मास
६५	राजा आनंदचंद	५२	१०
६६	" जयपाल	२६	
६७	" सुकायत जयपाल को मार राज लिया	१४	
६८	" विक्रमादित्य	५३	
६९	"समुद्रपाल विक्रम को मार राज लिया	२४	
७०	" चंद्रपाल	२६	५
७१	" नयपाल	२१	४
७२	" देशपाल	१९	१
७३	" शंभुपाल	४	११
७४	" लछपाल	२३	३
७५	" गोविंदपाल	२०	२
७६	" अमृतपाल	१६	१०
७७	" बृधपाल	२२	५
७८	" महिपाल	१३	९
७९	" हरिपाल	१३	९
८०	" भीमपाल	११	१०
८१	" मदनपाल	१७	६
८२	" वीर्यपाल	१९	३
८३	" विक्रमपाल	१९	११
८४	" मलूकचंद विक्रम को मार राज लिया	२	
८५	" विक्रमचंद	१२	७
८६	" कामकाचंद	१	

नं०	नाम	राजत्व-काल	
		वर्ष	मास
८७	राजा रामचंद्र	१३	११
८८	" सुंदरचद	१४	१०
८९	" कल्याणचंद	११	५
९०	" भीमचंद	१६	२
९१	" लोदचंद	२६	३
९२	" गोविंदचंद	२१	७
९३	" राणी पद्मावती	१	
९४	" हरभीम, पद्मावतीको मार राज लिया	४	५
९५	" गोविंद	२०	२
९६	" गोपीचंद	१५	७
९७	" किशनचद	६	७
९८	" विजयसेन बंगाल से आया, किशनचंद को मार राज लिया	१८	५
९९	" धनपालसेन	१२	४
१००	" केशवसेन	१५	७
१०१	" लक्ष्मणसेन	३६	१०
१०२	" माधवसेन	११	७
१०३	" सुखसेन	२०	१
१०४	" शिवसेन	५	१०
१०५	" कीर्तिसेन	४	८
१०६	" हरिसेन	१२	
१०७	" दत्तसेन	८	११

नं०	नाम	राजत्व-काल	
		वर्ष	मास
१०८	राजा नारायणसेन	२	२
१०६	" दामोदरसेन	२१	५
११०	"माधोसेन,दामोदरको मार राज लिया	१२	२
१११	" लीलामाधो	११	५
११२	" माधवमाधो	६	
११३	" सुवचंद	१०	१०
११४	" शंकरमाधो	३	५
११५	" देसावलमाधो	३	५
११६	" दससंक्रमाधो	२	७
११७	" हरिसिंह, दससंक्रमाधो को मार राज लिया	१७	२
११८	" रिणसिंह	१४	
११६	" राजसिंह	६	१०
१२०	" वीरसिंह	४५	
१२१	" नरसिंह	१८	
१२२	" कलोलसिंह	८	४
१२३	" पीथेराय	१०	२
१२४	" अभयपाल	१४	५
१२५	" दुर्जनमल	१५	४
१२६	" उदयमल	१३	७
१२७	" विजयमल	३६	७
१२८	" सुरत्राण सांगो	३२	२

दिल्ली पाट बैठनेवाले मुसलमान बादशाहों की नामावली

न०	नाम	राजत्व-काल	
		वर्ष	मास
१	क़ुतुबुद्दीन	४	
२	अलाउद्दीन	१	
३	शमसुद्दीन	१६	
४	रुकनुद्दीन	३	१०
५	शाहजादी आछी जोरू (रजिया)	४	
६	रुकनुद्दीन	६	
७	मौजुद्दीन	२	१
८	अलाउद्दीन	४	१
९	नासिरुद्दीन	१९	३
१०	गयासुद्दीन बलबन	२१	५
११	क़ुदाद (कैक़ुबाद)	३	१०
१२	जलालुद्दीन	७	
१३	अलाउद्दीन	२०	४
१४	क़ुतबुद्दीन मुबारक	३	
१५	ख़ुसरू		६
१६	गयासुद्दीन तुग़लकशाह		
१७	महमुद्दीन आदिल	२७	
१८	फीरोजशाह		८
१९	तुग़लकशाह खिलचरों का		६, दिन १९

नं०	नाम	राजत्व-काल	
		वर्ष	मास
२०	अबूबकर	१	६
२१	मुहम्मदशाह	१६	६
२२	अलाउद्दीन	१	१
२३	खिजरखाँ	...	२
२४	मुबारकशाह	१३	० दिन २६
२५	मुहम्मदशाह	१०	४
२६	अलाउद्दीन	७	३
२७	बहलोल	३८	५
२८	सिकंदर लोदी	२८	५
२९	बहराम लोदी	७	२
३०	बाबर, ३८ वर्ष फिर वर्ष २९ वलायत में, ३ वर्ष हिंदुस्तान का बादशाह रहा। कुल वर्ष ७०।	३	
३१	हुमायूँ को पठानों ने दिल्ली से निकाला।	८	५
३२	शेरशाह ने बादशाहत ली, हुमायूँ वलायत गया।	५	८
३३	शेरशाह	५	८
३४	सलीमशाह	९	
३५	मुहम्मद अदली	२	२
३६	हुमायूँ बादशाह		६
३७	जलालुद्दीन अकबर	५१	१ मास १६ दिन
३८	नूरुद्दीन जहाँगीर	२२	६ मास ३१ दिन

न०	नाम	राजत्व-काल	
		वर्ष	मास
३९	शाहयार (शहरयार)		२,दिन२५
४०	शाहजहाँ ने ३२ वर्ष बादशाहत की। उसके जीतेजी औरंग दखन से आया, दारा शिकोह के साथ श्रावण बदी ९ को राजसरोडे में समूगढ के पास लडाई हुई। दारा को भगाकर शाहजहाँ को आगरे के किले में नजर कैद किया और दिल्ली जाकर औरंग स० १७१५ श्रावण सुदी १३ शुक्रवार ता० १ जिलकाद स० १०६८ हि० को दोपहर दिन पर घडी एक गये महलों में तख्त पर बैठा। औरंगशाह आलमगीर के नाम से प्रसिद्ध हुआ[1]।		

(1) इन वंशावलियों में मुसलमान बादशाहों के कुछ नाम या समय तो ठीक हैं परंतु हिंदू राजाओं की नामावली और समय निरा कपोलकल्पित है। इन राजाओं का कुल समय जोड़ने से २६६१ वर्ष आते हैं।

दक्षिण का मलिक अंबर

दौलताबाद के उमरा बादशाह जहाँगीर से जा मिले। पहले तो उदयराम ब्राह्मण को पंचहज़ारी मिला और पीछे जादूराय और याकूत खाँ आये। मलिक अंबर ने कहा कि मेरा बेटा फ़तहशाह दौलताबाद खोवेगा। अत: मैं इसको मारूँगा। निज़ामशाह ने कहा कि यह मेरा मामूँ है, इसे मारो मत। मलिक अंबर बोला कि तेरा मामूँ परंतु मेरा तो लड़का है, अंत में मारा नहीं, क़ैद कर लिया और निज़ामशाह को कहा कि इसे दीवान कभी मत बनाना, साधारण सिपाही के तुल्य रोटी देना। मलिक अंबर के मरने पीछे निज़ामशाह ने फ़तहशाह को दीवान बनाया। समय पाकर उसने मोतीमहल में निज़ामशाह को मारा और उसके छोटे बेटे को तख़्त पर बिठाया; मक़रबखाँ, सरफ़राज़खाँ, हवसखाँ और दिलावरखाँ आदि उमरा जो क़ैद थे उन्हें छुड़ा दिया; साहजी को कुछ तो मिलाया और कुछ नमाया, वह भी एक बार मिलकर फिर अपने ठिकाने में जा बैठा। बादशाह ने फिर चढ़ाई की। मोहबतखाँ ने चत्रतीर्थ की तरफ़ मोरचा लगाया और १५ दिन में उसे फ़तह कर लिया, भीतर का गढ़ छठे महीने लिया। उमरा सब बीजापुर गये, शाहजहाँ भी वहीं पहुँचा। अलीवर्दीखाँ को भेजकर दौलताबाद के गढ़ों में से शाहजहाँ को १२ गढ़ दिये गये।

खान दौरान का नाम पहले सबर था, शाहजहाँ बादशाह के आपत्काल में निकल गया था। मलिक अंबर किसी हिंदुस्तानी को गढ़ में घुसने नहीं देता था। खान दौरान (वहाँ पहुँचा,) एक तुर्कानी से जा मिला और उसे कहा कि तू मुझे मलिक अंबर के हाथ बेच दे। तुरकानी ने वैसा ही किया, तब वह गढ़ में पहुँचा। वहाँ का सब भेद लिया और जब शाहजहाँ तख़्त पर बैठा तब उससे

आ मिला और सब हकीकत अर्ज़ की। याकूतख़ाँ और मुहब्बतख़ाँ के साथ मुहिम में गया, उन्होंने जाना कि यह ख़बर पहुँचाता है। जब याकूतख़ाँ ने देखा कि गढ़ टूटने को है तो बाहर निकल गया। पाँच-छः दिन पीछे दोपहर को नगाड़ा बजाकर चढा। राव दूदा (चंद्रावत) के साथ लड़ाई हुई, दूदा और याकूतख़ाँ दोनो खेत रहे। उस वक्त पाच-छः घडी दिन शेष रह गया था। खेलूजी मालूजी आये तब यहीं याकूतख़ाँ भी आया।

ख़ानेख़ाना के पीछे शेख़ फ़रीद अकबर बादशाह का दीवान हुआ। प्रयाग से जहांगीर को बुलाकर बादशाह बनाया तब २ घड़ी के लिए दीवान रहा, फिर २ वर्ष पीछे ख़ानेख़ाना का पद पाया। टोडरमल मरते समय कह गया था सो दफ़्तर ढूँढवाया।

खेलूजी मालूजी कनड के पहाड में रहनेवाले कोलियों के चाकर थे। मलिक अंबर ने उनको कहा कि इन कोलियों को मारो तो यह सब ज़मीन तुमको दे दूँ। उन्होंने कोलियों को मारकर भूमि ली। पीछे याकूतख़ाँ के साथ ये भी आ मिले।

शब्दानुक्रमणिका

(क)

वैयक्तिक

(प० = पहला भाग, दू० = दूसरा भाग)

ग

छ

न

म

ह

(ख)

भौगोलिक

आ

इ

ध

प

य

र